काशीहिन्दूविश्वविद्यालयीयसंस्कृतसाहित्यानुसन्धानसमितेः प्रथमं पुष्पम्

पण्डितराजजगन्नाथविरचितो

रसगङ्गाधरः

प्रथमो भागः

सम्पादकः

साहित्याचार्यश्रीमधुसूदनशास्त्री, एम्० ए०

Cata

SA
111

...endriya Sanskrit Vi...
LIBRARY
Book No. 14948
Date ...
Price ...
... JAMMU ...

SA
111

Library Book No. 14948

RASAGANGADHARA

OF

PANDITRAJ JAGANNATH

PART FIRST

MARMPRAKASH

OF

MAHĀMAHOPĀDHYĀYA PANDIT NĀGEŚ BHATTA

Edited with an Original Profound Introduction Commentries and Criticisms

By

SAHITYĀCHARYA SHRI MADHUSUDAN SHASHTRI, *M.A.*

Dean of the Faculty of the Oriental Learning, B. H. U.

BANARAS HINDU UNIVERSITY

VARANASI

Price Rs. 20/-

Pridted by
LAKSHMI DAS
at the Banaras Hindu University Press, Varanasi 5.

काशीहिन्दूविश्वविद्यालयीयसंस्कृतसाहित्यानुसन्धानसमितेः प्रथमं पुष्पम्

पण्डितराजजगन्नाथविरचितो

रसगङ्गाधरः

14948
Library Book No.
Dated 23.11.1976
Price
JAMMU
SA
111

प्रथमो भागः

महामहोपाध्याय पण्डित नागेशभट्ट विरचित मर्मप्रकाशेन,
काशीहिन्दूविश्वविद्यालयीय संस्कृतमहाविद्यालये
साहित्यविभागाध्यक्षेण, काशीहिन्दूविश्वविद्या-
लयीय संस्कृतसाहित्यानुसंधानसमितेः
संयोजकेन च

साहित्याचार्य श्रीमधुसूदनशास्त्रिणा
विरचितैः प्रौढभूमिका-मधुसूदनी-बालक्रीडा-रसगंगाधरालोचनैश्च सहितः।

सम्पादकः
साहित्याचार्यश्रीमधुसूदनशास्त्री, एम्० ए०
डीन आफ दी फैकल्टी आफ दी ओरियन्टल लर्निङ्ग, का० हि० वि० वि०, वाराणसी।

काशी हिन्दू विश्वविद्यालयीयसंस्कृतसाहित्यानुसन्धानसमित्या
प्रकाशितः

बनारस हिन्दू यूनिवर्सिटी मुद्रणालय व्यवस्थापकेन
लक्ष्मीदासेन श्रेष्ठिना
मुद्रितः

वि० स० २०२०

मूल्य २०)

SA
111

"प्राक्कथनम्"

गीर्वाणीवाणीप्रणयिनां नागणितमेतद् यत् पण्डितराजोक्तयः कियत्यो गभीराः रसगंगाधरावधृता इति। श्रीगुरुभ्यस्तदधिगमनकालीनाभ्यासवशात्प्र-परिचयस्थैर्यैः विदुषामन्वत्तं किमपि स्वीयं भावं विवृणुयामिति महती समीहा मम समासीत्तदा। परं किं कुर्याम्। "सर्वं कालकृतं मन्ये" इति सूक्तिमनुसरन्त्समयं प्रत्यैक्षिषि। "श्रुतेन यत्नेन च वागुपासिता ध्रुवं करोत्येव कमप्यनुग्रहम्" इति सिद्धवाक्यात् समयेन पी० एच्० डी० कृते रसगंगाधरस्य समालोचनात्मकाध्ययने प्रावर्त्तिषि तदनु निबन्धलेखने च। तेष्वेव दिवसेषु का० हि० वि० वि० संस्कृतमहाविद्यालये साहित्यविभागाध्यपदं, संस्कृतसाहित्यानुसन्धानसमिति-संयोजक पदं च प्राप्नुवम्। मदीयसंयोजकत्वे किमपि नवीनं कार्यं प्रचलतु इत्येतदर्थं मया मधुसूदनीविवृतिनामकसंस्कृतटीकया बालक्रीड़ानामकहिन्दीटीकया च समन्वितं रसगंगाधरं तथा रसगंगाधरालोचनं मुद्रापयितुं समितेः समक्षं समुपास्थापयम्। समितिश्च मां सहर्षमन्वमोदत्।

तदनुमोदनेन प्रोत्साहितः समस्तं विश्वं बिभर्तुः परमेश्वरस्यानुकम्पया ग्रन्थ-रत्ने श्रममकार्षम्। तच्च स्वसमयेन स्वयमेव समापत्। मध्ये चक्षुषः पीडया इदमन्वभवम् यत् किं भविष्यति, कथं जीवनं प्रचलिष्यति, एवं भावनया सर्वासु आशासु तुषारपातः समजनिष्टेव। मध्ये ग्रन्थप्रकाशनमपि विराममग्रहीत्। कथंचिद् विश्वेशितुरनुकम्पया पीडाशान्तौ तदेतत्समेषां विदुषां पुरतः समुपाहरामि। कीदृशः प्रयास इति सहृदया एव प्रमातुं प्रभवः, पठनपाठनप्रवृत्तिरेव मामेवं प्रैरिरत्। आरम्भे लेखनप्रवृत्तौ तु प्रधानं कारणं मदीया प्रथमा धर्मपत्नी दुर्गा देवी एव। तस्यास्तोषार्थमेवायमारम्भः। काव्यमीमांसाया, व्यक्तिविवेकस्य, रसगंगाधरस्य, नाट्यशास्त्रस्य च मधुसूदनीविवृतिं व्यरीरचम्। बालक्रीड़ामपि व्यक्तिविवेकं विहाय समेषामेषां ग्रन्थानां व्यरचयम्। कृतेनानेन सा प्रसीदतु भगवान् सर्वान्तर्यामी परमेश्वरः प्रीणातु।

का० हि० वि० वि० मुद्रणालयस्य व्यवस्थापकः श्रेष्ठिमवरो लक्ष्मीदासो धन्यवादार्हः, स तु ममातीव सुहृत्। तस्यास्मिन्मुद्रणकार्ये सोत्साहत्वं नितान्तं

प्रशंसनीयम्। प्रारूप (प्रूफ) संशोधनकर्मणि मदीयशिष्यः साहित्यविशारदः कैलासपतिमिश्रः, साहित्याचार्यराधाकान्तपाण्डेयश्च मां समतोषयताम्। श्री जोखूरामसिंहोऽपि तत्साहाय्यमधित। सीसकाक्षरयोजकानां संचालकं वसन्तूरामं तु कथमपि न विस्मरिष्यामि। स महता श्रमेण समये समापादयदिदं ग्रन्थरत्नम्। भगवन्तं भूतभावनं भवानीपतिं मुहुर्मुहुर्निवेदये। भूमन्! त्वदीयोऽहं त्वदीयं वस्तु तुभ्यमुपहरे। नतेन शिरसाऽवश्यमिदमेकमभ्यर्थये यद् द्वितीयो भागोऽस्य ग्रन्थरत्नस्य त्वरितत्वरितं पूर्णतामेतु। तव प्रसादेनैव सव सेत्स्यति, इति मे दृढो विश्वासः।

श्रावणी पूर्णिमा
२०२०

विदुषामाश्रवो
मधुसूदन शास्त्री
डीन आफ दी फैकल्टी आफ दी
ओरियण्टल लर्निंग का० हि० वि० वि०
वाराणसी

रसगङ्गाधरीयविषयानुक्रमः

प्रथममाननम्

विषयः	पृष्ठम्
मंगलाचरणादिकम्	४
काव्यलक्षणम्	१३
काव्यप्रकाशीयलक्षणे आक्षेपः	२२
साहित्यदर्पणीयलक्षणे आक्षेपः	४४
प्रतिभाया एव काव्यकारणता	४६
काव्यस्य चातुर्विध्यम्	६१
उत्तमोत्तमलक्षणम्	६१
उत्तमलक्षणम्	८५
मध्यमलक्षणम्	९२
अधमलक्षणम्	९४
प्रकाशकृद्भेदेषु कटाक्षः	९५
रसलक्षणम्	९९
तत्र वादिभेदेन तस्य एकादशविधाः	१०७-१४९
भरतसूत्रस्याष्टधा व्याख्यानम्	१५०
रसानां नवधात्वम्	१५३
शान्तस्य रसत्वव्यवस्थापनम्	१५३
स्थायिभावलक्षम्	१५७
रतिलक्षणम्	१६१
शोकलक्षणम्	१६१
करूणविप्रलम्भस्यांशतः करुणे, अंशतश्च शृङ्गारेऽन्तर्भावः	१६२
निर्वेदः	१६२
क्रोधः	१६२
उत्साहः	१६३
विस्मयः	१६३
हासः	१६३
भयम्	१६३
जगुप्सा	१६४
विभावादिलक्षणम्	१६४
अनुभावस्वरूपम्	१६५

विषयः	पृष्ठम्
रसभेदाः	
शृङ्गारद्वैविध्यम्	१६९
करुणः	१७४
शान्तः	१७४
रौद्रः	१७७
वीरः	१७९
अद्भुतः	१९१
तत्र प्रकाशोदाहरणे आक्षेपः	
हास्यः	१९४
भयानकः	१९७
बीभत्सः	१९७
रसानां संख्यानियमः	२०१
रसानां विरोधातत्परिहारौ	२०३
रसदोषाः	२१४
गुणप्रकरणम्	२२३
इह स्वमतोक्तिः	२२७
इह वामनादीनां मतम्	२३५
शब्दगुणानां लक्षणम्	
श्लेषः	२३५
प्रसादः	२३६
समता	२३७
माधुर्यम्	२३८
सुकुमारता	२३८
अर्थव्यक्तिः	२३९
उदारता	२३९
ओजः	२४१
कान्तिः	२४२
समाधिः	२४२
अर्थगुणानां लक्षणम्	
श्लेषः	२४३
प्रसादः	२४३

विषयः	पृस्ठम्	विषयः	पृष्ठम्
समता	२४४	त्रासः	३१२
माधुर्यम्	२४४	सुप्तम्	३१३
सुकुमारता	२४५	विबोधः	३१५
अर्थव्यक्तिः	२४६	अमर्षः	३१८
उदारता	२४६	अवहित्थम्	३१९
ओजः	२४६	उग्रता	३२१
कान्तिः	२५०	उन्मादः	३२२
अथैतेषां त्रिष्वेवान्तर्भावः	२५१	मरणम्	३३०
गुणानां व्यञ्जिका रचना	२५३	वितर्कः	३२४
दोषप्रकरणम्	२५९	विषादः	३२६
रचनायां वर्जनीयाः	२५९	औत्सुक्यम्	३२८
तत्र विशेषतो वर्जनीयाः	२६६	आवेगः	३२९
अथ भावप्रकरणम्	२७६	जडता	३३०
भावलक्षणम्	२८३	आलस्यम्	३३२
हर्षः	२८७	असूया	३३३
स्मृतिः	२८८	अपस्मारः	३३७
व्रीडा	२९३	चपलता	३३७
मोहः	२९५	निर्वेदः	३४०
धृतिः	२९६	व्यभिचारिणां संख्यानियमः	३४३
शङ्का	२९७	रसाभासाः	३४६
ग्लानिः	२९७	भावभासाः	३५७
दैन्यम्	२९९	भावशान्तिः	३५९
चिन्ता	३०१	भावोदयः	३६०
मदः	३०३	भावसन्धिः	३६१
श्रमः	३०६	भावशबलता	३६३
गर्वः	३०८	भावशान्तिविषये विचारः	३६४
निद्रा	३१०	अलक्ष्यक्रमध्वनेरपि क्वचिल्लक्ष्यक्रमता	३७३
मतिः	३१०	वर्णरचनादीनां रसाभिव्यञ्जकत्व-	
व्याधिः	३११	निराकरणम्	३७७

प्रथमानन के रसगंगाधरालोचन का विषयानुक्रमः

विषय	पृष्ठम्
१ प्रथम पद्य	१
२ द्वितीय पद्य	१
३ चौथा पद्य	२
४ काव्य लक्षण	२
५ लोकोत्तरत्व चमत्कारत्व का अपर पर्याय कैसे	४
६ भावना विशेष	५
७ अपने मत से काव्य का लक्षण और उसकी व्याख्या	७
८ यत्तु से शौर्यादिवदात्मधर्माणाम् पर्यन्त अंश	९
९ यत्तु प्राञ्चः प्रथम	९
१० एवैव चेत्यादि द्वितीय अंश	१५
११ तदधीते तद्वेद	१६
१२ यत्त्वास्वाद यह दूसरे एवं तीसरे के बीच का अंश	१७
१३ अपि च काव्यपदप्रवृत्तिनिमित्तम् तीसरा अंश	१८
१४ लक्षणे गुणालंकारादिनिवेशोऽपि चौथा अंश	२१
१५ गुणत्वालंकारत्वादेरननुगमाच्च पांचवा अंश	२४
१६ दुष्टं काव्यमिति छठा अंश	२४
१७ शौर्यादिवदात्मधर्माणां गुणानां सातवां अंश	२७
१८ यत्तु रसवदेव काव्यमिति साहित्यदर्पणे निर्णीतम्	२८
१९ काव्यत्व जाति है या उपाधि	२९
२० प्राचीन एवं अर्वाचीन आचार्यों के मत के अनुसार काव्य लक्षण	३०

विषयः	पृष्ठम्
२१ तस्य च कारणं कविगता केवला प्रतिभा अंश का समालोचन	३३
२२ सा च काव्यघटनानुकूलशब्दार्थोपस्थितिः इस अंश का समालोचना	३६
२३ "शब्दार्थौ यत्र" उत्तमोत्तम काव्य के लक्षण की समालोचना	३६
२४ शयिता पद्य का समालोचन	३८
२५ गुरुमध्यगता इस पद्य का समालोचन	३९
२६ तल्पगतापि च इस पद्य का आलोचन	३९
२७ विशेषणवाक्यार्थानां वाच्यार्थे नदीस्नाने बाधितत्वात् इस अंश का आलोचन	३९
२८ प्रत्यालोचन	४०
२९ नदीमदीयप्रिययोरान्तिकमगत्वा अधमस्य इसका आलोचन	४०
३० मुख्यार्थे बाधाभावात् तात्पर्यार्थस्य झटित्यनाकलनात् इस अंश का आलोचन	४१
३१ उत्तम एवं मध्यम काव्यों के लक्षण का समालोचन	४१
३२ व्यंग्य ही रमणीय अर्थ क्यों है	४३
३३ लक्षण में रमणीय शब्द ही क्यों रक्खा	४४
३४ तत्र ध्वनेरुत्तमोत्तमस्य और तदात्मनें तत् का समालोचन	४४
३५ व्यंजकविभावादिचर्वणाया आवरणभंगस्य वा इस अंश का आलोचन	४५
३६ यद्वा विभावादिचर्वणामहिम्ना इस अंश का आलोचन	४५
३७ सहृदयस्य निजसहृदतावशोन्मिषितेन	४७
३८ न च कान्तात्वं साधारणविभावतावच्छेदकम् इस अंश का आलोचन	४८

विषय	पृष्ठम्
३९ नव्यास्तु मत में "अज्ञानावच्छिन्ने शुक्तिकाशकले" इस अंश का आलोचन	४९
४० परे तु मत में "काव्यार्थभावनाजन्मा" इस अंश का आलोचन	४९
४१ इसी प्रसंग में "अपि तु भ्रमः" इस अंश का आलोचन	५०
४२ "प्ररूढाप्ररूढत्वे बह्वल्पविभावजत्वे" इस अंश का आलोचन	५०
४३ "किञ्चात्मनो निर्गुणतया आत्मरूपरस-गुणत्वं माधुर्यादीनामनुपपन्नम्" इस अंश का आलोचन	५१
४४ "एवं तदुपाधिरत्यारिगुणत्वमपि। गुणे गुणान्तरस्यानौचित्याच्च" इस अंश का आलोचन	५१
४५ किं ब्रूमस्तव वीरताम्" इस पद्य का आलोचन	५२
४६ "नैकय्येन द्वितीयचतुर्थं" इस अंश का आलोचन	५२

विषयः	पृष्ठम्
४७ "तथापि देशकाल······पद्यवाक्यार्थे··· अतिव्याप्तिः। तस्य विभावानुभाव-भिन्नत्वे" इस अंश का आलोचन	५३
४८ "निद्रावि(ना)भावोत्थं ज्ञानं गुप्तम" इस अंश का आलोचन	५३
४९ "भवद् द्वारि क्रुध्यज्जयविजय" इस पद्य का आलोचन	५४
५० "चिरसेवितायां च कृतघ्नत्वम्" इस अंश का आलोचन	५४
५१ "व्यानम्राश्चलिताश्चैव" इसके विवरण का आलोचन	५५
५२ "घटादौ दण्डादेः कारणत्वस्येव प्रत्येक-मेव व्यञ्जकतायाः सिद्धिरिति प्राञ्चः" इस अंश का आलोचन	५५
५३ "रचनावर्णानांतु······व्यंजकता-वच्छेदक" इसका आलोचन	५६
५४ "वर्णरचनाविशेषाणां माधुर्यादिगुणा-भिव्यञ्जकत्वमेव न रसाभिव्यञ्जक-त्वम्" इस अंश का आलोचन	

LIBRARY
Book No. 14948
Pri(...)
JAMMU

श्रीदक्षिणकालिकायनमः

श्रुतेन यत्नेन च वागुपासिता ध्रुवं करोत्येव कमप्यनुग्रहम् ।

रसगंगाधर की भूमिका

श्री भगवती पराम्बा सरस्वती उस पर अवश्य ही कोई विलक्षण अनुग्रह करती है जो उसकी श्रुति अर्थात् शास्त्र एवं यत्न से उपासना करता है। वे शास्त्र हैं वेद एवं उसके अंग व्याकरण, ज्यौतिष, दर्शन, आयुर्वेद प्रभृति। इन सब शास्त्रों के प्रतिपाद्य विषयों का समाहार जहां हो वह मुख्य शास्त्र साहित्य है। इसी लिए यह प्रसिद्धि भी है कि "काव्य शास्त्र विनोदेन कालो गच्छति धीमताम्"। विद्वानों के समय का उपयोग काव्य शास्त्र के विनोद में होता है।

"नुद प्रेरणे" इस धातु से विनोद बना है इसका अर्थ है प्रेरणा। फलतः इस पद्य का अर्थ है कि बुद्धिमानों को काव्य शास्त्र के द्वारा प्रेरणा प्रवृत्ति मिलती है और उस प्रवृत्ति से समय बीतता है।

वह प्रवृत्ति छोटे से लेकर बड़े तक या बड़े से लेकर छोटे तक सभी प्राणियों की सुख के लिए होती है। उपर्युक्त चर्चा से सिद्ध हुआ कि सुख में प्रवृत्ति कराने वाला काव्य शास्त्र है। सुख एवं रस दोनों पर्याय शब्द है। इसीलिए आचार्यों ने काव्य के लक्षण का आधार रस माना है। जैसा कि 'रसात्मकं वाक्यं काव्यम्,' रसवत् वाक्य को काव्य कहते हैं। इष्टार्थ व्यवच्छिन्न पदावली काव्यम्' इष्ट अर्थ सुख से युक्त पदावली को काव्य कहते हैं। रमणीयार्थ प्रतिपदकः शब्द 'काव्यम्' रमणीय अर्थ आनन्द के व्यञ्जक शब्द को काव्य कहते हैं इत्यादि। इसी काव्य के विषय में नियम एवं उपनियमों के शासन करने वाली ग्रन्थ राशि का नाम काव्यशास्त्र है। इसी का दूसरा नाम साहित्य शास्त्र है। आचार्य विश्वनाथ ने अपने ग्रन्थ का नाम साहित्य दर्पण किया है जिसमें काव्य के नियम का अनुशासन किया है। इन्हीं नियम एवं उपनियमों के अनुशासन करने वाले ग्रन्थ का नाम पण्डित राज ने रसगङ्गाधर रक्खा है। फलतः रस एवं साहित्य दोनों पर्याय हैं इसी का आधार काव्य है। इसलिए साहित्य के निरूपण करने का उपक्रम करते हैं।

हमारे यहाँ शास्त्रों में अध्ययनशील व्यक्तियों का दो प्रकार से निर्देश किया है एक लक्ष्यैकचक्षुष्क, दूसरे लक्षणैकचक्षुष्क। प्रथम वे हैं जो शास्त्र का निर्माण करते हैं। उनको समाधि द्वारा यह प्रतीत होता है कि लक्ष्य कैसा हो सकता है, लक्ष्य कैसा होना चाहिए, यही लक्ष्य का सुसंस्कृत रूप है इत्यादि। लक्ष्य बिगड़ने न पावे इसलिए तत्तद्विषयक शास्त्र अर्थात् शासन आज्ञा का स्वरूप निर्धारित करते हैं। इन्हीं को हमारे यहाँ शास्त्रद्रष्टा ऋषि कहा गया है। जैसे कपिल, कणाद, गौतम, व्यास, जैमिनि, पाणिनि, पतञ्जलि प्रभृति ऋषि हैं।

दूसरे में जो इनके बनाये हुए नियमों के ही अनुसार चलकर लक्ष्य के स्वरूप को प्राप्त करते हैं वे सभी अध्ययनशील व्यक्ति हैं।

हम इन दोनों ही प्रकार के महानुभावों की शैली से "साहित्य" पदके अर्थ का विवेचनपुरःसर निरूपण करेंगे। आचार्यों ने इस तरह का विचार

कपिलो यदि सर्वज्ञः कणादो नेति का प्रमा।
तावुभौ यदि सर्वज्ञौ मतभेदः कथं तयोः ॥

उठाया है कि अगर "कपिल" सर्वज्ञ थे तो "कणाद" भी सर्वज्ञ थे। "कणाद" सर्वज्ञ नहीं थे इसमें क्या प्रमाण है अगर कहो कि दोनों सर्वज्ञ थे तब मतभेद दोनों में कैसा। यदि मतभेद है तो सर्वज्ञ नहीं। किन्तु देखा जाता है कि सभी महर्षि सर्वज्ञ माने जाते हैं और सभी ने अपने अपने शास्त्रों में एक दूसरे की आलोचना करके मतभेद दिखाया है।

इस पर एक वर्ग आता है और कहता है कि कपिलादि सभी सर्वज्ञ थे और सभी का कथन भ्रान्ति रहित है किसी का भी मत अप्रमाणिक नहीं है।

तब फिर शंका होती है कि यदि सभी का मत प्रामाणिक है तब तो पदार्थों का स्वरूप भिन्न-भिन्न मानना पड़ेगा किन्तु भिन्न हो नहीं सकता क्योंकि विरोध होने लगेगा। कोई प्रकृतिकारणवादी है, कोई परमाणुकारणवादी है, कोई "यतो वा इमानि भूतानि जायन्ते" के अनुसार परमेश्वर को जगत् का कारण मानता है। कोई कहते हैं कि जब जीवों के कर्म पाकोन्मुख होते हैं तब कर्मानुसारिणी सृष्टि होती है। इस तरह सबको प्रामाणिक मानने में बड़ा झगड़ा लग जायगा।

किसी एक को प्रामाणिक माना जाय तो किसको? यह भी तभी हो सकता है जब औरों के मत को इनकी अपेक्षा कमजोर समझा जाय परन्तु कमजोर किसी तरह भी नहीं है।

दूसरा वर्ग आता है कहता है हम इस प्रामाणिक अप्रामाणिक के झगड़े में क्यों पड़े। कपिल प्रभृतियों ने भी बुद्धि से युक्ति से ही पदार्थों का निर्णय किया होगा हम भी बुद्धि से निर्णय कर लेंगे। युक्ति से जान लेंगे। बुद्धि गम्य हो युक्तियुक्त हो वही ठीक है।

फिर प्रश्न उठता है कि वह पदार्थों का निर्णय करनेवाली बुद्धि किसकी? दूसरे की या अपनी। यदि दूसरे की बुद्धि लेते हैं तो फिर वही पहले वाला प्रामाणिक अप्रामाणिक का झगड़ा!

यदि कहो कि अपनी बुद्धि लेते हैं उसी से निश्चय करेंगे। तब असम्भव है। क्योंकि देखते हैं जब बच्चा पैदा होता है तब उसका क्या स्वरूप होता

है बिलकुल अज्ञानी है कहा भी जाता है कि यह अबोध बालक है। जब वह दूसरों को देखता है उनकी बातों को सुनता है तब शनैः शनैः उसके ज्ञान तन्तु उन्मीलित होते हैं इस तरह उसकी बुद्धि का उदय एवं विकास क्रमशः होता है।

यदि कहो कि हमारा मतलब इसी विकासापन्न बुद्धि से है अर्थात् इसी बुद्धि से निर्णय करेंगे।

तब भी असम्भव है। क्योंकि बुद्धि एक सीमित पदार्थ है जिस तरह के पदार्थों के संस्कारों से वह उपोद्बलित होगी उसी तरह के पदार्थों का वह निर्णय करेगी और ग्रहण करेगी, दूसरे तरह के पदार्थों का निर्णय नहीं करेगी। जैसा कि देखते हैं—कोई वैयाकरण है, कोई नैयायिक है, कोई इञ्जीनियर है तो कोई साइंटिस्ट है। सारांश सब, सब विषयों को नहीं जानता है। यही कारण है कि हमारे यहाँ पुराणों में पुष्पकादि विमानों का वर्णन पढ़कर भी लोग उसपर विश्वास नहीं करते थे किन्तु जब जर्मनी ने विमानों का आविष्कार किया तब लोगों की समझ में आया कि हाँ विमान हो सकते हैं। उसी विमान के सम्बन्ध में जब यह कहा जाता था कि वह बिना चालक के भी चलता था। तब फिर लोगों ने विश्वास नहीं किया। किन्तु जब बिना चालकों के विमानों द्वारा जर्मनी ने इंग्लैण्ड के ऊपर बम गिरवाये तब विश्वास हुआ कि बिना चालक के भी विमान चल सकता है। अभी क्या हुआ हमारे यहाँ तो पुष्पक विमान जहाँ चाहते थे वहाँ खड़ा रह सकता था किन्तु आधुनिक विमान तो नहीं ठहर सकता। कहने का सारांश कि मनुष्य की बुद्धि सीमित है अतः वह अपनी सीमा से बाहर के पदार्थ को कभी समझ नहीं सकती। न ग्रहण कर सकती है। इसके सिवाय एक बुद्धिमान् ने अपने बुद्धि बल से एक युक्ति निकाली दूसरे उससे भी अधिक बुद्धिवैभवशाली ने वह युक्ति काट दी, निर्णय नहीं हो सका। इसीलिए कहा जाता है "नैषा तर्केण मतिरापनेया" "तर्काप्रतिष्ठानात्" तर्क की समाप्ति नहीं है अतः कुतर्क से अपनी बुद्धि को नष्ट मत करो। तब क्या मूढ बने रहें, अकर्मण्य होकर बैठे रहें। इस पर शास्त्र कहता है कि जो बुद्धि से परे है उसी के पास जाओ। इस तरह से भी उसके पास जाने के लिए फिर बुद्धि की जरूरत पड़ी। तब कहते हैं कि इसके लिए घबड़ाने की कोई जरूरत नहीं है वह तो स्वयं ही तैयार है "ददामि बुद्धि योगं तं येन मामुपायास्यासि।" मैं तुमको वह बुद्धि योग वह मार्ग देता हूँ जिससे तुम मुझको प्राप्त कर सकोगे।

वह परम कारुणिक परमेश्वर, समाधि द्वारा लक्ष्य के प्रत्यक्ष के लिए साधना में लगे हुए ऋषियों के अन्तःकरण में अपने (ज्ञान) बुद्धियोग को संचालित कर देता है क्योंकि जो पदार्थ समाधि में स्थित होकर महर्षियों ने प्राप्त कर प्रकाशित किया है उसमें इन्द्रिय-विकलता, भ्रम, प्रमाद, आलस्य,

राग एवं द्वेष का सम्बन्ध नहीं है: ये सब दोष संसार दशा में ही हो सकते हैं समाधि दशा में इन दोषों का होना सम्भव नहीं है। अतः कपिलादि ऋषियों की उक्तियाँ प्रामाणिक हैं उनमें जो भेद हैं वह अधिकारी भेद प्रयुक्त है अतः अनिवार्य है।

ऐसे ही महापुरुषों को लक्ष्यैकचक्षुष्क कहा जाता है ये ही लोग शास्त्र निर्माता हैं। आधुनिक लोग लक्षणैकचक्षुष्क भी जो कुछ लिखते हैं पढ़ते हैं, और इन्हीं महर्षियोंके द्वारा बतलाये हुए मार्गपर चलते हैं तभी वे सब एवं उनकी कृतियाँ सम्मानास्पद हैं अन्यथा होनेपर नहीं।

इन लक्ष्यैकचक्षुष्कोंने लक्ष्य "साहित्य" पदको किस रूपमें किस अर्थमें देखा इसी बातको लिखनेके लिए प्रकृत विषयपर हम आते हैं।

जिससे इस जगत्का जन्मस्थितिभङ्ग होता है वह सच्चिदानन्द ब्रह्म ही अपनी योगमायासे आवृत होकर जगत् रूपमें भासमान होता है। उस मायाकी दो शक्तियाँ हैं (१) आवरण शक्ति और (२) विक्षेप शक्ति।

आवरणशक्ति ब्रह्मके स्वरूपको आवृत करती है इसे ही अज्ञान कहते हैं और विक्षेप शक्ति उसे अन्यथा रूपमें भासित करती है इसीको मिथ्या ज्ञान कहते हैं। जैसे निद्रामें आवरणशक्ति ज्ञानको ढक लेती है और विक्षेपशक्ति अनेक प्रकारके स्वप्नमें कारण होती है उसी प्रकार जाग्रत् में भी आवरण शक्तिने ब्रह्मको ढक रक्खा है और विक्षेपशक्तिने दृश्य प्रपञ्चका बड़ा भारी चित्र सामने खड़ा कर रक्खा है।

आवरण शक्तिके भी दो भेद हैं (१) असत्वापादकशक्ति (१) अभानापादक-शक्ति। अभानापादकशक्तिके कारण ब्रह्मका भान नहीं होता और असत्वापादक-शक्तिके कारण मालूम होता है कि ब्रह्म है ही नहीं।

इन्हीं आवरण और विक्षेप शक्तिके तारतम्यसे जगत्में सच्चिदानन्द ब्रह्मके सदंशमात्रका ही कहीं प्रकाश होता है, कहीं चिदंशका भी प्रकाश होता है और कहीं आनन्दांशका भी प्रकाश होता है।

केवल सदंशके प्रकाशसे कोई यह न समझ ले कि वहाँ चिदानन्दांश है ही नहीं। ब्रह्म सच्चिदानन्द सर्वत्र समान रूपसे है,' पर मायाकी शुद्ध्याशुद्धिके तारतम्यसे प्रकाशमें तारतम्य हो जाता है।

यथा घटपटादिमें केवल सदंश ही भासित होता है। पशु-पक्षी आदिमें चिदंशका भी अल्पमात्रामें प्रकाश है। उनमें आनन्दांशका प्रकाश बहुत ही थोड़ा है। वे मुसकरा नहीं सकते। वे हँस नहीं सकते हैं। इस आनन्दांशके प्रकाशके अल्पतममात्रामें होनेके कारण ही आचार्योंने पशु-पक्षी तिर्यक्योनि में रसको नहीं माना है। रसाभास ही कहा है। मनुष्य योनिमें सत, चित्, आनन्द

तीनों अंशोका प्रकाश है। मनुष्यमें ज्ञानके उत्कर्षसे आनन्दांश प्रकाशित होता है मनुष्यको भूत-भविष्यका ज्ञान है मनुष्य मुसकुराता है, मनुष्य हँसता है।

मनुष्यमें चिदंशके उत्कृष्ट प्रकाशके फलस्वरूप चिदंशके प्रकाश के साथ ही साथ वाणीका भी प्रकाश होता है। वस्तुतः चिदंश और वाणीमें कोई वास्तविक भेद नहीं है। अतः चित् शक्तिको ही वाणी वाग्देवता सरस्वती आदि अनेक नामों से अभिहित करते हैं। करुणामयी जगज्जननी भगवती वाग्देवताकी मनुष्योंपर विशेष कृपा है। उनमें वह अक्षर समाम्नाय अथवा वर्णमालाके रूपसे प्रकट हुई है अतः वे ही अपने सूक्ष्मसे सूक्ष्म विचारको एक दूसरेपर प्रकट कर सकते हैं। उन्हें लिखकर चिरस्थायी कर सकते हैं, विचारों के आदान-प्रदानसे समुन्नति कर सकते हैं। यही कारण है कि मनुष्य धर्म, अर्थ, काम एवं मोक्षके भागी हो सकते हैं। पशु-पक्षी आदि उन्नति नहीं कर सकते क्योंकि उनपर भगवती वाग्देवीकी वैसी अनुकम्पा नहीं है।

मैं ऊपर कह चुका हूँ कि चित् शक्तिका उत्कर्ष ही आनन्दांशके उदयका कारण है। और वाग्देवी चित् शक्ति है। वाग्देवीसे आनन्दांशके उदयकी दो धाराएँ हैं। वाग्देवीके स्वरूपको निर्धारित करते हुए शास्त्रकारोंने उन्हें वीणा-पुस्तक-धारिणी कहा है। ये वीणा और पुस्तक 'नाद' और 'वेद' के चिह्न हैं, नाद और वेदकी व्यञ्जकावस्थाके बोधक हैं। नाद वीणा द्वारा व्यक्त होता है और वेद पुस्तक द्वारा व्यक्त होता है। नाद संगीत कलाका मूल है और वेद अखिल शास्त्र ज्ञानोंका स्रोत है। संगीत और साहित्य इन्हीं नाद और वेदकी स्थूल मूर्तियाँ हैं। नाद संगीत रूपमें विकसित होता है और वेद साहित्य रूपमें।

इसी रहस्यको महावैयाकरण लक्ष्यैकचक्षुष्क शास्त्रकार भर्तृहरिने पहले पहल निर्देश किया। "साहित्य-सङ्गीत-कलाविहीनः साक्षात् पशुः पुच्छविषाण-हीनः"। साहित्य एवं सङ्गीतकलासे विहीन पुरुषने भगवती वाग्देवताकी कृपासे लाभ नहीं उठाया। अतः वह पशुसे भी गिरा हुआ है। पशुको पुच्छ विषाण हैं जिससे वह आत्मरक्षा तो कर सकता है। उसे वह भी नहीं; सारांश यह कि पशु भगवती वाग्देवीकी अनुकम्पाके पात्र नहीं हैं। इससे पशुके चिह्न पुच्छ विषाण तो हटा लिये गये मनुष्य बनाया गया पर रह गया वह पशु ही, भगवतीकी वीणा एवं पुस्तक अर्थात् संगीत एवं साहित्यसे इसने कोई लाभ नहीं उठाया।

इसी दृष्टिको लक्ष्यमें रखकर हमारे पूर्व पुरुषोंने सारा जीवन ही संगीत-साहित्यमय कर दिया। मनुष्यके जन्मसे जो संगीत और साहित्य प्रारम्भ होता है सो श्मशानतक चला जाता है। पुत्रोत्पत्ति होते ही पहिला काम यह होता है कि गान आरम्भ होता है स्त्रियाँ गा उठती हैं और उन पद्योंको गाती हैं जो उस समयके लिए बने हुए हैं। नालच्छेदन सङ्गीत साहित्यके पीछे किया जाता है। फिर क्या नामकरण, मुण्डन, विवाह एवं यज्ञ वगैरह कोई ऐसा अवसर ही नहीं

है जहाँ सङ्गीत एवं साहित्यका प्रवेश न हो और कहाँतक कहें रोनेमें भी संगीत और साहित्य है। स्त्रियाँ रोती जाती हैं और उसी समयके करुणा रससे भरे पद्यमें ही उनका शोकोद्गार प्रकट होता है। हमारे यहाँ के मरणका दृश्य भी संगीत साहित्यमय है।

सङ्गीतके सातों स्वरों ष ऋ ग म प ध नि का वर्णन भी नारद परिव्राजकोपनिषद्में हैं और इनके अभ्यासको वैराग्यका कारण माना है मोक्षका साधन माना है। धर्म, अर्थ एवं कामका साधन सङ्गीत है यह प्रत्यक्ष है और साहित्यके लिए तो कहना ही क्या है साहित्य अर्थात् शास्त्रज्ञानकी धर्म, अर्थ, काम एवं मोक्षके प्रति साधनता तो सर्वविदित है इसमें किसीको सन्देहकी गुञ्जाइश ही नहीं है क्योंकि साहित्य शब्द अखिल शास्त्र ज्ञानका पर्याय है।

साहित्यशब्द ज्ञानका पर्याय है ऐसे प्रतिज्ञा वाक्यसे पदार्थ सिद्धि नहीं होती जबतक कोई हेतु न बतलाया जाय क्योंकि भर्तृहरिने ज्ञानस्वरूप अर्थमें साहित्यपदका प्रयोग किया है इसमें प्रमाण क्या। अतः साहित्यपदका ज्ञान अर्थ कैसे है यह बतलानेका उपक्रम करते हैं।

कहते हैं कि श्रीविक्रमादित्य जिनके नामसे विक्रम सम्वत् प्रसिद्ध है जिनको आज २०१२ हो चुके हैं उनके ही भाई भर्तृहरि थे। आप महावैयाकरण थे एवं शब्दाद्वैतके प्रतिपादक आचार्य थे। आपही की बनाई हुई वाक्यपदीय पुस्तक है। आपने आजसे २०१९ वर्ष पूर्व सबसे पहले भर्तृहरिशतक नामक स्वरचित ग्रन्थमें साहित्य पदका प्रयोग—

साहित्य-संगीतकला-विहीनः साक्षात्पशुः पुच्छविषाणहीनः। इस पद्य में किया है।

भले ही कोई लोक में प्रसिद्धिवश पशु हो किन्तु वह तो बिना सींग एवं पूँछ का मुख्य पशु है जो साहित्य एवं संगीतकला विहीन है रहित है। अब शंका यह उठती है कि लोक में सींग एवं पूँछवाले प्राणी में पशुपद रूढ़ है। तब पशुत्वव्यञ्जक चिह्न सींग एवं पूंछ जिसको संभव नहीं है उस मूर्ख मनुष्य को पशु कैसे कहा।

यः सर्वमविशेषेण पश्यति स पशुः इस निर्वचन के अनुसार जो सब वस्तु या व्यक्तियों को समानरूप से देखे वह पशु है ऐसा यौगिक अर्थ मानें तो "पंडिताः समदर्शिनः" इस गीतोक्ति के अनुसार पण्डित और पशु में कोई अन्तर नहीं रहा। किन्तु जिस प्रकरण में यह पद्य है वहाँ मूर्ख को पशु कहा है। अतः संगति नहीं बैठी।

जहाँ केवल रूढ्यर्थ एवं केवल योगार्थ काम नहीं करते वहाँ एक तीसरा प्रकार है योगरूढ़। जहाँ दोनों के सम्मिश्रण से अर्थ लिया जाता है। अतः जिसको सींग पूँछ हो और जो सबको समान रूप में देखे अर्थात् जो अच्छे

बुरे को, हित अहित को, हानि लाभ को न समझे इनका विवेक न कर सके वह पशु है। यह भी, कागज अंधा है कहने के समान हुआ। क्योंकि आँखों से विहीन को अंधा कहते हैं। कागज के आँखें थीं कब, जो कहा जाय कि कागज अंधा है। जो कभी उसमें रहता भी हो और जिसका कभी उसमें अभाव भी हो वह विशेषण सार्थक भी है।

सारांश यह है कि—गाय भैंस वगैरह को पशु कहना कोई खास बात नहीं है क्योंकि उनमें साहित्य एवं संगीत कला के प्राप्त करने की योग्यता ही नहीं है किन्तु जो उनके प्राप्त करने की योग्यता या क्षमता रहने पर भी नहीं प्राप्त करता है वही मुख्य पशु है।

इस बात को आगे चलकर भर्तृहरिने दुहराया भी है कि—

विद्याविहीनः पशुः। ज्ञान रहित ही पशु है। दूसरे आचार्य ने भी स्पष्ट कहा है—

आत्मायत्ते गुणग्रामे नैर्गुण्यं वचनीयता।
दैवायत्तेषु वित्तेषु पुंसः का नाम वाच्यता॥

गुणों को प्राप्त करना अपने अधीन है तब भी जो गुण रहित है उसकी निन्दा है। इसके विपरीत जो विद्वान् है वह तो मनुष्य का भी पूज्य देव है। श्रुति कहती है कि "विद्वांसो हि देवाः"।

साधारण जनता की दृष्टि में सींग पूंछ वाला ही पशु है अतः उनके समन्वय के लिए पुच्छविषाणहीनः कहा। वस्तुतस्तु सींग एवं पुच्छ बहिरङ्ग वस्तु हैं उनके होने न होने से कुछ बनता बिगड़ता नहीं। प्रत्युत ऋष्यशृङ्ग ऋषि शृङ्गवाले हुए हैं। और पूंछवाले हनुमानजी नवव्याकरणार्थ-वेत्ता हुए हैं। किन्तु जिसके अभाव में जीवन घोर अन्धकार से आच्छन्न होने से मानव अभ्युदय एवं निःश्रेयस या श्रेय एवं प्रेयका भागी नहीं हो सकता और देव बनने की क्षमता रहते हुए भी पशु हो जाता है। वह है विद्या एवं उपविद्या। उपविद्या (संगीतप्रभृति) कला के जानकार नारद, तुम्बुरु एवं तण्डु ऋषि जिनका आविष्कृत ताण्डव नृत्य हैं जिसके प्रवर्तक साक्षात् शंकरभगवान् ही हैं वे मानवों के क्या देवताओं के भी पूज्य हुए हैं।

इसी भाव को मन में रखकर भर्तृहरि ने साहित्य अर्थात् ज्ञान, संगीतकला (यद्यपि चौसठ कलाओं के अन्तर्गत ही संगीत है तथापि चन्द्रमा की कला, षोडश कला वाला पुरुष इत्यादि स्थलों में दूसरे-दूसरे अर्थों में भी कला का प्रयोग होता है अतः भ्रान्ति निवारण के लिए संगीत-कला पद रक्खा। कलाओं के निर्देश का आरम्भ गीत, नृत्य एवं वाद्य से होता है 'त्रिकं संगीतमुच्यते।') अर्थात् विज्ञान से विहीन को पशु कहा।

प्राचीन विद्वानों ने भी जैसे बाण ने अपनी कादम्बरी में राजपुत्र चन्द्रपीड के अध्ययन का निर्देश करते हुए दो बार ज्ञान एवं विज्ञान को जानना आवश्यक लिखा है—"परिसमाप्तसकल विज्ञानमधीताशेषविद्यञ्च"। "अधीतानि शास्त्राणि शिक्षिताः सकलाः कलाः"। राजशेखर ने भी लिखा है। "पञ्चमी साहित्यविद्येति यायावरीयः सा हि चतसृणां विद्यानां निष्यन्दः"। किसी अन्य आचार्य ने भी लिखा है।

संगीतश्चैव साहित्यं सरस्वत्याः स्तनद्वयम् ।
एकमापातमधुरमन्यदालोचनामृतम् ॥

यहाँ "सरस्वती के दो स्तन हैं" यह कहने का कोई अर्थ नहीं है। कौन नहीं जानता कि स्त्री को दो स्तन होते हैं। अगर उसको एक स्तन हुआ तो उसका महाबीभत्स रूप हो जाता है। अतः यहाँ स्तन द्वय कहने का यह भाव है।

किसी स्त्री के स्तन को स्पर्श दो प्रकार के व्यक्ति ही कर सकते हैं। एक पुत्र, दूसरा नायक। तदनुसार उपासकों के लिए सरस्वती के दो स्वरूप हैं, एक माता का स्वरूप है। दूसरा नायिका का स्वरूप है।

जिस अवस्था में सरस्वती माता के स्वरूप में है, उस अवस्था में उसके स्तनद्वय संगीत रूप हैं। उपासक गए माता के संगीत रूपी स्तनद्वय का उपयोग करते हैं, अर्थात् उससे स्तन्य दुग्ध का पान करते हैं, इसलिए संगीत को आपात मधुर कहा। इसका भाव यह है कि जैसे दुग्ध को देखने से या छूने से उसके माधुर्य का अनुभव नहीं होता, किन्तु जब दुग्धधारा का मुख में पात होता है, तभी उसके माधुर्य का अनुभव होता है, आनन्द मिलता है, उसी तरह संगीत के भी कानों में पड़ने से माधुर्य की अनुभूति होती है। यह मातृभाव है। माता स्नेह से पुत्र को दुग्ध का पान करा देती है उसके द्वारा पुत्र सद्यः पुष्टि को प्राप्त करता है। उसी तरह संगीत भी सद्यः फल देता है "सद्यः फलति गान्धारी"।

जिस अवस्था में सरस्वती नायिका के स्वरूप में है, उस अवस्था में उसके स्तन द्वय साहित्य रूप है, अतएव उसका विशेषण आलोचनामृत कहा है। यहाँ का भाव यह है—स्तन शब्द का अर्थ है (यः स्तनति यौवनोदयं कथयति स स्तनः) जो नायिका के यौवनोद्गम को कहता है, नायिका उपभोग के योग्य हो गई है। इस अवस्था को जो प्रकाशित करता है, उस चिह्न को स्तन कहते हैं। इस अवस्था में नायक, नायिका का उपभोग करता है। यहाँ यह उपभोग आलोचन है चर्वणा है, उससे अमृत माने आनन्द का अनुभव करता है। श्रुति ने कहा है (आनन्द रूपं यदमृतं विभाति) कि जो अमृत है, वह आनन्द है।

उद्देश्य के स्वरूप का निर्धारण

इस साहित्य के आलोचन चर्वणा से उत्पन्न हुए अमृत आनन्द को प्राप्त करना ही इस महान् ग्रन्थ "रसगंगाधर" की व्याख्या में हमारी प्रवृत्ति का अन्तरंग उद्देश्य है।

प्रासंगिक शंका

यह आपका कथन (आम्रान् पृष्टः कोविदारानाचष्टे) पूछा आमों के विषय में उत्तर देने लगे कोविदारों के विषय में का जैसे हुआ। क्योंकि रस गंगाधर के व्याख्या की प्रतिज्ञा करते हैं और करने लगे साहित्य की। अथ च प्रतिज्ञा करते हैं कि हम पण्डितराज की सूक्ति एवं प्रतिभा "रसगंगाधर" को नवीन स्वरूप देने के लिए व्याख्यात्मक प्रयत्न करते हैं, किन्तु यहाँ कहते हैं कि आनन्द को प्राप्त करना प्रवृत्ति का अन्तरंग उद्देश्य हैं। "आये थे हरिभजन को, ऊटन लगे कपास" के समान आप का व्यवसाय मालूम पड़ता है।

क्रमशः शंकाओं का समाधान-प्रथम शंका का समाधान-साहित्य शब्द का अर्थ

प्रथम शंका का समाधान यह है कि यह शंका साहित्य शब्द के अर्थ से परिचय न होने से उत्पन्न हुई है। अतः साहित्य शब्द के अर्थ का विस्तार से निरूपण करते हैं। इसके लिए साहित्य पद के विषय में युक्ति, प्रयोग-प्रवाह तथा निरूक्ति निर्वचन को बतलाना अप्रासंगिक नहीं होगा प्रत्युत अतीव आवश्यक है।

"युक्ति"

युक्ति से भी यही जँचता है। यदि साहित्य पद का अर्थ काव्य नाटक आख्यायिका वगैरह ही हो तो बड़े २ दार्शनिक एवं वैयाकरण प्रभृति सभी पशु हो जायँगे। क्योंकि ये तो उनसे रहित हैं। यदि उपर्युक्त अर्थ ज्ञान एवं विज्ञान मानें तो यही लोग वस्तुतः देव हैं। और भी कारण है इस अर्थ को मानने में वैदिक साहित्य, लौकिक साहित्य, हिन्दी साहित्य आदि अबाध गति से प्रयुक्त शब्दों का भी समन्वय हो जाता है। यह कथा लक्ष्यैकचक्षुष्कों की हुई। अब, जो तो शास्त्र (प्रयोग-प्रवाह एवं व्याकरण) रूपी आँख से शब्दों को देखते हैं उनकी भी सुन लीजिए। जिनको लक्षणैकचक्षुष्क कहते हैं।

"प्रयोग-प्रवाह"

वेदों की अनुक्रमणिका के आधार पर चारों वेदों में, ब्राह्मणों में, उपनिषदों में, रामायण में, भागवत में, षड्दर्शनों के सूत्रपाठ में, २८ स्मृतियों में, पाणिनि के सूत्रपाठ एवं गणपाठ में, कामन्दकीयनीतिसार में, कौटलीय आर्थशास्त्र में, शुक्र-

नीति में नाट्यसूत्र में, कामसूत्र में, चरकसंहिता में, रघुवंश, किरात, माघ, मेघदूतादि काव्यों में एवं प्रचलित नाटकों में और अमरकोष, मेदनी, द्विरूपकोष, हेमचन्द्रीयकोषों में कहीं भी साहित्य पदका प्रयोग नहीं पाया। महाभारत एवं अन्य पुराणों में शायद हो तो अन्वेषक देखें। हाँ वेदों में संहिता शब्द का प्रयोग होता है जो कि सहित का पर्याय है। "हि गतौ' इस गत्यर्थक हि धातु से क्त प्रत्यय करने पर हित बनता है। इस हित के पूर्व में लगे 'सम्' उपसर्ग के मकार का "समो हिततयोः" वार्तिक से विकल्प से लोप हुआ। तब सहित बना। लोप नहीं हुआ संहित बना, टाप करने पर संहिता बना। जिसका अर्थ है सुश्लिष्टता, सन्धि। पाणिनि का सूत्र है "परः सन्निकर्षः संहिता" यहाँ सन्निधि अर्थ है।

साहित्य पद का प्रयोग कहाँ मिलता है।

"साहित्यमात्रं पूर्वोक्तं हेतुस्तत्रोपयुज्यते"

"साहित्ये तु प्रमाणं च तयोरन्यन्न विद्यते"

"साहित्यं न प्रतीयते"

श्लोकवा० ३ भाग अनुमान परिच्छेद।

"साहित्ये मितदेशत्वात्" इत्यादि—

" " ३ , अर्थापत्ति परि……

परस्पर सापेक्षमित्यादि, शब्दशक्तिप्रकाशिका।

तुल्यवदेकक्रियान्वयित्वमिति श्राद्धविवेकः

एकक्रियान्वयित्वं साहित्यम्, भूषण।

साहित्यपाथोनिधि, इत्यादि, जह्लणका विक्रमाङ्कदेवचरित।

साहित्ये सुकुमारवस्तुनि, इत्यादि, लीलांशुकनैयायिकका श्रीकृष्णचरितामृत।

"मध्येसभं" इस पद्य में

साहित्य-निर्वर्तितहृक्तरङ्गा, श्रीहर्षका नैषधीय चरित।

साहित्यदर्पणमनुमिति।

साहित्यतत्वमिति विश्वनाथ साहित्यदर्पण।

साहित्यसार आनन्दरायमखी, इत्यादि परवर्त्ती आचार्यों के ग्रन्थों में और "साहित्याचार्य" इस उपाधि में अबाध रूप से मिलता है।

"निर्वचन निरुक्ति"

साहित्य शब्द के १४ चौदह अर्थ हैं। कोषकारों ने "सह" नामक अव्यय के सात अर्थ लिखे हैं। जैसे—

१—साकल्य=जैसे (सतृणमत्ति) सबकुछ खा जाता है तृण तक खा जाता है। तृणेन सह अत्ति यह अव्ययीभाव समास है। सकल अर्थ है।

२—समानता=सहोदर, सहज, सहधर्मिणी।

३—एकत्व=सहभोजन, एक पात्र में एक पंक्ति में भोजन। "सग्धिश्च मे सपीतिश्च में" यह एकत्व वेद मन्त्रों में भी है।

४—यौगपद्य=सहकार। उस आम को सहकार कहते हैं, जो अपनी सौरभ को यौगपद्येन दूर-दूर तक फैलाता है।

५—विद्यमानता=सहैभिर्दशमिः पुत्रैः भारं वहति गर्दभी। दश पुत्रों के रहते हुए भी गर्दभी भार ढोती है।

६—अनुरूपता=सक्षत्रियम्, क्षत्रिय के अनुरूप। इसी को सम्पत्ति भी कहते हैं।

७—सामर्थ्य=सहाय। सह सामर्थ्यं गृहीत्वा आयते सः, सह सामर्थ्य को बल को लेकर आता है वह सहाय कहाता है।

इन सात अर्थों वाले सह अव्यय से इतच् प्रत्यय करके सहित बना उससे ष्यञ् करने पर साहित्य बनता है। इसके उपर्युक्त सात अर्थ हैं।

८—"सह मर्षणे" इस धातु से कष्टं सहते इस अर्थ में कर्त्ता में क्त प्रत्यय किया इट् का आगम करके सहित बना। इसका अर्थ है सहनेवाला सहनशील व्यक्ति। इस सहित से ष्यञ् करने पर साहित्य बना। उसका अर्थ है सहना।

९-१०—"डुधाञ् धारण पोषणयोः" इस धातु से क्त प्रत्यय किया और "दधाते र्हिः" इस सूत्र से धा के स्थान में "हि" आदेश किया तब हित बना। इसी का अर्थ है कल्याण। इससे सम् उपसर्ग जोड़ा और समो-हिततयोः से सम् के मकार का लोप हो गया तब सहित बना। उससे ष्यञ् करने पर साहित्य बनता है। इसका अर्थ धृति और पुष्टि याने कल्याण।

११-१२—"हि गतौ वृद्धौ च" यह पाणिनि महर्षि के धातुपाठ में हि धातु है। व्याकरण के नियम के अनुसार जो गत्यर्थक धातु हैं वे ज्ञानार्थक भी होते हैं। इस धातु से सम् उपसर्ग लगाकर कर्त्ता में (सं सम्यक् हिनोति जानाति इस अर्थ में) क्त प्रत्यय किया और "समो हितसततयोः" इस वार्तिक से सम् के मकार का लोप करने पर सहित बना, जिसका अर्थ है ज्ञानवान्। इस तरह बने हुए सहित से ष्यञ् प्रत्यय करने पर साहित्य बना उसका अर्थ है ज्ञान। जैसे पाचक का धर्म पकाना, पाठक का धर्म पढ़ाना उसी तरह ज्ञानवान् का धर्म ज्ञान होता है। साहित्य पद के ज्ञान अर्थ को लेकर ही वैदिक साहित्य, धार्मिक-साहित्य, लौकिक साहित्य, जैनसाहित्य, बौद्धसाहित्य यह प्रयोग होते हैं।

महावैयाकरण भर्तृहरि जी ने इसी अर्थ में साहित्य पद को प्रयोग किया है। "साहित्य-संगीतकला-विहीनः साक्षात्पशुः पुच्छ विषाणहीनः" यहाँ साहित्य पद का अर्थ ज्ञान है। इस बात की स्पष्टता आगे के पद्य में हो जाती है "विद्या विहीनः पशुः"। ये दोनों वाक्य भर्तृहरि शतक में नीतिशतक के मूर्ख प्रकरण के हैं।

हि धातु का दूसरा अर्थ है वृद्धि अर्थात् उपज। अतः साहित्य का अर्थ उपज भी होता है।

१३—षह षुह चक्यर्थे, चक्यर्थः तृप्तिः। ये दो धातु हैं। जिनके आदि में षकार है, पाणिनि के नियम के अनुसार "ष" को "स" आदेश होता है। तृप्ति की व्याख्या महर्षि वात्स्यायन ने कामसूत्र में, महर्षि पतंजलि ने चरक में सुख आनन्द की है। वे लिखते हैं कि "विसृष्टिसुखाधिगमे तृप्ता हि स्त्री गर्भं धत्ते" विसृष्टि रेतःस्खलन से सुख मिलने पर स्त्री तृप्त हो जाती है, उसका फल है गर्भधारण करना। काम० १ अ० १ प्रकरण।

"तृप्तिश्च स्वयोन्यां बीजग्रहणात् गर्भस्य सद्योऽनुगतस्य लिंगम्" चरकः। तृप्तिरानन्दः सुखमिति यावत्, चरक टीका। जब स्त्री अपनी योनि में बीज ग्रहण करती है, तब उसको पूर्ण आनन्द सुख मिलता है। यह पूर्ण सुख प्राप्त होना ही सद्यो गृहीत गर्भ का चिन्ह है। कहा भी जाता है तुष्टे न परमं किंचित् तृप्ते न परं किंचित्। तुष्टि या तृप्ति के बाद कुछ प्राप्तव्य नहीं है।

पूर्वोक्त सह के साथ पढ़े हुए सुह धातु से क्त प्रत्यय करने पर सुहित बना। जिसका प्रयोग महर्षि पाणिनि ने "पूरणगुणसुहितार्थ" इस सूत्र में किया और टीकाकारों ने उसका अर्थ सुहितार्थाः तृप्त्यर्थाः कहा है। सुहित शब्द में ष्यञ् करने पर निष्पन्न सौहित्य पद का अर्थ अमरसिंह ने कोष में "सौहित्यं तर्पणं तृप्तिः" है। चरक ने भी "भोजने चार्ध सौहित्यम्"। स्मृतिकारों ने भी "नातिसौहित्यमाचरेत्" कहकर तृप्ति अर्थ का निर्देश किया है।

इस सुह समानार्थक सह धातु से (सह्यति आनन्दमनुभवति) आनन्द का अनुभव कर्ता है। इस अर्थ में क्त प्रत्यय से सहित बना, जिसका अर्थ है तृप्त सुखी। इससे ष्यञ् करने पर बने साहित्य शब्द का अर्थ है सुख आनन्द। क्योंकि तृप्त का धर्म तृप्ति या सुख होता है। अतः सहित सुखी का धर्म साहित्य भी सुख है। सुख और रस पर्याय है।

साहित्य शब्द के आनन्दरूप अर्थ मानने में उपनिषत् भी हमारे सहायक हैं।

कौषात की ब्राह्मणोपनिषत् के तृतीयाध्याय में एक आख्यायिका है कि दिवोदास का लड़का प्रतर्दन अपने पराक्रम की महिमा से इन्द्र के प्रियधाम में पहुँचा तब इन्द्र ने उसके पराक्रम से प्रसन्न होकर उससे कहा कि मैं तुमको (तुम्हारा) वर (अभीष्ट) दूँ? प्रत्युत्तर में प्रतर्दन ने कहा कि तुम ही वर मांगो जिसे तुम मनुष्य के लिए हिततम समझते हो।

प्रतर्दनो ह दैवोदासिरिन्द्रस्य प्रियं धामोपजगाम युद्धेन पौरुषेण च, तं ह इन्द्र उवाच, प्रतर्दन? वरं ते ददानीति। स होवाच प्रतर्दनः, त्वमेव वरं वृणीष्व यं त्वं मनुष्याय हिततमं मन्यसे इति।

अन्त में उपसंहार करती हुई श्रुति कहती है कि "प्रज्ञात्मा आनन्दः अजरः अमृत इत्यादि" यह प्रज्ञात्मा आनन्द अजर अमर ब्रह्म ही हिततम है। इस

श्रुति के अनुसार हित शब्द का अर्थ आनन्द है। (हितेन सह सहितः तस्य भावः साहित्यम्) इत्यादि पूर्ववत् समझना चाहिए।

तैत्तिरीयोपनिषत् में भी "रसो वै सः। रसं ह्येवायं लब्ध्वानन्दी भवति।" "एतमानन्दमयमात्मानमुपसंक्रामति" "आनन्दं ब्रह्मणो विद्वान् न बिभेति कुतश्चन" आनन्दं ब्रह्म व्यजानत" निरूपण किया है। इस तरह श्रुतियों में रस आनन्द एवं हित शब्द समानार्थक हैं पर्याय हैं।

साहित्यपद का वाक्यार्थ काव्य कभी संभव नहीं है। क्योंकि जहाँ शास्त्रों में चौसठ कलाओं का स्वरूप-निरूपण किया है वहाँ काव्य को कलाओं में गणना किया है "नाटकाख्यायिकादि दर्शनं" "काव्ये समस्या पूर्तिश्च" इसीलिए किसी कवि ने कहा भी है "कलासीमा काव्यं" सकल गुणसीमा वितरणम्, कला की पूर्णावस्था ही काव्य है। अतः हमारा बतलाया हुआ ही पथ प्रशस्त है।

महामात्य विश्वनाथ द्वारा भी साहित्यदर्पण में हमारे कथन की पुष्टि "रसात्मकं वाक्यं काव्यं" से हो जाती है। काव्य को रसात्मक कहने का भाव ही यह है काव्य को स्वरूप लब्धि रस ही से होती है। अन्यथा नहीं होती। इसीलिए इन्होंने दो ही काव्य के भेद माने हैं ध्वनि, एवं गुणीभूत। यद्यपि जब रस के बदौलत ही वाक्य काव्यपद व्यवहार के योग्य होता है तब तो एक ही ध्वनिरूप भेद होना चाहिए। क्योंकि व्यङ्ग्य अर्थ के प्रधान होने पर ही ध्वनि व्यवहार होता है। व्यवहार या व्यपदेश प्रधानता के कारण होता है। गुण भी हो प्रधान भी हो ऐसा हो नहीं सकता है। तथापि चमत्कारप्रयोजकतावच्छेदक धर्म दोनों में वर्तमान है। अतएव

"अयं स रसनोत्कर्षी पीनस्तनविमर्दनः" इस पद्य को प्रकरणगत करुणरस की प्रधानता होते हुए भी चमत्कार प्रयोजकता शृङ्गार में होने के कारण गुणीभूतव्यंङ्ग्य का उदाहरण लिखा है। सभी आचार्यों ने ऐसा ही माना है।

पडितराज ने तो रमणीय अर्थ आनन्द के व्यञ्जक शब्द को काव्य कहकर एक दम खुलासा कर दिया है। इसलिए साहित्य पद का अर्थ आनन्द है यह सभी आचार्यों को सम्मत है।

समझने की बात है कि लोक एवं शास्त्र में सभी जगह शब्द, अर्थ के साथ रहता है और अर्थ, शब्द के साथ किन्तु "लोकोत्तर वर्णना निपुण कविकर्म काव्यम् अनुभाव-विभावानां वर्णना काव्यमुच्यते" अर्थात् कवि के लोकोत्तरवर्णनरूप चमत्कारी कर्म को काव्य कहते हैं इस व्युत्पत्ति के अनुसार काव्य में शब्द और अर्थ का विलक्षण सहभाव अपेक्षित है। ठीक जोडीदार शब्द जो उस अर्थ को कहने में समर्थ हो, जिस शब्द के बिना अर्थ रहता हुआ भी मृत कल्प है। इसी तरह शब्द भी यदि प्रकृत वाक्य के उपयोगी अर्थ को न कहकर किसी अन्य अर्थ को कहता है तब वह वाक्य में व्याधि जैसा मालूम पड़ता है। ऐसे साहित्य के बतलाने में ही आचार्य का तात्पर्य है। ऐसे साहित्य से समूचे काव्य में सौरभ फूट पड़ता है सुवास दौड़ जाता है। जिसके न रहने

से उपदेयता ही काव्य की नहीं होगी। राजानक कुन्तक से भी हमारी एकवाक्यता हो जाती है। उनका कहना है—

साहित्यमनयोः शोभाशालितां प्रति काप्यसौ।
अन्यूनानतिरिक्तत्वमनोहारिण्यवस्थितिः॥
शब्दो विवक्षितार्थैकवाचकोऽन्येषु सत्स्वपि।
अर्थः सहृदयाह्लादकारिस्वस्पन्दसुन्दरः॥ इत्यादि

इस साहित्य याने आनन्द को व्यक्त करने वाले काव्य नाटकों को भी साहित्य शब्द से लक्षणा के द्वारा कहा जाता है। साहित्य पद का वाच्यार्थ, काव्य कभी संभव नहीं है।

जो कारण अवश्य ही बिना सन्देह के कार्य को पैदा करता है, वहां कारण को भी कार्य शब्द से कह देते हैं—जैसे घी खाने से आयु बढ़ती है न कि घी ही आयु है तथापि "आयुर्घृतम्" घी आयु है। ऐसे कितने ही प्रयोग बराबर होते हैं—जैसे—

आयुर्घृतं, नदी पुण्यं, भयं चौरः, सुखं प्रिया।
वैरं द्यूतं, गुरुर्ज्ञानं, श्रेयो ब्राह्मणपूजनम्॥

"काव्यप्रकाशादि लक्षण ग्रन्थों में साहित्यपद के प्रयोग"

इस पर विचार होता है कि साहित्य पद के लक्षणा के द्वारा लक्ष्य काव्य नाटकादि प्रत्तिपाद्य होते हैं, ठीक है, किन्तु "रसगंगाधर" तो काव्य बगैरह कुछ भी नहीं है। तथापि रसगंगाधर काव्यप्रकाशादि सभी साहित्य की परिधि में आते हैं और रसगंगाधर ही व्याख्येय है। उत्तर। साहित्य पद का चौदहवां अर्थ साहचर्य इस प्रसिद्धि का मूल है।

अलंकारों के विकाशक आचार्य भामह ने "शब्दार्थौ सहितौ काव्यम्", यह काव्य का स्वरूप लिखा है। इस पर प्रश्न होता है कि क्या लोक क्या शास्त्र सभी जगह अर्थ को समझाने के लिए शब्द का प्रयोग करते हैं और शब्द से अर्थ समझते हैं। मींमासादर्शन १ अध्याय १ पाद के "औत्पत्तिकस्तु शब्दस्यार्थेन सम्बन्धः" सूत्र के अनुसार शब्द का अर्थ के साथ नियतसाहचर्य है। व्याकरण के नियम के अनुसार "शब्दार्थौ" इस पद में इतरेतर योग द्वन्द्व नाम वाला समास है। "शब्दश्च अर्थश्च इति शब्दार्थौ" ऐसा उसका स्वरूप है। यह द्वन्द्व समास तभी होता है, जब पदार्थों में सहभाव कहना हो। आचार्यों का कहना है कि "सहभावविवक्षायां वृत्तिर्द्वन्द्वैकशेषयो"रिति।

उस द्वन्द्व समास में भी जहां सहभावरूप साहित्य प्रधान होता है, वह समाहार द्वन्द्व कहाता है। समाहार शब्द का अर्थ है कई वस्तुओं का एकत्र होना। समास के कारण भिन्न-भिन्न वस्तु एक हो जाती है, तब उसमें "धवख-

दिरम्" एक वचन होता है और जहाँ साहित्य के आश्रयीभूत पदार्थों में प्रधानता होती है, वहाँ एक दूसरे का परस्पर में योग होता है, अतः द्वित्व या बहुत्व संख्या उन पदार्थों के अनुसार होती है, जैसे "धवखदिरौ" इस वाक्य से धव के सहित खदिर तथा खदिर के सहित धव यह प्रतीति होती है। इस प्रतीति के अनुसार साहित्य होने पर भी दोनों के प्रधान होने से द्विवचन ही होता है। इसी तरह "धवाम्रखदिराः" इसमें बहुवचन भी होता है।

इस प्रकार समास के बदौलत भी शब्द और अर्थ में सहभाव रूप साहित्य प्राप्त है। फिर भी स्वभावतः और नियमतः साथ रहने वाले शब्द और अर्थ को सहित्य कहा है। अतः आचार्यों का कोई गंभीर अभिप्राय अवश्य है।

वह अभिप्राय क्या है। इस पर विचार-विमर्श करने से यह प्रतीत होता है कि समस्त चेतन प्राणी कीट-पतंग से लेकर ब्रह्मा पर्यन्त सुख आनन्द रस (१) को प्राप्त करना चाहता है। और प्राप्य सुख आनन्द रस के विरोधी, या रस को विकृत कर देने वाले, या रस की अनुभूति न होने देने वाले, या रस को दबा देने वाले दोषों (२) का त्याग करता है। और रस के अभिव्यंजक गुणों (३) का संग्रह करता है। संग्रह करने के लिए रीति (४) की आवश्यकता है। रीति या शैली जाननें के बाद उनके बढ़ने की वृत्ति (५) पैदा होती है। वृत्ति होने के बाद प्राणी की प्रवृत्ति (६) होती है। इस प्रवृत्ति में भी औचित्य (७) का अतिक्रमण न होने पावे यह भी ध्यान रखना आवश्यक होता है। अतः औचित्य का ज्ञान करना चाहिए। मेरी रीति या प्रवृत्ति, शैली आकर्षक होनी चाहिए। वह भावना होने पर सभी बातों में सौन्दर्य लाने का प्रयत्न करता है। अतः सौन्दर्य की अभिवृद्धि के लिए अलंकारों (८) की गवेषणा की गई। इसके बाद "नायमात्मा बलहीनेन लभ्यः" यह आत्मा सुख आनन्द को बलहीन अर्थात् शक्तिहीन नहीं प्राप्त कर सकता है। अतः शक्ति (९) का संग्रह करना अतीव आवश्यक होता है।

सारांश क्या लोकव्यवहार क्या शास्त्र सभी अवस्था में और देश, काल, पात्र में इस उपर्युक्त समुदाय का होना मिलना अपेक्षित है।

इन नव पदार्थों की समष्टि के सहित शब्दार्थों को काव्य माना गया है। अत एव काव्यप्रकाशादि लक्षण ग्रन्थों में इन नौ बातों का निरूपण किया है। उपर्युक्त पदार्थों की परस्पर की अपेक्षा को ध्यान में रखकर ही काव्य विषयक अनुशासन करने वाले शास्त्र में साहित्य पद की प्रसिद्धि हुई। उसी का एक देश "रसगंगाधर" है अतः "आम्रान् पृष्टः कोविदारानाचष्टे" की नौबत नहीं आई है।

द्वितीय शंका का समाधान—

यह सर्वमान्य सिद्धान्त है कि "कारणगुणाः कार्यगुणानारभन्ते" यहाँ गुण शब्द उपलक्षण हैं। यह सर्वमान्य सिद्धान्त है कि कार्य में जो भी गुण,

क्रिया, साधारणता, विशेषता, कमजोरियाँ या किसी से भी उस कार्य का सम्बन्ध होगा वह सब या कुछ-कुछ प्रायः कारण के गुण, क्रिया, साधारणता विशेषता, कमजोरियां, या उस कारण के सम्बन्ध के अनुसार ही अनुकूल ही होंगी।

भगवती श्रुति कहती है कि "आनन्दाद् हि एव खलु इमानि भूतानि जायन्ते, आनन्देन जातानि जीवन्ति, आनन्दं प्रयन्त्यभिविशन्ति" इति। ये समस्त भूत प्राणी आनन्द से पैदा हुए हैं, आनन्द से उत्पन्न हुए ये आनन्द से जीते हैं, और आनन्द में ही प्रयाण करते हैं एवं आनन्द में अभिवेश करते हैं अर्थात् लीन हो जाते हैं।

फलतः सुख से आनन्द से पैदा होने वाला यह प्राणी जो भी क्रियायें करेगा अथवा गुण, साधारणता, एवं विशेषताओं का अर्जन करेगा या जो भी उससे त्रुटियां होंगी अथवा जिस किसी से भी वह अपना सम्बन्ध स्थापित करेगा, वह सब सुख को प्राप्त करने और सुख विरोधी दुःख को हटाने के लिए ही करेगा।

"सातवां दर्शन और उसका निर्माता"

फलतः परम्परा में भी परम्परा से इन शास्त्रों को आत्मा के दर्शन कराने में सफल नहीं समझकर स्वयं परमात्मा ने रस रूप आनन्दात्मा अपने आपको समझाने के लिए त्रयीरूप काव्य का उपदेश दिया। उसके द्वारा याथातथ्य से अर्थों को समझाया। इस बात को भगवती श्रुति बतलाती है कि "कविर्मनीषी परिभूः स्वयंभूः याथातथ्यतोऽर्थान् व्यदधाच्छाश्वतीभ्यः समाभ्यः।"

सर्वोपरि वर्त्तमान मननशील जिस परमात्मा ने शाश्वत प्रजापतियों को सृष्टि के निर्माताओं को याथातथ्यतः यथार्थरूप से अर्थों का विधान किया। वह कवि है। उस कवि की वस्तु, उस कवि का कर्म या भाव काव्य है। इसका निर्माण छन्द के अनुसार होता है। यह काव्य वेदत्रयी है। इस बात को शतपथ ब्राह्मण की श्रुति में बतलाया गया है। (त्रयी विद्या काव्यं छन्दः, इति। यजुर्वेद संहिता अध्याय १५ मं० ४ में इसका पूरा उल्लेख है। महीधर भाष्य की पंक्तियां हैं। "काव्यं छन्दः, कवेः परमात्मनः इदं काव्यं वेदत्रयी छन्दः, त्रयी विद्या काव्यं छन्द इति श्रुतेः। अखिल ब्रह्माण्ड में पहला कवि स्वयं परमेश्वर है। और पहला काव्य वेद त्रयी है। परमेश्वर ने स्वयं अपना नाम कवि और अपनी कृति वेद काव्य इन मानवों को दिया और अपने स्वरूप रस को समझने तथा समझाने की शक्ति दी। इस बात को श्रुति, स्मृति एवं सन्तों ने स्पष्ट कहा है—

"यो ब्रह्माणं विदधाति पूर्वं, यो वै वेदांश्च प्रहिणोति तस्मै,"
यं कामये तं तमुग्रं करोमि तं ब्रह्माणं तं सुमेधाम्।
यमेवैष वृणुते तनूं स्वां तेन लभ्यः। श्रुतिः।

"ददामि बुद्धियोगं तं येन मामुपयास्यसि" गीता।

"सो जाने, जेहि देहु जनाई" सन्त तुलसी।

वैदिक जगत् में कवि एवं काव्य ये नाम और उस काव्य का परम लक्ष्य रस स्वयं परमेश्वर है, यह प्रसिद्ध होने के बाद लौकिक जगत् में भी तदनुसार कवि एवं काव्य नामों की परम्परा चली। और उस काव्य का परम लक्ष्य आत्मा रस माने जाने लगा। इस काव्य का नाम साहित्य है और रस का नाम साहित्य है। यह सब हम पहिले बतला चुके हैं। इस साहित्य अर्थात् रस की प्राप्ति के लिए साहित्य की व्याख्या में हमारी प्रवृत्ति का कारण स्पष्ट हो गया। अब किसी शंका का अवसर नहीं है।

"विषय का पूर्वांग"

हम पहले लिख आये हैं कि काव्य में रस, दोषत्याग, गुण, रीति, अलंकार, वृत्ति, प्रवृत्ति, औचित्य, एवं शक्ति इन नौ वस्तुओं का साहित्य, अर्थात् साहचर्य है। गुण एवं गुणी में धर्म एवं धर्मी में अभेद मानने के अनुसार काव्य एवं साहित्य में और प्रतिपाद्य प्रतिपादक में अभेद मानने के अनुसार काव्यप्रकाशादि लक्षण-ग्रन्थों और साहित्य में अभेद मानने लगे। और साहित्य साहित्य ऐसा व्यवहार होने लगा। तथा इन अर्थों में साहित्य शब्द योग रुढ़ हो गया। अतएव साहित्य दर्पण, साहित्य कौमुदी, साहित्य सार, साहित्य चिन्तामणि आदि लक्षण ग्रन्थों के नाम प्रसिद्ध हुए और उनके जानकारों की संज्ञा साहित्याचार्य होने लगी। और कहीं-कहीं इन नौओं में से किसी एक को मुख्य मानकर भी आलंकारिक एवं रसिक ये नाम भी उस काव्य के जानकारों के प्रसिद्ध हुए, ।

इस प्रकार "साहित्य" पद के स्वरूप एवं अर्थ का निर्धारण करने के बाद समष्टि रूप साहित्य के नौ विषयों का उपरिनिर्दिष्ट क्रम के अनुसार निरूपण करने के लिए हम प्रस्तुत होते हैं। इन उपर्युक्त नौ वस्तुओं में से किसको प्रथम कहा जाय और किसको द्वितीय या तृतीयादि कहा जाय। क्योंकि हमारे सामने इन विषयों का प्रतिपादक सर्वप्रथम ग्रन्थ भरत मुनि का नाट्यशास्त्र और उसके बाद का ग्रन्थ अग्निपुराण एवं उपपुराण विष्णु धर्मोत्तर मिलता है। इनसे पहले के गार्ग्य आचार्य का नाम अवश्य निरुक्त में है, किन्तु ग्रन्थ उपलब्ध नहीं है और न सुनने में आता है। बाद की परम्परा में कुछ लोगों जैसे कोहल प्रभृति का नाम सुनने में आता है, परन्तु उनके ग्रन्थ उपलब्ध नहीं होते हैं। बहुत समय के बाद भामह, दण्डी वामन वगैरह के नाम एवं ग्रन्थ उपलब्ध होते हैं। इन ग्रन्थों में भी तथाकथित नौओं की समष्टि संकलित विषय के रूप में ही मिलती है, क्रमशः नहीं मिलती। फिर इन आचार्यों ने एक रूप एवं क्रम से इन उपर्युक्त विषयों का निरूपण नहीं किया है। सर्वप्रथम जंगल की तरह अर्ध विकसित एवं विकसित तथा अव्यवस्थित रूप में इतस्ततः बिखरी हुई उस साहित्यिक समृद्धि को एक शृंखला में एक क्रम में निबद्ध करके व्यवस्थित रूप में निरूपण

करने का श्रेय आचार्य मम्मट को है। "वर्त्म कर्षतु पुरः परमेकः तद्गतानुगतिको, न, महार्घः" एक किसी भी महापुरुष का मार्ग के निर्देश करने के लिए अग्रगामी होना आवश्यक है। उसके बाद तो उसके बतलाये हुए मार्ग का अनुसरण करने वालों की कमी नहीं है। इस आभाणक के अनुसार परवर्त्ती सभी आचार्यों ने इसी क्रम का अपने ग्रन्थों में आश्रयण किया है।

किस गुण क्रिया वगैरह से सुख प्राप्त होगा और सुख विरोधी दुःख हटाया जायगा। इस आवश्यकता की पूर्ति के लिए ऋषियों ने, मुनियों ने, आचार्यों ने भिन्न-भिन्न आधिकारी के लिए भिन्न-भिन्न शास्त्रों का निर्माण किया। इस तरह सभी शास्त्रों का साक्षात् परम्परया आनन्द स्वरूप आत्मा रस का ही दर्शन याने ज्ञान कराना ही उद्देश्य है। क्योंकि "रसो वै सः"। रसं ह्येवायं लब्ध्वानन्दी भवति। को ह्येवान्यात्कः प्राण्यात्। यदेष आकाशे आनन्दो न स्यात्। वह आत्मा ही रस है। रस को प्राप्त करके आनन्दी होते हैं अगर यह परमाकाश में आनन्द रस नहीं होता तो कौन अपान वायु का उत्सर्ग करता और कौन जीता। अतः आत्मा का दर्शन कराने के कारण ही इन शास्त्रों का दर्शन नाम प्रसिद्ध हुआ। इस दर्शन नाम में दर्शन क्रिया का कर्म आत्मा अन्तर्निहित है। वस्तुतः इनका नाम आत्मदर्शनशास्त्र होना चाहिए था।

"दर्शन छ कैसे" ?

ये दर्शन शास्त्र छ हैं। क्योंकि दर्शन के बाह्य साधन छ ही होते हैं। लोक में भी किसी वस्तु को सामने से, या पीछे की ओर घूम कर, या अगल एवं बगल से तथा ऊपर एवं नीचे की ओर से देख, सुन, स्पर्शादि कर सकते हैं, किन्तु अन्तः साधन ७ वां एक और भी है। उसी के द्वार। ईश्वर ने अपने आपको दर्शन कराने के लिए स्वयं ७ वां दर्शन बनाया।

"सातवां दर्शन क्यों" ?

इन शास्त्रों में न्याय और वैशेषिक दर्शन प्रमाणों के निरूपण करने में इतने उलझ गये कि इनको पढ़ने वाले व्यक्ति के लिए आत्मदर्शन करना तो दूर रहा उधर झांकना भी कठिन हो गया। अत एव इनको प्रमाण शास्त्र ही कहते हैं।

पूर्वमीमांसा और उत्तरमीमांसा दर्शन श्रुति-वाक्यों के अर्थों की गुत्थियां सुलझाने में इतने व्यस्त हुए कि अद्वैत, शुद्धाद्वैत, विशिष्टाद्वैत, द्वैत, द्वैताद्वैत आदि नाना मत खड़े हो गये और इनको पढ़ने वाले व्यक्ति इन मत भेदों की झाड़ियों में गुमराह हो गये। फलतः आत्मा का अनुभव नहीं कर सके। अत एव इनका नाम वाक्यशास्त्र पड़ा।

सांख्य शास्त्र भी पुरुष के बहुत्व प्रकृति के एकत्व एवं इससे सृष्टि प्रक्रिया का निरूपण करके (एकं सद्विप्राहुधा वदन्ति) वस्तुतः वह परमात्मा एक ही

है, किन्तु ब्राह्मण लोग उसका बहुत्व निरूपण करते हैं इस श्रुति के अनुसार कुछ समन्वित होता हुआ भी "एकमेवाद्वितीयं ब्रह्म नेह नानास्ति किंचन" इत्यादि श्रुतियों को समन्वित न करने के कारण पढ़ने वालों को व्यग्रता में ही डालता है।

योग शास्त्र अवश्य आत्मदर्शन के प्राप्य साधनों में है, किन्तु इसकी हठयोग प्रक्रिया तो बहिरंग है और राजयोग प्रक्रिया आज क्या पहले भी अनायासेन उपलब्ध नहीं थी। स्वयं परमात्मा ने इस योग का उपदेश सूर्य को, सूर्य ने मनु को, मनु ने इक्ष्वाकु को किया। किन्तु वह योग महान् काल के जाल में विलुप्त हो गया। उपदेशक एवं आश्रावकों के न होने से इसकी परम्परा या सम्प्रदाय कट गया। इस बात को स्वयं भगवान् ने गीता में कहा है।

इमं विवस्वते योगं प्रोक्तवानहमव्ययम्।
विवस्वान्मनवे प्राह मनुरिक्ष्वाकवेऽब्रवीत्॥
एवं परम्पराप्राप्तमिमं राजर्षयो विदुः।
स कालेनेह महता योगो नष्टः परन्तप॥ इति।

यह क्रम क्यों रक्खा गया। इस क्रम की आधार शिला क्या है। इस प्रश्न का उत्तर नितान्त आवश्यक था। अतएव हमने भूमिका में पहले पहल इस क्रम के स्वरूप बारे में निर्देश किया। प्रकृतमनुसरामः।

"रस"

"सुखार्थो सर्वभूतानां प्रवृत्तिः"। समस्त चेतन प्राणी कीट पतंग से लेकर ब्रह्मा पर्यन्त सुख आनन्द रस को प्राप्त करना चाहता है। सुख को प्राप्त करने के लिए सभी भूतों की प्रवृत्ति चेष्टा होती है। सुख में प्रवृत्ति का प्राणी का स्वभाव है, क्योंकि प्राणी सुख से पैदा हुआ है, सुख में पला और उसी में लीन होता है अतः प्राणी का सुख स्वभाव होना औचित्य प्राप्त है। सुख के सिवाय सभी वस्तु के विषय में प्रश्न होता है कि तुम अमुक वस्तु को क्यों चाहते हो किन्तु सुख के विषय में यह प्रश्न नहीं होता है कि सुख को तुम क्यों चाहते हो। क्योंकि हिततम पदार्थ का ही अन्वेषण किया जाता है और वह हिततम पदार्थ सुख है फलतः सुख परम लक्ष्य है उसके विषय में इसे क्यों चाहते हो यह प्रश्न नहीं उठ सकता। अतः रस सुख का प्रथम निरूपण करते हैं। रस और सुख दोनों पर्यायवाचक शब्द हैं।

रस की परम्परा को बतलाने के पहले रस शब्द का प्रयोग किस-किस अर्थ में हुआ है। यह विचार करते हैं।

"रस शब्द के अर्थ"

आरम्भ में रस पद का जो भी अर्थ रहा हो, किन्तु इस समय रस पद का प्रयोग इन अट्ठारह अर्थों में होता है।

रसः स्वादे, जले, वीर्ये, शृंगारादौ, विषे, द्रवे,
बोले, रागे, गृहे, धातौ, तिक्तादौ, पारदेऽपि च,
प्रेम्णि, भावे, ह्यात्मनि च, सुपेये, स्वरसे, सुखे। इति हेमः।

ये १८ अर्थ हैं। यही क्यों? अब तो महाकवियों के कोई भी प्रयोग रस पद की योजना के बिना अधूरे मालूम होते हैं। अतएव वे लोग हर पदार्थ में "रस" को जोड़ देते हैं।=जैसे

"परायत्तः प्रीतेः कथमिव रसं वेत्तु पुरुषः" प्रीतिरस, तथा वाचिक रस, नेपथ्यरस, स्वाभाविक रस।

रसास्तु त्रिविधा वाचिक-नेपथ्य-स्वभावजाः।
कालानुरूपैरालापैः श्लोकैर्वाक्यैः पदैस्तथा ॥
नानालंकारसंयुक्तैर्वाचिको रस उच्यते।
कर्म - रूप - वयो-जातिदेशकालानुवर्त्तिभिः ॥
माल्य भूषणवस्त्राद्यैर्नेपथ्य - रस उच्यते।
रूप यौवन लावण्य स्थैर्यधैर्यादिभिर्गुणैः ॥
रसः स्वाभाविको ज्ञेयः स च नाट्ये प्रशस्यते।

यह लेख समयमातृका में मिलता है। ऐसा कुट्टिनीमत के व्याख्या कार ने लिखा है।

शृंगारं द्विविधं विद्याद् वाङ्नेपथ्यक्रियात्मकम्।

अग्नि पुराण ३४२ अ० में शृंगार के विषय में ऐसा लेख मिलता है।

निन्दारस, निद्रारस, क्रीडारस, विमर्दरस, रणरस, सूनुरस, हिंसारस, मदनरस, सुखरस, सेवारस, विषयरस, लावण्यरस, कहाँ तक लिखें ऐसे प्रयोग विक्रमांक देव चरित, नैषधचरित, कादम्बरी वगैरह में प्रचुर मात्रा में मिलते हैं। किन्तु हमारा लक्ष्य रस शब्द से आनन्द ही है, उसी के विषय में हम निरूपण करेंगे यही काव्य की आत्मा माना गया है।

– रस परम्परा –

हम लोग सभी वस्तुओं की तरह ज्ञान को भी देश एवं समय की परिधि में परिच्छिन्न देखते हैं। तदनुसार ज्ञान की सीमा के लिए पहला समय वेद का आता है। क्योंकि विश्व का प्रथम एवं सर्व मान्य ग्रन्थ ऋग्वेद है। फिर और तीन वेद हैं। इन वेदों में रसपद का प्रयोग पानी, दूध एवं सोमरस के लिए तो आता ही है। विजेता इन्द्र के युद्ध में वीर रस, पराजित दैत्यों के विलाप में करुण रस, उषा को नायिका के रूप में वर्णन में शृंगार रस की अभिव्यक्ति पदे-पदे अनुभव

में आती है। इसके अतिरिक्त स्थान-स्थान पर कथानकों में एवं यज्ञ की प्रक्रिया बतलाते समय अर्थ विश्लेषणों में रूपक, उपमा, अतिशयोक्ति प्रभृति अलंकारों का विन्यास करके उस विशेष अद्भुत आनन्द को उपस्थित करने में वेद सिद्ध-हस्त हैं, जिसको काव्य में और नाट्य में उसकी सुन्दर कलाओं से प्रभावित हुआ जगत् अनुभव करता है।

तैत्तिरीय उपनिषत् में रस शब्द का प्रयोग वास्तविक एवं नित्य सत्य अर्थात् परब्रह्म के लिए किया गया है, जिसकी एकबार अनुभूति होने के बाद स्थायी सुख एवं मोक्ष मिल जाता है। प्रायः प्राचीन साहित्यिक आलोचकों ने रस का प्रयोग इसी अर्थ में किया है, जैसा कि तैत्तिरीय उपनिषद् में समझाया गया है। उस परम सुख को उद्बोधन करने वाला काव्य है और काव्य से नाट्य की उत्पत्ति हुई है। "काव्यान्नाट्यसमुभूतेः" अर्थात्—

जग्राह पाठ्यं ऋग्वेदात्सामभ्यो गीतिमेव च।
यजुर्वेदादभिनयान्, रसानाथर्वणादपि ॥

इस नाट्यशास्त्र के सिद्धान्तानुसार त्रवी काव्य से नाट्य पैदा हुआ है। अतः नाट्य रसोद्बोधन में पूर्ण समर्थ है। इस बात को आगे चलकर समय पर बतलाया जायगा। रति को रस मानने वाले भी इसी परिखा में आ जाते हैं।

"वेदों के बाद रामायण"

प्रथम साहित्यिक वाल्मीकि जो वैदिक काल के बाद रस सम्प्रदाय के प्रथम मनस्वी एवं संस्कृत कविता के आदि निर्माता माने जाते हैं। उनका प्रथम वाक्य जो कि कारुणिक घटना को देखने से उनके वरवदन से निकला। उसमें रस सम्प्रदाय के गर्भधारण करने के कीटाणु स्पष्ट हैं। जब उनका हृदय क्रौंची के लिए—जब कि वह क्रौञ्ची अपने प्रिय साथी से हमेशा के लिए अलग कर दी गई—जो उसका साथी क्रौञ्च उनके सामने मार डाला गया—शोक के गहरे आघात से विचलित हुआ तब उनके मुख से एकाएक दुःख के शब्द श्लोक रूप में निकल पड़े। क्योंकि वाल्मीकि जी ने क्रौंच पक्षी के दुःख का स्वयं अनुभव किया जो कि उनके शब्दों से प्रकट है।

वाल्मीकि रामायण के उस स्थल के विवरण से यह प्रकट है कि स्वयं वाल्मीकि जी ने भी अपनी कविता का कारण उस दया की अनुभूति को ही स्वीकार किया है, जिसे उन्होंने अनुभव किया जैसा इस स्थान पर हुआ। यह कहना ठीक है कि अनुभूति ही कविता में परिवर्तित हो गई। अतः कविता का सार या निष्कर्ष यही है कि कवि के हृदय में जिस भाव विशेष की जैसी अनुभूति हुई हो ठीक उसी प्रकार की उस भाव की अनुभूति सहृदय के मस्तिष्क में करा देना—। यहाँ करुण रस का स्थायी भाव शोक मुक्ति को होने से करुणरस की प्रतीति सहृदय को हो जाती है।

महर्षि वाल्मीकि के अनुसार कवि की उक्तियां आन्तरिक भावनाओं से प्रेरित होकर निकलती है। वह उत्तम कोटि की कविता है। ऐसी कविता जब अच्छी प्रकार से समझी जाती है, तब ठीक उसी प्रकार का भाव दूसरे के मस्तिष्क में भी पैदा कर देती है। इसी आधार पर ध्वनि सम्प्रदाय के प्रवर्त्तक आनन्द वर्द्धन ने वाल्मीकि को रस सिद्धान्त का आश्रयदाता कहा है, कालिदास ने भी यही विचार वाल्मीकि कविता के विषय में लिखा है, जिसे हम रघुवंश में देख सकते हैं।

वेदों के उपनिषदों के काल से वाल्मीकि के काल तक और वाल्मीकि के काल से भरत के काल तक में रस, गुण, अलंकारों के उदाहरण ही हमें प्राप्त होते हैं किन्तु वेद की संहिता, ब्राह्मण एवं उपनिषद् से वाल्मीकि रामायण के बीच के काल में तथा वाल्मीकि रामायण तथा भरत नाट्य शास्त्र के बीच के काल में रसादि के सिद्धान्त के बारे में कहीं कोई ग्रन्थ या कोई संकेत नहीं मिलता है।

"रामायण के बाद नाट्य शास्त्र"

यद्यपि हम देखते हैं कि रस का अपनी विभिन्न शाखाओं में पूर्ण प्रकाश है। तथापि रस और भाव का नियम बद्ध प्रतिपादन जहाँ मिलता है, वह है भरत मुनि का नाट्य शास्त्र। इस पुस्तक में रस की उत्पत्ति एवं उसकी प्रकृति का निरूपण किया है तथा रसों एवं भावों का विश्लेषण भी किया है। जो नाटक के अच्छे कलाकार द्वारा प्रदर्शित करने पर ठीक वैसा ही प्रभाव और अनुभूति पैदा कर देते हैं।

विषय प्रवेश के पहले भरत मुनि अपने विषय का संक्षिप्त वर्णन छठे अध्याय के एक श्लोक में करते हैं।

रसा भावा ह्यभिनया धर्मिवृत्तिप्रवृत्तयः।
सिद्धिः स्वरास्तथातोद्यं गानं रंगश्च संग्रहः॥

भरत जी के अनुसार ११ नियमों के मिलने से नाट्य शास्त्र का फल सिद्ध होता है। जिसमें प्रधान रस है। भाव से लेकर रंग तक के पदार्थ उस प्रधान रस की उत्पत्ति के हेतु हैं। इसका वर्णन भरत जी ने छठे ७ वें अध्यायों में भाव आदि अन्य विषयों के वर्णन के पहले रस से विश्लेषण के स्थल पर किया है। रसों की अनुभूति एवं उसके प्रकारों का निरूपण उन्होंने प्रसिद्ध रस सूत्र से आरम्भ किया है।

रस के आश्रय दश रूपकों को जब चतुर कलाकार अभिनय के सहित चित्र में प्रदर्शित करता है तथा चतुर अभिनेता जब अपनी कलापूर्ण विशेषताओं में अभिनय के द्वारा दर्शकों की ऐसी स्थिति या अवस्था कर दे कि दर्शकों को समय, स्थान एवं अपना तथा परायेपन का कुछ भी परिज्ञान न रहे और एक विशेष आनन्द का अनुभव करने लगे वही रस है।

भरत ने दस रूपकों का पूर्णरूप से निरूपण किया है, जिनका कार्य प्रयोजनीय विभावादिकों को उपस्थित कर रस को पुष्ट करना है। उनके मत में रस ९ प्रकार हैं।

"पुराण तथा उपपुराणों में रस का स्वरूप"

भरत मुनि के नाट्यशास्त्र के बाद पुराण एवं उपपुराणों का काल आता है। पुराणों में अग्निपुराण में रस का निरूपण किया है, किन्तु आरम्भिकी अवस्था में इसके निरूपण में कुछ विलक्षणता है, वह विलक्षणता उससे पहले नाट्यशास्त्र में नहीं है और न उसके बाद के आचार्यों के ग्रन्थों में मिलती है। महाराज भोज के ग्रन्थ में थोड़ा संकेत है।

"अग्निपुराण की रस के विषय में विलक्षणता"

वह पर ब्रह्म अक्षर, अज, सनातन एवं विभु है। वेदान्त शास्त्र उत्तर मीमांसा में ऋषि उसको एक चैतन्य ज्योति, ईश्वर कहते हैं। उसका आनन्द स्वरूप सहज है। वह आनन्द कभी २ व्यक्त होता है। उसकी उस व्यक्ति का नाम है (आनन्दमयी संवित् है) चेतन अर्थात् सहृदय को चमत्कार में विभोर करने वाला रस। उस ईश्वर का सृष्टि के आरम्भ में पहला विकार अहंकार है और उससे अभिमान पैदा हुआ। अभिमान से रति पैदा हुई। वह रति व्यभिचारी वगैरह से पुष्ट हुई शृंगार कहलाती है।

अक्षरं परमं ब्रह्म सनातनमजं विभुम्।
वेदान्तेषु वदन्त्येकं चैतन्यं ज्योतिरीश्वरम्।
आनन्दः सहजस्तस्य व्यज्यते स कदाचन।
व्यक्तिः सा तस्य चैतन्य चमत्कार रसाह्वया।

यहां पर चेतन को चैतन्य कहा गया है। स्वार्थेष्यञ् प्रत्यय हुआ। चेतन तो निर्धर्म है उसमें कोई धर्म नहीं रहता है। चेतन को चमत्कार याने अनुभूति जिससे हो वह रस। ऐसा इस वाक्य का अर्थ होता है। इसीलिए हमने लिखा "आनन्दमयी संवित्"।

आद्यस्तस्य विकारो यः सोहंकार इति स्मृतः।
ततोऽभिमानस्तत्रेदं समाप्तं भुवनत्रयम्॥
अभिमानाद्रतिः सा च परिपोषमुपेयुषी।
व्यभिचार्यादिसामान्याच् छृङ्गार इति गीयते॥

इस तरह पहले ब्रह्म, उससे अहंकार, उससे अभिमान, उससे रति उत्पन्न होती है। वह रति व्यभिचारी वगैरह के सम्बन्ध से पुष्ट होकर शृंगार कहलाती है।

उप पुराणों में विष्णुधर्मोत्तर में रसों की ९ नव संख्या मात्र का निर्देश किया है। लक्षण वगैरह कुछ भी नहीं दिया है। इतना जरूर लिखा है कि शान्तरस स्वतन्त्र है। उसके बाद श्रृंगार, रौद्र, वीर एवं वीभत्स ये चार रस हैं। इन चारों से क्रमशः हास्य, करुण, अद्भुत तथा भयानक रस पैदा होते हैं। और शान्त सर्वत्र समान रूप से रहता है।

शान्तो रसः स्वतन्त्रोऽथ पृथगेव व्यवस्थितः। यह अंश अग्निपुराण में नहीं है। बाकी अंश नाट्यशास्त्र एवं अग्निपुराण के समान है।

अग्निपुराण में रसों के वर्ण और देवताओं का निर्देश नहीं है, किन्तु विष्णुधर्मोत्तर में नाट्यशास्त्र की तरह उनका निर्देश है।

"नव चित्ररसाः स्मृताः" श्रृंगारादि नौ रस चित्र में लिखकर भी प्रदर्शनीय हैं परन्तु इनमें नियम है।

श्रृंगार-हास्य-शान्ताख्या लेखनीया गृहेषु ते।
परं शेषा न कर्त्तव्याः कदाचिदपि कस्यचित्॥
युद्ध-श्मशान-करुण-मृत-दुःखार्त कुत्सितान्।
अमंगल्यांश्च न लिखेत्कदाचिदपि वेश्मसु॥

श्रृंगार हास्य एवं शान्त रसों के चित्र घरों पर लिखे जा सकते हैं किन्तु अवशिष्ट रसों के चित्र कभी किसी के घरों पर नहीं लिखने चाहिए।

युद्ध, श्मशान, करुण, रस मृत, दुःखार्त्त के तथा गन्दे चित्रों को एवं अमंगल विषयों को कभी भी घरों पर नहीं लिखना चाहिए।

देववेश्मनि कर्त्तव्या रसाः सर्वे नृपालये।
राजवेश्मनि नो कार्या राज्ञां वासगृहेषु ते॥

देव मन्दिरों में तथा शासकों के स्थानों में कचहरी सब रसों के चित्र प्रदर्शित कर सकते हैं। किन्तु राजाओं के उन स्थानों में सब रसों को नहीं लिखना चाहिए। जहाँ वे बसते हों।

यह विषय पूर्व ग्रन्थों की अपेक्षा इसमें नवीन है। इस तरह सामाजिकों को रस की प्रतीति कराने के साधारणतया साधन चार है।

रस की प्रतीति विभाव अनुभाव एवं संचारी भावों के द्वारा ही होती है। उन विभावादि का निरूपण शब्द प्रतिपाद्य अर्थरूप अभिनय से नाट्यों में, सार्थक शब्द रूप राग रागिनियों से गीतकाव्यों में, शब्द सहकृत वर्ण्यमान अर्थों से रघुवंशादि काव्यों में, या फिर शब्द शून्य केवल विलक्षण रेखाओं से चित्रों में किया जाता है। जिनमें प्रथम तीन काव्य की परिधि में आ जाते हैं। चतुर्थ प्रकार काव्य की सीमा में नहीं आता है।

प्रथम में शब्द से प्रतिपाद्य अर्थ अभिनय के योग्य है। अतः ये दृश्य काव्य कहलाते हैं। द्वितीय में अर्थ का कोई खास उपयोग नहीं है, किन्तु निरर्थकता

को दूर करना मात्र ध्येय है। अतः वे सार्थक शब्द गीतगोविन्दादि गीत काव्य कहलाते हैं। तीसरे में उस शब्द के रहने पर ही वह अर्थ प्राप्त होगा अन्यथा नहीं। अतः शब्द सहकारी रूप में अवश्य ही अपेक्षित है। और अर्थ वहाँ वर्ण्यमान रहता है। फलतः ये शब्दार्थोभय प्रधान महाकाव्य कहलाते हैं। चतुर्थ में भित्ति पर या कागज पर या अन्य किसी आधार पर विलक्षण रेखाओं के द्वारा विविधभावों का चित्रण जैसे चिन्तादि में मग्न, या आनन्दादि में विभोर व्यक्ति का आकर्षक चित्र तैयार किया जाता है। अतः वह काव्य के क्षेत्र के अन्तर्भुक्त नहीं हो सकता है। परन्तु वहाँ विभाव अनुभाव एवं संचारी का चित्रण होने से रस की प्रतीति निर्बाध रूप में होती है।

"रस के अनुगामी एवं प्रतिगामी आचार्य एवं उनके मत"

रसके स्वरूप का निरूपण करने के पहले कौन रसका विरोधी है और उसका क्या मत है तथा कौन रसका अनुयायी है और उसका क्या मत है यह बतलाना जरूरी है। तदनुसार हम बतलाते हैं।

भामह :—

भरत मुनि के सिद्धान्तों को बाद के कई आलोचकों ने नाटकों के सिवाय अन्य स्थलों के लिये आधारभूत नहीं माना। इस विरोध तथा उदासीनता का प्रधान कारण बाद के लोगों की नाटकों के तरफ अधिक रुचि होना ही थी। इसके अनुयायी, कोहल मातृगुप्त, हर्ष एवं अन्य लोग थे। उनके लेख अब धीरे-धीरे उपलब्ध हो रहे हैं।

भरत के बाद का सबसे पहला लेखक जिसका साहित्यिक क्षेत्र में स्थान है वह है भामह। यद्यपि उसने आदिम अन्य लेखकों का वर्णन किया है जो उस के मत के लिए आदर्श थे, तथापि वर्तमान काल में उनका साहित्य उपलब्ध नहीं है। भामह रस सम्प्रदाय के सिद्धान्त से असहमत ही नहीं, परन्तु खुल्लम-खुल्ला विरोधी था। वह इसके विपक्षी सम्प्रदाय का लेखक था, उसके अनुसार अलंकार ही उत्तम कविता के लिये प्रधान आवश्यकीय वस्तु है। उसने दृश्य नाटकादि को छोड़कर श्रव्य एवं पाठ्य काव्य में रस को गौण स्थान दिया है, ताकि वे सब केवल रसवत् प्रेय नाम वाले अलंकार समझे जावें।

दंडी—

दूसरा प्रधान समालोचक जो भामह के बाद हुआ वह दंडी है। उसका प्रधान वक्तव्य यह था कि दशगुण ही मिल कर रीति प्रणाली को बनाते हैं। वह भामह के तरह अलंकारों को कविता का प्रधान विषय मानता था। रसभाव के तरफ इसकी भी वैसी ही प्रवृत्ति थी जैसी कि भामह की। इसने भी रसों को अलंकारों के अन्तर्गत ही किया है। परन्तु इसने कविता में रसों की स्थिति को स्वीकार किया है। यद्यपि उसने गुणों पर बहुत विशेष प्रकाश डाला है और

उनको कविता का सार अथवा प्राण कहा है। तथापि उसने कविता में रसों की आवश्यकता को भी क्या स्थान नहीं दिया है। उसने इनको भी उतना ही आवश्यक माना है, जितना गुणों को। इसलिए दंडी का भाव रसों के पक्ष में उतना विरोध पूर्ण नहीं जितना की भामह का है।

वामन—

वामन, दंडी के बाद का दूसरा कवि है, जिसने रीति को अथवा शैली को कविता का प्राण माना है। उसके अनुसार ये शैलियां तीन प्रकार की हैं। वैदर्भी, गौड़ी पांचाली। इन तीनों में से वैदर्भी को दशों गुणों सहित कविता का सबसे उत्तम साधन माना है। दंडी के अनुसार अलंकार केवल कविता के सौन्दर्य को चमका देता है। वामन ने दंडी और भामह का ही अनुशीलन किया है। कुछ भेदों के साथ उसने अपने पूर्वाधिकारियों से भिन्न तीसरी शैली पांचाली को स्वीकार किया। इसने गुणों एवं अलंकारों की एक खास सीमा बांध दी है। यह ही सबसे प्रथम आलोचक हुआ है जिसने कविताशैली का सार प्रसार प्रत्येक प्रकार की कविता के लिये आवश्यक माना है। और उसकी तुलना प्राण से की है। रस सम्प्रदाय के सम्बन्ध में इसकी भी धारणा अपने पूर्ववर्ती आलोचक के समान रही है। परन्तु दंडी एवं भामह के विपरीत उसका मत था कि रस गुणों को विशेष आवश्यकीय रूप दे देता है जो कि कान्ति कहलाता है। यद्यपि इसने रस को कोई महत्व पूर्ण स्थान नहीं दिया है तथापि उसने नाटकों को काव्य का सबसे श्रेष्ठ अंग माना है। वामन की इस धारणा से यह पुष्ट होता है कि उसने कला पूर्ण निबन्धों के लिये रस की महिमा को स्वीकार किया है, परन्तु रसों का पूर्ण प्रकाश नाटकों में ही हो सकता है।

उद्भट—

रस सम्प्रदाय ने उद्भट के समय में फिर जोर पकड़ा यद्यपि उद्भट के समय में भी यह कविता की आत्मा नहीं समझा जाता था। यह उद्भट के कथन से स्पष्ट है कि दूसरा प्रसिद्ध लेखक जो साहित्यिक आलोचना क्षेत्र में हुआ वह रस सम्प्रदाय का उतना ही प्रतिनिधित्व करता है, जितना कि भामह के अलंकार सम्प्रदाय का। संगीत रत्नाकर की सूची के अनुसार तथा इस विषय में उद्भट के अन्तिम ग्रन्थों के अनुसार यह मालूम होता है कि अपने विस्तृत काव्यालंकार संग्रह ग्रन्थ के अलावा उसने नाट्य शास्त्र पर एक स्वतंत्र टीका भी की थी। इन निबन्धों में अलंकारों का वर्णन भामह की पद्धति के मतानुसार किया है और रसों को वही स्थान दिया है, जैसा भामह और दंडी ने परन्तु इनका वर्णन उसने विस्तृत रूप से किया एवं रसों को अनुभव करने के लिये भाव का बहुत ही स्पष्ट चित्रण किया है। उसने भामह के द्वारा घोषित तीन अलंकारों, प्रेयः रसवत् ऊर्जस्वी के अलावा एक चौथा अलंकार और जोड़ दिया है, जिसे

समाहित के नाम से सम्बोधित किया है। यह रस सम्प्रदाय के इतिहास में पहला लेखक है, जिसने बतलाया कि शान्तरस भी नाटकों में अनुभव किया जा सकता है। अतः यह अनुमान किया जा सकता है कि उद्भट के समय में अलंकार एवं रीति सम्प्रदायों के सर्व मान्य होने पर भी रस सम्प्रदाय ने काफी प्रसिद्धि पा ली थी।

रुद्रट—

भामह और उद्भट के बीच के काल में बाल्मीकि एवं भरत का परिचालित रस सिद्धान्त का उपयोग केवल नाटकों में ही किया जाता रहा है, परन्तु नाटकों के अलावा अन्य श्रव्य एवं पाठ्य में रस का केवल अलंकारों अथवा गुणों के अन्तर में ही प्रयोग होता था। जब इन तीनों सम्प्रदायों, अलंकार, गुण, रीति आदि का पूर्ण विकास हो गया तब रुद्रट एवं रुद्रभट्ट ने एक नया परिवर्तन किया। उसने कहा कि रसों का विकास भी नाटकादि के अलावा अन्य साहित्य में हो सकता है तथा अलंकार एवं गुण उसकी सुन्दरता को और बढ़ा सकते हैं। रुद्रट ने अपने काव्यालंकार में स्पष्ट कहा है कि रस से रहित कोई भी काव्य, शास्त्र के समान है। अतएव कवियों को रस निरूपण में बहुत सतर्क रहना चाहिये। वह व्यभिचारी एवं सात्विक भावों के निरूपण में इतना आगे बढ़ गया कि उसने इनको भी रस का एक, खास अंग मान लिया। वह रसों को अलंकारों के के अन्तर्गत मानने के विपक्ष में था। और उसने कहा कि रस निरूपण का प्रधान लक्ष्य काव्य है।

रुद्रभट्ट—

रुद्रभट्ट भी रुद्रट के समान ही विचार रखता था। उसने अपने शृंगार तिलक में कहा कि उसने इस काव्य का निर्माण अपने पूर्ववर्ती लोगों के मत का खण्डन करने एवं रस का निरूपण नाटकों के अलावा काव्यों में किया जा सकता है इसे साबित करने के लिये ही किया है। उसने नवों रसों का वर्णन अपने-अपने सभी विभावादि के सहयोग की परिभाषा के साथ सुन्दर पद्यों में किया है। इसका रस निरूपण उद्भट एवं वामन के समकक्ष में विशेष विस्तृत है। अतः इस अनुमान को पुष्ट करता है कि कालान्तर में उन सभी समानान्तर सम्प्रदायों से जो कि उस समय के पूर्व साहित्यिक क्षेत्र में प्रचलित थे, रस सम्प्रदाय विशेष लोक प्रियता प्राप्त कर चुका था।

ध्वनिकार—

उस काल के अन्त में जिसमें कविता का रूप अलंकार गुण रीति आदि तीन प्रधान सिद्धान्तों के आधार पर निर्धारित किया जाता था और जब कि रस का ही केवल पर्याप्त स्थान था। एक बहुत ही विवादास्पद सम्प्रदाय का आविर्भाव हुआ जिसे ध्वनि को कविता का मुख्य सिद्धान्त अर्थात् ध्वनि काव्य का आत्मा

है कहते हैं। इसके अनुसार रस, अलंकारादि के बीच एक विशिष्ट स्थान रखता है और कविता का सार है। इस सम्प्रदाय के अनुयायी ध्वनि सिद्धान्त का प्रतिपादन करते हैं। जिसके अनुसार अलंकार आदि सब रस की सुन्दरता बढ़ाते हैं। इसलिये कवि को अलंकार गुण, रीति आदि इस प्रकार के चुनने चाहिये जो रस के विकास में सहायक होंगे। इस ध्वनि की व्याख्या करने वाला प्रसिद्ध पण्डित जो इस काल में हुआ वह काश्मीर का आनन्द वर्द्धन है। यद्यपि उसने स्वयं स्वीकार किया है कि ध्वनि सिद्धान्त का प्रादुर्भाव उसके कई शताब्दियों पहले से था।

इस सम्प्रदाय का सिद्धान्त वैयाकरणों के स्फोट वाद से लिया गया है, जिनका मत है कि स्फोट अथवा ध्वनि ही शब्द का स्थायी स्वरूप है, जिससे उसका अर्थ निकलता है "स्फुटत्यर्थो यस्मात्, प्रतीत पदार्थको लोके ध्वनिः शब्दः" यह भाष्य इसमें प्रमाण है। शब्द का व्यञ्जनात्मक व्यापार जो कि अभिधा एवं लक्षणा से भिन्न है यह सम्प्रदाय ध्वनि के नाम से प्रसिद्ध है। उसके अनुसार जो शब्द एवं उनके अर्थ अपने व्यंजनात्मक व्यापार से कई प्रकार के भिन्न-भिन्न भावों का प्रकाश करते हैं, वे ध्वनि कहलाते हैं। तथा वे निबन्ध जिनके शब्दों का अर्थ व्यंग्यात्मक निकलता है। ध्वनि कहलाते हैं। साहित्यिक क्षेत्र के इस सिद्धान्त के अनुसार व्यंजक शब्द एवं अर्थ को और व्यंग्य अर्थ को तथा व्यंजना शक्ति को ध्वनि कहते हैं। आनन्दवर्धन के इस ध्वनि का सिद्धान्त, भरत मुनि के नाट्यशास्त्र में वर्णित मूल रस सिद्धान्त से दो स्थानों पर भिन्न है। पहले के अनुसार शब्दों या अर्थों से व्यंजित होने पर ही रसास्वादन होता है और दूसरे के अनुसार, विभाव, अनुभाव आदि चाहे शब्दों से अर्थ रूप में वर्णित हो अथवा शब्दों से व्यंजित हो दोनों ही हालत में जनता के मन में आनन्द का उद्बोधन करेंगे।

विशेष कर आनन्द के अनुसार कविता का कार्य रसों को, अलंकारों को और कथानक या वस्तु को व्यंजित करना है जो कि कविता एवं नाटकों में होता है। परन्तु भरत के अनुसार उत्तम कविता वही है, जो कि विभाव अनुभाव आदि के प्रदर्शन से जनता में असीम आनन्द उत्पन्न कर दे। इन भिन्नताओं के साथ आनन्द ने रस को कविता का जीवन कह के प्रतिपादन किया है। और इसके जरिये ध्वनि सिद्धान्त को साबित किया है। ध्वनि कार के हाथ से शान्तरस का पर्याप्त विकास हुआ है जिससे यह दिखाया है कि शान्तरस ही प्रधान रस है, जो कि रामायण एवं महाभारत में प्रकाशित किया गया है।

ध्वनि ध्वंस सम्प्रदाय—

यह ध्वनि सम्प्रदाय यद्यपि ध्वनिकार द्वारा अच्छी तरह से स्थापित किया जा चुका था, और आनन्द के बाद के समालोचकों की विशेष रूचि का विषय हो गया था। तथापि उन्होंने इसका खण्डन अपनी प्रतिभा के बल पर बड़ी विद्वत्ता के साथ किया है। उनके नाम हैं प्रतिहारेन्दुराज, भट्टनायक, धनंजय एवं धनिक।

प्रतिहारेन्दुराज—

प्रतिहार भामह एवं उद्भट के अलंकार मत का प्रसिद्ध पोषक था। यह ध्वनिकार का खण्डन करते हुए कहता है कि ध्वनि अर्थात् शब्दों से व्यक्त तीन प्रकार के अर्थों को अलंकारों के अन्तर्गत ही माना जा सकता है, जैसे पर्यायोक्त, श्लेष, रसवत् आदि में। "एवमेतद् व्यंजकत्वं पर्यायोक्तादिष्वन्तर्भाक्तम्"। उदाहरण के लिये वे ही पंक्तियां उधृत करता है जो कि आनन्द ने की है तथा कविता के आत्मा के मत का खण्डन करता है। तथापि वह स्वीकार करता है कि रस कविता का प्राण है। परन्तु रसवत् अलंकार है जिसका भामह ने समर्थन किया है।

भट्टनायक—

ध्वनि मत का दूसरा विरोधी भट्टनायक है। यह नाट्यशास्त्र के रस मत का समर्थक था। भरत के रससूत्र के अनुसार ही उसने रस की अनुभूति को समझाया है, किन्तु नवीनता से। इसके इस नये मत का आधार भाव्य भाव सम्बन्ध, भरत द्वारा रचित सूत्र का अर्थ है। उसने अनुभव किया कि शब्द तीन व्यापारों से सम्पन्न रहते हैं। जैसे अभिधा, भावकत्व एवं भोजकत्व। जब कि शास्त्रों एवं वेदों के शब्द सिर्फ एक ही व्यापार अभिधा से अर्थ का बोधन करते हैं। काव्य इन तीन व्यापारों द्वारा पाठकों के हृदय में आनन्द का अनुभव कराता है। उसके अनुसार श्रोताओं को आकृष्ट करने के लिये केवल रस की ही कवियों को आवश्यकता रहती है और इसके लिये कविता में विभाव आदि को स्थान देते हैं। इसलिये केवल रस ही कविता की आत्मा है।

धनंजय एवं धनिक—

दशरूपक और अवलोक के लेखक धनंजय और धनिक भी रस मत के समर्थक हैं किन्तु ध्वनि मत के विरोधी हैं। धनिक तो ध्वनि की सत्ता मानने को बिलकुल तैयार नहीं, उसके अनुसार तात्पर्य शक्ति ही ध्वनि को व्यक्त कर देती है। इस सम्बन्ध में वह भट्टनायक का समर्थन करता है और तात्पर्य शक्ति को ध्वनि का स्थान देता है। ध्वनिवादियों ने भट्टनायक की कड़ी आलोचनाएँ की है कि उसके भावकत्व और भोग, ध्वनन और व्यंजकत्व से भिन्न नहीं है और जब तक कि ध्वनि व्यापार स्वीकृत न किया जाय तब तक काव्य में भावकत्व सम्भव नहीं इसका उत्तर धनिक तात्पर्य को ध्वनि का स्थान देकर देते हैं। तात्पर्य शक्ति को श्रोतागण न केवल वक्ता का मन्तव्य समझते हैं, परन्तु उसका अनुसरण भी करते हैं। उसी तरह से कवि का तात्पर्य श्रोताओं, पाठकों और दर्शकों को न केवल कविता में विभाव आदि का बोध कराता है, बल्कि उसके अनुसार आचरण करने को प्रेरित करता है। यह आचरणात्मक बुद्धि और कुछ नहीं अत्यधिक आनन्दानुभूति का लक्षण है। इस तरह से तात्पर्य शक्ति के द्वारा कविता रस का भोग करानेवाली बन जाती है और इसलिये ध्वनि या व्यंजनावृत्ति आदि कविता के प्रधान व्यापार की कोई आवश्यकता नहीं रहती।

धनिक के अनुसार काव्य और रस का सम्बन्ध "भाव्यभावकभाव" है न कि व्यंग्यव्यंजकभाव" जैसा कि ध्वनि मतानुयायियों ने कहा है। धनिक के अनुसार इस तरह का सम्बन्ध "जन्यजनक भाव" से भिन्न है जैसा कि नैयायिकों ने कहा है। क्योंकि रस, दर्शक के हृदय में स्थायी रूप से रहता है, और सांख्य के "सत्कार्यवाद" के अनुसार कविता अपना प्रकाश रस के जरिये करती है। इस तरह "रसभावना" के मत का समर्थन भरत ने इस कारिका में भाव शब्द का अर्थ करते हुए किया है।

भावाभिनयसंबद्धान् भावयन्ति रसानिमान् ।
यस्मात्तस्मादमी भावा विज्ञेया नाट्ययोक्तृभिः ॥

यद्यपि ध्वनिकार ने शान्त रस को स्वीकार किया है परन्तु धनंजय श्रव्य एवं पाठ्य काव्य में भी शान्त रस के स्थान को स्वीकार नहीं करता है।

अभिनवगुप्त—

उस समय जब कि ध्वनिवाद की सब निन्दा करते थे और रसवाद की लोग इज्जत करते थे। उसी समय अभिनव गुप्त का प्रादुर्भाव हुआ जो कि ध्वनि मत का पक्का अनुयायी—और रस मत का समर्थक था। आनन्द वर्धन द्वारा संस्थापित ध्वनि मत जिसकी जड़ करीब-करीब हिल चुकी थी। उसको अभिनवगुप्त ने ऐसा जमाया कि उसके बाद के आलंकारिकों ने उसकी बहुत इज्जत की। उसने ध्वनि विरोधियों की कड़ी आलोना की और खासकर भट्टनायक और उसके रसानुभूति के तरीकों की अपने "लोचन और अभिनव भारती" में कड़ी आलोचना की और उनको व्यर्थ साबित किया। उसके अनुसार रस-ध्वनि कविता का प्राण हैं और अन्य कविता के अलंकार हैं।

अभिनव भारती में हमें इस मत के सम सामयिक लेखकों के उदाहरण मिलते हैं और गायन कला, नाट्य कला एवं नाटक के सभी विषयों पर अच्छा प्रकाश मिलता है। "भट्टलोल्लट" "श्रीशंकुक" और "भट्टनायक" आदि के रसानुभूति के सम्बन्ध में तीन प्रधान विचारों पर, जो भरत के रससूत्र के आधार पर हैं, अच्छा प्रकाश डाला है। रसानुभूति के मनोविज्ञान के उपर उसने भट्टनायक के सिद्धान्तों को सुधार करके एक नया मत चलाया जिसको बाद के सब आलंकारिकों ने स्वीकार किया। उसने अपने विषय के ऊपर अद्भुत अधिकार एवं प्रतिभा के द्वारा यह स्थिर कर दिखाया कि ध्वनि कविता की आत्मा है और कविता के अन्य तत्वों से उनका सम्बन्ध दिखलाया। ध्वनि मत के समर्थकों ने भरत द्वारा परिचालित रस सिद्धान्त में सबसे बड़ा दोष यह देखा कि उसके अनुसार कविता में "भम धम्मिय" आदि पद्यों के समावेश के लिये कोई स्थान नहीं। रस भंगी के अनुसार सिर्फ़ वे ही पद्य अच्छी कविता समझे जा सकते हैं जो रसानुभूति को बढ़ाते हैं न कि वे, जहाँ सिर्फ सुन्दर वस्तु एवं अलंकार दिखाया गया हो।

इस दोष को दूर करने के लिए उन्होंने ध्वनि मत का आरम्भ किया जिसमें कि रस को भी बहुत बड़ा स्थान दिया है। शान्त रस को अभिनव ने सिर्फ यही नहीं साबित किया कि यह कविता में पुष्ट एवं स्पष्ट हो सकता है, वल्कि अन्य रसों में इसको अच्छा स्थान दिया। इस तरह से नाट्यशास्त्र में एक अलग अध्याय ही हम लोगों को मिलता है जो कि शान्त रस पर है और जिसकी पुष्ट टीका अभिनव ने की है।

कुन्तक—

यद्यपि अभिनव ने ध्वनि एवं रस सिद्धान्तों को काफी पुष्ट कर दिया था, तथापि इनको दो विरोधी मतों का "वक्रोक्ति" और "अनुमान" का आक्रमण सहना पड़ा, जिसका समर्थन कुन्तक और महिमभट्ट करते थे, क्रमशः कुन्तक का कहना था कि वक्रोक्ति, जो सुन्दर भावों को व्यक्त करने का विचित्र प्रकार है जो कि साधारण तरीकों से भिन्न है, कविता का सार है। यह एक कविता का विशेष आभूषण है जो कि शब्दों के विशेष समन्वय से बनता है। उसने रस और व्यंग्यार्थ को भी अलंकार के अन्तर्गत माना है। इससे यह साफ है कि वह रस और ध्वनि का शत्रु नहीं था। भामह आदि के रसवत् का उसने विरोध किया और उसकी अपने ढंग से व्याख्या करके कविता में उसे स्वीकार किया है।

महिम—

महिम ने रसों को कविता का प्राण माना है और रस का अनुसरण किया। उसने रसानुभूति में ध्वनि की सत्ता का विरोध किया है, और उसके स्थान पर अनुमान को स्थान दिया है, जिसको "काव्यानुमिति" यह नाम दिया है। उसका प्रधान मन्तव्य "व्यंजना" का खण्डन करना था, जिसे कि ध्वनिकार ने स्वीकार किया था।

भोज—

इसके बाद भोज का काल आया जो इन दो विरोधियों का समकालीन था एवं जो राजा भोज के नाम से प्रसिद्ध हुआ। श्रृंगार प्रकाश के विस्तृत कार्य में रस सम्बन्ध में उसने अपना नया मत स्थिर किया है और तत्कालीन लेखकों द्वारा समर्थित कई एक रसों को उसने स्वीकार नहीं किया, उसने बताया कि श्रृंगार ही केवल एक मात्र रस है जो कि महान् अलंकार है। सर्व प्रथम इसने ही कहा कि रति आदि भाव श्रृंगार से ही उत्पन्न होते हैं। क्योंकि आकृष्ट दर्शक जो कि श्रृंगार से सम्पन्न है केवल इन भावों को अनुभव करता है एवं भोगता है।

स्थायी भाव विशेष स्थलों पर रस में परिवर्तित हो जाते हैं। इस विचार का भोज खण्डन करता है और कहता है कि यदि स्थायी भाव रसों को उत्पन्न कर सकता है तो कोई बाधक नहीं हो सकता कि अन्य भाव भी अपने को रसों में परिवर्तित न कर सके, और इसलिए रसों को आठ या नौ मानना भी गलत

हो जाता है। नाट्यशास्त्र में वर्णित भावों के, "स्थायी" "सात्विक" और "व्यभिचारी" आदि तीन विभागों का एवं रससूत्र में वर्णित रस की उत्पत्ति का भोज ने खण्डन किया है। उसके अनुसार सभी भावों को भाव कहना चाहिए विभाग एवं नामकरण हटा देना चाहिए और केवल रस ही से इन भावों की उत्पत्ति होती है। उसने भरत के इस मत का भी खण्डन किया है कि चार रसों का एक गिरोह दूसरे चार रसों की उत्पत्ति का कारण है और उसने समझाया कि किस तरह एक अलंकार रस को रूप दे सकता है और फिर वही रसों से सम्बद्ध भावों को अनुभूत करा सकता है।

क्षेमेन्द्र :—

भोज के बाद साहित्यिक आलोचना का एक दूसरा अध्याय प्रारम्भ होता है।

भोज के समय के बाद, एक दूसरी नयी साहित्यिक आलोचना के प्रस्थान में कविता के जीवन के समान औचित्य आगे रक्खा गया जो कविता के तत्वों (गुण, अलंकार, रस) से बना है। यह प्रस्थान क्षेमेन्द्र के साथ प्रारम्भ हुआ। उसने एक उद्देश्य से अपने विचार प्रदर्शित किये। वह औचित्य को सफल कविता निर्माण में जीवन के समान सोचता है। क्योंकि गुण, अलंकार, रस, यदि समुचित प्रयोग नहीं किये गये तो वे कविता को सुन्दर नहीं बना सकते। बल्कि वे अपनी एवं कविता की सुन्दरता को नष्ट कर डालते हैं। तो भी औचित्य की आवश्यकता सर्व प्रथम आनन्द वर्द्धन के द्वारा देखी गई और रस की उन्नति के लिए औचित्य को स्वीकार करना कवि के लिए आवश्यक किया गया था। परन्तु क्षेमेन्द्र ने उस विचार को बदल दिया और बतलाया कि रस की उपस्थिति औचित्य की सहायता करती है। और औचित्य पर जोर दियाँ। न कि सिर्फ रस के विषय में ही कहा बल्कि शब्द, वाक्य, क्रिया, विषय, लिंग, संख्या जो कविता में होते हैं उन सबका औचित्यानुसारी प्रयोग होना चाहिए ऐसा कहा। जैसे प्राण सारे शरीर को सुन्दर बनाता है और जीवन के अभाव में शरीर की सुन्दरता नष्ट हो जाती है। इसी प्रकार केवल औचित्य की उपस्थिति कविता के दूसरे तत्वों को सुन्दर बनाती है। क्षेमेन्द्र ने शांत को मिलाकर नो रस स्वीकार किये। और इस तरह वह ध्वनिकार का अनुगामी था।

प्रस्थानों का क्रम—

साहित्यिक आलोचना के भिन्न-भिन्न आठ प्रस्थान है, इन आठों प्रस्थानों का क्रमशः परिचय देने के पहिले यह बतलाना भी जरूरी है कि ये प्रस्थान कोई नवीन रूप से इन आचार्यों के द्वारा आविर्भूत नहीं है, किन्तु इनके प्राचीन रूप को प्रांजल एवं पल्लवन मात्र इन्होंने कर दिया है। दण्डी एवं वामन ने रीति को वैदर्भी गौडी एवं पांचाली के रूप में कहा है। कुन्तक ने सुकुमार, विचित्र एवं मध्यम मार्ग नाम से लिखा है और काव्य-प्रकाश कार ने उद्भट के अनुसार उप-नागरिका परुषा एवं कोमला वृत्ति के नाम से लिखा है। और भी एक बात है

कि यह जो रीति या मार्ग या वृत्ति नाम करण है वह गुणों को ही एक शब्द से सुभीते के लिए कहना है और कुछ नहीं है।

१—रस प्रस्थान (प्राचीन से भी प्राचीन है किन्तु पल्लवन, स्वरूप निर्धारण, एवं प्रांजल कर्ता भरत)।

२—अलंकार प्रस्थान—(प्राचीन किन्तु विकाशक भामह वगैरह)।

३—रीति या मार्ग या वृत्ति प्रस्थान—(दण्डी, वामन, कुन्तक, उद्भटानुयायी मम्मट,)।

४—ध्वनि प्रस्थान—(आनन्दवर्द्धन)।

५—ध्वनि ध्वंसक प्रस्थान—अर्थात् व्यंग व्यंजक भाव के विरोध में भाव्य-भावकभाव का स्वीकार करने वाला प्रस्थान—(प्रतिहारेन्दुराज, भट्टनायक धनंजय एवं धनिक)।

६—ध्वनि का अनुमान में अन्तर्भावक प्रस्थान (श्रीशंकुक एवं महिम आदि नैयायिक वर्ग)।

७—वक्रोक्ति प्रस्थान—(कुन्तक)।

८—औचित्य प्रस्थान—(आनन्दवर्द्धन एवं क्षेमेन्द्र)।

इनमें पांच रस, रीति, ध्वनि, वक्रोक्ति एवं औचित्य काव्य के आत्मा या प्राण या जीवित कहे जाते हैं। और जो शब्द एवं अर्थ, लोक एवं शास्त्र में सभी जगह कहे, सुने या समझे जाते हैं अथवा व्यवहृत होते हैं उनको "काव्य" यह नाम देने का या काव्य-काव्य यह कहने का आधार एक मात्र अलंकार है। जैसा कि कहा है "काव्यवृत्तेस्तदाश्रयात्"।

मम्मट ने इस मत को मानते हुए भी अनलंकृती शब्दार्थो काव्यं कैसे लिखा विचारणीय है।

नवीन प्रस्थान की सृष्टि—

आज तक की परम्परा में रस प्रस्थान का कोई भी विरोधी तो नहीं हुआ परन्तु प्राचीन काल में जो रस को प्रधानता दे रखी थी उसको न मान कर भामह वगैरह ने अलंकारों के अन्तर्गत उसको मान लिया (अलंकार भी रस की तरह अत्यन्त प्राचीन है) या दूसरों ने उसको अनुमेय कहकर स्वीकार किया। उसका अभाव किसी ने नहीं कहा। किन्तु ध्वनि को तो उड़ाने की पूरी चेष्टा की। रीति प्रस्थान, वक्रोक्ति प्रस्थान एवं औचित्य प्रस्थान का न कोई विरोधी हुआ न कोई अनुरोधी हुआ। अतः उसका विकास नहीं हुआ। अलंकार प्रस्थान के ऊपर ध्वनिकार एवं मम्मट ने जरूर थोड़ा सा कटाक्ष डाला।

ध्वनिकार ने अलंकारों के विन्यास को रसानुसारी करने की चेतावनी दी और विन्यास करने का मार्ग भी बतलाया। मम्मट ने अलंकार के बिना भी काव्य हो सकता है कहा जिसमें पहला क्षम्य है। दूसरा अक्षम्य है, क्योंकि काव्य व्यवहार ही अलंकार के ऊपर निर्भर है तब अनलंकृती ऐसा कहना ही असंगत है।

इन प्रस्थानों के सिद्धान्त भिन्न-भिन्न स्वतन्त्र विद्वानों द्वारा निश्चित किये गये, बाद में रस सिद्धान्त केवल धीरे-धीरे प्रसिद्ध हुआ। सर्वश्रेष्ठ आलोचक रस के बड़े वकील थे और शक्तियुक्त तर्क द्वारा उस रस सिद्धान्त की रक्षा की और उसे शानदार सहयोग दिया। साहित्यिक आलोचना के विज्ञान की उन्नति के साथ मौलिक कल्पना समाप्त हुई और कविता सम्बन्धी भाषा की विशेषताओं का अन्वेषण करना भी हमेशा के लिये बन्द हो गया। कविता पर बाद के जो कार्य मम्मट ने काव्य प्रकाश द्वारा प्रधान रूप से किये थे वह सब प्राचीन सिद्धान्तों का पद्धति रूप में संकलन था। जंगल जो था उसको सुहावने बगीचे का रूप दिया और पण्डितराज ने उसको परिष्कार करके ऐसा सजाया कि जो आज भी अपने रूप में सुस्थित है। काव्य प्रकाश एक प्रसिद्ध योग्यता का कार्य है और इस कार्य ने एक आदर्श उपस्थित किया।

हमने अपने "साहित्यमधुसूदन" नामक ग्रन्थ में एक नया प्रस्थान जो संख्या में नौवां होगा लिखा है। वह है उत्कर्ष। रस को आत्मा कहते हैं, परन्तु तब यह आत्मा है जब वह उत्कृष्ट है। वस्तुस्थिति तो यह है कि रस यह व्यवहार ही तब होगा जब वह औरों से उत्कृष्ट होगा अन्यथा रसवत् अलंकार कहलायेगा। रस नहीं कहलायेगा। यही हालत ध्वनि की भी है। अन्यथा गुणीभूत व्यंग हो जाता है।

वक्रोक्तिः काव्यजीवितम्, कहनेवालों का भी यही हाल है। जितने भी कहने के तरीके प्रसिद्ध हैं उनसे उत्कृष्ट तरीका ही वक्रोक्ति है और कुछ नहीं है। "रीतिरात्मा काव्यस्य", माननेवालों की भी यही दशा है। साधारणतः लोक एवं दूसरे शास्त्रों में जो रचना शैली है उससे उत्कृष्ट शैली को ही वैदर्भी, गौडी एवं पांचाली रीति या वृत्ति या मार्ग कहते हैं।

रस या ध्वनि के रहते हुए यहाँ शब्दालंकार है यहाँ अर्थालंकार है यह कथन भी नहीं बन सकता क्योंकि (प्राधान्येन व्यपदेशा भवन्ति) व्यवहार का हेतु प्रधानता ही है और वह प्रधानता रस एवं ध्वनि या किसी में भी है, उसका आधार उत्कर्ष ही है। रस एवं ध्वनि को ही बतलाया है कि वह प्रधान है। तब भी यहाँ शब्दालंकार है और यहाँ अर्थालंकार है ऐसा व्यवहार होता है। उसका क्या कारण है, कहना होगा, "उत्कर्ष"। वहाँ शब्द वा अर्थ के सौन्दर्य में ही उत्कर्ष है। अतः ऐसा व्यवहार होता है।

और भी कारण है। (आत्मनः कामाय सर्वं प्रियं भवति) भगवती श्रुति कहती है कि दुनियां में जो कोई भी वस्तु प्रिय है वह आत्मा के लिए होने से ही प्रिय है। परन्तु योद्धा लोग उस आत्मा का उत्सर्ग कर देते हैं। किस लिए? कहना होगा उत्कर्ष के लिये। विजय उत्कर्ष दोनों पर्याय है।

औचित्य का विचार भी उत्कर्ष के ऊपर निर्भर है। अब प्रश्न होता है कि सब ठीक है किन्तु उत्कर्ष तो एक धर्म हैं रस एवं ध्वनि की तरह धर्मी नहीं है।

उत्तर—गुण रीति अलंकार वक्रोक्ति एवं औचित्य कौन धर्मी हैं वे भी तो धर्म ही हैं। तस्मात् उत्कर्ष ही वस्तुतः प्रस्थान है सम्प्रदाय है अन्थ प्रस्थान उसके अनुयायी हैं। प्रकृतमनुसरामः।

रसों की संख्या के सम्बन्ध में विचार—

शास्त्रों में भगवान् परमात्मा शिवजी का पशुपति नाम है। उसका निरूपण करते समय बतलाया गया है कि जीव नामधारी मात्र पशु हैं भगवान् शिव उनके पति अर्थात् पालक हैं। जीव को पशु क्यों कहा। उत्तर में कहते हैं कि (पशुः पाशाष्टवेष्टितः) जो आठ पाशों से वेष्टित अर्थात् बंधा रहता है वह पशु है। घृणा (करुणा) जुगुप्सा, भय, शोक, रति (इच्छा) द्वेष, उत्साह एवं विस्मय ये आठ जीव के पाश हैं, इनसे आत्मा के बंधने पर जीव नाम होता है। ये जीव की वृत्तियाँ हैं। "जीवो ब्रह्मैव नापरः" "ममैवांशो जीवलोके जीवभूतः सनातनः।" जीव ब्रह्म ही है, उससे भिन्न जीव नहीं है। संसार में जिसका नाम जीव है वह मेरा ही अंश है। वह सनातन है इसके अनुसार ब्रह्म रूप जीव, आनन्द रूप है—जैसे चीनी ही वस्तुतः मीठी है वेशन वगैरह कतई बिलकुल मीठे नहीं हैं तथापि चीनी के सम्पर्क से वे भी मीठे हो जाते हैं। इसी तरह ये आठों वृत्तियाँ भी आनन्द रूप जीव से संयुक्त होने पर आनन्द रूप हो जाती हैं।

अतएव कहा जाता है (व्यक्ता रतिरेव रसः) अभिव्यक्त हुई रति ही रस है, किन्तु यह अभिव्यक्ति प्रकाश किससे होता है तब वह प्रकाशक चित् ही है। क्योंकि (रसो वै सः) इस श्रुति के अनुसार रस ब्रह्म है। जब ब्रह्म ही रस है आस्वादनीय है एवं वह रस आनन्द रूप है तब जड़ रति कैसे रस, आस्वाद रूप हो सकती है, कैसे आनन्दात्मिका हो सकती है। अतः कहना चाहिए इन आठ उपाधियों से अवच्छिन्न जीव ही रस है। जीव रसिक है यह व्यवहार "राहु का शिर" जैसा भेद बुद्धि से समझना चाहिए। अथवा चीनी के ही मीठे होते हुए भी वेशन के लड्डू को भी मीठा जैसे कहते हैं। उसी तरह जीव के आनन्द रूप होते हुए भी जीव से प्रकाशित रत्यादि भी रस, आस्वाद कहलाते हैं।

इस तरह आठ ही रस हैं। इन आठों का स्रोत उद्गम स्थल शान्त है। क्यों ? सुनिये।

रसों में क्रम—

"शान्तं शाश्वतमप्रमेयमनघम्" भगवान् परम शिव शान्त है, शाश्वत नित्य हैं, प्रमा के बाहर हैं, अनघ किष्कलंक हैं। शान्ताकारं भुजजशयनम् इत्यादि सभी जगहों में प्रभु परमात्मा को ही शान्त शब्द से कहा है। उसी को रस शब्द से भी कहा है। अतः शान्त रस का अर्थ है परम शिव और अपने ग्रन्थ का "रसगंगाधर" नाम रखने का भी पंडितराज का यही आशय है।

"ममैवांशो जीवलोके" इस गीतोक्ति के अनुसार (आठ पाशों से बँधा)

जीव परमात्मा का अंश है। अतः सिद्ध हुआ कि शान्त ही उसका उद्गम स्थल है। भरत ने इसी भाव को मध्ये नजर रखकर लिखा है कि—

न यत्र दुःखं न सुखं न द्वेषो नापि मत्सरः।
समः सर्वेषु भावेषु स शान्तः कथितो रसः॥
भावाः विकाराः रत्याद्याः शान्तस्तु प्रकृतिर्मतः।
विकारः प्रकृते र्जातः पुनस्तत्रैव लीयते॥
स्वं स्वं निमित्तमासाद्य शान्ताद्भावः प्रवर्त्तते।
पुनर्निमित्तापाये च शान्त एवोपलीयते॥
एवं नवरसा दृष्टा काव्यज्ञैर्लक्षणान्विता।

अर्थात् जहाँ न दुःख है न सुख है, न द्वेष (दुश्मनों का अपकार करने की इच्छा—) है और न मत्सर है। अर्थात् दूसरों की अच्छाई में बुराई निकालने की या देखने की भावना है। और जो सब भावों में समान है वह प्रसिद्ध शान्त रस है।

इसी कारिका को थोड़े शब्दान्तर से साहित्य दर्पण कार ने उद्धृत किया है।

न यत्र दुःखं न सुखं न चिन्ता न द्वेषरागौ न च काचिदिच्छा।
रसः स शान्तः कथितो मुनीन्द्रैः सर्वेषु भावेषु समप्रमाणः॥

यहां भी सब भावों में समान प्रमाण से रहने वाला ही लिखा है।

रत्यादि भाव, विकार हैं। शान्त इनकी प्रकृति है। विकार प्रकृति से पैदा होते हैं और फिर उसी में लीन हो जाते हैं। अपने-अपने कारण को प्राप्त करके शान्त से भाव पैदा होते हैं और कारण के विलीन होने पर स्वयं उसी में विलीन हो जाते हैं। इस तरह नौ रस नाट्याचार्यों ने देखे हैं।

पहले-पहल शान्त एवं आनन्द से सृष्टि होती है। अतः जीव अपने कारण आनन्द में मिलना चाहता है। स्त्री से पुत्र से धन से सभी से प्रेम करना बतलाता है कि मूलतत्व आनन्द है। प्रेम का नाम रति है। जब उस प्रेम में दूसरा भी सम्मिलित होता है तब हास होता है। जब दूसरा नहीं सम्मिलित होता है तब वह क्रोध करता है। क्रोध जब अधिक मात्रा में होता है तब वह उसको मार देता है तब दूसरा शोक मग्न होता है। अगर वह प्रतिद्वन्दिता करने लगे तो उसको पराभूत करने का उत्साह करता है। और उसको जीत लेता है।

मैंने अपने प्रतिद्वन्दी को जीत लिया इस तरह उसको विस्मय होता है। विजय करने के लिए दूसरे को दबाना पड़ता है। खून खच्चर भी होता है। अतः खून खच्चर वगैरह बीभत्स पदार्थों को देख कर उसकी भावना बीभत्स

हो जाती है। और दुर्बल पराजित व्यक्ति भयभीत हो जाता है उसको भय होता है।

इस तरह ये आठ भाव हैं और इन्हीं को लेकर आठ रस हैं। शान्त रस को लेकर नव रस हैं। अथर्ववेद से इनको लेने के भाव को हम अब बतलाते हैं।

रस के भेद एवं उपभेद का मूल—

तैत्तिरीय उपनिषद् में रस आत्म रूप है आनन्द रूप है, किन्तु रस आठ हैं या नौ हैं या कम हैं या अधिक हैं इस बात का निरूपण नहीं किया है, इसका मूल क्या है, अथ च रसाभासादि का क्या मूल हैं, इसका विवेचन करना अत्यावश्यक है। अतः सहृदयों के मनन के लिए विवेचन किया जाता है।

भरत मुनि ने नाट्य के प्रादुर्भाव का आधार वेद बतलाया है। उन्होंने लिखा है कि "रसानाथर्वणादपि" रसों को अथर्ववेद से लिया है। क्योंकि शान्तिक, पौष्टिक, मारण, मोहन एवं उच्चाटन कर्मों का निर्देश याने पद्धति का निरूपण अथर्ववेद में है। कर्म जितने भी हैं वे सब कामना के प्रतीक हैं। मनु ने लिखा है कि "यद्यद्धि कुरुते जन्तुस्तत्तत्कामस्य चेष्टितम्"। यही वासनाओं का सिद्धान्त सांसारिक विभिन्नताओं का मूल है। क्योंकि यह काम मन ही है। भगवती श्रुति ने प्रतिपादित किया है। "कामः संकल्पो विचिकित्सा श्रद्धा अश्रद्धा धृतिरधृतिर्धीर्ह्रीर्भीरित्येतत्सर्वं मन एव" काम संकल्प विचिकित्सा श्रद्धा अश्रद्धा धृति अधृति ह्री धी भी इत्यादि सब मन ही है अर्थात् मन के ही धर्म हैं, मन के ही परिणाम वृत्तियां हैं। फलतः रति, हास, शोक प्रभृति आठ स्थायिभाव, निर्वेद, ग्लानि आदि ३३ व्यभिचारिभाव, एवं स्तम्भ स्वेद वगैरह ८ सात्विक भाव ये सब ४९ भाव मनोमूलक हैं और इन्हीं निर्वेद तथा रत्यादि आठ के पुष्ट एवं व्यक्त स्वरूप शान्त शृंगारादि रस है। पूर्व कथित कर्मों में शान्तिक कर्म शान्तरस के अभिनय, पौष्टिक कर्म शृंगार एवं हास्य रस के अभिनय, मारण कर्म करुण एवं रौद्र रस के अभिनय, मोहन कर्म वीर एवं अद्भुत रस के अभिनय, उच्चाटन कर्म बीभत्स एवं भयानक रस के अभिनय से साम्य रखता है।

सर्व विध विपत्तियों के शमन के लिए त्यागने के लिए ही शान्तिक कर्म किया जाता है। सर्व विषयों को बन्धन स्वरूप समझ कर तुच्छत्व बुद्धि या हेयत्व के ज्ञान से त्यागना ही निर्वेद है और यह निर्वेद ही शान्त रस है। विवाह एवं पुत्र जननादि मंगल के समय किये जाने वाले कर्मों का नाम पौष्टिक है। शृंगार एवं हास्य भी मंगल के समय ही अच्छे मालूम पड़ते हैं। जब प्राणों के ऊपर आपड़ती है और कोई भी मार्ग बचने का नहीं रहता है तभी घोर संकट के समय दुःखमयी स्थिति में मारण प्रयोग किया जाता है। करुण एवं रौद्र का भी यही हाल है। नायक की बड़ी ही नाजुक हालत का अतीव दयनीय दशा का ही, दुःख बहुल भाव का ही वर्णन या अभिनय इन रसों में

किया जाता है। आकर्षण करने के लिए ही या अपने वश में करने के लिए ही मोहन कर्म का अनुष्ठान किया जाता है। वीरता भी युद्ध में, दान में, दया में, सबको वश में करने के लिए अर्थात् युद्धादि द्वारा सर्वातिशायी होने के लिए ही की जाती है और अद्भुत तो आकर्षण का सर्वाधिक साधन है। अवांछनीय तत्व को दूर भगाने के लिए उच्चाटन किया जाता है। बीभत्स एवं भयानक का स्वरूप ही अवांछनीय है दूर हटाने लायक है।

इन उपरि निर्दिष्ट ४९ भावों का ही क्या संसार का मूल तत्व आनन्द है। इसी की प्राप्ति के लिये कर्म किये जाते हैं। इसी के सम्बन्ध से सुख दुःख मोह स्वभावा त्रिगुणात्मिका सृष्टि भी आनन्दमयी प्रतीत होती है। महाकवि कालिदास ने ठीक ही कहा है।

त्रैगुण्योद्भवमत्र लोकचरितं नानारसं वर्तते।

सत्व रज एवं तम तीन गुणों से पैदा होने वाला यह लोक चरित नाना रस वाला है। लोकचरित का ही तो वर्णन एवं अभिनय कवि निबद्ध करता है। अतः कवि की श्रव्य, पाठ्य एवं दृश्य रूप काव्य सृष्टि भी माधुर्य ओज प्रसाद त्रिगुणात्मिका है और उनके द्वारा रसात्मिका है।

रसों की संख्या और क्रम में कारण—

१—नाट्य के प्रवर्त्तक भरत मुनि ने अपने नाट्य शास्त्र ग्रन्थ में एवं उसकी व्याख्या अभिनव भारती में (जिसके लेखक साहित्य के प्रधान स्तम्भ अभिनव-गुप्तपादाचार्य हैं) दोनों में स्पष्ट सिद्धान्त रूप से प्रतिपादन किया है कि मूलभूत रस शान्त है। और भिन्न-भिन्न हेतुओं के आश्रयण से उस शांत से नाना भावों का उद्गम होता है। जैसा कि उनका लेख है।

शान्ताद्भावाः प्रवर्त्तन्ते भिन्नहेतु समाश्रयात्।
भावो विकारो रत्यादिः शान्तस्तु प्रकृतिर्मतः॥
पुनर्निमित्तापाये तु तत्रैव परिलीयते।

२—साहित्य दर्पण कार ने नारायणाचार्य के मत का उल्लेख किया है—

रसे सारश्चमत्कारः सर्वत्राप्यनुभूयते।
तच्चमत्कारसारत्वे सर्वत्राप्यद्भुतो रसः।
तस्मादद्भुतमेवाह कृती नारायणो रसम्॥

कि रस में सार भूत वस्तु है चमत्कार। यह सभी जगह अनुभव में आता है। अतः जब चमत्कार ही सार है तब सभी जगह अद्भुत रस है, ऐसा मानना चाहिए। फलतः मूल में रस अद्भुत ही है। अन्य रसों में उसकी ही भावना है जिससे उनमें भी चमत्कार का अनुभव होता है।

३—भवभूति ने "एको रसः करुण एव निमित्त भेदाद्भिन्नः" करुण ही एक रस माना है अन्य रसों के लिए कहते हैं कि निमित्त के भेद से वह करुण ही भिन्न-भिन्न रुप में है। इस तरह से अन्य रसों को मानते हुए मूल में करुण रस को ही माना है।

४—महाराजा भोज ने लिखा है कि हम तो शृंगार को ही रस कहते हैं क्योंकि रस का मुख्य हेतु रसन व्यापार आस्वादन प्रक्रिया है, वह व्यापार शृंगार ही में है। अतः शृंगार ही एक रस है। शृंगारमेव रसनाद्रसमामनामः। ऐसा कहकर भी अन्य रसों का प्रतिपादन किया है। फलतः अन्य रसों में रस शब्द का प्रयोग अप्रधान है।

भक्त आचार्यों में मधुसूदन सरस्वती ने भक्तिरस एवं साहित्य दर्पण कार ने वत्सल रस, रूप गोस्वामी, जीवगोस्वामी प्रभृति आचार्यों ने मधुर रस तथा नवीनों ने लौल्य, कार्पण्य, स्नेह आदि रसों को लिखा है। इस तरह रसों की संख्या में ह्रास एवं वृद्धि ग्रन्थों में दिखाई पड़ती है। परन्तु सिद्धान्ततः वे रस नहीं हैं। रस की परिधि में आने की योग्यता उनमें नहीं है। वे भाव ही हैं।

यहाँ का भाव यह है कि चिद्विषयता विशिष्ट स्थायी भाव रस है या स्थाय्यवच्छिन्न चित् रस है ये दो मत हैं। यहाँ पर चित एक है, किन्तु उपाधि के नानात्व से नानात्व उसमें होता है अतः जितनी उपाधियाँ होंगी उतने ही रस मानना औचित्य प्राप्त है। वे उपाधियाँ हैं स्थायी भाव, यह तो स्पष्ट ही है। अब विचार यह करना है कि वे उपाधियाँ स्थायी भाव कितने हैं। उपाधि शब्द का अर्थ है, जो उप मानें समीप स्थित वस्तु में अपने धर्म का आधान करे आरोप करे उस स्वधर्मारोपक को उपाधि कहते हैं। आचार्य ने ऊनंचास भावों का निरूपण किया है। उनमें ८ आठ रत्यादिकों को स्थायीभाव नाम से कहा है। इसकी व्याख्या में अभिनव गुप्त एवं महिम भट्ट ने लिखा कि सभी ४९ भाव व्यभिचारी हैं। किन्तु जिनमें स्थायी होने की योग्यता है वे ही स्थायी होते हैं। अतः प्रतिनियतरूप की अपेक्षा से ही इनको स्थायी या व्यभिचारी एवं सात्विक कहा जाता है।

यहाँ का भाव यह है कि खाया पिया हुआ पदार्थ आँख कान नाक वगैरह अवयवों को पोषक या अपोषक तत्वों का प्रदान कर सम्पूर्ण शरीर को लाभ या हानि पहुँचाता है, यह सिद्धान्त है, किन्तु ज्वरनाशक औषध वगैरह खाया पिया हुआ भी केवल ज्वर वगैरह को ही शमन करता है और कुछ कार्य नहीं करता। अतः उन औषधों को प्रतिनियत कार्यकारी कहा है, उसी तरह इन भावों को भी प्रतिनियत रूप कहा है। सारांश चिन्ता, ग्लानि प्रभृति मन के प्रतिकूल पदार्थों से उत्पन्न हो जाती है और अनुकूल पदार्थों से हट जाती हैं। अतः इनके रूप व्यभिचारिता में प्रतिनियत होने से ये व्यभिचारी कहलाते हैं। और रत्यादि भावों का रूप स्थिरता में प्रतिनियत है। अर्थात् ये ही भाव हैं,

जिनके कारण ब्रह्म जीव संज्ञा को प्राप्त करता है। मुक्त होने के पहले संसार में कोई भी जीव इन उपाधियों से रहित होकर नहीं रह सकता है। (इस विषय में विशेष व्याख्या आगे करेंगे) इसीलिए इन रत्यादि भावों को स्थायी कहा गया है और जो इनको रसान्तर में व्यभिचारी भाव कहा गया है, वह शास्त्रीय नियमों का स्वरूप प्रदर्शन है कि पुष्ट नहीं होने पर केवल अनुद्बुद्धावस्था में ये भाव व्यभिचारी होते हैं। अतः इनकी दो स्थिति है।

ये रस लौकिक और अलौकिक होते हैं—

रसतरंगिणी एवं साहित्यसार में इन उपरि निर्दिष्ट रसों के विषय में लिखा है कि ये रस लौकिक और अलौकिक हैं। पहिले से वासना रूप में विनिविष्ट स्थायिभाव के संस्कार का उद्बोध लौकिक सन्निकर्ष से होने पर लौकिक रस और अलौकिक सन्निकर्ष से होने पर अलौकिक रस यह व्यवहार है। लौकिक संनिकर्ष, विषयों, के साथ छ प्रकार का सम्बन्ध जैसा कि नैयायिकों द्वारा बतलाया जाता है, उस संन्निकर्ष से जनित रस लौकिक है। और अलौकिक सन्निकर्ष से पैदा होने वाला रस अलौकिक है। वह अलौकिक रस तीन प्रकार का है। स्वाप्न, मानोरथ और औपनायिक। इसके लिए अलौकिक सन्निकर्ष ज्ञान है। वह इस जन्म में साक्षात् अनुभूत। तथा इस जन्म में अननुभूत किन्तु स्वप्न में दृश्यमान पदार्थों में भी प्राक्तन संस्कार द्वारा ज्ञान ही संनिकर्ष है प्रत्यासत्ति है। पाठ्य महाकाव्यों में पदादि से चमत्कार होता है। नाट्य में अभिनय से चमत्कार होता है अन्य गीतगोविन्दादि में गीत से चमत्कार होता है। अतः औपनायक है। यहां उपनायक उपस्थापक महाकाव्य में वे पदार्थ बुद्धिस्थत्वेन और उपनायक उपदर्शक नाट्य में निकटवर्ती नट में अपने को अभिन्नत्वेन भावना करने से रस प्राप्त होता है अतः उनको औपनायक कहा जाता है। स्वप्न जगत् के पदार्थों से मिलने वाले सुख को स्वाप्न रस कहा है और मानोरथ में मनोराज्य में ही प्राप्त सुख को मानोरथ रस कहा है चित्र फोटो में यह रस है। इस तरह तीन प्रकार मानने में उपपत्ति देते हैं कि शास्त्रों में सुख को वैषयिक, पारमार्थिक एवं शास्त्रीय पदार्थज्ञानजनित त्रिविध कहा है। क्योंकि रस के बिना सुख कैसा।

रसों की संख्या नौ है। अधिक भी नहीं और कम भी नहीं है। इसका कारण बतलाया जा चुका है। इनमें भी पहले श्रृंगार पीछे हास्य वगैरह है इसका भी कारण बतला दिया है। क्योंकि शास्त्रकारों का लेख कोई भी निर्मूल नहीं होता और न व्यर्थ ही होता है। नामूलं लिख्यते किंचिन्नानपेक्षित-मुच्यते। और यह भी सिद्धान्त है कि रसों का मूल शान्त रस है।

दोषहान या दोष त्याग—

शास्त्रों में धर्म, अर्थ, काम, एवं मोक्ष ये चार पुरुष के चाहने की वस्तुएं हैं। इनमें मोक्ष परम पुरुषार्थ है अर्थात् मुख्य है। इसका स्वरूप है दुःखों

का अत्यन्त अभाव। क्योंकि मोक्ष होने पर ही जीव स्वस्वरूप ब्रह्म का साक्षात्कार करता है फलतः दुःखों का समूलोन्मूलन किये बिना प्राप्य लक्ष्यभूत आनन्द को प्राणी प्राप्त नहीं कर सकता है। यद्यपि सृष्टि का मूल तत्व आनन्द है। अतः कार्य मात्र का स्वरूप आनन्द होना उचित है किन्तु दुःख स्वरूप होना सम्भव नहीं है तथापि वह आनन्द रूप ब्रह्म स्वयं सृष्टि नहीं करता है, किन्तु माया के द्वारा वह सर्जन बनता है। माया सुख दुःख मोह जनक सत्व रज एवं तम रूप तीन गुणों की साम्या अवस्था का नाम है। अतः कारणभूत माया के स्वभाव के अनुकूल सृष्टि भी सुख दुःख मोह स्वभाव वाली है। अथवा नित्य परमात्मा से उत्पन्न होने वाली सृष्टि जैसे अनित्य है, वैसे ही आनन्द रूप से भी दुःखमयी सृष्टि हो सकती है। जैसे दूध से खट्टा दधि। दूध तो प्रकृत्या मधुर ही होता है। (यथा प्रकृत्या मधुरं गवां पयः) फिर दधि खट्टा क्यों। अतः सृष्टि का दुःख बहुल होना भी प्राप्त है और उसका विनाश करना भी स्वाभाविक है। इसलिए प्रकृत में प्राप्य लक्ष्य के प्रतिकूल तत्वों का हान किये बिना (और अनुकूल तत्वों के आधान किये बिना) लक्ष्य को प्राप्त करना असम्भव है।

"अविभिद्य निशाकृतं तमः प्रभया नांशुमताप्युदीयते"

जैसा कि देखा जाता है रात्रि के अन्धकार को अपनी प्रभा के द्वारा जब तक सूर्य दूर नहीं करेगा तब तक उसका उदय नहीं होता है।

इन दुःखो को हटाने का उपाय है दुःखजनक कारणों दोषों को हटाना। फलतः प्राप्य रस के विरोधी या उसको विकृत करने वाले या रस की प्रतीति में विलम्ब कर देने वाले या उसको हनन करने वाले अर्थात् उसकी अनुभूति न होने देने वाले या उसको दबा देने वाले दोषों का त्याग सुतरां अपेक्षित है।

दोष का स्वरूप—

दोष उसे कहते हैं "जो आनन्दरूप रस भंग का कारण हो" रस भंग का अर्थ है रस के विरोधी अर्थात् सभ्यों के उद्वेजकतत्वों का होना (उद्वेगजनको दोषः सभ्यानाम्, अग्नि पुराण) या रस की प्रतीति में बिलम्ब होना, या रस का हनन अर्थात् रस की अनुभूति न होने देना या उस अनुभूति में विकृति अर्थात् अर्थ ज्ञान न होने से अस्पष्टता होना, या उस अनुभूति को दबा देना अर्थात् प्रकृत को छोड़ कर अप्रकृत अंश की तरफ झुकाव हो जाना। इन सबका कारण है रस के अभिव्यंजको में अनौचित्य। दोषों का रस के साथ सम्वन्ध होने से ही उनमें नित्यानित्य की व्यवस्था होती है। वह अनौचित्य शास्त्रों के नियमों एवं लोकप्रसिद्धि का उल्लंघन करने से होता है। तथा देश काल पात्र एवं अवस्था को अपने स्वरूप के अनुरूप न होने तथा प्रतिरूप होने से होता है।

क्योंकि दोष शब्द का वाच्य अर्थ है दूषयतीति दोषः अर्थात् जो किसी वस्तु की उपादेयता या आकर्षकता रमणीयता को ठेस पहुंचावे, यह दोष है जगत

में सर्वत्र आनन्द ही उपादेय है और आनन्द प्राप्ति के उपाय होने से, आनन्द-जनक सामग्री भी उपादेय है। किसी न किसी कार्य में उपयुक्त होने से सभी वस्तुयें सामान्यतः उपादेय होती हैं तथापि आकर्षक नहीं हुई प्रत्युत दुष्ट हो गई तो वह उपादेय नहीं हो सकतीं। वस्तु के आकर्षक न होने एवं वस्तु के दुष्ट होने का कारण दोष है, जिसका नाम है अनौचित्य।

अनौचित्याद्दते नान्यद्रसभंगस्य कारणम्।
औचित्योपनिबन्धस्तु रसस्योपनिषत्परा ॥

अनौचित्य के सिवाय रसभंग का और कोई कारण नहीं है। औचित्य का उपनिबन्धन रसोपलब्धि का परम रहस्य है। औचित्यनिबन्धन का ही फल है कि वस्तुतः दोष है किन्तु औचित्य से गुण हो जाता है। कहीं पर दोष होता हुआ भी औचित्य से दोष रूप को छोड़ देता है, किन्तु गुण नहीं होता। कहीं पर वह स्पष्ट दोष है, किन्तु औचित्य का निर्वाहक होने से आवश्यक होकर अत्याज्य हो जाता है। किसी दूसरे की उक्ति का भाव का अनुवाद करने के समय अनुकरण स्थल में कोई भी दोष, दोष रूप नहीं होता है। ऐसी भी स्थिति है, जिसमें न दोष है और न गुण ही है। क्योंकि अनौचित्य से सभ्यों को उद्वेग होता है। अगर किसी वस्तु से उद्वेग नहीं हुआ तो दोष नहीं हुआ। उत्कर्षक नहीं होने से गुण भी नहीं हुआ।

दोषों का भेद उपभेद—

दोष दो प्रकार के होते हैं। एक अन्तरंग दूसरे बहिरंग। अन्तरंग दोष वे हैं, जो रस को साक्षात् हनन करें या अपकृष्ट करें। यह दोष एक प्रकार का है। बहिरंग दोष बहुत प्रकार के हैं। जैसे रस के अभिव्यंजक अर्थ में रहने वाले दोष बहुत प्रकार के हैं। जैसे रस के अभिव्यंजक अर्थ में रहने वाले दोष। उस अर्थ के प्रतिपादक पद, पदैकदेश समास स्थल में पद, समासेतर स्थल में वर्ण, रचना प्रकृति, प्रत्यय, आगम, आदेश में रहने वाले दोष। और वाक्य में रहने वाले दोष। खण्ड वाक्य में, समास में, महाकाव्य में एवं प्रबन्ध में रहने वाले दोष।

"गुणादान"—

जैसे प्राप्य या लक्ष्य के विरोधी तत्व अथवा प्रतिकूल परिस्थिति के हटाये बिना लक्ष्य या प्राप्य का प्राप्त होना असम्भव है वैसे ही अनुकूल तत्व अथवा परिस्थितियों के आधान या उपादान किये बिना लक्ष्य का प्राप्त करना भी कठिन है, वे अनुकूल तत्व गुण हैं। अतः गुणों का आदान करना परमावश्यक है।

गुणों का स्वरूप—

गुण धातु से घञ् करने पर (गुणयति उत्कृष्टो भवति अनेन) इस अर्थ में गुण बनता है। जिससे उत्कृष्ट हो जाय बढ़ जाय वह गुण है। जैसे

किसी भी संख्या को अगर बढ़ाना हो तो उसको गुणा कर दीजिए वह बढ़ जायगी, जिस तरह संख्या को बढ़ाने के लिए गुणन का आश्रय लिया जाता है। ऐसे ही द्रव्य को या व्यक्ति को भी बढ़ाने के लिए उत्कृष्ट करने के लिए गुणों का आश्रय लिया जाता है। जिसका गुणगान करते हैं वह अपने गौरव करने का अनुभव करता है। प्रकृत में काव्य में रचना के द्वारा रस को उत्कृष्ट करने वाले धर्म विशेष को गुण कहते हैं। लोकव्यवहार में भी गुण की ही पूजा है। गुणाः पूजास्थानम्, गुणैर्हि सर्वत्र पदं निधीयते। गुणों के द्वारा ही कोई भी सर्वत्र अपनी स्थिति बना सकता है। गुणश्चात्र काव्ये सहृदय हृदयावर्जको धर्मविशेषः (रुद्रट की टीका)। वह धर्म गुण कहलाने के योग्य है, जो आत्मा को उत्कृष्ट करे, सहृदय के हृदय को आवर्जित करे। अर्थात् आकृष्ट करे उस धर्म को काव्य में गुण कहते हैं। पाणिनि के धातुपाठ में गुण आमन्त्रणे लिखा है। जो श्रेष्ठता की तरफ आमन्त्रित करे बुलाये अर्थात् उच्चत्व का श्रेष्ठता का आधान करे वह गुण है।

गुणों को सब ने माना है—

सभी शास्त्रों में गुणों को माना है। किन्तु गुण पद का अर्थ भिन्न-भिन्न किया है। सांख्य ने सत्व, रज एवं तम को जो कि द्रव्य है, गुण शब्द से कहा है। मीमांसा में गुण अप्रधान को कहा है। नैयायिकों ने द्रव्यधर्म को गुण कहा है। व्याकरण में अकार एवं एङ् प्रत्याहार को गुण कहा है। लोक में मानव की श्रेष्ठता को बतलाने वाले धर्मों को गुण कहा है। रस के उत्कर्षकों को गुण नाम से काव्यशास्त्र में कहा है।

गुण समीक्षा—

साहित्य शास्त्र के प्रथम मान्य आचार्य भरत ने नाट्यशास्त्र में दोषों का निरूपण किया और लिखा कि "एते दोषास्तु विज्ञेयाः" ये दोष हैं, ऐसा समझना चाहिए। फिर उसके बाद की कारिका में लिखते हैं कि "एत एव विपर्यस्ता गुणाः काव्येषु कीर्तिताः" ये दोष ही विपर्यस्त हुए काव्य में गुण कहे जाते हैं। अर्थात् दोषों के विपर्यय ही गुण कहलाते हैं।

नाट्यशास्त्र में जैसे दोषों के विपर्यस्त गुण कहे हैं। ठीक उसके विपरीत उसी तरह वामनाचार्य ने अपने काव्यालंकार सूत्र में "गुणविपर्ययात्मानो दोषाः" कहा है कि गुणों के विपर्यय स्वरूप दोष होते हैं। अर्थात् गुणों से विपरीत दोष हैं।

अब यह शंका होती है कि इन आचार्यों ने जो गुण एवं दोष को एक दूसरे से विपरीत स्वभाव वाला बतलाया है तब उसका क्या "दोषाभाव रूप गुण है" या "गुणाभाव रूप दोष है" यह अर्थ है अथवा और कुछ। अर्थात् विपर्यस्त एवं विपर्यय पद का अर्थ अभाव रूप है या भाव रूप है इन शब्दों के अर्थों को जानने

के लिए इन्हीं आचार्यों की उपासना करनी चाहिए। इनमें सर्व प्रथम मान्य आचार्य वैयाकरण है। उसके बाद साहित्यशास्त्र के आचार्य। अतः पहले व्याकरण से विपर्यस्त एवं विपर्यय शब्दों के अर्थ की गवेषणा करते हैं।

विपर्यस्त—

यहाँ इस शब्द में वि परि उपसंसृष्ट अस् धातु है। इसके अर्थ हैं गति, कान्ति और आदान। इससे क्त प्रत्यय हुआ है। वि परि उपसर्गों का अर्थ है वर्जन निग्रह। इस तरह दोष विपर्यस्त का अर्थ हुआ कि दोषों के कार्य का वर्जन या निग्रह करके चलने वाले गुण हैं। अन्यथात्व इसका पर्याय है।

विपर्यय—

यहां वि परि उपसृष्ट अय् धातु है। इससे कर्म अच् करने पर विपर्यय बनता है। अतः गुण विपर्यय का अर्थ हुआ गुणों के कार्य का वर्जन या निग्रह करके चलने वाले दोष हैं। निग्रह या वर्जन वि परि उपसर्गों के अर्थ हैं। यह शब्द स्तोम महानिधि वगैरह कोषों से ज्ञात है। इस तरह विपर्यस्त व विपर्यय के अर्थ व्याकरण के नियम के अनुसार यही है कि दोषों का जो कार्य है, अपकर्ष करना, उसका विपर्यय उत्कर्ष करना गुणों में हैं। इसी तरह गुणों का जो कार्य उत्कर्ष करना है उसका विपर्यास अपकर्ष करना दोषों में हैं। यह कार्यगत भेद तो है ही इसके सिवाय स्वरूप, संख्या एवं उन दोनों की मान्यता में भी भेद हैं।

विपर्यस्त या विपर्यय पदों का अर्थ अभाव नहीं है। यह सिद्ध हुआ। जैसे सुख का अभाव दुःख, दुःख का अभाव सुख, धर्म का अभाव अधर्म, अधर्म का अभाव धर्म नहीं है, किन्तु इनकी अपने आप में स्वतन्त्र सत्ता है। वैसे ही दोषाभाव रूप गुण या गुणाभाव रूप दोष नहीं है, किन्तु दोष अपने रूप में और गुण अपने रूप में स्वतन्त्र हैं पृथक् हैं।

न च वाच्यं गुणो दोषाभाव एव भविष्यति।
गुणाः श्लेषादयो, दोषा गूढार्थाद्याः पृथक् कृताः॥

गुण श्लेषादि हैं, दोष गूढार्थादि हैं ये दोनों पृथक्-पृथक् हैं। यह कभी नहीं कहना चाहिए कि दोषाभाव ही गुण हैं। यहां का भाव यह है कि जैसे श्रुति कटुत्वादि शृंगार, एवं शान्त करुण रस में दोष है किन्तु वीर, वीभत्स एवं रौद्र में वही गुण है। इसी तरह पद, वाक्य, अर्थ में रहने वाले दोष भी गुण हो जाते हैं जैसा कि कहा है—वक्त्राद्यौचित्यवशाद् दोषोऽपि गुणः। वक्ता, श्रोता, वाच्याद्यर्थ, प्रबन्धादिगत औचित्य से दोष भी गुण हो जाता है, किन्तु वह गुण, यहां गुण पद से गृहीत नहीं है। और गौ से दूध निकालते समय थनों

को दबाने से गौ के केश भी दुग्ध में गिर जाते हैं या वेग से वायु के चलने से कुछ तृणादि भी दूध में गिर सकते हैं। इन सबको निकाल देने के लिए दूध को वस्त्र से छान देते हैं। इस तरह केशादि दुष्ट पदार्थों का अभाव शुद्धि भी जैसे गुण होता है वैसे ही च्युतसंस्कृतत्वादि दोषों का अभाव भी गुण होता है, किन्तु वह भी यहां गुण पद से ग्राह्य नहीं है यह गुण शब्द लाक्षणिक है। वास्तविक नहीं है। लक्षणों के द्वारा, वस्तु का स्वरूप स्पष्ट प्रतीत हो जाता है। अतः आचार्यों के लक्षणों का विचार करते हैं।

भरत भामह दण्डी कुन्तक वगैरह ने गुणों एवं दोषों की संख्या एवं नामों का तो निर्देश किया (कुन्तक ने दोषों की संख्या एवं नामों का निर्देश नहीं किया किन्तु गुणों का किया है) है किन्तु उनके सामान्य लक्षण का निर्देश नहीं किया। वामन ने जो गुणों का लक्षण किया है "काव्यशोभायाः कर्त्तारो धर्मा गुणाः" वह अग्निपुराण एवं दण्डी के अलंकार लक्षण "काव्यशोभाकरान् धर्मानलंकारान् प्रचक्षते" से टकरा जाता है। क्योंकि गुण भी काव्य की शोभा करने वाले धर्म और अलंकार भी काव्य की शोभा करने वाले धर्म हुए तब किसको गुण कहा जाय और किसको अलंकार कहा जाय, अथच दो नामों की क्या आवश्यकता है। अतः फिर समस्या जटिल हो गई। उद्भटाचार्य एवं आनन्दवर्द्धन इस विषय में बिलकुल मौन हैं। अग्निपुराण में गुण और अलंकार का सामान्य लक्षण लिखा है। उसके बाद मम्मट विश्वनाथ प्रभृति ने उनका स्वरूप निर्धारित किया। यह स्वरूप निर्धारण साहित्य शास्त्र के महान् प्रतिष्ठापक मान्य आचार्य आनन्दवर्द्धन और अभिनव गुप्त के संकेतों के अनुसार होने पर ही ग्राह्य कोटि में आता है, अन्यथा नहीं। इसका निरूपण आगे हम करेंगे।

अग्निपुराण में दोष एवं गुण का लक्षण—

"उद्वेगजनको दोषः सभ्यानाम्"। जिससे सभ्य उद्विग्न विचलित हो जाय वह सभ्यों के उद्वेग का जनक दोष कहलाता है और "यः काव्ये महतीं छायामनुगृह्णाति असौ गुणः" जिससे काव्य में महती छाया हो जाय वह गुण है। यहां छाया का अर्थ शोभा लेते हैं तो वामन से मेल हुआ किन्तु दण्डी से मेल नहीं हुआ। और भी बात है अलंकार तथा गुण का भेदक बीज इनके मत में भी नहीं प्राप्त हुआ। क्योंकि इनके मत में भी अलंकारों से शोभा ही होती है। जैसा कि अग्निपुराण ३४२ अध्याय में अलंकार लक्षण लिखा है "काव्य शोभाकरान् धर्मानलंकारान् प्रचक्षते"। काव्य की शोभा करने वाले धर्मों को अलंकार कहते हैं।

इस ऊपर निर्दिष्ट आचार्यों के लेख से यह तो सिद्ध हुआ कि गुण काव्य के धर्म हैं, किन्तु इसके साथ साथ एक जटिल समस्या यह आगई कि अलंकार भी वही शोभारूप कार्य करते हैं, जो गुण करते हैं और वे भी गुण की तरह धर्म ही हैं, तब गुण एवं अलंकारों के बीच में भेद न होकर एकता आ जाती है। इसी समस्या को हल करने के लिए आचार्य मम्मट ने प्रयत्न किया।

आचार्य मम्मट का प्रयत्न—

आचार्य मम्मट ने गुण एवं अलंकार दोनों का सामान्य लक्षण लिखा और उसका उदाहरण द्वारा समन्वय करके स्थिर किया कि यही गुण एवं अलंकार का प्रविभाग अर्थात् भेद है और लौकिक एवं अन्यशास्त्रीय गुणालंकार की तरह समवाय एवं संयोग सम्बन्ध से काव्य में इनकी स्थिति नहीं है। किन्तु आश्रयाश्रयिभाव सम्बन्ध से इनकी स्थिति है। उनका लक्षण है—

ये रसस्यांगिनो धर्माः शौर्यादय इवात्मनः।
उत्कर्ष हेतवस्तेस्युरचलस्थितयो गुणाः॥

शरीर में आत्मा की तरह प्रधानतया काव्य में स्थित अंगी रस के उत्कर्षक धर्म गुण है, जो कि अचल स्थिति हैं अर्थात् रस के बिना रहते नहीं और अगर रहते हैं तो रस का अवश्य उत्कर्ष करते हैं। यह लक्षण भी अंगीभूत रस के उत्कर्षक गुण हैं यहाँ तक तो ठीक है किन्तु रस के धर्म हैं? तथा अचलस्थिति हैं। ये दो अंश लक्षण के विचारणीय हैं।

विचारणीय अंश—

"सर्व वाक्यं सावधारणं भवति" सभी वाक्य अपने अर्थ को निश्चय करने वाले होते हैं। इस न्याय के अनुसार माधुर्यादि गुण रस के ही धर्म हैं अन्य के नहीं। तब जहाँ वस्तु ध्वनि एवं अलंकार ध्वनि रहेगी गुण वहाँ नहीं रहेंगे। किन्तु उचित तो यह है कि रस, वस्तु, अलंकार इन तीनों व्यंग्यों में गुणों को रहना चाहिए। आप के लक्षण के अनुसार नहीं रह सकते। परन्तु जहाँ वस्तु व्यंग्य है, वहाँ भी गुण रहते हैं। जैसे—

अधाक्षीन्नो लंकामयमयमुदन्वन्तमतर
द्विशल्यां सौमित्रेरयमुपनिनायोषधिवनात्
इति स्मारं स्मारं त्वदरिवलभीचित्र लिखितं
हनूमन्तं दन्तैर्दशति कुपितो राक्षसगणः।

इसने लंका को जलाया था, इसीने समुद्र को पार किया था। यही औषधि बन से सौमित्रि के लिये विशल्या औषधि को लाया था इस प्रकार याद कर-कर के कुपित हुआ राक्षस समुदाय हे राजन! आप के वैरियों के घरों की वलभी के चित्रों में लिखित हनुमान् जी को दांतों से काटता है।

"हे राजन्? आपके शत्रु आपके भय से अपने घरों को छोड़कर भाग गये।" शून्य घरों में ही राक्षसों का निवास हो सकता है और तभी यह कुपित राक्षसवृत्तान्त संगत होता है। यहाँ माधुर्य एवं प्रसाद गुण हैं। कुपित शब्द से कोप वाच्य है। अतः रस नहीं है। अगर कहें कि रस शब्द से भावों को

भी ग्रहण करते हैं और यहाँ राजा के विषय में कवि के हृदय में रति रूप भाव है। तब यह उदाहरण है।

स्वच्छन्दोच्छलदच्छ कच्छ कुहरच्छातेतराम्बुच्छटा
मूर्छन्मोहमहर्षिहर्षविहितस्नानाह्निकाह्वाय वः । इत्यादि

इस पद्य में गंगा के विषय में कवि के हृदय में रति (भाव ध्वनि) है। यहाँ ओज गुण हैं, जो कि कविगत गंगा विषयक भाव के प्रति विरुद्ध है। क्योंकि

दीप्त्यात्मविस्तृतेर्हेतुरोजो वीररसस्थितिः ।
बीभत्सरौद्ररसयोस्तस्याधिक्यं क्रमेण तु ॥

इस नियम के अनुसार ओज गुण की स्थिति वीर बीभत्स एवं रौद्र रस में ही हो सकती है, अन्यत्र नहीं।

यदि कहें कि यह पद्य अवर (अधम) काव्य का उदाहरण है। इसमें व्यंग्य शब्द चमत्कार में लीन है अतः रहते हुए गुण का अनुसन्धान नहीं किया जाता तब तो और बन गई। क्योंकि गुणों को जो अचलस्थिति कहा गया था, वह अंश व्यर्थ हो गया। और भी देखिये—

तरुण्या लिंगितः कण्ठे नितम्बस्थलमाश्रितः ।
गुरूणां सन्निधानेऽपि कः कूजति मुहुर्मुहुः ॥

यहाँ घट रूप वस्तु व्यक्त है। कोई भी रस नहीं है, किन्तु माधुर्य गुण है तथा प्रसाद गुण है। अतः रस के धर्म गुण हैं यह कहना असंगत है। और अचल स्थिति कहना तो और भी विरुद्ध है। ध्वन्यालोककार ने स्पष्ट लिखा है और कुन्तक ने उसकी विशद व्याख्या की है।

सोर्थस्तद्व्यक्तिसामर्थ्ययोगी शब्दश्च कश्चन ।
वाच्योऽर्थः, वाचकः शब्दः प्रसिद्धरिति यद्यपि ।
तथापि काव्य मार्गेऽस्मिन् परमार्थोयमेतयोः ।
शब्दो विवक्षितार्थैक वाचकोऽन्येषु सत्स्वपि ।
अर्थः सहृदयाह्लादकारिस्वस्पन्द सुन्दरः ॥

वाच्य अर्थ है वाचक शब्द है। यह यद्यपि प्रसिद्ध है किन्तु काव्यमार्ग में यह इनका परम अर्थ है कि उस अर्थ को कहने वाले हजारों शब्दों के रहते हुए भी प्रकृतोपयोगी विवक्षित अर्थ को कहने वाला वह एक ही शब्द है और सहृदयों को आह्लादित करने वाले अपने स्वभाव से सुन्दर ही अर्थ है। इसीलिये ध्वनिकार ने लिखा है कि वही कोई अर्थ है और उस अर्थ की व्यक्ति करने की सामर्थ्य रखने वाला कोई ही शब्द है।

व्यंग्य व्यंजकाभ्यामेव सुप्रयुक्ताभ्यां महाकवित्वलाभो महाकवीनां न तु वाच्यवाचकरचनामात्रेण। (आलोक)

यो महाकविरित्यहं भूयासमाशास्ते। (लोचन)

जो यह चाहता है कि मैं महाकवि होऊँ उस को महाकवि पद प्राप्त करने का हेतु है कि व्यंग्य और व्यंजक का ही सुन्दर प्रकार से प्रयोग करना। इसी लिए कहा भी है। "काव्यं तु जायते जातु कस्यचित्प्रतिभावतः। काव्य तो किसी प्रतिभाशाली से कभी बन पाता है। अतः व्यंग्य में दोषों के द्वारा अपकर्ष निरस्त करने के लिए दोषों की, उत्कर्ष करने के लिए गुणों की तथा शोभा सम्पादन के लिए अलंकारों की स्थिति शब्द और अर्थ में माननी नितान्त आवश्यक है। उचित भी है। व्रीहीन् प्रोक्षति, या व्रीहीन् अवहन्ति" इन श्रुतियों से विहित प्रोक्षण या अवघात धानों का ही हो सकता है आत्मा का नहीं, किन्तु प्रोक्षण या अवघातजनित संस्कार अदृष्ट पुण्य विशेष आत्मा में ही होगा। संस्कारः पुंस एवेष्टः। लोक में कहते हैं देवदत्त काना है चैत्र अन्धा है मैत्र लंगड़ा है। यहाँ देवदत्त चैत्र मैत्र का अर्थ है शरीर विशिष्ट आत्मा। वह आत्मा काना, अन्धा एवं लंगड़ा नहीं है, प्रत्युत आँख में काणत्व है आँखों में अन्धत्व है। पैरों में पंगुत्व है, और देवदत्त चैत्र और मैत्र आँख या पैर नहीं है, तब भी ऐसा प्रयोग क्यों है। उत्तर। आँख कानी है या आँखें अन्धी हैं या पैर लंगड़ा है यह कहना बनता ही नहीं। इसीलिए देवदत्त काना है कहा जाता है। वह बात गुण में नहीं है। रस मधुर हैं रस में माधुर्य है। शब्द मधुर है। शब्द में माधुर्य है अर्थ में माधुर्य है दोनों तरह का प्रयोग होता है। कहने का आशय है कि जिस वस्तु का जो आश्रय होता है उसीसे उसका सम्बन्ध होगा। अतः काव्य करने के लिए प्रवृत्तिमान् कवि के लिए व्यंग्य को लक्ष्य करके उद्देश्य बनाकर शब्द एवं अर्थ को ही दोष रहित, गुण युक्त एवं अलंकृत करना चाहिए। हाँ उसका फल अनपकर्षणीय, उत्कर्षणीय, एवं अलंकरणीय व्यंग्य में ही होगा। अतः गुणों का निरूपण प्राचीनों की तरह शब्द एवं अर्थ में ही करना चाहिए। और भी बात है। आपने (सगुणौ शब्दार्थौ काव्यम्) गुण विशिष्ट या गुणाभिव्यंजक शब्दार्थ काव्य है। यह काव्य लक्षण लिखा है। इसमें भी वही आपत्ति है, जो आपत्ति आपने वामन के मत में उठायी है। जैसे समस्त गुणों को अभिव्यक्त करने वाले शब्दार्थों को काव्य कहेंगे तो "अनंगरंग प्रतिमं तदंगम्, इसमें केवल माधुर्य "मूर्ध्नामुद्वृत्तकृत्ताविरल" इसमें केवल ओज गुण के होने से काव्य व्यवहार नहीं होगा। अगर कहेंगे कि एक या दो गुण के अभिव्यंजक शब्दार्थौं को काव्य कहेंगे तब "स्वर्ग प्राप्तिरनेनैव देहेन वरवर्णिनी" इसमें आप ही के लेख के अनुसार "अत्र विशेषोक्ति व्यतिरेकौ गुणनिरपेक्षौ काव्य व्यवहारस्य प्रवर्त्तकौ" यहाँ कोई भी गुण नहीं है। केवल विशेषोक्ति एवं व्यतिरेक अलंकार ही काव्य व्यवहार के प्रयोजक है। अतः प्राचीनोक्ति ही ठीक हैं क्योंकि—

यश्चोभयोः समो दोषः परिहारस्तयोः समः
नैकः पर्यनुयोज्यः स्यात् तादृगर्थविचारणे ।

और भी हेतु है–शब्द और अर्थ में गुणों के मानने का। रसों के आस्वादन के लिए मुख्य कारण है विभाव अनुभाव एवं व्यभिचारियों की प्रतीति। ये विभावादि भी रसास्वाद के प्रति कारण तभी बन सकते हैं जब वे चमत्कारी रूप से सुनाई पड़ने वाले शब्दों से समर्पित किये जायं, और स्वयं भी ये अर्थरूप विभावादि चमत्कारी रूप से उपस्थित हुए हों। अन्यथा रूप से अर्थात् विकृत रूप से सुनाई पड़ने वाले शब्दों से उपस्थापित किये गये और स्वयं भी विकृतरूप से उपस्थित हुए हों तो कथमपि रस की प्रतीति नहीं करा सकते। इन शब्दों के चमत्कारी रूप से सुनाई पड़ने में तथा अर्थों के चमत्कारी रूपसे उपस्थित होने में कारण दोषाभाव, गुण एवं अलंकार ही हैं। अतः दोष एवं अलंकारों को तरह गुणों को भी शब्दनिष्ठ और अर्थनिष्ठ मानना उचित है। लक्षणा करने की बिलकुल आवश्यकता नहीं है।

गुणों की संख्या में मतभेद—

गुणों की संख्या के विषय में भिन्न-भिन्न शास्त्रों में भिन्न-भिन्न मत हैं। सांख्य में तीन गुण होते हैं। नैयायिकों ने २४ गुण माने हैं। लोक में अनन्त गुण हैं। काव्यशास्त्र के आचार्यों ने अपने-अपने ग्रन्थों में बड़ा मतभेद दिखाया है

नाट्यशास्त्र में भरत मुनि ने १० गुणों का उल्लेख किया है। अग्निपुराण में अग्निदेव ने गुणों की संख्या का अलग क्रम दिया है वे कहते हैं कि ७ शब्द के गुण है, ६ अर्थ के पुनः ६ शब्दार्थोभय के हैं। शब्दार्थोभय के सम्मिलित गुणों का निर्देश एवं व्याख्या अग्निपुराण में पहिले-पहिल मिलती है। इस तरह इनके मत में १९ गुण हैं। दण्डी ने १० गुणों का निर्देश किया है, किन्तु भरत की अपेक्षा स्वरूप एवं व्याख्या में विभिन्नता है। वामन ने १० गुण बतलाये हैं। भामह, आनन्दवर्द्धन, मम्मट, विश्वनाथ, जगन्नाथ प्रभृति ने माधुर्य ओज एवं प्रसाद तीन गुण माने हैं। किन्तु भोज ने २४ गुण माने हैं। श्लेष १ प्रसाद २ समत्व ३ माधुर्य ४ सौकुमार्य ५ अर्थव्यक्ति ६ कान्ति ७ उदारता ८ उदात्तत्व ९ ओज १० और्जित्य ११ अभीष्टत्व १२ सुशब्दत्व १३ समाधि १४ सौक्ष्म्य १५ गाम्भीर्य १६ विकास १७ सम्वृति १८ सम्मितत्व १९ भाविकत्व २० गति २१ रीति २२ उक्ति २३ प्रौढि २४ ये नाम उनके हैं। चन्द्रालोककार जयदेव ने ८ गुण माने हैं। दोनों वाग्भटों ने भी १० माने हैं। कुन्तक ने औचित्य एवं सौभाग्य दो गुण सर्वसाधारण माने हैं। माधुर्य, प्रसाद, लावण्य एवं आभिजात्य ये चार गुण विशेष माने हैं। इन को आगे के प्रकरण में समझायेंगे। सरस्वती तीर्थ ने लिखा है "कि राजा भोजो गुणानाह विंशतिश्च-तुरश्च यान्। वामनो दश तान् वाग्मी भट्टस्त्रीनेव भामहः॥

राजा भोज ने जिन २४ गुणों का निरूपण किया है, वामन ने उन्हीं को १० गुण कहा है। और भामह भट्ट उन्हीं गुणों की संख्या ३ कहते हैं।

विद्यानाथ ने प्रतापरुद्रयशोभूषण में चौबीस २४ गुण भोज की तरह माने हैं। हेमचन्द्र जैन के काव्यानुशासन में ३ तीन माने हैं। रुद्रट ने अपने काव्यालंकार में गुणों का निर्देश किया है परन्तु स्पष्ट रूप से नहीं किया है। उसके टीकाकार नमिसाधु ने जरूर लिखा है। उन्होंने लिखा है कि "रचना चारुत्वे शब्दगुणः सन्निवेशचारुत्वम्"।

रचना की चारुता से शब्दों के विन्यास में सुन्दरता का नाम शब्द गुण है। यह नवीं कारिका है। इसके पहिले की ८ वीं कारिका की व्याख्या में "वाक्यं प्रयुंजीत" इस वाक्य को लेकर दोषाभाव गुण हैं। प्रसाद एवं गम्भीर्य का निर्देश किया है। गोस्वामी कर्णपूर ने अलंकार कौस्तुभ में तीन गुण माने हैं। इस तरह दश गुण मानने वालों की संख्या एवं ३ गुण मानने वालों की संख्या करीब-करीब बराबर ही है।

रीतियों की संख्या एवं स्वरूप में मतभेद—

गुणों की संख्या में जैसे आचार्यों का मतभेद है, उसीप्र कार रीतियों की संख्या एवं स्वरूप में भी मतभेद हैं। अग्निपुराण में वैदर्भी पांचाली गौडोया (गौडी) लाटीया (लाटी) ये रीतियाँ कहीं हैं। भामह ने गौडीय और वैदर्भ दो वर्त्म बतलाये हैं। दण्डी ने कवियों को काव्य के निर्माण के लिए अनेक मार्गों की तरफ संकेत करके भी दो ही वैदर्भ एवं गौडीय मार्गों का निर्देश किया है। वामन ने वैदर्भी गौडी एवं पांचाली तीन रीतियाँ बतलाई हैं। रुद्रट एवं जयदेव ने ४ रीतियाँ कहीं हैं। वाग्भट्ट तीन रीतियाँ मानते हैं। लाटी को छोड़ देते हैं। महाराज भोज ने वैदर्भी, गौडीया, पांचाली, लाटी, आवन्ती एवं मागधी ६ रीतियों का निरूपण किया। इन्होंने संभवतः भरत की दो प्रवृत्तियों को मिला लिया है।

कुन्तक ने इन्हीं को सुकुमार विचित्र एवं मध्यम मार्ग नाम से पुकारा है। अन्य आचार्यों के माने हुए ३।८।१०।२४ गुणों के स्थान में माधुर्य, प्रसाद, लावण्य, एवं आभिजात्य ४ गुण प्रत्येक मार्ग में माने हैं और इनसे भी सन्तुष्ट न होकर औचित्य और सौभाग्य नामक २ गुणों का तीनों मार्गों के लिए सामान्यतः निर्देश किया है। इन्हीं रीतियों या मार्गों के स्थान में उद्भट एवं मम्मट ने उपनागरिका परुषा एवं कोमला नाम की वृत्तियों का उल्लेख किया है। ग्राम्या वृत्ति को कोमला भी कहते हैं। ऐसा उद्भट का मत है।

इस तरह आचार्यों ने रीति, वर्त्म, मार्ग एवं वृत्ति नामों से एक ही वस्तु का निरूपण किया है। जैसा कि महाराज भोज ने दिखाया है।

वैदर्भादिकृतः पन्थाः काव्ये मार्ग इति स्मृतः।
रीङ् गताविति धातोः सा व्युत्पत्या रीतिरुच्यते॥

रियन्ते परम्परया गच्छन्त्यनयेति करण-साधनोऽयं रीति शब्दो मार्ग पर्यायः ।

विदर्भादिदेशों के निवासी आचार्यों द्वारा काव्य की रचना के लिए जो पथ बतलाया गया है वह मार्ग माना गया है और उसी को रीङ्गतौ धातु से निष्पन्न होने से रीति कहते हैं ।

यह रीति या मार्ग तो अवश्य यावत्काव्यों की रचना के लिए उपयुक्त होता भी है किन्तु अनुप्रासालंकारमात्र के उपयोगी उपनागरिका परुषा एवं कोमला नाम की वृत्तियों का निरूपण करके लिखना "केषांचिदेता वैदर्भीप्रमुखा रीतयो मताः" कि यही वृत्तियाँ किन्हीं के मत में वैदर्भी प्रमुख रीतियाँ हैं। यह कुछ असंगत सा मालूम पड़ता है। स्वयं काव्यप्रकाशकार ने अर्थगत कष्टत्व दोष का उदाहरण देते हुए लिखा है कि—

सदा मध्ये यासामियममृतनिष्यन्द सुरसा
सरस्वत्युद्दामा वहति बहुमार्गा परिमलम्
प्रसादं ता एता घनपरिचिताः केन महतां
महाकाव्यव्योम्नि स्फुरितमधुरा यान्तु रुचयः ॥

अत्र यासां कविरुचीनां मध्ये सुकुमारविचित्रमध्यमात्मकत्रिमार्गा भारती चमत्कारं वहति ता गम्भीर काव्यपरिचिताः कथमितरकाव्यवत् प्रसन्ना भवन्तु ।

जिन कविरुचियों के मध्य में सुकुमार विचित्र एवं मध्यम नामक तीन मार्गों वाली भारती चमत्कार को धारण करती है। इति

यहाँ मूल श्लोक में बहुमार्गा लिखा है। उसी की व्याख्या सुकुमारादि तीन मार्ग किया है।

यहाँ असंगति यह है कि ये उपर्युक्त तीन मार्ग काव्य मात्र के निर्माण में उपयोगी होते हैं। और मम्मट की उपर्युक्त वृत्तियां केवल वृत्यनुप्रास के उपयोगी होती हैं, जो केवल वृत्यनुप्रास के निर्माण में उपयुक्त हो सकती है। वे अन्यत्र कैसे उपयुक्त हो सकती हैं। और भी हेतु है कि मम्मट ने लिखा है कि यही तीन वृत्तियाँ किसी के मत में तीन रीतियाँ हैं तो बहुमार्गा पद की व्याख्या में तीन वृत्तियाँ अपनी मानी हुई लिख देते क्यों सुकुमारादि मार्गों का निर्देश किया ? जब कि इनके मत में दोनों एक हैं। अतः इस लेख से प्रतीत होता है कि स्वयं भी हृदय से दोनों को भिन्न मानते हैं। किन्तु प्रवाह में ऐसा लिख गये।

और भी हेतु है कि आपने अनुप्रास में नियत वर्णों की समानता से रस को व्यक्त करने वाले व्यापार को वृत्ति कहा है। वृत्तिर्नियतवर्णगतो रसविषयो व्यापारः क्योंकि "वर्णसाम्यमनुप्रासः" वर्णों की समानता का नाम अनुप्रास है। फलतः जहाँ पद साम्य हो वहाँ पर दूसरी वृत्तियाँ चाहिए और जहाँ वर्णों

में तथा पदों में साम्य न हो वहाँ तीसरी, क्योंकि असमान वर्ण एवं पद वगैरह के द्वारा भी काव्य का निर्माण होता है। वहाँ वृत्यनुप्रास न होकर यमक अथवा लाटानुप्रास श्लेषादि अलंकार होंगे। तथा अर्थों के निरूपण करने के लिए चौथी वृत्ति माननी पड़ेगी। अतः आप के द्वारा मानी हुई वृत्तियाँ भिन्न वस्तु है और वैदर्भी प्रभृति रीतियाँ या सुकुमारादि मार्ग भिन्न है।

और भी कारण है कि मम्मट ने जिसके लिए तीन वृत्तियाँ बतलाई हैं, उसी कार्य के लिए अग्निपुराण एवं रुद्रट आदि प्राचीनों ने तथा अर्वाचीन जयदेव ने मधुरा, परुषा, प्रौढ़ा, ललिता, एवं भद्रा ५ वृत्तियाँ मानी हैं। रुद्रट काव्यालंकार के व्याख्याता नमि साधु ने अपनी टीका में लिखा है कि हरि ने इन पाँचों वृत्तियों के स्थान में ८ वृत्तियाँ मानी हैं। मधुरं परुषं कोमल मोजस्सि निठ्ठुरं च ललियं च। गंभीरं सामण्णं च अद्धमणिति उनायच्चा इन हेतुओं से मम्मट की वृत्तियों को रीति या मार्ग के स्थान में मानना कुछ क्या नितान्त असंगत है।

आनन्दवर्द्धनाचार्य ने ध्वन्यालोक में रस को व्यक्त करने के लिए संघटना का निर्देश किया। और संघटना और गुणों के परस्पर में आश्रयाश्रयिभाव के विषय में विचार किया। अभिनवगुप्ताचार्य ने लोचन में पद संघटना एवं वाक्यसंघटना दो प्रकार की मानी है। संघटितपदसमुदाय वाक्य है और संघटित वाक्य समुदाय प्रबन्ध है।

राजशेखर ने काव्यमीमांसा में वैदर्भी गौडीया एवं पाँचाली तीन रीतियाँ लिखी हैं। उसी ने कर्पूरमंजरी के मंगलाचरण में वच्छोमी, मागधी एवं पांचाली लिखी है। फिर बालरामायण में उसी ने मैथिली रीति का उल्लेख किया है और उस रीति के तीन गुण योगपरम्परा १ समास का ईषत्प्रयोग २ अर्थातिशय होने पर जगन्मर्यादा का अनतिक्रमण ३। रुद्रट ने जैसे—

वैदर्भी पांचाल्यां प्रेयसि करुणे भयानकाद्भुतयोः।
लाटीयागौडीये रौद्रे कुर्यात् यथौचित्यम्॥

श्रृंगार, करुण, भयानक अद्भुत में वैदर्भी तथा पांचाली रीति है। और रौद्र तथा वीर में लाटीया तथा गौडीया रीति होनी चाहिए। शेष हास्य, बीभत्स एवं शान्त तीन रसों में औचित्यानुसार करना चाहिए। उसी तरह सिंहदेव गणि ने भी लाटी=हास्य, पांचाली=करुण और भयानक, मागधी=शान्त, गौडी=वीर और रौद्र, वच्छोमी=वीभत्स और अद्भुत, वैदर्भी को=श्रृंगार रस के लिए उपयुक्त बतलायी है। वच्छोमी का बत्सगुल्मी संस्कृत है। महाराज भोज ने अवन्तिका जिसका नाम दिया उसीका इसने वच्छोमी दिया है।

राजशेखर के बाद श्रीपाद पण्डित ने भी मैथिली और मागधी का निर्देश किया है। शिंगभूपाल ने कोमला कठिना एवं मिश्रा के नाम से तीन रीतियों का निर्देश किया है।

विश्वनाथ, विद्यानाथ, विद्याधर, कर्णपूर गोस्वामी अलंकार कौस्तुभ निर्माता एवं पण्डितराज जगन्नाथ सभी ने रीतियों का उल्लेख किया है। अग्नि-पुराण से आज तक की आचार्य परम्पराओं में सभी ने रीतियों को माना है। इनकी संख्या में भेद है और स्वरूप में भी भेद है। ध्वन्यालोककार तथा कुन्तक ने दूसरे रूप में इनका उल्लेख किया है। रीति नाम नहीं दिया है। इस तरह रीतियों के प्रकार एवं मान्यता का निरूपण सुस्पष्ट हुआ। अब इन सबका विवेचन "रीतिराद्धान्त" में दिखावेंगे। जिसमें रीतियों के मानने की आवश्यकता, रीति सिद्धान्त का अन्य सिद्धान्तों से सम्बन्ध एवं रीति सिद्धान्त की कसौटी का निरूपण करेंगे।

गुणों के विषय में विवेचनापुरःसर अपना मत—

"न च किंचिद् गुणहीनं, दोषैः परिवर्जितं न वा किंचित्" कुछ भी वस्तु गुणों से हीन नहीं है और न कोई दोषों से वर्जित है। जब यह सर्वमान्य सिद्धान्त है, तब यह कहना कि अमुक में गुण है, यह बनता नहीं प्रत्युत असंगत है। फलतः माधुर्य ओज एवं प्रसाद गुण रस में ही है, शब्द में एवं अर्थ में वे नहीं हैं। अथ च रस आत्मा है, आत्मा निर्गुण है। अतः उसमें गुण नहीं है और रस की उपाधि रत्यादि स्थायि भाव—जो कि मैं इसका हूँ, यह मेरी है या यह मेरा है, मैं इसकी हूँ "ऐसी इच्छा या ज्ञान स्वरूप है—में भी गुण नहीं रहते हैं, क्योंकि" नैयायिक लोग गुण में गुण नहीं मानते हैं। (गुणे गुणानंगीकारात्) ये दोनों सिद्धान्त अविचारित रमणीय है।

इन दोनों ही सिद्धान्तों में प्राचीन आचार्यों के साथ स्पष्ट विरोध है। यदि कहा जाय कि (युक्तियुक्तमुपादेयम्) युक्ति कसौटी से निखर आवे उसको ग्रहण करना चाहिए तब युक्ति, तर्क, संगति एवं व्यवहार सबसे विरोध है।

युक्ति विरोध—

रस को आत्मा आप मानते हैं। यदि नैयायिक के मत का अनुसरण करके रस को आत्मा कहते हैं तब भी ठीक नहीं है। नैयायिक आत्मा को द्रव्य मानते हैं। द्रव्य का लक्षण है स्वरूप है। जो गुण का आश्रय हो वह द्रव्य है। इस तरह माधुर्यादि गुण रस में हो सकते हैं। परन्तु नैयायिक के यहाँ माधुर्य गुण नहीं है किन्तु मधुर गुण है। गुणों के निरूपण में नैयायिक लिखता है (पृथिव्यां षड् विधः जले तु मधुर एव) पृथिवी में मधुर, अम्ल, कटु, कषाय, तिक्त लवण ये छः ही गुण हैं किन्तु जल में मधुर ही है। अगर जल में माधुर्य रस गुण होता तो "जले माधुर्यम्" कहते। और ओज एवं प्रसाद तो नैयायिक परि-गणित गुण ही नहीं है। उनके मत में इच्छा द्वेष सुख दुःखादि गुण आत्मा में माने हैं। रस को नैयायिकाभिमत आत्मा के रूप में नहीं मान सकते हैं क्योंकि रस की जहाँ व्याख्या है वहाँ प्रपाणक रस न्यायेन चर्व्यमाण होने से रसादि स्थायी भावों को रस कहा है। जैसे मधुरादि गुण युक्त पदार्थों के सम्मेलन से

बनाए हुए प्रपाणक माने पेय को पीते हैं तब आस्वाद लेते हैं। अर्थात् उस पेय में मधुर अम्ल लवण गुणों का अनुभव करते हैं। और हर्ष को प्राप्त करते हैं।

उसी तरह काव्य में भी भावों अनुभावों से आनन्दांश से सम्बलित स्थायी भाव का आस्वादन करते हैं। और नाट्य में भावों एवं अभिनयों से सम्बलित स्थायी का आनन्दांश के साथ आस्वादन करते हैं। इस आनन्द सहित आस्वादन रूप अनुभूति के कारण रत्यादि को रस कहा है।

यहाँ का भाव यह है कि सहृदय श्रोता एवं पाठक सामाजिक काव्य के श्रवण एवं पठन या नाट्यदर्शन के बाद अनिर्वचनीय अन्तःकरण धर्म विभावअनुभाव, सात्विक एवं व्यभिचारी भावों के सम्बन्ध से अपने अन्तःकरण में वासना रूप में सूक्ष्म रूप में स्थित एवं साक्षिचैतन्य से सम्बद्धित होने वाली रति की चर्वणा अर्थात् आस्वादन करता है। आस्वादन के समय आनन्दांश में आवरण भंग होने पर चैतन्य आनन्द स्वरूप आत्मा भी भासित होता है। जैसे शुष्क तथा नितान्त माधुर्य रहित वेशन के बुन्दियों का चीनी की चासनी से सम्पर्क करके आस्वादन करते हैं और आनन्द को प्राप्त करते हैं उसी तरह जड़ भूत रति को आनन्दरूप आत्मा के सम्पर्क से आनन्दमयी प्रतीत होती है। यहाँ अखण्ड आत्मा में आनन्दत्व एवं ज्ञानत्व ये धर्म कल्पित हैं। इस कल्पित आनन्दत्वांश में आवरण होता है। इस आवरण भंग का बीज निमित्त कारण काव्य स्वरूप शब्दार्थों भय ज्ञान नाट्यप्रेक्षण, संगीत श्रवण एवं चित्र दर्शन तथा विभावादि सम्बन्ध है। प्रसंग से अब विभाव अनुभाव एवं व्यभिचारी का स्वरूप शास्त्र और युक्ति के आधार पर लिखते हैं।

स्थायी भाव ही रस क्यों—

हृदय संवादोपयोगी वासना रूप चित्तवृत्ति का उद्बोधन विभाव के द्वारा सहृदय को होता है। और उस में तन्मयी भाव सहृदय का हो जाता है। यह तन्मयी भवन रूप अनुभवन ही सिद्ध करता है कि ये स्थायी भाव ही रस होते हैं। अन्य भाव उसके अधीन होते हैं। जैसे लोक में देखा जाता है कि हाथ पैर, आँख, कान वगैरह सभी के होते हैं और समान ही होते हैं किन्तु इनका उपयोग करना जो जाने वही बुद्धिमान कहलाता है। "आँख कान मुख नासिका सब ही के इक ठौर, कहबो सुनिबो देखबो चतुरन को कुछ और।" जो उपयोग करना नहीं जानते वे उनके दास बने रहते हैं।

उसी तरह वासनास्वरूप में स्थित भावों में तन्मय हुए सहृदय के हृदय में रहने वाले तथा अन्य भावों से अबाध्य एवं अन्य भावों को अपने में मिलाने में समर्थ होने से जो स्थिर भाव हैं वे ही स्थायी भाव रस बनते हैं अन्य उनके उपकरण हैं।

विभाव

लोक में जो रत्यादि स्थायी भावों के उद्बोधक हैं कारण हैं अर्थात् वासना रूपतया सहृदय के हृदय में सूक्ष्म रूप से अवस्थित रत्यादि भाव जिससे

आस्वाद के योग्य हो जाए वह विभाव है। जैसे राम सीतादि, ये ही काव्य नाट्य संगीत एवं चित्रों से समर्पित हुए विभाव हैं। इसके दो स्वरूप हैं एक आलम्बन दूसरा उद्दीपन। आलम्बन विभाव वह है जिनके सहारे से रत्यादि भाव उद्बुद्ध होते हैं। उद्दीपन वे हैं जो रत्यादि भावों को उद्दीपित उत्तेजित करते हैं।

अनुभाव—

लोक में जो रत्यादि के कार्य हैं मुख प्रसाद प्रभृति, वे ही जब काव्यादि से समर्पित होते हैं तब अनुभाव कहलाते हैं। क्योंकि अनुभाव वह है जो भावों के स्थिति की सूचना दे। किसी को देख कर कोई हँस पड़े तो मालूम होगा कि इनका प्रेम है। किसी को देख कर किसी का शिर दर्द करने लगे तो समझना होगा कि इनका द्वेष है।

रस रूपता को प्राप्त हो रहे स्थायिभाव के कार्य अनुभाव हैं जैसा कि इस कारिका से स्पष्ट है :—

रसतां गच्छति स्थायी यत्कार्यमुपलक्ष्यते।
अनुभावः स विज्ञेयः भाव-संस्थान-सूचकः॥

व्यभिचारीभाव या संचारिभाव—

व्यभिचारी या संचारी ये दो नाम भावों हैं। इन भावों के नाम सार्थक हैं। लोक में जो अवान्तर कारणों से पैदा होने वाली रत्यादि भावों की अवस्थाएँ जो कि बीच बीच में आती हुई भी स्थिर नहीं रह सकती जैसे जल में तरंग। वे ही जब काव्यादि में अपने अपने विभाव एवं अनुभावों के द्वारा व्यक्त की जाती हैं तब व्यभिचारी कहलाती हैं।

इनसे रस सिद्धि का प्रकार यह है कि शब्दार्थोभय रूप रघुवंशादि महाकाव्यों में भाव विभाव एवं अनुभावों के वर्णनात्मक बहुत वाक्य रहते हैं उनसे रस सिद्धि होती है।

दृश्य नाट्य में वाक्य अल्प रहते हैं किन्तु अभिनयों से ही रस सिद्धि होती है। संगीत में राग रागनियों से होती है और चित्रों में वही कार्य रेखाओं से होता है।

वासना—

पूर्वोक्त वासना या भावना या संस्कार एक ही वस्तु है। वह वासना दो प्रकार की है। पहली कवि, नट, चित्रकार एवं गायक में रहती है। दूसरी सामाजिक में रहती है। कवि वर्णन करता है, नट अभिनय करता है, गायक

गाता है, चित्रकार रेखाएँ बनाता है। सहृदय सामाजिक उसका आस्वादन करता है। पहली वासना द्वितीय वासना की कारण है। इन दोनों के रहने पर ही रस की अनुभूति होती है।

काव्य में विभावादिकों की तरह बाह्यसत्ता की अपेक्षा नहीं है। केवल शब्द, अभिनय, रागादि एवं रेखाओं से उनके सद्भाव की अपेक्षा है। उसके अनन्तर भावों में साधारणीकरण सहृदय की सहृदयतावश उन्मिषित भावना—व्यापार से स्वतः हो जाता है।

रस के विषय में नाट्य शास्त्रकार ने यह लिखा है :—

यथा बहुद्रव्ययुतैः व्यंजनै र्बहुभिर्युतम्
आस्वादयन्ति भुंजाना भुक्तं भुक्तिविदोजनाः
भावाभिनयसंयुक्तान् स्थायिभावांस्ततो बुधाः
आस्वादयन्ति मनसा तस्मान्नाट्यरसाः स्मृताः । इति ।

इस सिद्धान्त के अनुसार कारण मधुरादिरसयुक्तपदार्थ जिनसे प्रपाणक बना उनमें भी मधुरादि गुण हैं और उनसे बने कार्य प्रपाणक में भी मधुरादि गुण हैं। उसी प्रकार आस्वाद हेतु शब्दार्थ रूप काव्य में ही गुण हैं। इसीलिए भरतादि आचार्यों ने काव्यगुणाः काव्यगुणाः यही कहा है। कारण के गुण ही कार्य में आते हैं। यदि कारण में गुण नहीं मानेंगे तो कार्य में गुण कहाँ से आएँगे। इनके द्वारा आस्वाद्य आनन्दांश सहित स्थायिभाव रूप रस में भी गुण मान सकते हैं।

तर्क विरोध—

"वाग्वैदग्ध्यप्रधानेऽपि रस एवात्र जीवितम्।" वाणी के विलास के प्रधान होने पर भी आनन्द ही लक्ष्य है। आनन्द की निर्विघ्नता से प्राप्ति हो अतएव विघ्नों को दोषों को हटाने के फलस्वरूप ही दोषाभाव को काव्य में स्थान दिया उसी तरह आनन्द की प्राप्ति में सहायक होने से गुणालंकारों को काव्य में निरूपण किया। उनमें दोषाभाव को बतलाने के उद्देश्य से शब्द एवं अर्थगत दोषों का निरूपण किया और इसी तरह शब्द एवं अर्थगत अलंकारों का निरूपण किया। तब गुणों ने ही क्या अपराध किया कि उनको शब्द एवं अर्थ में निरूपण न किया जाए।

आचार्यों ने रस के अनुभव कर्ताओं में, प्रबन्ध में, रस के अभिनेताओं तक में पृथक् पृथक् गुण माने हैं तब रस के अभिव्यंजक शब्द एवं अर्थ में गुण क्यों नहीं होंगे ?

सुकवित्व के स्थापक एवं निर्णायक प्रबन्धव्यापी गुण ये हैं—लालित्य, युक्तियुक्तत्व, विषयगत वैविध्य, विषयगत अस्खलितप्रवाहत्व, शब्द एवं अर्थ

निष्ठ औचित्य। अभिनेता, अभिनय, अभिनेतव्य, पाठक, पाठ्य एवं पठनीय सबके गुण दोष अलंकारों का निरूपण नाट्यशास्त्र में किया गया है। तस्मात् शब्द एवं अर्थ में गुणों को न कह कर केवल रस में मानना तर्क विरोध है, तथा संगति भी नहीं होती है।

संगति विरोध—

जैसे जीवात्मा के विभु व्यापक होते हुए कर्म एवं सुखादि भोग के लिए कर्म साधन भोगायतन इन्द्रियादि संघातात्मक शरीर की आवश्यकता है। अन्यथा "न कर्म लिप्यते नरे" इस श्रुति के अनुसार उस जीव का कर्मों के साथ सम्बन्ध नहीं होने से भोग भी नहीं हो सकेगा। फलतः जीव के विषय में कुछ भी विचार होगा वह तथाकथित शरीर के द्वारा ही हो सकता है।

उसी तरह प्राप्य आत्मा रस की प्राप्ति का साधन एवं उसके विषय में विचार का आश्रय लोकोत्तर वर्णना निपुण कवि का रसानुगुण ललित शब्द रचनात्मक एवं उचित अर्थ वर्णनात्मक कर्मरूप काव्य है।

जैसे ईश्वर सर्वव्यापी सर्वशक्ति सम्पन्न होते हुए हिरण्याक्ष एवं हिरण्य कशिपु प्रभृति असुर दैत्य दानव व राक्षसों के संहार के लिए और भक्तों को सुख देने के लिए वाराह नरहरि आदि विलक्षण रूप धारण करते हैं तदनुसार आनन्द स्वरूप रस की अनुभूति के लिए कवि लोग काव्य के शरीर शब्द एवं अर्थ में विलक्षणता का प्रदर्शन करते हैं। प्रतिभा का व्यय करके कुछ नूतन उल्लेख करते हैं। इस विलक्षणतारूप नूतन उल्लेख के लिए दो ही शैलियाँ हैं—एक धर्म के द्वारा दूसरी व्यापार के द्वारा। वे धर्म हैं दोषाभाव, गुण एवं अलंकार। क्योंकि कभी किसी वस्तु को अपकृष्ट करने की तो कभी किसी वस्तु को उत्कृष्ट करने की या फिर वस्तु को सजाकर रखने की आवश्यकता है। जिससे वह वस्तु अपने यथार्थ स्वरूप में स्वस्वभाव में उपस्थित हो संग्राह्य हो। जैसा कि कहा है—

विनोत्कर्षापकर्षाभ्यां स्वदन्तेऽर्था न जातुचित्
तदर्थमेव कवयो वैलक्षण्यमुपासते ॥इति॥

वे अपकर्षक दोष हैं अतएव सभी आचार्यों ने एक स्वर से कहा कि "रसापकर्षका दोषाः" और गुणनीय के उत्कर्षक हैं गुण, लोक एवं शास्त्र में सभी महापुरुषों ने "गुणा उत्कर्षहेतवः" माना है। इसी तरह अलंकार्य की शोभा करने वालों को अलंकारत्वेन निरूपण किया है।

यदि इन दोष गुण एवं अलंकारों का रस के साथ सम्बन्ध नहीं होगा तो दोष फिर दोष नहीं, गुण फिर गुण नहीं, अलंकार फिर अलंकार नहीं। सारांश इन तीनों का रस के साथ समान भाव से सम्बन्ध है। यह नहीं कि दोषों का या अलंकारों का रस के साथ शब्द या अर्थ के द्वारा परम्परा सम्बन्ध

है और गुणों का साक्षात् सम्बन्ध है। इसलिए जैसे दोष अलंकारों का शब्द में अर्थ में निरूपण किया है तद्वत् गुणों का भी शब्द और अर्थ में ही निरूपण करना उचित है। शब्द और अर्थ में रहने पर भी उपकार रस का ही होगा। जैसे "बुद्धेर्भोग इवात्मनि" सांख्य मत में भोग बुद्धि करती है फलभाग् आत्मा है। पराजय या विजय राजा की होती है, लड़ती है सेना। व्रीहीन् प्रोक्षति, व्रीहीन-वहन्ति, यज्ञसम्भारान् अभ्युक्षति"। यहां प्रोक्षण, अवघात एवं अभ्युक्षण किया जाता है व्रीहि एवं यज्ञीय पदार्थों का किन्तु "संकारः पुंस एवेष्टः" यह महानैया-यिक उदयनाचार्य ने लिखा है कि संस्कार पुरुष में होता है। तस्मात् गुण भी शब्दार्थ निष्ठ है अन्यथा संगति नहीं है। आत्मा शुद्ध है उसका संस्कार क्या ? वस्तु की, मकान की, शरीर की सफाई या सजाई या उत्कृष्टि अथवा अपकृष्टि हो सकती है आत्मा की नहीं। तद्वत् दोष, दोषाभाव, गुण और अलंकारों का निरूपण शब्द और अर्थ में हो सकता है। आत्मभूत रस में नही। यदि रस में गुण हो सकते हैं तो वे हमारे द्वारा बतलाये गये मार्ग से ही सम्भव है।

व्यवहार विरोध—

जिसका शब्द के साथ अन्वय एवं व्यतिरेक है उसको शब्दगत जिसका अर्थ के साथ अन्वय व्यतिरेक है उसको अर्थगत माना है। यह नियमव्यवहार दोष, गुण एवं अलंकारिकों के लिए मान्य है तथैव मम्मटाचार्य ने भी नवम उल्लास में श्लेष के शास्त्रार्थ में लिखा है—इह दोषगुणालंकाराणां शब्दार्थगतत्वेन यो विभागः स अन्वयव्यतिरेकाभ्यामेव व्यवतिष्ठते। दशम उल्लास में अलंकारों के निरूपण करने के बाद यह अलंकार शब्दगत क्यों हैं यह अर्थगत क्यों है इस शंका के समाधान में भी यही लिखा है। जैसे-कुतः पुनरेष नियमो यदे-तेषां तुल्येऽपि शोभातिशयहेतुत्वे कश्चिदलंकारः शब्दस्य कश्चिदर्थस्य कश्चिच्चोभय-स्येति चेत्, उक्तमत्र यथा काव्ये दोषागुणालंकाराणां शब्दार्थोभयगतत्वेन व्यवस्था यामन्वयव्यतिरेकावेव प्रभवतः निमित्तान्तरस्याभावात्।

कहने का सारांश अगर आचार्य के हृदय में गुण शब्दगत एवं अर्थगत होते हैं यह भावना न होती तो दोष एवं अलंकारों के नियम व्यवहार के साथ गुणों का भी नियम व्यवहार क्यों लिखते। यह लेख ही प्रमाणित करता है कि शब्द, अर्थ एवं उभयगत गुण होते हैं। केवल रस में ही गुण रहते हैं शब्दादि में नहीं रहते है यह कहना, यहाँ व्यवहार विरोध होगा।

पण्डितराज का लिखना आपातरमणीय है

पंडितराज जगन्नाथ का रसगंगाधर में यह लिखना कि आत्मा निर्गुण है अतः रस में गुण नहीं होते हैं १, और रस की उपाधि रत्यादि प्रभृति ज्ञान या इच्छा रूप है अतः गुण है, गुण में गुण नहीं रहने से रत्यादि में भी गुण नहीं है २, मेरा (जगन्नाथ) का अभिमत है शब्दादि में गुण रहते हैं ३। ये तीनों ही बातें आपात रमणीय हैं।

"निखिल कल्याण गुणों के आश्रय परमेश्वर हैं" इस सिद्धान्त को वेद, पुराण, भागवत, निखिल विश्व के भक्त, सन्त एवं महात्माओं ने कहा है। आत्मा निर्गुण है का अर्थ है मायिक गुण अनित्यत्व विकारित्वादि उनमें नहीं है। श्रुतियों में आत्मा के निर्गुणत्व का जो उल्लेख है वह शुद्ध आत्मा के विषय में लिखा है। हमारा रस तो रत्यादि सम्वलित चित् है अतः शुद्ध नहीं होने से गुण रह सकते हैं। रत्यादि ज्ञान या इच्छा रूप होने से गुण हैं यह कथन जिस नियम के आधार पर है उसी नियम के आधार पर शब्द भी तो गुण है। उसमें गुणे गुणानंगीकारात् का सिद्धान्त क्यों नहीं लागू होगा। तब शब्दादि में भी गुण कैसे रहेंगे। और भी बात है कि काव्यप्रकाशकार के मत का खण्डन करते समय आपने लिखा है कि "शौर्यादिवदात्मधर्माणां गुणानां शरीरघटकत्वानुपपत्तेश्च" शूरता आदि की तरह गुण आत्मा के धर्म हैं अतः काव्य शरीर शब्द एवं अर्थ में गुण नहीं रह सकते हैं और यहाँ कहते हैं कि शब्द में रहते हैं। यह लेख पूर्वापर विरुद्ध है। इस तरह पंडितराज का यह लेख आपातरमणीय है। तस्मात् शब्द, अर्थ, उभय एवं प्रबन्ध में गुण रहते हैं। इसलिए हमारा "न च किंचित् गुणहीनं" लिखना ठीक है। सभी में गुण रहते हैं। इन गुणों के द्वारा प्राप्य रस को प्राप्त करने के वास्ते रीतियों की आवश्यकता होती है तदनुसार रीतियों का निरूपण हमने किया है।

वृत्ति—

रीति जानने के बाद प्राप्य रस की तरफ बढ़ने की वृत्ति उत्पन्न होती है। ये वृत्तियाँ भी शब्दगत एवं अर्थगत होती हैं। आनन्दवर्धनाचार्य ने वृत्तियों के विषय में यों लिखा है—

रसाद्यनुगुणत्वेन व्यवहारोऽर्थशब्दयोः।
औचित्यवान्यस्ता एता वृत्तयो द्विविधाः स्थिताः॥

व्यवहारो हि वृत्तिरित्युच्यते। तत्र रसानुगुण औचित्यवान् वाच्याश्रयो यो व्यवहारस्ता एताः कैशिक्याद्या वृत्तयः वाचकाश्रयाश्चोपनागरिकाद्याः। वृत्तयो हि रसादितात्पर्येण संनिवेशिताः कामपि नाट्यस्य काव्यस्य च च्छायामावहन्ति। रसादयो हि द्वयोरपि तयोर्जीवभूताः। इतिवृत्तादि तु शरीरभूतमेव।

व्यवहार का नाम ही वृत्ति है। रसादि के अनुकूल अर्थ का जो उचित व्यवहार है वे ही कैशिकी वगैरह वृत्तियाँ हैं। इसी तरह शब्द का जो व्यवहार है ये ही उपनागरिकादि वृत्तियाँ कहलाती हैं। रस के अनुकूलतया सन्निवेशित वृत्तियाँ काव्य एवं नाट्य की शोभा बढ़ाती हैं। क्योंकि रसादि उन दोनों के जीव भूत हैं। इतिवृत्त अर्थात् कथानक उनके शरीर है।

इस उपर्युक्त कारिका की अवतरणिका में ध्वनिकार ने लिखा है कि भरतादि में यह विषय सुप्रसिद्ध है। भरत के नाट्यशास्त्र में यों लिखा है—

ऋषिभिस्तादृशी वृत्तिः कृताहार्यिकसात्विकैः
नाट्यवेदसमुत्पन्ना वागंगाभिनयात्मिका

पुनरिष्टसुजातेन नानाचारीसमाकुले
मया काव्यक्रियाहेतोः प्रक्षिप्ता द्रुहिणाज्ञया
ऋग्वेदाद् भारती वृत्तिर्यजुर्वेदात्तु सात्त्वती
कैशकी सामवेदाच्च शेषा चाथर्वणात्तथा ।।इति।।

ऋषियों ने नाट्यवेद के लिए प्रादुर्भूत हुई वाचिक, आंगिक, आहार्यिक एवं सात्विक अभिनय स्वरूपा उन चार वृत्तियों को ग्रहण किया। मैंने उनको ब्रह्मा की आज्ञा से काव्य की क्रिया निर्माण के लिए कवियों के वास्ते उपक्षिप्त किया। ऋग्वेद से भारती वृत्ति पैदा हुई, यजुर्वेद से सात्वती, सामवेद से कैशिकी, अथर्ववेद से आरभटी वृत्ति पैदा हुई। ये अर्थ की वृत्तियाँ हुई। उपनागरिका परुषा कोमला या ग्राम्या ये तीन अर्थ की वृत्तियाँ हुई।

प्रवृत्ति—

वृत्तियों के उत्पन्न होने पर लक्ष्य की ओर प्राणियों की प्रवृत्ति अर्थात् चेष्टा होती है। तदनुसार प्रवृत्तियों का निरूपण भरत मुनि कथित पद्धति से करते हैं—भरत नाट्यशास्त्र १४ अ०

पुनश्चैव प्रवक्ष्यामि प्रवृत्तीनान्तु लक्षणम्
चतुर्विधा प्रवृत्तिश्च प्रोक्ता नाट्यप्रयोगतः
आवन्ती दाक्षिणात्या च पांचाली चौड्रमागधी ।।

अत्राह—प्रवृत्तिरिति कस्मादिति। उच्यते-पृथिव्यां नानादेशवेषभाषाचारवार्ताः प्रस्थापयतीति प्रवृत्तिः। वृत्तिसंश्रितेष्वमीषु प्रयोगेषु अभिरता देशाः यतः, प्रवृत्तिचतुष्टयमभिनिवृत्तं; प्रयोगश्चोत्पादितः।

दक्षिणस्य समुद्रस्य तथा विन्ध्यस्य चान्तरे।
ये देशाः संश्रितास्तेषु दाक्षिणात्यास्तु नित्यशः ।।
आवन्तिका वैदिशिका सौराष्ट्रा मालवास्तथा।
कुर्वन्त्यावन्तिकीमेते प्रवृत्तिं नित्यमेव तु ।।
अंगा वंगा कलिंगाश्च वत्साश्चैवोड्रमागधाः
अन्येऽपि देशाः प्राच्यां ये पुराणे सम्प्रकीर्तिताः
तेषु प्रयुज्यते त्वेषा प्रवृत्तिश्चौड्रमागधी।
हिमवत्संश्रिता ये तु गंगायाश्चोत्तरां दिशम्
ये श्रिता वै जनपदास्तेषु पांचालमध्यमाः ।।

फिर मैं प्रवृत्तियों का लक्षण कहता हूँ। नाट्य प्रयोग के अनुसार चार

प्रकार की प्रवृत्तियाँ कही हैं। आवन्ती, दाक्षिणात्या, पांचाली एवं ओड्रमागधी ये उनके नाम हैं।

अब प्रश्न उठता है कि प्रवृत्ति क्यों ? उत्तर—पृथिवी में अनेक देश हैं। उनमें भी भिन्न-भिन्न वेष भाषा एवं आचार हैं और उनकी भी नाना वार्ताएँ हैं। उनका यह प्रस्थापन करती हैं। अतः प्रवृत्ति इसका नाम है। फिर प्रश्न होता है कि अनन्त देश तो हैं, इनकी प्रवृत्तियाँ चार ही क्यों ? ये अनन्त देश, भारती प्रभृति चार वृत्तियों के आश्रित प्रयोगों में अभिरत हैं। अतः चार प्रवृत्तियाँ सम्पन्न हुई और इन्हीं का प्रयोग भी निर्मित किया। कहाँ किस प्रवृत्ति का प्रयोग किया जाता है उसको बतलाते हैं।

दक्षिण समुद्र और विन्ध्याचल के बीच के देशों में दाक्षिणात्या का प्रयोग होता है। उज्जैन, विदिशा, सौराष्ट्र मालवादि मध्य के देशों में आवन्ती का नित्य प्रयोग होता है। अंगवंगालकलिंग वगैरह जो देश प्राची दिशा में हैं उन सब में यह ओड्रमागधी प्रयुक्त होती है। गंगा से उत्तर हिमवान् के आश्रित जो प्रदेश हैं उन सब में मध्यमा प्रवृत्ति पांचाली का प्रयोग होता है। इसी पांचाली का दूसरा नाम पांचाल मध्यमा भी है। अतः नाट्यशास्त्र में तथा विष्णुधर्मोत्तर पुराण में पांचाल मध्यमा एवं पांचाली नाम लिखा है।

औचित्य—

इस रस की प्राप्ति की प्रवृत्ति में औचित्य का अतिक्रमण न होने पावे यह भी ध्यान रखना आवश्यक है। क्योंकि "औचित्योपनिबन्धस्तु रसस्योपनिषत्परा"। औचित्य का उपनिबन्धन रस के लिए परम रहस्य है।

काव्यस्यालमलंकारैः किं मिथ्यागणितैर्गुणैः
यस्य जीवितमौचित्यं विचिन्त्यापि न दृश्यते।

काव्य के वे अलंकार एवं गुण मिथ्या ही संग्रह किये गये हैं। जिनके द्वारा काव्य में जीवित भूत रस के अनुगुणत्व रूप औचित्य खोजने पर भी न दिखाई देवे।

अलंकारास्त्वलंकारा, गुणा एव गुणाः सदा
औचित्यं रससिद्धस्य स्थिरं काव्यस्य जीवितम्।

अलंकार शोभा दायक होते हैं गुण गुणन करने वाले अर्थात् उत्कर्षाधायक हैं। अगर रससिद्ध काव्य का स्थिर जीवित वह रसागुणत्व रूप औचित्य है तो। क्योंकि अलंकारों से बाहिरी शोभा होती है और श्रुत, सत्य एवं शीलादि गुण भी आहार्य है, कृत्रिम है, प्रयत्न सम्पाद्य है वास्तविक नहीं है।

उचितस्थानविन्यासादलंकृतिरलंकृतिः।
औचित्यादच्युता नित्यं भवन्त्येव गुणा, गुणाः।

उचित स्थान में विन्यस्त होने पर ही उपमादि अलंकार सजाने में समर्थ हो सकते हैं अन्यथा नहीं। तथा औचित्य से अप्रच्युत ही गुण, गुणन रूप विशेष का आधान कर सकते हैं अन्यथा नहीं। क्योंकि गुण एवं अलंकारों से युक्त होने पर भी काव्य निर्जीव ही है यदि वह रसानुगुणत्वरूप औचित्य से पराङ्मुख हो तो। अतः औचित्य का निरूपण करते हैं।

"उचितं प्राहुचार्याः सदृशं किल यस्य यत्।
उचितस्य हि यो भावस्तदौचित्यं प्रचक्षते"

जो जिसके अनुरूप अनुगुण हो वह उचित कहलाता है।

देश, वेष, भाषा; भाषा में भी वर्ण, पद, वाक्य और प्रबन्ध तथा वृत्ति, प्रवृत्ति, आचरण (क्रिया) वार्त्ता, काल, पात्र, व्यवस्था, व्यवहार, रीति, जाति, द्रव्य तथा संज्ञा एवं संज्ञी में रस के उचित अनुरूप जो भाव हो उसे औचित्य कहते हैं।

और भी गुण, अलंकार, कारक, लिङ्ग, वचन, विशेषण, उपसर्ग, निपात, कुल, तत्त्व, सत्त्व, अभिप्राय, स्वभाव, शास्त्रीय प्रमेयसार संग्रह, प्रतिभा, विचार एवं आशीर्वाद में रस के उचित अनुरूप जो भाव हो उसे औचित्य कहते हैं।

अलंकार—

रस को लक्ष्य मानकर गुणों के संग्रह के लिए पहले रीतियों का तथा प्रवृत्तियों का निरूपण किया था। वे रीतियाँ, शैलियाँ, एवं प्रवृत्तियाँ चेष्टाएँ आकर्षक होनी चाहिए यह भावना कवि, अभिनेता, चित्रकार एवं गायक के हृदय में होने पर निरूपणीय एवं निरूपण साधन सभी बातों में वह सौन्दर्य लाने का प्रयास करता है। अतः सौन्दर्य की अभिवृद्धि के लिए अलंकारों की गवेषणा का अवसर प्राप्त है।

अलंकार लक्षण समीक्षा—

प्राचीन आचार्य भरत, भामह वगैरह ने अलंकारों के नाम, लक्षण एवं उदाहरणों का प्रदर्शन किया किन्तु अलंकार का सर्वानुगत एक सामान्य लक्षण नहीं लिखा। उनके परवर्ती आचार्य दण्डी एवं वामन ने लिखा भी किन्तु दण्डी ने जो अलंकार का लक्षण लिखा कि "काव्यशोभाकरान् धर्मानलंकारान् प्रचक्षते" काव्य की शोभा करने वाले धर्मों को अलंकार कहते हैं। उसको वामन ने गुण का लक्षण लिखा है "काव्य शोभायाः कर्त्तारो धर्मा गुणाः" काव्य की शोभा करने वाले धर्म गुण होते हैं। (यह वामन का सूत्र है) इस तरह वैमत्य होने से कोई निर्णय नहीं हुआ। उसके बाद उद्भट एवं रुद्रट ने भी कोई सामान्य लक्षण नहीं लिखा। इसके बाद आचार्य मम्मट ने अलंकार का सामान्य लक्षण लिखा कि—

उपकुर्वन्ति तं सन्तं येऽगद्वारेण जातुचित्।
हारादिवदलंकारास्तेऽनुप्रासोपमादयः॥

इसकी व्याख्या करते हुए प्रदीपकार ने लिखा है कि "तथा च रसोपकारकत्वे सति तदवृत्तित्वं, तथात्वे सति रसव्यभिचारित्वं, अनियमेन रसोपकारकत्वं चेति सामान्यलक्षणत्रयमलंकाराणाम्"।

रस का उपकारक होता हुआ भी रस में नहीं रहने वाला १ रस का उपकार करें किन्तु रस के साथ जिसका व्यभिचार रहता है अर्थात् नियम से रस के साथ नहीं रहने वाला २ और रस का उपकार भी नियम से नहीं करनेवाला ३ ये तीन लक्षण सामान्य अलंकार के लिखे हैं।

ये तीनों लक्षण अतिव्याप्त हैं। प्रथम लक्षण की अतिव्याप्ति रस के आलम्बन विभावों में है। जैसे—जो रस में नहीं रहता हो किन्तु रस का उपकार करे यही प्रथम लक्षण है। यह धर्म रस के आलम्बन विभाव में भी है। क्योंकि ये रस का उपकार करते हैं और रस में नहीं रहते हैं अतः अतिव्याप्त हैं। रस का उपकार कर्ता हुआ भी रस व्यभिचारी हो यही द्वितीय लक्षण है। इस दूसरे लक्षण की अतिव्याप्ति उद्दीपन विभावों में हैं। जैसे—अग्नि धूम का उपकार करता हुआ भी धूम रहित अयोगोलक में रहता है अतः धूम व्यभिचारी कहलाता है उसी प्रकार उद्दीपन विभाव भी रस का उपकार करता हुआ रस रहित स्थल में रहता है अतः रस व्यभिचारी है। अतः अतिव्याप्त है। जैसे चन्द्रादि।

"अनियम से रस का उपकार करने वाला हो" यही तृतीय लक्षण है। इसकी अतिव्याप्ति कलश एवं खंजनादि में है। जैसे कवि लोग कामिनी के कुच एवं नेत्र आदि के साथ कलश एवं खंजनादि की तुलना करते हैं। अतः कलश एवं खंजनादि एक सम्बन्धी के ज्ञान से दूसरे सम्बन्धी का ज्ञान हो जाता है। इस प्रकार कुच नेत्रादि स्मारक होने से कभी अनियम से रस के उपकारक हो जाते हैं अतः अतिव्याप्त है।

अलंकार के स्वरूप का निरूपण करते समय उपकुर्वन्ति लिखना महान् आश्चर्य का हेतु है। क्योंकि "उपात्प्रतियत्न-वैकृत-वाक्याध्याहारेषु च" इस पाणिनीय सूत्र से उपपूर्वक कृधातु से (अलंकार) भूषण अर्थ में सुट् का आगम होता है। अतः "उपस्कुर्वन्ति" कहना चाहिए न कि उपकुर्वन्ति। अगर यह सुटका आगम विकल्प से होता तब भी गति हो सकती थी किन्तु वह नित्य ही होता है अतः अलंकार का एक निर्दुष्ट सामान्य लक्षण लिखना आवश्यक है।

अलंकार का निर्दुष्ट सामान्य लक्षण

अपरांगी भूत जो रसभावादि, उससे भिन्न जो व्यंग्य उपमादि, उससे भिन्न होता हुआ, अनुप्रासादि विशिष्ट शब्द या उपमादि विशिष्ट अर्थ दोनों में से किसी एक में रहने वाली समवाय सम्बन्ध से अवच्छिन्न हुई जो चमत्कार निष्ठ कार्यता, उससे निरूपित जो समवाय सम्बन्ध से अवच्छिन्न हुई अनुप्रासादि या उपमादि से युक्त शब्द या अर्थ के ज्ञान में रहने वाली कारणता, उससे निरूपित की गयी जो विषयितासम्बन्ध से अवच्छिन्न हुई चमत्कारजनकतावच्छेदकता, उसका जो

अलंकारीय स्वरूप सम्बन्ध से अवच्छेदक हो वह अनुप्रासादि या उपमादि अलंकार है, यह हिन्दी में रूप है। संस्कृत भाषा में यों है—अपरांगीभूतरसभावादिभिन्न-व्यंग्य-भिन्नत्वे सति अनुप्रासोपमादिविशिष्टशब्दार्थान्यतरनिष्ठा या समवायसम्बन्धावच्छिन्नचमत्कारनिष्ठकार्यतानिरूपितसमवायसम्बन्धावच्छिन्नता-दृशज्ञाननिष्ठकारणतानिरूपितविषयित्वसम्बन्धावच्छिन्नावच्छेदकता तन्निरूपिता-लंकारीयस्वरूपसम्वन्धावच्छिन्नावच्छेदकत्वमलंकारत्वम्।

इस लक्षण का समन्वय यह है कि वाच्य उपमादि अलंकार हैं व्यंग्य वे अलंकार नहीं हैं अतः व्यंग्य भिन्न कहा। तब आपत्ति आई कि रसवत् प्रेय वगैरह तो व्यंग्य ही रहते हैं। तब व्यंग्य भिन्न कहने से कैसे काम चलेगा। तब कहा कि रसभावादि भिन्न जो व्यंग्य उपमादि उससे भिन्न लेना चाहिए। इस पर पुनः आपत्ति हुई कि रसभावादि से भिन्न व्यंग्य उपमादि हुए उनसे भिन्न रसभावादि हुए जो कि ध्वनि है। अतः कहा कि अपर के अंग हुए रसभावादि यहाँ लेने हैं। जो कि अलंकार है तब कोई आपत्ति अर्थात् अतिव्याप्ति नहीं है।

न्याय शास्त्र में अवच्छेदक शब्द प्रायः तीन अर्थों में प्रयुक्त होता है—सम्बन्ध, विशेषण और धर्म। यहाँ लक्षण में विशेषण अर्थ में प्रयुक्त हुआ है। अतः अवच्छेदकता के अवच्छेद का अर्थ हुआ विशेषणता में विशेषण। अनुप्रास से युक्त शब्द का या उपमादि से युक्त अर्थ का ज्ञान, कारण है जनक है और चमत्कार कार्य है जन्य है। चमत्कार सुख आनन्द रूप है अतः आत्मा में समवाय सम्बन्ध से पैदा होता है। इससे चमत्कारनिष्ठा कार्यता समवायसम्बन्धवच्छिन्ना कही गयी है। लक्षण में समवायसम्बन्धावच्छिन्ना न कहते तो चमत्कार रूपी कार्य जब कालिकादि सम्बन्ध से कालादि में रहता और उपर्युक्त शब्दार्थ ज्ञान समवाय सम्बन्ध से आत्मा में रहता तब कार्य एवं कारण में वैयधिकरण्य हो जाता। क्योंकि सामानाधिकरण्य में ही कार्य-कारण-भाव होता है वह सामान्याधिकरण्य इस तरह भग्न हो गया है। अतः वैयधिकरण्य को हटाने एवं सामानाधिकरण्य को लाने के लिए कार्यतावच्छेदक सम्वन्ध समवाय कहा है। यही स्थिति कारणता की भी है। यदि उपर्युक्त शब्दार्थ ज्ञान कालिकादि सम्बन्ध से कालादि में रहता है और चमत्कार रूपी कार्य सुख समवाय सम्बन्ध से आत्मा में रहता है। तब वही विभिन्नाधिकरणता की आपत्ति यहाँ भी आयी अतः कारणतावच्छेदक सम्बन्ध भी समवाय कहा। एवं समवायसम्बन्धावच्छिन्ना तादृशज्ञाननिष्ठा कारणता कही गयी है। ऐसी कारणता के अवच्छेदक विशेषण शब्द और अर्थ हैं। अतः कारणतावच्छेदकता अनुप्रासोपमादि विशिष्ट शब्दार्थान्यतर निष्ठा रही। कारण है अनुप्रासादि विशिष्ट शब्द ज्ञान, उपमादि विशिष्ट अर्थ ज्ञान, कारणता रही ज्ञान में, और ज्ञान में विशेषण है शब्द और अर्थ, अतः कारणतावच्छेदक हुए शब्द और अर्थ। अतः कारणतावच्छेदकता शब्द और अर्थ में रही। और शब्द में विशेषण है अनुप्रास, तथा अर्थ में विशेषण है उपमादि, अतः कारणतावच्छेदकता के अवच्छेदक अनुप्रासाद्यलंकार और उपमाद्यलंकार है।

लक्षण में तादृशज्ञाननिष्ठकारणता से निरूपित की गयी अवच्छेदकता को विषयित्वसम्बन्धावच्छिन्ना क्यों कहा. उसकी क्या जरूरत है। यह तो हमने बतलाया है कि अवच्छेदक के तीन अर्थ हैं उनमें एक धर्म भी है। तब विशेषण होने से जैसे शब्द और अर्थ कारणतावच्छेदक होते हैं वैसे ही ज्ञानत्व भी धर्म होने से कारणतावच्छेदक हो सकता है ऐसे वह अवच्छेदकता ज्ञानत्वनिष्ठा भी हो सकती है। उसको वारण करने के लिए अवच्छेदकता को विषयित्व-सम्बन्ध से अवच्छिन्ना कहा। ज्ञानत्व तो ज्ञान में समवाय सम्बन्ध से रहता है, किन्तु शब्द और अर्थ ज्ञान में विषयितासम्बन्ध से रहते हैं। वही हमें विवक्षित है। अतः उस अवच्छेदकता को विषयित्वसम्बन्धावच्छिन्ना कहा।

अच्छा। उस अवच्छेदता में जो अवच्छेदक हैं उसको अलंकारीयस्वरूप सम्बन्धावच्छिन्न क्यों कहा? उसका क्या फल है। देखो, जैसे उस अवच्छेदकता में विशेषण होने से अवच्छेदक अनुप्रासादि एवं उपमादि हैं वैसे ही "कामिनी गण्डपाण्डुताम्" इन अनुप्रासादि वाले शब्दों में ण के ठीक बाद पड़ने वाले शब्दों में रहने वाली आनुपूर्वी (इसी को संस्कृत भाषा में "अव्यवहितोत्तर त्वसम्बन्धेन शब्दविशिष्टशब्दरूपानुपूर्वी" कहते हैं) और चन्द्र के समान मुख इन उपमादि से युक्त अर्थों में मुखादि में रहने वाले चन्द्रत्व, मुखत्वादि भी धर्म-विधया अवच्छेदक हो सकते हैं। अतः अलंकारीयस्वरूप सम्बन्ध से अवच्छिन्न अवच्छेदक को कहा। यद्यपि कोई भी आनुपूर्वी शब्दों में रहेगी वह स्वरूप सम्बन्ध से ही रहेगी तथापि प्रातिस्विक स्वरूप से भिन्न भिन्न रहेगी। अतः यहाँ अलंकारादि स्वरूप से रहने वाली आनुपूर्वी सामान्य स्वरूप से नहीं रहती। अतः लक्षण निर्दुष्ट है।

अलंकारों का क्रमिक विकास—

यद्यपि हमारे यहाँ अलंकारों के क्रमिक विकास का प्रश्न ही नहीं उठता। क्योंकि संसार की सबसे पहली पुस्तक ऋग्वेद है, उसकी ऋचाओं में प्रचुर मात्रा में अलंकार मिलते हैं। तब कैसे कहें कि किस अलंकार का प्रकाश कब हुआ, तथापि उन अलंकारों की पहिचान पहले पहल किसने की और उनका स्वरूप निर्धारण करके लक्षणों का निर्माण किसने किया यह कहा जा सकता है। फलतः इसके आधार पर हमने लिखा कि अलंकारों के क्रमिक विकास का निरूपण हम करेंगे।

इस अलंकार क्षेत्र में क्रमिक विकाश आचार्यों के समय क्रम के अनुसार ही लिखना उचित है। तदनुसार उपलब्ध पहले आचार्य गार्ग्य हैं। ऐसा कहा जा सकता है। क्योंकि अलंकारादिकों के लक्षण या स्वरूप के निर्देशक किसी आचार्य का नाम एवं वैदिक युगीय कोई ग्रन्थ हमारी दृष्टि में नहीं आया है। गार्ग्य के नाम का जो हमने उल्लेख किया है वह भी भगवान् निरुक्तकार यास्क की कृपा से किया है। निरुक्त के अन्तर्गत निघण्टु के तृतीय अध्याय के १३ वें वर्ग में (इत्युपमाः) उपमावाचक १२ नामों का संग्रह किया है, उसकी व्याख्या नैघण्टुक काण्ड है।

उस नैघण्टुक काण्ड के तृतीय अध्याय के तृतीय पाद में "अथातः उपमाः" अब यहाँ से उपमा वाचक नामों की व्याख्या एवं उदाहरणों का प्रदर्शन करते हैं ऐसी प्रतिज्ञा करके निरुक्तकार यास्क ने उपमा का लक्षण दिखाया है। वहाँ प्राचीन निरुक्तकार गार्ग्य का नाम उपमा के लक्षण निर्माता के रूप में दिया है। उसी के अनुसार हमने भी लिख दिया है।

निरुक्तकार ने इव, यथा, न, चिद्, नु, आ, भूत, रूप, वर्ण, क्त, था, ये शब्द लिये हैं। प्रत्येक को लेकर उदाहरण दिये हैं।

उपमा का सामान्य लक्षण लिखा है। यद्वै अतत् तत्सदृशं भवति। यह निरुक्त ग्रन्थ है। इसकी दुर्गाचार्य की व्याख्या—यत् किंचित् अर्थजातत् अतत् भवति तत्सरूपं च भवति। जैसे खद्योत पक्षी अग्नि नहीं है और अग्नि के समान भी है। अतः अग्नि से उसकी उपमा की जाती है। अग्निरिव खद्योतः। अग्नि की तरह खद्योत है। गुणसामान्यात् उपमीयते,—इत्येवं गार्ग्यः आचार्य्यो मन्यते। इस तरह साधारण गुण के बदौलत तुलना की जाती है। ऐसा गार्ग्य आचार्य मानते हैं। "तदासां कर्म" स आसामुपमानामर्थः। वह इन उपमाओं का अर्थ है। अप्रसिद्ध गुण वाले व्यक्ति का प्रसिद्ध गुण वाले व्यक्ति के द्वारा गुणों का प्रकाशन ही उपमा है। कभी-कभी अपने से अपनी तुलना होती है। (वायोरात्मोपमा गतिः) जैसा वायु की गति वायु की गति के समान है। किन्हीं गुणों से ज्यायान् श्रेष्ठ के साथ कनीयान् छोटे की तुलना की जाती है। या अत्यन्त प्रसिद्ध से अप्रसिद्ध की तुलना होती है। जैसे यह बालक सिंह है। सिंह में शौर्य श्रेष्ठ है। इसके कारण बालक की तुलना करते हैं कि सिंह की तरह बालक पराक्रमी है।

प्रख्यात चन्द्रमा अप्रख्यात बालक है, चन्द्रमा से बालक की तुलना करते हैं। चन्द्रमा के समान बालक सुन्दर है। कभी-कभी अल्प गुणों वाले से अधिक गुण वाले की तुलना की जाती है किन्तु यह उपमा केवल वेद में ही दिखाई पड़ेगी।

इसका उदाहरण दिखाते हैं। तनूत्यजेव तस्करा वनर्गू रशनाभिर्दशभिरभ्यधीताम्। इस मन्त्र में अग्निमन्थन करने वाले बाहुओं की तस्करों के साथ उपमा है। बाहू प्रशस्त उपमेय हैं। तस्कर अप्रशस्त उपमान है। इव के योग में उदाहरण है।

यथा के योग में लिखते हैं कि यथेति कर्मोपमा, यथा वातः इत्यादि। यथा के योग में यह कर्मोपमा है। जैसे वायु, वन, समुद्र कम्पायमान होते हैं वैसे हे गर्भ! तू भी कांपता है।

अग्निर्न ये भ्राजसा रुक्मवक्षसः। अग्निरिव ये मरुतः वातासो न स्वयुजः इत्यादि स्थल में नकार इवार्थक है।

निरुक्तकारों के व्याख्यानों के अनुसार नञ् का अर्थ सादृश्य वैदिक युग में तो था ही बाद में लोक में भी नञ् सादृश्य के अर्थ में प्रयुक्त होता है। अब्राह्मण आदि उसके उदाहरण हैं। व्याकरण की परिभाषा भी "नञिव युक्तमन्यसदृशाधिकरणे तथाहि अर्थगतिः"। "चतुरश्चिद्ददमानाद्" यहाँ चिद् अव्यय इवार्थक है। जैसे कितव से डरते हैं उसी तरह चतुर को गालियों से डरना चाहिए।

"जार आ भगम्" यहाँ "आ" यह इवार्थक उपसर्ग है। जार की सदृश भग है।

मेष इति भूतोपमा। मेष इत्येषा भूतशब्देनोपमा। मेषो भूतोभियन्नयः। मेषो भूतः मेष इव अभियन् आहूतः अयः प्राप्तवानसि। मेष इस मन्त्र में भूत शब्द इवार्थक है। मेषो भूतः अर्थात् मेष की तरह।

रूपोपमा का उदाहरण "हिरण्यरूपः" हिरण्य के समान रूप। वर्णोपमा का उदाहरण "हिरण्यवर्णः" हिरण्य के समान वर्ण।

वत् का उदाहरण "ब्राह्मणवत्" "वृषलवत्" ब्राह्मण के सदृश वृषल के सदृश यहाँ सिद्धोपमा है। था का उदाहरण "तं प्रत्नथा" "पूर्वथा" "विश्वथा" "इमथा"। प्रत्न इव, पूर्व इव, विश्व इव, इम इव, यहाँ था उपमार्थक शब्द है।

इसके बाद नैघण्टुक काण्ड के तृतीय अध्याय के चतुर्थपाद के आरम्भ में लुप्तोपमा दिखाते हैं। यहाँ उपमावाचक शब्दों का उच्चारण नहीं किया जाना ही लोप है। वक्ता के अभिप्राय में यहाँ तुलना सादृश्य रहता है। अर्थात् उपमा की जाती है। अतः इनको अर्थोपमा कहते हैं। जैसे—किसी की प्रशंसात्मक तुलना करनी होती है वहाँ यह तो नृसिंह है पुरुषव्याघ्र है। ऐसी लुप्तोपमाएँ समास में होती हैं।

प्रयोग व्यवहार में यह लुप्तोपमा चल पड़ी थी और पाणिनि के समय में यही व्यवहार प्रचलित था। अतएव इसी आशय के अनुसार वैदिक व्यवहार एवं लोक व्यवहार के प्राशस्त्य तथा बाहुल्य को देखकर ही भाषा तत्व के परम मर्मज्ञ महर्षि पाणिनि ने सूत्र बनाए। उपमितं व्याघ्रादिभिः सामान्याप्रयोगे। साधारण धर्म का जहाँ प्रयोग नहीं किया जाता है वहाँ उपमेय का व्याघ्रादि के साथ समास होवे। उपमेय का उपमान के साथ समास हो ऐसा सामान्यतः समास का अन्वाख्यान नहीं करके व्याघ्रादि विशेष के साथ समास का अनुशासन करते हैं। यह आचार्य प्रवृत्ति ज्ञापन करती है कि वैदिक व्यवहार तथा प्राचीन निरुक्तकारों का व्याख्यान एवं लोक व्यवहार तथा कवि समय प्रसिद्धि ही ऐसी है कि वाचक लुप्तोपमा का स्थल समास ही है। वाक्य में रूपक होता है यह बात अर्थात् सिद्ध हो गयी।

दूसरा सूत्र भी "उपमानानि सामान्यवचनैः" साधारण धर्मवाचक शब्दों के साथ उपमान का समास हो। यह भी समासगत ही वाचक लुप्तोपमा का

प्रचार है। इसी का संकेत करता है। सिद्धान्त यही है फिर कहीं व्यभिचार भी दिखाई देता है तो उसका यही उत्तर है कि "स्वतन्त्रेच्छस्य नियोगपर्यनुयोगौ न स्तः" स्वतन्त्र के लिए आज्ञा वगैरह का कोई मूल्य नहीं है।

इस तरह वैदिकयुग में भी अलंकारों का लक्षण प्रणयन प्रतीत होता है। उसके बाद लोक में भी अन्य ग्रन्थों के अप्राप्य होने पर प्रथम आचार्य भरतमुनि हैं।

वेदों की ऋचाओं में अलंकार—

कुछ वेदों की ऋचाओं में अलंकारों का दिग्दर्शन कराएँगे जिससे यह ज्ञात हो जाएगा कि अलंकारों का प्रयोग बहुत पहले से ही है। केवल "इदमित्थं" इस प्रकार का यह अलंकार है ऐसा नाम, स्वरूप, लक्षण, भेद, प्रभेद एवं उपभेद का विस्तार धीरे-धीरे आचार्यों ने कैसे किया।

तद्विष्णोः परमं पदं सदा पश्यन्ति सूरयः, दिवीव चक्षुराततम्।

ऋक् १।२२।२०

सिंहा इव ना नदन्ति प्रवेतसः पिशा इव सुपिशः विश्ववेदसः।

ऋक् १।६४।८

त्रियम्बकं यजामहे सुगन्धिं पुष्टिवर्द्धनम्
उर्वारुकमिव बन्धनान्मृत्योर्मुक्षीय मामृतात्। यजुर्वेद ३।६०

अबोध्यग्निः समिधा जनानामति धेनुमिवायतीमुषासम्
यह्वाइवप्रवयामुज्जिहानाः प्रभानवः सिस्रते नाकमच्छ।

साम १।८।१०

अयमुते समतसि कपोत इव गर्भधिम् वचसाच्चिन्न ओहसे।

अथर्व काण्ड २०

इनमें उपमालंकार है।

तत्वायामि ब्रह्मणा वन्दमानस्तदाशास्ते यजमानो हविर्भिः
अहेलमानो वरुणो ह बोध्युरुशं समान आयुः प्रमोषीः।

ऋक् १।२४।११

यहाँ उदात्त अलंकार है।

त्वं विश्वस्य मेधिरे दिवंचा ग्मश्च राजसि। सयामनि प्रतिश्रुधिः।

ऋक् १।२५।२०

इसमें पर्याय अलंकार है।

यत्र वाणाः सम्पतन्ति कुमारा विशिखा इव। यजुः १।४८

यहाँ पुनरुक्तवदाभास और उपमा है अतः शब्दार्थालंकार की संसृष्टि है।

शन्नो देवी रभीष्टये शन्नो भवतु पीतये। शंयोरभिस्रवन्तु नः।

साम १।३३

यहाँ लाटानुप्रास है।

आत्मानं रथिनं विद्धि, शरीरं रथमेवतु। कठोप १।३

यहाँ रूपक है।

द्वा सुपर्णा सयुजा सखाया समानं वृक्षं परिषस्वजाते।
तयोरेकः पिप्पलं स्वाद्वत्ति अनश्नन्नन्योऽभिचाकशीति। मुण्डकोप

३।१।१

यहाँ रूपकातिशयोक्ति है।

अजामेकां लोहितशुक्लकृष्णां बह्वीः प्रजाः सृजमानां सरूपाः।
अजो ह्येको जुषमाणोऽनुशेते जहात्येनां भुक्तभोगामजोन्यः।

श्वेताश्व् ४।५

यहाँ भी रूपकातिशयोक्ति है।

वाग्वै तेजः। शतपथब्राह्मण।

यहाँ रूपक है।

१—भरतमुनि—४ अलंकार

भरत मुनि ने अपने नाट्य शास्त्र में उपमा, रूपक, दीपक और यमक ये चार अलंकार लिखे हैं। जिनमें शब्द में रहने वाले अलंकार का निर्देश किया कि शब्दों का अभ्यास ही यमक है। अर्थात् बाकी अलंकार अर्थ के हैं।

२—अग्निपुराण—१६ अलंकार

अग्निपुराण में भगवान् व्यास जी ने अग्नि के द्वारा उपदेश दिलवाया है। उसमें शब्दालंकार ३ बतलाए हैं। अनुप्रास, यमक (अव्यपेत तथा सव्यपेत) और चित्र। चित्र के प्रश्न, प्रहेलिका, गुप्त, च्युत, दत्त, च्युतदत्त समस्या ये सात भेद दिये हैं। इसी में कमल, मुरज, खड्ग बन्धों का समावेश करके दुष्कर शब्द से भी कहा है।

अर्थालंकार ८

१—स्वरूप, (नामान्तर स्वभावोक्ति) इसके निज और आगन्तुक दो भेद हैं।

२—सादृश्य, इसके उपमा १ रूपक २ सहोक्ति ३ अर्थान्तरन्यास ४ भेद हैं।

३—उत्प्रेक्षा। ४—अतिशयोक्ति, इसके संभव और असंभव दो भेद हैं।

५—विशेषोक्ति ६—विभावना ७—विरोध।

८—हेतु, इसके कारक और ज्ञापक दो भेद हैं।

शब्द और अर्थ उभय के अलंकार ५

प्रशस्ति १, कान्ति २, औचित्य ३, संक्षेप ४, यावदर्थता ५, अभिव्यक्ति ६, ये "षड्भेदास्तस्य जाग्रति" उसके छ भेद बतलाए हैं परन्तु ये गुण ही हो सकते हैं, इनमें अलंकार का स्वरूप नहीं मालूम पड़ता।

१ समाधि, २ आक्षेप, ३ समासोक्ति, अपह्नुति, ५ पर्यायोक्त—ये पांच अलंकार उभयगत लिखे हैं। ३ शब्दगत, ८ अर्थगत एवं ५ उभयगत—इस तरह १६ अलंकार अग्निपुराण में बतलाए हैं, लक्षण भी लिखे हैं।

३—विष्णुधर्मोत्तर-उपपुराण—१८ अलंकार

शब्दगत दो अलंकार १ अनुप्रास और २ यमक। अर्थगत १ रूपक, २ रूपकाभ्यधिक, ३ व्यतिरेक, ४ श्लेष, ५ उत्प्रेक्षा, ६ अर्थान्तरन्यास, ७ उपन्यास, ८ विभावना, ९ अतिशयोक्ति, १० स्वभावोक्ति, ११ यथासंख्य, १२ विशेषोक्ति, १३ विरोध, १४ निन्दास्तुति–२, १५ निदर्शन और १६ अनन्वय। इस तरह कुल मिलाकर १८ अलंकार यहाँ हैं।

४—भट्टि काव्य—३८ अलंकार

आचार्य भट्टि ने यद्यपि कोई लक्षण ग्रन्थ नहीं लिखा है। किन्तु श्रीराम-चरित वर्णानात्मक भट्टिकाव्य लिखा है। हमने उसका एक-एक अक्षर पढ़ा है क्योंकि हमारी परीक्षा में उस समय था। उसमें ३ काण्ड हैं। तीसरे प्रसन्न काण्ड के १० वें सर्ग की टीका जयमंगला में आचार्य मंगल ने अलंकारों का निर्देश किया है। वे अलंकार संख्या में ३८ हैं।

विशेष वक्तव्य—

अलंकारों के विषय में भरत मुनि ने बड़े संयत भाव से उल्लेख किया। ४ ही अलंकार लिखे। उनसे पहले वेदों में, उपनिषदो में, ब्राह्मणों में आधु-निकों के द्वारा परिज्ञात एवं निर्णीत कितने अलंकार भरे पड़े हैं, जिनका कुछ निर्देश हमने ऊपर किया है।

अग्निपुराण में चित्र के भेदों में प्रहेलिका समस्या वगैरह का उल्लेख किया है, उनका कुछ निरूपण रुद्रटाचार्य तथा भोज ने अपने ग्रन्थों में किया। किन्तु अन्य किसी ने नहीं किया। किन्तु ये दोनों प्रहेलिका एवं समस्या साहित्य संसार में आबाल वृद्ध वनिता में प्रसिद्ध है। और अलंकार रूप में इनको कोई नहीं मानता है। क्रीडोपयोगी माना है। साहित्य दर्पण कार ने तो प्रहेलिका

को काव्य ही नहीं माना है। उनके न मानने में कोई तथ्य नहीं है। प्रहेलिका भी खूब रस वाले काव्य हैं। इसी तरह बिन्दुच्युतक, अक्षरच्युतक, बिन्दु-दत्तक, अक्षरदत्तक भी भेद हैं। ये सब दुष्कर नाम से भी संगृहीत हैं।

नाट्य शास्त्र में अलंकारों के लक्षण उदाहरण दिये हैं। अग्निपुराण में नाम और लक्षण दिये हैं। विष्णु धर्मोत्तर में केवल नाम दिये हैं।

भामह ने नाम, लक्षण एवं उदाहरण दिये हैं। इसके बाद सभी आचार्यों ने यही क्रम अपनाया है। उपमा अलंकार को सभी ने माना है किन्तु विष्णु-धर्मोत्तर में इसका उल्लेख नहीं है। भरत की अपेक्षा पुराण, उपपुराणों में अनुप्रासादि १६ अलंकार अधिक हैं। रेखांकित अलंकारों को एक दूसरे पुराण ने नहीं लिखा है। जो रेखांकित नहीं हैं वे दोनों ने माने हैं।

५—भामह—३८

१–अनुप्रास ३ (औपनागरानुप्रास, ग्राम्यानुप्रास, लाटीयानुप्रास), २–यमक, ३–रूपक, ४–दीपक, ५–उपमा, ६–प्रेयः, ७–रसवत्, ८–ऊर्जस्वि, ९–पर्यायोक्त, १०–समाहित, ११–उदात्त, १२–श्लिष्ट, १३–अपह्नुति, १४–विशेषोक्ति, १५–विरोध, १६–तुल्ययोगिता, १७–अप्रस्तुतप्रशंसा, १८–व्याजस्तुति, १९–निदर्शना, २०–उपमा-रूपक, २१–उपमेयोपमा, २२–सहोक्ति, २३–परिवृत्ति, २४–ससन्देह, २५–अनन्वय, २६–उत्प्रेक्षावयव, २७–संसृष्टि, २८–भाविकत्व, २९–आक्षेप, ३०–अर्थान्तरन्यास, ३१–व्यतिरेक, ३२–विभावना, ३३–समासोक्ति, ३४–अतिशयोक्ति (अतिशयोक्ति या वक्रोक्ति एक ही चीज है। इस वक्रोक्ति के न होने से हेतु, सूक्ष्म, लेश को अलंकार नहीं माना है), ३५–यथासंख्य, ३६–उत्प्रेक्षा, ३७–स्वभावोक्ति (इसको भी किसी ने अलंकार माना है ऐसा कहने का अर्थ है इनके मत में यह अलंकार नहीं है।), ३८–आशीः। यहां अग्निपुराण सम्मत शब्दालंकार चित्र तथा अर्थलंकार हेतु एवं समाधि छोड़ दिये गये हैं और क्रास रेखांकित २० अलंकार उसके अपेक्षा अधिक माने हैं।

६—दण्डी—३७

१–अनुप्रास, २–यमक, ३–स्वभावोक्ति या गति, ४–उपमा (३२ भेद), ५–रूपक (२० भेद), ६–दीपक (७ भेद), ७–आवृत्ति ३ (दीपक का रूपान्तर), ८–आक्षेप (२४ भेद), ९–अर्थान्तरन्यास ८, १०–व्यतिरेक ८, ११–विभावना, १२–समासोक्ति ३, १३–अतिशयोक्ति ३, १४–उत्प्रेक्षा, १५–हेतु, १६–सूक्ष्म, १७–लेश, १८–क्रम, १९–प्रेय, २०–रसवत्, २१–ऊर्जस्वि, २२–पर्यायोक्त, २३–समाहित, २४–उदात्त, २५–अपह्नुति, २६–श्लिष्ट १०, २७–विशेषोक्ति, २८–तुल्य-योगिता, २९–विरोध, ३०–अप्रस्तुतप्रशंसा, ३१–व्याजस्तुति, ३२–निदर्शना, ३३–सहोक्ति, ३४–परिवृत्ति, ३५–आशीः, ३६–संकीर्ण या संसृष्टि, ३७–भाविक। अनन्वय एवं ससन्देह का उपमा में, उपमारूपक का रूपक में, उत्प्रेक्षावयव का

उत्प्रेक्षा में अन्तर्भाव किया है। भामह ने इनको पृथक् अलंकार माना है। आवृत्ति एवं क्रम ये दो नये अलंकार माने हैं। भामह ने हेतु, सूक्ष्म एवं लेश को वक्रोक्ति न होने से छोड़ दिया था, उनको यहाँ माना है। और भामह स्वीकृत उपमेयोपमा एवं यथासंख्य को छोड़ दिया है।

७—वामन—३१

१–यमक, २–अनुप्रास, ३–उपमा, ४–प्रतिवस्तु, ५–समासोक्ति, ६–अप्रस्तुत-प्रशंसा, ७–अपह्नुति, ८–रूपक, ९–श्लेष, १०–वक्रोक्ति, ११–उत्प्रेक्षा, १२–अतिशयोक्ति, १३–सन्देह, १४–विरोध, १५–विभावना, १६–अनन्वय, १७–उपमेयोपमा, १८–परिवृत्ति, १९–क्रम, २०–दीपक, २१–निदर्शना, २२–अर्थान्तरन्यास, २३–व्यतिरेक, २४–विशेषोक्ति,२५–व्याजस्तुति, २६–व्याजोक्ति, २७–तुल्ययोगिता, २८–आक्षेप, २९–सहोक्ति, ३०–संसृष्टि, ३१–उपमारूपक और ३२–उत्प्रेक्षावयव।

भामह, दण्डी एवं उद्भट ने जिसको श्लिष्ट लिखा उसी को वामन ने श्लेष कहा तब से श्लेष नाम चल गया। ससन्देह भी आज सन्देह नाम से चल पड़ा है। प्रतिवस्तूपमा का ही नाम इसने प्रतिवस्तु दिया है। भामह के उपमा-रूपक तथा उत्प्रेक्षावयव को संसृष्टि के भेदों में परिगणित किया है। भामह, दण्डी एवं उद्भट के सम्मत प्रेय १–रसवत्, २–ऊर्जस्वि, ३–पर्यायोक्ति, ४–समाहित, ५–उदात्त, ६–भाविक, ७–यथासंख्य, ८–स्वभावोक्ति, ९–आशीः को; केवल दण्डी के सम्मत आवृत्ति, हेतु, सूक्ष्म एवं लेश को, केवल उद्भट के सम्मत पुनरुक्तवदाभास, छेकानुप्रास, लाटानुप्रास, एवं अनुप्रास की ३ वृत्तियों तथा दृष्टान्त को नहीं माना है। केवल वक्रोक्ति एवं व्याजोक्ति दो नये अलंकार कल्पित किये हैं।

यथा च गौणस्यार्थस्यालंकारत्वं तथा लाक्षणिकस्यापीति दर्शयितुमाह—सादृश्याल्लक्षणा वक्रोक्तिः। इश निर्देश से मालूम पड़ता है कि गौणी एवं लक्षणा भिन्न २ है और सादृश्य से होने वाली लक्षणा शुद्धा है। आज के साहित्य जगत् में इसका उलटा गौणी हो गया है। इस तरह नाम के साम्य से यह नहीं समझना चाहिए कि जो लक्षण एक ने बतलाया दूसरे ने वही बतलाया है। उत्तरोत्तर बड़ा भेद हो गया है। यह तो हमने संकेत कर दिया है। इसी तरह रूपक और श्लेष, में भी अभेदारोप माना है। किन्तु श्लेष में अनेकोपकारी सकृदुच्चारणरूप तन्त्र से धर्मों का उच्चारण करने से श्लेष होता है। बिना तन्त्र के रूपक है। "दीप्तरसत्वं कान्तिः" इस अर्थगत कान्ति गुण का सम्बन्ध रसों के साथ निरूपण किया है। रस गुणों का परस्पर सम्बन्ध यहाँ से ही शुरू हुआ और रसादि को अंग बना कर अलंकार नहीं माना है। जैसा कि औरों ने माना है। इन्होंने सभी अलंकारों को उपमा का प्रपंच माना है। जैसे—एभिर्निदर्शनैः स्वीयैः परकीयैश्च पुष्कलैः। शब्दवैचित्र्यगर्भेयमुपमैव प्रपंचिता। इन अपने तथा दूसरों के दृष्टान्तों से सिद्ध है कि उपमा के ही प्रपंच ये सब अलंकार हैं। इसका कारण शब्दों की विलक्षणता है।

८—उद्भट—४१

१–पुनरुक्तवदाभास, २–छेकानुप्रास, ३–अनुप्रास, ४–लाटानुप्रास, ५–रूपक, ६–दीपक, ७–उपमा, ८–प्रतिवस्तूपमा, ९–आक्षेप, १०–अर्थान्तरन्यास ११–व्यतिरेक, १२–विभावना, १३–समासोक्ति, १४–अतिशयोक्ति, १५–यथासंख्य, १६–उत्प्रेक्षा, १७–स्वाभावोक्ति, १८–प्रेयस्वत्, १९–रसवत्, २०–ऊर्जस्वि, २१–पर्यायोक्त, २२–समाहित, २३–उदात्त, २४–श्लिष्ट, २५–अपह्नुति, २६–विशेषोक्ति, २७–विरोध, २८–तुल्ययोगिता, ३०–व्याजस्तुति, ३१–विदर्शना, ३२–संकर, ३३–उपमेयोपमा, ३४–सहोक्ति, ३५–परिवृत्ति, ३६–ससन्देह, ३७–अनन्वय, ३८–संसृष्टि, ३९–भाविक, ४०–काव्यहेतु और ४१–काव्यदृष्टान्त।

उद्भट ने काव्यदृष्टान्त जो आजकल दृष्टान्त नाम से व्यवहृत है और पुनरुक्तवदाभास नये अलंकार माने हैं। अनुप्रास में भी छेकानुप्रास और लाटानुप्रास नाम बदला है। उपनागरिकादि वृत्तियों का संकेत एवं लक्षण किया और अनुप्रास के उपयोगिनी ये वृत्तियां हैं यह भी कहा। किन्तु वृत्यनुप्रास यह नामकरण नहीं किया। बाद में मम्मट ने वृत्यनुप्रास नामकरण किया। यथासंख्य एवं संकर नये हैं। भामह एवं दण्डी के निदर्शना की जगह विदर्शना नाम जानबूझ कर लिखा है, उसका अर्थ भी बतलाया है। भामह एवं दण्डी सम्मत आशीः को छोड़ दिया है। भामह के उपमारूपक, उपमेयोपमा, उत्प्रेक्षावयव को और दण्डी के सूक्ष्म, लेश एवं क्रम को छोड़ दिया है। दण्डी का हेतु भी यहाँ काव्यहेतु नाम से निर्दिष्ट है। यही काव्यलिंग नाम से बाद में व्यवहृत हुआ है। सर्वालंकारिक सम्मत यमक का उपदेश आप ने नहीं किया है। वामन स्वीकृत प्रतिवस्तु को ही प्रतिवस्तूपमा नाम दिया है।

९—रुद्रट-मुख्य संख्या ५४, मिश्रित संख्या ७३

रुद्रट ने अपने काव्यालंकार में ५ शब्दालंकार—१–वक्रोक्ति, २–अनुप्रास, ३–यमक, ४–श्लेष और ५–चित्र। (जिस वक्रोक्ति को वामन ने अर्थालंकारों में परिगणित किया था, रुद्रट ने उससे भिन्न शब्दालंकारों में माना है।) ४ अर्थालंकार—१–वास्तव, २–औपम्य, ३–अतिशय और ४–श्लेष माने हैं। इन्हीं चारों के ही प्रपंच समस्त अलंकार हैं। जैसे वास्तव के सहोक्ति वगैरह २३ भेद हैं, औपम्य के उपमा वगैरह २१ भेद हैं, अतिशय के पूर्व वगैरह १२ भेद हैं, अर्थश्लेष के १० भेद हैं (दण्डी के माने हुए १० भेदों को यहाँ भी स्वीकृति मिल गयी है) और संकर के दो भेद हैं। इस तरह ५, २३, २१, १२, १० एवं २—कुल योग ७३ है। वे क्रमशः ये हैं :—

वास्तव के २३—१–सहोक्ति १, २–समुच्चय २, ३–जाति, ४–यथासंख्य, ५–भाव ०, ६–पर्याय, ७–विषम ०३, ८–अनुमान ०, ९–दीपक, १०–परिकर ०, ११–परिवृत्ति, १२–परिसंख्या ०, १३–हेतु ४, १४–कारणमाला ०, १५–व्यतिरेक,

१६–अन्योन्य ०, १७–उत्तर ०५, १८–सार, ०, १९–सूक्ष्म, २०–लेश, २१–अवसर ०, २२–मीलित ० और २३–एकावली ०।

औपम्य के २१—१–उपमा, २–उत्प्रेक्षा ६, ३–रूपक, ४–अपह्नुति, ५–संशय, ६–समासोक्ति, ७–मत ०, ८–उत्तर ०५, ९–अन्योक्ति, १०–अर्थान्तरन्यास, १२–उभयन्यास ०, १३–भ्रान्तिमान् ०, १४–आक्षेप, १५–प्रत्यनीक ०, १६–दृष्टान्त, १७–पूर्व ०७, १८–सहोक्ति १, १९–समुच्चय २, २०–साम्य ०, २१–स्मरण ०।

अतिशय के १२—१–पूर्व ०७, २–विशेष ०, ३–उत्प्रेक्षा ६, ४–विभावना, ५–तद्गुण ०, ६–अधिक ०, ७–विरोध, ८–विषम ०३, ९–असंगति ०, १०–पिहित ०, ११–व्याघात ०, १२ हेतु ४।

श्लेष के १०—१–अविशेष, २–विरोध, ३–अधिक, ४–वक्र, ५–व्याज, ६–उक्ति, ७–असंभव, ८–अवयव, ९–तत्व, १०–विरोधाभास।

संकर के २—१–संकर, २–संसृष्टि।

श्लेष को यहाँ शब्दालंकार और अर्थालंकार दो रूप दिये हैं जिसको कि पूर्ववर्ती आचार्यों ने केवल अर्थालंकार ही माना है। इसके बाद परवर्ती आचार्यों ने श्लेष के दो रूप मानने शुरू कर दिये। चित्रालंकार को अग्निपुराण स्वीकृत पथ से मान्यता दे कर पूर्ववर्ती भामह आदि से बढ़ गये हैं।

यहाँ उपरिनिर्दिष्ट ७३ संख्या में से शब्दगत तथा अर्थगत श्लेष को एक मान कर, तथा अर्थगत १० श्लेषों को भी एक मान कर ११ भेद निकाल देने तथा संकर के २ भेद तिलखण्डुल न्याय तथा क्षीरनीर न्याय को भी एक मान कर, एक और भेद निकाल देने और सहोक्ति, समुच्चय एवं उत्तर को वास्तव के भेदों में, तथा औपम्य के भेदों में, तथा विषम एवं हेतु को वास्तव एवं अतिशय के भेदों में, तथा उत्प्रेक्षा एवं पूर्व को औपम्य एवं अतिशय के भेदों में दो दो स्थानों में गिना गया है जो ७ भेद होते हैं इनको भी निकाल देने से बाकी संख्या ५४ होती है।

वक्रोक्ति एक नया अलंकार शब्दगत माना है। वामन का वक्रोक्ति इससे भिन्न है। शब्दगत श्लेष वर्णपदादि भेद से आठ प्रकार का तथा अर्थगत श्लेष, अविशेष, विरोधादि भेद से १० प्रकार का लिखा है यह एक दम नई कल्पना है। आश्चर्य है कि श्लेष के शब्दगत आठ भेद आज भी प्रचलित हैं। अर्थ-गत १० भेद आज स्वप्न हो गये हैं। अर्थात् परवर्ती किसी भी आचार्य मम्मट प्रभृति ने उल्लेख नहीं किया। इस तरह अर्थगत श्लेष एक ही प्रकार का रह गया।

अर्थालंकारों के वर्गीकरण की प्रक्रिया भी भिन्न है। भामह ने जिस अतिशयोक्ति (दूसरा नाम वक्रोक्ति है) को (कोऽलंकारोऽनया बिना) सब अलंकारों की जननी कहा है क्योंकि उसके बिना अलंकार ही कैसा ? उसको इस वर्गीकरण द्वारा कतिपय सामान्य अलंकारों की ही जननी है, सिद्ध किया है। दीपकालंकार में साम्य का रहना आवश्यक नहीं है, इसको सिद्ध किया है। और मत, उत्तर,

अर्थान्तरन्यास जिनकी साम्य के बिना भी स्थिति हो सकती है उसको औपम्य में परिगणित किया और उदाहरण एवं लक्षणों के द्वारा औपम्य का प्रदर्शन भी किया। पद्धति आश्चर्यपूर्ण एवं विद्वत्ता-पूर्ण है। अलंकार के विषय में काव्य प्रकाश के निर्माण में आचार्य मम्मट के लिए प्रधान सहायक यही ग्रन्थ मालूम पड़ता है। वृत्यनुप्रास का स्वरूप दिखलाने के लिए केवल उद्भटाचार्य की आविष्कृत वृत्तियों का आश्रय लिया है, बाकी तो इसी रुद्रट काव्यालंकार के उदाहरण भरे पड़े हैं। शब्द श्लेप आठ प्रकार का भी यहां ही से लिया है।

पूर्ववर्ती आचार्य भामहादिसम्मत कतिपय अलंकारों को त्याग दिया है जैसे ऊपर में दिखाए हुए अलंकारों में जहां जहां बिन्दु का संकेत है वे २७ अलंकार नये माने गये हैं। १-भाविक, २-निदर्शन, ३-उपमेयोपमा, ४-आवृत्ति, ५-आशीः, ६-रसवत्, ७-प्रेय, ८-ऊर्ज्जस्वि, ९-समाहित, १०-उदात्त, ११-छेकानुप्रास, १२-लाटानुप्रास, १३-पुनरुक्तवदाभास, १४-प्रतिवस्तूपमा, १५-उपमारूपक, १६-अनन्वय, १७-क्रम, १८-व्याजोक्ति और १९-तुल्ययोगिता ये अलंकार त्याग दिये गये हैं। औरों ने पर्यायोक्त, इन्होंने (रुद्रट ने) पर्याय नाम दिया है। उपनागरिकादि तीन वृत्तियों को त्याग कर मधुरा, प्रौढ़ा, परुषा, ललिता, एवं भद्रा नामक पाच वृत्तियां मानी हैं। नया स्वरूप है।

१०—महाराज भोज—७२

महाराज भोज ने अपने सरस्वती कण्ठाभरण में ७२ अलंकार लिखे हैं। २४ शब्दगत, २४ अर्थगत और २४ उभयगत।

शब्दगत--१-जाति, २-गति, ३-रीति, ४-वृत्ति, ५-छाया, ६-मुद्रा, ७-उक्ति, ८-युक्ति, ९-भणिति, १०-गुम्फना, ११-शय्या, १२-पठिति, १३-यमक, १४-श्लेष, १५-अनुप्रास, १६-चित्र, १७-वाकोवाक्य, १८-प्रहेलिका, १९-गूढ़, २०-प्रश्नोत्तर, २१-अध्येय, २२-श्रव्य, २३-प्रेक्ष्य, २४-अभिनीति।

अर्थगत—१-जाति, २-विभावना, ३-हेतु, ४-अहेतु, ५-सूक्ष्म, ६-उत्तर, ७-विरोध, ८-सम्भव ९-अन्योन्य, १०-परिवृति, ११-निदर्शना, १२-भेद, १३-समाहित, १४-भ्रान्ति, १५-वितर्क, १६-मीलित, १७-स्मृति, १८-भाव, १९-प्रत्यक्ष, २०-अनुमान, २१-आप्तवचन "आगम", २२-उपमान, २३-अर्थापत्ति, २४-अभाव (अनुपलब्धि)।

उभयगत—१-उपमा, २-रूपक, ३-साम्य, ४-संशय, ५-अपह्नुति, ६-समाधि, ७-समासोक्ति, ८-उत्प्रेक्षा, ९-अप्रस्तुतप्रशंसा, १०-तुल्ययोगिता, ११-उल्लेख, १२-सहोक्ति, १३-समुच्चय, १४-आक्षेप, १५-अर्थान्तरन्यास, १६-विशेष, विशेषोक्ति, १७-परिष्कृति, परिकर, १८-दीपक, १९-क्रम, २०-पर्याय, २१-अतिशयोक्ति, २२-श्लेष, २३-भाविक, २४-संसृष्टि।

भोज के द्वारा प्रणीत यह अलंकार विधान कुछ विलक्षणता रखता हुआ भी काव्यप्रकाशादि की तरह सहृदय पाठकों के लिए परमोपकारी नहीं हुआ। तथापि

संग्राह्य अवश्य है। यहां वेदर्मी वगैरह रीतियों और कैशिकी प्रभृति वृत्तियों को भी अलंकार मान लिया है। उपमा एवं रूपक वगैरह उभयालंकार माने हैं। आप्त वचन या आगम प्रमाण जो कि शब्दरूप है उसको भी अर्थालंकार माना है। श्रव्य, प्रेक्ष्य काव्य को भी अलंकार माना है। अभिनय, आंगिक, वाचिक, आहार्यिक (वेषभूषा) एवं सात्विक, अनुकरण को भी अलंकार मानना आदि आदि विलक्षणताएं हैं।

शब्दगत २४ अलंकारों में १-यमक, २-श्लेष, ३-अनुप्रास, ४-चित्र, ५-प्रहेलिका एवं ६-गूढ (इसको गुप्त और गूढ नामों से अग्निपुराण में लिखा है) (प्रहेलिका को चित्र के भेदों में लिखा है अग्निपुराण ने भोज ने इसको पृथगलंकार लिखा है) इन ६ अलंकारों के सिवाय १८ अलंकार नवीन लिखे हैं।

अर्थगत २४ अलंकारों में ये १० अलंकार नवीन माने हैं। शेष १४ प्राचीन ही हैं:—१-अहेतु, २-सम्भव, ३-भेद, ४-वितर्क ५-प्रत्यक्ष, ६-अनुमान, ७-आगम, ८-उपमान, ९-अर्थापत्ति और १०-अभाव (अनुपलब्धि)।

उभयगत २४ अलंकारों में एक उल्लेख अलंकार नवीन है, बाकी २३ अलंकार प्राचीन ही हैं।

११—आचार्य मम्मट—७४

आचार्य मम्मट ने अपने काव्य-प्रकाश में शब्दालंकार (१-वक्रोक्ति, २-अनुप्रास, ३-यमक, ४-श्लेष, ५-चित्र और ६-पुनरुक्तवदाभास) माने हैं। एक पुनरुक्तवदाभास जिस को उद्भट ने विशुद्ध शब्दालंकार माना है उसको इन्होंने शब्दालंकार भी माना है और शब्दार्थोभयालंकार माना है।

१-रसवत , २-प्रेय, ३-ऊर्जस्वि और ४-समाहित इन प्राचीनसम्मत चार को तथा १-भावोदय, १-भावसंधि, ३-भावशबलता इन अर्वाचीन रुय्यकादिसम्मत तीन को गुणीभूत व्यंग्य के भेदों में स्वीकृत करते हुए अलंकारों में गणित किया है। एते च रसवदाद्यलंकाराः। ये रसवत् वगैरह अलंकार हैं।

अर्थगत—१-उपमा, २-अनन्वय, ३-उपमेयोपमा, ४-उत्प्रेक्षा, ५-ससन्देह, ६-रूपक, ७-अपह्नुति, ८-श्लेष, ९-समासोक्ति, १०-निदर्शना, ११-अप्रस्तुतप्रशंसा, १२-दृष्टान्त, १३-दीपक, १४-तुल्ययोगिता, १५-व्यतिरेक, १६-आक्षेप, १७-विभावना, १८-विशेषोक्ति, १९-यथासंख्य, २०-अर्थान्तरन्यास, २१-विरोध, २२-स्वभावोक्ति, २३-व्याजस्तुति, २४-सहोक्ति, २५-विनोक्ति, २६-परिवृत्ति. २७-भाविक, २८-काव्यलिंग, २९-पर्यायोक्त, ३०-उदात्त, ३१-समुच्चय, ३२-पर्याय, ३३-अनुमान, ३४-परिकर, ३५-व्याजोक्ति, ३६-परिसंख्या, ३७-कारणमाला, ३८-अन्योन्य, ३९-उत्तर, ४०-सूक्ष्म, ४१-सार, ४२-असंगति, ४३-समाधि, ४४-सम, ४५-विषम, ४६-अधिक, ४७-प्रत्यनीक, ४८-मीलित, ४९-एकावली, ५०-स्मृति, ५१-भ्रान्तिमान् , ५२-प्रतीप, ५३-सामान्य, ५४-विशेष, ५५-तद्गुण,

५६-अतद्गुण, ५७-व्याघात, ५८-संसृष्टि, ५९-संकर, ६०-अतिशयोक्ति, ६१-प्रतिवस्तूपमा।

यहाँ मम्मट ने १-विनोक्ति, २-पर्याय, ३-सम, ४-सामान्य एवं ५-अतद्गुण ये पांच अलंकार नवीन लिखे हैं। मालादीपक नया अलंकार नहीं है क्योंकि "तन्मालादीपकं मतम्" द्वितीय परिच्छेद, १०८ श्लोक काव्यादर्श में दण्डी लिख चुके हैं। प्रमाणों में जो अनुमान है उसको अलंकार नहीं माना है किन्तु उद्भट ने काव्यहेतु नाम से जिसको लिखा है, उसी को इन्होंने अनुमान नाम से लिखा है।

१२—रुय्यक—८२

आचार्य रुय्यक ने अलंकारसूत्र या अलंकार सर्वस्व ग्रन्थ लिखा है। वस्तु एक ही है। सूत्र रुय्यक निर्मित है, वृत्ति मंखुक निर्मित है।

शब्दालंकार—१-पुनरुक्तवदाभास, २-छेकानुप्रास, ३-वृत्यनुप्रास, ४-यमक, ५-लाटानुप्रास, ६-चित्र।

अर्थालंकार—१-उपमा, २-अनन्वय, ३-उपमेयोपमा, ४-स्मरण, ५-रूपक, ६-परिणाम, ७-सन्देह, ८-भ्रान्तिमान्, ९-उल्लेख, १०-अपह्नुति, ११-उत्प्रेक्षा, १२-अतिशयोक्ति, १३-तुल्ययोगिता, १४-दीपक, १५-प्रतिवस्तूपमा, १६-दृष्टान्त, १७-निदर्शना, १८-व्यतिरेक, १९-सहोक्ति, २०-विनोक्ति, २१-समासोक्ति, २२-परिकर, २३-श्लेष, २४-अप्रस्तुतप्रशंसा, २५-अर्थान्तरन्यास, २६-पर्यायोक्त, २७-व्याजस्तुति, २८-आक्षेप, २९-विशेष, ३०-विभावना, ३१-विशेषोक्ति, ३२-असंगति, ३३-विषम, ३४-सम, ३५-विचित्र, ३६-अधिक, ३७-अन्योन्य, ३८-विशेष, ३९-व्याघात, ४०-कारणमाला, ४१-एकावली, ४२-मालादीपक, ४३-उदार (सार), ४४-काव्यलिंग, ४५-अनुमान, ४६-यथासंख्य, ४७-पर्याय, ४८-परिवृत्ति, ४९-परिसंख्य, ५०-अर्थापत्ति, ५१-विकल्प, ५२-समुच्चय, ५३-समाधि, ५४-प्रत्यनीक, ५५-प्रतीप, ५६-निमीलित, ५७-सामान्य, ५८-तद्गुण, ५९-अतद्गुण, ६०-उत्तर, ६१-सूक्ष्म, ६२-व्याजोक्ति, ६३-वक्रोक्ति, ६४-स्वभावोक्ति, ६५-भाविक, ६६-उदात्त, ६७-रसवत्, ६८-प्रेय, ६९-ऊर्जस्वि, ७०-समाहित, ७१-भावोदय, ७२-भावसन्धि, ७३-भावशबलता, ७४-संसृष्टि, ७५-संकर।

वामन के समय में १-रसवत्, २-प्रेय, ३-ऊर्जस्वि, ४-समाहित इन चार अलंकारों की मान्यता बन्द हुई थी जो रुद्रट, भोज तक चली। मम्मट एवं रुय्यक ने पुनः उसको जागरूक की। १-परिणाम, २-विचित्र, ३-विकल्प ये तीन अलंकार नये प्रादुर्भूत किये हैं। वक्रोक्ति अलंकार को पुनः अर्थगतत्वेन रुय्यक ने माना है। मम्मट ने इसको शब्दगत माना था। वामन और रुद्रट के बीच में उद्भट ने भी रसवत् आदि चारों को अलंकार माना था।

प्रधानेऽन्यत्र वाक्यार्थे यत्रांगं तु रसादयः।
काव्ये तस्मिन्नलंकारो रसादिरिति मे मतिः॥

इस कारिका द्वारा ध्वनिकार ने रसवदादि सात को अलंकार रूप से स्वीकृति दी है। फलतः ये गुणीभूत व्यंग्य भी हैं, अलंकार भी हैं ऐसी मान्यता साहित्य शास्त्र की चल पड़ी। इस विषय को अलंकार के लक्षण की व्याख्या में स्पष्ट करा है। यहां काव्यलिंग एवं अनुमान को पृथक् निर्देश किया है। काव्य प्रकाशकार ने उद्भट के अनुसार लक्षण करके काव्यहेतु को ही अनुमान कहा था।

१३—वाग्भट प्रथम—३९

वाग्भट नाम के दो विद्वान् आलंकारिक हुए हैं। वाग्भट प्रथम का वाग्भटालंकार ग्रन्थ है, द्वितीय का वाग्भट काव्यानुशासन है। वाग्भटालंकार के अनुसार अब लिखते हैं:—

शब्दालंकार—१-चित्र, २-वक्रोक्ति, ३-अनुप्रास, ४-यमक।

अर्थालंकार—१-जाति, २-उपमा, ३-रूपक, ४-प्रतिवस्तूपमा, ५-भ्रान्तिमान्, ६-आक्षेप, ७-संशय, ८-दृष्टान्त, ९-व्यतिरेक, १०-अपह्नुति, ११-तुल्ययोगिता, १२-उत्प्रेक्षा, १३-अर्थान्तरन्यास, १४-समासोक्ति, १५-विभावना, १६-दीपक, १७-अतिशयोक्ति, १८-हेतु, १९-पर्यायोक्ति, २०-समीहित, २१-परिवृत्ति, २२-यथासंख्य, २३-विषम, २४-सहोक्ति, २५-विरोध, २६-अवसर, २७-सार, २८-श्लेष, २९-समुच्चय, ३०-अप्रस्तुतप्रशंसा, ३१-एकावली, ३२-अनुमान, ३३-परिसंख्या, ३४-प्रश्नोत्तर, ३५-संकर।

भावाभास के अंगत्व से बने समाहित से भिन्न समाहित या समीहित नया अलंकार है। वाग्भट द्वितीय ने भी समीहित नाम से लिखा है, दोनों के लक्षण समान हैं। प्रश्नोत्तर को पहले भोज ने शब्दालंकार लिखा था, उसको इन्होंने अर्थालंकार माना है।

इन्होंने जाति, स्वभावोक्ति को ही माना है। और अलंकारों का संक्षेप ही किया किन्तु नवीनरूप में विस्तार नहीं किया। उसका कारण कहते हैं कि:—

अचमत्कारिता वा स्यादुक्तान्तर्भाव एव च।
अलंक्रियाणामन्यासामनिबन्धे निबन्धनम्॥

इन अलंकारों के अतिरिक्त अलंकारों के न लिखने का हेतु है कि इन उल्लिखित अलंकारों से अतिरिक्त में चमत्कार नहीं या फिर स्वीकृतों में ही अन्तर्भाव हो जाता है। अतः पृथक् नहीं लिखा।

१४—हेमचन्द्र—३५

हेमचन्द्र ने अपने काव्यानुशासन में शब्दालंकार १-अनुप्रास (लाटानुप्रास को भी इसी के अन्तर्गत लिखा है), २-यमक, ३-चित्र, ४-श्लेष, ५-वक्रोक्ति, ६-पुनरुक्ताभास, ये ६ अलंकार लिखे हैं। पुनरुक्ताभास कहा है।

अर्थालंकार—१-उपमा, २-उत्प्रेक्षा, ३-रूपक, ४-निदर्शन, ५-दीपक, ६-अन्योक्ति, ७-पर्यायोक्त, ८-अतिशयोक्ति, ९-आक्षेप, १०-विरोध, ११-सहोक्ति, १२-समासोक्ति, १३-जाति, १४-व्याजस्तुति, १५-श्लेष, १६-व्यतिरेक, १७-अर्थान्तरन्यास, १८-ससन्देह, १९-अपह्नुति, २०-परावृत्ति, २१-अनुमान, २२-स्मृति, २३-भ्रान्ति, २४-विषम, २५-सम, २६-समुच्चय, २७-परिसंख्या, २८-कारणमाला २९-संकर।

यहां परावृत्ति यह नया अलंकार माना है, स्वयं कल्पित है।

जैनाचार्यों ने अलंकारों में संक्षेप ही किया है। आप लोगों में से हेमचन्द्र का कहना है कि पुनरुक्तवदाभास एवं अर्थान्तरन्यास शब्दार्थोभयगत ही हैं तथापि क्रमशः शब्दवैचित्र्य एवं अर्थवैचित्र्य को उत्कट देख कर प्रथम को शब्दालंकारों में द्वितीय को अर्थालंकारों में कहा है। १-परिकर अपुष्टार्थत्व दोषाभाव रूप है यथासंख्य भग्नप्रक्रमता दोषाभाव रूप है, २-विनोक्ति चमत्कार शून्य है, ३-भाविक भूतभावी पदार्थों का विष्कम्भक एवं प्रवेशकों के द्वारा प्रदर्शन कराया जा सकने के कारण अभिनेय होने से रूपकों नाटकों के उपयोगी है। ४-उदात्त यदि समृद्धिशाली वस्तु लक्षण रूप अवस्था में है तब अतिशयोक्ति या स्वभावोक्ति से बाहर नहीं है। यदि महापुरुष वर्णन रस स्वरूप है तव ध्वनि के अन्तर्गत है। यदि वह वस्तु स्वरूप है तव गुणीभूत व्यंग्य ही है। १२ आशीः, यदि अप्राप्त की प्राप्ति तुम को हो ऐसा आशासन कहना ही आशास्य है तब प्रियोक्ति मात्र है। यदि स्नेहातिशय से ऐसी इच्छा ही आशीः है तब चित्तवृत्तिरूप वह प्रधान होने पर भावध्वनि है। गुणीभूत होने पर गुणीभूत व्यंग्य है। १३ प्रत्यनीक प्रतीयमानोत्प्रेक्षा रूप है, अतः ये सब अलंकार नहीं हो सकते हैं।

१७—पीयूषवर्ष जयदेव—९०

जयदेव ने अपने चन्द्रालोक में शब्दालंकार—१-छेकानुप्रास, २-वृत्त्यनुप्रास, ३-लाटानुप्रास, ४-स्फुटानुप्रास, ५-अर्थानुप्रास, ६-पुनरुक्तप्रतीकाश, ७-यमक, ८-चित्र एवं ९-श्लेष २ लिखे हैं। स्फुटानुप्रास और अर्थानुप्रास दो अलंकार नये कल्पित हैं। पुनरुक्तवदाभास को ही पुनरुक्तप्रतीकाश नाम दिया है।

अर्थालंकार—१-उपमा ५, २-अनन्वय, ३-उपमेयोपमा, ४-रूपक ४, ५-परिणाम, ६-उल्लेख, ७-अपह्नुति ५, ८-उत्प्रेक्षा २, ९-स्मृति, १०-भ्रान्ति, ११-सन्देह, १२-मीलित, १३-सामान्य, १४-उन्मीलित०, १५-अनुमान, १६-अर्थापत्ति, १७-काव्यलिंग, १८-परिकर, १९-परिकरांकुर ०, २०-अतिशयोक्ति ६, २१-प्रौढोक्ति ०, २२-सम्भावन ०, २३-प्रहर्षण ०, २४-विषादन ०, २५-तुल्ययोगिता, २६-दीपक ३, २७-प्रतिवस्तूपमा, २८-दृष्टान्त, २९-हुंकृति ०, ३०-निदर्शना, ३१-व्यतिरेक, ३२-सहोक्ति, ३३-विनोक्ति, ३४-समासोक्ति, ३५-श्लेष, ३६-अप्रस्तुतप्रशंसा, ३७-अर्थान्तरन्यास, ३८-विकस्वर ०, ३९-पर्यायोक्ति, ४०-व्याजस्तुति, ४१-आक्षेप २, ४२-विरोध, ४३-विरोधाभास, ४४-असम्भव ०, ४५-विभावना, ४६-विशेषोक्ति ४७-असंगति, ४८-विषम, ४९-सम, ५०-विचित्र,

५१-अधिक, ५२-अन्योन्य, ५३-विशेष, ५४-व्याघात, ५५-कारणमाला, ५६-एकावली, ५७-सार २, ५८-यथासंख्य, ५९-पर्याय, ६०-परिवृत्ति, ६१-परिसंख्या, ६२-विकल्प, ६३-समुच्चय, ६४-समाधि, ६५-प्रत्यनीक, ६६-प्रतीप, ६७-उल्लास ०, ६८-तद्गुण, ६९-पूर्वरूप० २, ७०-अतद्गुण, ७१-अनुगुण, ७२-अवज्ञा ०, ७३-प्रश्नोत्तर, ७४-पिहित ०, ७५-व्याजोक्ति, ७६-वक्रोक्ति, ७७-स्वभावोक्ति, ७८-भाविक, ७९-भाविक वि०, ८०-उदात, ८१-अत्युक्ति० ।

यहां रसवदादि ७ को नहीं स्वीकार किया है "केषांचिद्रसवदादयः" ऐसा संकेत भर किया है। संसृष्टि या संकर को पृथक् अलंकार नहीं माना है। ० बिन्दु से अंकित १५ अलंकार नवीन कल्पित हैं।

भोज ने प्रश्नोत्तर को शब्दालंकारों में माना और जयदेव ने प्रश्नोत्तर को अर्थालंकार में लिखा है।

१६—विद्याधर—८६

विद्याधर ने अपने ग्रन्थ एकावली में शब्दालंकार की कक्षा में ६ अलंकार (१-पुनरुक्तवदाभास, २-छेकानुप्रास, ३-वृत्यनुप्रास, ४-यमक, ५-चित्र एवं ६-लाटानुप्रास) दिखाए हैं जिनमें पुनरुक्तवदाभास को अर्थनिष्ठ मान कर भी इसी कक्षा में प्रदर्शित किया है। बाकी ५ को शब्द पौनरुक्त्य में परिगणित किया है। श्लेष को शब्दालंकारों के निरूपण प्रसंग में नहीं लिखा है। अर्थालंकार प्रकरण में निर्देश करके सभंगपदगत श्लेष को शब्दालंकार और अभंगपदगत श्लेष को अर्थालंकार माना है। यह सब अलंकार सर्वस्वकार रुय्यक के अनुसार लिखा है। किन्तु रुय्यक ने "तदेवं पौनरुक्त्ये पंचालंकाराः" लिखा है और चित्र को इन पांचों के बाद लिखा है। इसने चित्र को लिख कर लाटानुप्रास को लिखा है और फिर लिखा है कि "पंचैतेऽलंकारा निर्णीता पौनरुक्त्यकक्षायाम्" यह लेख जरा गड़बड़ है। यहां "पंचेते" के स्थान पर "पडेते" चाहता था। १-स्थानचित्र, २-बन्धचित्र एवं ३-आकारऽचित्र इन तीन प्रकार के चित्रों में भी वर्णों की आवृत्ति होती है। स्थानचित्र दो प्रकार का है। जहां कर्णिका स्थान में वर्ण का आना जाना होता है, एक भेद यह है। ओष्ठ्य, तालव्य, कण्ठ्यादि वर्ण ही केवल आवें या निरोष्ठ्य, निस्तालव्य या निष्कंठव्य वर्ण ही केवल आवें, यह दूसरा भेद है। अन्य चित्र है जो द्वि कर्तृक हो जैसे हल, मुसल, मुरज, गोमूत्रिकादि वन्ध हो। आकार चित्र वह है जो एक कर्तृक हो जैसा पद्माकार, शैलाकार में वर्णों की लिपि हो। ऐसा लिखा है।

अर्थालंकार ८० लिखे हैं। अनिष्टविध्याभास अलंकार अलग माना है यद्यपि आक्षेप का भेद है ऐसा स्वीकार किया भी है। तत्कर नामक एक और अलंकार लिखा है। इस तरह दो अलंकार नये लिखे हैं और अतिशयोक्ति को रुय्यक के अनुसार दो बार भिन्न स्थानों में लिखा है। एक साध्यवसाना लक्षणा के स्वरूपान्तर्गत सिद्ध अध्यवसान मान कर, दूसरा विरोध की अवस्था में

आ जाने पर लिखा है। परिकरांकुर एवं प्रश्नोत्तरिका दो अलंकार रुय्यक की अपेक्षा अधिक हैं किन्तु पीयूषवर्ष जयदेव के द्वारा स्वीकृत हो चुके हैं, अतः नये नहीं हैं। रसवदादि ७ अलंकारों को रुय्यक की तरह अलंकार प्रकरण में न लिख कर काव्यप्रकाशकार मम्मट की तरह अपरांग गुणी भूतव्यंग्य के उदाहरणों को लिख कर "एत एव रसवदादयोऽलंकाराः" लिखा है। अतः ८० अर्था-लंकार माने हैं, ६ शब्दालंकार हैं, कुल योग ८६ हुआ।

१७—विद्यानाथ—७४

विद्यानाथ ने अपने प्रतापरुद्रीय में शब्दालंकार ६ और अर्थालंकार ६८—कुल ७४ अलंकार रुय्यक के समान ही लिखे हैं, अधिक नहीं लिखे। अनुमान एवं काव्य-लिङ्ग को पृथक् लिखना ही यह घोषित करता है। यहां विद्यानाथ ने अलंकारों की मौलिकता का आधार बड़ी पांडित्यपूर्ण पद्धति से किया है। इसको रुद्रट ने भी किया था, वह व्यावहारिक रहा। उसके बाद रुय्यक ने किया उसी का पल्लवन एवं विशदीकरण यहां किया है। आचार्य जिनसेन ने भी यहीं से यह क्रम लिया है। रुय्यक के निमीलित को यहां मीलन नाम दिया है और रसवदादि ७ अलंकार यहां नहीं माने हैं। विरोधप्रकरणान्तः पातिनी अतिशयोक्ति को छोड़ दिया है, अतः ८ अलंकार रुय्यक से कम हैं।

१८—द्वितीय वाग्भट—६८

वाग्भट द्वितीय ने अपने काव्यानुशासन में पहले अर्थालंकार लिखे हैं, पीछे शब्दालंकार। हेतु देते हैं कि अर्थ को समझाने के लिए शब्द का प्रयोग होता है अतः प्रथम उपेयभूत अर्थालंकारों को उदाहृत करते हैं। जिन्होंने पहले शब्दालंकार लिखे हैं उनका कहना है कि शब्द को समझ कर ही अर्थ को समझते हैं, अतः प्रथम शब्दालंकारों का निरूपण करते हैं। अस्तु। इन्होंने अर्थालंकार ६२ और शब्दालंकार ६ दिखाए हैं।

यहां अन्य एवं अपर दो अलंकार नये दिखाए हैं। समीहित नामक अलंकार भी नया जैसा ही है क्योंकि भावाभास की अंगता से बनने वाला अलंकार समाहित होता है, ऐसा सभी ने लिखा है। पर प्रथम वाग्भट ने समाहित लिख कर जो लक्षण दिया है वह लक्षण और द्वितीय वाग्भट का समीहित का लक्षण एकरूप एकार्थक है। हमारी समझ में प्रथम वाग्भट के मत में समीहित ही होगा। सम्भवतः ईकार की मात्रा छूट गयी या छपने में उठी नहीं होगी। इसलिए हमने कहा कि नया सा है। वस्तुतः दोनों जगहों में समीहित ही है।

१९—विश्वनाथ—८४

विश्वनाथ ने अपने साहित्यदर्पण में शब्दालङ्कार सात और अर्थालङ्कार ७७ लिखे हैं। शब्दालंकारों में भाषासमक एक नया अलंकार लिखा है तथा

हिन्दी में तुकान्त कविता जिसके अन्त में तुक मिली हुई रहती है, उसी को विश्वनाथ ने अन्त्यानुप्रास लिखा है। श्रुत्यनुप्रास भी नई कल्पना है। इस प्रकार अनुप्रास के अन्तर्गत दो अलंकार नये हैं। और निश्चय एवं अनुकूल दो अर्थालंकार नये हैं।

२०—नरेन्द्रप्रभ सूरी—७७

नरेन्द्रप्रभ सूरी ने अपने ग्रन्थ अलंकार महोदधि में ५ शब्दालंकार, १ पुनरुक्तवदाभास उभयालंकार, ७१ अर्थालंकार लिखे हैं। इस तरह कुल योग ७७ अलंकार हैं। इसकी विलक्षणता यह है कि इन्होंने अन्य आचार्यों की तरह अर्थालंकार निरूपण के आरम्भ में उपमा को नहीं लिखा किन्तु अतिशयोक्ति को लिखा है। इसका कारण जो कि प्रसिद्ध है कि अतिशयोक्ति सर्वालंकार बीज है उसी का विन्यास किया है। अतिशयोक्ति के बाद सहोक्ति को लिखा है। इसके बाद उपमा वगैरह का निरूपण किया है। काव्यप्रकाश का अनुसरण किया है। नवीन कोई अलंकार नहीं लिखा है। रसवदादि ४ अलंकार लिखे हैं, भावोदयादि नहीं लिखे हैं।

२१—भावदेव सूरी—५७

भावदेव सूरी ने अपने ग्रन्थ काव्यालंकार सार में ६ शब्दालंकार एवं ५१ अलंकार अर्थगत लिखे हैं और रसवदादि अलंकारों में रसवत् एवं प्रेय दो ही अलंकार लिखे हैं, बाकी ५ अलंकार छोड़ दिये हैं। "देवक" नाम का एक नया अलंकार लिखा है। इस तरह कुल योग ५७ है।

२२—आचार्य जिनसेन—७६

आचार्य जिनसेन ने अपने ग्रन्थ अलंकार चिन्तामणि में ४ शब्दालंकार एवं ७२ अर्थालंकार लिखे हैं—कुल योग ७६ होता है। नवीन अलंकार की कल्पना कुछ नहीं की है। अर्थालंकारों की मौलिक आधारशिला का पूर्ण रूपेण निरूपण किया है जो कि विद्यानाथ के प्रतापरुद्रीय में तात्विक रूप से वर्णित है। उसका उद्धरण ज्यों का त्यों कर दिया है। एक स्थान में अपना मतभेद दिखाया है। जैसे विद्यानाथ ने साधर्म्य का तीन प्रकार से निरूपण करके लिखा कि "उपमानोपमेययोः स्वतो भिन्नत्वाच्छाब्दमेतन्न वास्तवम्"। यह साधर्म्य शाब्द ही है वास्तव साधर्म्य नहीं है। क्योंकि उपमान उपमेय स्वतः भिन्न हैं। इस पर अलंकार चिन्तामणिकार का खण्डन है कि "न वास्तवमित्येके" तदसत्, साधर्म्यस्य वस्तुरूपत्वात्। अन्यथा खरविषाणशशविषाणयोरपि उपमानोपमेयत्वप्रसंगात्" साधर्म्य वास्तव नहीं है यह किसी का कहना ठीक नहीं है। अगर वास्तव साधर्म्य नहीं मानेंगे तो खर एवं खरहे के शृंगों की भी उपमान उपमेय मानने का प्रसंग उपस्थित हो जायगा।

२३—नरसिंह कवि

नरसिंह कवि ने अपने ग्रन्थ नन्दराज यशोभूषण में शब्दालंकार एवं अर्थालंकार लिखे हैं, कुल योग है। नया अलंकार कुछ नहीं लिखा है।

२४—श्री विश्वेश्वर पण्डित—६१

आचार्य विश्वेश्वर पंडित ने अपने ग्रन्थ अलंकार कौस्तुभ में काव्य प्रकाश के अनुसार ही अर्थ के अलंकार लिखे हैं। शब्द के अलंकार नहीं लिखे हैं विचारसरणि विशुद्ध न्यायशैली में है।

२५—श्रीकृष्ण ब्रह्मतन्त्र परकाल—१०४

आप संन्यासी थे तथापि अलंकार शास्त्र में प्रेम था। इनका ग्रन्थ है अलंकारमणिहार। इसमें यति जी ने १०४ अर्थालंकारों का ही उपन्यास किया है। यह ग्रन्थ अलंकार कौस्तुभ के बाद का है। इन्होंने भी शब्दालंकार नहीं लिखे हैं।

२६—अप्पय्य दीक्षित—११७

अप्पय्य दीक्षित ने अपने ग्रन्थ चित्रमीमांसा तथा कुवलयानन्द दोनों में शब्दालंकारों को नहीं लिखा है, केवल अर्थालंकार लिखे हैं। चित्रमीमांसा ग्रन्थ पहले बनाया है क्यों कुवलयानन्द में श्लेष के उपसंहार में लिखा है कि "एतद्विवेचनं चित्रमीमांसायां द्रष्टव्यम्"। इसका विवेचन चित्रमीमांसा में देखें।

चन्द्रालोक के अनुसार ही इन्होंने अर्थालंकार लिखे हैं जिनमें १–हुंकृति, विरोध, ३–प्रश्नोत्तर, ४–भाविकच्छवि नामक चार अलंकार छोड़ दिये हैं और निम्नलिखित नये अलंकार माने हैं:—१–कारकदीपक (चन्द्रालोक की अपेक्षा नवीन अवश्य है किन्तु साहित्यदर्पण में इसका निरूपण हो चुका है), २–मिथ्याध्यवसिति, ३–ललित, ४–अनुज्ञा, ५–लेश (चन्द्रालोक की अपेक्षा अधिक है किन्तु दण्डी ने इसका निरूपण किया है), ६–मुद्रा (भोज ने इसको लिखा है), ७–रत्नावली, ८–विशेषक, ९–गूढोक्ति, १०–विवृतोक्ति, ११–युक्ति, (अधिक है किन्तु भोज ने लिखा है), १२–लोकोक्ति, १३–छेकोक्ति, १४–निरुक्ति, १५–प्रतिबंध, १६–विधि, १७–रसवदादि ७, (चन्द्रालोक में इनका संकेत भर किया है किन्तु मम्मट एवं विश्वनाथ इनका निरूपण कर चुके हैं) १८–प्रत्यक्षादि ६ (अधिक हैं किन्तु भोज इनका निरूपण कर चुके हैं), १९–संभव (भोज के ग्रन्थ में है), २०–ऐतिह्य, २१–आचार, २२–आत्मतुष्टि, २३–श्रुति एवं २४–लिंग (ये चार शब्द प्रमाण में अन्तर्भूत हैं ऐसा स्वयं इन्होंने लिखा है), २५–संसृष्टि, २६–संकर ४ (इन संसृष्टि और संकर को चन्द्रालोक में निषेध किया है।

२७—श्री शोभाकर मित्र—१०६

श्री शोभाकर मित्र ने अपने अलंकार रत्नाकर में १–पुनरुक्ताभास, २–यमक, ३–अनुप्रास, ४–चित्र ये चार शब्दालंकार माने हैं। अर्थालंकार १०२ माने

हैं। १–असम, २–उदाहरण, ३–प्रतिभा ३, ४–विनोद ४, ५–व्यासंग, ६–वैधर्म्य, ७–अभेद, ८–प्रतिभा, ९–क्रियातिपत्ति, १०–विध्याभास, ११–सन्देहाभास, १२–विकल्पाभास, १३–अचिन्त्य, १४–अशक्य, १५–व्यत्यास, १६–समता, १७–उद्रेक, १८–तुल्य, १९–अनादर, २०–आदर, २१–अनुकृति, २२–प्रत्यूह, २३–प्रत्यादेश, २४–व्याप्ति, २५–आपत्ति, २६–विधि, २७–नियम, २८–प्रतिप्रसव, २९–तन्त्र, ३०–प्रसंग, ३१–वर्धमानक, ३२–अवरोह, ३३–अतिशय, ३४–श्रृंखला, ३५–विवेक, ३६–परभाग, ३७–उद्भेद, ३८–गूढ, ये ३८ अलंकार इन्होंने नवीन कल्पित किये हैं। विद्वान् हैं, प्रतिभा के द्वारा अपना विकास किया है। गूढ को भोज ने शब्दालंकार कहा, इन्होंने अर्थालंकार कहा है।

२८—पण्डितराज जगन्नाथ—७०

पंडितराज जगन्नाथ ने अपने ग्रन्थ रसगंगाधर में शब्दालंकारों को नहीं लिखा है। यह ग्रन्थ अधूरा है। शायद लिखते परन्तु प्राप्य ग्रन्थ में केवल अर्थालंकार ७० हैं।

इन अलंकारों में तिरस्कार अलंकार एक नया है। ७० अलंकारों के विषय में विवेचन पुरः सर लक्षण एवं उदाहरण लिखे हैं। आरम्भ से अन्त तक उदाहरण स्वयं निर्माण करके लिखे हैं। उत्तर अलंकार पूर्ण नहीं लिखा गया। और भी मुख्य अलंकार जिनको सभी आचार्यों ने माना है जैसे भाविक, उदात्त वगैरह तथा संसृष्टि एवं संकर का निरूपण रह गया है। गुणीभूत व्यंग्यत्व एवं अलंकारत्व में विरोध नहीं माना है प्रत्युत दोनों धर्मों का सामानाधिकरण्य माना है। गुणीभावे वक्ष्यन्ते नामानि च, इस तरह प्रतिज्ञा किये हैं कि गुणीभूत व्यंग्यों के उदाहरण एवं नामों को लिखेंगे परन्तु दैवगति नहीं लिख पाए। बहुत विषय छूट गये जिन पर पंडितराज का पांडित्यप्रकर्ष मालूम पड़ता। यह ग्रन्थ अप्पय्य दीक्षित के साथ विवाद से भरा पड़ा है।

२९—गोस्वामी कर्णपूर—७२

गोस्वामी कर्णपूर ने अपने अलंकार कौस्तुभ में काव्य प्रकाश में कहे हुए ही अलंकारों का निरूपण विशेष रूप से किया है, अपना नया मत कुछ भी नहीं लिखा है। शब्दालंकार ६ लिखे हैं।

उपमादय एतेऽत्र व्याघातान्ता क्रमेण हि
द्विषष्टिसंख्या एवैतेऽलंकारा बहवः पुनः

उपमा से लेकर व्याघात पर्यन्त ६२ अलंकार माने हैं जिनमें उपमा के तीन भेदों को भी मिला दिया है। मूलतः ५९ हैं। संकर और संसृष्टि को इनसे अलग माना है। उसके भेदों की गणना विलक्षण प्रकार से की है। जो गणना गुणीभूत व्यंग्य एवं ध्वनियों के परस्पर संकर एवं संसृष्टि के प्रकार से मेलन कर काव्यप्रकाश में दिखाई है, वैसी ही गणना यहाँ भी है।

रसवदादि ४ अलंकार अलग लिखे हैं। इस तरह ६ शब्दगत, ६२ अर्थगत और ४ रसवदादि मिलाकर ७२ अलंकार होते हैं। भावोदय वगैरह तीन को नहीं लिखा है।

३०—केशव मिश्र—२२

केशव मिश्र ने अलंकारशेखर में ८ शब्दालंकार लिखे हैं। पुनरुक्तवदाभास छोड़ दिया है और गूढ, प्रहेलिका एवं प्रश्नोत्तर पुराने अलंकार मान लिये हैं। अर्थालंकार १४ लिखे हैं। आप लिखते हैं कि "एवमर्थालंकाराश्चतुर्दश न चापरे"। इस तरह अर्थालंकार १४ ही हैं इससे अधिक और नहीं हैं। अपने से प्राचीनों का असंगति नामक अलंकार का नाम आपने "अन्यदेश" लिखा है और समीहित का नाम भी समाहित दिया है। विरोध एवं विरोधाभास को दो प्रकार से लिखा है। १४ अलंकार ये हैं :—१–उपमा, २–रूपक, ३–उत्प्रेक्षा, ४–समासोक्ति, ५–अपह्नुति, ६–समाहित, ७–स्वभाव, ८–विरोध, ९–सार, १०–दीपक, ११–सहोक्ति, १२–अन्यदेश, १३–विशेषोक्ति, १४–विभावना।

३१—विद्याभूषण—८६

रसगंगाधर के निर्माता पण्डित राज जगन्नाथ के बाद १८ वीं शताब्दी में इन्होंने अपने ग्रन्थ साहित्य कौमुदी में काव्य प्रकाश, कुवलयानन्द एवं रसगंगाधर के अनुसार अलंकारों को लिखा है। ६ शब्दालंकार लिखे हैं और ६१ अर्थगत अलंकार काव्यप्रकाश के अनुसार लक्षण लिखते हुए माना है। और भाषासमक को रुद्रट एवं विश्वनाथ के अनुसार लिखा है। कुछ अलंकार अग्निपुराण के अनुसार जैसे विन्दुच्युतक, च्युतदत्ताक्षर, क्रियागुप्त लिखे हैं। बाकी १५ कुवलयानन्द एवं रसगंगाधर के अनुसार लिखे हैं। इस तरह ६ शब्दगत, ८० अर्थगत मिला कर ८६ अलंकार सब हैं।

३२—अच्युतराय—१०२

अच्युतराय ने अपने ग्रन्थ साहित्यसार में १०० अलंकार अर्थगत माने हैं और अनुप्रास एवं यमक २ अलंकार शब्दगत माने हैं। इस तरह १०२ माने हैं। किसी नवीन अलंकार का आविष्कार नहीं किया है।

३३—भट्ट देवशंकर—११५

भट्टदेव शंकर ने अपने ग्रन्थ अलंकारमंजूषा में शब्दालंकार नहीं लिखे हैं, अर्थालंकार लिखे हैं। जो अपने पूर्ववर्ती आचार्यों के ही सम्मत हैं। नवीन "चित्र" नामक अर्थ गत अलंकार आविष्कृत किया है और ललितोपमा नाम से पदार्थवृत्ति निदर्शना को लिखा है। संभव, ऐतिह्य, अर्थापत्ति एवं अनुपलब्धि को नहीं माना है और कुवलयानन्द ने चित्र एवं पदार्थ निदर्शना का परि-गणन नहीं किया है। अतः कुवलयानन्द एवं अलंकार मंजूषा में दो अलंकारों का हेरफेर है।

अलंकारों के विकास का प्रकार

इस तरह ऊपर दिखाए हुए निर्देशों के अनुसार भरत से आरम्भ करके भट्ट देवशंकर पर्यन्त ३३ आचार्यों द्वारा उनके ग्रन्थों में जैसे-जैसे ह्रास एवं वृद्धि अलंकारों में हमें उपलब्ध हुई हमने उसे दिखाई। सम्भव है इस हमारे लेख में कुछ त्रुटियाँ हों (गच्छतः स्खलनं क्वापि भवत्येव प्रमादतः) तथापि अलंकारों के क्रमिक विकास का स्वरूप यही है। हमने यह स्पष्ट दिखाया है कि पूर्ववर्ती किस आचार्य ने कितने अलंकार माने और परवर्ती ने किनको ग्रहण किया किनको छोड़ा और कितने नये स्वीकार किये। यही अलंकारों का ही क्या, वस्तु मात्र के क्रमिक विकास जानने का प्रकार है, फलतः हमने यही प्रकार दिखाया है। आरम्भ में चार ही अलंकारों के नाम तथा उनके लक्षण एवं उदाहरण दिखाए हैं। यह लौकिक उदाहरणों की कथा है। वैदिक उदाहरण तो इतने हैं कि आचार्य लोग उतने अलंकारों का नामकरण भी नहीं कर सके। सबसे अधिक अलंकारों की संख्या कुवलयानन्दकार ने दिखाई है, वह संख्या ११७ है। इन में शोभाकर के आविष्कृत नितान्त नये, जिनको इनके सिवाय किसी ने स्पर्श भी नहीं किया अलंकारों की संख्या मिला दी जाए तो ११७।३८ सम्मिलित संख्या १५५ एक सौ पचपन हो जाती है।

अलंकारों की मान्यता का सिद्धान्त

"अलंकारों की मान्यता का सिद्धान्त" इसके दो भाव हो सकते हैं। एक तो यह है कि अलंकारों की क्या ? आवश्यकता है, अलंकारों के बिना क्या ? क्षति थी, अलंकारों से किस ? अभाव की पूर्ति हुई या किस ? लक्ष्य की सिद्धि हुई, क्या ? वह लक्ष्य अन्य किसी गुण या रीति वगैरह से सिद्ध नहीं हो सकता था ? दूसरा भाव, इतने भेदों एवं प्रभेदों का मूल क्या ? है अर्थात् किस आधार पर इतने अलंकारों की कल्पना हुई, इनका मौलिक तत्व क्या ? है। इनके वर्गीकरण का सिद्धान्त क्या ? है।

प्रथम भाव की व्याख्या में हमारा कहना है कि आवश्यकता आविष्कारों की जननी है। आवश्यकता इस बात की हुई कि एक तरफ कहा जाता है कि "काव्यालापांश्च वर्जयेत्" काव्य के विषय में आलाप अर्थात् बातचीत भी नहीं करना चाहिए, अर्थात् काव्य को नहीं पढ़ना चाहिए। दूसरी तरफ कहते हैं कि "काव्यशास्त्र-विनोदेन कालो गच्छति धीमताम्" विद्वानों का विनोद काव्य से ही होता है। क्योंकि "करोति कीर्तिं प्रीतिं च साधुकाव्यनिषेवणम्" साधु काव्य के सेवन से आनन्द मिलता है और लोक में प्रशंसा होती है।

किसी भी वस्तु की, या व्यक्ति की साधुता याने अच्छाई की कसौटी उसकी उपादेयता (याने यह लेने लायक है) निर्भर है उसके आकर्षक तत्वों पर, आकर्षक तत्व हैं गुण और अलंकार। गुणों के बाद अलंकार का स्थान है। जो

कार्य गुण नहीं कर सकते या गुणों के करने के बाद जो कार्य अवशिष्ट रह गया उस कार्य की संपत्ति अलंकारों से होती है। इस बात को युक्ति से स्पष्ट करते हैं।

गुणवत्यपि निर्दोषेऽलंकारैः काव्य-राजनि ।
जायतेऽन्यैव सुषमा सेनोपकरणैरिव ॥

जैसे राजा प्रमादादि दोषों से रहित है और न्याय पुरः सर शासन करने की योग्यता भी रखता है किन्तु उसका राजभाव विकसित होता है सेना वगैरह उपकरणों से ही। ठीक उसी तरह काव्य की भी स्थिति है। काव्य दोषों से रहित एवं गुणों से भी युक्त है किन्तु विलक्षण सुषमा उसमें अलंकारों से ही है। व्यवहार में भी देखा जाता है कि "सर्वे गुणाः कांचनमाश्रयन्ति"। सभी गुण कांचन का आश्रयण करते हैं। बड़े-बड़े गुणी भी धनियों के द्वार पर दौड़ते हैं। इसका आशय यह है कि जो लक्ष्य गुणों से सिद्ध नहीं हो सकता एवं जिस अभाव की पूर्ति गुणों से नहीं हो सकती है उसके लिए अलंकारों की आवश्यकता है। इसीलिए कहा भी है कि "न कान्तमपि निर्भूषं विभाति वनिताननम्"। जैसे कितनी भी हृष्ट पुष्ट गैया क्यों न हो अगर उसको भूषा (चारा) नहीं मिले तो वह दीन हीन क्षीण होकर बीभत्स हो जाती है उसी तरह कितना भी कान्त नायिका का वदन क्यों न हो किन्तु अलंकार के बिना अच्छा नहीं लगता।

अब दूसरे भाव "किस ? आधार पर इतने अलंकारों की कल्पना हुई, इसका मौलिक तत्व क्या ? है" की व्याख्या करते हैं।

अलंकारों की विभिन्नता का मूल

काव्य के अलंकारों की विभिन्नता का मूल हमें खोजना है अतः काव्य के स्वरूप को जानना आवश्यक है क्योंकि काव्य में ही अलंकारों का निरूपण किया गया है। प्राचीन आचार्यों ने काव्य का स्वरूप बतलाते हुए कहा है कि शब्द और अर्थ काव्य के शरीर हैं और ध्वनि काव्य की आत्मा है। शरीर का लक्षण है "भोगायतनं शरीरम्"। भोग्य वस्तुओं के उपभोग का साधन शरीर है। अतः रस-रूप आत्मा के भोग्य वस्तु अलंकारों का निरूपण शरीर भूत शब्द और अर्थ में करना चाहिए जिनमें शब्द के दो स्वरूप हैं—एक उच्चारण दूसरा लिपि। उच्चारणीय शब्द ४ प्रकार का है जैसे ध्वनि, वर्ण, पद एवं वाक्य।

ध्वनिर्वर्णः पदं वाक्यमित्यास्पदचतुष्टयम्
यस्याः सूक्ष्मादिभेदेन वाग्देवीं तामुपास्महे ।

और लिपि स्वरूप शब्द एक प्रकार का है। अतः शब्द के अलंकारों की विभिन्नता के प्रकार ५ ही हैं। अतः शब्दालंकार ५ ही हैं।

क्योंकि अलंकारों का मूल तत्व अतिशयोक्ति है। जैसा कि "कोऽलंकारोऽनया बिना" इसके बिना कैसा अलंकार, कहा है। अतः ध्वनि एवं वर्ण वगैरह को भी किसी न किसी अतिशय से युक्त करना अलंकारत्व के लिए आवश्यक है।

१-शब्दों में पहला ध्वनि है। ध्वनि में अतिशय उसका विकार ही है। जिसके कारण वक्ता शोकाकुल, भयाकुल, चिन्ताग्रस्त, क्रोधान्ध या प्रसन्न मालूम पड़ता है। जिसका नाम काकु है। इसलिए काकु वक्रोक्ति यह नाम काव्यप्रकाशकार ने ध्वन्याश्रित अलंकार का किया। २-ध्वनि के बाद वर्ण है। वर्ण दो प्रकार के हैं—स्वर एवं व्यंजन। इस वर्ण में अतिशय क्या हो सकता है। तब विचार करने पर अनुभव हुआ कि वर्ण तो उच्चारण का विषय है। इसमें यदि उसी आनुपूर्वी वाले वर्ण को पुनः पुनः उच्चारण किया जाए तो उनमें एकरूपता समता होने से चमत्कार होता है। अतः वर्ण में समता रूप अतिशय है। तब कहा कि "वर्णसाम्यमनुप्रासः"। यहाँ वर्ण से व्यंजन वर्ण का ग्रहण किया है। यद्यपि स्वर के बिना व्यंजन का उच्चारण करना कठिन है तथापि स्वर के अनुसन्धान की अपेक्षा न करके व्यंजन का उच्चारण में मुख्यत्व माना है। अस्तु। इस वर्णसाम्य रूप अनुप्रास के दो स्वरूप हैं—एक छेकानुप्रास दूसरा वृत्यनुप्रास। यह व्यंजन वर्ण में पुनरुच्चारण से उत्पन्न "साम्य" एक प्रकार का अतिशय हुआ। एक और अतिशय उसमें यह है कि वर्ण का पुनरुच्चारण किया भी जाए किन्तु वह पुनरुच्चारण मालूम नहीं होवे। अर्थात् उस में पुनरुच्चारण से होने वाले स्वगत भेद को वह उच्चार्यमाण शब्द छिपा लेवे तब छिपाना ही अतिशय है, वही श्लेष कहाता है। इसीलिए कहा कि "भिन्ना अपि शब्दा भिन्नं स्वरूपमपह्नुवते स श्लेषः"। (का० प्र० ९) फलतः वर्णगत २ अलंकार अनुप्रास एवं श्लेष हैं। ३-वह व्यंजन वर्ण, समुदाय के रूप में दो प्रकार का है। एक अविभक्तिक रूप अर्थात् प्रातिपदिक, दूसरा सविभक्तिक अर्थात् पद। इस निःस्वर एवं सस्वर व्यंजन वर्णसमुदाय में जब पूर्वोक्त साम्य रूप अतिशय एवं अपह्नव रूप अतिशय होता है तब पूर्वोक्त अनुप्रास और श्लेष तो होंगे ही। दो अलंकार और बढ़ गये जिनका नाम है यमक और लाटानुप्रास। इस यमक और लाटानुप्रास में भी पुनरुच्चारण जनित साम्य ही अतिशय है। इस तरह पुनरुच्चारण जनित साम्य के दो अलंकार लाटानुप्रास एवं यमक हुए। अपह्नव में एक श्लेष—कुल योग ३ है।

लाटानुप्रास और यमक के भेद का कारण

जब तक व्यंजन वर्ण का पुनरुच्चारण स्वर रहित रहा तब तक वह वर्ण अर्थशून्य निरर्थक रहा। किन्तु वह व्यंजन वर्ण स्वरघटित हुआ और समुदायात्मक हुआ तब उसने एक और स्वरूप को प्राप्त किया। वह स्वरूप है उसका सार्थक होना। निरर्थक स्वरूप उसका पहले से ही रहा। इस तरह निरर्थक वर्ण की पुनः श्रुति, सार्थक वर्ण की पुनः श्रुति, एवं निरर्थक और सार्थक वर्ण की पुनः श्रुति ये तीन प्रकार हुए। अब यहाँ एक विचार उपस्थित होता है कि इधर पुनः-श्रुति को अलंकार माना जाता है, उधर शास्त्रान्तर में पुनः-श्रुति को पुनरुक्ति एवं कथितपदत्व दोष माना गया है। तब दोष वारण के लिए लाटानुप्रास में "भेदे तात्पर्यमात्रतः" कहा गया है और यमक में "अर्थे सत्यर्थभिन्नानां" कहा गया है। अर्थात् पुनःश्रुति रहे किन्तु उन समुदित वर्णों के अर्थों में भेद होना आवश्यक है।

तब पुनः आपत्ति हुई कि लाटानुप्रास और यमक में क्या भेद हुआ ? इसका समन्वय किया कि यमक में अर्थों में भेद है, लाटानुप्रास में अर्थों की संगति में भेद है। अर्थात् अर्थों में उद्देश्य विधेय भावरूप से या कर्मकर्तृभाव रूप से जो संगति की जाती है वही भिन्न है। वस्तुतस्तु यमक से भिन्न लाटानुप्रास नहीं है। ४–पद के बाद पदसमुदाय वाक्य आता है। उसमें भी पुनरुच्चारण जनित साम्यरूप एवं अपह्नव रूप अतिशय रहता है। तदनुसार साम्य के अन्तर्गत अनुप्रास, लाटानुप्रास एवं यमक श्लोकावृत्ति यमक है और अपह्नवरूप श्लेष है। वह समुदाय भी पूर्ववत् सार्थक, निरर्थक एवं सार्थक निरर्थक है और उसका पुनरुच्चारण पूर्ववत् आपत्तिग्रस्त हुआ अतः उस दोष को वारण करने के लिए कहा कि "एकार्थतेव"। यहाँ वस्तुतः एकार्थता समानार्थकता नहीं है किन्तु भासित होती है। यहाँ एक और अलंकार पुनरुक्तवदाभास वाक्य में अधिक हुआ। वस्तुतस्तु यह पुनरुक्तवदाभास शब्दालंकार नहीं है क्योंकि उसी आनुपूर्वी वाले वर्ण या पद या वाक्य का यदि पुनरुच्चारण हो तब शब्दगत पुनरुच्चारण मानकर शब्दालंकार कहा जा सकता है। यहाँ तो शब्दों की अनुपूर्वी भिन्न है किन्तु एक बार जो अर्थ उपस्थित हो चुका वही अर्थ पुनः उपस्थित होता है। शब्दान्तर से वह अर्थ पुनः उपस्थित होता है, यह बात अलग है किन्तु अर्थ ही पुनः उपस्थित होता है शब्द का पुनरुच्चारण नहीं होता, अतः यह अलंकार अर्थगत है। किन्तु जिन अर्थों की उपस्थिति के लिए जिन शब्दों का प्रयोग किया गया है उन अर्थों के उपस्थापक और भी शब्द हैं किन्तु उन शब्दों के योग से ही वह अर्थ पुनः उपस्थित हुआ जैसा मालूम पड़ता है। अगर उन शब्दों को नहीं प्रयुक्त किया जाए तो वह आशय नहीं मिलता है। अतः शब्द की प्रभुता के कारण शब्दगत मान लिया है।

यद्यपि यह नियम सामान्य स्थानों में भी लागू हो सकता है, क्योंकि हमारे यहाँ काव्य की परिधि में आने वाले शब्दों के विषय में यह नियम लागू नहीं पड़ता है। यहाँ तो प्रत्येक शब्द अपनी विशेषता को लेकर ही आता है। जैसे "अथ प्रजानामधिपः प्रभाते" यहाँ प्रजानां शब्द के निवेश का अपना एक तात्पर्य है। प्रजा शब्द का अर्थ है सन्तति और जन। यहाँ का भाव है कि जनों का स्वामी दिलीप अब सन्तति का भी अधिक पति बनने की कामना वाला है। अतः जाया को साथ लिये है। जाया वह कहलाती है जिसमें वह पुरुष पुनः पैदा होता है। (तज्जाया जाया भवति यदस्यां जायते पुनः) अतः शब्दपरिवृत्ति की असहनीयता उत्तम कवि के काव्य में सर्वत्र ही है। तथापि वह भी एक नियम है इस दृष्टि से मान्यता देकर उसका अनुपालन करना लक्षण ग्रन्थों में उपदिष्ट है।

अनुप्रास एवं यमक, वर्ण, पद एवं वाक्य में रहते हैं। यमक वर्णगत उसी अवस्था में है जब वे वर्ण निरर्थक हैं। पद के ही खंडों में प्रकृति, प्रत्यय, लिंग, संख्या में श्लेष है जो कि सभंग है। अभंग श्लेष भी है जो समास में तथा असमास में रहता है। भाषाश्लेष वाक्यगत है। ५–इस तरह उच्चारणात्मा

शब्द के बाद लिपिस्वरूप शब्द का अवसर आता है। लिपि को भी शब्द स्मारक होने से शब्द ही माना है। उस लिपि में रहने वाले अलंकार का नाम चित्र है। यह चित्र आकार चित्र, बन्धचित्र, गतिचित्र एवं स्थानचित्र—४ प्रकार का होता है। इस लिपि के स्वरूप का चित्र नाम रखने का हेतु है। चित्रशब्द का प्रयोग लोक में दो अर्थों में प्रसिद्ध रूढ़ है। एक आलेख्य फोटो के अर्थ में और दूसरा आश्चर्य के अर्थ में। जहाँ अवयवों की तरह रेखाओं के द्वारा व्यक्ति का आकार अंकित किया रहता है, उसे चित्र कहते हैं।

१–यही चित्र यदि केवल ईश्वर-कृत हो तो एक कर्तृक होने से इसका नाम आकारचित्र है। उदाहरण पद्म, शैल, वृक्ष आदि हैं। यहाँ चित्रशब्द रूढ़ है। २–मूल में ईश्वर सम्पूर्ण जगत् का कर्ता है, उसके बाद जीव भी यदि उसी तरह किसी आकार विशेष के अविर्भाव में कर्ता हो जाए तो ईश्वर और जीव द्विकर्तृक होने से इसका नाम बन्धचित्र है। यहाँ चित्र के सदृश होने से इसको चित्र कहते हैं। यहाँ चित्र शब्द का गौण प्रयोग है। ३–कर्णिकादि प्रमुख स्थान में वर्ण शिलष्ट रहते हैं। अतएव ऐसे वर्णों का गमन प्रत्यागमन होता है। जिस क्रम से वर्ण पंक्ति गयी थी उसी क्रम से आ गयी, यही आश्चर्य है। इस तरह आश्चर्यकारी होने से गतप्रत्यागत वर्णों में गतिचित्र माना है। "आश्चर्यालेख्य-योश्चित्रम्" इस अमर कोष के अनुसार यहाँ चित्र शब्द रूढ है। ४–निष्कण्ठ्य, निरौष्ठ्य, निर्मूर्धन्य एवं निस्तालव्य या कण्ठ्य, ओष्ठ्य, मूर्धन्य एवं तालव्य वर्णों का जिस लिपि में विन्यास हो उसे स्थानचित्र कहते हैं। यहाँ अभिनव पद एवं पदार्थ के पर्यालोचन से मन्दबुद्धियों के चित् अर्थात् ज्ञान का त्राण माने पोषण किया अतः इसे चित्र कहते हैं। यहाँ चित्र शब्द यौगिक है। क्योंकि यह शब्द चित्पूर्वक त्रैङ् पालने धातु को आकारान्त बना कर उससे आतोऽनुपसर्गे कः इस सूत्र से क प्रत्यय करने पर बना है।

अर्थालंकारों की विभिन्नता का मूल

यहाँ अर्थालंकार पद में अर्थ शब्द से मतलब है जो वर्णन का विषय हो। अलंकार का अर्थ है जिससे सजाया जाए। यहाँ का भाव यह है कि कवि लोग सामाजिकों को, श्रोताओं को, पाठकों को आनन्दरूप रस की अनुभूति करा देने के लिए काव्य का निर्माण करते हैं, इसलिए अनुभवनीय रस के साधन काव्य के शरीर शब्द और अर्थ का इस शैली से उपन्यास करते हैं जिससे रसा-स्वादन सुन्दरतामय ढंग से हो।

कोई भी वस्तु जो कि अपने यथार्थ रूप में अर्थात् स्वस्वरूप में है, उसकी नूतन उल्लेखमय विलक्षणता ही अलंकार है। इसका सर्वप्रथम संकेत भामह ने अपने काव्यालंकार के प्रथम परिच्छेद की ३६ वीं कारिका में किया है कि—

वक्राभिधेयशब्दोक्तिरिष्टा वाचामलंक्रिया।

इसकी व्याख्या आचार्य अभिनव गुप्त के शब्दों में इस प्रकार है—ध्वन्यालोक लोचन तृतीय उद्योत "सैषा सर्वत्रव वक्रोक्तिः" की व्याख्या में आपने लिखा कि "शब्दस्य हि वक्रता अभिधेयस्य च वक्रता लोकोत्तीर्णेन रूपेणावस्थानमित्ययमेव असौ अलंकारस्य अलंकारभावः लोकोत्तरतैव चातिशयः, तेनातिशयोक्तिः सर्वालंकारसामान्यम्। तथा हि अनया अतिशयोक्त्या अर्थः सकलजनोपभोगपुराणीकृतोऽपि विचित्रता विभाव्यते तथा प्रमदोद्यानादिः विभावतां नीयते विशेषेण च भाव्यते सरसीक्रियते। इति।" शब्द की और अर्थ की वक्रता का मतलब है लोकोत्तीर्ण रूप से अवस्थान। यही अवस्थान उपमादि अलंकारों का अलंकारत्व है।

इसकी उक्ति याने संघटना वाक् याने काव्य की अलंक्रिया हमें इष्ट है। इस लोकोत्तरता का ही नाम अतिशय है। इससे अतिशयोक्ति सर्वालंकार सामान्य है। सभी अलंकारों के निर्माण के लिए मूल है। जैसे इस अतिशयोक्ति के द्वारा वर्णनीय अर्थ विलक्षण रूप से मालूम होने लगता है चाहे वह प्रतिदिन के उपभोग से पुराना अनास्वाद्य ही क्यों न हो। इसीलिए कहा कि "अनयाऽर्थो विभाव्यते" प्रमदा नायिका तथा उद्यान एवं चन्द्रादि विभाव हैं अर्थात् इनसे विशेष रूप से काव्य सरस किया जाता है।

इस शब्द और अर्थ की वक्र उक्ति का ही नाम अतिशयोक्ति है। अतएव भामह ने अतिशयोक्ति का निरूपण करके लिखा कि "सैषा सर्वत्रव वक्रोक्तिरनयार्थो विभाव्यते" फलतः वक्रोक्ति और अतिशयोक्ति दोनों पर्याय हैं।

काव्य में यह आवश्यक है, इष्ट है। काव्यत्व इसी के आधार पर है। जैसा कि भामह ने लिखा है—"युक्तं वक्रस्वभावोक्त्या सर्वमेवैतदिष्यते"। ये ऊपर परिगणित सभी काव्य प्रभेद पदार्थों के स्वभाव स्वरूप की वक्र उक्ति से युक्त हम चाहते हैं। पदार्थों के स्वभाव को लोकोत्तर प्रकार से वर्णन करने पर ही काव्य सम्पन्न होता है। यहाँ "वक्रस्वभावोक्त्या" इस पद में एक वचन का प्रयोग किया है अतः स्वभाव की वक्रोक्ति यही एक अर्थ है। वक्रोक्ति और स्वभावोक्ति दो उक्तियाँ आचार्य को इष्ट नहीं हैं। महाराज भोज की उक्ति से यह बात बिलकुल स्पष्ट हो जाती है—"वक्रत्वमेव काव्यानां पराभूषेति भामहः"। वक्रत्व ही काव्यों का उत्तम अलंकार है, ऐसा भामह का मत है। (श्रृंगार प्रकाश द्वितीय खण्ड) अगर दो कहना होता तो द्विवचन का प्रयोग करते। और भी कारण है। यदि "वक्रस्वभावोक्त्या" इस पद से वक्रोक्ति और स्वभावोक्ति दोनों काव्य स्वरूप में अलंकारों की सत्ता के लिए आवश्यक होती तो जैसे वक्रोक्ति के लिए मुख्य संकेत कि "यत्नोऽस्यां कविना कार्यः कोऽलंकारोऽनया विना।" कवि को वक्रोक्ति में यत्न करना चाहिए क्योंकि इसके बिना अलंकार कैसा ?

यही नहीं और भी कहते हैं कि इससे अर्थ सरस किया जाता है। वैसा संकेत स्वभावोक्ति के लिए नहीं किया। प्रत्युत "स्वभावोक्तिरलंकार इति केचि-

त्प्रचक्षते" स्वभावोक्ति को कोई अलंकार मानते हैं ऐसा गौण उपन्यास किया अर्थात् सर्वालंकार साधारणता इसमें नहीं मानी। यही कारण है कि भामह ने अतिशयोक्ति या वक्रोक्ति के न होने से स्वभावोक्ति को अलंकार स्पष्ट रूप से नहीं माना। तत्कालीन बड़े किसी आचार्य ने लिख दिया इसलिए आना कानी करते हुए निरूपण किया। किन्तु "हेतुश्च सूक्ष्मो लेशश्च नालंकारतया मतः। समुदायाभिधेयस्य वक्रोक्त्यनभिधानतः" हेतु, सूक्ष्म और लेश; वक्रोक्ति न होने से अलंकार नहीं हैं ऐसा स्पष्ट ही कह दिया। यद्यपि स्वभावोक्ति के द्वारा अलंकार हो सकता है। इससे सिद्ध है कि वक्रस्वभावोक्ति एक पद है और उसका एक ही उपर्युक्त अर्थ है। अस्तु।

इस तरह भामह ने अलंकारों का मूल एक वक्रोक्ति ही बतलाया। उसके बाद दण्डी ने कहा कि "श्लेषः सर्वासु पुष्णाति प्रायो वक्रोक्तिषु श्रियम्" इन सम्पूर्ण वक्रोक्तियों का मूल श्लेष है, इसी से वक्रोक्तियों में श्री आती है। इस तरह अलंकारों का मूल श्लेष और वक्रोक्ति दो प्राप्त होते हैं। और दण्डी ने भामह की तरह "वक्रस्वभावोक्त्या" इस एक वचन सिद्ध वक्रोक्ति को एक नहीं माना। वे कहते हैं कि "भिन्नं द्विधा स्वभावोक्तिर्वक्रोक्तिश्चेति वाङ्मयम्"। स्वभावोक्ति और वक्रोक्ति भिन्न-भिन्न दो हैं, यही काव्य का स्वरूप है। और इसके बाद भामह के द्वारा वक्रोक्ति के अभाव से अस्वीकृत हेतु सूक्ष्म एवं लेश को स्वभावोक्ति के कारण अलंकार माने हैं। कहते हैं कि—"हेतुश्च सूक्ष्मलेशौ च वाचामुत्तमभूषणम्" हेतु, सूक्ष्म और लेश काव्य के उत्तम अलंकार हैं।

यहाँ टीकाकार ने "रत्नश्री" टीका में शंका की है कि "ननु किमत्र भूषणम्? केवलमनेनैतत् क्रियते इति स्वरूपकथनमात्रम्। विशेषस्तु न कश्चित्। विशेषरूपश्चालंकार इति विशेषं योजयन्नाह।

प्रीत्युत्पादनयोग्यस्य रूपस्यात्रोपबृंहणम्।
अलंकारतयोद्दिष्टं निवृतावपि तत्समम्॥

शंका—यहाँ "अयमान्दोलिता प्रौढ" इस हेतु के उदाहरण में अलंकारत्व क्या? केवल मलयमारुत ने सबको प्रसन्न कर दिया यही स्वरूप कथन है, विशेष तो कुछ नहीं है। वस्तु का विशेष रूप ही अलंकार है, इसलिए विशेष की योजना करते हैं।

उत्तर—"मलयमारुत में प्रसन्न कर देने की योग्यता है" यह वायु के स्वरूप का पोषण ही यहाँ अलंकार है। क्योंकि जैसे यह पोषण वक्रोक्ति स्थल में होता है वैसे ही उसके अभाव स्वभावोक्ति में भी। अतः दोनों समान ही हैं।

इस तरह दण्डी ने अलंकारों का मूल तीन बतलाया—१-स्वभावोक्ति, २-वक्रोक्ति एवं ३-श्लेष। इसके बाद आचार्य वामन ने सर्वालंकार साधारणता के लिए उपमा का अभिषेक किया, जैसा उनके लेख से प्रतीत होता है।

एभिर्निदर्शनैः स्वीयैः परकीयैश्च पुष्कलैः।
शब्दवैचित्र्यगर्भेयमुपमैव प्रपंचिता ।।

इन अपने एवं दूसरों के पुष्कल उदाहरणों से सिद्ध है कि शब्दवैचित्र्य-गर्भिता उपमा का ही प्रपंच इन अलंकारों में है।

इन्हीं भामह, दण्डी एवं वामन के सिद्धान्तों का एक सूत्र में ग्रंथन रुद्रट ने यों किया है :—

अर्थस्यालंकारा वास्तवमौपम्यमतिशयः श्लेषः
एषामेव विशेषा, अन्ये तु भवन्ति निः शेषाः

अर्थालंकारों के मूल वास्तव अर्थात् वस्तु स्वभाव कथन, औपम्य सादृश्य, अतिशय एवं श्लेष चार ही हैं। अन्य सम्पूर्ण भेद इन्हीं के विशेष विकास हैं जिनमें वास्तव मूलक २३, औपम्य मूलक २१ अतिशय मूलक १२ एवं श्लेष मूलक १० हैं। इस तरह विश्लेषण करके निर्देश करने से भामह एवं दण्डी और वामन के सिद्धान्त परिष्कृत कर दिये गये। यहाँ परिष्कार का अर्थ यह है कि भामह ने जिस वक्रोक्ति रूप अतिशयोक्ति को सर्वालंकार बीज कहा था उसको रुद्रट ने केवल १२ ही अलंकारों का मूल कहा है। दण्डी ने जिस श्लेष को वक्रोक्ति का मूल माना था उसको भी वक्रोक्ति की परिधि से हटा कर पृथक् कर दिया और वामन ने जिस उपमा को सर्वालंकारों की जननी कहा था उसकी भी सीमा निर्धारित कर दी तथा श्लेष का एक नया ही मार्ग प्रस्तुत किया। किन्तु अलंकारों के ये उपर्युक्त चार मूल तत्व स्थिर किये।

इसके बाद रुद्रट के इस सिद्धान्त का पोषण आनन्दवर्द्धन ने अपने ग्रन्थ ध्वन्यालोक ३ उद्योत की ३६ कारिका की वृत्ति में किया। वे कहते हैं—अयं च प्रकारोऽन्येषामप्यलंकाराणामस्ति, तेषां तु न सर्वविषयः। अतिशयोक्तेस्तु सर्वालंकारविषयोऽपि सम्भवतीत्ययं विशेषः। येषु चालंकारेषु सादृश्यमुखेन तत्वप्रतिलम्भः यथा रूपकोपमातुल्ययोगितानिदर्शनादिषु तेषु गम्यमानधर्ममुखेनैव यत्सादृश्यं तदेव शोभातिशयशालि भवतीति।

यह जो अतिशयोक्ति में सर्वालंकार शरीर स्वीकरण योग्यता नामक प्रकार है अर्थात् अतिशयोक्ति सभी अलंकारों के शरीर की निष्पत्ति की योग्यता रखती है। यह प्रकार अन्य अलंकारों में भी है किन्तु उनकी वह योग्यता सर्व विषयिणी नहीं है। किन्तु अतिशयोक्ति में वह योग्यता सर्वालंकार विषयिणी भी सम्भव है। जिस रूपक, उपमा, तुल्ययोगिता, निदर्शना, प्रतिवस्तूपमा, अपह्नुति, स्मृति एवं उल्लेख वगैरह अलंकारों में साधारण धर्म के द्वारा गम्यमान सादृश्य शोभा को बढ़ाता है वहां उन अलंकारों में अलंकारत्व सादृश्य से ही प्राप्त है।

इस तरह उत्तरोत्तर अलंकारों की विभिन्नता का मूल तत्व परिष्कृत होकर बढ़ता गया है।

इसके बाद महाराज भोज ने सरस्वती कण्ठाभरण में एवं शृंगार प्रकाश में दण्डी के सिद्धान्त अलंकारों के मूल तत्व वक्रोक्ति एवं स्वभावोक्ति को स्वीकार करते हुए "रसोक्ति" को तीसरा मूल तत्व माना। वे लिखते हैं—वक्रोक्तिश्च रसोक्तिश्च स्वभावोक्तिश्चेति वाङ्मयम्। (स० क० ५।८)। यहाँ आलंकारिकों ने वाक् शब्द का प्रयोग काव्य के लिए किया है। "वाचां वांछन्त्यलंकृतिम्, वक्राभिधेयशब्दोक्तिरिष्टा वाचामलं क्रिया" इत्यादि स्थल इसके प्रमाण हैं। अतः वाक् का अर्थ है काव्य और मयट् प्रत्यय का अर्थ है स्वरूप। कार्य और कारण में (मृदेव घटः) मट्टी ही घड़ा है की तरह सामानाधिकरण्येन प्रयोग किया है। अतः काव्य स्वरूप के तीन कारण हैं—वक्रोक्ति, रसोक्ति एवं स्वभावोक्ति। अर्थात् काव्य व्यवहार अलंकारों पर निर्भर करता है, उस काव्य के अलंकारों के मूल तीन हैं।

त्रिविधः खलु अलंकार वर्गः, वक्रोक्तिः स्वभावोक्तिः रसोक्तिरिति। तत्रोपमाद्यलंकारप्राधान्ये वक्रोक्तिः, गुणप्राधान्ये स्वभावोक्तिः, विभावानुभावव्यभिचारिसंयोगात् रसाभिव्यक्तौ रसोक्तिरिति। श० प्र० २।११

यहाँ भी उपर्युक्त वक्तव्य को दुहरा दिया गया है। इस तरह संकलन करने पर वास्तव, औपम्य, अतिशय, श्लेष एवं रस ये पाँच अलंकारों के मूल तत्व हुए। इनमें रस की दो स्थितियां हैं। वह इन सब मूल तत्वों से अलंकार्य है तथा अपरोपस्कारक होने से अपरांग गुणीभूतव्यंग और अलंकार दोनों नामों से भी व्यवहार का विषय होता है।

इसके पहले आचार्य अभिनव गुप्त ने "रसभावादितात्पर्यमाश्रित्य" इस द्वितीय उद्योत की ६ ठी कारिका की व्याख्या में लिखा है कि "एतदुक्तं भवति उपमाया यद्यपि वाच्योऽर्थोऽलंक्रियते तथापि तस्य तदेवालंकरणं यद् व्यंग्यार्थाभिव्यंजनसामर्थ्याधानमिति वस्तुतो ध्वन्यात्मैवालंकार्यः। कटककेयूरादिभिरपि हि शरीरसमवायिभिः चेतन आत्मैव तत्तच्चित्तवृत्तिविशेषौचित्यसूचनात्मतया अलंक्रियते।

"रसभावादि" इस कारिका द्वारा यह कहा गया कि उपमादि अर्थालंकारों ने वाच्य अर्थ को यदि अलंकृत किया तब अलंकार्य वाच्यार्थ हुआ न कि ध्वनिस्वरूप। सिद्धान्त है "रसभावादि को लक्ष्य रख कर ही अलंकारों का विन्यास करना"। यह शंका हुई। इसका उत्तर देते हैं, यद्यपि उपमा के द्वारा वाच्यार्थ अलंकृत हुआ ऐसा प्रतीत होता है तथापि उस वाच्यार्थ का अलंकृत होना यही है कि उपमा के द्वारा वाच्यार्थ में व्यंग्यार्थ के अभिव्यंजन की शक्ति का आधान करना। वस्तुतः ध्वनि ही अलंकार्य है। हाथ वगैरह में पहने हुए कंकण केयूरादि अलंकार पहनने वाले व्यक्ति के चित्त की वासनाओं के औचित्य अनुरूपत्व का सूचन करने के कारण चेतन आत्मा ही को अलंकृत करते हैं। उपमादिरूप वाच्य इस अपरोपस्कारकत्वरूप स्थिति में होने से वे अलंकार कहाते हैं, वैसे ही सर्वदा व्यंग्य ही रहने वाले कभी वाच्य नहीं होने वाले रसभावादि

व्यंग्य भी जब इस स्थिति में आ जाते हैं तो वे भी अलंकार कहाते हैं। किन्तु ये रस, रस एवं भावादि के ही अंग होते हैं, वाच्य के अंग नहीं होते। संलक्ष्य क्रम ध्वनि वाच्य की अंग होती है।

सारांश यह है कि अपरोपस्कारक होना ही अलंकारत्व का प्रयोजक है चाहे यह व्यंग्य हो या वाच्य हो। व्यंग्य की प्रतीति के लिए वाच्य कारण है। तब अर्थात् व्यंग्य फल है। फल ही प्रधान होता है। जो प्रधान है अर्थात् गुण नहीं है वह यदि गुण हो जाता है तब गुणीभूत व्यंग्य कहाता है। यही "च्वि" प्रत्यय का अर्थ यहाँ संघटित होता है। अतः गुणीभूत व्यंग्य यह नाम उपाधि प्रयुक्त होने से औपाधिक है और उस व्यंग्य का अलंकार यह नाम अलंकारकत्व अर्थात् अपरोपस्कारकत्व रूप व्युत्पत्ति लभ्य लक्षण के कारण है। इसलिए रस को भी अलंकारों का मूल तत्व माना है और रसवदादि ७ अलंकार माने हैं।

कुछ प्रासंगिक चिन्तन

१—वक्रोक्ति की व्याख्या। वक्रोक्ति क्या है इसकी व्याख्या आचार्य के शब्दों से जानना आवश्यक है। अतः यहाँ उन शब्दों को लिख देते हैं। वक्रोक्ति शब्द की दो प्रकार की व्याख्या लोचनकार ने लिखी है। ध्वन्यालोक १ उद्योत में "यस्मिन्नस्ति न वस्तु किंचन" इस श्लोक के अंश "वक्रोक्तिशून्यं" पद की व्याख्या को तथा "सैषा सर्वत्र वक्रोक्तिः" तृ० उ०स्थ कारिका की व्याख्या को क्रमशः हम उद्धृत करते हैं और लोचन की व्याख्या कौमुदी का भी उल्लेख करते हैं।

लोचन—वक्रोक्तिरुत्कृष्टा संघटना, उसकी व्याख्या कौमुदी—वक्रोक्तिशून्य-मित्यनेन शब्दार्थगुणानामभाव उक्त इत्यन्वयः। कथं तेन तदुक्तिरित्याशंक्याह-वक्रोक्तिरुत्कृष्टा संघटना, अत्रोक्तिशब्देन संघटनैवोच्यते। "वक्रता च लोकोत्तरेण रूपेणावस्थानम्" इति वक्ष्यति। तेन वक्रत्वमुत्कर्षशालित्वम्। कवेश्च उक्ति-र्व्यापाररूपा संघटनैव रचनात्मिका।

लोचन—वक्रोक्ति उत्कृष्ट संघटना है। कौमुदी—वक्रोकि शून्यं इससे शब्दार्थ गुणों का अभाव कहा गया है। यह अन्वय है। "इससे यह कैसे कहा गया" ऐसी आशंका करके उत्तर देते हैं कि यहाँ उक्ति शब्द से संघटना ही कही जाती है। "वक्रता लोकोत्तर रूप से अवस्थान का नाम है" ऐसा आगे कहेंगे। इससे वक्रता उत्कर्षशालिता का पर्याय है। कवि की उक्ति व्यापाररूपा संघटना ही है जिसका पर्याय रचना है। यहाँ की व्याख्या से यही सिद्ध होता है कि उत्तम संघटना का नाम वक्रोक्ति है। आगे लिखते हैं कि उस शब्दार्थोभय सम्बन्धिनी संघटना रूप उक्ति में उत्कृष्टत्व लक्षण वक्रत्व का एक मात्र कारण गुणों का सम्बन्ध है क्योंकि संघटना में माधुर्यादि गुण विशिष्ट रसों के अभि-

व्यंजन का सामर्थ्य है। "तस्याश्च शब्दार्थोभय सम्बन्धिन्या वक्रत्वमुत्कृष्टत्व लक्षणं माधुर्यादिगुणाकरसाभिव्यंजनसामर्थ्ययोगितया गुणसंबन्धैकनिबन्धन-मिति।" तृतीय उद्योतस्थ विषय, पृष्ठ ९१, पंक्ति ६ में हम लिख चुके हैं।

२—"रसवत्" शब्द की व्याख्या के प्रसंग से रसवत् शब्द की व्याख्या भी कर देते हैं। इस शब्द की दो व्याख्याएँ मिलती हैं। एक रुय्यक की है दूसरी कुन्तक की है। रुय्यक का अलंकार सर्वस्व में लेख है "रसो विद्यते यत्र निबन्धे व्यापारात्मनि तद्रसवत्"। यहाँ निबन्ध शब्द भाव साधन है न कि अधिकरण साधन है जिसमें रस का निबन्धन हो ऐसा अधिकरण साधन निबन्ध शब्द मानने पर रसवत् काव्य ही कहलाएगा, रसवदलंकार नहीं कहलाएगा। अतः इस दोष को हटाने के लिए निबन्ध का विशेषव्यापारात्मनि दिया। जहाँ रस अलंकरण रूप व्यापार में प्रवृत्त हो वहाँ रसवदलंकार है। अर्थात् जहाँ रस का अपना रसन आस्वादन रूप व्यापार न होकर अलंकरणरूप व्यापार हो वहाँ रसवदलंकार होता है।

कुन्तक का लेख है : **रसेन वर्त्तते तुल्यं रसवत्वविधानतः।**
योऽलंकारः स रसवत् तद्विदाह्लादनिर्मितेः॥

जो अलंकार काव्य को सरस बना देने से और सहृदय को आनन्ददायक होने से रस के तुल्य हो वह रसवत् अलंकार होता है।

यह सब प्रासंगिक हुआ। अब प्रकृत का अनुसरण करते हैं। इसके बाद आचार्य रुय्यक ने बड़े वैज्ञानिक ढंग से अलंकारों के मूलतत्व का निरूपण किया है।

अतिशयोक्ति अलंकार मूल कैसे ?

प्रत्येक वस्तु के दो स्वरूप होते हैं—एक सामान्य दूसरा विशेष। उसी तरह अतिशयोक्ति के भी सामान्य और विशेष दो स्वरूप हैं। अतिशयोक्ति का विशेष स्वरूप है जिसके १—भेद में अभेद, २—अभेद में भेद, ३—सम्बन्ध में असम्बन्ध, ४—असम्बन्ध में सम्बन्ध, ५—और कारणकार्य में पौर्वापर्य विपर्यय। ये पाँच भेद हैं। जहाँ वस्तु का अपना स्वभाव, अपना स्वरूप ही वर्णनीय होता है वहाँ ये अतिशयोक्ति के कोई भी प्रकार नहीं रहते। यह अतिशयोक्ति अलंकारों का मूल नहीं है। अतिशयोक्ति का सामान्य स्वरूप ही अलंकारों के उपयोगी है। उसको लोचनकार के मत से लिखते हैं। वक्रोक्ति और अतिशयोक्ति दोनों पर्याय हैं। "वक्रोक्ति उत्कृष्ट संघटना का नाम है। अर्थात् काव्य संघटना या काव्य रचना में उत्कृष्टता उत्कर्ष ही वक्रोक्ति है। उक्ति शब्द का अर्थ है संघटना। दुबारा वे लिखते हैं कि शब्द की एवं अर्थ की वक्रता का अर्थ है लोकोत्तर रूप से अवस्थान।" लोकोत्तरता ही अतिशय है।

प्रकृत काव्य में इसका समन्वय इस प्रकार है कि कवि शब्द का अर्थ है लोकोत्तरवर्णना में जो निपुण हो। उस कवि का लोकोत्तर वर्णना रूप कर्म ही काव्य है। अब विचारणीय यह है कि इस वर्णना, संघटना, रचना या योजना रूप काव्य में लोकोत्तरता अतिशय चमत्कार या चारुता का साधन क्या? प्राचीन समय में अतिशय के कारण गुण, अलंकार, रीति या वृत्ति रहे, परन्तु ध्वन्यालोककार आनन्द वर्धन और उसकी टीका लोचन के प्रणेता अभिनव गुप्त के बाद लोकोत्तरता या अतिशय का हेतु व्यंग्य सिद्ध हो गया। और उस व्यंग्य के उपस्कारक अलंकार हैं, यह आज के साहित्य जगत् का सर्वसम्मत सिद्धान्त है। उस व्यंग्य की स्थितियाँ दो हैं—स्फुट एवं अस्फुट। इस तरह रुद्रट एवं भोज के द्वारा निर्णीत अलंकारों के मूलतत्व वास्तव और औपम्य तथा रस का; आनन्द एवं अभिनव के द्वारा निर्णीत चारुता हेतु व्यंग्य के साथ समन्वय करने पर अलंकारों की विभिन्नता निम्नलिखित प्रकार से सिद्ध होती है।

अलंकार विभाग

अर्थालंकारों का विभाग चार तरह से हो सकता है। एक प्रकार व्यज्यमान वास्तव है, दूसरा प्रकार व्यज्यमान औपम्य है, तीसरा प्रकार व्यज्यमान रसभावादि है किन्तु तीनों जगह व्यज्यमान गुणीभूत है, चतुर्थ प्रकार अस्फुट व्यज्यमान है। जिनमें व्यज्यमान वस्तु जहाँ काव्य में उपस्कारक हो वे अलंकार १० ये हैं। १–समासोक्ति, २–पर्यायोक्ति, ३–आक्षेप, ४–व्याजस्तुति, ५–उपमेयोपमा, ६–अनन्वय, ७–अतिशयोक्ति, ८–परिकर, ९–अप्रस्तुतप्रशंसा और १०–अनुक्तनिमित्ता विशेषोक्ति। जहाँ व्यज्यमान औपम्य उपस्कारक हो वे अलंकार १६ ये हैं:—१–रूपक, २–परिणाम, ३–सन्देह, ४–भ्रान्तिमान्, ५–उल्लेख, ६–अपह्नुति, ७–उत्प्रेक्षा, ८–स्मरण, ९–तुल्ययोगिता, १०–दीपक, ११–प्रतिवस्तूपमा, १२–दृष्टान्त, १३–सहोक्ति, १४–व्यतिरेक, १५–निदर्शना और १६–श्लेष। जहाँ व्यज्यमान रसभावादि उपस्कारक हों वे अलंकार ७ ये हैं:—१–रसवत्, २–प्रेय, ३–ऊर्जस्वि, ४–समाहित, ५–भावोदय, ६–भावसंधि और ७–भावशवलता। जहाँ व्यज्यमान अस्फुट किन्तु अतिशय या स्वभाव ही उपस्कारक हो वे अलंकार ३९ ये हैं:—१–उपमा, २–विनोक्ति, ३–अर्थान्तरन्यास ४–विरोध, ५–विभावना, ६–उक्त गुण निमित्ता विशेषोक्ति, ७–विषम, ८–सम, ९–विचित्र, १०–अधिक, ११–अन्योन्य, १२–कारणमाला, १३–एकावली, १४–व्याघात, १५–मालादीपक, १६–काव्यलिंग, १७–अनुमान, १८–सार, १९–यथासंख्य, २०–अर्थापत्ति, २१–पर्याय, २२–परिवृत्ति, २३–परिसंख्या, २४–विकल्प, २५–समुच्चय, २६–समाधि, २७–प्रत्यनीक, २८–प्रतीप, २९–विशेष, ३०–मीलन, ३१–सामान्य, ३२–तद्गुण, ३३–अतद्गुण, ३४–असंगति, ३५–व्याजोक्ति, ३६–वक्रोक्ति, ३७–स्वभावोक्ति, ३८–भाविक और ३९–उदात्त।

क्रमशः इन १०+१६+७+३९ सम्मिलित कुल योग ७२ अलंकारों का आधुनिक समय में अवान्तर श्रेणि विभाग इस प्रकार है।

२१ सादृश्य प्राण अलंकार		नाम	लक्षण में विलक्षणता
४ भेदाभेदप्रधान		१ उपमा	सादृश्य
		२ उपमेयोपमा	सादृश्य, तृतीयसदृशव्यवच्छेद
		३ अनन्वय	सादृश्य, द्वितीयसदृशवच्छेद
		४ स्मरण	सादृश्य पुरोगामी स्मरण
६ अभेदप्रधान	४ आरोपमूलक	१ रूपक	ऐच्छिक आरोप
		२ अपह्नुति	सापह्नव आरोप
		३ ससन्देह	सन्देहानुगत आरोप
		४ भ्रान्तिमत्	वास्तविक आरोप
	२ अध्यवसायमूलक	१ उत्प्रेक्षा	साध्य अध्यवसाय
		२ अतिशयोक्ति १	सिद्ध अध्यवसाय
४ भेदप्रधान		१ सामान्य	भेदज्ञान रहित गुणसाम्य
		२ मौलिक	निगूहनपुरःसर गुणतारतम्य
		३ तदगुण	उपमेय द्वारा उपमानगुण ग्रहण
		४ व्यतिरेक	उपमान से अधिक उपमेय
७ गम्यौपम्याश्रय	२ पदार्थगत	१ तुल्ययोगिता	सभी पदार्थ प्रकृत या सभी अप्रकृत
		२ दीपक	कुछ पदार्थ प्रकृत, अन्य अप्रकृत
	३ वाक्यार्थगत	१ प्रतिवस्तूपमा	वस्तुप्रतिवस्तुभाव
		२ दृष्टान्त	बिम्बप्रतिबिम्बभाव
		३ निदर्शना	उपमा में पर्यवसित सम्बन्धानुपपत्ति
	२ श्लेषमूलक	१ समासोक्ति	केवल विशेषण श्लिष्ट
		२ श्लेष	विशेषण और विशेष्य दोनों श्लिष्ट

१८ विरोध प्राण अलंकार

वर्ग	नाम	लक्षणों में विलक्षणता
सामान्य	१ विरोधाभास	विरोध (साधारण नियम का भंग)
२ भेदाभेद सम्बन्धासम्बन्ध हेतुक	१ अतिशयोक्ति २	अभेद में भेद, भेद में अभेद, सम्बन्ध में असम्बन्ध, असम्बन्ध में सम्बन्ध
	२ अतिशयोक्ति ३	,, ,, ,,
११ कार्यकारणभावहेतुक	१ अतद्गुण	तद्गुण का विपर्यय
	२ विशेषोक्ति	कारण सद्भाव में भी कार्य नहीं होना
	३ विषम २	अननुरूप संसर्ग (उत्पत्ति एवं संयोगादि)
	४ अतिशयोक्ति ४	विरोधमूलक
	५ विभावना	विना कारण के कार्य
	६ विषम ३	कार्यकारण में असमानगुणत्व
	७ विषम ४	कार्यकारण में असमानक्रियत्व
	८ असंगति	कार्यकारण में असमानदेशत्व
	९ विशेष ३	बिना आधार के आधेय
	१० व्याघात	एक ने जिससे बनाया, दूसरे ने उसी से उसके विरुद्ध किया
	११ अन्योन्य	परस्पर कार्य कारण भाव
४ आश्रयाश्रयिभावहेतुक	१ विशेष १	एक आधार में युगपत् अनेक आधेय
	२ विशेष २	,, ,, ,,
	३ अधिक	आश्रय में आश्रयी का न समाना
	४ विषम १	आश्रय एवं आश्रयी में एक दूसरे के साथ विषमता।

वर्ग	उपवर्ग		नाम	लक्षणों में विलक्षणता
१० गूढार्थप्रतीतिहेतुक	३ गोप्ययुक्त		१ आक्षेप	दृढ़ता से निषेध
			२ व्याजोक्ति	गोप्यगोपन
			३ सूक्ष्म	रहस्य भेदन
	३ वाच्योक्तिवैचित्र्यपूर्ण		१ पर्यायोक्त	वाच्य के समकक्ष व्यंग्य
			२ प्रतीप	प्रसिद्ध उपमान का उपमेय कथन, या उपमान वैयर्थ्य
			३परिकर	साभिप्राय विशेषण
	४ प्रस्तुतादप्रस्तुतप्रतीतिमूलक		१ अप्रस्तुतप्रशंसा	स्पष्ट
			२ व्याजस्तुति	स्तुतिनिन्दाविषय
			३ विनोक्ति	बिना कथन
			४ परिसंख्या	प्रसिद्ध वस्तु कथन का निषेध (व्यपोहन)
९ शृंखलाहेतुक	४ रशनारूप		१ कारणमाला	रशना-कार्यकारणभाव
			२ एकावली	रशना-विशेषणविशेष्यभाव
			३ सार	रशना-तरतमभाव (क्रम)
			४ मालादीपक	रशना-एकक्रियायुक्तत्व
	५ मालारूप	४ एकरूपेण सम्बन्ध	१ उत्तर २	प्रश्नोत्तर की माला, उत्तर से प्रश्न का अनुमान
			२ पर्याय	अनेक में एक की माला
			३ समुच्चय	युगपत् अनेकों का सम्बन्ध
			४ समाधि	आकस्मिक कारण से फलसिद्धि
		क्रमिक सम्बन्ध	१ यथासंख्य	क्रमिक सम्बन्ध का निरूपण

14948
23/1/46

		नाम	लक्षणों में विलक्षणता
५ तर्कन्यायमूलक	३ हेतुहेतुमद्भावयुक्त	१ काव्य-लिंग	प्रकृतार्थोपपादक विवक्षित अर्थ
		२ अनुमान	कविप्रतिभोल्लिखित व्याप्तिप्रकारकपक्षधर्मता-निश्चयजन्य ज्ञान
		३ उत्तर १	पूर्ववत्
	२ समर्थ्यसमर्थकभावयुक्त	१ अर्थान्तरन्यास	सामान्य से विशेष, विशेष से सामान्य का समर्थन
		२ दृष्टान्त	विम्बप्रतिविम्ब भाव
४ लोकन्यायमूलक		१ प्रत्यनीक	शत्रु के सम्बन्धी का तिरस्कार
		२ परिवृत्ति	विनिमय (लेना-देना)
		३ सहोक्ति	अतिशयोक्ति पर आधारित सहकथन
		४ सम	अनुरूपसंसर्ग
३ प्रसादमूलक		१ स्वभावोक्ति	वस्तुस्वभाव का वास्तविक वर्णन
		२ उदात्त	वस्तु का समृद्धिमय वर्णन और महापुरुषों का अंगभाव
		३ भाविक	भूत और भावी पदार्थों का प्रत्यक्षीकरण
२ संश्लेषमूलक		१ संसृष्टि	तिलतण्डुलवत् संश्लेष
		२ संकर	क्षीरनीरवत् संश्लेष

SA
111

अलंकारों की परस्पर विभिन्नता का कारण

१–परिणाम एवं रूपक दोनों आरोप गर्भ हैं। किन्तु परिणाम में आरोप्यमाण जिसका आरोप करते हैं वह चन्द्रादि प्रकृत का उपयोगी होता है और रूपक में वह उपयोगी नहीं होता है किन्तु प्रकृत का उपरंजक होता है। यही इन दोनों का भेदक है।

२–उल्लेख एवं रूपक दोनों में आरोप होता है किन्तु उल्लेख में आरोप का विषय जिसके ऊपर आरोप करते हैं उसमें आरोप्य के रूप का स्वभाव सम्भव है और रूपक में वह स्वरूप या स्वभाव सम्भव नहीं है।

३–आरोप के विषय में सन्देह करना या भ्रांति होना एवं अपह्नव करना सन्देह, भ्रान्तिमान् एवं अपह्नुति का परस्पर में भेदक है।

४–उपमा, अनन्वय एवं उपमेयोपमा में साधर्म्य वाच्य है और तुल्ययोगिता, निदर्शना, दृष्टान्त, व्यतिरेक एवं दीपक में साधर्म्य गम्य है। अतः उपमादि तुल्ययोगिता से भिन्न है। सादृश्य मूलकता दोनों में वरावर है।

५–उपमेयोपमा में सादृश्य वाच्य है, प्रतिवस्तूपमा में वह गम्य है। यही इन दोनों में भेद है।

६–धर्मों में जहाँ वस्तु प्रतिवस्तु भाव होता है वहाँ प्रतिवस्तूपमा होती है और जहाँ धर्मों में बिम्बप्रतिबिम्बभाव होता है वहाँ दृष्टान्त होता है। यही इनमें भेद है।

७–तुल्ययोगिता में दोनों प्रस्तुत रहें या दोनों अप्रस्तुत रहें इस तरह प्रस्तुत एवं अप्रस्तुत व्यस्त ही अलग ही रहते हैं। किन्तु दीपक में एक प्रस्तुत दूसरा अप्रस्तुत इस तरह दोनों मिल कर रहते हैं, यही इनमें भेद है।

८–उपमा में उपमान लोक प्रसिद्ध होता है, उत्प्रेक्षा में वह अप्रसिद्ध होता है, यही इन दोनों में भेद है।

९–उपमा में अर्थसाम्य रहता है, श्लेष में शब्दसाम्य होता है, उपमा में शब्दशाम्य भी हो सकता है, श्लेष में अर्थ साम्य नहीं। यही इन दोनों के भेद का कारण है।

१०–उपमा में उपमान एवं उपमेय स्वतो भिन्न हैं, अनन्वय में वे भेद की कल्पना से भिन्न हैं। यही इनके भेद का कारण है।

११–उपमा में उपमानोपमेयभाव युगपत् एक काल में होता है और उपमेयोपमा में वह भाव पर्याय से होता है। यही इन का भेदक है।

१२–समासोक्ति में अप्रस्तुत गम्य होता है और प्रस्तुत वाच्य है। अप्रस्तुत-प्रशंसा में इसका विपरीत है अर्थात् अप्रस्तुत वाच्य एवं प्रस्तुत गम्य होता है। इसलिए दोनों परस्पर में भिन्न हैं।

१३–पर्यायोक्ति में वाच्य एवं व्यंग्य दोनों प्रस्तुत हैं। अप्रस्तुतप्रशंसा में वाच्य अप्रस्तुत होता है। अतः ये भिन्न हैं।

१४–अनुमान में हेतु की व्याप्ति एवं पक्षधर्मता होती है, काव्यलिंग में वे असम्भव है। अतः दोनों परस्पर भिन्न हैं।

१५–जहाँ साधारण गुणों के सम्बन्ध में भेद नहीं मालूम पड़े वह सामान्य होता है और जहाँ उत्कृष्ट गुण का सम्बन्ध एवं न्यून गुण की हीनता रहती है वह मीलन होता है।

१६–जहाँ अन्य के व्यवच्छेद याने हटाने में अभिप्राय नहीं होता है वह उदात्त होता है और जहाँ उसमें तात्पर्य रहता है वह परिसंख्या है। यही इन दोनों में भेदक है।

१७–जहाँ कार्य की सिद्धि में काकतालीयन्याय से दूसरे कारण की प्राप्ति हो वह समाधि है और जहाँ कार्य को सिद्ध करने में अहमहमिकया बहुत से कारणों का व्यापार हो वह द्वितीय समुच्चय है। इसलिए दोनों भिन्न हैं।

१८–अपह्नुति में निह्नव वाच्य होता है और व्याजस्तुति में वह निह्नव गम्य होता है। यही दोनों का भेदक है।

१९–यद्यपि व्याजोक्ति, मीलन एवं सामान्य में कथंचित् सादृश्य है तथापि वह सादृश्य विवक्षित नहीं है। अतः सादृश्यमूलक अलंकारों में उनकी गणना नहीं है।

२०–और अलंकारों में परस्पर भेद स्पष्ट हैं, अतः विद्वान् स्वयं समझेंगे।

इस तरह प्रायः जिन अलंकारों को सभी ने माना है उनके विषय में यह उपर्युक्त श्रेणि विभाग एवं स्वरूप हमने लिखा है। और भी अलंकार हो सकते हैं। आचार्य दण्डी ने उसका निर्णय कर लिखा है। "कस्तान् कार्त्स्न्येन वक्ष्यति" कौन है ऐसा जो कि उन अलंकारों को सम्पूर्णतया कह सकता है। अतः यह अलंकारों का निरूपण समाप्त है।

शक्ति निरूपण

अब अलंकारों के बाद शक्तियों का निरूपण क्रम प्राप्त है। पहले कह आए हैं कि "सुखार्थाः सर्वभूतानां प्रवृत्तिः" सुख के लिए सब प्राणियों की चेष्टा होती है। वह सुख, आत्मा रस ये सब पर्याय हैं। उसके विषय में श्रुति ने कहा कि "नायमात्मा बलहीनेन लभ्यः" इस आत्मा सुख या रस को बलहीन अर्थात् शक्तिहीन नहीं प्राप्त कर सकता है, अतः शक्ति का संचय करना अतीव उपयोगी होने से शक्तियों का निरूपण करते हैं।

सम्पूर्ण प्राणियों की चेष्टा के विषय सुख को प्राप्त करने के साधनों व उपायों का भिन्न-भिन्न निर्देश भिन्न-भिन्न आचार्यों ने किया है। किन्तु हमारे यहाँ साहित्य शास्त्र में सुख को प्राप्त करने का साधन उपाय काव्य है। काव्य शब्दार्थ-

रूप है। इस शब्द और अर्थ रूप काव्य के ज्ञान से सुख प्राप्त होता है। वहाँ पहले शब्द का श्रावण प्रत्यक्ष होने पर उस ज्ञात शब्द से अर्थ की उपस्थिति (ज्ञान) होता है। इसके बाद शाब्दबोध होता है। इस प्रकार शब्द से होने वाले शाब्दबोध के लिए अर्थोपस्थिति का कारण शब्द का और अर्थ का परस्पर सम्बन्ध है। इसी का नाम शक्ति या वृत्ति है। यह शक्ति तीन प्रकार की है— अभिधा, लक्षणा एवं व्यंजना। कोई आचार्य चौथी तात्पर्याख्या और पाँचवी रसनाख्यावृत्ति भी लिखे हैं।

अभिधा

अभिधा के विषय में आचार्यों के भिन्न-भिन्न मत हैं। इस विषय में यह बतलाना आवश्यक है कि शक्ति वगैरह के सम्बन्ध में नैयायिक, मीमांसक, वैयाकरण एवं साहित्यिक ने अपने-अपने ग्रन्थों में विचार किया है। हम यहाँ संक्षेप में तीनों का मत बतला कर साहित्यिक का सिद्धान्त बतलाएँगे। शक्तियाँ भी दो हैं या तीन हैं, इसमें भी मतभेद है।

वैयाकरण अभिधा ही मानते हैं। लक्षणा अभिधा का ही स्वरूप है। यह प्राचीन मत है। नवीन नागेश प्रभृति तो लक्षणा मानने लगे हैं। नैयायिक व्यंजना नहीं मानते। अभिधा एवं लक्षणा दो मानते हैं। वे अभिधा नाम न देकर संकेत पद से व्यवहार करते हैं। साहित्यिक तीनों मानते हैं। कुछ लोग गौणी अलग हैं, लक्षणा अलग है, ऐसा मानते हैं। किन्तु साहित्य शास्त्र में लक्षणा एक शक्ति है, उसका अवान्तर भेद गौणी है, ऐसा माना है। वामन के समय में सादृश्य हेतुक लक्षणा को शुद्ध लक्षणा माना गया था किन्तु आज उसको गौणी माना जाता है।

नैयायिक के मत से शक्ति का विचार

शब्द सभी को सुनाई पड़ते हैं किन्तु सबको सर्वदा उन शब्दों से अर्थ का बोध नहीं होता है और जिनको बोध होता है। उनको भी। वह बोध तत्काल नहीं होता है। किन्तु थोड़ी देर से होता है। और किसी-किसी को ही वह बोध होता है। इसलिए कल्पना करते हैं कि इस बोध का कारण है शब्द और अर्थ के सम्बन्ध विशेष के ज्ञान से पदार्थ की उपस्थिति। दूसरे किसी कारण की कल्पना नहीं हो सकती है। अब जिज्ञासा होती है कि उस उपस्थिति का हेतु जो शब्द और अर्थ का सम्बन्ध है उसका स्वरूप क्या है? इस पर नैयायिक कहता है कि उस सम्बन्ध का स्वरूप है संकेत। "इस पद से इस अर्थ को समझो" ऐसी या "यह पद इस अर्थ को बतलावे" ऐसी ईश्वर की इच्छा का नाम संकेत है। यद्यपि इस इच्छा का विषय पद, अर्थ और उनसे होने वाला बोध अथ च बोध और शब्दार्थ में परस्पर में रहनेवाला जन्य-जनकभावरूप सम्बन्ध भी हैं अतः निर्णय नहीं हो सकता है कि कौन वाचक है और कौन वाच्य है। तथापि बोधजनकतया जो इच्छा का विषय है वह वाचक है और बोधविषयतया जो इच्छा का विषय है वह वाच्य है।

इस पर शंका :—इसका नियामक कौन है कि ऐसी ईश्वर की इच्छा ही संकेत है, ऐसा ईश्वर का ज्ञान या कृति क्यों न ली जाए ? इसके सिवाय सिद्धान्त भी है कि "जानाति इच्छति यतते" पहले जानता है तब इच्छा करता है। इसलिए भी ईश्वर की इच्छा ही क्यों ली जाए प्रत्युत प्रथम प्राप्त ज्ञान लेना उचित एवं युक्तिसंगत भी है। और भी बाधक कारण है। यदि ईश्वर की ही इच्छा संकेत मानी जायगी तो "दशमेऽह्नि पिता नाम कुर्यात्" दशम दिन में पिता पुत्र का नामकरण करे, इस श्रुति के अनुसार नामकरण के लिए उपयोगी आधुनिक इच्छाएँ संकेत नहीं हो सकेंगी।

इसका उत्तर :-श्रुति भगवान् का वाक्य है। कोई भी वक्ता किसी को कुछ समझाने के लिए वाक्य का प्रयोग करता है। अतः ईश्वर के वाक्य में ईश्वर की इच्छा रहने से आधुनिक नामकरण की इच्छाओं में भी ईश्वरेच्छा मूल है। अतः उपर्युक्त दोनों शंकाएँ निर्मूल हैं। यहाँ का भाव यह है। जगत् व्यवहार प्रधान है। व्यवहार है प्रवृत्ति या निवृत्तिरूप। यह प्रवृत्ति-निवृत्तिरूप व्यवहार या तो चेष्टा से हो सकता है या शब्द से। चेष्टा से व्यवहार अधूरा ही होता है, पूर्णता उसमें नहीं आती है क्योंकि उसमें समझाने की क्षमता नहीं है, अत एव आचार्य दण्डी ने कहा है कि—

इदमन्धं तमः कृत्स्नं जायेत भुवनत्रयम्।
यदि शब्दाह्वयं ज्योतिरासंसारान्न दीप्यते ॥

यह समस्त त्रिलोकी अन्धकार से व्याप्त हो जाती यदि यह शब्द नाम की ज्योति सृष्टि के पूर्व में प्रकाशित न होती। अतः शब्द ही व्यवहार का प्रधान कारण है। उस शब्द का प्रयोग दूसरे को समझाने के लिए ही होता है। ईश्वर ज्ञान को संकेत इसीलिए नहीं कह सकते हैं कि ईश्वर अपने आप जो समझता है वही ईश्वरज्ञान हुआ। मेरे इस ज्ञान को मेरी सृष्टि समझें यह ईश्वर की इच्छा होती है। तब सृष्टि के आरम्भ में ईश्वर शब्दप्रयोग करता है। फलतः ज्ञान को समझाने की इच्छा से शब्द का प्रयोग होता है। अतः शब्द के मूल में इच्छा कारण है, हेतु है और ज्ञान फल है। क्योंकि "ज्ञाने परिसमाप्यते" ज्ञान में समाप्ति है। उसके बाद कुछ प्राप्तव्य नहीं है। इसीलिए चिन्मय ब्रह्म ज्ञानरूप है यह कहा जाता है। और इससे उत्पन्न इच्छा ही संकेत है, ज्ञान संकेत नहीं है। इसके अनुसार "जानाति इच्छति" यह क्रम भी संगत हो जाता है।

शंका :—ईश्वर यह संकेत सृष्टि के आरम्भ में प्रत्येक उच्चारण में करते हैं और प्रत्येक पुरुष के लिए करते हैं और वह भी एक बार या अनेक बार करते हैं। इसमें प्रश्न होता है कि आरम्भ में शब्द पहले है या अर्थ पहले है। क्योंकि दोनों की सृष्टि समकाल में मानना व्यवहार में दिखाई नहीं पड़ता है। और ईश्वर भी संकेत को करते हैं। तब किसी शब्द से अवश्य करते हैं। तब प्रश्न होता है कि उस शब्द का संकेत किससे किया ? शब्दान्तर से किया

कहने पर तो कोई अवधि नहीं होगी, इसलिए अवश्य ही व्यवहार से जिनका सम्बन्ध नहीं हुआ है ऐसे शब्द मानने पड़ेंगे। जब अन्त में व्यवहार ही मुख्य हुआ तो इच्छा को मानने की क्या आवश्यकता है।

पुनः शंका :—यदि ईश्वर की इच्छा ही संकेत है तो "धूम से वह्नि का ज्ञान हो जाए"? इस तरह सभी जगह शब्द प्रमाण से काम चल जाएगा। तब अनुमान प्रमाण की क्या आवश्यकता है? लक्षणा की भी क्या आवश्यकता है? गंगापद से तीर अर्थ का ज्ञान हो जाए ऐसी इच्छारूप संकेत से काम चल जाएगा। इत्यादि आपत्तियाँ इस मत में होती हैं। अनीश्वरवादी को भी शाब्दबोध होता है तब ईश्वरेच्छा को संकेत मानना कठिन है।

वैयाकरण के मत से शक्ति का विचार

महावैयाकरण नागेश जी कहते हैं कि शब्द और अर्थ में जो सम्बन्ध है जिसका नाम है वाच्यवाचकभाव वह अभिधा शक्ति है। शब्द में वाचकतारूपा और अर्थ में वाच्यतारूपा जो शक्ति है उस का कारण शब्द और अर्थ का परस्पर में (जो शब्द है वह अर्थ है जो अर्थ है वह शब्द है इस प्रकार का) तादात्म्य है। वह अध्यास ही है। जैसे धूम और वह्नि का स्वाभाविक अविनाभावरूप व्याप्ति सम्बन्ध है तथापि धूम से वह्नि के जानने के लिए उन दोनों के भूयः साहचर्येण दर्शन को उस सम्बन्ध का उद्बोधक होने से व्याप्तिरूप सम्बन्ध मान लिया है। उसी प्रकार पद में अर्थबोधकत्वरूपशक्ति स्वाभाविक है। उस शक्ति का उद्बोधक यह तादात्म्य है इस तादात्म्य को शक्ति मान लिया गया है क्योंकि शब्द और अर्थ का यदि तादात्म्य होगा तो छुरा बोलने से मुँह चीरा जाना चाहिए। मोदक बोलने से मुँह भर कर मीठा हो जाना चाहिए। किन्तु ऐसा होता नहीं है। इस के लिए कहते हैं कि भेद वास्तविक है, अभेद आरोपित है। अतः भेद सहिष्णु अभेद ही तादात्म्य है। इस पर कुछ लोग कहते हैं कि सम्बन्ध द्विष्ठ होता है। सम्बन्धियों से भिन्न हो और उनमें रहता हो उसका नाम सम्बन्ध है। इस तरह सम्बन्धि भेद नियत ही सम्बन्ध होता है। अतः अभेदसम्बन्ध बन नहीं सकता है। तब इस तरह आप की यह शक्ति केवल कल्पनामात्र ही है, ऐसी आपत्तियाँ वैयाकरणों के मत में हो जाती हैं।

मीमांसक के मत से शक्ति का विचार

मीमांसक का मत है कि कारण में कार्य जननानुकूला शक्ति रहती है और वह शक्ति पदार्थान्तर है। यह शक्ति तीन प्रकार की है—सहजा, आधेया और पदगा। जैसे वह्नि में दाहानुकूला शक्ति, प्रकाशक में प्रकाशनानुकूला शक्ति है, वह सहजा है।

वसन्त पंचमी के समय खेत में हल चला देने से उसमें उत्तम सस्यों के उत्पादन की शक्ति आ जाती है, यह शक्ति खेत में लाई जाती है, अतः आधेय है।

घटपद में घटत्वविषयक शब्दबोध के जनन के अनुकूल शक्ति है, अतः इसको पदगा शक्ति कहते हैं। जैसा कि कहा है कि "व्युत्पन्नस्य हि बुद्धिजन्म सहसा वाक्यश्रुतौ जायते"। व्युत्पन्न अर्थात् पद-पदार्थ के सम्बन्ध को जानने वाले व्यक्ति को वाक्य सुनने पर सहसा अर्थ का ज्ञान हो जाता है, यहाँ का आशय यह है कि वेद अनादि हैं अतः अपौरुषेय हैं। पुरुषद्वारा वेद का निर्माण नहीं होने से शब्द में उसकी इच्छा होने का प्रश्न ही उपस्थित नहीं होता है। इसलिए शब्दनिष्ठ सामर्थ्य ही तात्पर्य है। अतः अभिधा शक्ति सामर्थ्य या तात्पर्य सब पर्याय हैं।

वेदान्तियों के मत में शक्ति

पदों की अर्थों में मुख्या वृत्ति शक्ति है। वह पदार्थान्तर है। कारण में कार्यजननानुकूला शक्तिमात्र पदार्थान्तर है। पदनिष्ठा शक्ति एक भिन्न पदार्थ है, इसके विषय में प्रमाण है अनुमान। जैसे वह्नि में दाहानुकूला शक्ति है। यह दाहरूप कार्य से अनुमेय है वैसे ही पदों से होने वाले पदार्थ ज्ञान रूप कार्य से पदों में शक्ति का अनुमान होता है। "परास्य शक्तिर्विविधैव श्रूयते, शक्तयः सर्वभावानामचिन्त्या ज्ञानगोचरा" इत्यादि श्रुति स्मृतियाँ प्रमाण हैं। अन्य शक्तियां स्वरूप सती कार्य करती हैं। पद की शक्ति ज्ञात होकर ही अर्थ का बोध कराती है। इन दोनों मतों में लक्षणा मानने का क्या आधार होगा जब कि पदों में पदार्थबोधनानुकूला शक्ति मानने से सभी वाच्य एवं लक्ष्य अर्थों का बोध हो ही जाएगा। यदि उन शक्तियों में कार्यानुमेयता को सीमा मानेंगे तब व्यञ्जना शक्ति भी माननी चाहिए।

साहित्यिक के मत से सिद्धान्तभूत अभिधा का निरूपण–

साहित्य शास्त्र में अभिधादि शक्तियों का निरूपण मम्मट, विश्वनाथ, अप्पय दीक्षित एवं पंडितराज आदि ने किया है। जिनमें मम्मट का लक्षण साक्षात्संकेतित अर्थ की उपस्थिति का जनक जो शब्द का स्वाभाविक व्यापार है, वह अभिधा है। संकेत पद का अर्थ है समय अर्थात इस शब्द का यह वाच्य है, इस अर्थ का यह वाचक है—ऐसा शक्ति ग्राहक प्रमाण। यहाँ समय या संकेत का अर्थ ज्ञान नहीं है क्योंकि ज्ञान आत्मा में रहता है, शब्द और अर्थ में नहीं रहता है। अतः ज्ञान समय नहीं बन सकता है। विश्वनाथ मम्मटानुयायी है। अप्पय दीक्षित का "शक्त्या प्रतिपादकत्वमभिधा" यह लक्षण संदिग्ध है। क्योंकि शक्त्यभिन्न अर्थ का प्रतिपादक व्यापार अभिधा है ऐसा अर्थ करने पर तो लक्षण की संगति होती है परन्तु आगे चलकर जो वे लिखते हैं कि "सा त्रिधा रूढ़िरित्यादिः। अखण्डशक्तिमात्रेण एकार्थप्रतिपादकत्वं रूढ़िः"। वह अभिधा तीन प्रकार ही है, रूढ़ि आदि भेद से। जिसमें केवल अखण्ड शक्ति से एकार्थ की प्रतिपादिका हो वह रूढि है। इससे शक्ति पद में तृतीया का अर्थ हेतु है ऐसा मालूम पड़ता है क्योंकि आगे के निरूपण में "अवयव-शक्ति-सापेक्षं" इत्यादि रूप से सापेक्ष पद का प्रयोग क्रिया है। जिससे आत्माश्रय दोष हो जाता है।

अर्थात् अभिधा से प्रतिपादन करनेवाला व्यापार अभिधा है। "धान्येन धनवान्" में जैसे तृतीया का अर्थ अभेद है (धान्यरूप धन वाला है), उस तरह शक्त्या पद में तृतीया अभेदार्थक नहीं मालूम होती है। अतः यह लक्षण संदिग्ध है।

प्रदीपकार के वाचक लक्षण की व्याख्या की समीक्षा-

प्रदीपकार ने "साक्षात्संकेतितमर्थमभिधत्ते स वाचकः" इस कारिका की व्याख्या में लिखा है कि न च साक्षात्संकेतितवान् वाचक इत्येतावतैव सुस्थत्वे अभिधत्ते इत्यस्य वैयर्थ्यम् "जो साक्षात्संकेत विषयीभूत अर्थवाला हो वह वाचक है" इतने से ही काम चल जाएगा तब अभिधत्ते कहने की क्या आवश्यकता है। इसके उत्तर में कहते हैं कि नाना अर्थों वाला एक शब्द है वह जब अपनी शक्ति के द्वारा नाना अर्थों को उपस्थित करने लगता है उस समय संयोगादि नियामक एक अर्थ में उसकी अभिधानामक शक्ति का नियमन करते हैं। तब वह शब्द नाना अर्थों में से एक ही अर्थ को प्रतिपादन करता है अवश्य, किन्तु अन्य अर्थ भी तो उसी से मालूम पड़ते हैं। उस अर्थ में भी वह शब्द साक्षात्संकेत रखता है अतः लक्षण की अतिव्याप्ति हो गयी। अर्थात् उसको अन्य अर्थ का व्यंजक न कह कर वाचक ही कहना होगा। अतः दोष हटाने के लिए अभिधत्ते कहा। इसका हृदय यह है कि अभिधत्ते कहने से जो अभिधा शक्ति का विषय हो वही संकेतित होता है। तब यह अर्थ हुआ कि जो शब्द साक्षात् संकेतविषयीभूत अर्थ को अभिधा से कहता है वह शब्द वाचक है और उसी अर्थ को व्यंजना से कहता है तब वह शब्द व्यंजक होता है। दोष हट गया। क्योंकि संकेतित दोनों हैं। नियमन से अभिधान ही आसकती है। अब इसके बाद तथापि अतिव्याप्तिः ऐसा लिखना और वस्तुतस्तु कह कर व्याख्यान्तर करना सब निष्प्रयोजन है। औरों ने भी वाचक शब्द की व्याख्या ऐसी ही लिखी है जैसे शक्तिवाद में "ईश्वरसंकेतः शक्तिः। तया चार्थबोधकं पदं वाचकम्" ईश्वर संकेत शक्ति है। उससे अर्थबोध करने वाला पद वाचक है।

पंडितराजीय अभिधा शक्ति के स्वरूप की समीक्षा-

अर्थ का शब्द में रहने वाला, शब्द का अर्थ में रहने वाला शक्तिनामक सम्बन्ध विशेष अभिधा है और "शक्य-सम्बन्धो लक्षणा" शक्ति के विषयीभूत अर्थ का सम्बन्ध लक्षणा है। इस तरह अभिधा भी सम्बन्ध रूप है और लक्षणा भी सम्बन्धरूप है। तब दोनों का भेद कैसे होगा? अगर कहें कि अभिधा शब्द और अर्थ का परस्पर सम्बन्ध है तथा लक्षणा गंगापद की शक्ति का विषय प्रवाह अर्थ का तीर अर्थ के साथ सम्बन्ध है अर्थात् अर्थ का अर्थ के साथ सम्बन्ध है। अतः प्रतियोगी अनुयोगी सम्बन्धियों के भेद से दोनों भिन्न हैं। तब भी दोष हैं। लक्षणा शब्द निष्ठा शक्ति मानी गयी है। उक्त रीति से अर्थों का परस्पर सम्बन्धरूप मानने पर लक्षणा शब्द व्यापार नहीं रहेगा। इस तरह लक्षणा शब्द शक्ति नहीं रहेगी। अस्तु। यह दोष लक्षणा

में रहेगा। अभिधा और लक्षणा तो भिन्न-भिन्न हैं। इस पर पुनः प्रश्न उपस्थित होता है कि वह सम्बन्ध संयोग है या समवाय है या और कुछ ? यह प्रत्यक्ष से मालूम नहीं पड़ता है और न अनुमान से मालूम पड़ता है। क्योंकि जहाँ भूमि में घड़ा है वहाँ घट शब्द के कारण, स्थान, करण और प्रयत्नों का होना असम्भव है। जहाँ मुख में घट शब्द है वहाँ अर्थ घट के कारण मृदादि नहीं है। नियम है कार्य साध्य के अधिकरण में हेतु को रहना चाहिए। अतः प्रत्यक्ष एवं अनुमान गम्य भी वह सम्बन्ध नहीं है। शब्द से अर्थ पैदा नहीं होता है अतः कार्यकारण भाव या निमित्त नैमित्तिक भाव सम्बन्ध भी नहीं है। आश्रयाश्रयिभाव भी नहीं है। शब्द अर्थ का आश्रय नहीं है। अविनाभाव सम्बन्ध भी नहीं है। क्योंकि उस सम्बन्ध के मानने पर शब्द का अनुमान में अन्तर्भाव करना पड़ेगा। पंडितराज ने शब्द को अनुमान से पृथक् माना है। प्रतिपाद्य प्रतिपादक भाव सम्बन्ध मानने पर अभिधा, लक्षणा एवं व्यंजनाओं का भेदक क्या ? वाच्य-वाचकभाव सम्बन्ध का उल्लेख नहीं किया है। वह इष्ट होता तो स्पष्ट ही लिखते। तस्मात् पंडितराज की अभिधा का लक्षण सुस्पष्ट नहीं है। यदि कहें कि व्याख्या-नतो विशेषप्रतिपत्तिर्नहि संदेहादलक्षणम्" जब अन्य सम्बन्ध नहीं बन पाते तब परिशेषात् वाच्यवाचक भाव सम्बन्ध ही प्राप्त होता है। तब क्या इस तरह का लेख असंदिग्ध माना जायगा ?

अभिधा के भेद–

वह अभिधा चार प्रकार ही है—१-रूढ़ि, योगिनी, योगरूढ़ि और यौगिक-रूढ़ि। यद्यपि जयदेव, दीक्षित एवं पंडितराज वगैरह ने तीन भेद लिखे हैं किन्तु अश्वगन्धादि पदों की शक्ति का संग्रह करने के लिए चतुर्थ भेद भी मानना आवश्यक है। इन रूढ्यादि शक्तियों से अर्थों का प्रतिपादन करने वाले शब्द चार प्रकार के हैं—रूढ़, यौगिक, योगरूढ़ एवं यौगिकरूढ़। केवल समुदायशक्तिक रूढ़, केवलावयवशक्तिक यौगिक, समुदायावयवशक्ति संकर योगरूढ़ अर्थात् रूढ़ एवं योग दोनों शक्तियों के द्वारा मिलकर अर्थ का प्रतिपादक शब्द योगरूढ़ और परस्पर उदासीन समुदायावयवशक्ति संकर अर्थात् रूढ़ि एवं योग के द्वारा स्वतन्त्र स्वतन्त्र रूप से अर्थ का प्रतिपादक शब्द यौगिकरूढ़ कहाता है। क्रमशः उदाहरण देते हैं।

रूढ़ का दूसरा नाम संज्ञा है, इसके चार भेद हैं। जाति से जिसका संकेत होता है वह नैमित्तिकी, जैसे गो प्रभृति। उपाधि से जिसका संकेत होता है औपाधिकी, जैसे समाचार हो ले जाने वाला दूत। यहाँ समाचार कर्म है और ले जाना क्रिया है। दो खण्ड हो जाने से खण्डोपाधि है। प्रतियोगित्व अनुयोगित्व आदि अखण्डोपाधि है। इनका खण्ड अर्थात् निर्वचन नहीं होता है। लोक व्यवहारोपयोगिनी आधुनिकी, देवदत्त, चैत्र, मैत्रादि तथा तत्तच्छास्त्रीय व्यवहारोपयोगिनी घि, घु, टि आदि परिभाषिकी संज्ञा है। और गुण से जिसका

संकेत होता है वह गुणवाचक शब्द है, जैसे शुक्ल, नील आदि। यौगिक दो प्रकार का है, एक प्रकृति एवं प्रत्यय के योग से बना हुआ जैसे वाचक, पाठक आदि। दूसरा पद का पद से योग होने पर बना हुआ जैसे चित्रगु आदि निखिल समस्त पद। योगरूढ़ जैसे पंकज, इस तरह के पदों में आकांक्षादि के द्वारा योग से भी रूढ़ि प्राप्त अर्थ का और रूढ़ि से भी योग प्राप्त अर्थ का ही बोध होता है। उससे विरुद्ध अर्थ का बोध नहीं होता है। अतः पंक से पैदा होने वाला कमल पंकज पद का अर्थ है। "पंकजं कुमुदम्" ऐसे स्थलों में तो लक्षणा के द्वारा ही कुमुद का बोध होता है।

मीमांसक का मत इस विषय में ऐसा है। वे कहते हैं कि योगरूढ़ पद में जो अर्थ रूढ़ि से उपस्थित होता है यदि उससे भिन्न अर्थ योग से उपस्थित होता हो तब "योग से रूढ़ि बलवती है" यह न्याय प्रयुक्त होता है। किन्तु जहाँ तो रूढ़ि का स्मरण नहीं होता है केवल योग ही अर्थोपस्थापक होता है। वहाँ पंकज पद से योग के द्वारा ही कुमुद की उपस्थिति हो जाती है। इसी तरह जहाँ योग का स्मरण नहीं हुआ वहाँ रूढ़ि से ही पद्म का बोध हो जाता है। लक्षणा की कोई आवश्यकता नहीं है। तत्वचिन्तामणिकार गंगेशोपाध्याय का मत है कि "जिसकी प्रतीति के बाद जिसकी प्रतीति नियम से होती है वह उसका अर्थ है"। फलतः जब "पंकजं" पद के सुनने के बाद नियम से रूढ़ि के द्वारा पद्म ही उपस्थित होता है तब कर्तृवाचक "ड" प्रत्यय से भी पंक से पैदा होनेवाले के रूप में पद्म ही उपस्थित होता है। क्योंकि नियम है कि अगर कोई बाधक नहीं हो तो किसी व्यक्ति विशेष को कहने के लिए आए हुए शब्द प्रथमोपस्थित व्यक्ति को ही कहेंगे, अन्य को नहीं। इसलिए पंकज शब्द से कुमुद का बोध नहीं होगा।

यौगिकरूढ़–

उद्भिद पेड़ को भी कहते हैं और 'उद्भिदा यजेत' इस श्रुति के अनुसार याग को भी कहते हैं। 'अश्वगन्धा के रस को पीओ' यहाँ असगन्ध एक औषधि लेते हैं। अश्व का गन्ध जहां मालूम पड़ता हो वह अश्वगन्धा घुड़साल कहलाती है। इस तरह योग से जहाँ दूसरा अर्थ और रूढ़ि से दूसरा अर्थ लिया जाता है ऐसे अश्वगन्धा-अश्वकर्ण-हयपुच्छा (हय के समान पुच्छ वाली और माषपर्णी औषधि), तपस्विनी (तप करने वाली स्त्री और जटामांसी औषध), निशान्त (गृह और प्रातःकाल), कुवलय (कमल और पृथ्वीमण्डल) आदि शब्द इसके उदाहरण हैं।

इसके विषय में यह भी मत है कि चार भेदों की कोई आवश्यकता नहीं है। समासों में पदों का और कृत्, तद्धित, सुप् और तिङ् एवं प्रकृति प्रत्ययों का विभाग काल्पनिक है अतः कहीं भी योगशक्ति नहीं है किन्तु विशिष्ट अर्थ में शब्द की शक्ति है अतः ये सभी भेद रूढ़ि के ही हैं।

और भी एक मत है। पाचक का पाक करने वाला रसोइया, मनुष्य अर्थ है और पाचक औषध को भी कहते हैं। सागर (सगरस्यापत्यम्) सगर राजा का लड़का अर्थ है और सगर के पुत्रों के द्वारा खोदा गया समुद्र भी अर्थ है, अश्वगन्धा घोड़े की गन्ध जहाँ आती है वह घुड़साल एवं असगन्ध औषध, इस तरह क्रमशः यौगिक, योगरूढ़ एवं यौगिकरूढ़ ये सब वाक्य हैं। इनको पद कहना संगत नहीं है। अखण्ड अर्थ है और अखण्ड शब्द वाचक है। इसलिए एक रूढ़ ही शब्द है, उसके जाति, गुण, क्रिया और संज्ञा ये चार अर्थ हैं।

एक मत है—सभी शब्द यौगिक हैं 'नाम च धातुजमाहुः निरुक्ताः' सभी नाम धातु से बने हैं ऐसा निरुक्तकार का मत है। इसलिए रूढ़ वगैरह चार भेद कहना कपोलकल्पना है। 'गमेर्डो', 'दाभाभ्यां नु', 'धेट इच्च' इत्यादि उणादि सूत्रों से गो, दानु भानु, धेनु प्रभृति शब्दों में केवल साधुता बोधन के लिए प्रकृति प्रत्यय का निर्देश है। उनमें प्रकृति एवं प्रत्यय का कोई अर्थ नहीं है। अतः "गच्छतीति गौः" जो चले वह गौ ऐसा अर्थ मानने पर गौः शेते, गौ सोती है ऐसा अर्थ नहीं हो सकेगा इत्यादि शंकाएं निर्मूल हैं।

कोई यौगिक शब्द के कई प्रकार से भेद करते हैं। जैसे पूर्वपदपरिवृत्तिसह, उत्तरपदपरिवृत्तिसह, उभयपदपरिवृत्तिसह, उभयपदपरिवृत्त्यसह। पहले यौगिक दो प्रकार का है—सिद्ध एवं साध्य। सिद्ध के उदाहरण वासुदेव, पाचक वगैरह हैं। साध्य के उपरि-निर्दिष्ट चार भेद हैं।

इस तरह शब्द एवं उसकी अभिधा शक्ति का मत भेद से निरूपण सम्पन्न हुआ। अब वह शब्द अभिधाशक्ति के द्वारा किस अर्थ का बोधन करता है अथवा किस अर्थ में शब्द की शक्ति है इसका निरूपण करते हैं।

शब्द का संकेत विषयीभूत अर्थ–

किस अर्थ में शब्द की शक्ति है इसका ज्ञान व्याकरणादि आठ संकेतों के अधीन है। जैसा कि कहा है (शक्तिग्रहं व्याकरणोपमानेत्यादि)। यहाँ ग्रह पद का अर्थ ज्ञान है। वृद्ध लोग कहते हैं कि इस शब्द की अमुक अर्थ में शक्ति है, इसका ज्ञान व्याकरणादि आठों से होता है। इन व्याकरणादि आठों की संकेत या समय संज्ञा है।

यह संकेत १–व्यक्ति में, या २–व्यक्ति की उपाधि जाति, गुण, क्रिया एवं यदृच्छा में, ३–या जाति में, या ४–जाति विशिष्ट व्यक्ति में, ५–या व्यक्ति, जाति एवं उसकी विशिष्टता अर्थात सम्बन्ध में, ६–या व्यक्ति एवं जाति दोनों में, ७–या अन्वित में, ८–या इतरान्वित में, ९–या कार्यान्वित में, १०–या अपोह में है, इस तरह मानने वाले आचार्यों के १० मत हैं।

व्यक्तिशक्तिवाद (प्रथम मत)

व्यक्ति में संकेत मानने वालों का कहना पाँच प्रकार का है। १-जिसके सुनने पर जिसकी नियमेन प्रतीति होती है वह उस (शब्द) का अर्थ होता है। जैसे गौ को बाँध दो, अश्व को ले आओ, इन वाक्यों के सुनने पर गौ व्यक्ति ही का बान्धना और अश्व व्यक्ति का ही लाना नियम से प्रतीत होता है अतः व्यक्ति ही में संकेत है।

२—किसी भी प्रयोजन के लिए कोई कुछ करता है वह करने वाला व्यक्ति ही है, जाति नहीं। यह अर्थ क्रिया कारिता व्यक्ति में है, न कि जाति में। अतः व्यक्ति में संकेत है।

३—ऐसा करो, ऐसा मत करो इस तरह के वाक्यों से प्रवृति या निवृति व्यक्ति ही की है न कि जाति की। अतः व्यक्ति में संकेत है।

४—शक्तिग्राहक प्रमाणों में मुख्य प्रमाण व्यवहार है। उस व्यवहार से व्यक्ति में संकेत मालूम होता है जैसे एक उत्तम वृद्ध ने मध्यम वृद्ध से कहा कि 'घड़ा लाओ' तब मध्यम वृद्ध घड़े को ले आया। उस कहने और लाने को एक अबोध बालक ने अपनी आँखों के सामने होता हुआ पाया, तब उस बालक ने इस शब्द का यह घड़ा (व्यक्ति) अर्थ है ऐसा ही समझा अतः व्यक्ति में ही संकेत है।

५—'गंगायां घोषः' इत्यादि लक्षणा के उदाहरणों में यद्यपि लक्ष्यतावच्छेदक तीरत्वादि में लक्षणा नहीं है, तीर में लक्षणा है तथापि लक्ष्यतावच्छेदक तीरत्व-प्रकारक लक्ष्य तीर विशेष्यक बोध होता है। यहाँ का आशय है कि शक्य सम्बन्ध को लक्षणा कहते हैं। गंगापद का शक्य प्रवाह है उसका सम्बन्ध संयोग तीर में है। यह तीर विशेष्य है और तीरत्व विशेषण है। इस विशेष्य तीरगत सम्बन्धज्ञान तीरत्व प्रकारक तीरविशेष्यक शब्दबोध का कारण है। किन्तु लक्षणा से तीर मात्र की उपस्थिति हुई, तीरत्व की नहीं हुई है। तथापि तीरत्व का भान शाब्द बोध में होता है। उसी प्रकार शक्यतावच्छेदक घटत्व में शक्ति न होने पर भी घटत्वप्रकारक घट विशेष्यक बोध सम्भव है। अतः व्यक्ति में ही संकेत है।

व्यक्ति की उपाधि, जाति, गुण, क्रिया एवं संज्ञा (द्रव्य) में

शक्तिवाद (द्वितीय मत)

व्यक्ति की उपाधियों में शक्ति मानने वालों का कहना है कि शब्द के सुनने के बाद अर्थ का ज्ञान होता है अतः शब्द अर्थ का हेतु है। यह आपका कहना ठीक है किन्तु शब्द, अर्थ का कारक अर्थात् पैदा करने वाला हेतु नहीं है क्योंकि शब्द अर्थ का प्रकाश करता है अतः ज्ञापक हेतु है। और वह शब्द ज्ञापक भी अज्ञात होकर नहीं बनता है, किन्तु ज्ञात होकर ही। इसमें भी शब्द

का स्वरूपमात्र से ज्ञान होना कुछ फलप्रद नहीं होता। क्योंकि स्वरूपमात्र के ज्ञान होने पर यदि शब्द अर्थ को बतलाने लगे तो मूर्ख एवं पण्डित का कोई भेद ही नहीं रहेगा। अर्थात् सबको सब काल में शब्द सुनते ही अर्थ का ज्ञान होने लगेगा। इसके सिवाय प्रत्यक्ष से भिन्न सभी अनुमान वगैरह प्रमाण ज्ञात होकर अर्थ के बोधक होते हैं, यह नियम भी भग्न हो जाएगा। फलतः इस शब्द से इस अर्थ का बोध होता है अथवा इस अर्थ का प्रकाशक यह शब्द है, यह जानना आवश्यक है। इस जानने का साधन है संकेत। अब प्रश्न उठता है कि यह संकेत जिस अर्थ में होता है वह अर्थ कौन ? क्या व्यक्ति है ? यदि कहें कि हाँ वह अर्थ व्यक्ति है। तब शंका होती है कि जितनी व्यक्तियां हैं उन सबमें संकेत करेंगे या किसी एक व्यक्ति में ? सब में संकेत करने का फल होगा नाना व्यक्तियों में नाना शक्ति। तब तो अनन्त कार्यकारण भाव की कल्पना करनी पड़ेगी अर्थात् अनन्त उपस्थिति और अनन्त शाब्द बोध करने होंगे। यह तो कार्यकारणभावगत आनन्त्य नामक दोष है। यदि कहें कि परिस्थिति ही ऐसी है, फलप्राप्ति के लिए सभी कुछ करना पड़ता है अतः उस कल्पना में आनन्त्य होना दोषाधायक नहीं है। तब कहते हैं कि सब व्यक्तियों में संकेत करना असम्भव है क्योंकि प्रस्तुत सब व्यक्तियों का एक काल में एवं एक देश में उपस्थित होना सम्भव नहीं है। प्रत्युत प्रतिदिन नई नई उत्पन्न होने वाली व्यक्तियों का एक काल एवं देश में उपस्थित होना और भी असम्भव है। अतः व्यक्ति संकेत पथ ठीक नहीं है।

इस पर कहते हैं कि असम्भव रूप दोष को वारण करने के लिए सब व्यक्तियों में संकेत न करके चक्षुः सन्निकृष्ट दृष्ट तत्तद् व्यक्तियों में संकेत करेंगे। तब इस पर आपत्ति होती है कि यदि दृष्ट व्यक्ति में संकेत करेंगे तो प्रातःकाल काशी में रहने वाले को सायंकाल प्रयाग में गौ है, रात्रि में कलकत्ते में गौ है, इन वाक्यों से अदृष्ट गौ का शाब्द बोध नहीं होगा क्योंकि अदृष्ट गौ में संकेत नहीं होने से गौ शब्द से गोरूप अर्थ की उपस्थिति नहीं हुई है। इसके उत्तर में कहते हैं देशान्तरीय एवं कालान्तरीय सब व्यक्तियों की उपस्थिति के लिए प्रत्यासत्ति नामक "सामान्यलक्षण" एक अलौकिक संन्निकर्ष सम्बन्ध नैयायिकों ने माना है। उस सम्बन्ध के द्वारा भिन्न कालिक, भिन्न दैशिक सब व्यक्तियों की उपस्थित हो जाती है क्योंकि नियम है कि सामान्य लक्षणा से जब ज्ञान करना है तब किसी घट धर्मी में किसी घट व्यक्ति में उसके सामान्य घटत्व का ज्ञान अपेक्षित है। उसके बाद उस सामान्य घटत्व के द्वारा यावद् घटों की उपस्थिति होती है। फलतः प्रातःकाल काशी में रहने वाले को प्रयागस्थ सायं-कालिक गौ का शाब्द बोध हो जाएगा, अतः व्यक्ति संकेत पक्ष ठीक है।

इस पर पुनः कहते हैं कि सामान्यलक्षणा को प्रत्यासत्ति अर्थात् सम्बन्ध ही नहीं मानते हैं। तब कैसे चक्षुः सन्निकृष्ट दृष्ट गौ व्यक्ति में संकेत करके देशान्तरीय एवं कालान्तरीय असंकेतित गौ व्यक्तियों का बोध होगा। अतः

प्रति व्यक्ति में संकेत करने से अनन्त उपस्थिति तथा अनन्त शाब्दबोध रूप अनन्त कार्यकारण भावों की कल्पना करनी पड़ेगी, यह गौरवरूप दोष होगा। इसलिए व्यक्ति संकेत पक्ष ठीक नहीं है।

किसी व्यक्ति में संकेत करेंगे तब जिन गौ व्यक्तियों में संकेत नहीं हुआ है उनका बोध कैसे होगा, अर्थात् उसको गौ नहीं कहा जाएगा। अगर असंकेतित गौ व्यक्ति का बोध मानते हैं तो संकेतित का ही बोध होता है असंकेतित का नहीं, यह नियम भग्न हो जाएगा। और जैसे असंकेतित गौ व्यक्ति का गोपद से बोध होने पर असंकेतितत्वरूप समानता के कारण अश्व का भी गोपद से बोध होने लगेगा, यह व्यभिचार रूप दोष होगा। अतः व्यक्ति संकेत पथ ठीक नहीं है।

और भी दोष है। व्यक्ति में संकेत करने पर सभी जगह व्यक्ति, व्यक्ति, यह व्यवहार होगा, यह जाति है, यह क्रिया है, यह संज्ञा है, इस रूप से पदार्थों में विभाग नहीं होगा अर्थात् भेद नहीं होगा। फलतः ये चारों शब्द पर्याय हो जाएँगे। इससे यह दोष होगा कि डित्थ नामक, शुक्ल, गौ चलती है, यह सहप्रयोग नहीं होगा। अतः व्यक्ति संकेत पक्ष ठीक नहीं है।

"सह-प्रयोग नहीं होगा" इस दोष को देने का यह भाव है कि जिस अर्थ को एक पद बतलाता है उसी अर्थ को यदि दूसरा पद भी बतलाए तो वे दोनों पद पर्याय (वाचक) कहलाते हैं। यह बात दो पदों में ही सीमित नहीं है। जितने पर्याय वाचक पद होंगे उन सब में यह स्थिति है। उदाहरण जैसे घट, कलश। पृथुबुध्नोदर कम्बुग्रीवादिमती व्यक्ति रूप अर्थ को जैसे घट कहता है वैसे ही कलश भी कहता, अतः दोनों पर्याय हैं। उसी तरह व्यक्ति में संकेत करने पर गोशब्द का अर्थ गौ व्यक्ति, शुक्ल गुण पद का अर्थ गौ व्यक्ति, चलना क्रिया पद का अर्थ गौ व्यक्ति, डित्थ संज्ञा शब्द का अर्थ गौ व्यक्ति, अतः तद्बोध्य-व्यक्तिमात्रबोधकत्व होने से वे शब्द पर्याय होंगे। फलतः इनका सहप्रयोग नहीं होगा। वस्तुतस्तु यह दोष नहीं भी हो सकता है, क्यों कि इन पदों से घट कलश की तरह उसी सामान्य व्यक्ति का बोध होता हो तब दोष होता है। किन्तु जब विशेष व्यक्तियों का बोध होता हो तब यह दोष नहीं होता है। अतः यहां उस जाति वाले, उस गुण वाले, उस क्रिया वाले, भिन्न-भिन्न संज्ञा वाले विशेष व्यक्ति को बतलाने के कारण पर्यायत्व नहीं हुआ, अतः सहप्रयोग हो सकता है, दोष नहीं है।

व्यक्ति की उपाधि में शक्ति मानने वालों के मत का निष्कर्ष

शब्द का स्वभाव है कि वह यत्किंचिद् धर्म का पुरस्कार करके अर्थात् किसी धर्म को बतलाता हुआ ही अर्थ का बोध कराता है। इसी लिए 'न वाग्गच्छति तत्र', 'यतो वाचो निवर्तन्ते' इत्यादि श्रुतियाँ ब्रह्म के विषय में संगत होती हैं। क्योंकि ब्रह्म निर्धर्म हैं, ब्रह्म में कोई धर्म नहीं है, किन्तु शब्द अर्थ का प्रतिपादन करता है किसी धर्म के द्वारा ही, फलतः उस ब्रह्म में वाणी नहीं जाती, वाणी वहाँ

से लौट आती है। अर्थात् ब्रह्म के धर्म रहित होने से धर्म द्वारा अर्थ का प्रतिपादन करने का स्वभाव वाला शब्द उस ब्रह्म का प्रतिपादन नहीं कर सकता। अस्तु। जिस धर्म को द्वार बना कर शब्द अर्थ का प्रतिपादन करता है वह उपाधि कहलाती है। वे उपाधियां चार हैं— जाति, गुण, क्रिया एवं यदृच्छा। इसी भाव को लेकर महाभाष्यकार ने कहा कि "चतुष्टयी शब्दानां प्रवृत्तिः"।

जिनमें जाति रूप उपाधि, प्राणप्रद कहलाती है क्योंकि कोई भी पदार्थ जाति के द्वारा ही स्वरूप प्राप्त करता है, जाति के विना उसको स्वरूप प्राप्ति नहीं। जैसा कि आचार्य भर्तृहरि ने कहा है 'न हि स्वरूपेण गौः नाप्यगौः गोत्वाभिसम्बन्धात्तु गौः" गल सास्नादि वाला कोई भी धर्मी अपने रूप से अर्थात् गोत्व के विना केवल धर्मी के आकार से गौ नहीं है, और न गौ से पृथक् है। गोत्व के जाने विना यह गौ है, यह भी नहीं कह सकते और यह गौ नहीं है यह भी नहीं कह सकते। क्योंकि अभाव के जानने के लिए प्रतियोगी का जानना आवश्यक है। जब गौ को ही नहीं जाना तब गौ नहीं है, कैसे कह सकता है ? जब गोत्व वाला यह है ऐसा ज्ञान हुआ, तब गौ का गो शब्द से व्यवहार हुआ।

उसके बाद जब व्यक्ति अपने स्वरूप को प्राप्त कर लेता है तब उसमें विलक्षणता का आधान करना गुण का काम है। इस तरह सिद्ध धर्मों से युक्त हुआ व्यक्ति, साध्य धर्म क्रिया का आश्रय होता है। इसी व्यक्ति की डित्थ, डवित्थ, चैत्र, मैत्रादि संज्ञाएं हैं।

यहाँ इतना बतला देना आवश्यक है कि जैसे अनन्त गौ व्यक्तियों में गोत्व जाति एक रूप है उसी तरह गुण क्रिया भी एक रूप ही है। वस्तुतः मुख एक ही वस्तु है किन्तु मणि में गोलाकार, मुकुर में प्रकृतिस्थ, खड्ग में लम्बा, तैल में चिकना मालूम होता है। यह भिन्नता प्रतीति केवल आधार भेद से होती है, वास्तविक नहीं है।

अवान्तर प्रश्न एवं उत्तर—

परमाणु क्या ? जाति शब्द है या गुण शब्द है या और कुछ है ? उत्तर परमाणु; द्रव्य शब्द है। न जाति शब्द है और न गुण शब्द है। क्योंकि परमाणुत्व जाति नहीं है। अगर इसको जाति मानें तो कौन जाति ? जातियाँ दो हैं— एक पर जाति, दूसरी अपर जाति। यदि परमाणुत्व पर है तब कहना पड़ेगा पार्थिवत्व या तैजसत्व या जलीयत्व, इनमें से कोई एक अपर कहलाएगी। उस अवस्था में परमाणुत्व के पर मानने और पार्थिवत्वादि के अपर मानने पर सम्पूर्ण पृथ्वी या जल या तेज परमाणु रूप हो जाएंगे और पार्थिवत्वादि को पर माना जाए तथा परमाणुत्व को अपर माना जाए तो सम्पूर्ण परमाणु या तो पार्थिव ही कहलाएंगे या जलीय ही या तैजस ही कहलाएंगे। अपर के अपेक्षा पर व्यापक होता है। उसी पर के नाम से व्यवहार होगा, फलतः परमाणुत्व और पार्थिवत्वादि में कौन पर है और कौन अपर है यह परस्पर व्यवहार नहीं बनेगा।

परमाणु गुण भी नहीं है क्योंकि गुण कार्य है और उसका समवायी कारण द्रव्य है। कारण पहले होता है और कार्य पीछे होता है। किन्तु परमाणु तथा परमाणुत्व नित्य हैं। इनमें पूर्वापरीभाव बन सकता नहीं, फलतः स्वरूप प्राप्त वस्तु में विलक्षणता को ला देने वाला गुण होता है यह लक्षण परमाणु में नहीं गया, अतः गुण भी नहीं है। केवल अणु, महद्, ह्रस्व एवं दीर्घ नाम से परिमाण के भेद मान कर गुणों में परमाणु का पाठ कर लिया है। अतः परमाणु को पारिभाषिक गुण नैयायिकों ने कहा है।

वक्ता अपनी इच्छा से किसी व्यक्ति में किसी शब्द का जो संकेत करता है वह शब्द उपाधिरूप है, वही यदृच्छात्मक शब्द है। वह स्फोट रूप है। क्योंकि प्रथम वर्ण की प्रतीति से कुछ प्रकाशित और अन्तिम वर्ण के ज्ञान से स्पष्ट प्रकाशित, किन्तु वर्ण क्रम के ज्ञान से शून्य यह शब्दस्वरूप ही स्फोट नाम से व्यवहृत है यह प्रदीपकार का मत है। संज्ञा शब्द, यदृच्छा शब्द एवं द्रव्य शब्द ये सब पर्याय हैं।

जातिशक्तिवाद—तृतीय मत

सब शब्दों का संकेत जाति में ही है, गुणादि में नहीं। हिम, दुग्ध, शंख वगैरह में शुक्लता के वस्तुतः भिन्न होते हुए भी एकाकारा प्रतीति यह शुक्ल है, यह शुक्ल है जो होती है उसका कारण है शुक्लत्व जाति। गुड़ एवं तण्डुल वगैरह में खर पाक, मृदु पाक, मध्य पाक रूप से पाकों के भिन्न होते हुए भी अभिन्न प्रतीति का हेतु पाकत्व जाति है।

किसी शरीर का, किसी पिण्ड का व्यवहार के लिए नामकरण किया जाता है। वह नाम, शब्द रूप है जो उसी एक व्यक्ति में एक वस्तु में संकेतित है। अतः एक व्यक्तिवाचक होने से जाति नहीं है। इस पर कहते हैं कि जैसा डित्थादि शब्दों का वाच्य डित्थादि रूप अर्थ शरीर, बालादि अवस्थाओं में छोटा, बड़ा, स्थूल, कृश, एवं क्षीण होने से वस्तुतः भिन्न है उसी तरह एक ही शब्द बाल, पौगण्ड, कुमार, युवा, वृद्ध एवं शुकादि द्वारा उच्चारित कल, काकली, मन्द्र, तार रूप से विभिन्न है। तथापि वह शब्द शब्द इस अनुगत प्रत्यय का विषय होता है, उसका हेतु जाति है।

इस तरह मीमांसकों के मत में यह जातिशक्तिवाद का स्वरूप है। अस्तु। अब इनके मत में एक प्रश्न उपस्थित होता है कि अभिधा, विशेष्य व्यक्ति को अवगम नहीं करा सकती। क्योंकि विशेषण रूप जाति का प्रतिपादन करके उसका सामर्थ्य क्षीण हो जाता है। अतः गोत्व जाति में पद की शक्ति है। किन्तु विशेष्य व्यक्ति का भान कैसे होगा? उत्तर:—कृष्ण भट्ट कहते हैं कि जाति धर्म है, अतः आश्रय के बिना अनुपपन्न है। अनुपपद्यमाना जाति अपने आश्रय व्यक्ति का आक्षेप कर लेती है। इस तरह अर्थापत्ति प्रमाण से व्यक्ति की प्रतीति होती है। इस पर दीक्षित जी कहते हैं कि 'गौरस्ति' 'गां पश्य'

गौ है, गौ को देखो, इन वाक्यों से गोत्व जाति है, गोत्व जाति को देखो ऐसी उपपत्तियुक्त प्रतीति होती है, कोई अनुपपत्ति नहीं है। अतः अर्थापत्ति प्रमाण से व्यक्ति का भान ठीक नहीं है।

इस विषय में मण्डन मिश्र कहते हैं कि गोत्व में शक्ति है, व्यक्ति की प्रतीति लक्षणा से होती है। जैसा कि उन्होंने कहा है :—

जातावस्तित्वनास्तित्वे नहि कश्चिद् विवक्षति।
नित्यत्वाल्लक्ष्यमाणाया व्यक्तेस्ते हि विशेषणम्॥

जाति नित्य है अतः उसमें अस्तित्व या नास्तित्व, उत्पाद या विनाश विवक्षा के विषय नहीं हैं। ये, लक्षणा से उपस्थित होने वाली व्यक्ति के विशेषण हैं, व्यक्ति के धर्म हैं। यहां 'लक्ष्यमाणाया व्यक्तेः' कहने का आशय है कि व्यक्ति, लक्षणा से बोध्य है।

पुनः शंका हो सकती है कि युगपत् एक साथ एक पद में दो वृत्तियाँ स्वीकार करनी पड़ेगी। उत्तर :—जब 'गंगायां घोषमत्स्यौ स्तः' गंगा में घोष एवं मछली है, ऐसे स्थलों में दो वृत्तियां अनुभूत हैं, तब वैसा मानने में कोई बाधक नहीं है।

आचार्य मम्मट कहते हैं कि लक्षणा से व्यक्ति की प्रतीति नहीं हो सकती है क्योंकि लक्षणा के तृतीय कारण रूढ़ि या प्रयोजन के अभाव में, कार्य 'लक्षणा से व्यक्ति का प्रत्यय' नहीं हो सकता है।

तब व्यक्ति की प्रतीति कैसे हो, इस आकांक्षा की पूर्ति के लिए कहा कि व्यक्ति के बिना जाति रह नहीं सकती है। इसी अविनाभाव का नाम व्याप्ति है। अतः जाति से व्यक्ति का अनुमान कर लेंगे।

इस पर आपत्ति उठती है कि वृत्ति के द्वारा पद से जिसकी प्रतीति हो, उसी का शाब्द बोध में भान होता है और तभी शब्द से उपस्थित होने वाले संख्या एवं कर्मत्वादि के साथ उसका अन्वय होता है क्योंकि शब्द विषयिणी आकांक्षा शब्द से पूर्ण होती है। उत्तर :—इस नियम में गौरव के भय से "वृत्ति के द्वारा" इस अंश का लक्षण में निवेश नहीं करेंगे। केवल अनुमान सहकृत पद से प्रतीति के विषय अर्थ का शाब्द बोध में भान होता है, ऐसा नियम मानने में सब ठीक है।

जातिविशिष्ट व्यक्ति में शक्तिवाद—४था मत

जातिविशिष्ट व्यक्ति में शक्ति मानने वालों का कहना है कि केवल व्यक्ति में शक्ति मानने में पूर्वोक्त गौरव, असम्भव एवं व्यभिचार दोष है। जाति में यदि शक्ति मानें तो 'गौ को दुहता है' (यहाँ जाति का दोहना बनता नहीं है) और 'घोड़ा हमारा वाहन है' (यहाँ जाति का वाहन में उपयोग नहीं होता है)। इन वाक्यों की संगति नहीं होगी। लक्षणा से भी व्यक्ति का बोध नहीं होगा क्योंकि

(शक्यसम्बन्धो लक्षणा) लक्षणा का स्वरूप है शक्य का सम्बन्ध, अतः वह भी व्यक्तिबोधिका नहीं हो सकती है। व्यक्ति रहित केवल गोत्व अश्वत्वादि जाति में गोपद अश्वादि पदों का प्रयोग असम्भव है, यह बात ऊपर निर्दिष्ट 'गौ को दुहता है, अश्व वाहन है' वाक्यों से स्पष्ट है। अतः केवल गोत्व शक्य नहीं है। जब गोत्व शक्य नहीं है तब उसका सम्बन्ध व्यक्ति में कैसे जाएगा। फलतः शक्य का सम्बन्ध रूप लक्षणा के द्वारा व्यक्ति का भान कैसे हो सकता है। शब्द से उपस्थित अर्थ का ही शाब्द बोध में भान होता है। इस नियम के कारण अनुमित का शाब्दबोध में भान नहीं हो सकता है। अतः व्यक्ति की अनुमिति नहीं हो सकती है। फलतः जातिविशिष्ट व्यक्ति में ही संकेत है। यह मत भी नैयायिकों का है।

जाति, व्यक्ति एवं उनके सम्बन्ध में शक्तिवाद—९वां मत

न्यायशास्त्र का सूत्र है 'व्यक्त्याकृतिजातयः पदार्थः'। इसका अर्थ है व्यक्ति गोघटादि, आकृति संयोगसमवायादि सम्बन्ध एवं जाति गोत्व घटत्व द्रव्यत्वादि ये तीनों पद के अर्थ हैं।

पद के शक्य (शक्ति विषय) हैं। अर्थात् इन तीनों में पदशक्यत्वरूप पद की शक्ति एक है। जैसे पकाने वाले पाचक में पाचकत्व धर्म पकाना है, उसी तरह पदनिष्ठ शक्ति के विषय शक्य के विशेषणीभूत शक्यत्व में शक्ति है। वह शक्ति तीनों में एक है। इसीलिए 'पदार्थः' इसमें एक वचन का प्रयोग किया है। विशकलित शक्ति अर्थात् शक्तिभेद होने से कभी किसी अर्थ की और कभी किसी अर्थ की उपस्थिति होने लगेगी। यहाँ जाति पद से वह धर्म लेना चाहिए जिसके शक्यतावच्छेदक मानने में कोई भी आपत्ति न हो। आकृति पद का अर्थ संस्थान अर्थात् सास्ना, कम्बुग्रीवादि विशिष्ट आकार भी है।

इन लोगों का यह आशय है कि वृद्धों के व्यवहार और श्रोताओं के ज्ञान से शब्द के अर्थ का निश्चय होता है। इस शब्द का यह अर्थ है, इसका प्रथम निश्चायक वृद्धों का व्यवहार ही है और कोई दूसरा प्रकार नहीं है। जैसा कि जगदीश ने शब्दशक्ति प्रकाशिका में कहा है :—

संकेतस्य ग्रहः पूर्वं वृद्धस्य व्यवहारतः।
पश्चादेवोपमानाद्यैः शक्तिधीपूर्वकैरसौ ॥

संकेत का ज्ञान सर्वप्रथम वृद्ध व्यवहार से होता है, पश्चात् उपमानादि से होता है।

वृद्ध लोग गुणप्रधान भाव से स्थित व्यक्ति, आकृति और जाति तीनों में गो आदि शब्दों का प्रयोग करते हैं और श्रोता लोग समझते हैं। अतः तीनों, पद के अर्थ हैं। जैसे गौ को पैर से नहीं छूना चाहिए। यहां पैर से छूने का निर्बन्ध गौ जाति भर के लिए है न कि किसी खास गौ व्यक्ति के लिए है। गौ

खड़ी है, गौ बैठी है यहां खड़ा एवं बैठा होना गौ व्यक्ति का होता है, न कि जाति का। 'मट्टी की गौ बनाओ', 'दाल की पीठी की गौ बनाओ' यहां मिट्टी की या पीठी की गौ बनाने का अर्थ है गौ का आकार बनाना न कि जाति या व्यक्ति। अतः क्रमशः जाति, व्यक्ति एवं आकृति तीनों पद के अर्थ हैं।

कुब्ज शक्तिवाद—६ठा मत (जाति एवं व्यक्ति दोनों में शक्ति)

इस मत का शंका समाधान यह है कि जाति ही पद का अर्थ है, उसी के मानने में लाघव है। न कि व्यक्ति पद का अर्थ है अथवा जाति एवं व्यक्ति दोनों पद के अर्थ हैं। तब व्यक्ति का ज्ञान कैसे होगा? जातिशक्त पद से ज्ञान होगा। अन्य अर्थ में शक्त पद से अन्य अर्थ का बोध कैसे होगा? कहते हैं कि स्वभाव से होगा। उस स्वभाव का भी निर्वाह नहीं होगा, यदि शक्ति से व्यक्ति उपस्थित नहीं होगा। उत्तर :—गो पद नियम से गोत्व जाति एवं गौ व्यक्ति का बोधक है किन्तु जातिशक्ति का ज्ञान, व्यक्ति के ज्ञान कराने में पद का सहकारी है इस कल्पना में लाघव है और यह आवश्यक भी है। जैसे नैयायिकों के यहां पद की अर्थ में ही शक्ति है न कि अन्वय में शक्ति है। तथापि वही पद आकांक्षादि ज्ञान के सहकार से अन्वय का बोधक होता है। फलतः पदार्थ ज्ञान एवं अन्वय-ज्ञान (शाब्द बोध) दोनों पद से ही होते हैं, उसी तरह जाति एवं व्यक्ति दोनों का ज्ञापक पद है।

और भी बात है। जातिशक्ति ज्ञान होने पर व्यक्ति में शक्ति का ज्ञान नहीं होने पर भी व्यक्ति के ज्ञान होने में विलम्ब भी नहीं होता है।

यद्यपि प्रत्यक्ष स्थल में जाति के बिना भी व्यक्ति का ज्ञान हो जाता है अतः व्यक्ति बोधक सामग्री भिन्न है और जातिविशिष्ट व्यक्ति बोधक सामग्री भिन्न है। तथापि शाब्द बोध स्थल में व्यक्तिज्ञान के लिए जातिशक्ति ज्ञान ही हेतु है। इसलिए जाति एवं व्यक्ति दोनों में पद की शक्ति है क्योंकि दोनों का बोधक वह पद है। हां व्यक्ति में शक्ति स्वरूप सती हेतु है और जाति में जातिविशिष्ट व्यक्ति की उपस्थिति में तथा शाव्दबोध में जानी हुई वह शक्ति हेतु है। जैसे नैयायिक के मत से पदार्थ में जानी हुई और अन्वय में स्वरूप सता है। इसी का नाम कुब्जशक्तिवाद है।

इस मत में शब्दजन्य-ज्ञान-विषय पदजन्यप्रतीति विषय ही वाच्य है, यह बन सकता है। ऐसा मानने पर लक्ष्य, व्यंग्य भी वाच्य कोटि में आ जाएंगे। अतः ज्ञातशक्ति सहकृत पदजन्यप्रतीति विषय ही वाच्य है। तथा व्यक्ति में शक्ति होते हुए भी व्यक्तिशक्ति ज्ञान कारण नहीं है। अथवा कारणतावच्छेदक जाति शक्ति ज्ञानत्व ही है, व्यक्ति शक्ति ज्ञानत्व नहीं है। यह लाघव इस मत में है। और भी एक बात है। अगर केवल जाति में ही शक्ति मानेंगे तो व्यक्तिसमानसंवित्संवेद्यत्व जाति में कैसे बनेंगे? क्योंकि व्यक्ति में शक्ति संवित् ही नहीं है। फलतः दोनों में शक्ति है।

इतरान्वित में शक्तिवाद—७वां मत

प्रभाकर का मत है कि 'नीला घड़ा है' ऐसे वाक्यों में अभेद संसर्ग का भी भान होता है, अतः सम्बन्ध में संसर्ग में भी शक्ति है क्योंकि इतर से सम्बन्ध करने वाला इतर अर्थ है, ऐसी प्रतीत होती है। इसी का नाम इतरान्वित शक्तिवाद है।

कार्यान्वित या अन्वित शक्तिवाद—८, ९वां मत

सभी पुरुषों को प्रथम व्युत्पत्ति, वृद्ध व्यवहार से ही होती है। व्युत्पत्ति के अन्य उपाय व्याकरणादि सभी शब्द की व्युत्पत्ति के अधीन है अर्थात् शब्द के ज्ञान होने के बाद वे उपाय प्रयोजक होते हैं। अतः व्यवहार शक्तिग्राहक प्रमाणों में प्रधान है। उस व्यवहार से यह सिद्ध होता है कि किसी भी कार्य में किसी साध्य में अन्वित ही अर्थ, पद से मालूम पड़ता है अतः कार्यान्वित में घटादि पदों की शक्ति है।

इसी का अवान्तर मत है कि यद्यपि वृद्ध व्यवहार से सर्वप्रथम कार्यान्वित का ही ज्ञान होता है तथापि शक्ति कार्यान्वित में नहीं है। किन्तु अन्वित मात्र में शक्ति है। क्योंकि तत्तद् कार्य के वाचक पदों के रहने पर भी आकांक्षा योग्यता एवं आसत्ति के द्वारा ही कार्यान्वित का ज्ञान होता है। अन्यथा नहीं। वृद्ध व्यवहार में भी शब्द से ही उपस्थित अर्थ का ज्ञान होता है और शब्द के विषय में नियम है कि (अनन्यलभ्यो हि शब्दार्थः) प्रकारान्तर से जो नहीं मिलता है वह शब्द का अर्थ होता है। यहां कार्यांश आकांक्षादिलभ्य होने से उपर्युक्त नियम लागू होता है। अतः कार्यांश में शक्ति नहीं है। और भी बात है कि कार्यांश में शक्ति इसलिए भी नहीं मान सकते कि सिद्ध अर्थ में भी शक्ति है 'घटवद्भूतलम्' घड़ों वाली भूमि यहां कोई साध्य कार्य नहीं है। घड़ा सिद्ध एवं भूमि भी सिद्ध है। अतः कार्यांश से व्यभिचार भी है। अतः अन्वितमात्र में शक्ति है। अन्विताभिधानवादी प्रभाकर हैं।

अपोह में शक्तिवाद—१०वां मत

ये अपोहवादी सौगत बौद्ध हैं। इनके यहाँ 'सर्वं क्षणिकम्' सब कुछ क्षणिक है व्यक्ति एवं जाति क्षणिक है ध्रुव नहीं है। वे विचार में स्थिर नहीं हो सकते अतः अतद्व्यावृत्तिरूप अपोह में शक्ति है। जैसे तद् का अर्थ है गौ, उससे भिन्न अतद् गौभिन्न अश्व, उससे भिन्न गौ है। इस तरह तद्भिन्नभिन्नाधिकरणमात्रवृत्ति तद्भिन्न से भिन्न के अधिकरण में आश्रय में रहने वाला अपोह भी एक प्रकार से असाधारण धर्म तद्वृतित्वे सति तदितरावृत्तित्वरूप ही है उसी में रहे और उससे भिन्न में नहीं रहे यही असाधारण धर्म का लक्षण है। इस तरह संकेतित अर्थ का निरूपण सम्पन्न हुआ।

लक्षणा

शक्य अर्थ के निरूपण करने के वाद उससे सम्बन्ध रखने वाले अर्थों का निरूपण करना क्रम प्राप्त है। उनमें प्रथम लक्ष्य है। लक्ष्य का स्वरूप वतलाते हुए आचार्य ने लिखा है कि जो अर्थ लक्षणा वृत्ति से वोध्य हो वह लक्ष्य अर्थ है। अव जिज्ञासा होती है कि लक्षणा की क्या आवश्यकता है? लक्षणा क्या है? अतः लक्षणा का स्वरूप लक्षणा का लक्षण लिखने का अवसर उपस्थित हुआ।

लक्षणा की क्या आवश्यकता है ?

अभिधा शक्ति की तरह लक्षणा शक्ति को मानने की क्या आवश्यकता है? क्योंकि गंगा में घोष वसता है ऐसे वाक्यों में गंगा पद से ही तीर की उपस्थिति हो जाएगी। गंगा पद से अभिधा के द्वारा प्रवाह रूप अर्थ की उपस्थिति हो जाने पर एक सम्बन्धी के ज्ञान से दूसरे सम्बन्धी का स्मरण अपने आप हो जाता है। इस न्याय के अनुसार प्रवाह सम्बन्धी तीर का स्मरण अपने आप हो जाएगा। फलतः लक्षणा की आवश्यकता नहीं है। लक्षणा की आवश्यकता। पद विशेष से ही पदार्थ की उपस्थिति होने पर शाब्दबोध होता है जैसे "घट लाओ" कहने पर ही शाब्द बोध होता है, इसी को यदि अलग अलग "घट कर्मत्व, आनयन, एवं कृति" कहें तो शाब्दबोध नहीं होगा। अतः पूर्वोक्त तीर स्मृति गंगा पद से हुई है। इस बात के लिए गंगा पद में तीर रूप अर्थ के प्रतिपादन के वास्ते लक्षणा शक्ति मानी गयी है।

यहाँ यदि 'तीर' गंगापद का अर्थ नहीं होगा तो 'गंगायां' इस पद में कही गयी सप्तमी विभक्ति के अर्थ आधार का तीर में अन्वय नहीं होगा। क्योंकि एक नियम है कि विभक्तियाँ अपने अर्थ को प्र कृति के अर्थ में समन्वित होकर ही वतलाती हैं। यहाँ सप्तमी विभक्ति की प्रकृति गंगा है न कि तीर। हाँ यदि गंगा पद का अर्थ तीर हो जाए तो सप्तमी विभक्ति के अर्थ का समन्वय उसमें हो सकता है। अगर कहें कि वक्ता जिस पद से जो अर्थ कहना चाहता है ऐसे तात्पर्य के विषय अर्थ के साथ ही विभक्ति का अर्थ मिलता है तब भी गंगा पद का तीर में तात्पर्य है। इस तात्पर्य के निर्वाह के लिए भी तीर में गंगा पद की शक्ति मानना आवश्यक है। यह शक्ति लक्षणा है।

तीरादि अर्थ गंगादिपदों के अभिधेय नहीं हो सकते—

'सर्वे सर्वार्थवाचकाः', 'शब्दा वै कामधेनवः' सभी शब्द सब अर्थों के वाचक हैं, शब्द कामधेनु हैं, इनसे जो चाहो उस अर्थ का दोहन कर लेओ, ऐसा महावैयाकरण पतंजलि ने अपने व्याकरण महाभाष्य में लिखा है। अतः तीर गंगापद का अर्थ है। और नैयायिक ईश्वर की इच्छा को अभिधा शक्ति कहते हैं, उस इच्छा का विषय वस्तु मात्र है। अतः तीर भी उसका विषय है। फलतः वैयाकरण एवं नैयायिक दोनों के मत से गंगा पद ही अभिधा के द्वारा

तीर अर्थ का बोधक हो सकता है। इस पर कहते हैं कि यह नहीं हो सकता है क्योंकि यदि ऐसा सिद्धान्त मानेंगे तो घड़ा या कपड़ा वगैरह सभी गंगा पद के अर्थ हो जाएँगे। तब यह अर्थ अभिधेय है, यह अभिधेय नहीं है, ऐसी व्यवस्था ही नहीं हो सकेगी और मुख्यार्थ बाध जो लक्षणा में माना गया है वह भी अब नहीं होवेगा।

प्रासंगिक शंका और उसका समाधान

शंकाः—'गंगादिपद, हरि एवं गोप्रभृति शब्दों की तरह नानार्थक क्यों नहीं?" अस्तु। गंगादि पदों के प्रवाहादि तथा तीरादि दोनों अर्थ हुए। जिनमें वह पद गंगात्वेन प्रवाह की उपस्थिति अभिधा से करता है और गंगातीरत्वेन तीर की उपस्थिति लक्षणा से करता है। फलतः 'जो पद नाना शक्तियों से नाना प्रकारक उपस्थिति का जनक हो वह पद नानार्थक होता है' इस नियम के अनुसार गंगा पद नानार्थक हो गया।

अवान्तर शंकाः—इस नियम के अनुसार तदादि सभी सर्वनाम शब्द नानार्थक हो जाएँगे। क्योंकि वे भी बुद्धिस्थ, रघुत्व, अजत्व, घटत्व आदि नाना प्रकारक उपस्थित के जनक हैं।

उत्तरः—इसके दो उत्तर हैं। एक मत है कि वे सर्वनाम नानार्थक हैं। दूसरा मत है कि 'बुद्धिस्थत्व उपाधि को छोड़कर' इतना विशेषण पूर्व नियम में जोड़ देने से सर्वनाम नानार्थक नहीं होंगे। जो पद नानाशक्तियों से बुद्धिस्थत्व उपाधि को छोड़कर नाना प्रकारक उपस्थिति का जनक हो वही नानार्थक है।

शंकाः—नियम का आकार परिवर्तित कर देने से सर्वनामगत नानार्थकत्व दोष हटने पर भी गंगा पद में नानार्थकत्व जैसा का तैसा ही रह गया।

समाधानः—वही पद नानार्थक है जिसका अपने नाना अर्थों में समान रूप से प्रयोग हो किन्तु कोई विनिगमक न हो तब जो नाना शक्ति से नाना प्रकार बोध जनक हो। गंगा पद में यह नियम नहीं है इसका प्रवाह एवं तीर रूप अर्थों में समान रूप से प्रयोग नहीं होता है। तथा विनिगमक भी है। प्रवाह रूप अर्थ का बोध होने पर ही तीर रूप अर्थ का बोध गंगापद कराता है। अतः गंगा पद नानार्थक नहीं है। और भी बात है। उक्त नियम में नाना शक्ति पद का अर्थ है नाना अभिधा शक्ति। इसलिए भी गंगा पद नानार्थक नहीं है।

लक्षणा की आवश्यकता का शेषांश

विद्यार्थी को जब शब्दों का उच्चारण करना सिखाते हैं (यथा घटमुच्चारय, पटं ब्रूहि, गां कथय) जैसे घट का उच्चारण करो, पट बोलो, गौ कहो। यहाँ पर घट, पट एवं गौ पदों का अर्थ जो कि व्यक्तिरूप है उसका उच्चारण बोलना या कहना नहीं हो सकता। हो सकता है तो घट शब्द का पटपद का या ग् औ इस अनुपूर्वी का। अब प्रश्न उठता है कि जब अध्यापक ने विद्यार्थी से कहा कि

घटमुच्चारय। तब इस वाक्य में घटपद का क्या अर्थ ? घटपद हो तभी उच्चारण क्रिया की संगति है अन्यथा नहीं। अगर घटपद का अर्थ घटपद हो तो कैसे होवे क्योंकि घटादि पदों की शक्ति पृथुबुध्नोदर विशिष्ट कम्बुग्रीवादि वाले व्यक्तियों में है न कि घटादि पदों में।

अगर कहें कि अभिधा शक्ति तो सम्बन्ध रूप है। वह सम्बन्ध दो में रहता है अतः जैसे अर्थ में वह है वैसे ही पद में भी है। सुतराम् जैसे वह अर्थ को उपस्थित करती है वैसे पद को भी उपस्थित कर दे, हर्ज क्या है ?

उत्तर :—ठीक कहते हैं। किन्तु सम्बन्धरूप शक्ति द्विष्ठ होने पर भी पद, शक्ति का आश्रय ही है शक्य नहीं है। अर्थात् आश्रयता सम्बन्ध से शक्ति पद में है और विषयता सम्बन्ध से अर्थ में वह शक्ति है। जो शक्ति का विषय होता है वही शक्य है। यह पदार्थ स्वभाव है कि शक्ति अपने विषयीभूत अर्थ की ही केवल उपस्थिति करती है, अपने आश्रय पद की नहीं। क्योंकि पद में बोधकत्व की योग्यता है और अर्थ में बोध्यत्व की योग्यता है। अतः घटादि पद घटादि पदों के शक्य अर्थात् शक्ति के विषय अर्थ नहीं हुए। जब वे घटादि पद घटादि के अर्थ नहीं हुए तो घटं, पटं, गाम् आदि में आने वाली द्वितीया विभक्ति अम् से उपस्थाप्य कर्मत्व का अन्वय उन पदों में नहीं होगा। किन्तु क्रिया से जन्य फल का आश्रय कर्म होता है इस नियम के अनुसार प्रकृति में उच्चारण क्रिया से उत्पन्न जो श्वास वायु का कण्ठ तालु आदि संयोगरूप फल है उसके आश्रयघटादि पद हैं, तभी उन घटादि पदों में द्वितीया विभक्ति आई है। यह घटादि पदों के घटादि पद अर्थ बनाना रूप कार्य अभिधा शक्ति से सम्भव नहीं है। अतः लक्षणा शक्ति मानने की आवश्यकता आई।

लक्षणा के द्वारा घटादि पदों के अर्थ घटादि पद बन गये तब द्वितीया विभक्ति अम् से उपस्थित कर्मत्व का अन्वय घटादि पदों से हो गया। यहाँ घटादि रूप शक्य का घटादि पदों के साथ वाच्य वाचकभाव रूप सम्बन्ध होने से शक्यसम्बन्ध रूप लक्षणा का लक्षण संघटित हुआ। यहाँ नैयायिक के मत में निरूढ़ा लक्षणा मानी गयी है। वैयाकरण यहाँ कहता है कि शब्द भी प्रातिपदिकार्थ है अतः वह शक्य है। और जहाँ जबगडदश् इत्यादि स्थलों में कोई शक्य नहीं है तब शक्य सम्बन्ध लक्षणा कैसी ? किन्तु जबगडदश् इसका शक्य है सूत्र। अगर किसी ने जबगडदश् को बुलाओ अर्थात् वैयाकरण को बुलाओ कहा तो उस अवस्था में लक्षणा हो सकती है।

लक्षणा का लक्षण

लक्षणा का लक्षण भिन्न-भिन्न सिद्धान्त के अनुसार भिन्न-भिन्न आचार्यों ने लिखा है। हम यहाँ सबके मतों का उल्लेख करके साहित्य के आचार्यों का सम्मत लक्षण लिखेंगे।

सर्वप्रथम इसके बारे में हम अग्निपुराण को उद्धृत करते हैं। उन्होंने कुछ संकेत किया है।

अग्निपुराण में शब्दार्थोभयालंकार के प्रकरण में अभिव्यक्ति का स्वरूप निरूपण करते समय लिखा है कि :—

प्रकटत्वमभिव्यक्तिः श्रुतिराक्षेप इत्यपि ।
तस्या भेदो, श्रुतिस्तत्र शब्दः स्वार्थसमर्पकः ॥
भवेन्नैमित्तिकी पारिभाषिकी च द्विधैव सा ।
संकेतः परिभाषेति ततः स्यात्पारिभाषिकी ।
मुख्योपचारिकी चेति साच साच द्विधा द्विधा
स्वाभिधेयस्खलद्वृत्तिरमुख्यार्थस्य बोधकः ।
यया शब्दो निमित्तेन केन स्यात् सोपचारिकी
सा च लाक्षणिकी, गौणी, लक्षणा गुणयोगतः ।
अभिधेयाविनाभूतप्रतीतिर्लक्षणोच्यते
अभिधेयेन सम्बन्धात्, सामीप्यात्, समवायतः ।
वैपरीत्यात्, क्रियायोगात्, लक्षणा पंचधा मता
गौणी गुणानामानन्त्यादनन्ता तद्विवक्षया ॥

प्रकटत्व अर्थात् प्रकाशन अभिव्यक्ति है। उसके दो भेद हैं श्रुति और आक्षेप। जिसमें श्रुति दो प्रकार की है—नैमित्तिकी एवं पारिभाषिकी।

अवान्तर विचार

यहाँ शब्द को श्रुति नाम से लिखा है वह स्त्रीलिंग है अतः उसके नैमित्तिकी एवं पारिभाषिकी ये स्त्रीलिंग नाम लिखे हैं। शब्दशक्तिप्रकाशिकाकार ने इसको इस प्रकार का लिखा है :—

यद्वाधुनिकसंकेत-शालिस्यात्पारिभाषिकम्
जात्या नैमित्तिकं शक्तमौपाधिकमुपाधिना।

यहाँ एक भेद और बढ़ा दिया है औपाधिक। यहाँ मुख्यश्रुति के दो भेद लिखे हैं। इसके बाद औपचारिकी श्रुति को ही लाक्षणिकी कहते हैं। लाक्षणिकी का आश्रय लक्षणा है वह भी लक्षणा एवं गौणी नामों से व्यवहृत होती है। गुण से होने वाली वृत्ति गौणी, वह अनन्त प्रकार की है और लक्षणा पांच प्रकार की है।

जब शब्द अपने अर्थ के विषय में स्खलद्गति बाधित हुआ किसी रूढ़ि या प्रयोजन रूप निमित्त से अमुख्य अर्थ का बोधक हो तब वह औपचारिक कहलाता है। यह लक्षणा का लक्षण काव्यप्रकाशकार से मिलता जुलता है।

"अभिधेयाविनाभूत" आदि उल्लेख आधुनिक है। किसी ने पुस्तक के हाशिये पर अपने संकेत के लिए लिखा होगा, उसको पुराण पुस्तक सम्पादकों ने कृपा कर मूल में मिला दिया है। यहाँ ग्रन्थ में श्रुति का भेद लिखते हैं या श्रुति की वृत्ति का लक्षण लिखते हैं या शब्दार्थोभयगत अलंकार को लिखते हैं, क्या है, जरा अटपटा मालूम पड़ता है।

लक्षणा लक्षण के विषय में एक मत १

प्राचीन दीक्षितादि के नाम से प्रचलित एक मत लक्षणा के बारे में है कि अन्वय की असंगति अनुपपत्ति का ज्ञान होने पर जो शक्यार्थ के सम्बन्ध का स्मरण होता है उससे जो संस्कार का उद्‌बोधन होता है वह उद्‌बुद्ध संस्कार ही लक्षणा है।

यह लक्षण असंगत है। क्योंकि उद्‌बुद्ध संस्कार को लक्षणा मानने पर सबसे बड़ी आपत्ति यह है कि लक्षणा शब्द की शक्ति मानी गयी है। किन्तु संस्कार को लक्षणा मानने पर वह आत्मा या मन का धर्म संस्कार शब्द में कैसे रहेगा? और जहाँ अन्वय अनुपपन्न नहीं हुआ प्रत्युत संगत होता है वहाँ यह लक्षण नहीं जाएगा, इत्यादि दोष हैं।

शक्यसम्बन्ध ही लक्षणा है—मत २

शक्य का सम्बन्ध ही लक्षणा है यह नैयायिकों का मत है। यह मत भी असंगत है। जैसा गंगा में घोष बसता है, इसमें गंगा पद का शक्य प्रवाह है, उसका सम्बन्ध संयोग तीर में है। इस तरह लक्ष्य का धर्म लक्षणा हुआ, लक्षक गंगापद का धर्म लक्षणा नहीं। फलतः लक्षणा शब्द वृत्ति कहलाएगी। क्योंकि गंगापद के साथ सम्बन्ध नहीं होने से शाब्दबोध का जनक जो पद और पदार्थ का सम्बन्ध है उसको वृत्ति कहते हैं। इस नियम की परिधि में यह लक्षण नहीं आता है।

एक बात और भी है कि शक्य सम्बन्ध ही लक्षणा है, ऐसा मानने पर "छत्रिणो यान्ति" यहाँ छत्रिणः में लक्षणा नहीं हो सकती है। क्योंकि नैयायिक के मत में शक्त को पद माना गया है। जिसमें छत्र भी शक्त है और इन् प्रत्यय भी शक्त है उससे हुआ जस् प्रत्यय भी शक्त है। इस तरह पद समूह होने से छत्रिणः यह वाक्य हो गया। वाक्य में शक्ति नहीं है, फलतः वाक्यार्थ के शक्य न होने से शक्य सम्बन्ध रूप लक्षण का समन्वय "छत्रिणः" में नहीं होता है। अतः उक्त लक्षण दूषित है।

शक्य से अशक्य की उपस्थिति लक्षणा है—मत ३

मीमांसक का सिद्धान्त है कि शक्यार्थ के सम्बन्ध के ज्ञान होने से जो अशक्य अर्थ की उपस्थिति है वही लक्षणा है। जैसे गंगापद से शक्यार्थ प्रवाह का ज्ञान हुआ उससे (एक सम्बन्धी के ज्ञान होने से अपर सम्बन्धी का स्मरण

हो जाता है इस न्याय के अनुसार) तीर की स्मृति हो जाती है। यही लक्षणा का स्वरूप है। इसीलिए गंगा पद से तीर की उपस्थिति नहीं होने से ही "लाक्षणिकं पदं नानुभावकम्" लाक्षणिक पद शाब्दबोधजनक नहीं होता है, यह सिद्धान्त भी समन्वित हो जाता है। क्योंकि पद ही से उपस्थित हुए अर्थ का शाब्द बोध में भान होता है, यह नियम शक्यार्थ के विषय में ही लागू होता है। लक्ष्यार्थ के विषय में नहीं। वहाँ तो केवल पदार्थ की उपस्थिति मात्र अपेक्षित है चाहे सम्बन्धिज्ञानविधया अर्थ की उपस्थिति हो। यह मत भी असंगत है।

इस मत में तात्पर्यानुपपत्ति या अन्वयानुपपत्ति लक्षणा का बीज है, यह सिद्धान्त कट जाता है और उपस्थिति की हेतु वृत्ति होती है न कि उपस्थित ही वृत्ति है। अतः वृत्तिभूत लक्षणा का लक्षण यह नहीं हुआ। और भी बात है कि जब तीर गंगा पद का अर्थ नहीं होगा तो उस तीर में "गंगायाम्" जो सप्तमी विभक्ति है उस विभक्ति के अर्थ का अन्वय नहीं होगा। फलतः वाक्यार्थबोध नहीं होने से व्यर्थ ही लक्षण की कुसृष्टि हुई।

उपस्थिति रूप लक्षणा अर्थगत होने से शब्द का धर्म नहीं बनेगी, इसका उत्तर आप देते भी हैं तो भी गौरव रूप दोष लगा ही रहेगा। लक्षणा का विषय जो तीर उसके सम्बन्धी प्रवाह का वाचक गंगापद है, यह गुरुभूत सम्बन्ध है।

शक्यतावच्छेदक का आरोप लक्षणा है—मत ४

वैयाकरण लक्षणा शक्ति अलग नहीं मानते हैं। वे अभिधा शक्ति का ही ऐसा स्वरूप मानते हैं कि प्रसिद्ध एवं प्रसिद्ध से भिन्न अर्थ की उपस्थिति में वह शब्द की सहायिका हो जाती है। अभिधा के लिए संकेतित अर्थ को उपस्थित करने में संकेत कारण है किन्तु असंकेतित अर्थ को उपस्थित करने में कोई हेतु को नहीं प्राप्त कर संकेतित अर्थ के धर्म का असंकेतित अर्थ में आरोप कर लेते हैं (इसी का दूसरा नाम अन्य के धर्म का अन्य में अध्यास है) इसी शक्यतावच्छेदक धर्म के आरोप का लक्षणा शब्द से व्यवहार होता है। निष्कर्ष यह है कि गंगा में घोष बसता है इस वाक्य के गंगा पद का जो अर्थ प्रवाह है उससे भिन्न तीर रूप अर्थ की उपस्थिति प्रवाहगत धर्म प्रवाहत्व का आरोप करके अध्यास करके अभिधा के द्वारा ही होती है, अतः लक्षणा शक्ति अभिधा शक्ति से पृथक् नहीं है। जैसा भर्तृहरि ने वाक्य पदीय में लिखा है कि 'अर्थ मात्रं विपर्यस्तं शब्दः स्वार्थे व्यवस्थितः।' शब्द अपने अर्थ में व्यवस्थित है अर्थात् शक्यतावच्छेदकधर्म जैसे अभिधा स्थल में था वैसे ही लक्षणा स्थल में भी है किन्तु धर्मी मात्र बदल गया है। पहले धर्मी प्रवाह था, अब तीर हो गया।

इस मत में यह प्रश्न उठता है कि अन्य में अन्य के धर्म का आरोप किसी कारण से ही होगा, निष्कारण नहीं हो सकता है। जैसे अन्य माणवक में अन्य सिंह के क्रूरतादि गुणों के सम्बन्ध से माणवक को सिंह कहा जाता है यह

स्थिति जहाँ हो वह गौण है और जहाँ केवल सम्बन्ध से अन्य का अर्थ अन्य में आरोप किया हो वहाँ लक्षणा होती है। जैसे सामीप्य सम्बन्ध से तीर को गंगा कहा गया है।

गुणतो गुणवृत्तिरिष्यते ह्यपरा लाक्षणिकी तु संगतेः
इति भेदकमस्ति लक्षणागुणवृत्त्योरिति वेदवादिनः (संक्षेप शारीरक)

अतः जब कि आरोप या अध्यास गुणों के सम्बन्ध से या अन्य किसी सम्बन्ध से ही होता है तब आरोप के मूल शक्य सम्बन्ध को ही लक्षणा कह देना पर्याप्त है आरोप तक अनुधावन का कोई फल नहीं है। इसीलिए प्राचीन न्याय सूत्र एवं न्याय वार्तिककार के द्वारा प्रतिपादित आरोप रूप लक्षणा का नवीनों ने परित्याग कर दिया है। आरोप के मूल शक्यसम्बन्ध को लक्षणा माना है।

न्यायदर्शन के प्रणेता गौतम ने आरोप को ही लक्षणा माना है। उनका सूत्र है "सहचरण, स्थान, तादर्थ्य, वृत्त, मान, धारण, सामीप्य, योग, साधना, धिपत्येभ्यो ब्राह्मण, बाल, कट, राज, सक्तु, चन्दन, गंगा, शकटा, ऽन्न, पुरुषेषु अतद्भावे पि तदुपचारः" इति।

ब्राह्मणादि १० अर्थों में अतद्भाव अर्थात् उन धर्मों के न रहने पर भी सहचरण वगैरह कारणों से उन धर्मों का आरोप उपचार है, लक्षणा है। वह उपचार उन धर्मों का आरोप है। आरोप के कारण बतलाते हुए उदाहरण देते हैं। जैसे (पूर्वं ब्रह्मदण्डान् भोजय) भोजन कराने का प्रसंग जब आया तब व्यवस्था के लिए कहा कि पहले ब्रह्मदण्डों को भोजन कराओ। (ॐ ब्रह्म है। उससे युक्त दण्ड ब्रह्मदण्ड हुआ। उस अर्थ को कहने वाला शब्द ब्रह्मदण्ड है) इसी प्रसंग में कहा कि यष्टियों का प्रवेश कराओ। यहाँ ब्राह्मण भोजन के समय यष्टियों का प्रवेश बनता नहीं अतः उन ब्राह्मणों के साथ यष्टियों का नियत साहचर्य होने से उनमें यष्टित्व का आरोप किया। इसी तरह खटिया चिल्लाती है, मंच हसते हैं। यहाँ पर खटिया बैठने की वस्तु है, अतः खटियापन का आरोप बैठने वाले बालकों में किया। वीरणों में बैठते हैं। यहाँ चटाई बनाने के योग्य तृणों का नाम वीरण है। चटाई बनाने के लिए लाए हुए वीरणों का धर्म वीरणत्व का आरोप कट में तादर्थ्य के कारण किया है।

राजा यम है। यहाँ राजा में यमत्व का आरोप उसके वृत्त अर्थात् क्रूर अनुशासन के कारण किया है। सक्तु प्रस्थ है। यहाँ सक्तुओं में प्रस्थत्व का आरोप उनके प्रस्थ परिमाण के कारण है।

चन्दन तुला है। यहाँ चन्दन, तुला से धारण किया होने से चन्दन में तुलात्व आरोप है।

गंगा में गायें चरती हैं। यहां सामीप्य के कारण तीर में गंगात्व का आरोप है।

शकट कृष्ण है। यहाँ कृष्ण गुण के योग से शकट में कृष्णत्व का आरोप है। अन्न ही प्राण है। यहाँ अन्न प्राणों के साधन हैं अतः अन्न में प्राणत्व का आरोप है। यह पुरुष कुल है, यहाँ पुरुष कुल का अधिपति है। अतः आधिपत्य के कारण पुरुष में कुलत्व का आरोप किया।

इसी तरह "आरोप रूप लक्षणा" का समर्थन न्यायवार्तिककार उद्योतकर ने भी किया है। जैसे साहचर्य का अर्थ है यष्टि के साथ सम्बन्ध। उस सम्बन्ध से "यष्टिकावान्" यही बन सकता है, न कि यष्टिका। यष्टिकान् यह तो मुख्य ही प्रयोग है। अतः उपचार का बीज कुछ और ही है। वह क्या है ? बतलाते हैं। यष्टिका में यष्टिका शब्द का प्रयोग यष्टिकात्व जाति के कारण है। ब्राह्मण के हाथ में रहने वाली यष्टिका में संयुक्तसमवेता जाति का ब्राह्मण में समवाय सम्बन्ध से आरोप करके ब्राह्मण को यष्टिका कहा है।

यह आरोपरूप लक्षणा का स्वरूप सूत्र एवं वार्तिककारों के द्वारा प्रतिपादित है।

और भी बात है कि अन्य में अन्य के धर्म का आरोप किसी मतलब से ही, प्रयोजन से ही होता है, बिना प्रयोजन के आरोप होगा ही नहीं। यह सिद्धान्त है। किन्तु लक्षणा तो प्रयोजन शून्या निरूढ़ा भी होती है। तब आरोप को लक्षणा कैसे कह सकते हैं ?

और भी बात है। आप तो सभी जगह आरोप ही को लक्षणा कहेंगे। तब अध्यवसाना लक्षणा का भेद कैसे हो सकता है। अगर कहें कि वहां भी हम आरोप करेंगे, तब सारोपा एवं साध्यवसाना का विनिगमक क्या होगा ? और काव्यप्रकाशकारादि सम्मत "जहां विषय एवं विषयी दोनों शब्द से निर्दिष्ट रहते हैं, वहाँ सारोपा होती है" यह सारोपा का लक्षण आप मान नहीं सकते। क्योंकि आप 'गंगायां घोषः' 'कुन्ताः प्रविशन्ति' में भी जहाँ केवल विषयी ही हैं, विषय (तीर) नहीं है। वहां भी सारोपा करते हैं अर्थात् वहाँ भी सारोपा लक्षणा मानते हैं।

और भी बात है। साध्यवसाना स्थल में भी आरोप मानेंगे तब "शुद्धभेदयोरन्यवैलक्षण्येन अव्यभिचारेण चेति" इस काव्यप्रकाश की व्याख्या में आपने जो लिखा है कि कारण से कार्य का भेद मालूम पड़ने पर व्यभिचार की संभावना हो सकती है, अतः सारोपा में अव्यभिचार रूप फल नहीं हो सकता है। साध्यवसाना में तो भेद हट जाता है प्रत्युत अभेद मालूम पड़ता है। अतः व्यभिचार की शंका भी नहीं हो सकती है। क्या यह लिखना बनेगा ? कभी नहीं बनेगा।

और भी कारण है। आपने "गौणी का एक भेद लक्षणलक्षणा और है अतः "लक्षणा तेन षड्विधा" लक्षणा छः प्रकार की ऐसी न कह कर सात प्रकार की कहना उचित है।" इस प्रकार के उत्तर में लिखा है कि उपादान

लक्षणा से अर्थान्तरसंक्रमितवाच्यध्वनि का, लक्षणलक्षणा से प्रथम अतिशयोक्ति का, और शुद्ध सारोपा एवं शुद्ध साध्यवसाना से हेत्वलंकार का निरूपण करेंगे। अतः षड्विधा कहना ही सफल है, ऐसे कहने का क्या मूल्य है जब कि साध्यवसाना स्थल में भी आरोप ही मानेंगे।

'षड्विधेति। न च गौण्यां लक्षणलक्षणात्वांगीकारेण सप्तविधत्वमुचितमिति वाच्यम्। अत्रोपादानलक्षणायामर्थान्तरसंक्रमितात्यन्ततिरस्कृतवाच्यौ, सारोपा-साध्यवसानाभ्यां रूपकप्रथमातिशयोक्ती, शुद्धाभ्यां च ताभ्यां हेत्वलंकारं निरूपयिष्यतीति षड्भेदकथनमेव सफलम्'। इति। काव्यप्रकाशमूल की व्याख्या में उद्योत। पृष्ठ ५२।

'अतिशयोक्तौ च नातिव्याप्तिः। अतिशयोक्तेः साध्यवसानलक्षणामूलकत्वात्'। रूपक के लक्षण की व्याख्या में, पृष्ठ ४६४।

रूपक का ऐसा लक्षण करने से अतिशयोक्ति के लक्ष्य में रूपक का लक्षण नहीं जायगा अतः अतिव्याप्ति दोष नहीं होगा। क्योंकि अतिशयोक्ति साध्यवसाना लक्षणा मूलक है। इत्यादि हेतुओं से शक्यतावच्छेदक का आरोप लक्षणा है, यह मत भी असंगत है।

प्रसंगवश उदाहरण की व्याख्या

इस मत के अनुसार दिये हुए उदाहरण का भी दिग्दर्शन करा देना अप्रासंगिक नहीं होगा। यद्यपि उदाहरणों को आगे लिखेंगे तथापि यहां लिखना आवश्यक हो गया। जैसे :—

कचतस्त्रस्यति वदनं, वदनात्कुचमण्डलं त्रसति।
मध्याद्बिभेति नयनं, नयनादधरः समुद्विजति॥

यहाँ इस पद्य की वर्णनीया कामिनी रुष्ट है। जो केशपाश पहले विभिन्न वर्ण के सुगन्धित पुष्पों से गूंथा हुआ धम्मिल्ल था वह आज गुस्से के कारण गूंथा हुआ नहीं है, वह बिखरा हुआ है, अतः वह केशपाश वदन को आक्रान्त किये हुए है। यह रोष शत्रु पर नहीं है। प्रणयी के ऊपर रोष है, वह भी प्रणयिनी का है अतः मुंह को प्रणयी की ओर न करके नीचे की ओर किए हुए है फलतः ऊपर का भाग झुका हुआ होने से नीचे कुच भाग भी नत हो गया है और कमर रोष के आवेश में संचलन से कभी-कभी लचक जाती है। नयन ईषद्रक्त हो गये हैं और ओठ क्रोध से कांप रहे हैं। यह रुष्ट नायिका का स्वरूप है।

कवि सम्प्रदाय में नायिका के मुख की कभी चन्द्रमा से तुलना करते हैं, कभी मुख में चन्द्रत्व का आरोप करते हैं, इत्यादि प्रसिद्ध है। बालों का मुख पर बिखरना मानो राहु का चन्द्रमा पर आक्रमण है। अतः राहु से चन्द्र को त्रास होने को कच से मुख डरता है, लिखा है। चन्द्रमा से कमलों

का संकुचित होना भी कवि समय सिद्ध है। अतः वदन से कुचमण्डल का त्रस्त होना वर्णित है।

नायिकाओं के वर्णन में नायिकों को गजराज गति और मृगराज कटि कहा जाता है अर्थात् उनकी गति हाथियों की सी मन्द है और उनकी कमर मृगराज की सी क्षीण है। और नायिका को मृगनयना हरिणशावक लोचना कहा जाता है अर्थात् उनके नेत्र मृग के से (चंचल) हैं। अतः मृगराज से मृग का डरना स्वभाव सिद्ध है। अधर की तुलना पल्लव से करते हैं या उसपर पल्लवत्व का आरोप करते हैं। पल्लव हरिण का खाद्य है, अतः नयन से अधर डरता है, ऐसा लिखा है।

फलतः प्रथम वाक्य में कचों पर राहुत्व का आरोप है, वदन में चन्द्रत्व का आरोप है। दूसरे वाक्य में वदन में चन्द्रत्व का आरोप है और कुचमण्डल में कमलत्व का आरोप है। तीसरे वाक्य में मध्यकटि में मृगराजत्व का आरोप है और नयन में मृगत्व का आरोप है। चौथे वाक्य में नयन में मृगत्व का आरोप है, अधर में पल्लवत्व का आरोप है। इस तरह यहाँ रूपक समुदाय है, यह रूपक समुदाय व्यंग्य है।

कच में राहुत्व के आरोप का फल है, कचों का नीलिमातिशय, वदन में चन्द्रत्व के आरोप का फल है बदन का कामी के हृदय को अधिक आकृष्ट करना। त्रास का व्यंग्य है छिप जाना। बालों का वदन पर बिखर जाने से वदन ढँक जाता है। यह प्रथम वाक्य की कथा है। द्वितीय वाक्य में वदन में चन्द्रत्व के आरोप का फल है कि रोष में भी मुख की कान्ति बढ़ी है, कुछ भी फीकापन नहीं है। कुचों पर कमलत्व के आरोप का फल है, छाती उभरी हुई है, कुच पीन है। त्रास का व्यंग्य है संकुचित होना। मध्य में मृगराजत्व के आरोप का फल है जैसे मृगराज सब पशुओं का राजा है, सब पशुओं में महत्व शाली है, उसी तरह मध्य भाग सब अवयवों का केन्द्र बिन्दु है, अतः सबसे स्पृहणीय है। नयन में मृगत्व के आरोप का फल है नायिका के नयन वस्तुतत्व के अन्वेषक हैं,, इनसे कोई बात ओझल नहीं हो सकती, कोई स्थिति छिप नहीं सकती। यहाँ विभेति का व्यंग्य है फीके पड़ जाना, मन्द पड़ जाना। मध्यभाग का कभी कभी लचक जाना इतना स्पृहणीय है कि नयन भी उसके सामने फीके पड़ जाते हैं। मन्द पड़ जाते हैं। चतुर्थ वाक्य में नयन में मृगत्व के आरोप का फल पूर्ववत् है। अधर में पल्लवत्व के आरोप का फल है। कामिनियों का अधर अमृत कला का आश्रय है, पल्लव स्वरूपता में वह अमृतकला सुरक्षित रह सकती है। समुद्विजति का भाव है (ओविजी भय चलनयोः धातु से समुद्विजति बना है। इसका अर्थ भय और चलना है, यहाँ चलना ही गृहीत है) नयनरूपी मृग (अन्वेषणे) बुद्धिमान् के पीने के लिए अधर पल्लव में अमृतकला संचलित है, स्पन्दायमान है।

प्रासंगिक समर्थन

दुग्ध्वा पयः पत्रपुटे मदीयं पुत्रोपभुंद्क्ष्वेति समादिदेश। पत्र पुट में मेरे दूध का दोहन करके हे पुत्र ! पी लो। ऐसा कामधेनु ने दिलीप को आदेश किया।

वटस्य पत्रस्य पुटे शयानं बालं मुकुन्दं शिरसा नमामि। वट के पत्रपुट में सोये हुए बालक मुकुन्द को प्रणाम करता हूँ इत्यादि स्थलों में पत्र में वस्तु का सुरक्षित रहना सिद्ध है।

प्रासंगिक उदाहरण का उपसंहार

यह ऊपर निर्दिष्ट व्याख्यान सकल कवि सम्मत प्रशस्त मार्ग के अनुसार है। आप ने शक्यतावच्छेदक कचत्व का आरोप राहु में, वदनत्व का आरोप चन्द्र में, और तो और मध्यत्व का आरोप मृगराज में, नयनत्व का आरोप कमल में करके सकल विद्वत्समाज के लिए उपहसनीय वस्तु का उपस्थापन ही किया। कोई भी किसी भी प्रकार शास्त्रानुकुल समन्वित पथ उपस्थित नहीं किया। अतः विचारणीय है।

यह तो हुआ पृथक् पृथक् पदों में लक्षणा के स्वरूप का निदर्शन। किन्तु सम्पूर्ण श्लोक का भाव यह है कि कोई चाटुकार प्रणयी अपनी रुष्ट प्रणयिनी को प्रसन्न करने के लिए उसकी प्रशंसा करता है कि आपके अवयवों के सम्बन्धी वस्तु जैसे कच एवं आपके अवयव दोनों बहुत ही महनीय हैं। अपनी विलक्षण महत्ता से एक दूसरे को प्रभावित करते रहते हैं। तब मादृश जनों को प्रभावित करके वशीभूत कर लेवें तो आश्चर्य ही क्या है। विलक्षण महत्ता क्या है, उसकी व्याख्या ऊपर दिखा चुके हैं।

साहित्यिक मत में लक्षणा का स्वरूप

तात्पर्य की अनुपपत्ति होने पर रूढ़ि या प्रयोजन के बल पर प्रतिपाद्य अर्थ के सम्बन्धी अर्थ का प्रतिपादन करने वाली जो शब्द की आरोपित वृत्ति है, उसका नाम लक्षणा है।

आलंकारिक मत में लक्षणा पदवृत्ति एवं वाक्यवृत्ति दोनों है, अतः प्रतिपादन के योग्य अर्थ प्रतिपाद्य कहा है। वह अर्थ यदि अभिधा से प्रतिपाद्य होगा तो अभिधेय कहलाएगा और यदि वाक्य से वह अर्थ प्रतिपाद्य हुआ तो वाक्य प्रतिपाद्य कहलाएगा। प्रतिपाद्यत्व अभिधेय, लक्ष्य, व्यंग्य, ज्ञाप्य, एवं बोध्य सभी में रहेगा, अतः वाक्य ज्ञाप्य या वाक्य बोध्य भी प्रतिपाद्य कहलाएगा।

रूढ़ि या प्रयोजन के बल पर कहने का अभिप्राय है। जैसे "घट घट व्यापक राम" इस वाक्य में दो बार घट शब्द का प्रयोग क्यों किया ? क्या इसका यह मतलब है कि कुम्हार ने जितने घड़े बनाए हैं उन सब में भगवान् राम व्याप्त हैं ? इस तरह अर्थ करने पर घट-घट व्यापक राम इस वाक्य

का अर्थ संगत हो गया। किन्तु यह मुख्य अर्थ विवक्षित नहीं तब वक्ता का तात्पर्य क्या है ? किस तात्पर्य से किस अभिप्राय से वक्ता ने इस शब्द का प्रयोग किया है। इसका निर्णायक कौन ? इस समस्या का हल करने के लिए लक्षण में "रूढ़ि या प्रयोजन के बल पर" कहा। इस तरह रूढ़ि या प्रयोजन तात्पर्य के निर्णायक हैं।

भगवती श्रुति कहती हैं कि "तत्सृष्ट्वा तदेवानु प्राविशत्" सृष्टि की रचना करके ईश्वर उसमें प्रविष्ट हो गया। कण-कण की रचना ईश्वर की रचना के बाहर कुछ भी नहीं है अर्थात् ईश्वर सब जगह व्याप्त है।

इस शास्त्रीय सिद्धान्त के आधार पर यह बात रूढ़ हो गयी है कि "घट घट व्यापक राम"। मुख्यार्थ घड़े की अविवक्षा में रूढ़ि के बल पर घट घट की लक्षणा कण-कण में है।

प्रयोजनवती लक्षणा का उदाहरण देते हैं "गंगायां घोषः" यहां पर गंगा शब्द की तीर में लक्षणा है, शीतलता पावनता प्रयोजन है। यह पदगत लक्षणा है। वाक्य में लक्षणा का उदाहरण "मन चंगा तो कठौती में गंगा" यहां वाक्य में चंगा पद का मुख्य अर्थ है युवा। युवत्वादि अवस्थाएँ शरीर की होती हैं। मन तो शरीर रहित है। और यहां मन का भी सुखादि का साधन इन्द्रिय रूप अर्थ नहीं है। कठौती का भी अर्थ पात्र विशेष नहीं है। अगर लकड़ी का बना हुआ पात्र लेते हैं तो गंगा का समावेश वहाँ कैसे हो सकता है ? फलतः मन का लक्षणा से अर्थ है मनोवृत्ति भावना, चंगा पद का लक्षणा से अर्थ है पवित्र। कठौती का अर्थ है कठौती में भरा हुआ जल। भावना यदि पवित्र है तो कठौती में भरा हुआ जल भी गंगाजल की तरह पवित्र है। इसका प्रयोजन है कि यह पवित्र है, इसलिए इधर-उधर भटकने की आवश्यकता नहीं है, मन को निगृहीत करना चाहिए।

"रूढ़ि या प्रयोजन के बल पर" कहने का और भी फल

यदि लक्षण में रूढ़ि या प्रयोजन के बल पर नहीं कहेंगे तो "गंगा में घोष" इसमें तात्पर्य के अनुपपन्न होने पर गंगा पद का प्रतिपाद्य अर्थ जो प्रवाह है, उसका सम्बन्धी जैसे संयोग सम्बन्ध से तीर है वैसे ही प्रवाह से युक्त तीर में समवेत तीरत्व भी है। फलतः संयुक्त समवाय रूप से प्रतिपाद्य सम्बन्धी होने से तीरत्व भी लक्ष्य हो जाएगा। यदि रूढ़ि या प्रयोजन का लक्षण में निवेश करते हैं तो तीरत्व में न रूढ़ि है और न तो कोई प्रयोजन है।

"लक्षणा, शब्द की आरोपित वृत्ति है" कहने का फल

गंगा शब्द प्रवाहरूप अर्थ को उपस्थापित करके सफल है, अतः शब्द, बुद्धि एवं क्रिया जब विरत हो जाती है तब उनमें कोई व्यापार नहीं होता है। इस नियम के अनुसार गंगा शब्द तीर का उपस्थापक नहीं होता है। हाँ,

गंगा शब्द से उपस्थापित प्रवाह तीर को लक्षित करता है। इस तरह लक्षणा प्रवाह रूप अर्थ की वृत्ति है न कि शब्द की वृत्ति है। किन्तु वृत्ति, शब्द का ही धर्म होता है, इस सिद्धान्त के अनुरोध से अर्थ के धर्म को शब्द में आरोप करते हैं क्योंकि अर्थ, शब्द से प्रतिपादित हुआ ही अर्थ का लक्षक होता है।

"तात्पर्य के अनुपपन्न होने पर" कहने का प्रयोजन

"तात्पर्य ज्ञान लक्षणा का बीज है" इस मत को सभी ने माना है, क्योंकि "घट घट में व्यापक राम", "कौओं से दही को बचाओ", "छत्ते वाले जाते हैं" ऐसे सभी उदाहरणों में अन्वय उपपन्न हो जाता है। अतः लक्षणा की आवश्यकता ही नहीं है। किन्तु वक्ता के तात्पर्य विषयीभूत अर्थ "कण-कण में सर्वत्र ईश्वर की सत्ता है", मूषक, बिलाव, बानर, कौए जो-जो भी दही के नाशक हैं उन सबसे दही को बचाओ, एक साथ मिल कर चलने के कारण बिना छत्तेवाले भी छत्तेवाले मालूम पड़ते हैं, इत्यादि अर्थ अभिधा के द्वारा शब्द से नहीं उपस्थापित होते हैं। फलतः "तात्पर्य के अनुपपन्न होने पर" लक्षणा के द्वारा उन-उन अर्थों की उपस्थिति होने से उपर्युक्त "तात्पर्य के अनुपपन्न होने पर" इस अंश का लक्षण में निवेश करना सफल है।

कुछ लोग अन्वयानुपपत्ति को लक्षणा का बीज मानते हैं और उसके लिए "गंगायां घोषः" को उदाहरण देते हैं। परन्तु विचार करने पर मालूम होता है कि न वह बीज है और न वह उसका उदाहरण है।

कहते हैं कि गंगा शब्द का अर्थ जल है, वह घोष का आधार नहीं बन सकता है। अतः गंगा पद से लक्षणा के द्वारा तीर की उपस्थिति होती है।

इस पर विचार यह होता है कि जैसे "गंगायां घोषः" यह अन्वय के नहीं होने से लक्षणा करते हैं वैसे ही "गंगायां गावश्चरन्ति" यहाँ भी तो वही गंगायां पद है, कैसे अन्वय हो जाता है और लक्षणा क्यों नहीं होती है? अगर कहें कि यहाँ सामीप्यार्थक सप्तमी है अतः गंगा के समीप गायें चरती हैं ऐसा अर्थ होने से कोई अनुपपत्ति नहीं है, तब यहाँ भी वही सप्तमी है और गंगा के समीपवर्त्ती घोष है। इस तरह अन्वय हो जाता है। इसलिए लक्षणा की क्या आवश्यकता है?

इसके सिवाए "स घोषो धार्तराष्ट्राणां हृदयानि व्यदारयत्" इस गीता के श्लोक में जैसे घोष पद का अर्थ ध्वनि है उसी तरह गंगायां घोषः इसमें भी घोष पद का अर्थ ध्वनि है। जल में कलकलरव का होना स्वाभाविक है। इस तरह न यहाँ अन्वयानुपपत्ति है और न लक्षणा है।

इस पर प्रश्न उठता है कि तात्पर्यानुपपत्ति लक्षणा का बीज है और गंगायां घोषः इसमें गंगापद की तीर में लक्षणा है, इसका आधार क्या है? इसका सरल उत्तर यह है। एक सर्वसम्मत नियम है कि पद से पदार्थ की

उपस्थिति होने पर उसका अन्वय बोध अर्थात् शाब्द बोध अवश्य हो जाता है। अगर पद से पदार्थ की उपस्थिति होने पर अन्वय बोध नहीं होता तो "अग्नि से सींचता है" इस वाक्य से शाब्द बोध तो हुआ ही नहीं, तब यह वाक्य संगत नहीं है यह कहना कैसे बनता है? अतः सिद्ध है कि पद से पदार्थ की उपस्थिति होने पर अवश्य ही अन्वय बोध होता है। हाँ, उस प्रकार के अर्थ में वक्ता का तात्पर्य नहीं रहता है। शाब्द बोध हुए बिना यह अर्थ वक्ता के तात्पर्य का विषय नहीं है, यह कहना कैसे बन सकता है? अतः अन्वयानुपपत्ति कोई वस्तु नहीं है। जब उसमें वक्ता का तात्पर्य नहीं है, किसी अन्य अर्थ में वक्ता का तात्पर्य है, तब वह प्रथम प्रतीत अर्थ अप्रामाणिक है, यह समझना स्वाभाविक है।

अब यह स्थिति उत्पन्न हो गयी कि जिस अर्थ में वक्ता का तात्पर्य है वह अर्थ मिले कैसे? क्योंकि उस अर्थ में संकेत नहीं होने से अभिधा शक्ति से वह अर्थ मिल नहीं सकता। अतः उस तात्पर्यविषयीभूत अर्थ की उपस्थिति के लिए लक्षणा शक्ति की उपासना करनी पड़ती है।

अब पुनः प्रश्न उठता है कि अमुक अर्थ में वक्ता का तात्पर्य है, अमुक में नहीं, इसका विनिगमक कौन? उत्तर :—सिद्धान्त है कि इस तात्पर्य के नियामक रूढ़ि या प्रयोजन है।

इस बात को उदाहरण से हम समझाते हैं। जैसे "गंगायां घोषः" इस स्थल में "गंगायां गावश्चरन्ति" गंगा के समीप में गायें चरती हैं, "गुरौ वसति" गुरु के समीप में रहता है, इत्यादि उदाहरणों की तरह गंगा के समीप में घोष है ऐसा अर्थ हो सकता है और संगति भी बैठ जाता है। तब भी लक्षणा करते हैं अवश्य कोई प्रयोजन है। एक हेतु।

दूसरा हेतु है—गंगा के तीर पर पैदा होने वाले पेड़ों की छाया या वहाँ पर खड़े हुए प्राणियों की छाया गंगा में पड़ती है, उसी तरह घोष की भी छाया गंगा में पड़ती है। इसी को देख कर ऐसी प्रतिति होती है कि मानो गंगा में वे पेड़ हैं, मानो गंगा में प्राणी हैं, गंगा में घोष है। इस तरह जल में प्रतिबिम्बित वस्तु का जलाशय में रहने का वर्णन कवि लोगों ने अपने काव्यों में किया है। जैसे नैषधीयचरित में श्रीहर्ष ने वर्णन किया है :—

तटान्तविश्रान्ततुरंगमच्छटा-स्फुटानुबिम्बोदयचुम्बनेन यः।
बभौ चलद्वीचिकशान्तशातनैः सहस्रमुच्चैःश्रवसामिवाश्रयन् ॥

यहाँ महाराज नल के बगीचे के तालाब का वर्णन है। नल के घोड़ों का समूह उस तालाब के तीर पर पहुँचा है, उनकी परछाई जल में पड़ रही है, उसी को लेकर कवि ने वर्णन किया है। तीर पर स्थित घोड़ों के समुदाय का प्रतिबिम्ब जल में पड़ रहा है जिससे ऐसी शोभा हो रही है कि हजारों उच्चैःश्रवा घोड़े उस तालाब में आश्रय पाकर रहते हैं।

ऐसे ही माघ कवि ने भी अपने काव्य के तृतीय सर्ग में वर्णन किया है। अस्तु।

इस तरह बिना लक्षणा के संगति बैठ जाती है, तब भी लक्षणा कहते हैं, अवश्य कोई प्रयोजन है।

तीसरा हेतु है कि घोष पद की लक्षणा मछली अर्थ में करने से भी संगति हो सकती है तब फिर गंगा पद में ही लक्षणा क्यों? तो अवश्य कोई प्रयोजन है।

चौथा हेतु है कि गंगाजल में घोष है अर्थात् कलकल ध्वनि है, इससे भी संगति हो जाती है तब लक्षणा की क्या आवश्यकता है? अवश्य कोई प्रयोजन है।

पांचवां हेतु है कि गंगाजल में घोष याने ग्वालों का गांव कैसे बस सकता है? इसके लिए गंगा पद की गंगा पुल में या नौका में लक्षणा करके उस पुल पर या नौका पर गांव बस सकता है। इससे भी संगति बैठ सकती है। तब तीर रूप अर्थ ही लक्ष्य क्यों? अवश्य ही कोई प्रयोजन है।

वह प्रयोजन यह है कि ग्रीष्म ऋतु व्याप्त है, मित्रों में परस्पर वार्तालाप हो रहा है कि क्या किया जाए, बड़ी गरमी है। बिना ताप के आनन्द से रहना भी मुश्किल है। तब तक किसी मित्र ने कहा कि आप हमारे घर में आइए, वहां रहिए क्योंकि हमारा गांव गंगा में है। जिस प्रयोजन शीतलता को आप चाहते हैं वह शीतलता आपको वहाँ मिलेगी।

यद्यपि ऊपर निर्दिष्ट पांचों अर्थों को लेने से संगति उस वाक्य की अवश्य हो जाती है किन्तु जिस प्रयोजन को मन में रख कर वक्ता ने इस वाक्य का प्रयोग किया था वह तात्पर्य नहीं सिद्ध हो रहा था और जब वह अर्थ मिला तब तात्पर्यसिद्ध हो गया। अतः तात्पर्यानुपपत्ति लक्षणा का बीज है। यह सिद्धान्तसिद्ध है। अब शंका होती है कि तात्पर्य के अनुपपन्न होने पर लक्षणा आती है तब लक्षणा अनुपपत्ति को मिटाने के लिए तात्पर्य का प्रकाश या तात्पर्य विशिष्ट का प्रकाश क्यों न करे। इसका उत्तर व्यंजना प्रकरण में कहा जाएगा।

"लक्षणावृत्ति पद एवं वाक्य दोनों में है"—यह सिद्धान्त

नैयायिक लक्षणा को पद की ही शक्ति मानते हैं, वाक्य की नहीं मानते हैं। वे कहते हैं कि जैसे अभिधा शक्ति पद ही में है वैसे ही लक्षणा भी पद ही में रहती है। क्योंकि शक्यसम्बन्ध ही लक्षणा है। वाक्य में अभिधाशक्ति के न होने से शक्य सम्बन्ध रूप लक्षणा का स्वयमेव अभाव है।

मीमांसक वाक्य में लक्षणा मानते हैं। ये कहते हैं कि यदि ऐसा न मानेंगे तो "गभीरायां नद्यां घोषः" गभीर नदी में घोष है। यहाँ पर क्या हालत होगी? क्योंकि गभीर पद में यदि तीर की लक्षणा करते हैं तो तीर नदी तो नहीं है, अतः

तीर का नदी के साथ अन्वय नहीं होने से नदी पद अनन्वित रह जाएगा। अगर नदी पद की तीर में लक्षणा करते हैं तो तीर गभीर नहीं है, इसलिए तीर का गभीर के साथ अन्वय नहीं होने से गभीर पद अनन्वित रह जाएगा। अगर दोनों पदों में गभीर पद में गभीर तीर की, नदी पद की नदी तीर में लक्षणा मानते हैं तब गहरी नदी के तीर पर घोष है, ऐसी विशिष्ट प्रतिति नहीं होगी। और इसका कोई विनिगमक नहीं है कि नदी पद की गभीर नदी तीर में लक्षणा मान ली जाय और गभीर पद तात्पर्य ग्राहक मान लिया जाए। या गभीर पद की गभीर नदी तीर में लक्षणा मान ली जाय और नदी पद तात्पर्य ग्राहक मान लिया जाए।

यह भी नहीं कह सकते हैं कि नदी द्रव्य है और तीर भी द्रव्य है। अतः दोनों का साक्षात्संयोग सम्बन्ध होने से नदी पद की तीर में लक्षणा उचित है। क्योंकि "गुणे शुक्लादयः पुंसि गुणिलिंगास्तु तद्वति" गभीर पद गुणवाचक ही है यह बात नहीं है जैसे शुक्लादि की स्थिति है वैसी ही गभीर की भी है। अतः उनकी तरह गभीर पद गुणीवाचक भी है। अतः तीर के साथ गुणी का साक्षात्संयोग सम्बन्ध है। अतएव उस गभीर पद में भी तीर की लक्षणा हो सकती है।

फलतः पहले गभीर एवं नदी का अन्वय बोध हो जाएगा, उसके बाद उसमें घोष की अधिकरणता बाधित है, ऐसा ज्ञान होने पर समुदाय में अर्थात् "गभीरायां नद्याम्" इस वाक्य में लक्षणा मानना आवश्यक है। वाक्य में लक्षणा मानने से अर्थवाद वाक्यों की प्राशस्त्य में लक्षणा है, यह सिद्धान्त भी समन्वित हो गया। और "छत्रिणो यान्ति" यहाँ पर भी छत्रिन् में छत्र प्रकृति एवं इन् तथा जस् प्रत्ययों की कोश एवं व्याकरण से पृथक् पृथक् अर्थ में शक्ति प्रसिद्ध है इस नियम के अनुसार छत्रिणः यह पदसमूह रूप वाक्य है और वाक्य में अभिधा शक्ति है नहीं। अतः शक्यसम्बन्धरूप लक्षणा का उदाहरण कैसा ? यह शंका तथा छत्र पद की एक सार्थ में लक्षणा है इन् प्रत्यय का अर्थ है सम्बन्धी अतः एक साथ वाले जाते हैं, यह अन्वय संगति हुई। या इन् प्रत्यय की एक सार्थ में लक्षणा है। छत्रपद तात्पर्यग्राहक है इत्यादि नानावाद सब समाप्त हो जाते हैं। अतः शक्यसम्बन्धो लक्षणा है, इसकी अपेक्षा सामान्य रूप से लघुभूत प्रतिपाद्यसम्बन्ध का नाम लक्षणा है, यही युक्त होगा।

इन सब झगड़ों की अपेक्षा वाक्य में लक्षणा मानना ही ठीक है। 'छत्रिणो यान्ति' यहाँ छत्रि की ही एक सार्थ वाहित्व रूप सम्बन्ध से छत्री, अछत्री के समुदाय में लक्षणा होती है। और "नीलो द्विरेफः" इन दोनों पदों में नैयायिक लक्षणा मानता ही है। अतः वाक्य में लक्षणा होती है, यही सिद्धान्त है। "विषं भुंक्ष्व" यहाँ पुत्र के प्रति पिता के कहे हुए वाक्य में विष को खाओ कहना नहीं बन सकता है। अतः लक्षणा होती है कि इस के घर में मत जाओ और इस का फल है इस के घर में भोजन करना विष के खाने से भी अधिक अनिष्टकारी है।

लाक्षणिक पद भी अनुभावक होता है

पदों का स्वभाव है कि वे दूसरे पद के अर्थ से मिलकर अपने अर्थ के अनुभव के जनक होते हैं। अतः वे पद अनुभावक होते हैं। यदि दूसरे पद के अर्थ से अपने अर्थ का मिलान नहीं होता हो तो वह पद अनुभावक नहीं होते हैं। (अर्थात् अनुभव का) शाब्दबोध का जनक नहीं होता है। इससे एक सिद्धान्त सा बन गया है कि शक्तिमत्पद ही अनुभावक है। लाक्षणिक पद अनुभावक नहीं है। "लाक्षणिकं पदं नानुभावकम्"। जैसे "देवदत्तो ग्रामं गच्छति" देवदत्त गांव को जाता है यहाँ इस वाक्य में देवदत्तादि पद अभिधा शक्ति के द्वारा उपस्थित अपने अर्थों का एक दूसरे के अर्थों से मिलान कर लेते हैं। अतः ये पद अनुभावक हैं। किन्तु 'गंगायां घोषः' इत्यादि स्थलों में जहाँ लक्षणा होती है वहाँ गंगा पद का अर्थ घोष पद के अर्थ से मिलान नहीं करता है, इसका दूसरे से अन्वय नहीं होता है। अतः वह अनुभावक नहीं है। ऐसा कुछ लोगों का कहना है। किन्तु ऐसी बात नहीं है।

यदि यह सिद्धान्त होता तो गंगापद से उपस्थित तीर रूप अर्थ का घोष पद के अर्थ के साथ प्रतियोगी रूप से अन्वय नहीं होता। और अन्वय हुए विना शीतलता वगैरह की प्रतीति भी नहीं होती। अगर यहाँ लक्षणा करने पर भी जिसके लिए लक्षणा की जाती है वह फल प्रतीत न होवे तो लक्षणा करना ही व्यर्थ है। अतः लाक्षणिक पद भी अनुभावक है, अन्वय के अनुभव का जनक है। अतः लाक्षणिकं पदं नानुभावकम् यह प्रवाद मात्र है, सिद्धान्त भूत नहीं है।

लक्षणा के भेद

लक्षणा दो प्रकार की है—निरूढ़ा और प्रयोजनवती। ये दोनों भी दो प्रकार की हैं। निरूढ़ा शुद्धा १, निरूढ़ा गौणी २। प्रयोजनवती शुद्धा प्रयोजनवती गौणी। प्रथम दोनों प्रकार की निरूढ़ाओं के कोई भेद प्रभेद नहीं है। प्रयोजनवती शुद्धा एवं प्रयोजनवती गौणी के भेद प्रभेद होते हैं। जैसे शुद्धा के १–उपादानलक्षणा, २–लक्षितलक्षणा ३–सारोपा और ४–साध्यवसाना चार भेद होते हैं। और गौणी के सारोपा १ व साध्यवासना २ भेद होते हैं। इस तरह लक्षणा के कुल भेद आठ होते हैं। कहीं-कहीं उपादान को अजहल्लक्षणा, लक्षितलक्षणा को जहल्लक्षणा कहते हैं।

इनके उदाहरण

शुद्धा निरूढ़ा के उदाहरण हैं सरसों का, चमेली का, आंवले का तैल है। तैलपद का अभिधेय अर्थ है तिलों को घाणी में पेरने से निकला हुआ स्नेह पदार्थ। तब सरसों का तैल यह कहना कैसे बन सकता है? किन्तु प्रसिद्धि हो गयी है। और भी बात है। सरसों को घाणी में पेरने से निकले हुए स्नेह

पदार्थ का अपना कोई नाम ही नहीं है सिवाए तैल के। अतः उसके स्नेह को भी तैल कहना निरूढ़ हो गया।

गौणी निरूढ़ा के उदाहरण हैं लावण्य, चित्रतुरग एवं चित्रगजादि। लावण्य पद का अर्थ है लवण रस का धर्म नमकीनपना। किन्तु जैसे दाल में, तरकारी में यदि नमक नहीं रहे तो वे फीके मालूम पड़ते हैं और नमक के रहने से स्वादु हृदयंगम हो जाते हैं वैसे ही नायिका के मुख में हृदय को स्पर्श करने वाली वस्तु नहीं हो तो कोई उसकी तरफ कोई ताके भी नहीं, किन्तु जब वह वस्तु रहती है तब भौरों के अस नायक लोग मंडराए रहते हैं। अतः हृदयस्पर्शित्वरूप सादृश्य के कारण नायिका की परम शोभा में लावण्य पद रूढ़ हो गया। आलेख्य गज़, फोटो की नायिका, चित्र में घोड़ा ये सब आकार साम्य से हाथी, नायिका, अश्व में निरूढ़ हो गये हैं। शुद्धा सारोपा के "आयुर्घृतम्" आदि बहुत से उदाहरण हैं। घी आयु है, नदी पुण्य है, चोर भय है, प्रिया सुख है, जूवा वैर है, गुरु ज्ञान है, ब्राह्मण पूजन श्रेय है। इन्हीं उदाहरणों में से यदि विषयवाचक पदों घृत, नदी वगैरह को हटा कर यह आयु ही है, यह पुण्य ही है इत्यादि रूप से कहा जाए तो ये ही शुद्धा साध्यवसाना के उदाहरण हो जाते हैं।

सारोपा का प्रयोजन अर्थात् फल है अन्य बादाम वगैरह की अपेक्षा विलक्षणरूप से घी आयु का जनक है। साध्यवसाना का फल है कि घी से आयु बढ़ने में कोई सन्देह नहीं है।

गौणी सारोपा के 'मुखं चन्द्रः' गौर्वाहीकः उदाहरण हैं। गौणी साध्यवसाना के मुखमिदम, गौरयम् उदाहरण हैं। गौणी सारोपा में चन्द्रताद्रूप्य, गोताद्रूप्य, प्रतीति अर्थात् चन्द्रगताह्लादकत्वादिगुणसजातीयगुणवत्वज्ञान, गोगतजड़त्वादि-गुणसजातीयगुणवत्वज्ञान से चन्द्रपद का लक्ष्य मुख है, गोपद का लक्ष्य वाहीक है, लक्षणा का फल मुख स्पृहणीय है, अतिशय कामोद्दीपक है, वाहीक आदरणीय नहीं है, अति अनादरणीय है, यह गौणी साध्यवसाना का फल है।

उपादान लक्षणा के उदाहरण 'कुन्ताः प्रविशन्ति' 'श्वेतो धावति' हैं। कुन्त धारी के प्रवेश में (रहने वाला) वक्ता का तात्पर्य कुन्तों के प्रवेश से उपपन्न नहीं होता है, अतः कुन्तरूप वाच्यार्थ भी कुन्तधारीरूप लक्ष्यार्थ में प्रविष्ट है अतः उपादान लक्षणा है। कुन्तधारियों को कुन्त पद से कहने का अभिप्राय है, फल है कि जड़ कुन्तों की तरह उनको वेधयोग्यत्व एवं वेधायोग्यत्व की प्रतीति नहीं है। अतः निर्दयप्रहर्तृत्व ही लक्षणा करने का मूल है। "श्वेतो धावति" इसमें सफेद गुण वाला घोड़ा और घोड़ों की अपेक्षा इतना तेज दौड़ता है कि घोड़े के अवयव नहीं दिखाई पड़ते हैं, सफेद ही दौड़ता मालूम पड़ता है। अतः घोड़े के अवयवों के नहीं दिखाई पड़ने का हेतु तेज दौड़ना ही फल है। साहित्यदर्पणकार ने इसको रूढ़ि का उदाहरण लिखा है। इसकी बात वे ही जाने कि क्यों लिखा।

लक्षितलक्षणा का उदाहरण "गंगायां घोषः" इसको देते हैं वह ठीक नहीं है क्योंकि प्रश्न उठता है कि यहाँ गंगापद से गंगातीर उपस्थित होता है या तीर मात्र उपस्थित होता है ? गंगापद से जब गंगातीर उपस्थित होता है तभी यमुनादि अन्य नदियों के तीर की अपेक्षा गंगा की विलक्षणता के कारण गंगातीर में धर्मों की प्रतीति हो सकती है जो कि वक्ता को विवक्षित है। विवक्षित अर्थ की अनुपपत्ति होने पर ही लक्षणा की उपासना की जाती है, वह विवक्षित अर्थ तभी मिल सकता है जब गंगापद से गंगातीर की उपस्थिति है। अतः गंगापद की लक्षणा गंगातीर में है। अगर गंगापद से तीरमात्र की उपस्थिति मानते हैं, तब प्रतियोगितया घोष में अन्वित होने वाला तीर, यमुना वगैरह का तीर क्यों न लिया जाए, इसका निवारक कौन ? अगर कहें कि वह गंगापद ही है तब इसका अर्थ हुआ कि गंगातीर रूप अर्थ गंगापद से उपस्थित हुआ। जब गंगापद का अर्थ गंगातीर हुआ तब लक्षितलक्षणा या जहल्लक्षणा का उदाहरण गंगायां घोषः कैसे हुआ ? लक्षितलक्षणा का उदाहरण कहना असंगत है। इसी तरह द्विरेफ पद का अर्थ है दो रेफ वाला, यहाँ रेफ वर्ण है अतः रेफ-द्वय वर्णघटित भ्रमर पद लक्ष्य हुआ। उससे क्रूर निर्ह्राद आदि पदों की व्यावृत्ति और भृंग व्यक्ति की प्रतीति होती है। अतः लक्षितलक्षणा या जहल्लक्षणा का उदाहरण मानना भी असंगत है। क्योंकि मुख्यार्थ त्याग नहीं है।

अमरकोषकार ने तो भृंग के नामों में द्विरेफ नाम का उल्लेख किया है। "द्विरेफपुष्पलिड्भृंगषट्पदभ्रमरालयः"। यहाँ द्विरेफ पद का विग्रह ऐसा है जिस व्यक्ति के नाम पद (भ्रमर पद) में दो रेफ हों वह व्यक्ति द्विरेफ पद वाच्य है। इस तरह लक्षणा की कोई आवश्यकता नहीं है। और शक्तिग्राहक प्रमाणों में कोष भी प्रमाण है। अतः लक्षितलक्षणा का उदाहरण कहना असंगत है।

लक्षितलक्षणा का उदाहरण है "उपकृतं बहु तत्र किमुच्यते" ऐसे विरोध स्थल। यहां अपकारी को उपकार किया कहना युक्ति संगत नहीं है, अतः शक्यार्थ का परित्याग करके अशक्यार्थ का ग्रहण किया। "सेतुबन्धे नरः स्नात्वा" यहाँ स्नान ज़ल में होता है, पुल में नहीं स्नान हो सकता है अतः सेतूपलक्षित समुद्र लिया जाता है। सेतु पद ने यहाँ अपना अर्थ छोड़ दिया है। पुष्पं जिघ्रति, पुष्प को सूंघता है, यहाँ सूंघना सौरभ का है अतः पुष्प ने अपना अर्थ छोड़ दिया, ऐसी जगहों में लक्षितलक्षणा या जहल्लक्षणा है।

"कौओं से दही को बचाओ" यहाँ पर दही को जूठा कर देने वाले अस्पृश्य, बालक, काक, बिडाल, कुक्कुट एवं कुत्ता वगैरह के विषय में रहने वाला तात्पर्य केवल कौओं से दही को बचाओ कहने से उपपन्न नहीं होता है। अतः काक शब्द का शक्य जो काकव्यक्ति उसका भी सम्बन्ध उच्छिष्ट कर्तृत्वरूप गृहीत है अतः उपादान लक्षणा ही है।

व्यंजना शक्ति निरूपण

अभिधा शक्ति एवं लक्षणा शक्ति के निरूपण के बाद व्यंजना का निरूपण अवसर प्राप्त है। इसके विषय में अच्छा एवं पूरा विवाद एवं कोलाहल लोगों ने किया है। उसका उत्तर भी काव्यप्रकाशादि में विस्तार से दिया है। तथापि अपनी जानकारी को दुहराने के लिए तथा वह मेरी जानकारी कितनी तथ्यात्मक है इस बात को विद्वानों के समक्ष उपस्थित करने के लिए व्यंजना के विरुद्ध-वादियों की युक्तियाँ, उसके बाद, उनका सर्वसम्मत खण्डन दिखला कर व्यंजना का स्वरूप दिखलाया जाएगा। क्योंकि "अविभिद्य निशाकृतं तमः प्रभया नांशुमताप्युदीयते" रात्रि के किये हुए अन्धकार को जब तक सूर्य अपनी प्रभा से हटा नहीं देता है तब तक वह उदित नहीं होता है। अतः पहले विरुद्धवादियों युक्तियों का खण्डन किये बिना व्यंजना का स्वरूप दिखलाना सम्भव नहीं है। की अतः उन युक्तियों को दिखलाते हैं।

व्यंजना के विरुद्धवादियों की शैलियां

व्यंजना के विषय में अपना विरोध प्रकट करने वालों ने कई शैली से उसको प्रकट किया है, उनमें मुख्य अंश तीन हैं और अवान्तर प्रकार ९ हैं।

१–काव्य में रसादि स्थल में मुख्य रूप से व्यंजना का लक्षण संगत नहीं होता है।

२–व्यंजना नाम की कोई अलग वृत्ति नहीं है, उसका मानी हुई वृत्तियों में ही अन्तर्भाव है।

३–व्यंजना यदि वृत्तियों की परिधि से बाहर है, तब वह है ही नहीं।

इनमें प्रथम अंश एक ही प्रकार का है, उसके अवान्तर भेद नहीं हैं।

द्वितीय अंश में चार प्रकार हैं। पहला अभिधा में व्यंजना का अन्तर्भाव, दूसरा लक्षणा में उसका अन्तर्भाव, तीसरा तात्पर्याख्या नामक वृत्ति में अन्तर्भाव, चौथा रसना नाम से व्यवहार होना।

तृतीय अंश में व्यंजना अनुमान है या सम्भावना है या भावना है या मानस बोध है या आक्षेप है।

रसादिस्थल में मुख्य रूप से व्यंजना का लक्षण संगत नहीं होता

• "रसादि स्थल में मुख्य रूप से व्यंजना का लक्षण संगत नहीं होता है किन्तु औपचारिक रूप से व्यंजना का व्यवहार है"। यह एक आशंका महिमभट्ट की है। यही विद्वान् नैयायिक महिमभट्ट स्वयं अभिव्यक्ति (व्यंजना) का लक्षण लिखते हैं और उसके भेद प्रभेदों का निरूपण करते हैं। उनमें से किसी एक भेद का स्वरूप रस स्थल में संगत नहीं होता है। दूसरे भेद का स्वरूप संगत होता है तब भी मुख्य रूप से (व्यंजना का अभिव्यक्ति का स्वरूप) संगत नहीं होता है

संगत होता है यह साहित्यिकों का भ्रम है अतः उसको औपचारिक प्रयोग लाक्षणिक व्यवहार कहना चाहिए। यह बात अनुमान में ध्वनि का अन्तर्भाव करने की झोंक में कह गये।

इसका स्पष्टीकरण यह है। ध्वनिकार ने ध्वनि का शिलान्यास करने के लिए उसकी भूमिका करते हुए लिखा है कि :—

अर्थः सहृदयश्लाघ्यः काव्यात्मा यो व्यवस्थितः
वाच्यप्रतीयमानाख्यौ तस्य भेदावुभौ स्मृतौ ॥

जो काव्य की आत्मा अर्थात् सार रूप में व्यवस्थित व्यवहृत अर्थ है उस सहृदय श्लाघ्य अर्थ के दो भेद हैं– वाच्य और प्रतीयमान। यह एक संगति है।

अर्थ के दो भेद हैं—वाच्य और प्रतीयमान। किन्तु जो अर्थ सहृदयों के द्वारा श्लाघनीय प्रशंसनीय है वह अर्थ काव्य की आत्मा अर्थात् सार रूप से व्यवस्थित है। यह एक संगति है।

यहाँ दो संगति के कहने का यह भाव है कि प्रतिज्ञा की है ("तेन ब्रूमः सहृदयमनः प्रीतये तत्स्वरूपम्" इसलिए सहृदयों को प्रसन्न करने के लिए ध्वनि का स्वरूप कहते हैं।) ध्वनि के निरूपण करने की और निरूपण करते हैं वाच्य और प्रतीयमान ये दो अर्थ के भेद हैं। इसमें शंका होती है कि ध्वनि का भेद वाच्य है यह कथन कैसे हो सकता है क्योंकि ध्वनि भी हो और वही वाच्य भी हो यह एक काल में एक ही व्यक्ति के लिए त्रिकाल में भी संभव नहीं है। विभिन्न काल में भी यदि सम्भव हो सकता है तो भी वस्तु ध्वनि या अलंकार ध्वनि के लिए हो सकता है। रस रूप ध्वनि के लिए वह भी सम्भव नहीं। अतः ध्वनि के भेदों में वाच्य नाम का कोई भेद बन नहीं सकता है। प्रथम संगति में यह आपत्ति है।

द्वितीय संगति में अर्थ के दो भेद हैं—एक अर्थ वाच्य है दूसरा प्रतीयमान है। जिनमें प्रतीयमान काव्य की आत्मा के रूप में व्यवस्थित है। इसमें शंका होती है कि वस्तुतत्व ठीक होने पर भी अक्षरों से यह अर्थ कैसे आया।

क्रमशः उत्तर :—भगवती श्रुति कहती हैं कि "एकमेव अद्वितीयं ब्रह्म", "नेह नानास्ति किंचन" सजातीय विजातीय एवं स्वगत भेद शून्य ब्रह्म है। यहाँ देश एवं काल में नाना अर्थात् विभिन्न वस्तु कुछ भी नहीं है। जिस ब्रह्म के विषय में कहा गया है कि ब्रह्म से भिन्न कुछ भी नहीं। ब्रह्म की जाति का या ब्रह्म की जाति से विरुद्ध जाति का कोई अलग पदार्थ नहीं है। और तो और ब्रह्म में अपने आप का भी भेद नहीं है। जैसे "राहु का शिर" यह अपने आप में भेद है। केतु के शिरोभाग का नाम ही तो राहु है फिर राहु का शिर यह भेद कैसे ? तथापि काल्पनिक भेद है। यह भेद भी ब्रह्म में नहीं है। फिर भी ब्रह्म को समझाने के लिए ('जन्माद्यस्य यतः' जिस से इस जगत् की उत्पत्ति स्थिति

एवं प्रलीनता होती है) भेद को ही सामने रखते हैं। उसी प्रकार प्रकृत में "ध्वनि" अर्थ है और वह अर्थ प्रतीयमान है। अर्थात् वह किसी से प्रतीत होता है। अब आकांक्षा होती है कि वह किससे प्रतीत होता है इस आकांक्षा की शान्ति के लिए कहना आवश्यक है कि वह प्रत्यायक भी अर्थ ही है, उसका नाम वाच्य है।

फिर शंका होती है कि यही बात समझाना है तब ब्रह्म की तरह दो वाक्यों में समझाते। उत्तर :—एक ही (अभेद में भी भेद होता है) अंश में साम्य है, अन्य अंश में साम्य नहीं है। क्योंकि ब्रह्म ज्ञान होने पर संसार कहां (ज्ञाते तत्वे कः संसारः) किंतु ध्वनि के विषय में यह अंश लागू नहीं पड़ता। यहां तो ध्वनिकार लिखते हैं कि (न हि व्यंग्ये प्रतीयमाने वाच्यबुद्धिर्दूरीभवति वाच्याविनाभावेन तस्य प्रकाशनात्) व्यंग्य की प्रतीति के समय वाच्य की प्रतीति दूर नहीं होती। क्योंकि वाच्य के सम्बन्ध से ही व्यंग्य की प्रतीति होती है।

फलतः प्रत्याय्य प्रतीयमान को समझाने के लिए प्रत्यायक वाच्य को उसके स्वरूप में समझाना आवश्यक हो जाता है, उसके बिना भागासिद्धि दोष हो जाता है। इसलिए प्रतिज्ञात अर्थ को ही आचार्य ने लिखा, प्रतिज्ञात के बाहर नहीं लिखा। प्रथमसंगति की यह कथा हुई।

द्वितीय संगति के विषय में जो आशंका थी उसका उत्तर यह है "पाठक्रमा-दर्थक्रमो बलीयान्"। पाठ क्रम से अर्थ क्रम बलवान् है इस शास्त्रीय नियम के अनुसार अक्षरों को व्यवस्थित करके संगति करने में कोई दोष नहीं है।

अब प्रकृत विषय पर आते हैं। "अर्थः सहृदयः श्लाघ्यः" इस पद में ध्वनिकार ने प्रतीयमान को काव्य की आत्मा कहा और वाच्यार्थ उसी के निरूपण में प्रत्यायक रूप से स्वतः कहा गया। इसके बाद आगे चलकर ध्वनिकार कहते हैं कि घटप्रदीपन्यायः तयोः, व्यंजकत्व मार्गे तु यदार्थोऽर्थान्तरं द्योतयति तदा स्वरूपं प्रकाशयन्नेवासौ अन्यस्य प्रकाशकः प्रतीयते प्रदीपवत्।

प्रत्याय्य एवं प्रत्यायक में घट प्रदीपन्याय है। अर्थात् अन्धेरे घर में दीपक जलाने पर प्रकाशक और प्रकाश्य वस्तुओं की एक साथ ही प्रतीति होती है और व्यंजकत्व अर्थात् व्यंजना के मार्ग में जब अर्थ अर्थान्तर को प्रकाशित करता है तब स्वरूप को प्रकाशित करता हुआ ही अन्य अर्थ का प्रकाशक होता है जैसे दीपक; इत्यादि घट प्रदीप न्याय का उल्लेख करके वाच्य प्रतीयमान में व्यंग्य व्यंजक भाव सिद्ध किया है। क्योंकि प्रकाश्य वस्तुओं का प्रकाशक के साथ ही प्रतीति का नाम व्यंजना है, यह सिद्धान्त है।

इसका खण्डन करते हुए व्यक्तिविवेककार व्यक्तिविवेक के पृष्ठ ५३ में लिखते हैं, "केवलं रसादिष्वनुमेयेष्वयमसंलक्ष्यक्रमो गम्यगमकभाव इति सह-

भावभ्रान्तिमात्रकृतस्तत्रान्येषां व्यंग्यव्यंजकभावाभ्युपगमः, तन्निबन्धनश्च ध्वनिव्यपदेशः। स तु तत्रौपचारिक एव प्रयुक्तो न मुख्यः तस्य वक्ष्यमाणनयेन बाधितत्वात्। उपचारस्य च प्रयोजनं सचेतनचमत्कारकारित्वं नाम। तद्धि मुख्ये चित्रपुस्तकादौ व्यक्तिविषये परिदृष्टमेव"।

रसादि ध्वनियां अनुमेय हैं। इनमें रसादि गम्य हैं, वाच्य गमक है, यह क्रम न मालूम होकर यही मालूम होता है कि वे दोनों एक साथ प्रतीत होते हैं। किन्तु वे एक साथ नहीं मालूम होते हैं, यह सिद्ध है। केवल एक साथ प्रतीति की भ्रान्ति है। इस भ्रान्ति के कारण अन्य आचार्य रसादि में व्यंग्य व्यंजक भाव मानते हैं। और उस भ्रान्तिमूलक व्यंग्य व्यंजक भाव के कारण ही रसादि में ध्वनि शब्द का व्यपदेश करते हैं। वस्तुतस्तु वह व्यपदेश औपचारिक है, लाक्षणिक है, मुख्य प्रयोग नहीं है। क्योंकि यह प्रयोग आगे कहे जाने वाले नयों से बाधित है। लक्षणा का प्रयोजन यहाँ है सहृदयों को चमत्कार की अनुभूति। वह चमत्कार मुख्यतया नायिका वगैरह की फोटो में देखा ही जाता है। इत्यादि खण्डन करके व्यक्ति का स्वरूप बतलाते हैं:—"नापि वाच्यप्रतीयमानयोः मुख्यवृत्त्या व्यंग्यव्यंजकभावः सम्भवति व्यक्तिलक्षणानुपपत्तेः। तथा हि। सतोऽसत एव वार्थस्य प्रकाशमानस्य सम्बन्धस्मरणानपेक्षिणा प्रकाशकेन सहैव प्रकाशविषयतापत्तिरभिव्यक्तिरिति तल्लक्षणमाचक्षते"। (पृष्ठ ७६)

वाच्य और प्रतीयमान में मुख्यवृत्ति से व्यंग्यव्यंजकभाव सम्भव नहीं हो सकता है क्योंकि व्यक्ति का लक्षण उसमें अनुपपन्न है। जैसे प्रकाशित होने वाला जो अर्थ है वह चाहे सच्चा हो या चाहे झूठा हो, उसके सम्बन्ध ज्ञान की पर्वाह नहीं करने वाले प्रकाशक के साथ ही होने वाली प्रतीति का नाम अभिव्यक्ति है। ऐसा आचार्य लोग कहते हैं जिसमें सच्चे अर्थ की अभिव्यक्ति तीन प्रकार की है। तत्र सतोऽभिव्यक्तिस्त्रिविधा, तस्य त्रैविध्यात्। तत्र कारणात्मनि कार्यस्य शक्त्यात्मनाऽवस्थानात् तिरोभूतस्येन्द्रियगोचरत्वापत्तिलक्षण आविर्भाव एका, यथा क्षीराद्यवस्थायां दध्यादेः।

तस्यैवाविर्भूतस्य कुतश्चित् प्रतिबन्धादप्रकाशमानस्य प्रकाशकेनोपसर्जनीकृतात्मना सहैव प्रकाशो द्वितीया, यथा प्रदीपादिना घटादेः।

तस्यैवानुभूतपूर्वस्य संस्कारात्मनान्तर्विपरिवर्तिनः कुतश्चिदव्यभिचारिणोऽर्थान्तरात् तत्प्रतिपादकाद्वा संस्कारप्रबोधमात्रं तृतीया, यथा धूमादग्नेः।

न चैतल्लक्षणं वाच्ये संगच्छते। तथा हि—सतोऽभिव्यक्तिराद्ययोरर्थयोर्लक्षणं न तत्प्रतीयमानेष्वेकमपि संस्प्रष्टुं क्षमते; तस्य दध्यादेरिवेन्द्रियविषयभावापत्तिप्रसंगाद् घटादेरिव वाच्यार्थसहभावेनेदन्ताप्रतीतेरसम्भवात्।

तृतीयस्यास्तु यल्लक्षणं तदनुमानस्यैव संगच्छते, न व्यक्तेः।

उन तीन प्रकार की व्यक्तियों में पहली का लक्षण है जो कार्य कारण में शक्त्यात्मना अवस्थित होने से इन्द्रियों का विषय नहीं होता था उसका इन्द्रियों का विषय हो जाना ही आविर्भाव है यही पहली व्यक्ति है। जैसे दही दूध में ही था किन्तु इन्द्रियों से ओझल था। जब वह कारण दूध रूप में था तब तक उसे दही नहीं कह सकते थे। जब क्रिया विशेष से इन्द्रियों का विषय हुआ तब दही कहने लगे। इसी को नैयायिक उत्पत्ति मानता है, सांख्य वाले इसे आविर्भाव कहते हैं।

वही आविर्भूत वस्तु किसी प्रतिबन्धक के कारण अप्रकाशित अवस्था में थी किन्तु प्रदीप के जलाने पर साधनभूत प्रकाश के साथ ही जब उसका प्रकाश हो जाए तो वह प्रकाश ही द्वितीया व्यक्ति है। जैसे दीपक से घट का प्रकाश।

पहले कहीं स्थल विशेष में अनुभव किये हुए इसीलिए संस्कार रूप से अन्तः करण में वर्तमान किसी नियत वस्तु से जैसे धूम, फोटो, लिपि, प्रतिबिम्ब, अनुकरण या शब्द से संस्कार का उद्बोधन यह तृतीया अभिव्यक्ति है जैसे धूम से अग्नि का ज्ञान।

ये ऊपर बतलाये हुए अभिव्यक्ति के लक्षण प्रतीयमान में संगत नहीं होते हैं। जैसे पहले वाले दो लक्षण तो प्रतीयमान रस, वस्तु एवं अलंकारों में से किसी एक को भी स्पर्श नहीं करता। स्पर्श करने का अर्थ होगा जैसे पहली अभिव्यक्ति में दूध का परिणाम दही स्पष्ट आँख से दिखाई पड़ता है, उसी तरह दिखाई पड़ने लगे। द्वितीय अभिव्यक्ति में प्रकाश के साथ ही जैसे 'अयं घटः' यह घड़ा है यह प्रतीति होती है, उसी तरह वाच्यार्थ के साथ ही यह व्यंग्य है यह प्रतीति होने लगे परन्तु दोनों जगह में लक्षण स्वरूप को स्पर्श नहीं करता है किन्तु स्थिति यह है कि ('न हि स्वरूपा संस्पर्शि लक्षणं भवति') जो स्वरूप को स्पर्श नहीं करे वह लक्षण नहीं है। अतः लक्षण संगत नहीं है।

तीसरी अभिव्यक्ति का जो लक्षण है वह अनुमान में ही संगत होता है न कि व्यक्ति में।

यह सब लेख हस्तिस्नान की तरह है। जैसे हाथी पहले नहाता है और फिर सूंड़ से अपने शरीर पर धूल फेंक लेता है उसी तरह तीन प्रकार की अभिव्यक्ति लिखी, तीनों के लक्षण लिखे, उदाहरण भी लिखे, अन्त में कहते हैं कि यह तीसरा लक्षण अभिव्यक्ति का नहीं है, अनुमान का है। हम पूछते हैं कि ये विभाग, लक्षण, उदाहरण किसके सिद्धान्त के अनुसार आपने लिखे? जिस आचार्य सम्मत ध्वनि का अन्तर्भाव अनुमान में करते हैं उस आचार्य ने कहाँ अपने ग्रन्थ में ऐसा अभिव्यक्ति का लक्षण प्रतिपादन किया है? नहीं प्रतिपादन किया है तब अपनी बात का अपने से ही निषेध करना क्या हुआ हस्तिस्नान के समान ही तो हुआ।

जिस अभिव्यक्ति के स्वरूप को ध्वनिकार ने स्वीकृत किया है उसको आप भी अनुमान नहीं कहते हैं। तब अनुमान में ध्वनि का अन्तर्भाव

करना वही हुआ जैसे "आम्रान् पृष्टः कोविदारानविष्टे" आम कैसे हैं ? पूछने पर कहता है कि कोदो अच्छे हैं। अतः अनुमान में सकल ध्वनियों का अन्तर्भाव करने के लिए व्यक्ति विवेक बनाता हूँ, यह प्रतिज्ञा ध्वस्त हुई।

और भी बात है। तीन प्रकार की अभिव्यक्तियों में से तीसरे स्वरूप को यदि आप अनुमान मानते हैं तब व्यक्ति में अनुमान का अन्तर्भाव हुआ न कि अनुमान में व्यक्ति अन्तर्भाव हुआ। क्योंकि आप ही के लेख के अनुसार यह तीसरा भेद व्यक्ति का है। तीसरापन अपेक्षा रखता है दूसरे और पहले की। पहले और दूसरे भेद जब व्यक्ति के हैं तब तीसरा भी व्यक्ति का ही है।

जैसा कि आपका लेख है "तत्र सतोऽभिव्यक्तिस्त्रिविधा, तस्य त्रैविध्यात्" सत् की अभिव्यक्ति तीन प्रकार की है क्योंकि वह तीन प्रकार का है। यह आपकी गज निमीलका है। हाथी जैसे वस्तु को सामने देखता है तथापि आँख बन्द कर लेता है उसी तरह आप स्वयं सिद्धवत् वस्तु का प्रतिपादन करते हैं और स्वयं उसको भूल जाते हैं।

अनुमान में ध्वनि का अन्तर्भाव नहीं हो सकता है इस बात को आगे के प्रघट्टक में स्पष्टीकरण करेंगे।

आप लिखते हैं कि द्वितीय अभिव्यक्ति का लक्षण प्रतीयमानों में से किसी एक को भी स्पर्श नहीं करता क्योंकि प्रदीप के जलाने पर प्रकाश के साथ ही "यह घड़ा है" यह प्रतीति जैसे होती है वैसे वाच्यार्थ के साथ ही यह रस है या यह वस्तु या यह अलंकार है यह प्रतीति नहीं होती।

इसका उत्तर सुनिए। यहाँ आपने हेतु में दो अंश कहे हैं। एक अंश है यह रसादि हैं ऐसी प्रतीति नहीं होती और दूसरा अंश है वाच्य और प्रतीयमान में क्रम है। वाच्य का ज्ञान पहले होता है फिर पीछे प्रतीयमान का ज्ञान होता है। इनमें सहभाव नहीं है, सहभाव होने पर व्यंजना का लक्षण संगत होता है, केवल सहभाव का भ्रम है। अतः औपचारिक रूप से व्यंजना है, मुख्य रूप से नहीं है।

प्रश्न के प्रथम अंश का उत्तर यह है कि पद्य में वाच्यार्थ के प्रतीत होने पर यह रस है या यह वस्तु है या यह अलंकार है यह प्रतीति अवश्य होती है। यदि वैसी प्रतीति नहीं होती, तब यह पद्य अमुक रस का उदाहरण है, अमुक रस का नहीं। यहाँ अमुक वस्तु ध्वनित होती है, अमुक अलंकार ध्वनित होता है, अमुक नहीं होता है, यह व्यवहार कैसे होता ? यह व्यवहार ही सिद्ध करता है कि उपर्युक्त प्रतीतियाँ होती हैं।

दूसरे अंश का उत्तर यह है कि वाच्य अर्थ एवं प्रतीयमान के सहभाव के न होने की समस्या में आप व्यर्थ उलझे हुए हैं। हमारे यहाँ तो वक्ता के द्वारा शब्द के पूरे रूप में उच्चारण किये बिना ही अर्थात् वक्ता श्रोता को अपने मन का भाव समझाने के लिए वाक्य के अन्तर्गत किसी पद को अभी पूरा नहीं

बोल सका है, किन्तु बोल ही रहा है, उतने में तो श्रोता ने उसके कितने तूफानी भावों को समझ लिया। अतः सहभाव नहीं होने का आपका स्वप्न मात्र है। इसीलिए तो ध्वनिकार ने असंलक्ष्यक्रम कहा। हमारे यहाँ तो नायिका का मान पहले ही चला जाता है, उसके बाद मनुहावन होती है। अग्रे मानो गतः पश्चादनुनीता प्रियेण सा।

वाच्य एवं प्रतीयमान में सहभाव न होने का भ्रम आप को है उसको एक ऐतिहासिक तथ्य के द्वारा निकालने का प्रयत्न करते हैं। क्योंकि आप अपने भ्रम को दूसरों पर आरोप करते हैं, अतः भ्रम निवारण आवश्यक है।

राजस्थान में जोधपुर रियासत के अन्तर्गत नागौद राज्य है। मैं (लेखक) वहाँ गया हूँ, वहाँ की बातों को सुना एवं समझा है। वहाँ के युवक राजा अमरसिंह राठौर दिल्ली के बादशाह मुहम्मद तुगलक की सेना के नायकों में से एक थे। सेना का सेनापति बादशाह का साला था जो कि उनकी शूरता से कुढ़ता था। अमरसिंह को द्विरागमन के अवसर पर घर जाने के लिए अवकाश की आवश्यकता थी। अतः सेनानायक से तीन महीने के अवकाश की प्रार्थना की। अन्ततो गत्वा तीन दिन का अवकाश स्वीकृत हुआ। एक दिन आने का, एक दिन ठहरने का और एक दिन पुनरावर्तन का स्वीकृत हुआ। किन्तु वहाँ पहुँचने पर तीन मास व्यतीत हो गये।

तीन मास के बाद जब शाही दरबार में उपस्थित हुए तब सेनापति, बादशाह के साले ने राठौर साहब को अपमानित करने की भावना से "ये लोग समय का मूल्य क्या जाने आखिर राजपूत जाति गँवार होती है" इस वाक्य के गँवार पद के गँ को उच्चारण किया ही था कि तलवार निकल पड़ी और उस सेनापति के वार कहने के पहले ही तलवार का वार कर दिया, उसको मार डाला। जैसा कि प्रसिद्ध है :—

इत गकार मुख से कह्यो, उत निकसी जमधार।
वार कहन पायो नहीं, वार कियो तत्काल॥

इस इतिहास से सिद्ध है कि पूरे शब्द के बिना कहे भी वक्ता के भाव को सहृदय लोग लख लेते हैं। प्रतिदिन का अनुभव ही प्रमाण है कि किसी वक्ता ने कुछ कहना शुरू किया कि सहृदय श्रोता ने कहा कि बस बस मैं समझ गया कि आप क्या कहना चाहते हैं, आगे कहने की आवश्यकता नहीं। यदि कहीं मूर्ख श्रोता हुआ तो कहने से समझना तो दरकिनार, समझाने पर भी नहीं समझता। अतः यह काव्योद्यान प्रतिभाशाली व्यक्तियों के विहार की स्थली है, शुष्क नीरस तर्क से परे है। वाच्य एवं प्रतीयमान में सहभाव नहीं होता है, यह आपका केवल भ्रम है और सब निरर्थक ऊहापोह है।

एक विचार और भी है कि आपने जो यह लिखा कि "तृतीयस्य यल्लक्षणं तदनुमानस्य" तीसरी अभिव्यक्ति का जो लक्षण है वह अनुमान का है। उनमें

तीसरी का लक्षण है कि किसी अव्यभिचारी अर्थात् नियत वस्तुविशेष से केवल संस्कार का प्रबोध। इसमें आपत्ति यह है कि अगर उद्बुध संस्कार को ही अनुमान यानें अनुमिति का हेतु मानेंगे तब नैयायिक का परामर्श को कारण मानने का सिद्धान्त ही धराशायी हो जायगा। क्योंकि उद्बुद्ध संस्कार को ही अनुमिति का हेतु मानने का प्रकार यह है :—"पर्वत में धूम को देखा" उससे पक्ष पर्वत में धूम की वृत्तिता की स्थिति का ज्ञान हुआ। उस ज्ञान से धूम वह्निव्याप्य है अर्थात् वह्नि निरूपित व्याप्ति का आश्रय धूम है इस का स्मरण हुआ। इस स्मरण का कारण है पहले रसोई घर में धूम एवं वह्नि के साहचर्य के अनुभव से उत्पन्न हुए संस्कार का उद्बोध, उससे फिर वह्नि की अनुमिति हुई। इस तरह मध्य में पक्षधर्मताज्ञान से यो यो धूमवान् स स वह्निमान् इस व्याप्ति के संस्मरण तथा उस व्याप्ति स्मरण से जन्य वह्निव्याप्य धूम वाला यह पर्वत है, इस परामर्श को मानने की क्या आवश्यकता रह गयी ? इस तरह आपने संस्कार प्रबोध को अनुमति कह कर स्वयं अपना उपहास किया।

व्यंजना का मानी हुई प्रवृत्तियों में अन्तर्भाव क्यों नहीं

व्यंजना को अलग वृत्ति मानने की क्या आवश्यकता है ? मानी हुई अभिधा या लक्षणा वृत्तियों में ही उसका अन्तर्भाव कर दिया जाए तो क्या क्षति है। अर्थात् व्यंजना का कार्य प्रसिद्ध शक्तियों से हो सकता है।

व्यंजना का अभिधा में अन्तर्भाव वादियों का मत

भट्टलोल्लट वगैरह मीमांसकों का मत है कि "आरब्धस्यान्तगमनं द्वितीयं बुद्धिलक्षणम्" आरम्भ किये हुए का अन्त तक जाना यह दूसरा बुद्धि का लक्षण है। तदनुसार वाच्यार्थ का ज्ञान कराने के लिए आया हुआ शब्द प्रतीयमान का ज्ञान कराने तक अपना कार्य करेगा। जैसे एक ही बाण दुश्मन की छाती तोड़ता है और कवच को तोड़ता है। अतः व्यंजना की आवश्यकता नहीं।

इनको साहित्याचार्य उत्तर देते हैं कि आपने दृष्टान्त के एक बाजू का अवलम्बन किया, उसके दूसरी तरफ आपने देखा भी नहीं। बाण जैसे वेग के अनुसार वेग के सापेक्ष हो कर ही अपनी क्रिया करता है उसी तरह शब्द भी संकेत अर्थात् शक्तिग्राहक प्रमाणों के द्वारा जिस अर्थ में शक्ति का ग्रहण करता है उसी अर्थ को बतलाता है, अन्य को नहीं बतलाता है। अन्य अर्थों को भी यदि वह शब्द बतलाने लगेगा तो लक्षणा की क्या आवश्यकता है ? और "यदर्थं क्षत्रिया सूते तस्य कालोऽयमागतः" विनाश से जगत् की रक्षा करने वाले वीर की पत्नी जिस कार्य के लिए सन्तान पैदा करती है, उसका समय आ गया। यहाँ पर माता (कुन्ती) अपनी सन्तान (पाण्डवों) को उपदेश देती है कि "इस ब्राह्मण की रक्षा करो।" यहाँ पर किस व्याकरण आदि प्रमाण ने युद्ध करो आदि अर्थों में शक्ति ग्रहण कराया। तब भी शब्द इन अर्थों का बोध कराता है, किसके सहारे ? जिसके सहारे बोध कराता है वह व्यंजना शक्ति है। अतः

व्यंजना मानना परमावश्यक है, अभिधा से कार्य नहीं चलेगा। यह स्थिति एक ही अर्थ का बोध कराने वाले शब्दों के विषय की है।

नानार्थक शब्द विषयक स्थिति

अभिधावादियों का कहना है कि जिस शब्द का शक्ततावच्छेदक याने उसकी आनुपूर्वी (जैसे सैन्धव में—स्, ऐ, न्, ध्, अ, व्, अ) एक हो और शक्यतावच्छेदक (जैसे अश्वत्व और लवणत्व) नाना हो वह शब्द नानार्थक कहलाता है।

जैसे अश्व रूप अर्थ सैन्धव शब्द का शक्य है उसी तरह लवण रूप अर्थ भी उस शब्द का शक्य है। अतः दोनों अर्थ अभिधेय हैं। या जिस अर्थ में प्रकरण है उस अर्थ में प्रथम तात्पर्य निर्णय हुआ अतः उसका प्रथम बोध हुआ। दूसरे अर्थ का बोध बाद में हुआ। दोनों अभिधेय हैं दोनों अर्थों में संकेत तुल्य है किन्तु प्रथम प्रकरण सहित है, दूसरा प्रकरणशून्य है। अतः नानार्थक स्थल में अर्थान्तर प्रतीति अभिधासे ही होती है। अगर कहें शब्द का संकेत सभी अर्थों में समान होने से सभी अर्थ खले कपोत न्याय से एक साथ उपस्थित होंगे, अतः किस अर्थ में वक्ता का तात्पर्य है इसमें सन्देह होने पर प्रकरणादि को नियामक बनाया गया। अतः अभिधा उसी अर्थ को बतलाएगी जिस अर्थ में उन नियामकों के द्वारा तात्पर्य का निर्णय हुआ है। उसकी अपेक्षा दूसरे अर्थ को यदि बतलाने की वह चेष्टा करे भी तो वे नियामक रोक देंगे। अतः दूसरे अर्थ को बतलाने के लिए व्यंजना मानना आवश्यक है।

दूसरे आचार्य कहते हैं कि प्रकरणादि बहुत हैं, उनका कोई एक अनुगमक नहीं है, और वे प्रकरणादि अनियत भी हैं जिसका फल होता है कि कभी भोजन प्रकरण में सैन्धव पद का अर्थ लवण और कभी गमन प्रकरण में उसका अर्थ अश्व होता है। कदाचित् भोजन प्रकरण में गमन का तात्पर्य भी उपस्थित हो सकता है (जैसे मित्रों के यहाँ वैवाहिक महोत्सव में भोजन के लिए ग्रामान्तर गमन उपस्थित होने पर) उस अवस्था में सन्देह भी हो सकता है फलतः प्रकरणादि नियन्त्रित तात्पर्य ज्ञान शाब्दबोध का कारण नहीं मानकर केवल तात्पर्यज्ञान को शाब्द बोधका कारण माना जाता है। वह तात्पर्यज्ञान दोनों में है अतः अभिधा से दोनों अर्थों का बोध हो जाएगा, व्यंजना की क्या आवश्यकता है?

इस पर अन्य आचार्य कहते हैं कि तात्पर्यज्ञान शाब्द बोध का कारण है यह भी नियम साधु नहीं है। क्योंकि "तात्पर्यं न तुलाधृतम्" तात्पर्य कोई तराजू से जोखा तो है नहीं। जैसे किसी वैद्य के यहाँ कोई रोगी गया। वैद्य ने रोगी की परीक्षा की और दवा दी और कहा कि "न नूनं त्वया भोक्तव्यम्"। वैद्य ने इस तात्पर्य से कहा कि निश्चय तुम कुछ नहीं खाना। वह घर चला। रास्ते

में संयोगवश दूसरे वैद्य से भेंट हो गयी। उससे वार्तालाप हुआ। उससे कहा कि उन वैद्य जी ने कहा है कि न नूनं त्वया भोक्तव्यम्। सुनते ही उस वैद्य ने कहा कि नहीं खाने से कमजोरी हो जाएगी। खाना जरूर। किन्तु कम खाना। उन वैद्य जी ने भी यही कहा है कि "ननु ऊनं त्वया भोक्तव्यम्"। ऊनका अर्थ थोड़ा है। यहाँ ननु का अर्थ "प्रश्नावधारणानुज्ञानुनयामंत्रणे ननु" इस अमर कोष के अनुसार अनुज्ञा है। इसके बाद कोई तीसरा व्यक्ति मिला। उसने नु "ऊनं त्वया न भोक्तव्यम्" तुमसे अनुनय है कि तुम कम मत खाना क्योंकि घूमते फिरते हो, जवान हो कम खाना ठीक नहीं है (नुः स्यात् प्रश्ने विकल्पार्थेप्यतीतानु-नयार्थयोः) इस विश्वकोष के आधार पर नु का अर्थ अनुनय है।

अतः किस तात्पर्य को शाब्द बोध का कारण माना जाए ?

और भी कारण है। श्री हर्ष महाकवि ने महाराज नल के द्वारा अपनी प्रेयसी के लिए सन्देशहर राजहंस की बिदाई कराने में नेषध महाकाव्य के द्वितीय सर्ग में एक श्लोक लिखा है :—

तव वर्त्मनि वर्त्ततां शिवं, पुनरस्तु त्वरितं समागमः।
अयि साधय साधयेप्सितं, स्मरणीयाः समये वयं वयः!॥

इसमें श्री हर्ष कवि ने या राजा नल ने जिसका कभी स्वप्न भी नहीं लिया, तीनों कालों में भी जिसकी साधारण जन भी सम्भावना नहीं कर सकता वह प्रकृत विरुद्ध अर्थ अक्षरों की योजना से दोषज्ञ लोग निकाल लेते हैं।

तव शिवं वर्त्म निवर्तताम्, तुम्हारा मार्ग कल्याणमय नहीं होवे। "पुनः त्वरितं स आगमः आगमनं मास्तु" वह तुम्हारा आगमन पुनः जल्दी मत होवे। भला जो राजा नल दमयन्ती के लिए इतना व्याकुल हो वह राजा नल हंस की यात्रा की शुभकामना करेगा या ऐसी अटपट बातें करेगा ? तब भी उपर्युक्त अर्थ निकाला जाता है। उसमें कवि का या कवि निबद्ध वक्ता का तात्पर्य है क्या ? कभी भी नहीं। इसके सिवाए जो व्यक्ति ऐसा अर्थ निकालते हैं उनका भी तो तात्पर्य उस अर्थ में नहीं फिर भी तो वह अर्थ उन्हीं अक्षरों से निकलता है। अगर उन लोगों का वैसा तात्पर्य होता तो संशोधन क्यों करते ?

तव वर्त्मसु वर्त्ततां शिवं पुनरस्तु त्वरितं सदागमः। तुम्हारा प्रत्येक मार्ग कल्याणमय हो और बहुत शीघ्र सदा निरन्तर तुम्हारा आगमन हो। अतः कैसे कहें कि तात्पर्य ज्ञान शाब्द बोध का कारण है। शाब्दबोध तो पद से, पदार्थ की उपस्थिति होने पर तात्पर्य के बिना भी हो ही जाता है।

और भी कारण है। महाकवि कालिदास ने रघुवंश महाकाव्य बनाया। जिसके द्वितीय सर्ग में कथा है कि दिलीप, गुरु वशिष्ठ जी की आज्ञा से नन्दिनी को चराने के लिए प्रातः समय में आश्रम से खोलकर जंगल की ओर ले जाते

हैं। यह स्पष्ट है और विद्वत्समाज इसको पूर्ण रूप से जानता है। तथापि हमारे गुरुवर महामहोपाध्याय पं० देवीप्रसाद जी कविचक्रवर्ती के पूज्य पिता महाकवि पं० दुःखभंजन जी ने उस सर्ग को चौर पक्ष में समन्वित किया। यह चौर पक्षीया टीका "सुप्रभातं" काशी के मान्य विद्वानों के द्वारा समर्थित अतएव सुप्रसिद्ध मासिक पत्र में क्रमशः निकलती थी। कवि का तात्पर्य उस अर्थ में नहीं रहने पर भी उन्हीं शब्दों से चौर रूप अर्थ कैसे प्राप्त होता है?

एक महिम्नः स्तोत्र है। यह स्तोत्र बाल, युवा एवं वृद्ध, स्त्री या पुरुष सभी में समान भाव से प्रसिद्ध है। उसके एक श्लोक का अंश है "न खलु परतंत्राः प्रभुधियः"। इसका अर्थ है प्रभुओं की बुद्धि किसी दूसरे की अधीनता में नहीं रहती है, वे लोग स्वतन्त्र होकर अपनी कार्य व्यवस्था करते हैं। किन्तु इसी पद्यांश का अर्थ यह भी किया गया जैसा कि प्रसिद्ध है। उपर्युक्त पं० दुःखभंजन जी, कवि के विषय में एक कथा यहाँ काशी में प्रसिद्ध है कि काशी नरेश प्रभुनारायण सिंह जी ने टेढ़ीनीम मुहल्ले में उनको एक मकान देने का निश्चय किया। प्रायः सब व्यवस्था सम्पन्न हो गयी। काशी नरेश के यहाँ खवाशजी (नाई) प्रधान मन्त्री थे। उन्होंने उस भवन प्रदान कार्यमें कुछ संशोधन किया। वह संशोधन कवि जी को नापसन्द हुआ। उन्होंने अपनी नापसन्दगी को प्रकट करने के लिए काशी नरेश को एक चिट्ठी लिखी। उसमें इस "न खलु परतन्त्राः प्रभुधियः" पद्यांश को व्याख्या करके लिखा कि प्रभुधियः याने प्रभुनारायण जी की बुद्धि नखलु याने (नखं लुनातीति) नखों के काटने वाले नाई के तन्त्र में अधीनता में हो गयी। इस अर्थ का इस पद्यांश से स्वप्न में भी और त्रिकाल में भी कोई सम्बन्ध नहीं है तथापि यह अर्थ निकाला गया।

अतएव कैसे कहा जाए कि तात्पर्यज्ञान शाब्दबोध का कारण है। अतः नानार्थक शब्द स्थल में द्वितीयार्थ का बोध कराने के लिए व्यंजना की आवश्यकता नहीं है, अभिधा से ही दोनों अर्थों का बोध हो जाएगा।

व्यंजनावादी का उत्तर

व्यंजनावादी इसका उत्तर देता है कि हे आचार्यगण? आपका दृष्टिकोण अंश विशेष को ही लक्षित करता है, अशान्तर को स्पर्श भी नहीं करता है। आपने वैद्य श्री हर्ष एवं कालिदास की उक्ति या काव्य तथा महिम्नः स्तोत्र के पद्यांश का उदाहरण दिया, उसके विषय में सुनिये।

हर एक विषय के संस्कार होते हैं। वे संस्कार गन्दे विषयों के भी और अच्छे विषयों के भी होते हैं। जैसे चोरी या दुराचार के संस्कार वाला ही चोरी या दुराचारी करता है। जिसको वैसा संस्कार नहीं होता है उसको उस विषय के अवसर उपस्थित होने पर भी वह उन कार्यों को नहीं करता है, करना तो दरकिनार, उस विषय की चर्चा भी उसके लिए विष हो जाती है। इसी तरह अच्छे विषयों में भी यही दशा है।

विश्व के मान्य राजा, महाराजा, धनिकों के सम्पर्क में रहकर भी संस्कार के न होने से धनिक नहीं होता है। विश्व के मान्य विद्वानों के सम्पर्क में रह कर भी संस्कार के न होने से विद्वान् नहीं हो पाता है। जिसको उस विषय के संस्कार होते हैं, वह साधारण व्यक्ति के एवं तुच्छ वस्तु के सहारे भी कोट्यधीश हो जाते हैं। मट्टी, धूल करकट के व्यापारी धनिक होते मैंने देखा है। इसी तरह साधारण व्यक्ति के सम्पर्क में भी विद्याव्यसनी होकर महाविद्वान् हो जाता है।

यह भी कोई नियत नहीं है कि एक विषय के संस्कारशाली की दूसरे विषय में प्रगति हो। बड़ा वैज्ञानिक भी आयुर्वेद के या कानून के तत्वों का जानकार हो, यह बात नहीं है। फलतः संस्कार एक विशेष वस्तु है। वह संस्कार विशेष ही व्यंजना है। वह संस्कार विशेष प्रतिभा से उद्‌बुद्ध होता है, अतः प्रतिभा से उद्‌बुद्ध होने वाला अर्थ विषयक संस्कार विशेष व्यंजना का स्वरूप है।

इस व्यंजना से अर्थ को समझने के लिए एक मात्र प्रतिभा ही कारण है। यह प्रतिभा वक्ता के तात्पर्य की अपेक्षा नहीं करती। वक्ता का तात्पर्य रहे चाहे न रहे। श्रोता अपनी प्रतिभा से विलक्षण विलक्षण अर्थों की प्रतीति कर लेता है। और इस व्यंजना का आश्रय शब्द ही हो या अर्थ ही हो यह बात नहीं है। शब्द का एक देश वर्ण, रचना, वाक्य, वाच्य, लक्ष्या एवं व्यंग्य, अर्थ, चेष्टा, देश, काल, संयोग, वियोग, प्रकरणादि तथा नियत सम्बन्ध, सामान्य सम्बन्ध, विशेष सम्बन्ध, विपरीत सम्बन्ध या उनका न होना आदि अनन्त उसके आश्रय हैं।

व्यंजना के इन्हीं अनन्त आश्रयों के कारण शब्द मात्र में रहने वाली, वह भी संकेत सापेक्षा अभिधा व्यंग्य अर्थ को बतलाने में असमर्थ है।

और "वक्ता का तात्पर्य रहे चाहे न रहे" ऐसी तात्पर्य की डांवाडोल स्थिति होने से तात्पर्य की अनुपपत्ति से आश्रय पाने वाली तथा शब्द के एक देश वर्ण एवं रचना में स्वप्न में भी नहीं रहने वाली, पद में भी जो आरोपिता है और सम्बन्ध की नित्य अपेक्षा रखने वाली लक्षणा शक्ति व्यंग्य अर्थ को बतलाने में सर्वथा असमर्थ है।

सम्बन्ध के न होने पर भी प्रवृत्त होने वाली व्यंजना का नियत सम्बन्ध होने पर ही प्रवृत्त होने वाले अनुमान में अन्तर्भाव करना उपहास ही है।

आक्षेप का अर्थ यदि लक्षणा है या अनुमान है तब उत्तर दे चुके हैं। आक्षेप का अर्थ व्यंजना है तब अभीष्ट ही है। नाममात्रे विवादः।

उस शंका का नाम सम्भावना है जहाँ एक कोटि उत्कट हो। ऐसी संभावना से भी व्यंग्य अर्थ की प्रतीति होती है। अतः सम्भावना ही व्यंजना है, यह कथन नहीं हो सकता है।

भावना प्रतिभा के अन्तर्भूत है। भावना और व्यञ्जना परस्पर में कारण हैं। कभी भावना के अनन्तर व्यञ्जना, कभी व्यंजना के अनन्तर भावना दोनों मत रसगंगाधर में है अतः भावना एवं व्यञ्जना भिन्न-भिन्न पदार्थ हैं।

मानस बोध कहने वालों का यह भाव है कि काव्य शब्दों से जो पदार्थ की उपस्थिति होती है वह मन ही में होगी। तब काव्य शब्दों से उपस्थापित पदार्थ सहकृत मन से ही व्यंग्यार्थ की प्रतीति हो जाएगी। व्यञ्जना की क्या आवश्यकता है। तब तो "गामानय" गो को लाओ, गंगायां घोषः गंगा में घोष है इत्यादि वाक्यों के अर्थों का भी शक्ति एवं लक्षणा के बिना ही मन से बोध हो जाना चाहिए। किन्तु होता तो नहीं है। अतः कहना होगा कि वाक्य से विशिष्ट बोध होता है, उस विशिष्ट बोध में एक पदार्थ का दूसरे पदार्थ से सम्बन्ध होना निश्चित है। सम्बन्ध नहीं हाने पर उसका विशिष्ट बोध में भान ही नहीं होगा। इसलिए पदार्थोपस्थिति सहकृत मन से विशिष्ट बोध नहीं हो सकता है। तब तो सुतरां स्पष्ट है कि काव्य वाक्य जन्य व्यंग्यार्थ का मन से बोध नहीं होगा फलतः व्यञ्जना मानना आवश्यक है।

व्यञ्जना स्वरूपसती व्यंग्यार्थ बोध का कारण है या ज्ञाता, यह प्रश्न ही असंगत है। क्योंकि व्यञ्जना, शक्ति एवं लक्षणा की तरह सम्बन्ध रूपा नहीं है जो कि ज्ञाता ही बोध का कारण बने वह व्यञ्जना स्वयं ज्ञानरूपा है। स्वरूपसती मानने पर यह आपत्ति भी कि "सभी व्युत्पन्नों को सर्वदा व्यंग्यार्थ का भान होने लगेगा" केवल मुख है, इसलिए कहना चाहिए कि हरीतकी दश हाथ लम्बी है, (मुख मस्तीति वक्तव्यं दश हस्ता हरीतकी) के समान है। क्योंकि जब योगी को भी सर्वदा अर्थ का भान नहीं होता। तब साधारण व्युत्पन्न को उसका सर्वदा भान होगा इसकी चर्चा ही सम्भव नहीं। अतः व्यञ्जना एक स्वतन्त्र शक्ति है।

पंडितराज जगन्नाथ का उद्भव एवं अभ्युदय

पंडितराज के उद्भव एवं अभ्युदय के विषय में अद्भुत किंवदन्तियां सुनाई पड़ती हैं। उनके आधार पर एकरूपता एवं प्रामाणिकता होना कठिन है। अतः पंडितराज के ही लेख के आधार पर उनको प्रमाणिक रूप से लिखते हैं।

यह पण्डितराज जगन्नाथ आन्ध्रप्रदेश के निवासी थे, ऐसा आसफ विलास काव्य एवं जगदाभरण या प्राणाभरण काव्य की अन्तिम पंक्तियों में पंडितराज स्वयं लिखते हैं जैसे क्रमशः तैलंगकुलावतंसेन, तैलंगान्वय इति च। मैं (पंडितराज जगन्नाथ) तैलंगकुल का भूषण हूँ।

इनके पिता की दो नामों से पेरु भट्ट और पेरम भट्ट से ख्याति थी। रसगंगाधर में (तं वन्दे पेरुभट्टाख्यम्) पेरु भट्ट नाम लिखा है और जगदाभरण में (श्रीमत्पेरमभट्ट सूरितनयः) पेरम भट्ट लिखा है। इन्होंने अपने पिता को संपूर्ण

विद्याओं का जानकार लिखा है। जैसा कि रसगंगाधर के पद्य श्रीमज्ज्ञानेन्द्र भिक्षोरित्यादि से प्रतीत होता है। इनकी माता लक्ष्मी देवी थी। इन्होंने अपने पिता से ही सम्पूर्ण विद्याओं का अध्ययन किया था। क्रमशः इनके विद्या की प्रशस्ति चारों तरफ फैली। जब इनकी विद्या की प्रशस्ति एवं इनके व्यक्तित्व का प्रभाव, कायस्थ जाति के माथुर कुलोत्पन्न मुकुन्दराय, जो कि शाहजहाँ के यहां अधिकार प्राप्त कोई व्यक्ति थे, पर पड़ा। तब इनके प्रेम से दिल्ली के बादशाह शाहजहाँ के यहाँ इनका प्रवेश हुआ। और वहीं से उनको पंडितराय की पदवी मिली और अभ्युदय हुआ। ये अपने जीवन के मुख्य भाग युवावस्था में शाहजहाँ के आश्रय में रहे जैसा कि आसफ विलास के गद्य तथा शान्तविलास के पद्य की अन्तिम पंक्तियों से व्यक्त होता है एवं स्पष्ट वाच्य भी होता है।

आसफ विलास में यह पाठ है:—मूर्तिमतेव नवावासफखानमनः प्रसादेन द्विजकुलसेवाहेवाकिवाङ्मनःकायेन माथुरकुलसमुद्रेन्दुना रायमुकुन्देनादिष्टेन श्रीसार्वभौमसाहिजहानप्रसादाधिगतपण्डितरायपदवीविराजितेन तैलंगकुलावतंसेन पण्डितजगन्नाथेनासफविलासाख्येयमाख्यायिका निरमीयत।

नवाब आसफखान के मूर्तिमान् प्रसन्न मन तथा वाणी मन एवं शरीर से ब्राह्मण कुल की सेवा में आग्रह रखने वाले माथुर कुल रूपी समुद्र के इन्दु रायमुकुन्द से आदिष्ट, सार्वभौम शाहजहाँ की प्रसन्नता से प्राप्त हुई पंडितराय पदवी से विराजित तैलंगकुल के भूषण पंडितराज जगन्नाथ ने आसफविलास नाम की आख्यायिका बनाई।

यहाँ ऊपर हमने जो "व्यक्त होता है" ऐसा लिखा उसका आशय यह है कि रायमुकुन्द के आदेश से यह आख्यायिका बनाई, इससे व्यक्त होता है कि शाहजहाँ के यहाँ प्रवेश का स्रोत यही मुकुन्दराय हैं और वाच्यार्थ तो स्पष्ट ही है।

दिल्लीवल्लभपाणिपल्लवतले नीतं नवीनं वयः। दिल्लीश्वर के वरदहस्त की छाया में नवीन अवस्था को बिताया।

दिल्लीश्वरो वा जगदीश्वरो वा मनोरथान् पूरयितं समर्थः। दिल्लीश्वर या जगदीश्वर ही हमारे मनोरथों को पूर्ण कर सकता है। इत्यादि श्लोकों से मालूम पड़ता है कि दिल्लीश्वर की छाया में ये रहे हैं।

अन्यैर्नृपालैः परिदीयमानं शाकाय वा स्यात् लवणाय वा स्यात्। इससे मालूम पड़ता है कि कुछ आवश्यक कार्य के साधन का अभाव खटका है। तब राजाओं के यहाँ गये पर कुछ मिला नहीं। इसीलिए और राजाओं के विषय में ऐसा लिखना पड़ा कि और राजाओं का परिदीयमान धन शाक या लवण के उपयोगी हो सकता है।

पंडितराज का समय

ऊपर के लेख से यह स्पष्ट विदित हो गया है कि ये शाहजहाँ के दरबार में प्रविष्ट हो चुके थे। शाहजहाँ का समय इतिहास से सिद्ध है कि १६२८ ई० में वह राज्य सिंहासनासीन हुआ और १६६६ में कारागार में मरा था। अतः यही समय पंडित राज का भी निश्चित है।

अन्तिम समय में मालूम पड़ता है कि पंडितराज बड़े आकुल एवं विकल रहते थे। और कृष्ण के भक्त थे। जैसा कि शान्तविलास के पद्यों में वर्णन है—

तरणोपायमपश्यन्नपि मामक ? जीव ? ताम्यसि कुतस्त्वम्।
चेतःसरणावस्यां किं ? नागन्ता कदापि नन्दसुतः ॥१७॥
संतापयामि किमहं धावं धावं धरातले हृदयम्।
अस्ति मम शिरसि सततं नन्दकुमारः प्रभुः परमः ॥२०॥

पंडितराज अपने जीव से कहते हैं कि हे मेरे जीव! संसार सागर से संतरण के उपाय को नहीं देखकर क्यों ? इतने व्याकुल हुए हो। क्या ? कभी भी नन्दसुत कृष्ण इस चित्त के रास्ते में नहीं आयेंगे।

क्यों ? मैं अपने हृदय को धरातल पर इधर उधर दौड़कर संतप्त करूँ। वह परमप्रभु नन्दकुमार निरन्तर मेरे शिर पर हैं अर्थात् मेरे रक्षक हैं। और भी—

विजयते कृष्णेति वर्णद्वयम्। श्री कृष्णेति रसायनं रसय रे! शून्यैः किमन्यैः श्रमैः। चित्तारूढं भवति किमपि ब्रह्म कृष्णाभिधानम्। सम्प्रत्युज्झित वासनं मधुपुरीमध्ये हरिः सेव्यते।

वृद्धावस्था में सब वासनाओं को छोड़कर मथुरा में कृष्ण की सेवा में रहे।

गंगा की भक्ति भी उनके हृदय में अगाध रही। सम्भवतः अन्तिम अवस्था में गंगा के निकट रहने की इच्छा से काशी भी आ गये होंगे। जैसा कि उन्हीं के निर्मित शान्तविलास के पद्य से प्रतीत होता है—

किं निःशंकं शेषे शेषे वयसः समागतो मृत्युः।
अथवा सुखं शयीथा निकटे जागर्ति जाह्नवी जननी ॥१९॥

अन्तिम अवस्था आ गयी है, मृत्यु नजदीक है, क्या निःशंक सो रहा है। अथवा सुख से सोवो, समीप में माता जाह्नवी जाग रही है। जो भगवान् के चरणों से बह रही हैं।

इस पद्य को लोगों से सुनता हूँ। कहते हैं कि अप्पय्य दीक्षित ने पंडितराज से कहा था। मुझे तो सब अनर्गल मालूम पड़ता है। क्योंकि हैदराबाद के उसमानिया विश्वविद्यालय की संस्कृत परिषद के द्वारा "पंडितराजकाव्य-संग्रह"

नाम से पंडितराज के बनाए हुए गद्य एवं पद्यात्मक निखिल काव्यों का एक प्रामाणिक तथा विश्वस्त संग्रह निकाला गया है जिसका सम्पादन उसी विश्वविद्यालय के संस्कृत विभागाध्यक्ष डा० आर्येन्द्र शर्मा ने किया है।

उस शान्तविलास में यह पद्य छपा है। अगर किसी दूसरे का होता तो पण्डितराज निर्मित काव्य संग्रह में कैसे मिलता। उसी शान्तविलास में पण्डितराज ने स्वयं लिखा है कि :—

दुर्वृत्ता जारजन्मानो हरिष्यन्तीति शंकया।
मदीयपद्यरत्नानां मंजूषैषा कृता मया ॥३३॥

कुछ चोर मेरी कविता को हरण कर लेंगे, इस शंका से मैंने अपने पद्यरत्नों की मंजूषा बना दी है। पंडितराज दूसरे की कविता को अपनी मंजूषा में क्यों लिखते ? क्यों रखते ? इससे सिद्ध है कि पंडितराज को अप्पय्य दीक्षित ने कुछ कहा सुना नहीं, यह सब लोगों की मनगढ़न्त कल्पना है।

पंडितराज के ग्रन्थ

१—गंगालहरी :—इसका मुख्य नाम पीयूषलहरी है, जैसा कि इसके अन्तिम पद्य से प्रतीत होता है। पद्य है—इमां पीयूषलहरीं जगन्नाथेन निर्मिताम् ।५३। इसमें ५३ पद्य हैं।

२—अमृतलहरी :—यह कलिन्दनन्दिनी यमुना का स्तव है। इसमें कुल ११ श्लोक हैं।

३—करुणालहरी :—यह कृष्ण का स्तव है, इसमें ५५ पद्य हैं।

४—लक्ष्मीलहरी :—इसमें लक्ष्मी की आराधनात्मक स्तुति है, इसमें ४१ पद्य हैं।

५—सुधालहरी :—सूर्य की स्तुति इसमें की गयी है, इसमें ३० पद्य हैं।

इन पाँच लहरियों की तरह पाँच विलास बनाए हैं, क्रमशः इनके नाम ये हैं :—

६—प्रास्ताविकविलास :-इसमें विभिन्न प्रस्तावों के उचित १२२ पद्य हैं।

७—शृङ्गारविलास :—इसमें अपने नाम के अनुसार शृङ्गार रस में सने हुए १८० पद्य हैं। इसी की प्रसिद्धि भामिनी विलास के नाम से है।

८—करुणविलास :-यह पंडितराज का अपनी धर्मपत्नी के विरह में करुणामय विलाप है। इसके विषय में इस विलास का पाँचवाँ पद्य प्रमाण है :—

धृत्वा पदस्खलनभीतिवशात् करं मे या रूढ़वत्यसि शिलाशकलं विवाहे।
सा मां विहाय कथमद्य विलासिनि! द्यामारोहसीति हृदयं शतधा प्रयाति ॥५॥

'कहीं पैर फिसल न जाए' इस भय से विवाह में सप्तपदी के समय मेरे हाथ का सहारा लेकर जो तुम शिलाखण्ड पर चढी थी वह तुम हे विलासिनि ! मुझ को छोड कर आज स्वर्ग में कैसे चढ़ गयीं ? इसमें १९ पद्य हैं।

९—शान्तविलास :—यह निर्वेदमय ४४ पद्यों की रचना है।

१०—आसफविलास :—इसमें शाहजहाँ काश्मीर गये वहाँ उनकी नवाब आसफखान के साथ मुलाकात। उसने उनके स्वागत में सभामण्डप सजाया और सत्कार किया। यही आख्यान गद्यात्मक है और ४ पद्य भी आरम्भ में हैं।

११—प्राणाभरण एवं जगदाभरण नामक अलग अलग दो लघु काव्य हैं। पहले में कामरूपी देश के नरेश प्राणनारायण की प्रशंसा है, दूसरे में ख्यातनामा राणा कर्णसिंह के सुपुत्र जगत्सिंह का वर्णन है। पद्य वही है जहाँ प्राणनारायण का नाम कविता में रखा प्राणाभरण काव्य हो गया, उसी कविता में उस नाम के जगह जगत्सिंह का नाम रख दिया जगदाभरण काव्य हो गया। इसमें ५३ पद्य हैं। इसकी टिप्पणी भी पण्डितराज की बनाई हुई है।

१२—ये सब ग्रन्थ पण्डितराज काव्य संग्रह नाम से मुद्रित हो चुके हैं और प्राप्य भी हैं। इसका पता यह है :—संस्कृत परिषद, उसमानिया विश्वविद्यालय, हैदराबाद।

१३—चित्रमीमांसा खण्डन :—यह अप्पय्य दीक्षित के चित्रमीमांसा का खण्डनात्मक ग्रन्थ है। काव्यमाला में निर्णय सागर प्रेस, बम्बई में छपा है।

१४—मनोरमा कुचमर्दन :—यह भट्टोजिदीक्षित की सिद्धान्तकौमुदी की व्याख्या प्रौढ़मनोरमा का खण्डनात्मक ग्रन्थ है।

१५—यमुना वर्णन :—इसका नामोल्लेखन रसगंगाधर में पण्डितराज के मतानुसार तृतीय मध्यमकाव्य के उदाहरण के निरूपण के समय हुआ है। शायद उसी को लेकर यमुनावर्णनात्मक गद्य निबन्ध का स्वरूप पण्डितों ने संभावित कर लिया है। हमारी दृष्टि में कोई ग्रन्थ नहीं मालूम पड़ता है। अगर रहा हो तो इस समय अप्राप्य है।

१६—अन्योक्तियाँ :—पंडितराज ने ५८८ पद्यों में अन्योक्तियाँ लिखी हैं। ये सब मुद्रित हैं (संस्कृत परिषद, हैदराबाद)।

१७—रसगंगाधर में लक्षणों के उदाहरणों के अनुरूप नये काव्य पंडितराज ने बनाए, उनकी संख्या ३३२ है। ये सब श्लोक पंडितराज के बनाए हुए अन्य ग्रन्थों में भी नहीं हैं। केवल रसगंगाधर के लक्षणों के समन्वय के लिए यह नूतन निर्माण है। पंडितराज निर्मित ग्रन्थों के पद्य भी उदाहरण के रूप में रसगंगाधर में विन्यस्त हैं परन्तु वे इन ३३२ पद्यों से भिन्न हैं। एक बात अवश्य ध्यान देने की है। दृष्टान्त के रूप में स्थालीप्रलाकन्याय से समझने के लिए लिखता हूँ। "उर्वीं शासति मय्युपद्रवलवः" यह पद्य रसगंगाधर में है, यही पद्य ऊर्वीं के स्थान में क्षोणीं पाठवाला प्राणाभरण या जगदाभरण में मिलता है। इस

तरह पाठभेद से भी कुछ पद्यों का भेद या एकीकरण हो गया है, वह बात अलग है।

१८—रसगंगाधर:—यह हमारा प्रकृत आलोच्य ग्रन्थ है। इस नाम का अर्थ है रस रूपी गंगाधर शिव। "रसो वै सः" इत्यादि श्रुतियाँ रस शब्द से उसी परम शिव परमेश्वर का निरूपण करती हैं। अतः उपर्युक्त अर्थ ठीक है।

आनन

सभी ग्रन्थों में प्रकरण भेद के लिए अध्याय, उद्योत, उल्लास आदि नामों का उल्लेख होता है। तदनुसार प्रकृत ग्रन्थ में 'आनन' यह निर्देश किया है। ये आनन इस ग्रन्थ में कितने होने चाहिए इस प्रश्न के उत्तर में यही कहा जाता है कि गंगाधर शिवजी का पर्याय है। शिवजी के चार मुख हैं या पांच मुख हैं। जैसा कि स्कन्दपुराण के ब्रह्मोत्तर खण्ड में शिवकवच में लिखा है— "चतुर्मुखस्तत्पुरुषस्त्रिनेत्रः", "चतुर्मुखो नीलरुचिस्त्रिनेत्रः पायादघोरः" "त्र्यक्षश्चतुर्वक्त्र उरुप्रभावः", "त्रिलोचनश्चारुचतुर्मुखः", "सितद्युतिः पंचमुखः", "वक्त्रं सद रक्षतु पंचवक्त्रः" इत्यादि। अतः प्रकृत ग्रन्थ में चार आनन भी हो सकते हैं और पाँच आनन भी हो सकते हैं। यह कोई नियत नहीं कि पाँच ही या चार ही आनन होने चाहिए।

ग्रंथ अधूरा क्यों ?

वर्तमान समय में उपलब्ध रसगंगाधर अपूर्ण ही मिलता है। पंडितराज के थोड़े समय के बाद हाने वाले नागेश भट्ट को भी इतना ही ग्रन्थ मिला है। उत्तरालङ्कार के उदाहरण में तीन ही पाद मिलते हैं, चतुर्थ चरण नहीं मिलता है। इस रसगंगाधर के अपूर्ण उपलब्ध होने का कारण हम आगे दिखायेंगे। क्योंकि इसका कारण है पंडितराज की आन्तरिक वेदना जिसका उल्लेख हम आगे करेंगे।

पंडितराज का पांडित्य

पंडितराज का पांडित्य महान् है, लोकोत्तर है, कहना उचित होगा कि यह पांडित्यों का सम्राट् है। विषय के मर्म को स्पर्श करना, सूक्ष्मेक्षिका से पदार्थ के तह तक पहुँचना पण्डितराज की प्रतिभा का ही महत्व है।

प्राचीन समय के आचार्य अलङ्कारों के स्थूल स्थूल रूपों का निर्देश करके कृत कृत्यता का अनुभव करते थे। मध्यकाल के आचार्य रुय्यक, विमर्शिनीकार जयरथ एवं अप्पय्य दीक्षित ने अलङ्कारों के विषय में अवश्य विचार उपस्थित किया किन्तु जैसे मणियों से निर्मित हार की शोभा तरुणी के स्तनों पर आने से ही होती है वैसे ही अलङ्कारों का अलङ्कारत्व तब निखरा जब वे पंडितराज की प्रतिभा पर आरूढ़ हुए। पण्डितराज की उक्ति ही हमारे कथन की वास्तविकता में प्रमाण है—"अलङ्कारान् सर्वानपि गलितगर्वान् रचयतु"।

अन्य विलक्षणताओं का प्रतिपद रूप से मूल ग्रंथ के आलोचना में दिखाया जाएगा। यहाँ भूमिका में उनका लिखना पिष्ट पेषण हो जाएगा, अतः अलं करते हैं।

पंडितराज का सांसारिक जीवन

पंडितराज के शैशव समय एवं मध्यकाल में सांसारिक जीवन बहुत ही सौरभ एवं सुषमा मय रहा। किन्तु परिणत अवस्था में गम्भीर आकुलता एवं अशान्ति के साथ जीवन कटा।

ऐसा उनके लेखों से प्रतीत होता है। आरम्भ में माता लक्ष्मी सर्वसाधन सम्पन्ना साक्षात् लक्ष्मी के गोद में पले। उनके पुण्यमय उत्संग के सुख का अनुभव करते करते सम्पूर्ण विद्याओं के आश्रय पिता पेरु भट्ट के वरदहस्त की छाया में प्रवेश किया। उनकी छाया में प्रवेश मानों सरस्वती का मूर्तिमान वर ही पंडितराज को प्राप्त हुआ। पिता के इकलौते पुत्र होने के नाते दुलार के कारण उच्छृङ्खल हो जाना स्वाभाविक था। उच्छृङ्खल होते हुए महान् विद्वान् हुए, यह पिता की असीम कृपा का फल था। इस बात को उन्होंने "पाषाणादपि पीयूषं स्यन्दते यस्य लीलया। तं वन्दे पेरुभट्टाख्यं लक्ष्मीकान्तं महागुरुम्।" इस पद्य से संकेतित किया है। जिसकी लीला से पत्थर से भी अमृत चूने लगा, उस पिता को प्रणाम करता हूँ। मैं महा उच्छृङ्खल भी विद्वान् हो गया, यह पिता की कृपा का ही परिणाम है। पंडितराज की प्रकृति में अभिमानित्व का संकेत भी निम्नलिखित पद्यों से मिलता है।

"आमूलाद्रत्नसानोः", "वाचामाचार्यतायाः पदमनुभवितुं को ऽस्ति धन्यो मदन्यः"।

उत्तर में सुमेरु पर्वत से दक्षिण में मलयवेष्टित समुद्र के तीर तक के काव्य निर्माण चतुर लोग निःशंक होकर कह दें कि मेरे सिवाय कौन धन्य है जो वाणी की आचार्यता के पद का अनुभव कर सके।

आगे "गिरां देवी" श्लोक में कहते हैं कि मेरे काव्य के अमृतरस का आस्वादन करके भगवती वाग्देवी को इतना सुख, इतना आनन्द हुआ कि अपनी वीणा की तन्त्री को बजाने के लिए आदर नहीं रहा। अर्थात् काव्य से प्राप्त आनन्द के समक्ष वीणा नाद जनित सुख फीका है।

इतनी उत्तम कविता का भी लोग आदर नहीं करते थे, किन्तु यह अपनी कविता की प्रशंसा करते थे। जैसा कि—"मद्वाणि मा कुरु विषादमनादरेण खलानाम्" हे मेरी वाणि। खलों के अनादर से विषाद मत करो। जिनको जगन्नाथ की भणिति आनन्दित नहीं करती है, वे मन्दमति जीते हुए मृतक हैं।

धुर्यैरपि माधुर्यैर्द्राक्षाक्षीरेक्षुमाक्षिकसुधानाम्।
वन्द्यैव माधुरीयं पण्डितराजस्य कवितायाः ॥३१॥

"विश्व में जितने भी प्रधान मधुर पदार्थ हैं, उन सबके प्रशंसनीय माधुर्य भी पण्डितराज की कविता की माधुरी की वन्दना करते हैं।" इन पद्यों से सूचित होता है।

पंडितराज बड़े बड़े राजे महाराजों के और अधिकार प्राप्त लोगों के संपर्क में आए, उनको अपनी काव्यमाधुरी का आस्वादन कराया। प्राणाभरण एवं जगदाभरण तथा आसफविलास काव्य इसमें प्रमाण हैं।

पंडितराज ने शाहजहाँ के साथ काश्मीर यात्रा भी की थी।

अप्पय्य दीक्षित से द्वेष नहीं

यह यद्यपि बहुत प्रसिद्धि है कि अप्पय्य दीक्षित से पण्डितराज का द्वेष था, किन्तु हमारी दृष्टि में अप्पय्य दीक्षित से कोई भी द्वेष नहीं था। स्वाभिमानित्व ही पण्डितराज का था। यदि खण्डन करना ही द्वेष समझा जाए तो रुय्यक, विमर्शिनीकार, अलंकाररत्नाकरकार का खण्डन भी और प्रसंगवश कहीं कहीं मम्मट के साथ मतभेद भी उनके साथ द्वेष कहलाएगा।

पंडितराज के अभ्युदय का मध्यसूर्य

पंडितराज की पत्नी भी बहुत विलक्षण सुन्दरी थी, उसका नाम कामेश्वरी था। उसी का प्रभाव था कि विलक्षण कविता का उद्गम होता था। पंडितराज को पुत्ररत्न भी होनहार प्राप्त हुआ था। धनधान्य प्रतिष्ठा आदि सभी से सम्पन्नता थी। यह पंडितराज के अभ्युदय का मध्याह्न था। किन्तु दैवगति विलक्षण थी। परिणत अवस्था में पंडितराज को पत्नी वियोग हुआ और पुत्र शोक हुआ तथा धन का भी अभाव हुआ जिससे अत्यन्त विकलता पंडितराज को हुई। और संसार से इतना वैराग्य हुआ कि

रसगंगाधर का निर्माण भी अपूर्ण ही छोड़ दिया।

धनाभाव एवं विकलता का उल्लेख पहले कर चुके हैं।

पंडितराज पत्नी वियोग में विलाप करते हुए इन निम्न सब बातों को लिखते हैं।—

पंडितराज का विलाप

धृत्वापदस्खलनभीतिवशात् करं मे या रूढवत्यसि शिलाशकलं विवाहे।
सा मां विहाय कथमद्य विलासिनि! द्यामारोहसीति हृदयं शतधा प्रयाति ॥५॥

विवाह में सप्तपदी के अवसर पर वधू वर के दक्षिण हाथ को अपने दक्षिण हाथ से पकड़ती है और वर उसको शिलाखण्ड पर चढ़ने के लिए प्रेरणा देता है कि "आरोहेममश्मानमश्मेव त्वं स्थिरा भव।" इस पत्थर पर तुम आरोहण करो और पत्थर की तरह स्थिर हो जाओ। यह वस्तु स्थिति है। इसकी पंडितराज

उत्प्रेक्षा करते हैं और विलाप करते हैं। विवाह के समय सप्तपदी के अवसर पर पैर के फिसलने के भय से मेरे कर को पकड़ कर शिलाखण्ड पर जो तुमने आरोहण किया था, वह तुम आज मुझे छोड़कर हे विलासिनि! स्वर्ग में आरोहण कर गयीं। मेरे हृदय के शत शत टुकड़े हो रहे हैं।"

अपनी पत्नी के विलक्षण सौंदर्य के विषय में पण्डितराज विलाप करते हैं:—

चिन्ता शशाम सकलापि सरोरुहाणा-
मिन्दोश्च बिम्बमसमां सुषमामयासीत्।
अभ्युद्गतः कलकलः किल कोकिलानां
प्राणप्रिये ! यदवधि त्वमितो गतासि ॥७॥

हे प्राणप्रिये। जब तक तुम इस धरातल पर अपनी विमलकोमलता, असीम सौंदर्य एवं स्पृहणीय वाणी माधुर्य का प्रसार करती थी तब तक सरोरूह चिन्तित थे, इन्दुबिम्ब फीका था और कोयलें मूक थीं। किन्तु आज जबसे तुम यहाँ से चली गयी हो तभी से सरोरूहों की चिन्ता शान्त हो गयी, इन्दुबिम्ब भी असीम सुन्दर कहलाने लगा और कोयलों की भी कूक जारी हो गयी।

पंडितराज की पत्नी का कामेश्वरी नाम था

साहित्य मंगलमयी गृहदेवता मे कामेश्वरी हृदयतो दयिता न याति।

वह नित्यमंगलमयी मेरे घर की देवता "कामेश्वरी" दयिता हृदय से नहीं जाती है, भले ही बाह्य संसार से बिदा हो गयी हो।

कविता के उद्गम में सुन्दरी पत्नी का प्रभाव

काव्यात्मना मनसि पर्यणमन् पुरा मे पीयूषसारसरसास्तव ये विलासाः।
तानन्तरेण रमणीरमणीयशीले ! चेतोहरा सुकविता भविता कथं नः ॥१०॥

हे सुन्दरि ? पहले जो पीयूष की तरह सरस तुम्हारी श्रृंगार चेष्टाएँ मेरे हृदय में काव्य रूप में परिणत हो जाती थीं, जिसका शील रमणियों को भी रमणीय है, ऐसी हे सुन्दरि! आज उन विलासों के अभाव में विश्व को मस्त कर देने वाली सुकविता कैसे हमसे आविर्भूत होवे।

काव्योद्गम के बन्द होने का कारण इसी पत्नी का अभाव ही था। यही कारण है कि रसगंगाधर के निर्माण में जो उत्साह था वहाँ निर्वेद ने डेरा जमा लिया। फलतः रसगंगाधर अपूर्ण ही रह गया। पुत्र शोक को पंडितराज ने विवेक से दबाया, जैसा कि उनका लिखना है:—

रे रे मनो मम मनोभवशासनस्य पादाम्बुजद्वयमनारतमानमन्तम् ।
किं मां निपातयसि संसृतिगर्तमध्ये नैतावता तव गमिष्यति पुत्रशोकः ॥

हे मेरे मन! निरन्तर मनोभव शासन भगवान् सदाशिव के चरणकमल की वन्दना करने वाले मुझको क्यों संसार गर्त में गिरा रहे हो। इससे तुम्हारा पुत्र शोक निर्गत नहीं होगा।

यह रसगंगाधर में प्रत्यनीक अलङ्कार का उदाहरण है। कहने का सारांश कि रसगंगाधर के निर्माण काल में ही उनको पुत्र शोक उपस्थित हुआ। किन्तु उसके बाद भी रसगंगाधर का निर्माण कार्य रुका नहीं, चलता रहा। प्रत्यनीक के उदाहरण के रूप में ऐसे उदाहरण को लिखना और प्रत्यनीक के बाद भी १५ अलङ्कारों का निरूपण करना सिद्ध करता है कि उस वेदना को छिपाए हुए, दबाए हुए कार्य जारी रखा। किन्तु जब सहधर्मिणी का वियोग उपस्थित हुआ तो आघात के ऊपर आघत को सहन करना उस महापुरुष के लिए असह्य हो गया। फलतः रसगंगाधर का निर्माण कार्य जहाँ का तहाँ रुक गया।

मर्यादापुरुषोत्तम भगवान् रामचन्द्र को भी जब दयिता वियोग की वेदना दुःसह हो सकती है तब पंडितराज को भी दुःसह हो गयी तो इसमें आश्चर्य ही क्या?

रसगंगाधर में निबद्ध वस्तु का सामान्यतः परिचय

रसगंगाधर में निबद्ध पदार्थों का संग्रहविधया सामान्य परिचय देना आवश्यक है। इस ग्रन्थ में दो आनन हैं। प्रथम आनन पूर्ण है, द्वितीय आनन अपूर्ण है।

प्रथम आनन में निबद्ध वस्तु

१—मंगलाचरण, २—प्रतिज्ञा, ३—काव्यलक्षण, ४—अन्य के काव्य लक्षणों पर आक्षेप, ५—प्रतिभा एक मात्र काव्य की कारण, ६—काव्य के चार भेद और उनके उदाहरणों का निर्देश, ७—काव्य के तीन भेद मानने वालों पर कटाक्ष, ८—रस स्वरूव, ९—रस स्वरूप के विषय में ११ मत, १०—भरत सूत्र की अष्ट-विध व्याख्या, ११—रस के नौ भेद, १२—शान्त का रसत्व व्यवस्थापन, १३—रत्यादि भावों का स्थायित्व साधन, १४—रति वगैरह का लक्षण, १५—विभावादि का स्वरूप, १६—रसों के उदाहरण, १७—रसों की संख्या का नियम, १८—रसों में विरोध एवं अविरोध की चिन्ता, १९—रसदोष, २०—गुणों का निरूपण, २१—गुणों के विषय में अपना मत, २२-वामनादि का मत, २३—शब्द एवं अर्थगत गुणों के लक्षण, २४—इनका तीन गुणों में अन्तर्भाव, २५—गुणों की व्यञ्जिका रचना, २६—रचना में सामान्य एवं विशेष रूप से वर्जनीय वर्ण, २७—भाव के लक्षण में अव्याप्ति और उस दोष का परिहार पुरः सर सिद्धान्त

भूत भाव का लक्षण, २८—व्यभिचारी भावों के लक्षण एवं उदाहरण, २९—भावों की संख्या का नियम, ३०—रसाभासादिकों का लक्षण एवं उदाहरण, ३१—रसाभासादि रस नहीं हैं-एक मत, रस हैं—दूसरा मत, ३२—रसादिकों में क्रम है किन्तु वह लक्षित नहीं होता है, कदाचित् वह क्रम लक्षित भी होता है। इस विषय में प्राचीनों के आशय का स्फुटीकरण, ३३—वर्ण एवं रचना रस व्यञ्जक न होकर गुणों के अभिव्यञ्जक हैं सिद्ध करना।

द्वितीय आनन में निबद्ध वस्तु

१—संलक्ष्य क्रम ध्वनि, २—नानार्थक शब्द में व्यञ्जना है इस विषय में मम्मटादि का मत, ३—नानार्थक शब्द में व्यञ्जना है इस विषय में ध्वनिकार के अनुयायियों के मत का स्वरूप प्रदर्शन, ४—नानार्थक शब्द में व्यजना नहीं है। नानार्थक शब्द से बोध्य अर्थों में उपमानोपमेयभाव होता है, उसके बोधन के लिए कदाचित् व्यञ्जना हो सकती है। योगरूढ़ि स्थल में योगार्थ बोधन के लिए व्यञ्जना आवश्यक, ऐसा पंडितराज का अपना मत। ५—नानार्थक शब्द निष्ठ अभिधा के नियामकों का लक्षण एवं उदाहरण प्रदर्शन। ६—शब्दशक्तिमूलध्वनि, ७—अर्थशक्तिमूलध्वनि, ८—उभयशक्तिमूलध्वनि, ९—लक्षणामूलध्वनि, १०—अभिधा निरूपण, ११—वाचक शब्द का निरूपण, १२—लक्षणा निरूपण, १३—प्रयोजनवती शुद्धा के चार भेद—उपादान लक्षणा, लक्षण लक्षणा, सारोपा एवं साध्यवसाना प्राचीनों ने लिखे हैं। पंडितराज ने इन चार भेदों में प्रथम दो भेदों के नाम उपादान एवं लक्षण कहकर अजहत्स्वार्था एवं जहत्स्वार्था नाम कहा है। ये दोनों भेद ध्वनि के आधार हैं। ऐसा निरूपण किया किन्तु शुद्ध सारोपा एवं शुद्ध साध्यवसाना के उदाहरण नहीं दिखाए। गौणी सारोपा एवं गौणी साध्यवसाना के उदाहरणों को दिखाया, उसके बाद गौणी सारोपा के उदाहरणों में शाब्दबोध के प्रसंग उपस्थित होने पर केचित्, अन्ये, अपरे, तथा नव्यास्तु द्वारा चार मतों का निरूपण किया और अपना विचार प्रदर्शित किया। तथा गौणी साध्यवसाना का शाब्दबोध दिखाया, लक्षणा का प्रकरण समाप्त किया। १४—उपमा से लेकर उत्तरालङ्कार तक ७० अलङ्कारों का खण्डन मण्डन पुरः सर बड़ी विद्वत्ता के साथ सिद्धान्त सुस्थिर करते हुए निरूपण।

समालोचनीय वस्तुतत्व विमर्श

रसगंगाधर एक बहुत विशाल ग्रन्थ है। इसमें हमारी आलोचना का विषय एक वह अंश है जो पंडितराज के द्वारा समालोचित है। क्योंकि उसमें यही दिखाना है कि वास्तव में यह पण्डितराज की प्रतिभा का प्रकर्ष है या पंडितराज की आग्रह मूल प्रवृत्ति है। दूसरा वह अंश वह जो विसंष्ठुल प्रतीत होता है। जैसे प्रतिज्ञा किया कुछ और, लिखते हैं कुछ और, या पहले अन्य किसी रूप में लिखा, दुबारा उसी विषय को भिन्न रूप से लिखा जब कि सिद्धान्त वही है। यह सब आलोचना के प्रदर्शन में ही प्रस्फुटित होगा।

समालोचना का सिद्धान्त

बिना कटु कटाक्ष किये विषय का शुद्ध एवं स्पष्ट प्रतिपादन करना, प्राचीन आचार्यों के मत की और पंडितराज के मत की तुलनात्मक दृष्टि से समीक्षा करते हुए वस्तुस्थिति को मान्यता प्रदान करना समालोचना के विषय में हमारा सिद्धान्त है।

समालोच्य विषय

१—पण्डितराज का काव्य लक्षण, २—प्रकाशकार के काव्य लक्षण का पंडितराज के द्वारा खण्डन, ३—काव्य के कारण के रूप में केवल प्रतिभा का निर्देश, ४—काव्य के भेद एवं उनके लक्षण, ५—रस के अंग एवं उपांग, ६—गुण विषयक पण्डितराज का मत, ७—शक्ति और ८—लक्षणा का लक्षण एवं उसका विवेचन, ९—अलङ्कारों का निस्तुषीकरण।

ये मुख्य नौ विषय ही हमारे समालोच्य हैं। प्रसंगतः और भी विषय हो सकते हैं। कोई शपथ नहीं खाई है कि और कोई विषय आने न पावे।

रस के विषय में पंडितराज की लेखनी ने उनकी प्रतिभा का चरम उत्कर्ष दिखाया है। अभिनव गुप्त के लोचन एवं अभिनव भारती की कठोरता को सरलता, स्पष्टता एवं कोमलता के रूप में परिणत करने में पूर्ण पाण्डित्य प्रदर्शित किया है। भावों का विशद, स्वच्छ एवं वास्तविक निरूपण प्रशंसनीय है। नानार्थक शब्दस्थल में पदार्थोपस्थिति की शैली का या प्रक्रिया का उपपादन एवं व्यञ्जना के विषय में निष्कर्ष विद्वानों के लिए मननीय वस्तु है। अलङ्कारों का गम्भीर तलस्पर्शी एवं मार्मिक भाषा में स्वरूप प्रतिष्ठापन सिद्धान्ततः ग्राह्य एवं समादरणीय है। सारांश स्थल विशेष को छोड़कर—अपवाद तो सभी जगह होता है—पंडितराज का रसगंगाधर अपूर्व, अद्भुत, मूर्धन्य एवं विद्वान् बनने के लिए अध्ययनीय ग्रन्थरत्न है।

ओम् शम्। शुभमस्तु

प्रमापक ग्रन्थों का निर्देशन

ग्रन्थ	ग्रन्थकार
१—काव्यालङ्कार	भामह
२—काव्यादर्श	दण्डी
३—काव्यालङ्कार सूत्र वृत्ति	वामन
४—सरस्वती कण्ठाभरण	महाराजा भोज
५—श्रृंगार प्रकाश	महाराजा भोज
६—अलङ्कार शास्त्र पर कुछ विचार	वी० राघवन्
७—अलङ्कार कौस्तुभ	कवि कर्णपूर
८—भास्करोदया	लक्ष्मीनृसिंह शास्त्री
९—तर्क संग्रह	अन्नं भट्ट
१०—साहित्य कौमुदी	विद्याभूषण
११—साहित्य सार	अच्युतराय
१२—अलङ्कार महोदधि	नरेन्द्र प्रभसूरि
१३—वृत्तिदीपिका	मौनि श्रीकृष्णभट्ट
१४—त्रिवेणिका	आशाधर
१५—शक्तिवाद	गदाधर भट्टाचार्य
१६—प्रतापरुद्रीय	विद्यानाथ
१७—संस्कृत साहित्य का इतिहास—(प्रथम भाग, द्वितीय भाग)	कन्हैयालाल पोद्दार
१८—एकावली	विद्याधर
१९—साहित्यमीमांसा	रुय्यक
२०—न्याय प्रदीप	गंगासहाय
२१—काव्य मीमांसा—(मधुसूदनी विवृति)	राजशेखर (लेखक)
२२—अग्निपुराण	कृष्णद्वैपायन व्यास
२३—नंजराजयशोभूषण	नरसिंह कवि
२४—काव्याङ्कार	रुद्रट
२५—वाग्भटालङ्कार	वाग्भट प्रथम
२६—काव्यानुशासन	हेमचन्द्र
२७—प्रतापरुद्र यशोभूषण	विद्यानाथ
२८—काव्यानुशासन	द्वितीय वाग्भट
२९—काव्यालङ्कार	भवदेव सूरी
३०—साहित्य रत्नमजूषा	बालसुब्रह्मण्यम्
३१—अन्योक्ति मुक्तावली	हंसविजय गणि
३२—सुभाषितावलि	वल्लभदेव

ग्रन्थ	ग्रन्थकार
३३—काव्यप्रकाश	मम्मट भट्ट
३४—शृंगारसर्वस्वभाणः	श्री नल्लकवि
३५—ध्वन्यालोक	आनन्दवर्धन
३६—लोचन (टीका)	अभिनव गुप्त
३७—कौमुदी (टीका)	उत्तुंगोदय
३८—चित्र मीमांसा	श्रीमदप्पय्य दीक्षित
३९—काव्यलङ्कार संग्रह	उद्भट भट्ट
४०—रसप्रदीप	प्रभाकर भट्ट
४१—काव्यविलास	चिरंजीव
४२—अलङ्कार मुक्तावली	श्री विश्वेश्वर पाण्डेय
४३—चन्द्रालोक	श्री पीयूषवर्ष जयदेव कवि
४४—अर्थ संग्रह	श्री लौगाक्षि भास्कर
४५—न्याय कुसुमांजलि	न्यायाचार्य उदयनाचार्य
४६—उणादिकोष	
४७—महाभाष्य (३,४,५,६,७,८ अध्याय)	पतञ्जलि
४८—व्युत्पत्तिवाद	गदाधर भट्टाचार्य
४९—शास्त्रदीपिका	पार्थसारथि मिश्र
५०—न्यायमंजरी	जयन्त भट्ट
५१—व्यक्तिविवेक	महिम भट्ट
५२—व्यक्तिविवेक—मधुसूदनी विवृति	मधुसूदन शास्त्री (लेखक)
५३—सांख्यकारिका	ईश्वर कृष्ण
५४—कुट्टिनीमत	दामोदर
५५—कुट्टिनीमत की टीका	टीकाकार
५६—तत्वचिन्तामणि	गंगेशोपाध्याय
५७—नाट्यशास्त्र	भरत
५८—सिद्धान्तकौमुदी	भट्टोजी दीक्षित
५९—अमर कोष	अमर सिंह
६०—अलङ्कार चिन्तामणि	भगवज्जिनसेनाचार्य
६१—पाणिनीय व्याकरण महाभाष्य (१,२ अध्याय)	पतञ्जलि
६२—अलङ्कार शेखर	केशव मिश्र
६३—वेदान्तसार	नृसिंह शास्त्री
६४—साहित्य दर्पण (कलकत्ता)	विश्वनाथ कविराज
६५—रसचन्द्रिका	श्री विश्वेश्वर पाण्डेय
६६—पदवाक्य रत्नाकर	गोलोक नाथ

ग्रन्थ	ग्रन्थकार
६७—काव्यमाला—प्रथम गुच्छक (कला विलास)	क्षेमेन्द्र
६८—औचित्य विचार चर्चा	क्षेमेन्द्र
६९—ब्रह्मवैवर्त पुराण	कृष्णद्वैपायन व्यास
७०—वक्रोक्ति जीवितम्	कुन्तक
७१—वेदान्त परिभाषा	धर्मराजाध्वरीन्द्र
७२—राजतरंगिणी	भानुदत्त कवि
७३—रघुवंश	कालिदास
७४—मालतीमाधव	भवभूति
७५ - अभिधावृत्तिमातृका	मुकुल भट्ट
७६ —शब्द व्यापार विचार	मम्मटाचार्य
७७—शब्द शक्ति प्रकाशिका	जगदीश तर्कालङ्कार
७८—संस्कृत साहित्य का इतिहास	बलदेव उपाध्याय
७९—प्रबन्धकल्प-लतिका	रेवतीकान्त भट्टाचार्य
८०—वासवदत्ता	सुबन्धु
८१—सुभाषित रत्नभाण्डागार	काशिनाथ शर्मा
८२—अभिज्ञान शाकुन्तल	कालिदास
८३—श्रृंगार सप्तशती	परमानन्द
८४—कुमारसम्भव	कालिदास
८५—गीतगोविन्द काव्य	जयदेव कवि
८६—काव्यमाला ४४ (श्रृंगार तिलकम्)	रुद्र भट्ट
८७ —गाथा सप्तशतो	सातवाहन
८८—काव्यमाला ५८ (श्रृंगार भूषणम्)	वामनभट्ट वाण
८९—अमरुकशतक	अमरुक कवि
९०—प्राचोन लेखमाला (प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय भाग)	
९१—सुभाषित रत्नाकर	कृष्ण शास्त्री
९२—शिशुपाल वध	माघ
९३—पद्य रचना	लक्ष्मण भट्ट
९४—स्वप्नवासवदत्तम्	भास
९५—आर्या सप्तशती	गोवर्द्धनाचार्य
९६—विद्या परिणयन	आनन्दराय
९७—वसन्त तिलकमाण	वरदाचार्य
९८—हरिहर सुभाषित	हरिहर
९९—रत्नावली नाटिका	कवि हर्ष
१००—काव्यमाला—सप्तम गुच्छक	

ग्रन्थ	ग्रन्थकार
१०१—काव्यमाला—अष्टम गुच्छक	
१०२—काव्यमाला—नवम गुच्छक	
१०३—काव्यमाला—दशम गुच्छक	
१०४—नैषधीय चरित	कवि हर्ष
१०५—ब्रह्मसूत्र शांकर भाष्य	व्यास जी एवं शंकराचार्य
१०६—काव्यमाला—द्वितीय गुच्छक	
१०७—काव्यमाला—चतुर्थ गुच्छक	
१०८—न्याय सूत्रम्	महर्षि गौतम
१०९—काव्यमाला—द्वादश गुच्छक	
११०—काव्यमाला—त्रयोदश गुच्छक	
१११—काव्यमाला—एकादश गुच्छक	
११२—लक्ष्मीश्वरी चरित	पूज्य श्री बालकृष्ण मिश्र
११३—लोक तत्व	
११४—हर्ष चरित	बाण
११५—न्यायदर्शन	गौतम
११६—तत्वचिन्तामणि	गंगेशोपाध्याय
११७—न्याय सिद्धान्त मुक्तावली प्रभा	नृसिंहदेव शास्त्री
११८—काव्य सर्वस्व	परमानन्द शास्त्री
११९—मीमांसा न्याय प्रकाश	आपदेव
१२०—काव्यप्रकाश	मम्मट
१२१—काव्यकल्पलता	राम शास्त्री
१२२—किरातार्जुनीय	भारवि
१२३—काव्यप्रदीप	गोविन्द ठक्कुर
१२४—अलङ्कार रत्नाकर	शोभाकर मित्र
१२५—अलङ्कार कौस्तुभ	विश्वेश्वर
१२६—कविकल्पलता	अमर सिंह
१२७—तैतरीयोपनिषद	
१२८—ईशावास्योपनिषद	
१२९- कुवलयानन्द चन्द्रिकाचकोर	वेंकटाचार्य
१३०—वैयाकरण भूषणसार	कौण्ड भट्ट
१३१—शुक्रनीति सार	शुक्राचार्य
१३२—दशरूपक	धनञ्जय
१३३—अलङ्कार सर्वस्व	रुय्यक
१३४—साहित्य दर्पण (बम्बई)	विश्वनाथ
१३५—कुवलयानन्द	अप्पय्य दीक्षित

ग्रन्थ	ग्रन्थकार
१३६—मीमांसा दर्शन	जैमिनि मुनि
१३७—श्रीमद्भगवद्गीता	व्यासजी
१३८—अनुभूति प्रकाश	विद्यारण्य
१३९—प्रौढ़ मनोरमा	भट्टोजी दीक्षित
१४०—प्राकृत प्रकाश	वररुचि
१४१—भगवद्गीता रहस्य	तिलक
१४२—परिभाषेन्दु शेखर	नागेश भट्ट
१४३—प्राकृत व्याकरण	वररुचि
१४४—भावप्रकाश	भाव पंडित
१४५—कामसूत्र	वात्स्यायन
१४६—वृत्तरत्नाकर	केदार भट्ट
१४७—छन्दः सार संग्रह	चन्द्रमोहन घोष
१४८—मेदिनीकोष	मेदिनीकार
१४९—कादम्बरी	बाणभट्ट
१५०—दर्शनतत्वरत्नाकर	
१५१—तर्कभाषा	केशव मिश्र
१५२—श्रीकर भाष्य	श्रीपति
१५३—सर्वदर्शन संग्रह	माधवाचार्य
१५४—श्री भगवन्नाम कौमुदी	श्रीलक्ष्मीधर
१५५—श्रीभगवद्भक्ति रसायन	मधुसूदन सरस्वती
१५६—व्याप्ति पंचक	मथुरानाथ
१५७—भारतीय दर्शन	चट्टोपाध्याय
१५८—महावाक्य रत्नावली	पंचानन भट्टाचार्य
१५९—सिद्धान्त मुक्तावली	विश्वनाथ
१६०—पान्तजलसूत्र	व्यासजी
१६१—षड्दर्शन	
१६२—षट् संदर्भ नामक श्रीभागवत संदर्भ	बलदेव विद्याभूषण
१६३—छान्दोग्योपनिषत्	
१६४—ब्रह्मसूत्र शांकर भाष्य	लक्ष्मीनाथ झा
१६५—स्कन्दपुराण	कृष्ण द्वैपायन
१६६—भारतीय दर्शन.	बलदेव उपाध्याय
१६७—निरुक्त	यास्काचार्य
१६८—छन्दः शास्त्र	पिंगलाचार्य
१६९—वाणी भूषण	दामोदर मित्र
१७०—शक्तिवाद	गदाधर भट्टाचार्य
१७१—वैयाकरण भूषणसार	हरिवल्लभ

ग्रन्थ	ग्रन्थकार
१७२—दशरूपकावलोक	धनिक
१७३—साहित्य सिद्धान्त	सीताराम शास्त्री (भिवानी)
१७४—केनोपनिषत् भाष्य	भगवत्पाद शंकर
१७५—प्रश्नोपनिषद्	आनन्दगिरि (टीका)
१७६—बृहदारण्यकोपनिषत्	आनन्दगिरि (टीका)
१७७—खण्डनखण्ड खाद्य	श्री हर्ष
१७८—एतरेयोपनिषत्	आनन्दगिरि (टीका)
१७९—काठकोपनिषत्	आनन्दगिरि (टीका)
१८०—मुण्डकोपनिषत्	नारायण विरिचिता टीका सहित
१८१—कौटिल्य अर्थशास्त्र	चाणक्य
१८२—ब्रह्मपुराण	कृष्णद्वैपायन
१८३—अग्निपुराण	कृष्णद्वैपायन
१८४—पद्मपुराण (भाग १,२,३)	कृष्णद्वैपायन
१८५—ब्रह्मवैवर्त्तपुराण	वेदव्यास
१८६—मत्स्यपुराण	कृष्णद्वैपायन
१८७—वायुपारण	कृष्णद्वैपायत
१८८—लिंगपुराण	कृष्णद्वैपायन
१८९—रससदन भाण	युवराज कवि
१९०—रसतरङ्गिणी	भानुमिश्र
१९१—काव्यप्रदीपोद्योत	नागेश
१९२—काव्यप्रदीप प्रभा	तत्सत् वैद्यनाथ
१९३—वाल्मीकीय रामायण	वाल्मीकि
१९४—भरत नाट्यशास्त्र की टीका अभिनव भारती	अभिनव गुप्त
१९५—भरत नाट्यशास्त्र की भूमिका	मधुसूदन शास्त्री (लेखक)

रसगंगाधर के भूमिका की विषय-सूची

१ रसगंगाधर की भूमिका १
२ उद्देश्य के स्वरूप का निर्धारण ९
३ प्रासंगिक शंका ९
४ क्रमशः शंकाओं का समाधान—प्रथम शंका का समाधान—
साहित्य शब्द का अर्थ ९
५ काव्यप्रकाशादि लक्षण ग्रन्थों में साहित्यपद का प्रयोग १४
६ द्वितीय शंका का समाधान १५
७ सातवां दर्शन और उसका निर्माता १६
८ विषय का पूर्वांग १७
९ दर्शन छः कैसे १८
१० सातवां दर्शन क्यों १८
११ रस १९
१२ रस शब्द के अर्थ १९
१३ रस परम्परा २०
१४ वेदों के बाद रामायण २१
१५ रामायण के बाद नाट्यशास्त्र २२
१६ पुराण तथा उपपुराणों में रस का स्वरूप २३
१७ अग्निपुराण की रस के विषय में विलक्षणता २३
१८ रस के अनुगामी एवं प्रतिगामी आचार्य एवं उनके मत २५
१९ भामह २५
२० दण्डी २५
२१ वामन २६
२२ उद्भट २६
२३ रुद्रट २७
२४ रुद्रभट्ट २७
२५ ध्वनिकार २७
२६ ध्वनी ध्वंस सम्प्रदाय २८
२७ प्रतिहारेन्दुराज २९
२८ भट्टनायक २९
२९–३० धनञ्जय एवं धनिक २९
३१ अभिनवगुप्त ३०
३२ कुन्तक ३१
३३ महिम भट्ट ३१

३४	भोज	३१
३५	क्षेमेन्द्र	३२
३६	प्रस्थानों का क्रम	३२
३७	नवीन प्रस्थान की सृष्टि	३३
३८	रसों की संख्या के सम्बन्ध में विचार	३५
३९	रसों का क्रम	३५
४०	रस के भेद एवं उपभेद का मूल	३७
४१	रसों की संख्या और क्रम में कारण	३८
४२	ये रस लौकिक और अलौकिक होते हैं	४०
४३	दोषहान या दोष त्याग	४०
४४	दोष का स्वरूप	४१
४५	दोषों का भेद उपभेद	४२
४६	गुणादान	४२
४७	गुणों का स्वरूप	४२
४८	गुणों को सबने माना है	४३
४९	गुण समीक्षा	४३
५०	विपर्यस्त	४४
५१	विपर्यय	४४
५२	अग्निपुराण में दोष एवं गुण का लक्षण	४५
५३	आचार्य मम्मट का प्रयत्न	४६
५४	विचारणीय अंश	४६
५५	गुणों की संख्या में मतभेद	४९
५६	रीतियों की संख्या एवं स्वरूप में मतभेद	५०
५७	गुणों के विषय में विवेचनापुरःसर अपना मत	५३
५८	युक्ति विरोध	५३
५९	स्थायी भाव ही रस क्यों	५४
६०	विभाव	५४
६१	अनुभाव	५५
६२	व्यभिचारीभाव या संचारिभाव	५५
६३	वासना	५५
६४	तर्क विरोध	५६
६५	संगति विरोध	५७
६६	व्यवहार विरोध	५८
६७	पंडितराज का लिखना आपातरमणीय है	५८
६८	वृत्ति	५९
६९	प्रवृत्ति	६०

७० औचित्य ६१

७१ अलङ्कार ६२

७२ अलङ्कार लक्षण समीक्षा ६२

७३ अलङ्कार का निर्दुष्ट सामान्य लक्षण ६३

७४ अलङ्कारों का क्रमिक विकास ६५

७५ वेदों की ऋचाओं में अलङ्कार ६८

७६ भरतमुनि—४ अलङ्कार ६९

७७ अग्निपुराण—१९ अलङ्कार ६९

७८ विष्णुधर्मोतर—उपपुराण—१८ अलङ्कार ७०

७९ भट्टि काव्य—३८ अलङ्कार ७०

८० विशेष वक्तव्य ७०

८१ भामह—३८ ७१

८२ दण्डी—३७ ७१

८३ वामन—३२ ७२

८४ उद्भट—४१ ७३

८५ रुद्रट—मुख्य संख्या ५४, मिश्रित संख्या ७३ ७३

८६ महाराज भोज—७२ ७४

८७ आचार्य मम्मट—७४ ७६

८८ रुय्यक—८२ ७७

८९ वाग्भट प्रथम—३९ ७८

९० हेमचन्द्र—३५ ७८

९१ पीयूषवर्ष जयदेव—९० ७९

९२ विद्याधर—८६ ८०

९३ विद्यानाथ—७४ ८१

९४ द्वितीय वाग्भट—६८ ८१

९५ विश्वनाथ—८४ ८२

९६ नरेन्द्रप्रभ सूरी—७७ ८२

९७ भावदेव सूरी—५७ ८२

९८ आचार्य जिनसेन—७६ ८२

९९ नरसिंह कवि ८३

१०० श्री विश्वेश्वर पण्डित—६१ ८३

१०१ श्रीकृष्ण ब्रह्मतन्त्र परकाल—१०४ ८३

१०२ अप्पय्य दीक्षित—११७ ८३

१०३ श्री शोभाकर मित्र—१०६ ८३

१०४ पंडितराज जगन्नाथ—७० ८४

१०५ गोस्वामी कर्णपूर—७२ ८४

१०६ केशव मिश्र—१४ ८५
१०७ विद्याभूषण—८६ ८५
१०८ अच्युतराय—१०२ ८५
१०९ भट्टदेव शंकर—११५ ८५
११० अलङ्कारों के विकास का प्रकार ८६
१११ अलङ्कारों की मान्यता का सिद्धान्त ८६
११२ अलङ्कारों की विभिन्नता का मूल ८७
११३ लाटानुप्रास और यमक के भेद का कारण ८८
११४ अर्थालङ्कारों की विभिन्नता का मूल ९०
११५ कुछ प्रासंगिक चिन्तन ९५
११६ अतिशयोक्ति अलङ्कार मूल कैसे ? ९६
११७ अलङ्कार विभाग ९७
११८ आधुनिक समय में अलंकारों के अवान्तर श्रेणि विभाग का चार्ट ९८
११९ अलंकारों की परस्पर विभिन्नता का कारण १०२
१२० शक्ति निरूपण १०३
१२१ अभिधा १०४
१२२ नैयायिक के मत से शक्ति का विचार १०४
१२३ वैयाकरण के मत से शक्ति का विचार १०६
१२४ मीमांसक के मत से शक्ति का विचार १०६
१२५ वेदान्तियों के मत में शक्ति १०७
१२६ साहित्यिक के मत से सिद्धान्तभूत अभिधा का निरूपण १०७
१२७ प्रदीपकार के वाचक लक्षण की व्याख्या की समीक्षा १०८
१२८ पंडितराजीय अभिधा शक्ति के स्वरूप की समीक्षा १०८
१२९ अभिधा के भेद १०९
१३० यौगिकरूढ़ ११०
१३१ शब्द का संकेत विषयीभूत अर्थ १११
१३२ व्यक्तिशक्तिवाद (प्रथममत) ११२
१३३ व्यक्ति की उपाधि, जाति, गुण, क्रिया एवं संज्ञा (द्रव्य) में शक्तिवाद (द्वितीय मत) ११२
१३४ व्यक्ति की उपाधि में शक्ति मानने वालों के मत का निष्कर्ष ११४
१३५ अवान्तर प्रश्न एवं उत्तर ११५
१३६ जाति शक्तिवाद—तृतीय मत ११६
१३७ जातिविशिष्ट व्यक्ति में शक्तिवाद—४ था मत ११७
१३८ जाति, व्यक्ति एवं उनके संबन्ध में शक्तिवाद—५ वां मत ११८
१३९ कुब्ज शक्तिवाद—६ ठा मत (जाति एवं व्यक्ति दोनों में शक्ति) ११९
१४० इतरान्वित में शक्तिवाद—७ वां मत १२०

१४१ कार्यान्वित या अन्वित में शक्तिवाद—८,९ वां मत १२०
१४२ अपोह में शक्तिवाद—१० वां मत १२०
१४३ लक्षणा १२१
१४४ लक्षणा की क्या आवश्यकता है ? १२१
१४५ तीरादि अर्थ गंगादि पदों के अभिधेय नहीं हो सकते १२१
१४६ प्रासंगिक शंका और उसका समाधान १२२
१४७ लक्षणा की आवश्यकता का शेषांश १२२
१४८ लक्षणा का लक्षण १२३
१४९ अवान्तर विचार १२४
१५० लक्षणा लक्षण के विषय में एक मत १ १२५
१५१ शक्यसम्बन्ध ही लक्षणा है—मत २ १२५
१५२ शक्य से अशक्य की उपस्थिति लक्षणा है—मत ३ १२५
१५३ शक्यतावच्छेदक का आरोप लक्षणा है—मत ४ १२६
१५४ प्रसंगवश कचतः उदाहरण की व्याख्या १२९
१५५ प्रासंगिक समर्थन १३१
१५६ प्रासंगिक उदाहरण का उपसंहार १३१
१५७ साहित्यिक मत में लक्षणा का स्वरूप १३१
१५८ रूढ़ि या प्रयोजन के बल पर कहने का और भी फल १३२
१५९ लक्षणा, शब्द की आरोपित वृत्ति है कहने का फल १३२
१६० तात्पर्य के अनुपपन्न होने पर कहने का प्रयोजन १३२
१६१ लक्षणावृत्ति पद एवं वाक्य दोनों में है—यह सिद्धान्त १३५
१६२ लाक्षणिक पद भी अनुभावक होता है १३७
१६३ लक्षणा के भेद १३७
१६४ इनके उदाहरण १३७
१६५ व्यञ्जना शक्ति निरूपण १४०
१६६ व्यञ्जना के विरुद्धवादियों की शैलियाँ १४०
१६७ रसादि स्थल में मुख्य रूप से व्यञ्जना का लक्षण संगत नहीं होता १४०
१६८ अर्थ : सहृदय की व्याख्याओं में शंका एवं समाधान १४१
१६९ व्यक्ति विवेक कारके मत का निरूपण एवं खण्डन १४२
१७० व्यञ्जना का मानी हुई वृत्तियों में अन्तर्भाव क्यों नहीं १४७
१७१ व्यञ्जना का अभिधा में अन्तर्भाव वादियों का मत १४७
१७२ नानार्थक शब्द विषयक स्थिति १४८
१७३ व्यञ्जनावादी का उत्तर १५०
१७४ पंडितराज जगन्नाथ का उद्भव एवं अभ्युदय १५२
१७५ पंडितराज का समय १५४
१७६ पंडितराज के ग्रन्थ १४५

१७७ आनन १५७
१७८ ग्रन्थ अधूरा क्यों ? १५७
१७९ पंडितराज का पाण्डित्य १५७
१८० पंडितराज का सांसारिक जीवन १५८
१८१ अप्पय्य दीक्षित से द्वेष नहीं १५९
१८२ पंडितराज के अभ्युदय का मध्यसूर्य १५९
१८३ रसगंगाधर की अपूर्णता का हेतु—पंडितराज का पत्नी वियोग-जनित दुःख एवं पण्डित राज का विलाप १५९
१८४ कविता के उद्गम में सुन्दरी पत्नी का प्रभाव १६०
१८५ पंडितराज की पत्नी का कामेश्वरी नाम था १६०
१८६ पंडितराज का पुत्र विलाप १६१
१८७ रसगंगाधर में निबद्ध वस्तु का सामान्यतः परिचय १६१
१८८ प्रथम आनन में निबद्ध वस्तु १६१
१८९ द्वितीय आनन में निबद्ध वस्तु १६२
१९० समालोचनीय वस्तुतत्व विमर्श १६२
१९१ समालोचना का सिद्धान्त १६३
१९२ समालोच्य विषय १६३

विशेष :—आधुनिक समय में अलङ्कारों की अवान्तर श्रेणि को स्पष्ट करने के लिए हमने ९८, ९९, १००, १०१ तक के पृष्ठों में अलङ्कारों का चार्ट दे दिया है। कृपया भावुक लोग वहीं देखें।

———

॥ श्रीः ॥

रसगङ्गाधरालोचन

प्रथम पद्य

"स्मृतापि तरुणातपं" इस पद्य में स्मृता इस पद में यदि क्त प्रत्यय भूतकाल में हुआ है तब ऐसा अर्थ होगा कि जब पहले कभी भगवान् को याद किये हुए रहेंगे तभी वे कष्टों को दूर करेंगे। किन्तु इससे कुछ भी चमत्कार नहीं प्राप्त होता है। क्योंकि यदि पहले कभी याद न किये रहेंगे तब आज कष्ट पड़ने पर याद करेंगे तो कष्ट नहीं दूर किया जाएगा। किन्तु भगवान् का अतिशय माहात्म्य तभी आएगा कि जब कभी भगवान् को याद करते हैं तभी उन्होंने कष्ट दूर कर दिया है। यही अर्थ यहाँ विवक्षित है किन्तु "स्मृता" पद से यह अर्थ प्राप्त नहीं होता है। अतः "स्मर्यमाणा" पाठ होना उचित है। भगवान् प्राणिमात्र के कष्ट को दूर करते हैं न कि केवल मनुष्यों का। अतः विशेष पद "नृणां" के जगह में सामान्य "प्राणिनां" पद कहना चाहिए। क्योंकि भगवान् ने गज एवं गृध्र वगैरह का भी उद्धार किया है। "अभंगुरतनुत्विषां" पद में तनु पद अधिक है और यह "भंगुरतनुत्विषां विद्युतां" बिजलियों के विशेषण रूप से लिखा है किन्तु संगत नहीं होता है क्योंकि यह भंगुरत्व विद्युत का असाधारण धर्म नहीं है। यह धर्म तो तृण से लेकर पर्वत तक सभी में रहता है। तब विद्युतां ही क्यों कहा ? कोई भी हो सकता है। और विद्युत का क्षणप्रभा क्षणविद्योतिनी नाम कोषों में मिलता है। तदनुसार क्षणिकत्व ही उसका असाधरण धर्म है। अतः संगत नहीं होता है। अभंगुरतनुत्विषां यह विशेषण विद्युत्वेन अध्यवसित भगवान् की नित्य सहचरी गोपियों का है।

कलिन्दगिरि नन्दिनी पद में "गिरि" स्थान में "नग" पाठ नकार के अनुप्रास होने से उचित है। '-मदीयमति" पद के अन्तर्गत मदीय पद में तद्धित प्रत्यय निरर्थक है, कोई अर्थ पुष्ट नहीं होता है। यहाँ पर मदन्तरवचुम्बिनी पाठ ठीक है।

द्वितीय पद्य

श्रीमदिति। इस पद्य में ज्ञानेन्द्र भिक्षु नामक गुरु को श्री सहित लिखा है और महेन्द्र, खण्डदेव एवं शेष उपनामा वीरेश्वर गुरुओं को श्रीरहित लिखा है। अतः स्वरूप का प्रक्रम भेद दोष यहाँ है। आरम्भ में "अधिगत" और अन्त में "प्राप्त" इन कृदन्त (गुणीभूत) क्रियाओं और मध्य में तिङन्त क्रियाओं "अवेदीत्" "अध्यगीष्ट" का निर्देश किया है। अतः अन्वय प्रक्रम भेद दोष

है। विद्याओं के पठन में क्रम होता है, जैसे पहले वेद, बाद में व्याकरण, न्याय वैशेषिक, मीमांसा और अन्त में वेदान्त का। वह क्रम यहाँ भग्न हो गया अतः यहाँ क्रम प्रक्रम भेद है। "अधिगत" एवं "अध्यगीष्ट" में अधिशब्द दो बार आ गया है अतः पुनरुक्ति दोष है। "अवेदीत्" में परस्मैपद लिख कर "अध्यगीष्ट" में आत्मनेपद लिखना पदप्रक्रम भेद दोष है। अतः इस श्लोक की रचना इस प्रकार करनी चाहिए :—

श्री शेषांकादविन्दत्सुविमलभणितीः पाणिनेः शेषसिद्धाः
काणादीराक्षपादीरपि गहनगिरः श्री महेन्द्रादवेदीत् ।
श्री देवादध्यवापत्स्मरहरनगरे शासनं जैमिनीयं
यः श्रीज्ञानेन्द्रभिक्षोः सकलसुचितिविद् ब्रह्मविद्यामचर्चीत् ॥

यहाँ पाणिनेः शेषसिद्धाः का अर्थ है शेष माने पतंजलि के द्वारा व्याख्यात पाणिनि का व्याकरण। इस तरह सब दोष दूर हो गये।

चौथा पद्य

निमग्नेनेति। इस पद्य में "जलधेरन्तरुदरं क्लेशैर्निमग्नेन" (समुद्र के भीतर पेट में बड़ी कठिनता से डूब कर मैंने यह ग्रन्थरत्न निकाला है) कहने से मालूम पड़ता है कि ग्रन्थ निर्माण में महान् कष्ट हुआ है। और आगे चल कर लिखते हैं कि "रसगंगाधरनाम्नीं करोति कुतुकेन" अर्थात् बिना आयास के रसगंगाधर को जगन्नाथ बनाता है। इससे मालूम पड़ता है कि ग्रन्थ निर्माण में कुछ भी कष्ट नहीं हुआ है। इस तरह ग्रन्थ में पूर्वापर में विरुद्ध कथन होने से अप्रामाणिकता हो सकती है किन्तु यहां का यह तात्पर्य है कि प्रस्ताव के योग्य विषयों को मनन करके उद्भावन करने में आरम्भ में मुझे अवश्य बहुत क्लेश हुआ है किन्तु मनन करके आविर्भावित विषयों को दूसरों को समझाने में कोई कष्ट नहीं है। अतएव "करोति" इस परस्मैपद और "तीर्ण" इस भूतकालिकक्रिया का प्रयोग किया है। इन्हीं से यह भाव द्योतित होता है।

काव्यलक्षण

रमणीय अर्थ की प्रतिपत्ति माने ज्ञान का जनक शब्द काव्य है। इसमें प्रश्न होता है कि किस अर्थ को रमणीय कहा? क्योंकि किसी को भोज्य (खाद्य लेह्य चोष्य) पदार्थ रमणीय है, किसी को भोग्य (कान्तादि) पदार्थ रमणीय है, किसी को ये दोनों, किसी को ये दोनों भी नहीं, इनसे अलग ब्रह्म ही रमणीय है। इसके उत्तर में अर्थ की रमणीयता की परिभाषा कहते हैं। जिस अर्थ के जान लेने पर आह्लाद, आनन्द, सुख मिले वह अर्थ रमणीय है। फिर प्रश्न उठता है कि विषयी को पुत्रादि या कान्ता के आलिंगन से आह्लाद, मिलता है एवं नैयायिक, वैयाकरण, मीमांसक वगैरह शास्त्री सभी को क्या लोक क्या

शास्त्र सभी जगह अपनी-अपनी शैली से अपने-अपने कारणों से पदार्थ ज्ञान से आह्लाद मिलता है। अतः कान्तादि एवं तत्तच्छास्त्रीय पदार्थ सभी रमणीय हैं। तब कहते हैं कि यद्यपि भोज्य पदार्थों, भोग्य पदार्थों के अनुभव से, कामिनी के आलिंगन से सुख मिलता है, नैयायिक प्रभृति को न्यायादि प्रमेय के ज्ञान से सुख होता है, एक स्वर्गीय सुख है, एक ब्रह्म साक्षात्कार से सुख प्राप्त होता है तथापि इन लौकिक एवं शास्त्रीय सामग्री से उत्पन्न सब सुखों से पृथक् हमारा लक्ष्यभूत सुख है, आह्लाद है क्योंकि इसका भेदक है इस सुख में रहनेवाली लोकोत्तरत्व जाति। और इस जाति की सत्ता में प्रमाण है काव्यार्थ के ज्ञान से उत्पन्न लोकोत्तर आनन्द के सुख से अनुभव करने वाले पारखियों का अनुभव।

तब कहते हैं कि आपने सब गुड़ गोबर कर दिया। क्योंकि इस तरह के अनुभव के सहारे लोकोत्तरत्व जाति को प्रमाणित करेंगे तब काव्य का लक्षण नहीं बन सकेगा। क्योंकि इस प्रमापक अनुभव के स्वरूप के निरूपण में काव्य का स्वरूप आ जाता है और काव्य के स्वरूप निरूपण में अनुभव का स्वरूप आ जाता है। जैसे काव्य के अर्थ के ज्ञान से उत्पन्न लोकोत्तर आनन्द का का अनुभव करने वाले पारखी सहृदयों के अनुभव से प्रमाणित लोकोत्तरत्व जाति विशिष्ट लोकोत्तर आनन्द के जनक अर्थ का प्रतिपादन करने वाला शब्द काव्य है, इस तरह उस अनुभव प्रमाणित लोकोत्तर सुख के सहारे काव्यत्व को समझना होगा। फलतः यह काव्य है, न्यायादि नहीं है, यह ज्ञान तब होगा जब लोकोत्तर आनन्द की जनकता का ज्ञान होगा, और जब लोकोत्तर आनन्द की जनकता का ज्ञान होगा तब यह काव्य है, इसका ज्ञान होगा, यह अन्योन्याश्रय दोष हो जाएगा। अतः काव्य का लक्षण नहीं बन सका।

अगर कहें कि "विभावानुभावव्यभिचारिसंयोगाद्रसनिष्पत्तिः" इस भरत सूत्र के स्वारस्य से विभावादि के द्वारा जिससे लोकोत्तर आनन्द सुख मिले, वह काव्य है, ऐसा लक्षण यद्यपि आपने नहीं लिखा है तथापि सम्भावना करके हम कहते हैं कि यदि ऐसा भी लक्षण करते तब भी लक्षण नहीं बन सकता है क्योंकि यह विभावादि व्यवहार काव्य ही में होता है, लोक में वैसा व्यवहार नहीं है। लोक में उनको कारण कार्य एवं सहकारी कहते हैं, विभावादि नहीं कहते हैं। जैसा कि काव्यप्रकाशकार मम्मट के लेख—

कारणान्यथ कार्याणि सहकारीणि यानि च
रत्यादेः स्थायिनो लोके तानि चेन्नाट्यकाव्ययोः
विभावा अनुभावाश्च कथ्यन्ते व्यभिचारिणः

से सिद्ध है कि विभावादि का ज्ञान काव्यत्व के अधीन है। फलतः काव्यत्व के ज्ञान होने पर विभावादि का ज्ञान होगा, विभावादि के ज्ञान होने पर उनके द्वारा लोकोत्तर सुख का ज्ञान होगा, उसके ज्ञान होने पर लक्षण का याने काव्यत्व का

ज्ञान होगा यह चक्रक दोष हो जाएगा। सारांश काव्य का लक्षण आपका नहीं हुआ।

और भी दोष है। जैसे घट रूप अर्थ का प्रतिपादक घट शब्द है वैसे ही रमणीय रूप अर्थ का प्रतिपादक र्, अ, म्, अ, ण्, ई, य्, अ, इस आनुपूर्वी विशिष्ट रमणीय शब्द ही काव्य होगा—"स्मृतापि तरुणातपं करुणया हरन्ती नृणां" इत्यादि काव्य नहीं होंगे अतः इन उपरिनिर्दिष्ट दोषों का वारण करना आवश्यक है तभी काव्य लक्षण निष्पन्न हो सकता है।

लोकोत्तरत्व, चमत्कारत्व का अपरपर्याय कैसे

आपने लिखा है कि "लोकोत्तरत्वं च आह्लादगतः चमत्कारत्वापरपर्यायः लोकोत्तरत्व आह्लाद में रहने वाली जाति है और यह चमत्कारत्व का दूसरा पर्याय है" किन्तु यह संगत नहीं होता है क्योंकि पर्याय उसे कहते हैं "तद्बोध्य-व्यक्तिमात्र का जो बोधक" हो। अर्थात् जो उस पद से बोध्य व्यक्ति को ही केवल बतलावे। जैसे अमर पद जिस व्यक्ति को बतलाता हो उसी व्यक्ति को निर्जरपद भी बतलाता है। अतः अमर एवं निर्जर दोनों पर्याय हैं। यहाँ लोकोत्तरत्व एवं चमत्कारत्व में यह बात नहीं है। यहाँ लोकोत्तरत्व, आह्लाद का विशेषण है अतः लोकोत्तर आह्लाद कहते हैं। इसी तरह चमत्कार पद भी आह्लाद का विशेषण हो और जैसे वहाँ लोकोत्तर आह्लाद कहते हैं उसी प्रकार यहाँ भी चमत्कार आह्लाद कह सकें तब चमत्कार एवं लोकोत्तर पर्याय हो सकते हैं किन्तु यह बात नहीं है। यहाँ चमत्कार जनक आह्लाद तो कह सकते हैं, लोकोत्तर आह्लाद की तरह चमत्कार आह्लाद नहीं कह सकते हैं। फलतः तद्बोध्यव्यक्ति-मात्रबोधकत्व रूप पर्याय का लक्षण, स्वरूप संगत नहीं होने से वे दोनों पर्याय नहीं हुए।

किन्तु यह कहा जा सकता है कि चमत्कार और आनन्द या आह्लाद दोनों पर्याय है। अत एव लोकोत्तर चमत्कार एवं लोकोत्तर आनन्द या लोकोत्तर आह्लाद यह व्यवहार होता है। फलतः चमत्कार में रहने वाला चमत्कारत्व या आह्लादत्व; लोकोत्तरत्व की कोटि में आ सकता है।

—उत्तर—

जैसे 'कुशली आप हैं, कुशल आप हैं' इनका क्रमशः सुखी आप हैं, चतुर आप हैं इस तरह के दोनों प्रकार के अर्थों में कुशल शब्द के प्रयोग शिष्ट-सम्प्रदाय में होते हैं। उसी तरह चमत्कार का अर्थ आश्चर्य एवं सुख भी हो, तभी पंडितराज की लेखनी सुसंगता हो।

"अनुभव-साक्षिक" यहाँ का भाव यह है कि यह काव्य जन्य आह्लाद लोकोत्तर है, क्योंकि न्यायादि वाक्यों से यह अनुपलभ्यमान है और काव्य से यह आह्लाद उपलब्ध होता है। अतः यह अनुभव इस आह्लाद में प्रमाण है।

भावना-विशेष

'कारणं च तदवच्छिन्ने भावनाविशेषः पुनः पुनरनुसन्धानात्मा'। लोकोत्तरत्व से अवच्छिन्न आह्लाद में कारण है भावना-विशेष, उसका अर्थ है पुनः पुनः अनुसन्धान। यहाँ का भाव यह है कि जिस ज्ञान में नाना धर्म प्रकार हों और एक धर्मी विशेष्य हो ऐसा ज्ञान होता है। जैसे 'अयं घट' इसमें नाना इदन्त्व तथा घटत्व दो प्रकार है और घटरूप धर्मी विशेष्य एक है। कदाचित् नाना धर्मी विशेष्य जिसमें हो ऐसा भी ज्ञान होता है। जैसे 'घटपटौ स्तः'। इसमें घटरूप धर्मी एवं पटरूप धर्मी दोनों विशेष्य हैं। इस ज्ञान का नाम समूहालम्बन ज्ञान है। यह ज्ञान आगन्तुक है। यदि लोकोत्तराह्लाद का जनक सामान्यतः ज्ञान माना जायेगा तो ज्ञान पद से समूहालम्बन ज्ञान भी लिया जा सकता है। फलतः जिस ज्ञान के विषय काव्यार्थ एवं काव्यार्थेतर दोनों होते हैं, उस समूहालम्बन ज्ञान से जन्य आह्लाद भी लोकोत्तर कहलायेगा। किन्तु यहाँ लोकोत्तर आह्लाद पद से विवक्षित है, केवल काव्यार्थ के ज्ञान से होनेवाला आह्लाद। अतः ज्ञान पद को हटाकर उसकी जगह भावना का अभिषेक किया और भावना का स्वरूप लिखा कि वह भावना पुनः पुनः अनुसन्धानरूपा है। यह पुनः पुनः अनुसन्धान-रूपा भावना प्रत्यय-प्रवाह है, जिसका नाम धारावाहिक ज्ञान है। यह ज्ञान समूहालम्बन रूप नहीं हो सकता, क्योंकि उसमें विजातीय एवं सजातीय दोनों अर्थ ज्ञान के विषय होते हैं। धारावाहिक ज्ञान का स्वरूप है, जिसमें विजातीय अर्थ विषय न हो, किन्तु केवल सजातीय अर्थ विषय हों तथा जो धारा की तरह प्रवाहमय हो।

अब यहाँ शंका होती है कि लोकोत्तर आह्लाद की जनक भावना है और भावना का जनक है शब्द, जैसा कि आपका लेख है 'रमणीयार्थविषयक भावना का जनक शब्दरूप काव्य है।' फलतः भावना शाब्दबोधरूपा ही हुई। किन्तु आचार्य प्रत्यक्ष, अनुमिति, उपमिति ज्ञानों को ही धारावाहिक मानते हैं; शाब्दज्ञान को धारावाहिक नहीं मानते हैं। क्योंकि वैयाकरणों का सिद्धान्त है कि 'उच्चरितः शब्दः प्रत्यायको भवति नानुच्चरितः।' उच्चरित एवं श्रुत शब्द ही अर्थ का प्रत्यायक होता है, अनुच्चरित या अश्रुत नहीं। और प्रत्यर्थं हि शब्दाभिनिवेशः। जितनी बार अर्थ को समझायेंगे, उतनी बार उसके लिए शब्द को बोलना पड़ेगा। और प्रत्युच्चारणं शब्दा भिद्यन्ते जितनी बार शब्द बोला जाएगा, उतनी बार वह भिन्न-भिन्न होगा। इन न्यायों के अनुसार जब शब्दप्रयोग होगा तब अर्थज्ञान होगा, नहीं तो नहीं होगा। अतः शब्दजन्य ज्ञान धारावाहिक रूप नहीं हो सकता।

और भी कारण है। (शब्दबुद्धिकर्मणां विरम्य व्यापाराभावः। पद, बुद्धि (पदार्थोपस्थिति) एवं कर्म के सम्पन्न होने के बाद फिर उसमें कोई व्यापार नहीं होता।) पदार्थ के साथ पदार्थ का जो संसर्ग है, वही वाक्यार्थ है। पद, पदार्थोपस्थिति, आकांक्षाज्ञान, योग्यताज्ञान, आसत्तिज्ञान एवं तात्पर्यज्ञान के

सहारे उसका ज्ञान होता है। जब वाक्यार्थ ज्ञान कार्य हो गया तब उसके कारण भी समाप्त हो गये। अतः कारणों के अभाव में कार्य वाक्यार्थ ज्ञान पुनः नहीं हो सकता। होगा तभी, जब पुनः कारण-सामग्री आवे। तब सुतरां फलित हुआ कि शब्दजन्य ज्ञान धारावाहिक नहीं हो सकता।

—उत्तर—

'वाग्वै विश्वा भूतानि जज्ञे', 'वेदशब्देभ्य एवादौ पृथक् संस्थाश्च निर्ममे' इत्यादि श्रुति एवं स्मृति से प्रमाणित है कि समस्त विश्व वाणी से पैदा हुआ है। जब समस्त विश्व ही वाणी से उत्पन्न है, तब प्रत्यक्षादि सकल ज्ञान भी शब्द से पैदा हुए। इस सिद्धान्त को महाव्याकरणाचार्य भर्तृहरि ने दुहराकर सुबद्ध कर दिया है। वे कहते हैं :—

न सोऽस्ति प्रत्ययो लोके यः शब्दानुगमादृते।
अनुविद्धमिव ज्ञानं सर्वं शब्देन भासते ॥

लोक में, समस्त विश्व में ऐसा कोई ज्ञान नहीं है जो बिना शब्द के सम्बन्ध हुए हो जाए। क्योंकि सभी ज्ञान—प्रत्यक्ष, अनुमिति एवं उपमिति वगैरह शब्द से अनुविद्ध सम्बद्ध होकर ही भासित होते हैं। यहाँ इव शब्द एवकारार्थक है। अनुमिति एवं शाब्दबोध के समान विषयकत्व की तरह प्रत्यक्ष एवं शाब्दबोध की भी समान-विषयकता है ही। इतना ही क्यों, तन्त्रग्रन्थों में, आगम-ग्रन्थों में यहाँ तक लिखा है कि बिना वाणी के भाव ही नहीं उठते, बिना वाणी के विचार याने ज्ञान नहीं उत्पन्न हो सकते। सृष्टि का इतिहास इसका साक्षी है कि गुरु के शब्दों का ही यह प्रभाव है कि पाषाण-हृदय भी ज्ञानवान् हो जाता है। नयी-नयी कल्पना करता है। वही आँख, कान, मुख एवं नासिका इन्द्रियां रहती हैं, उनके उपयोग करने का भी शहूर नहीं होता। किन्तु गुरु के शब्दों को सुनने के बाद कुछ दूसरी स्थिति हो जाती है। इसीलिए किसी कवि ने कहा है कि "आँख, कान, मुख नासिका सब ही के इक ठौर। कहबो सुनबो देखबो चतुरन को कछु और।" कहने का सारांश कि शब्द से उत्पन्न सृष्टि प्रत्यक्षादि ज्ञान धारावाहिक हो और शब्दज्ञान धारावाहिक न हो, यह कैसे हो सकता है। कारण के गुण ही कार्य में आते हैं। उनका उत्कर्षापकर्ष होना दूसरी चीज है। अतः शाब्दज्ञान भी धारावाहिक होता है। यदि नहीं होता है यह मानेंगे तो 'द्वयं, गतं सम्प्रति शोचनीयतां समागमप्रार्थनया कपालिनः' ऐसे ऐसे सम्पूर्ण काव्यों में कहे गये 'द्वयं' इत्यादि प्रत्येक पद की भावना कैसे होगी। जैसे शिवजी के हजार नाम रहते हुए भी यहाँ प्रस्तावानुगुण कपाली पद ही है, दूसरा नहीं, इत्यादि भावना कैसे होगी। भावना तो धारावाहिक ज्ञान ही है। कवियों की वासना से ही इस तरह का पदों में आवापोद्वाप होता है। वह वासना भी तो धारावाहिक इच्छा ही है। तस्मात् शब्द से भी धारावाहिक ज्ञान होता है।

और भी है। मानस जप से भी देवता का आह्वान होता है। वहाँ उच्चारण कहाँ है। उच्चारण तो कण्ठ, तालु वगैरह से वायु के अभिघात का नाम है। अतः उच्चरित ही शब्द अर्थ का बोधक होता है, यह नियम नहीं है। खड्ग-मुख गोमूत्रिका, पद्मबन्ध, वगैरह शब्दालंकार के भेद माने जाते हैं। शब्द वैसा हो नहीं सकता। किन्तु लिपि के तत्तदाकार होने से माना जाता है। वहाँ लिपि को भी, शब्द-स्मारक होने से कार्यकारण में अभेद मानकर, शब्द कहा जाता है। वह लिपिरूप शब्द कहाँ उच्चरित एवं श्रुत है। अर्थ-बोध तो होता है। तस्मात् नियम नहीं बना और शब्दबुद्धिकर्मणां में कर्मपद से प्रतीति-क्रिया नहीं ले सकते। क्योंकि ज्ञान और क्रिया में बड़ा भेद है कर्म और ज्ञान भिन्न-भिन्न पदार्थ हैं। यदि एक ही होता तो (ज्ञानं भारः क्रियां-विना) बिना क्रिया के ज्ञान भार है यह कहना नहीं बनता।

अपने मत से काव्य का लक्षण एवं उसकी व्याख्या

पंडितराज के मत से काव्य लक्षण एवं उनके परिष्कार को निरूपण करते हुए उनकी समालोचना लिखी। अब हम अपने मत से काव्य का निर्दुष्ट लक्षण लिखते हैं।

रमणीयार्थविषयकप्रतीतिनिष्ठजन्यतानिरूपितानुपूर्वीविशेषावच्छिन्नशब्दधर्मिकज्ञाननिष्ठजनकतावच्छेदकीभूत–विषयताश्रयवर्णत्व–व्यापक–समुदायत्वनिष्ठ न्यूनवृत्तित्त्वानिरूपकं यत् रमणीयार्थविषयक–प्रतीतिजनकतावच्छेदकीभूत–वर्णत्व-व्यापक–समुदायत्वनिरूपित–पर्याप्तिसम्बन्धावच्छिन्नाश्रयत्वं काव्यत्वम्।

रमणीय अर्थ के विषय की प्रतीति जन्य है कार्य है। प्रतीति में जन्यता है, अतः प्रतीति निष्ठ जन्यता कहा। जब प्रतीति जन्य है तब इसका कोई जनक भी है। क्योंकि जन्यता निरूपण करती हैं, बतलाती है कि कोई जनक है। जनकता निरूपण करती है बतलाती है कि कोई जन्य है। इनमें परस्पर में निरूप्य-निरूपक भाव है। अतः प्रतीति निष्ठ जन्यता निरूपित कहा। इस जन्यता से निरूपित जनकता यहाँ आनुपूर्वी विशेष वाले शब्द के ज्ञान में है। इस ज्ञान में शब्द विशेष्य है। और शब्द की कोई आनुपूर्वी होती है वह आनुपूर्वीविशेष, शब्द में प्रकार है। हिन्दी भाषा में सप्तमी का अर्थ "में" होता है और संस्कृत में सप्तमी का अर्थ निष्ठ भी कहा जाता है। अतः जनकता का स्वरूप "तादृश जन्यता से निरूपित आनुपूर्वी विशेषावच्छिन्न शब्द विशेष्यक ज्ञाननिष्ठा जनकता" ऐसा कहा। जनकता या कारणता पर्याय है। वह कारणता विषयता स्वरूप है। यहाँ ज्ञान में रहनेवाली जनकता रूप विषयता अवच्छेद्य है और जनकता का अवच्छेदक भी विषयता है किन्तु यह हो कैसे सकता है। क्योंकि संस्कृत भाषा में एक नियम है कि (यदि स्वं स्वस्य अवच्छेदकं स्यात्तर्हि स्वस्मात् भिन्नं स्यादतः स्वं स्वस्यावच्छेदकं नहि भवति) यदि अपने ही अपने का अवच्छेदक हो जाएगा तब अपने से अपने का भेद हो जाएगा। अतः स्व, स्व का अवच्छेदक नहीं होता है। यह प्रासंगिक कथन है।

यहाँ का भाव यह है कि विषयितानिरूपित विषयता होती है अर्थात् विषयता का निरूपक विषयिता है फलतः निरूकतात्वेन विषयता में अवच्छेकता है। और स्वरूपसम्बन्ध विशेषत्वेन विषयता में अवच्छेदकता है। इस तरह सम्बन्ध भेद से विषयता अवच्छेद्य भ है और अवच्छेदक भी है। अतः "जनकतावच्छेदकीभूत विषयता" कहा। इस विषयता के आश्रय काव्यगत सभी वर्ण हैं अतः "जनकतावच्छेदकीभूत विषयताश्रय वर्ण" कहा। इन वर्णों के अपेक्षा श्लोक रूप समुदाय व्यापक होता है अतः "विषयताश्रयवर्णत्व व्यापक समुदाय" कहा। इस तरह रमणीयार्थ-विषयकप्रतीतिनिष्ठ-जन्यतानिरूपितानुपूर्वीविशेषावच्छिन्न-शब्द-विशेष्यक-ज्ञाननिष्ट जनकतावच्छेदकीभूत-वर्णत्व व्यापक समुदायत्व ही काव्यत्व है।

इस पर शंका होती है कि ऐसा कहने पर भी स्वरूप सम्बन्ध से तादृशसमुदायत्व प्रत्येक वर्ण में भी रहेगा अतः समुदाय में रहने वाला धर्म प्रत्येक वर्ण में रहने से वह धर्म अतिव्याप्त हो जाएगा तब अतिव्याप्ति दोष हो जाएगा। इस दोष को वारण करने के लिए स्वरूप सम्बन्ध की जगह में पर्याप्ति सम्वन्ध का निवेश करेंगे। फलतः स्वरूप सम्बन्धावच्छिन्न रमणीयार्थविषयक प्रतिपत्तिजनकतावच्छेदकीभूत विषयताश्रय वर्णत्व व्यापक समुदायत्व रूप काव्य का लक्षण नहीं कह कर पर्याप्ति सम्बन्धावच्छिन्न रमणीयार्थविषयक प्रतिपत्तिजनकतावच्छेदकीभूत विषयताश्रयवर्णत्व व्यापक समुदायत्वरूप काव्य का लक्षण करेंगे तब अतिव्याप्ति दोष हट जाएगा।

इस पर पुनः शंका होती है कि उस दोष का तो निवारण हो गया किन्तु दूसरा दोष आ गया। वह यह है कि शून्यं वास गृहमित्यादि सम्पूर्ण श्लोकवाक्य और घट इस समूहालम्बन विधया ज्ञात पदान्तर घटित सम्पूर्ण श्लोक वाक्य में काव्यत्व व्यवहार की आपत्ति होने लग जाएगी।

इस पर कहते हैं कि इस आपत्ति को दूर करने के लिए इस पूर्वोक्त समुदायत्व में न्यूनवृत्तित्वानिरूपकत्व का निवेश करेंगे।

यहाँ का भाव यह है कि मान लीजिए एक समुदाय नौ पदों का बना हुआ समुदाय है दूसरा समुदाय दश पदों का समुदाय है। यह नवपद घटित समुदायत्व, दशपद घटित समुदायत्व से न्यून याने अल्प पदों में वृत्ति है, अर्थात् रहने वाला है। इस बात को कि यह समुदायत्व न्यूनवृत्ति है, इसके बतलाने वाला अधिक पदों में रहने वाला समुदायत्व होता है। प्रकृत में उपर्युक्त घटादिरूप पदान्तर घटित शून्यं वासगृहमित्यादि समुदायत्व शून्यं वासगृहमित्यादि समुदायत्व में रहने वाली न्यूनवृत्तिता का निरूपक होता है। किन्तु हमें वह समुदायत्व चाहिए जिसमें न्यूनवृत्तिता का अनिरूपकत्व हो अर्थात् न्यूनवृत्तिता का निरूपकत्व नहीं हो। फलतः न्यूनवृत्तित्वानिरूपकत्व के निवेश के कारण घटादि पदान्तर घटित शून्यं वासगृहमित्यादि समुदायत्व, काव्यत्व नहीं हुआ अपितु केवल शून्यं वासगृहमित्यादि समुदायत्व ही काव्यत्व हुआ।

इस पर पुनः शंका होती है कि जैसे 'शून्यं वास गृहम्' इत्यादि कविनिर्मित वर्णत्वव्यापक समुदायत्व में न्यूनवृत्तित्वनिरूपकत्व होने से काव्यत्व है, वैसे ही नैयायिकादिनिर्मित उन सब वर्णत्व व्यापक समुदायत्व में भी न्यूनवृत्तित्वनिरूपकत्व होने से काव्यत्व अतिप्रसक्त हो जायगा। अतः विशेष्य दल का निवेश किया। इस तरह उपर्युक्त काव्यलक्षण निर्दुष्ट हुआ।

'यत्तु' से 'शौर्यादिवदात्मधर्माणाम' पर्यन्त अंश

भगवन्! आप काव्यप्रकाशकार आचार्य मम्मट के काव्यलक्षण की खण्डनात्मक विवेचना करते हैं। उस विवेचना के ७ अंश हैं। पहला अंश है—'यत्तु प्रांचः', दूसरा अंश है 'एषैव चैत्यादि', तीसरा अंश है 'अपि च काव्यपदप्रवृत्तिनिमित्तम्', चौथा अंश है 'लक्षणे गुणालंकारादिनिवेशोऽपि', पाँचवाँ अंश है 'गुणत्वालंकारत्वादेरननुगमाच्च', छठा है 'दुष्टं काव्यम्', सातवाँ है 'शौर्यादिवदात्मधर्माणाम्'। इन विवेचनाओं की क्रमशः प्रत्यालोचना हम दिखाते हैं।

यहाँ दूसरे एवं तीसरे अंश के बीच जो अंश 'यत्त्वास्वादोद्बोधकत्वमेवेत्यादि' लिखा है, वह 'अदोषौ' इस काव्य लक्षण के किस अंश की विवेचना है। अथ च आचार्य मम्मट का ऐसा अभिप्राय भी नहीं कि उसकी विवेचना उनके लक्षण की विवेचना के प्रसंग में उद्धृत की जा सके। तस्मात् इस लक्षण की विवेचना के प्रसंग में इसको उद्धृत न करके इसके वाद साहित्यदर्पणकार के मत की तरह अलग विवेचना करनी चाहिए। यदि कहें कि 'शब्दार्थौ काव्यम्' इसमें शब्द और अर्थ को काव्य माना है, अतः प्रासंगिक चर्चा कर दी गयी है। तब भी वह चर्चा लक्षण के प्रत्येक अंश की विवेचना के बाद ही होनी चाहिए, बीच में करना असंगत है। अतएव हमने 'लक्षण की विवेचना के सात अंश हैं' ऐसा लिखा। हम तो इस अंश का भी उत्तर, आपके लेख के अनुसार ही देंगे। किन्तु असंगत अंश को बतला देना आवश्यक है, इसलिए बतला दिया।

"यत्तु प्राञ्चः" प्रथम अंश

यत्तु प्राञ्चः—'अदोषौ सगुणौ सालंकारौ शब्दार्थौ काव्यम्' इत्याहुः। तत्र विचार्यते—शब्दार्थयुगलं न काव्यशब्दवाच्यम्, मानाभावात्। काव्यमुच्चैः पठ्यते, काव्यादर्थोऽवगम्यते, काव्यं श्रुतमर्थो न ज्ञातः, इत्यादिविश्वजनीनव्यवहारतः प्रत्युत शब्द-विशेषस्यैव काव्यपदार्थत्वप्रतिपत्तेश्च। व्यवहारः शब्दमात्रे लक्षणयोपपादनीय इति चेत्; स्यादप्येवम्, यदि काव्यपदार्थतया पराभिमते शब्दार्थयुगले काव्यशब्दशक्तेः प्रमापकं दृढतरं किमपि प्रमाणं स्यात्। तदेव तु न पश्यामः। विमतवाक्यं त्वश्रद्धेयमेव। इत्थं चासति काव्यशब्दस्य शब्दार्थयुगलशक्तिग्राहके प्रमाणे प्रागुक्ताद् व्यवहारतः शब्दविशेषे सिद्ध्यन्तीं शक्तिं को नाम निवारयितुमीष्टे। एतेन विनिगमनाभावादुभयत्र शक्तिरिति प्रत्युक्तम्। तदेवं शब्दविशेषस्यैव काव्यपदार्थत्वे सिद्धे तस्यैव लक्षणं युक्तम्, न तु स्वकल्पितस्य काव्यपदार्थस्य।

इसप्रकार पण्डितराज अपने मत से काव्य का लक्षण कहकर दूसरे आचार्यों के लक्षण की आलोचना करते हुए कहते हैं कि जो तो प्राचीन दोषरहित, गुणयुक्त और अलंकारवाले शब्द और अर्थ को काव्य मानते हैं, उनका हम विचार करते हैं।

शब्दार्थ युगल काव्यशब्द का अर्थ नहीं है। अर्थात् 'घटो न पटः' इस वाक्य में जैसे घट का पट में भेद है, इसी तरह शब्दार्थ-युगल का काव्य से भेद है। फलतः दोनों भिन्न-भिन्न हैं। ऐसा क्यों कहते हैं, क्योंकि शब्दार्थयुगल काव्यशब्द का वाच्य है, इसमें कोई प्रमाण नहीं है। और प्रमेय की सिद्धि प्रमाण से होती है।

पठ धातु का अर्थ है, स्पष्ट उच्चारण करना। स्पष्ट उच्चारण करना और सुनना भी शब्द का ही हो सकता है, न कि अर्थ का। इसीलिए सम्पूर्ण विश्व में यह व्यवहार होता है कि काव्य तो पढ़ते हैं, किन्तु अर्थ समझ में नहीं आता है। काव्य तो सुना, परन्तु अर्थ नहीं समझे। शब्द की शक्ति के ग्राहक व्याकरण वगैरह प्रमाणों में सबसे बलवान् प्रमाण व्यवहार है। उस व्यवहार से उक्त रीति से शब्द ही में काव्यपद की शक्ति गृहीत होती है। इसलिए हमारा बतलाया हुआ ही काव्य का लक्षण ठीक है। यदि आप कहें कि काव्य तो शब्दार्थ-युगल ही है। रहा व्यवहार, उसकी संगति लक्षणा से हो जायगी।

हो सकती है। पहले अभिधा वृत्ति तो स्थिर हो जाय। अभिधा से जब कोई अर्थ उपस्थित हो और उस मुख्यभूत अर्थ का बाध हो, तब लक्षणा आकर संगति बैठावे। यहाँ तो 'काव्यपद का अर्थ शब्दार्थ-युगल है' इस आपके मानने का आधार कोई भी दृढ़तर प्रमाण है—ऐसा तो हम नहीं देख रहे हैं। अजी साहब! हम कहते हैं यही प्रमाण है। यह भी नहीं कह सकरते हैं क्योंकि हमारा आपका तो विवाद ही हो रहा है, अतः वादी का कहना कोई श्रद्धेय प्रमाण नहीं है।

इस तरह जब शब्दार्थ-युगल में काव्यपद की शक्ति का ग्राहक कोई प्रमाण नहीं है, बल्कि पहले बतलाए हुए व्यवहार प्रमाण से शब्दविशेष में काव्य-पद की शक्ति सिद्ध हो रही है, तब उसको कौन रोक सकता है ?

इससे जैसे हमारे लिए शब्दार्थ-युगल को काव्य मानने में कोई युक्ति नहीं है, उसी तरह तुम्हारे लिए भी शब्द को काव्य मानने में कोई युक्ति नहीं है। किसी एक पक्ष को सिद्ध करने वाली युक्ति का नाम विनिगमना है, वह विनिगमना है नहीं। अतः 'शब्दार्थयुगल में काव्यपद की शक्ति है' ऐसा कहनेवालों को जवाब हो गया, क्योंकि जब शब्दविशेष ही काव्यपद का अर्थ है यह सिद्ध हो गया, तब उसी शब्दरूप काव्य का लक्षण कहना चाहिए, न कि अपनी मनमानी कल्पना से प्रसूत शब्दार्थयुगलरूप काव्य का।

आचार्यों ने विनेयवर्ग को समझाने के लिए वाङ्मय साहित्य के दो अंश निर्मित किये—एक लक्षण, दूसरा लक्ष्य। इन दोनों के निरूपण करनेवाले का नाम शास्त्र है। इसमें युक्ति एवं प्रमाणों के द्वारा प्रमेयभूत वस्तु के सम्बन्ध में खण्डन एवं मण्डन करके सिद्धान्त स्थिर किया गया है। इस स्थिरीकृत सिद्धान्तों के अनुसार ही लक्ष्य शुद्ध माना जाता है, अन्यथा नहीं। ये सिद्धान्त भी भिन्न-भिन्न विषयों में भिन्न-भिन्न आचार्यों के भिन्न-भिन्न हैं। यही कारण है कि पदार्थ के विषय में जिज्ञासा होने पर न्याय के आचार्यों का, पद के विषय में जिज्ञासा होने पर व्याकरण के आचार्यों का, वाक्य के विषय में मीमांसा के आचार्यों का अनुसरण किया जाता है।

जैसे गुणों के विषय में जिज्ञासा हुई, नैयायिक कहेंगे कि रूपरस प्रभृति २४ गुण हैं, वैयाकरण कहेंगे अत् और एङ् का नाम गुण है। मीमांसक कहेंगे जो अंग हो, उसको गुण कहते हैं। फलतः अपने-अपने विषय में उन-उन शास्त्रों के आचार्य लोग प्रमाण हैं।

ऐसा नियम नहीं मानेंगे तो कोई भी पदार्थ स्थिर नहीं हो सकता, कोई भी व्यवहार चालू नहीं हो सकता।

प्रकृत में काव्य के विषय में जिज्ञासा होने पर कि काव्य क्या है, उसमें क्या-क्या अंश हैं, क्यों ग्राह्य है, क्यों त्याज्य है, उसकी विशेषताएँ क्या हैं, इसको बतलानेवाले उस विषय के आचार्यों का अनुसरण करना ही औचित्य-प्राप्त होगा।

आपने भी अपने इस प्रकृत ग्रन्थ रसगंगाधर में 'आक्षेप' अलंकार के निरूपण में लिखा है कि—'नह्याभासरूप एव निषेध आक्षेप इत्यस्ति वेदस्याज्ञा। नापि प्राचामाचार्याणाम्। न चापि युक्तिः। येन ध्वनिकारोक्तमुपेक्ष्य त्वदुक्तं श्रद्धधीमहि। प्रत्युत वैपरीत्यमेवोचितम्। ध्वनिकृतामालंकारिकसरणिव्यवस्थापकत्वात्। नह्यस्मिशास्त्रे आक्षेपादिशब्दसंकेतग्राहकं प्रमाणान्तरमस्ति, ऋते प्राचीनवचनेभ्यः। अन्यथा सकलविपर्यासापत्तेः।'

आभास रूप निषेध ही आक्षेप है ऐसी कोई वेद की आज्ञा नहीं है। और न ही प्राचीन आचार्यों की आज्ञा है। इसको छोड़ भी दें तो कोई युक्ति नहीं है कि ध्वनिकारादि अलंकारिकों के कथन की उपेक्षा करके तुम्हारे कथन में श्रद्धा करें। बल्कि वैपरीत्य ही उचित होगा। क्योंकि ध्वनिकार, सकल अलंकारिकों के लिए अलंकार शास्त्र के मार्ग के व्यवस्थापक हैं।

इस शास्त्र में आक्षेपादि शब्दों के संकेत का ग्राहक कोई दूसरा प्रमाण नहीं है सिवाय प्राचीनाचार्यों के वाक्य के, न ही तो सब कुछ में विपर्यास हो जाएगा। और भी सुनिये व्याजस्तुति में कुवलयानन्दकार का खण्डन करते हुए आपने लिखा है कि—'यदि तु प्राचीनसंकेतसेतुं निर्भिद्य स्वरुचिरमणीया सरणि-

राद्रियते तदा निवेश्यन्तां सर्वेऽपि व्यंग्यप्रकारा गुणीभूतव्यंग्यप्रकारा वा अलंकारोदरेषु ।' प्राचीनों के किये हुए संकेत रूपी सेतु को तोड़कर रुचि के अनुकूल नया मार्ग बनाते हैं, तब तो सभी व्यंग्य भेदों को अलंकारों में घुसा दीजिए।

इस तरह 'काव्य' के स्वरूप को निर्धारण करनेवाले भरत से आरम्भकर आपके पूर्व समय तक जितने चिरन्तर एवं मध्यकालीन आचार्य हुए हैं—भरत भामह, उद्भट, वामन, रुद्रट, आनन्दवर्द्धन, राजशेखर, कुन्तक, भोज, क्षेमेन्द्र, मम्मट, वाग्भट, हेमचन्द्र, जयदेव, विद्याधर, विद्यानाथ, धर्मसूरि, न्यायवागीश, शौद्धोदनि, केशवमिश्र आदि सभी ने सिद्धान्तित किया है कि दोषाभाव, गुण, अलंकार एवं रस वाले शब्द और अर्थ दोनों काव्य हैं।

यदि कहें कि लक्षण निर्माण में पुरुष स्वतन्त्र है और (पुराणमित्येव न साधु सर्वम्) प्राचीन होने से ही सब वस्तु साधु नहीं होती है। तब क्यों आपने रुय्यक एवं अप्पय्य दीक्षित वगैरह को कोसा ? क्या उन लोगों ने आपका अपराध किया है ? महानुभाव। आपही का सहोक्ति अलंकार प्रकरण का लेख आपकी इस स्वतन्त्रता का निरोधक है। रुय्यक को डांटने के लिए आपने लिखा है—"नैव प्रमाणीकुर्महे वयं मृषा मुकुलितविलोचनान् प्राचः, निवेश्यतां चेयमलंकारान्तरभवनोदरं वराकी, इति तु प्रभुतैव केवला। न सहृदयत्वम्। इति। व्यर्थ ही आंख बन्द करके बड़प्पन का अभिनय करने वाले इन वृद्धों को हम प्रमाण नहीं मानते हैं। इस विचारी को दूसरे-दूसरे अलंकारों के घरों में घुस जाने दो, ऐसा कहना तो आपकी विशुद्ध प्रभुता उच्छृङ्खलता होगी, सहृदयता नहीं होगी। अर्थात् सदाचार एवं शास्त्र का नियन्त्रण मान कर व्यवस्था नहीं होगी।

आपकी इस उक्ति के अनुसार गुणालंकारादि विशिष्ट शब्दार्थ को काव्य की मान्यता न देकर अर्थप्रतिपादक शब्द को काव्य की मान्यता देना विशुद्ध प्रभुता होगी, सहृदयता नहीं होगी। सकल अलंकारिकों के विरुद्ध होने से अपसिद्धान्त भी हो जाएगा।

इस पर भी प्राचीनों के समक्ष आप विनय छोड़ते हैं और उनका गौरव नहीं मानते हैं तो बहुत सा कथन अस्तव्यस्त हो जाएगा। अर्थालंकार, अर्थशक्त्युत्थध्वनि, अर्थगुण आदि-आदि कहना सब व्यर्थ हो जाएगा जब कि शब्द को ही केवल काव्य कहेंगे।

यदि कहें कि अर्थ प्रतिपादक शब्द जब काव्य है, उस अवस्था में अर्थालंकार, अर्थशक्त्युत्थध्वनि एवं अर्थप्रतिपादक शब्द काव्य है, क्या आपत्ति है।

सुनिए। शब्दार्थौ काव्यम् मानने वाले के मत में शब्दानुगत अर्थ या अर्थानुगत शब्द या समकक्ष दोनों काव्य होने से व्यवहार प्रधान के नाम से होता है। इस न्याय के अनुसार शब्दालंकारों की संसृष्टि एवं सांकर्य, अर्थालंकारों की संसृष्टि एवं सांकर्य, उभयालंकारों की संसृष्टि एवं सांकर्य, शब्दालंकार,

अर्थालंकार, उभयालंकार, शब्दगुण, अर्थगुण, शब्दशक्त्युत्थ, अर्थशक्त्युत्थ, उभयशक्त्युत्थ ऐसा स्वतन्त्र व्यवहार हो सकता है।

आपके यहाँ तो अर्थप्रतिपादक शब्द ही काव्य है और उस काव्य के अनुसन्धान ज्ञान से ही गुण, अलंकार एवं व्यंग्यादि का उल्लास होता है, अतः गुण एवं अलंकारों का शब्द निष्ठत्व और अर्थ निष्ठत्व ये दोनों धर्म समान ही होंगे क्योंकि शब्द और अर्थ दोनों के अनुसन्धान के विना गुण एवं अलंकारों की प्रतीति नहीं होगी। उसी तरह काव्य से ज्ञात व्यंग्यों के लिए शब्दशक्तिमूलकत्व एवं अर्थशक्तिमूलकत्व भी समान है। यहाँ "समान है" का मतलब कथंचित् तुष्यतु न्याय से समान भी मान लें वस्तुतस्तु अर्थ प्रतिपादक शब्द काव्य है, इस सिद्धान्त के अनुसार हर हालत में अर्थ विशेषण ही रहेगा, उसमें प्रधानता नहीं होगी। अतः अमुक गुण एवं अमुक अलंकार शब्दनिष्ठ है या अर्थनिष्ठ है तथा अमुक व्यंग्य शब्दशक्त्युत्व है अमुक व्यंग्य अर्थशक्त्युत्व है यह भेद नहीं होगा। फलतः आपके यहाँ गुण प्रधान भाव नहीं है और कोई दूसरा उनके भेदक तत्व का निर्देश भी नहीं है, अतः अपसिद्धान्त हो जाना ही आपत्ति है।

(काव्य मुच्चैः पठ्यते) काव्य को उच्चस्वर से पढ़ते हैं, (काव्यादर्थोऽव गम्यते) काव्य से अर्थ को जानते हैं, (काव्यं श्रुतमर्थोन ज्ञातः) काव्य सुना जरूर किन्तु अर्थ नहीं समझे। इस तरह का सब जनता का व्यवहार शब्द को ही काव्य सिद्ध करता है। आपका यह कथन भी एक देशीय केवल धूली प्रक्षेप है। इस व्यवहार से तो शब्दार्थोभयरूप ही काव्य सिद्ध होता है।

निवेदन यह है कि यह काव्य शंख भेरी मृदंग आदि वादक यन्त्रों से निष्पन्न शब्द की तरह अर्थरहित केवल शब्दरूप नहीं हो सकता है और न शब्दशून्य परितः दृश्यमान केवल अर्थरूप ही हो सकता है। तब सुतरां शब्द और अर्थ दोनों ही काव्य की परिधि में आते हैं। इन दोनों की उपस्थिति में भी जनता का व्यवहार उसी अंश को लेकर होता है जो अंश अपने चमत्कार से जनता को प्रभावित करे। जैसे मारीचवध, राघवविजय, गीत गोविन्द वगैरह अनेकशः गीतकाव्य हैं। इनमें गीतगोविन्द में अनेक राग रागिनियां हैं। मारीचवध में केवल ककुभराग है और राघवविजय में केवल ठक्क राग है। इनमें अनेक रस हैं, कथा माने नायक के इतिवृत्त का भी निर्वाह है। यही हाल फुटकर गीतों का भी है। उनमें भी रस तथा कथा का अंश रहता ही है। ये सब गाये जाते हैं। ये काव्य हैं, इसमें आचार्य अभिनव गुप्त का लेख ही प्रमाण है। नाट्य शास्त्र ४ अध्याय २७५ श्लोक गीत प्रयोगमाश्रित्य की टीका अभिनव भारती में आप लिखते हैं कि "गीयते इति गीतं काव्यम्। तदुक्तं कोहलेन"—

लयान्तर - प्रयोगेण रागैश्चापि विवेचितम्।
नानारसं सुनिर्वाह्यकथं काव्यमिति स्मृतम्॥

और श्रव्य काव्य वही होता है जो देखा नहीं जा सकता और न जिसका अभिनय किया जा सकता है किन्तु जो केवल कानों को ही सुख देता है। जैसा सरस्वती कण्ठाभरण में कहा है :—

श्रव्यं तत्काव्यमाहुर्यन्नेच्यते नाभिनीयते
श्रोत्रयोरेव सुखदं भवेत्तदपि षड्विधम्। इति।

इतने विवेचन करने का तत्व यह है कि इन गीतों को सुनने वाली जनता का गीत सुनने पर यही व्यवहार होता है कि वाह वाह बड़ा अच्छा गाना रहा। इस गवैये का कण्ठ ही मधुर है आदि। यह कोई नहीं कहता कि गाना तो सुना किन्तु अर्थ नहीं समझे। क्या यहाँ अर्थ नहीं है? मतलब केवल स्वर, ताल, लय एवं ध्वनि की ही प्रशंसा जनता करती है, उसी की चर्चा आपस में करती है, अर्थ के बारे में स्वप्न भी नहीं लेती। क्योंकि वहाँ शब्द और अर्थ दोनों के रहते हुए शब्द रूप अंश ने अपने चमत्कार से जनता को प्रभावित किया है अतः उसी के नाम से व्यवहार होता है। फलतः अर्थ रहते हुए भी गीतकाव्य का लक्षण शब्द निष्ठ है।

एक अभिनेयार्थ काव्य है जो कि क्रीडनीयक माने खेल है। अभिज्ञान शाकुन्तल वगैरह नाटक सब क्रीडनीयक हैं। इनमें शब्द और अर्थ दोनों ही अपने अपने रूप में मौजूद है। अतः ये श्रव्य भी हैं और दृश्य भी है। जैसा कि नाट्यशास्त्र में आचार्य भरत ने लिखा है "क्रीडनीयकमिच्छामो दृश्यं श्रव्यं च यद्भवेत्। इति।" तब भी आचार्यों ने कहा कि यह नाटक वगैरह देवताओं के लिए मनोहर चाक्षुष यज्ञ है। इन नाट्यरूप रसों से देव, दानव एवं मानव सभी की चाक्षुषी प्रीति होती है। जैसा कि कहा है :—

देवानामिदमामनन्ति मुनयः कान्तं क्रतुं चाक्षुषम्।
नाट्यरूपै रसैरेतैः प्रीतिर्भवति चाक्षुषी॥ (संगीत रत्नाकर)

कहने का सारांश यह है कि दोनों अंशों को अनुभव करती हुई भी जनता व्यवहार में यही कहती है कि गजब का अभिनय रहा, कितना सुन्दर प्रदर्शन किया कि कहते नहीं बनता आदि। क्या वहाँ शब्दों का उच्चारण नहीं होता है? वहाँ कोई भी यह नहीं कहता कि दृश्य तो बड़ा सुन्दर रहा किन्तु अभिनेताओं का कथोपकथन नहीं सुना। मतलब चतुर्विध अभिनयों में से आंगिक—अंगों का संचालन, परिचालन एवं विचलन, तथा आहार्यिक—वेषभूषा एवं सात्विक—हाव भाव एवं भुज और कटाक्ष आदि के विक्षेप और प्रक्षेप के विषय में ही केवल चर्चा जनता करती रहती है। वाचिक के विषय में जनता का मौनावलम्बन ही रहता है। फलतः शब्द के रहते हुए भी दृश्य काव्य का लक्षण अर्थ निष्ठ है।

इन दो तरह के काव्यों के अतिरिक्त कादम्बर्यादि गद्य काव्यों, रघुवंशादि पद्य काव्यों एवं चम्पूपुभृति गद्य-पद्यमय काव्यों के लक्षण शब्द और अर्थ उभय निष्ठ हैं। यहाँ दोनों समकक्ष हैं। शब्द अर्थ की सहायता करता है व्यंजकता दशा में, क्योंकि काव्य की सीमा में शब्दबोध्य ही अर्थ व्यंजक होता है। इसी तरह अर्थ भी शब्द की सहायता करता है व्यंजकता अवस्था में, क्योंकि नानार्थक शब्द स्थल में अर्थान्तर से युक्त ही शब्द व्यंजक हो सकता है। अतः दोनों की कक्षा समान है। इन्हीं काव्यों के विषय में जनता का व्यवहार भी यही होता है कि काव्य का उच्चस्वर से पाठ करते हैं, काव्य से अर्थ को समझते हैं, काव्य तो सुना किन्तु अर्थ नहीं समझे। यदि शब्दार्थोभय रूप काव्य नहीं होता तो उपर्युक्त समझे और नहीं समझे यह व्यवहार कैसे होता ? क्योंकि प्राप्त ही का प्रतिषेध होता है अप्राप्त का नहीं। अतः उभयरूपता के विना एक अंश को प्राप्त किया दूसरे अंश को नहीं प्राप्त किया यह कथन ही यह व्यवहार ही नहीं हो सकता है। किन्तु उपर्युक्त व्यवहार होता है अतः सिद्ध है कि अर्थ भी काव्य के स्वरूप में निहित है। जैसे शंख भेरी आदि वादक यन्त्रों से उत्पन्न शब्द को सुनकर कोई नहीं कहता कि शब्द तो सुना अर्थ नहीं समझे। क्योंकि यहाँ अर्थ सम्भव ही नहीं है। तब कोई कैसे कहे ? काव्य में तो वे दोनों हैं अतः वैसा व्यवहार होता है। तस्मात् जिस विश्वजनीन व्यवहार से आप शब्दविशेष को काव्यपद का अर्थ सिद्ध करना चाहते थे उस व्यवहार से तो शब्द और अर्थ दोनों काव्य पद के अर्थ सिद्ध होते हैं।

"एषैव चेत्यादि" द्वितीय अंश

एषैव च वेदपुराणादि लक्षणेष्वपि गतिः अन्यथा तत्रापीयं दुरवस्था स्यात्। यही क्यों ? वेद पुराण वगैरह के लक्षण की भी यही गति है। नहीं तो वहाँ पर भी यही दुरवस्था हो जाएगी।

यहाँ का भाव यह है कि शक्तिग्राहक प्रमाणों में व्यवहार प्रमाण प्रधान है। उस व्यवहार से जैसे काव्य लक्षण शब्दनिष्ठ सिद्ध होता है उसी तरह वेदादि का लक्षण भी शब्दनिष्ठ ही है। नहीं तो अर्थात् लक्षण को शब्दनिष्ठ न मान कर उभय निष्ठ मानेंगे तो बड़ी अव्यवस्था हो जाएगी।

यहाँ का सार यह है। जिसके विषय में किस पुरुष ने इस आनुपूर्वी का उच्चारण किया यह मालूम नहीं किन्तु वह याद की गयी यही प्रतीति हो ऐसी स्मृत नियत (खास) आनुपूर्वी (स्वरूप) वाले शब्द विशेष का नाम वेद है। और जिसके विषय में व्यास ने या कालिदास ने इस रूप में उच्चारण किया ऐसी प्रतीति हो और किसी को भी ऐसा पहले याद नहीं था किन्तु नये तरीके से उच्चारण किया है ऐसी अस्मृत नियत आनुपूर्वी वाले शब्द विशेष का नाम पुराण एवं रघुवंश वगैरह है। इसका फल है। शताब्दियाँ बीत गयी कितनी उथल-पुथल हो गयी तब भी वेद में कोई परिवर्तन नहीं हुआ। अग्न आयाहि वीतये यह

आनुपूर्वी ही वेद है। वीतये आयाहि अग्ने या अग्ने वीतये आयाहि या विभावसो पानाय आगच्छ यह आनुपूर्वी वेद नहीं है। इसके विपरीत यदि स्मृतास्मृतत्वविशिष्ट वर्णगत नियतानुपूर्वी को या उस आनुपूर्वी से प्राप्त अर्थ को वेद, पुराण या रघुवंश वगैरह मानेंगे तो यह वैदिक पद है, यह व्यास का है यह कालिदास का है यह व्यवहार प्रमाण ही उच्छिन्न हो जाएगा, भारी दुरवस्था हो जाएगी।

यह भी आपका कथन तदधीते तद्वेद इस सूत्र के भाष्य एवं (कैयट विवरण) प्रदीप के विपरीत है। वहाँ का भाष्य एवं प्रदीप तथा उन दोनों का सम्मिलित अर्थ यह है :—

"तदधीते तद्वेद"

(भाष्यम्) किमर्थमुभावप्यर्थौ निर्दिश्येते। न योऽधीते वेत्त्यप्यसौ। यस्तु वेत्त्यधीतेप्यसौ। नैतयोरावश्यकः समावेशः। भवति हि कश्चित्संपाठं पठति न वेत्ति तथा तथा कश्चिद्वेत्ति न च संपाठं पठति।

(प्रदीप) न य इति। यो हि यं ग्रन्थमधीते स तं स्वरूपतोऽवश्यं वेत्ति। यश्च स्वरूपतो वेत्ति सोऽवश्यमधीत इति भावः। नैतयोरिति। अर्थावबोधो वेदनमभिप्रेतं न तु स्वरूपमात्रवेदनम्। तत्र परस्परव्यभिचारदर्शनादुभयोपादानमित्यर्थः। संपाठमिति। अर्थनिरपेक्षं स्वाध्यायं पठतीत्यर्थः।

(प्रश्न भाष्य) तदधीते तद्वेद इस सूत्र में अध्ययन और वेदन इन दोनों अर्थों का निर्देश किस लिए करते हैं। क्या जो नहीं पढ़ता है वह जानता भी है। हम तो देखते हैं कि जो जानता है वह पढ़ता भी है। बिना पढ़े कैसे जानेगा? अतः अध्ययन और वेदन दोनों अर्थों के निर्देश की कोई आश्यकता नहीं है। तद्वेद एक ही के निर्देश से दोनों समझ लिए जाएंगे।

(उत्तर भाष्य) नहीं है। क्योंकि स्वरूप ज्ञान भी तो वेदन पद का अर्थ हो सकता है। तब तो तद्वेद के कहने से यह अर्थ होगा कि जो जिस ग्रन्थ को पढ़ता है वह उसे स्वरूप से जानता है वह उसे पढ़ता ही है। किन्तु यहाँ वेदन से अपेक्षित है अर्थज्ञान न कि स्वरूप ज्ञान।

यदि कहें कि (व्याख्यानतो विशेषप्रतिपत्तिर्नहि सन्देहादलक्षम्) व्याख्यान से विशेष अर्थ को समझना चाहिए। अतः एक ही अर्थ के निर्देश से काम चल जाएगा। यह भी ठीक नहीं है। क्योंकि परस्पर व्यभिचार देखते हैं। जैसे कोई संपाठ तो पढ़ते हैं माने अर्थनिरपेक्ष स्वाध्याय तो पढ़ते हैं किन्तु अर्थ नहीं पढ़ते हैं जैसे काशी के वैदिक। और कोई अर्थ को जानते हैं, संपाठ को नहीं पढ़ते हैं जैसे इंग्लैंड के मैकडानल एवं मेक्समूलर, अतः अध्ययन और वेदन दोनों अर्थों का समावेश सूत्र में होना आवश्यक है।

पाणिनि, पतंजलि एवं कैयट इन प्राचीन आचार्यों के उपरिदर्शित लेख से यही व्यवहार मालूम पड़ता है कि शुरु से वेद का लक्षण शब्द और अर्थ दोनों

में रहता है न कि केवल शब्द ही में रहता है। फलतः दुरवस्था हो जाने की विभीषिका नहीं है, सब ठीक है।

"यत्त्वास्वाद" यह दूसरे एवं तीसरे के बीच का अंश

यत्त्वास्वादोद्बोधकत्वमेव काव्यत्वप्रयोजकं तच्च, शब्दे चार्थे चाविशिष्टमित्याहुः, तन्न। रागस्यापि रसव्यंजकताया ध्वनिकारादिसकलालंकारिकसंमतत्वेन प्रकृते लक्षणीयत्वापत्तेः। किं बहुना नाट्यांगानां सर्वेषामपि प्रायशस्तथात्वेन तत्त्वापत्तिर्दुर्वारैव। एतेन रसोद्बोधसमर्थस्यैवात्र लक्ष्यत्वमित्यपि परास्तम्।

यदि कहें कि यह काव्य है, काव्य यह है, इस व्यवहार का कारण आस्वादोद् बोधकत्व है अर्थात् जिससे आस्वाद मिले, रस मिले वही काव्य है और वह आस्वादोद बोधकत्व शब्द में और अर्थ में समान है, तब भी ठीक नहीं। क्योंकि ध्वनिकार से आरम्भ कर आज तक के सभी आचार्यों ने माना है कि राग रागिनियों से भी रस का आस्वाद होता है। तब वे भी प्रकृत लक्षण के लक्ष्य हो जाएंगे।

अधिक क्या कहूँ। तब तो वाचिक सात्विक आंगिक एवं आहार्यिक अभिनयों को तथा और भी जो नाटक वगैरह के अंग हैं अवयव हैं उनको जबरन् काव्य कहना पड़ेगा। इससे रस के उद्बोधन करने में जो समर्थ हो यह कथन भी परास्त हुआ।

शब्द एवं अर्थ में समान रूप से रहने वाले काव्यत्व प्रयोजक आस्वादोद्बोधकत्व के निराकरण करने के लिए जो आपने दो धमकियां दी हैं कि राग भी रस का व्यंजक है, आस्वाद का उद्बोधक है, ऐसा ध्वनिकारादि सकल आलंकारिकों ने माना है। फलतः राग भी प्रकृत काव्य लक्षण का लक्ष्य माना जाएगा अर्थात् अलक्ष्य में लक्षण के जाने से अतिव्याप्ति दोष हो जाएगा, यह एक धमकी है। दूसरी धमकी है कि अधिक क्या कहें काव्यत्वप्रयोजक रसव्यंजकत्व नाट्य के सभी अंगों में रहते हैं अतः उनमें भी काव्यत्व रहेगा अर्थात् अलक्ष्य में लक्षण के जाने से अतिव्याप्ति दोष हो जाएगा।

ये दोनों ही धमकियां दोनों ही दोष निर्मूल हैं। जिन ध्वनिकारादि आलंकारिकों को प्रमाणस्वरूप आपने उपन्यास किया है उन्हीं आलंकारिकों ने गीत एवं अभिनेयार्थ दोनों में काव्यत्व माना है। यह सब पहले बतलाया जा चुका है। जैसे चुल्ली पर बटलोई के रखने से आरम्भ करके चुल्ली से उसको नीचे नहीं उतार लेते हैं तब तक पकाता है या पकाता हूँ यही वर्तमान का व्यवहार होता है, भले ही उसके बीच में कुछ क्रियाएँ हुई रहें या कुछ क्रियाएँ होवेंगी, उसी तरह जब नाट्य के अंग नाट्य स्वरूप हैं और नाट्य अर्थात् शकुन्तला नाटक प्रभृति को काव्य कहा जाता है तब क्या हेतु है कि उसके अंगों को काव्य न कहा जाए।

"अपि च काव्यपद-प्रवृत्तिनिमित्तम्"
तीसरा अंश

अपि च काव्यपदप्रवृत्तिनिमित्तं शब्दार्थयोर्व्यासक्तम् प्रत्येकपर्याप्तं वा। नाद्यः। एको न द्वाविति व्यवहारस्येव श्लोकवाक्यं न काव्यमिति व्यवहारस्यापत्तेः। न द्वितीयः। एकस्मिन् पद्ये काव्यद्वयव्यवहारापत्तेः। तस्माद्वेदशास्त्र पुराणलक्षणस्येव काव्यलक्षणस्यापि शब्दनिष्ठतैवोचिता।

अब प्रकारान्तर से पुनः उसके खण्डन के लिए आरम्भ करते हैं :— काव्यपद की प्रवृत्ति का कारण शब्दार्थ में व्यासक्त है या प्रत्येक पर्याप्त है। यहाँ का मक्खन यह है। प्रवृत्ति पद का अर्थ है प्रधान वृत्ति। वह है अभिधा। उसका कारण है वाच्य वाचक भावरूप सम्बन्ध। यह सम्बन्ध शक्यतावच्छेदक कहा जाता है। क्योंकि शब्द अज्ञात या स्वरूपसत् और स्वरूपतः ज्ञात भी अर्थ का बोधक नहीं है किन्तु इस शब्द का इस अर्थ से सम्बन्ध है ऐसा ज्ञान होने पर अर्थ का बोधक है। अतः शक्य अर्थ है उसमें शक्यता है, उसका अवच्छेदक परिचायक सम्बन्ध है। इसलिए पण्डितराज पूछते हैं कि वह काव्यपद की प्रवृत्ति का कारण सम्बन्ध शब्दार्थ में व्यासक्त है व्यासज्य वृत्ति है अर्थात् पर्याप्ति रूप है अथवा स्वरूप है। इसका आशय यह है। जहाँ दो वस्तुएँ हों वहाँ द्वित्व समवाय सम्बन्ध से दोनों में भी है एक में भी है अतएव जैसे अयं द्वित्ववान् यह प्रतीति होती है, वैसे ही "एको द्वौ" एक दो है यह प्रतीति क्यों नहीं। इस आपत्ति को वारण करने के लिए पर्याप्ति नामक सम्बन्ध माना।

उसका लक्षण है जो दो या तीन आदि में व्यासक्त होकर रहे। जैसे छप्पर इधर उधर की सभी स्थूणाओं के आश्रय पर ठहरता है अन्यथा नहीं उसी तरह दो या तीन आदि जितने भी हैं उन सभी के आश्रय पर रहे। तब सुतरां कहना होगा कि वह भी आश्रय है न कि वही आश्रय है। अतः द्वित्व त्रित्वादि की तरह काव्यत्व भी शब्द और अर्थ दोनों के आश्रय पर रहता है। अतः पूछते हैं कि काव्यत्व व्यासज्य वृत्ति है क्या। अथवा स्वरूप सम्बन्ध से शब्द में भी अर्थ में भी प्रत्येक में रहने वाला काव्यत्व प्रत्येक पर्याप्त है क्या ?

इसका उत्तर काव्य प्रकाशकार देते हैं कि आस्वाद-व्यंजकत्व, काव्यत्व का नियामक है। और वह व्यंजकत्व शब्द की तरह अर्थ में भी है। अतः काव्यत्व दोनों में व्यासक्त है। अतः यदि शब्द ही में काव्यत्व माना जाए तो अर्थ अलक्ष्य हो जाएगा तब भागासिद्धि नामक दोष हो जाएगा।

इस पर कहते हैं कि नहीं। जिसका प्रत्येक में व्यवहार नहीं होता है वह व्यासज्य वृत्ति होता है। जैसे दो का भेद एक में है अतः एक को दो कोई नहीं कहता है, उसी तरह शब्द का भेद अर्थ में है और अर्थ का भेद शब्द में है। फलतः जैसे एक घड़े को घड़ा कपड़ा दोनों नहीं कह सकते हैं उसी तरह श्लोक

वाक्य काव्य नहीं है यह व्यवहार होने लगेगा। क्योंकि आपके मत में शब्द और अर्थ दोनों का नाम काव्य है न कि केवल शब्द या अर्थ का। तब केवल शब्द रूप श्लोक वाक्य काव्य कैसे होगा। तस्मात् शक्यतावच्छेदक सम्बन्ध व्यासज्य वृत्ति नहीं है।

वह सम्बन्ध प्रत्येक पर्याप्त भी नहीं है क्योंकि जैसे घटत्व प्रत्येक घट में है अतः यह घड़ा घटत्ववान् है वह घड़ा घटत्ववान् है उसी तरह शब्द काव्यत्ववान् है अर्थ भी काव्यत्ववान् है ऐसा मानेंगे तो शब्दार्थोभय स्वरूप एक पद्य में दो काव्य हैं ऐसा व्यवहार होने लगेगा। इसलिए वेदपुराणों के लक्षण की तरह काव्यलक्षण को भी शब्दनिष्ठ मानना ही उचित होगा।

इसका उत्तर सुनिये। यह ध्वनिकारादि सकल आलंकारिक सम्मत सिद्धान्त है कि—

एकावयवसंस्थेन भूषणेनेव कामिनी
पदद्योत्येन ध्वनिना सुकवेर्भाति भारती।

किसी एक अंग में पहने हुए भूषण से जैसे कामिनी में विलक्षणता आजाती है अर्थात् वह खिल उठती है, सुन्दर मालूम पड़ती है उसी तरह (पद एक उपलक्षण है किन्तु पदादि सभी संग्राह्य हैं अतः) पद, तदेकदेश, वर्ण, प्रकृति, प्रत्यय, उपसर्ग (काल देश) वगैरह सभी शब्दांगों से द्योत्य ध्वनि से सुकवि महाकवि की वाणी भी सुन्दर मालूम पड़ती है अर्थात् पदादिद्योत्य ध्वनि के कारण महाकवि की वाणी से विलक्षण चमत्कार का अनुभव होता है। इस प्रकार सभी शब्दांगों में काव्यत्व प्राप्त है।

यदि आप कहें कि हमको इष्ट है तो हम पूछते हैं कि वह काव्यत्व उन शब्दांगों में व्यासक्त है या प्रत्येक पर्याप्त है। यदि व्यासक्त है तब जिसका प्रत्येक में व्यवहार नहीं होता किन्तु जितने आश्रय हैं उन सब में रहता है वह व्यासक्त है अर्थात् व्यासज्य वृत्ति कहलाता है। जैसे दो का भेद एक में है इसलिए एक को दो कोई नहीं कहता किन्तु दो वस्तुओं के एक साथ रहने पर ही दो हैं, यह व्यवहार होता है। उसी तरह वाक्य का भेद प्रकृति, प्रत्यय, वर्ण एवं पद में है। प्रकृति, प्रत्यय, वर्ण, पद को कोई वाक्य नहीं कहता है किन्तु वर्णसमूहात्मक पदों के समूह में यह वाक्य है ऐसा व्यवहार होता है। फलतः जहाँ पदादि से ध्वनि द्योत्य है उस ध्वनिकाव्य स्थल में श्लोक वाक्य काव्य नहीं है ऐसा भी व्यवहार होगा क्योंकि पदादि सभी व्यंजक एक जगह हों यह असम्भव है। यदि कहें कि प्रत्येक पर्याप्त है तो एक वाक्य में अनेक काव्य मानने पड़ेंगे। "यश्चोभयोः समो दोषः परिहारस्तयोः समः" जो दोष हम दोनों को समान है उसका परिहार भी हम दोनों के लिए समान है। अर्थात् जो दोष शब्दार्थौ काव्यं मानने वाले के यहाँ होता है वही दोष शब्दः काव्यं मानने वाले के यहाँ भी आता है। अतः "शब्दार्थौ काव्यं" यह सिद्धान्त ही ठीक है।

कैसे ? ऐसे। शब्दार्थौ इस प्रयोग में व्याकरण के एक नियम के अनुसार अजादि एवं अदन्त अर्थ पद को पहले कहना चाहिए था परन्तु शब्द को पहले कहा। इससे मालूम पड़ता है कि "अभ्यर्हितं च" इस नियम के अनुसार व्यवस्था है। शब्द में अभ्यर्हितत्व प्रधानत्व रूप ही है दूसरा कोई नहीं है। जब शब्द प्रधान है तब अर्थ गौण हुआ अतः शब्दार्थौ काव्यं का मतलब हुआ कि अर्थ वहाँ निरर्थकता का वारण करेने के लिए दिया गया है, पूर्ण निर्भरता शब्द ही में है। अतः शब्द काव्य है। गीतगोविन्द आदि श्रव्य काव्यों के संग्रह के लिए यह मार्ग है।

अगर अर्थ अप्रधान है और शब्द ही प्रधान है। तब प्रधान और अप्रधान दोनों उपस्थित हों उस अवस्था में प्रधान के साथ ही व्यवहार होता है, इस नियम के अनुसार काव्य से भी विनेय राजकुमार वगैरह के लिए शब्द का ही उपदेश प्राप्त हुआ काव्य गत नीति शास्त्रीय पदार्थों का नहीं। किन्तु यह सिद्धान्त नहीं। क्योंकि शब्द का उपदेश करने के लिए तो व्याकरण एवं निरुक्त प्रवृत्त ही हैं। इस तरह काव्य का मुख्य प्रयोजन ही नष्ट हो जाएगा। अतः मानना पड़ेगा कि अर्थ ही मुख्य है। शब्द उसको जानने के लिए उपाय है।

जैसे जल मुख्य वस्तु है किन्तु जब उसके लाने के लिए प्रयत्न किया जायगा तो पहले घड़े के लिए प्रयत्न होगा, इसीलिए कहा भी जाता है "उपेय-प्रतिपत्यर्थमुपाया अव्यवस्थिताः।" उपेय को जानने के लिए उपाय होते हैं वे भी अव्यवस्थित हैं। अव्यवस्थित कहने का मतलब है अप्रधान। उसी प्रकार अर्थ ज्ञान के लिए शब्द उपाय है और वह अप्रधान है, विशेषण है। तब सिद्ध हुआ कि शब्द विशिष्ट अर्थ काव्य है। यह शकुन्तलादि दृश्य काव्यों के संग्रह के लिए दूसरा मार्ग है।

और जहाँ दोनों समकक्ष हों अर्थात् इस शब्द के रहने पर ही यह अर्थ प्राप्त होगा अन्यथा नहीं। इस तरह शब्द के आवाप और उद्वाप के विषय में ऊहापोह रहने से शब्द का प्राधान्य प्राप्त होता है। वक्तव्य अंश की पुष्टि इसी अर्थ से होगी अन्यथा सब मजा किरकिरा हो जाएगा। इस तरह अर्थ अपनी स्थिति से वक्तव्य अंश में सौंदर्य का उपस्थापन करता है अतः अर्थ का प्राधान्य प्राप्त होता है। इस तरह शब्द और अर्थ दोनों की श्रेणी समान है। वहाँ शब्द और अर्थ उभय काव्य हैं। रामायण रघुवंशादि चम्पूप्रभृति सभी काव्यों के संग्रह के लिए यह तीसरा मार्ग है।

ये तीनों ही मार्ग यहाँ अपेक्षित हैं। हां, समकक्ष स्थल में दोनों का गुण-प्रधान भाव है। अतएव शब्दार्थौ में द्विवचन भी संगत होता है। अन्यथा गुण-प्रधान भाव से नहीं रहने वालों में किसी एक की विवक्षा में जैसे रमणीयार्थप्रति-पादकः शब्दः यहाँ एक ही वचन की संगति है। द्विवचन की असंगति स्पष्ट ही है।

शब्द और अर्थ को काव्य मानने में बड़ी भारी आपत्ति तो यह है कि काव्य पद का योगलभ्य अर्थ ही गड़बड़ा जाता है। क्योंकि कवि शब्द से कर्म में

ष्यञ् प्रत्यय करने से काव्य पद निष्पन्न होता है। उसका अर्थ है कवि का कर्म। वहाँ दुष्यन्त शकुन्तला वगैरह अर्थ पहले से सिद्ध हैं वे कभी भी कवि की कृति से साध्य नहीं। तब क्या किया जाए?

सुनिए साहब! शब्द भी तो स्वरूप से सिद्ध ही है। वह भी तो कवि की कृति से साध्य नहीं है। जैसी व्याख्या महाभाष्य में लिखी है लौकिकाः शब्दा लोके सिद्धाः। वैदिकाः शब्दा वेदे। लौकिक शब्द लोक में सिद्ध है और वैदिक शब्द वेद में। इसलिए योगलभ्य अर्थ की गड़बड़ी शब्द के बारे में भी वैसी है जैसी अर्थ के काव्य मानने में है।

हमसे पूछिए तो। देखिए। कवृ वर्णे एक धातु है। उसके दो अर्थ हैं। एक वर्ण रंग जिससे कर्बुर पद बनता है। दूसरा अर्थ है वर्णन। इससे (कवते वर्णयति) कर्ता में सर्व धातुभ्य इन् इस उणादि सूत्र से इन् प्रत्यय करने पर कवि बना। जिसका अर्थ है जीती जागती वर्णना में निपुण। जैसा कि कहा है—

प्रज्ञा नवनवोन्मेषशालिनी प्रतिभा मता
तदनुप्राणनाज्जीवद्वर्णना-निपुणः कविः।

नये नये विचारों का भावों का उन्मेष याने प्रादुर्भाव करने वाली प्रज्ञा को बुद्धि को प्रतिभा कहते हैं। उस प्रतिभा के अनुप्राणन से अर्थात् उसके सहारे जो जीती जागती वर्णना में निपुण हो वह कवि है। उस कवि के द्वारा—

अनुभावविभावानां वर्णना काव्यमुच्यते।

इस उक्ति के अनुसार सिद्ध पदार्थों का लोकोत्तर वर्णन, वर्णनोपयोगी रचना स्वतः सिद्ध शब्दों से हो सकती है कोई विरोध नहीं है। काव्य को सुना, काव्य को समझा या काव्य सुना जरूर मगर इसको समझा नहीं। इस तरह के सर्वलोक सिद्ध दोनों प्रकार के व्यवहार से भी यही सिद्ध होता है कि शब्दार्थौ काव्यम्। अतः लक्ष्य के अनुसार ही लक्षण का निर्माण करना उचित है। न कि सर्वलोक सिद्ध का खण्डन करना उचित है। कुमारिल भट्ट जी का कहना है कि—

सिद्धानुगममात्रं हि कर्तुं युक्तं परीक्षकैः
न सर्वलोकसिद्धस्य लक्षणेन निवर्त्तनम्।

सिद्ध लक्ष्य का अनुगम करना संगति बैठाना ही परीक्षकों को विद्वानों को उचित है न कि सर्वलोक के व्यवहार से सिद्ध वस्तु का नया लक्षण बना कर परिवर्तन करना उचित है।

"लक्षणे गुणालंकारादिनिवेशो पि" चौथा अंश

लक्षणे गुणालंकारादिनिवेशोऽपि न युक्तः। "उदितं मण्डलं विधोः" इति काव्ये दूत्यभिसारिकाविरहिण्यादिसमुदीरितेऽभिसरणविधिनिषेधजीवनाभावा-

दिपरे "गतोऽस्तमर्कः" इत्यादौ चाव्याप्त्यापत्तेः। न चेदमकाव्यमिति शक्यं वदितुम्, काव्यतया पराभिमतस्यापि तथा वक्तुं शक्यत्वात्। काव्यजीवितं चमत्कारित्वं चाविशिष्टमेव।

काव्य के लक्षण में गुणालंकार का निवेश नहीं करना चाहिए। क्योंकि "उदितं मण्डलं विधोः" "गतोऽस्तमर्कः" इन वाक्यों में गुणालंकार के अभाव में काव्यता नहीं रहेगी किन्तु ध्वनि रहने से वे उत्तम काव्य हैं। आप यदि कहें कि ये काव्य ही नहीं है तब तो आप जिसको काव्य कहते हैं उसके लिए हम भी कह सकते हैं वह काव्य नहीं है।

उस पर हमारा कहना है कि आपका यह कहना कि "काव्य लक्षण में गुणालंकार का निवेश नहीं करना चाहिए" वह ठीक नहीं है। क्योंकि पहले आपने कहा था कि (गुणालंकारादिभिर्निरूपणीये तस्मिन्) काव्य के निरूपण की योग्यता गुणालंकार के ऊपर निर्भर है। अब कहते हैं काव्यलक्षण में उनका निवेश नहीं करना चाहिए। इस तरह पूर्वापरविरुद्ध आपका कथन है।

एक बात और भी है। कान्ता के आलिंगन से सुख होता है, नैयायिक वगैरह को न्यायादि के प्रमेय के ज्ञान से सुख होता है। एक सुख स्वर्गीय है, एक सुख ब्रह्मसाक्षात्कार से होता है। इन सब सुखों से विलक्षण सुख काव्य के अर्थ के समझने से होता है। यह आपको जरूर ही कहना पड़ेगा। सुख की विलक्षणता बतलाने के लिए कोई धर्म, विशेषण या सम्बन्ध जरूर बतलाना पड़ेगा। पदार्थ के निरूपण का यही मार्ग है।

अगर आप कहें कि काव्यार्थ के ज्ञान से जो सुख होगा वह विलक्षण होगा। यह भी कैसे ? क्योंकि विलक्षण सुख के सहारे काव्यत्व को समझें या काव्यत्व के सहारे विलक्षण सुख को समझें। एक दूसरे का ज्ञान एक दूसरे के सहारे होगा तो अन्योन्याश्रय नामक दोष हो जायगा। अगर कहें कि विभावानुभावव्यभिचारिसंयोगाद्रसनिष्पत्तिः इस सूत्र स्वारस्य से विभावादि के द्वारा जिससे विलक्षण सुख मिले वह काव्य है। यह भी नहीं बनता। क्योंकि विभावादि व्यवहार काव्य में ही होता है, लोक में तो वैसा व्यवहार नहीं है। उसी के लिए इसको अलौकिक सुख माना है। जो केवल शास्त्रीय अनुभव से सिद्ध हो, लोक में जिसका व्यवहार न हो वही अलौकिक कहलाता है। इस तरह विभावादि का ज्ञान काव्यत्व ज्ञान के अधीन है, यह सिद्ध हुआ।

इस तरह काव्य के ज्ञान होने पर विभावादि का ज्ञान होगा। विभावादि के ज्ञान होने पर उनके द्वारा विलक्षण सुख का ज्ञान होगा। उसके ज्ञान होने पर लक्षण का याने काव्यत्व का ज्ञान होगा तो चक्रक दोष हो जाएगा। इस दोष को निवारण करने के लिए अवश्य ही कोई प्रयत्न करना होगा। उस समय सिवाय गुणालंकार रूप धर्म एवं दोषाभाव रूप विशेषण के और क्या शरण है।

क्योंकि गुण अलंकार वगैरह लोक एवं शास्त्र में प्रसिद्ध हैं। उनके द्वारा ही काव्यत्व का ज्ञान सुलभ होगा। अन्य कोई मार्ग नहीं तब लक्षण में इनका निवेश नहीं करना चाहिए यह कहना ठीक नहीं है।

और भी कारण है। किसी शास्त्र या लोक में पदार्थों के स्वरूप निश्चय के लिए उन शास्त्रों के विद्वानों के वाक्य या लौकिक पुरुषों का व्यवहार ही आधार है अतः साहित्य शास्त्र के कर्णधारों ने जो कहा वही यहाँ प्रमाण है। जैसे—

उक्तिवैचित्र्य ही अलंकार है। उक्ति वैचित्र्य नहीं है तो काव्यत्व नहीं है यह भामह का,

काव्यवृत्ति अलंकार के आश्रय पर निर्भर है। आनन्द का। काव्य का ग्रहण अलंकार से होता है वामन का,

वक्रोक्ति ही काव्य का जीवित है कुन्तक(ल) का कहना है इससे सिद्ध है कि यह काव्य है इस व्यवहार का प्रबोधक अलंकार है। यदि वह अलंकार सार्वत्रिक नहीं है तो व्यवहार साधकता कैसी ? और भी बात है। "उदितं मण्डलं विधोः" "गतोऽस्तमर्कः" इन वाक्यों में गुणालंकार नहीं है यह कौन कहता है। सुनिए। क्रमशः "दित" में दकार तकार का एक स्थान दांतों में "तं मं लं" अंकारों का एक स्थान नासिका में, "विधो" में वकार धकार का एक स्थान दांत में उच्चारण होने से व्यंजनों की समानता से श्रुत्यनुप्रास अलंकार है। और प्रसाद गुण है। कौन समझदार व्यक्ति इन अलंकार और गुण का निषेध करेगा।

एक बात और है। यदि ऐसे वाक्यों को काव्य मानेंगे तो "शाल्योदनं भुंक्ते" यह भी काव्य ही नहीं ध्वनि काव्य मानना पड़ेगा।

अहो जिसके लिए अन्न के एक भी कण का दर्शन ब्रह्म दर्शन की तरह दुर्लभ था वही आज शाली चावल का भात खाता है, आश्चर्य। इस तरह यहाँ विस्मय रस है। इस पुरुष के लिए भाई खाने पीने के खर्चे का क्या प्रश्न है। यह तो शाल्योदन खाता है। अतिबहुमूल्य पदार्थों को खाने वाला यह है यह वस्तु ध्वनित होती है। क्या बात है इसी के बारे में ऐसा कहा जाता है कि बड़ा तपस्वी है। क्योंकि यह शाल्योदन खाता है। सभी वाक्य निश्चयात्मक होते हैं इस न्याय के अनुसार यह केवल शाल्योदन ही खाता है। विषयास्वाद में लोलुप जिनकी चित्तवृत्ति नियन्त्रित नहीं है उनकी अपेक्षा यह विषयास्वाद पराङ्मुख है इसकी चित्तवृत्तियाँ नियन्त्रित हैं अतः बड़ा तपस्वी है, इस तरह व्यतिरेक अलंकार की ध्वनि होती है।

"शाल्यो" में शकार यकार का एक तालुस्थान में और "दन" में दकार नकार का एक स्थान दातों में उच्चारण होने से व्यंजनों की समानता से श्रुत्यनुप्रास अलंकार है।

उच्चार्यत्वाद्यदेकत्र स्थाने तालुरदादिके
सादृश्यं व्यंजनस्यैव श्रुत्यनुप्रास उच्यते।

यह उसका लक्षण है। और प्रसाद गुण भी है। अतः आपका कहना सब जबर्दस्ती है। न तो युक्ति कसौटी पर ठहरता है और न प्राचीनों के अनुसार ही है।

गुणत्वालंकारत्वादेरननुगमाच्च-पांचवां अंश

गुण एवं अलंकारों का अनुगम भी नहीं हो सकता है। गुण का यह स्वरूप है ऐसा अनुगम अर्थात् एकाकार प्रतीति नहीं हो सकती है अथवा एक या दो गुण जिसमें हो वह काव्य है या समस्त गुण जिसमें हो वह काव्य है। एक दो अलंकार जिसमें हो या समस्त अलंकार जिसमें हो वह काव्य है इस रीति से काव्य में गुणालंकारों का समन्वय नहीं हो सकता है। अतः काव्य लक्षण में उनका निवेश ठीक नहीं है।

यह भी कहना सुन्दर नहीं है। क्योंकि काव्य शोभा को करने वाले धर्म अलंकार है। और रस को बढ़ाने वाले धर्म गुण है। तथा गुणालंकार वाले शब्दार्थ को काव्य कहते हैं इस तरह अनुगम हो जाने पर "अननुगमात्" कहना कहाँ तक ठीक है। हजार वाचस्पति भी एक वाक्य में सब गुणों का और अलंकारों का एक साथ विन्यास नहीं कर सकते हैं तब एक या दो या तीन गुण और अलंकारों के सद्भाव की समीक्षा करना कहाँ तक उचित है।

"दुष्टं काव्यमिति"— छठा अंश

दुष्टं काव्यमिति व्यवहारस्य बाधकं विना लाक्षणिकत्वायोगाच्च। न च संयोगाभाववान् वृक्षः संयोगीतिवदंशभेदेन दोषरहितं दुष्टमिति व्यवहारे बाधकं नास्तीति वाच्यम्। "मूले महीरुहो विहंगम् संयोगी न शाखायाम्" इति प्रतीतेरिवेदं पद्यं पूर्वार्धे काव्यमुत्तरार्धे तु न काव्यमिति स्वरसवाहिनो विश्वजननीनानुभवस्य विरहादव्याप्यवृत्तिताया अपि तस्यायोगात्।

यह काव्य दुष्ट है यह व्यवहार बिना बाधक के लाक्षणिक नहीं हो सकता है। यहाँ का भाव यह है। पण्डितराज के मत में तो विलक्षण चमत्कार जनक अर्थ का बोधक शब्द ही काव्य है अतः उसमें दोष होने पर दुष्ट काव्य और दोष न होने पर निर्दुष्ट काव्य हैं यह व्यवहार हो सकता है। परन्तु दोष रहित शब्दार्थ काव्य हैं ऐसा लक्षण मानने वाले के मत में जो दुष्ट है वह काव्य ही नहीं है यही व्यवहार होगा। यह दुष्ट काव्य है यह निर्दुष्ट काव्य है यह व्यवहार ही नहीं हो सकता। क्योंकि लक्षण वही होता है जो उसका असाधारण धर्म हो फलतः शब्दार्थद्वय रूप धर्मों में दोषाभाव, गुण, एवं अलंकार रूप धर्मों की

असाधारणता अपेक्षित है। वह असाधरणता तभी हो सकती है जब वे दोषाभावादि धर्म उस काव्य रूप धर्मी को कभी भी नहीं छोड़े। अगर वे छोड़ देते हैं तो वह असाधारणता नष्ट हो जाती है अतः उस असाधारणता की रक्षा के लिए वे धर्म उसको छोड़ते ही नहीं हैं। इस तरह उन दोषाभावादि धर्मों के सद्भाव में काव्य है और उन धर्मों के अभाव को काव्य नहीं है यही व्यवहार हो सकता है। यह काव्य दुष्ट है, यह काव्यदुष्ट नहीं है यह व्यवहार नहीं हो सकता है।

अगर कहो कि ठीक है किन्तु दुष्ट काव्य है ऐसा व्यवहार भी चल पड़ा है अतः मुख्यार्थ के बाध होने पर उस व्यवहार को लाक्षणिक मान लेंगे। उत्तर। पहले दोष रहित शब्दार्थ काव्य है ऐसा मुख्य अर्थ के विषय में निश्चय हो जाना चाहिए। पीछे वह निश्चय दुष्ट काव्य है ऐसा व्यवहार का बाधक हो तब लक्षणा आवे। जव निश्चय ही नहीं तव मूलं नास्ति कुतः शाखा।

रूढ़ि या प्रयोजन लक्षणा के हेतु हैं उनके अभाव में लक्षणा कैसे। इस पर कहते हैं कि कहीं अन्य स्थानों में रूढ़ि या प्रयोजन न हो किन्तु यहाँ तो रूढ़ि भी है, प्रयोजन भी है। कैसे ? सुनिए साहब ! जैसे जो व्याप्ति का आश्रय हो और पक्ष पर्वत वगैरह में रहता हो वही हेतु होता है। इस प्रकार का जो हेतु होगा वह आभास नहीं होगा, जो आभास होगा वह हेतु ही नहीं होगा। तब भी तुम्हारा यह हेतु आभास है ऐसा प्रयोग होता है उसी प्रकार हमारे यहाँ भी दोष रहित ही शब्दार्थ काव्य हैं। अतः जो दुष्ट है वह काव्य ही नहीं है यही सिद्धान्त है। तब भी तुम्हारा यह काव्य दुष्ट है ऐसा व्यवहार होता है। इसलिए दण्डी और भट्टनायक वगैरह का दुष्ट काव्य है, दुष्टों में भी काव्यता है कहना भी संगत हो जाता है।

तदल्पमपि नोपेक्ष्यं काव्यं दुष्टं कथंचन।
स्याद्वपुः सुन्दरमपि श्वित्रेणैकेन दुर्भगम् ॥

जैसे सुन्दर शरीर एक कोढ़ के रोग से खराब हो जाता है उसी तरह काव्य भी दोष से दुष्ट हो जाता है। अतः उसकी उपेक्षा नहीं करनी चाहिए। (दण्डी)

कीटानुविद्धरत्नादि-साधारण्येन काव्यता
दुष्टेष्वपि मता यत्र रसाद्यनुगमः स्फुटः।

जैसे कीड़े के खा जाने पर भी रत्न, रत्न ही कहलाएगा। उसी तरह दुष्ट भी काव्य है। जहाँ रसादि की प्रतीति स्फुट हो। (भट्टनायक)

इन्हीं सिद्धान्तों के आधार पर ही अभवन्मतयोगत्व रूप दोष के रहते हुए भी "निःशेष च्युतचन्दनं" काव्य को ध्वनि उत्तम काव्य माना है। "नेत्रे दूरमनंजने" इस वाक्य में दूरं इस पद का अन्वय अंजनाभाव में अभीष्ट है क्योंकि अंजन का अत्यन्त अभाव बतलाना है। किन्तु वह अभाव, अंजन के

साथ समस्त होने से (वृत्तस्य विशेषणयोगो न) समस्त पदार्थ का विशेषण से सम्बन्ध नहीं होता है, इस न्याय से दूरं के साथ अभाव अन्वित नहीं हो सकता है, अतः अभवन्मतयोगत्व दोष है।

अगर कहो कि तुम्हारा यह हेतु आभास है इसका मतलब है कि जो तुमको हेतुत्वेन अभिमत है वह आभास है। अतः कोई दोष नहीं है। यह तो हमारे यहां भी तुल्य है हम भी कहेंगे कि यहां काव्यपद का अर्थ है, काव्यत्वेन अभिमत न कि काव्य। इस तरह व्यवहार सिद्ध है।

दोषः सर्वात्मना त्याज्यो रसहानिकरो हि सः।
अन्यो गुणोऽस्तु वा मास्तु महान्निर्दोषता गुणः॥

दोष का त्याग एकदम ही करना चाहिए क्योंकि उससे इसका मजा किर-किरा हो जाता है और कोई गुण हो या न हो निर्दोषता ही महान् गुण है। अपदोषतैव विगुणस्य गुणः। जैसे जिसमें कोई गुण नहीं है, उसमें दोष न होना ही गुण है यही सिद्धान्त काव्य में भी है। इस सिद्धान्त के अनुसार दोष रहित शब्दार्थ का उपदेश करना ही आचार्यों का प्रयोजन है अतः रूढ़ि और प्रयोजन के रहने से लक्षणा क्यों नहीं होगी। तब कहते हैं कि—

शंका—पेड़ की जड़ में पक्षी बैठा है, शाखा में नहीं है। जिस तरह पेड़ का और पक्षी का अवयव भेद से संयोग भी है, और नहीं भी है इसलिए संयोग सम्पूर्ण अवयवों में फैलकर नहीं रहता है अर्थात् अव्याप्यवृत्ति है। इसी तरह दोष भी काव्य के पूरे अवयवों में नहीं रहता है। अतः एकांश में दोषरहित काव्य है, एकांश में दुष्ट काव्य है, यह व्यवहार होगा, कोई बाधक नहीं है।

उत्तर—संयोग को अव्याप्यवृत्ति मानने में वस्तुस्थिति बलवान है, दोष को वैसा मानने में किसी का भी अनुभव नहीं है। जिसके सहारे पूर्वार्ध में दोष नहीं है अतः काव्य है। उत्तरार्ध में दोष है, अतः अकाव्य है ऐसा माना जाए। अतः दोष अव्याप्यवृत्ति नहीं है।

आलोचन—आपने आगे कुवलयानन्दकार वगैरह के खण्डन के प्रसंग में कहा है कि इस अलंकार शास्त्र में प्राचीन आचार्यों के वाक्यों के अतिरिक्त कोई प्रमाण नहीं है। तब उन आचार्यों का वाक्य मानें या आपका ? उन्होंने न्यक्कारोहि पद्य में सुप् तिङ् वचन वगैरह सभी व्यंजक स्पष्ट दिखाई पड़ते हैं। इस तरह बहुत व्यंजकों के रहने से काव्य की सर्वातिशायी रचना है इस तरह कह कर दोष रहने पर भी ध्वनित्व सिद्ध किया है।

आप कहते हैं कि पूर्वार्द्ध में दोष न होने से काव्य होगा और उत्तरार्द्ध में दोष होने से अकाव्य होगा। किन्तु यहाँ इस पद्य में तो पूर्वार्द्ध में वाक्यगत विधेयाविमर्श है। उत्तरार्द्ध में पदगत विधेयाविमर्श है अतः काव्य ही नहीं है।

तब क्या करें। अगर आप कहें कि यदि बालक युक्तियुक्त कहता है और वृद्ध अयुक्त कहता है तो बालक का ही वाक्य ग्रहण करना चाहिए। तब तो मेरा भी वचन मानिए।

उद्देश्य भूत प्रतीति को जो नष्ट करे उसको दोष मानना चाहिए। जब उद्देश्य को नष्ट न करे तो तब न माना जाए। यह आपका एवं सभी विद्वानों का सिद्धान्त है। क्योंकि चन्द्रमा में कलंक आप लोग सभी वर्णन करते हैं और नायिका के मुखके सामने उस विचारे की क्या-क्या दशा आप लोग नहीं करते। किन्तु जब नायिका के मुख का सौन्दर्य निरूपण करना होगा तब उसी को बड़े गौरव और आटोप के साथ उपमान बनाते हैं। यह क्या है ?

उस समय चन्द्रमा का आह्लाद ही अपेक्षित है। इस लिए कलंक विवक्षित नहीं है। उल्टा यह भी कहते हैं कि एक दोष चन्द्रमा की किरणों में छिप जाता है। जब दोष उद्देश्य होगा तब कलंकी कहते ही हैं।

इससे सिद्ध है यहाँ शास्त्र की मर्यादा विवक्षा के अधीन है। जैसा कि कहा है, अनन्यपरतन्त्राम्, कवि और उसकी प्रतिभा से अन्य और भारती से पर की अधीनता में यह निर्माण नहीं है अर्थात् कवि की जैसी इच्छा होगी वैसी मर्यादा यहाँ होगी। कवि प्रकृत रस विरोधी इतिहास को भी बदल सकता है, तब और की तो बात ही क्या है ? जैसा कि कहा है रस भाव, वगैरह की विवक्षा न रहने पर यह होगा इत्यादि।

और भी एक बात है। कभी दोष गुण हो जाता है कभी गुण दोष हो जाता है। कभी दोनों बातें हैं, कभी दोनों बातें नहीं हैं। सारांश प्रधान के नाम से व्यवहार होता है। फलतः दोष रहता हुआ भी प्रतिभा के सौभाग्य से समाप्त हो जाता है। इस तरह "कहाँ फिर सब गुण सब जगह रहते हैं" इस नीति के अनुसार, दोष रहित एवं दुष्ट यह दो प्रकार का स्वरस वाही अनुभव है।

"शौर्यादिवदात्मधर्माणां गुणानाम्"–सातवां अंश

शौर्यादिवदात्मधर्माणां गुणानाम्, हारादिवदुपस्कारकाणामलंकाराणां च शरीरघटकत्वानुपपत्तेश्च।

शूरता वीरता वगैरह की तरह प्रसाद माधुर्य एवं ओज आत्मा रस के धर्म है। और हार वगैरह की तरह शोभा करने वाले अलंकार हैं। ये शरीर की रचना में उपयोगी नहीं हो सकते।

यहां का भाव यह है कि गुण एवं अलंकारों से शरीर नहीं बनता। किन्तु शरीर बनने पर शोभा बढ़ाने के लिए अलंकार पहिना या पहिनाया जाता है। शरीर बड़प्पन प्राप्त करने के लिए गुणों का संग्रह किया जाता है। अतः काव्य और भी गुणालंकार से नहीं बनता है।

आलोचना—यहाँ काव्य शरीर बनाना है न कि मानव शरीर। जहाँ हाथ पैर रूपी अवयवों की जरूरत पड़े। जैसे परार्थानुमान में पंचावयव वाक्य ही न्याय शरीर है और स्वार्थानुमान में प्रतिज्ञा हेतुरूप द्व्यवयव ही न्याय शरीर है। इसलिए जहाँ जिस शरीर के लिए जैसे अवयवों की जरूरत हो वहां वैसे अवयवों को होना चाहिए। क्योंकि अवयवी शरीर के निरूपण करते समय अवयवी शरीर जिन अवयवों से बनता हो उन अवयवों का निरूपण करना चाहिए। प्रकृत में ही यहाँ काव्य शरीर गुणालंकारादि अवयवों से ही बनता है। अतः गुणालंकारादि काव्य शरीर घटक हैं। यदि ऐसा नहीं होता तो "काव्य व्यवहार अलंकारों के ऊपर निर्भर है" "काव्य की आधार शिला अलंकार है" यह महाकवि सम्प्रदाय ही उच्छिन्न हो जाएगा। अतः आपका शरीरघटकत्वानुपपत्तेश्च यह कहना ही असंगत है।

यत्तु "रसवदेव काव्यम्" इति साहित्यदर्पणे निर्णीतम्

जो तो रसवत् ही काव्य है। नीरस काव्य ही नहीं है ऐसा साहित्य दर्पणकार ने निर्णय किया है। "यत्तु रसवदेव काव्यम्" इस साहित्यदर्पणकार के मत का पण्डितराज ने आलोचन किया है। हम भी अपने मत से उसका आलोचन करते हैं।

स्थायीभाव एव रसो भवति। स्थायिभावा रत्यादय इच्छारूपा ज्ञानरूपा वा सन्ति। एवं च ज्ञानेच्छयोः गुणयो रसरूपत्वमायातम्, शब्दस्यापि गुणत्वम्। अथवा रसः स्वयमपि गुणः, रूपरसेत्येवं चतुर्विंशतिगुणेषु परिगणनात्। तर्हि गुणे गुणानंगीकारात्कथं रसवत्काव्यमिति व्यवहारः।

रसो वै स इति श्रुत्यनुसारं यदि रस आत्मा। यतो हि न केवलं रत्यादिः स्थायी एव रसोऽपि तु विभावानुभावव्यभिचारिसंयुक्तो रत्यादीभावो रसः इत्येवं समुदायस्य द्रव्यरूपत्वमेव। एवं च आत्मनः रसस्य द्रव्यतया, शब्दस्य च गुणतया गुणाश्रयत्वं क्रियाश्रयत्वं वा द्रव्यत्वमित्यनुसारम्, आत्मनि रसे द्रव्ये शब्दो गुणस्तिष्ठतु।

ननु शब्दे गुणे आत्मा द्रव्यं तिष्ठतु। एवं च आत्मस्थानीयस्य रसस्य शरीरस्थानीये वाक्येऽभावात् रसवत्काव्यमिति विश्वनाथोक्तमयुक्तम्।

अत्रायं समाधिः। काव्ये रसवत्ता समवायसम्बन्धेन बाधिता। परं स्वव्यंजकत्व-स्वव्यंजकार्थप्रतिपादकत्वान्यतरसम्बन्धेन ग्राह्या। न कोऽपि दोषः।

स्थायी भाव ही रस होता है। स्थायिभाव रत्यादि, इच्छारूप हैं या ज्ञान रूप हैं। तब कहना होगा कि ज्ञानेच्छा गुणरूप ही रस है। और शब्द भी गुण है। रूप रस वगैरह चौबीस गुणों में शब्द की गणना है अतः गुण है। जब गुण में गुण रहता नहीं तब रसवत्काव्य यह व्यवहार कैसे हो सकता है।

अथवा केवल स्थायी भाव ही रस पदार्थ नहीं है। किन्तु विभाव, अनुभाव एवं संचारी से संयुक्त स्थायी भाव रस होता है। इस तरह विभाव नायक नायिका द्रव्य हैं, अनुभाव रत्यादि के कार्य क्रिया हैं, संचारी एवं स्थायीभाव अन्तःकरण के धर्म गुण हैं। इन सम्मिलित पदार्थों का नाम रस है जो "रसो वै सः" इस श्रुति के अनुसार आत्मा है तब भी शब्दगुण रूप काव्य में आत्मा द्रव्य कैसे रहेगा। क्योंकि गुण का आश्रय द्रव्य होता है न कि द्रव्य का आश्रय गुण, अतः रसवत् वाक्य काव्य है ऐसा विश्वनाथ का कहना असंगत है।

इसका उत्तर यह है। समवाय सम्बन्ध से गुण का गुण में रहना असंगत है तथा गुण में द्रव्य भी सीधी साधी व्यवस्था से नहीं रहता परन्तु सम्बन्ध विशेष से दोनों बातें हो सकती हैं। वह सम्बन्ध है रसव्यंजकत्व, या रस को व्यक्त करने वाले अर्थ का प्रतिपादकत्व। इस सम्बन्ध से रसवत् वाक्य को काव्य कह सकते हैं।

प्रासंगिक चर्चा

यहाँ पण्डितराज के मत के अनुसार जो काव्य लक्षण हैं उसकी समालोचना एवं अपने मत से काव्य लक्षण का निरूपण, इसके बाद पण्डितराज समालोचित आचार्य मम्मट के काव्य लक्षण की समाहिति, तथा साहित्यदर्पण-कार के मतानुसारी काव्य लक्षण का अपने मत से समालोचना की गयी। इसके अनन्तर प्राचीन एवं अर्वाचीन आचार्यों के मत के अनुसार काव्य लक्षणों का स्वरूप प्रदर्शन एवं उनके विषय में सर्वमान्य सार का निरूपण करना अत्यावश्यक हो गया है। अतः प्रसंगवश क्रमशः उनका प्रदर्शन करते हैं। इससे पहले काव्यत्व जाति है या उपाधि है, इसका निरूपण करते हैं।

काव्यत्व जाति है या उपाधि

काव्यत्वं गोत्वादिवज्जातिः। यथा गलसास्नाद्यवयववतीषु गोव्यक्तिषु प्रत्येकमयं गौरयं गौरित्यनुगताकारा समानविषयिणी प्रतीतिर्भवति तथा शब्दार्थ समूहस्य सहृदयहृदयानुमतः कोपि धर्मविशेषः काव्यत्वं जातिः। अर्थात् सर्वत्र काव्ये आह्लादानुभवात् सहृदयानामिदं काव्यमिति समानविषयिणी अनुगताकारा प्रतीतिरेव गोत्वादिजाताविव काव्यत्वजातौ प्रमाणम्। अथवा काव्यत्वमुपाधिः। तथाहि कत्वाद्यभाववति केवलगकारैकाक्षरघटितचित्रकाव्ये काव्यत्वं वर्त्तते। काव्यत्वाभाववति केवलककाररूपाक्षरे कत्वजातिर्वर्त्तते तयोः कत्व-काव्यत्वजात्योः ककारघटित-चित्रकाव्ये काव्यत्वस्य कत्वस्य वर्त्तमानत्वमतः सांकर्यात् काव्यत्वं न जातिः किन्तु उपाधिः। स च सखण्डोपाधिः।

काव्यत्व गोत्वादि की तरह जाति है। जैसे जिनके गले में सास्ना अर्थात् कम्बल जैसा चमड़ा लटकता है और जिनके खुर फटे होते हैं, उन व्यक्तियों में यह गौ है, यह गौ है ऐसी समान विषयिणी अनुगत एक आकार वाली प्रतीति गोत्व जाति में प्रमाण है। वैसे ही शब्दार्थसमूह में सहृदय हृदयानुमत कोई धर्म

विशेष काव्यत्व जाति है अर्थात् सभी काव्यों में आह्लाद का अनुभव होता है अतः सहृदयों का यह काव्य है, यह काव्य है ऐसी समान विषयिणी अनुगत एक आकार वाली प्रतीति होती है। यह अनुगत प्रतीति ही काव्यत्व जाति में प्रमाण है। अथवा काव्यत्व उपाधि है जहाँ कत्व धर्म नहीं है ऐसे केवल गकारादि अक्षर घटित चित्र काव्य में काव्यत्व है और जहाँ काव्यत्व नहीं है ऐसे ककार रूप एकाक्षर में कत्व जाति है। इन दोनों काव्यत्व और कत्व जातियों का एकमात्र ककार से निर्मित चित्र काव्य में स्थिति है अतः सांकर्य है, यह सांकर्य जाति का बाधक होता है, फलतः काव्यत्व जाति न होकर उपाधि है।

प्राचीन एवं अर्वाचीन आचार्यों के मत के अनुसार काव्य लक्षण

सामान्य और विशेष रूप से लक्षण के दो मार्ग हैं। जिसमें सामान्य सर्वविषयक होता है, शेष लक्षण काचित्क होता है। किन्हीं के मत में कवि-कौशल कल्पित कमनीयताशाली शब्द ही काव्य है, किन्हीं के मत में कविकौशल कल्पित कमनीयताशाली शब्दार्थ उभय काव्य हैं। यह काव्य के सामान्य लक्षण हुए। अब विशेष लक्षण क्रमशः दिखाते हैं।

१—शरीरं तावदिष्टार्थव्यवच्छिन्ना पदावलिः। (काव्यादर्श में दण्डी)

२—इसी तरह काव्यदीपिका में कान्तिचन्द्र।

३—काव्यं रसादिमद् वाक्यं श्रुतं सुखविशेषकृत्। (अलंकारशेखर में शौद्धोदनि)

४—इसी तरह वृत्तिकार केशवमिश्र।

५—निर्दोषं गुणवत्काव्यमलंकारैरलंकृतम्। रसात्मकं कविः कुर्वन् कीर्तिं प्रीतिं च विन्दति। (सरस्वती कण्ठाभरण में महाराजा भोज)

६—गुणवदलंकृतं च वाक्यमेव काव्यम्। (काव्यमीमांसा में राजशेखर)

७—वाक्यं रसात्मकं काव्यम्। (साहित्यदर्पण में विश्वनाथ।)

८—निर्दोषालक्षणवती सरीतिर्गुणगुम्फिता। सालंकाररसानेकवृत्तिर्वाक् काव्यनामभाक्। (चन्द्रालोक में जयदेव)

९—रमणीयार्थप्रतिपादकः शब्दः काव्यम्। (रसगंगाधर में पंडितराज जगन्नाथ) इस तरह शब्द को काव्य मानने वालों के नौ मत हुए।

१ से ४—शब्दार्थौ सहितौ काव्यम्। (चिरन्तन अलंकार प्रजापति भामह, उद्भट, रुद्रट और आनन्दवर्द्धन)

५—काव्यशब्दोयं गुणालंकारसंस्कृतयोः शब्दार्थयोर्वर्त्तते। (काव्यालंकार में वामन)

६—शब्दार्थौ सहितौ वक्रकविव्यापारशालिनि। वन्धे व्यवस्थितौ काव्यं तद्विदाह्लादकारिणि। (वक्रोक्तिजीवित में कुन्तक)

७, ८—तददोषौ शब्दार्थौ सगुणावनलंकृती पुनः क्वापि। (काव्यप्रकाश में मम्मट और काव्यानुशासन में हेमचन्द्र)

९, १०—साधुशब्दार्थसन्दर्भं गुणालंकारभूषितम्। स्फुटरीतिरसोपेतं काव्यं कुर्वीत कीर्तये। (काव्यालंकार में वाग्भट और इसी तरह काव्यानुशासन में वाभट)

११—शब्दार्थौ वपुरस्य, शब्दार्थवपुस्तावत्काव्यम्। (एकावली में विद्याधर)

१२—गुणालंकारसहितौ शब्दार्थौ दोषवर्जितौ। गद्यपद्योभयमयं काव्यं काव्यविदो विदुः॥ (प्रतापरुद्रीय में विद्यानाथ)

१३—तत्र निर्दोषशब्दार्थगुणवत्त्वे सति स्फुटम्। गद्यादिबन्धरूपत्वं काव्यसामान्यलक्षणम्॥ (साहित्यसार में अच्युतराय)

१४—सगुणालंकृति काव्यं पदार्थौ दोषवर्जितौ। (साहित्यरत्नाकर में धर्मसूरि)

१५—काव्यं विशिष्टशब्दार्थसाहित्यसदलंकृति। (कविकण्ठभरण में क्षेमेन्द्र)

१६—गुणालंकारसंयुक्तौ शब्दार्थौ रसभावगौ। नित्यं दोषविनिर्मुक्तौ काव्यमित्यभिधीयते॥ (अलंकारचन्द्रिका में न्यायवागीश)

इस तरह शब्द और अर्थ उभय को काव्य मानने वालों के मत प्रायः सोलह हैं।

शब्द को काव्य मानने वालों के मत का सर्वस्व यह है कि "कवयते वर्णयति" इस व्युत्पत्ति के अनुसार वर्णन करने वाले का नाम कवि है। उस कवि के कर्म का नाम काव्य है। वह कर्म वर्णनार्थक कवि शब्द से काव्यपद के निष्पन्न होने से समाख्यानुरोध से वर्णनात्मक है, और काव्य को जोर से पढ़ते हैं, (काव्य मुच्चैः पठ्यते, इस वाक्य में यह दिखलाया है कि काव्य शब्द रूप होने से ही पठ धातु का कर्म हो सकता है क्योंकि पठन शब्द का अर्थ है स्पष्टोच्चारण। वह उच्चारण शब्द का ही हो सकता है, अर्थ का नहीं हो सकता है। फलतः अर्थ के पठन क्रिया के कर्म नहीं बन सकने से काव्य शब्दनिष्ठ है। यह वक्तव्य काव्यं पठ्यते इसी से सिद्ध हो सकता है। तब "काव्यमुच्चैः पठ्यते" इस वाक्य में पण्डितराज का "उच्चैः" पद का उपादान करना व्यर्थ है। काव्य से अर्थ को समझते हैं, काव्य सुना किन्तु अर्थ नहीं समझे इत्यादि विश्वजनीन व्यवहार है अतः योजना का आश्रय शब्द विशेष ही काव्य है।

शब्दार्थोभय को काव्य मानने वालों का मत है कि काव्य, कवि के हृद्गत भावों का प्रतिबिम्ब है। क्योंकि कवि लोग हृदय के भावों को ही रमणीयता के साथ काव्यों में निरूपण करते हैं। देखा भी जाता है कि इन भावों के प्रत्यक्ष में देखने से इतना चमत्कार नहीं आता है जितना कि वे ही भाव कवि के द्वारा

काव्य में निरूपित होकर सहृदयों के भावना के विषय होने पर होता है। जैसा कि कहा है—

कविशक्त्यर्पिता भावास्तन्मयीभावयुक्तितः।
यथा स्फुरन्त्यमी काव्यान्न तथाध्यक्षतः किल ॥

इसलिए ऐसा कोई काव्य नहीं है जिसमें अन्ततो गत्वा किसी न किसी चमत्कारी रस के विभावादि न रहें। फलतः जहाँ हृद्गत भाव एवं विभावादिकों का वर्णन रहे वही काव्य है। जैसा कि आचार्यों के मत का उल्लेख—

"अनुभावविभावानां वर्णना काव्यमुच्यते।" व्यक्तिविवेक में महिम भट्ट ने किया है।

अतः समाख्या से प्राप्त वर्णन रूप कवि कर्म की संगति भी इस अर्थ के अनुकूल है। शब्द तो उस वर्णन का उपाय है।

वस्तु स्थिति भी यही है कि किसी वस्तु के विषय में प्रश्न होता है कि यह क्या चीज है, उत्तर में शब्द मिलता है। इस विषय में एक नियम भी है कि (प्रत्यर्थं हि शब्दाभिनिवेशः) जब-जब अर्थ को समझेंगे तब-तब शब्द का अभिनिवेश माने उच्चारण किया जाता है। फलतः शब्द और अर्थ का नित्य सम्बन्ध है। इसलिए दोनों ही काव्य हैं। और कविप्रौढ़ोक्ति एवं कविनिबद्ध वक्ता की प्रौढोक्ति की कल्पना अर्थ में ही हो सकती है। इसलिए भी दोनों काव्य हैं।

काव्य का जोर से पाठ होता है, यह व्यवहार शब्द के जरिए अर्थ में भी हो सकता है। और काव्य को सुनते हैं, काव्य को सुना आदि व्यवहार भी "आत्मा वाऽरे द्रष्टव्यः श्रोतव्यः", "श्रोतव्यः श्रुतिवाक्येभ्यः" इस श्रुति एवं स्मृति में आत्मा रूप अर्थ के श्रवण की तरह अर्थरूप काव्य के श्रवण होने से उपपन्न हो सकता है। काव्य को समझते हैं या समझा, यह व्यवहार तो अर्थ के काव्य मानने में साधक है और भी कारण है कि शब्द-चित्र की अपेक्षा अर्थचित्र अभ्यर्हित है अतः शब्द और अर्थ दोनों काव्य है। फलतः शब्द अर्थात् राग रागिनियों की विचित्रता में शब्द काव्य कहलाता है, अर्थ में विचित्रता होने पर अर्थ काव्य कहलाता है। दोनों की विचित्रता में शब्दार्थौं काव्य हैं।

काव्यत्व व्यासज्यवृत्ति नहीं है। क्योंकि रचनारूप और अलंकार, गुण एवं रीति से विशिष्ट शब्दार्थ में रहने वाला काव्यत्व व्यासज्यवृत्ति नहीं हो सकता है। और भी कारण है कि व्यासज्य वृत्ति मानने पर एक दो नहीं होता है की तरह श्लोक वाक्य काव्य नहीं है, यह व्यवहार होने लगेगा।

अर्थ के नहीं समझने पर भी केवल शब्द में काव्य है, काव्य है ऐसा जो अनुभव होता है वह नहीं बनेगा। क्योंकि व्यासज्य वृत्ति धर्म वही होता है जो अपने सभी आश्रयों आधारों में रहे। अतः काव्यत्व व्यासज्य वृत्ति नहीं

है। तब शंका होती है कि काव्यत्व को शब्दार्थोभय गत मानने में एक ही वाक्य में (शब्द काव्य है, अर्थ काव्य है इस तरह) दो काव्य माने जाएँगे। उत्तर। ऐसा नहीं है। काव्यत्व उभयगत है किन्तु चमत्कार को नमस्कार है अतः जिस अंश में चमत्कार होगा उस अंश को लेकर व्यवहार होगा। सहकारिता तो दोनों की दोनों में है। शब्द सहकारी है अर्थ का और अर्थ सहकारी है शब्द का। बिना दोनों के रहे काव्य का स्वरूप ही नहीं बन सकता है। फलतः काव्यत्व केवल शब्द निष्ठ नहीं है किन्तु शब्दार्थोभय निष्ठ है। यही प्राचीन चिरन्तन आचार्यों का मत है।

तस्य च कारणं कविगता केवला प्रतिभा—
अंश का समालोचन

इस काव्य का कारण केवल कवि की प्रतिभा ही है। यहाँ केवल पद कहने का यह भाव है कि काव्य के कारण मानने में आचार्यों के भिन्न-भिन्न मत हैं। वे मत ये हैं :—

(१) एक आचार्य का मत है कि कविता के निर्माण में एकमात्र समाधि ही व्यापार है कारण है। बहिरिन्द्रियों के व्यापारों के रुक जाने से बाह्य अर्थों से निवृत्त होकर चित्त जो एकाग्रता का अनुभव करता है उसका नाम समाधि है। इस समाधि में स्थित अर्थात् समाहित ही चित्त भिन्न-भिन्न अर्थों को देखता है उसमें अर्थों का विस्फुरण होता है। जैसा कि कहा है—

मनसि सदा सुसमाधिनि विस्फुरणमनेकधाभिधेयस्य।

सरस्वती का वह रहस्य जिसको विद्वान् ही समझ सकते हैं और चतुर लोग ही प्राप्त करते हैं उसके जानने का एकमात्र उपाय यही है कि जो मन समाहित हो जाए अर्थात् मन की समाधि ही एक उपाय है।

(२) दूसरे आचार्य का कहना है कि अभ्यास, सम्पूर्ण शास्त्रों का ज्ञान और प्रतिभा ये तीनों एक जगह मिलने दुर्लभ है अतः काव्य निर्माण के लिए एक मात्र कारण अभ्यास है। अभ्यास का प्रभाव चतुर्दिक फैलनेवाला है। एक-एक बून्द से घडा भर जाता है, कोमल रस्सी भी निरन्तर गतागति से कठोर पाषाण पर गड्ढा कर देती है। अतः अभ्यास से सर्वत्र निरतिशय कुशलता आ जाती है। अतः समाधि और अभ्यास दोनों स्वतन्त्र कारण हैं, पहला भीतरी प्रयत्न है दूसरा बाहरी है।

(३) तीसरे आचार्य कहते हैं कि उचित एवं अनुचित के विवेक के साथ-साथ बहुत से शास्त्रीय एवं लौकिक पद और पदार्थों को विषयों को जानना व्युत्पत्ति है। यह व्युत्पत्ति ही काव्य का कारण है। क्योंकि प्रतिभा से शीघ्रता मात्र हो सकती है, किन्तु बिना विषयों के जाने वर्णन किसका और कैसे करेगा। और यह पद यहाँ रखना चाहिए, यह नहीं, यह पाक भी व्युत्पत्ति पर निर्भर है।

(४) चौथा मत है—शक्ति ही काव्य का कारण है, वह शक्ति, समाधि और अभ्यास से उद्‌बुद्ध होती है तथा प्रतिभा और व्युत्पत्ति से बढ़ती है।

(५) पांचवा मत है—शक्ति ही काव्य का कारण है, इसी शक्ति से प्रतिभा एवं व्युत्पत्ति पैदा होती है क्योंकि शक्तिमान् को ही पदार्थ प्रतिभात हाते हैं और शक्तिमान् ही व्युत्पन्न हो सकता है।

(६) छठा मत है—प्रतिभा और व्युत्पत्ति दोनों मिलकर कारण है। प्रतिभावान् एवं व्युत्पत्तिमान् को कवि कहते हैं।

(७) सातवां मत है—व्युत्पत्ति और अभ्यास के सहित ही प्रतिभा कारण है।

(८) आठवां मत है—प्रतिभा ही कारण है। वह प्रतिभा दो तरह की है, एक सहजा नैसर्गिकी है, दूसरी उत्पाद्या जो व्युत्पत्ति से पैदा होती है।

(९) नवां मत है—कि प्रतिभा ही कारण है, वह तीन तरह की है—सहजा (१) आहार्या (उत्पाद्या) (२) और औपदेशिकी (३)। जन्मान्तर के संस्कारों की अपेक्षा रखती हुई भी इस जन्म के अल्प अभ्यास एवं व्युत्पत्ति से उद्भूत होने वाली सहजा है। इस जन्म के बड़े भारी अभ्यास या व्युत्पत्ति जनित संस्कारों से पैदा होने वाली आहार्या कहलाती है, इसका नाम उत्पाद्या भी है। सिद्ध, महात्मा एवं गुरु की कृपा या उनके बतलाए हुए मन्त्र एवं यन्त्र के अनुष्ठान से, देवता प्रसाद से प्रादुर्भूत होने वाली औपदेशिकी कहलाती है।

(१०) दसवां मत है—काव्य कार्य है अतः कार्य को देख कर कारण की कल्पना करनी पड़ती है। कारण वही होता है जो नियमतः कार्य के पैदा होने से पूर्व अवश्य ही रहें और कभी अन्यथा सिद्ध नहीं हो। अर्थात् उसके विना भी कार्य पैदा हो सकता है ऐसी स्थिति में न आवे।

ऐसा कवित्व का बीज याने उपादान कारण कोई अवश्य है। उसके मानने में प्रमाण है अनुमान और तर्क। सर्वाः क्रियाः, हेतुजन्या; क्रियात्वात्। सभी क्रिया हेतु से पैदा होती है क्योंकि वे क्रिया हैं। यह सामान्य अनुमान है। सर्वाः काव्यक्रियाः हेतुजन्याः (कारणपूर्विकाः) क्रियात्वात्। सभी काव्यक्रिया काव्यनिर्माण कारण से ही पैदा होगी क्योंकि अन्य क्रियाओं की तरह वे भी क्रियाएँ हैं। यह विशेष अनुमान है। यदि कोई कारण ही नहीं है तो काव्य रूप कार्य ही नहीं पैदा होगा। अगर होता है कहेंगे तो लोग मजाक करेंगे।

इस कारण के नाम शक्ति या प्रतिभा हैं जो वासना या संस्कार रूप से कवि के हृदय में रहती है।

(११) ग्यारहवां मत है—शक्ति, निपुणता (व्युत्पत्ति) और अभ्यास तीनों सम्मिलित कारण है। दण्ड, चक्र, चीवर एवं कुलाल की तरह परस्पर सापेक्ष कारण है। तृण, अरणि एवं मणिकी तरह परस्पर निरपेक्ष कारण नहीं है। मिलितत्व,

फलोपधायकतारूपा कारणता का अवच्छेदक है न कि स्वरूपयोग्यतारूपा कारणता का अवच्छेदक है।

(१२) बारहवां मत है कि केवल शक्ति ही कारण है। क्योंकि बालक को न व्युत्पत्ति है और न उसने अभ्यास ही किया है तब भी वह निरर्गल काव्य करता है। अतः व्युत्पत्ति और अभ्यास काव्य के कारण नहीं हैं। वे तो ऐसे हैं जैसे काव्य बनाने वाला किसी देश में रहेगा ही। किसी काल में ही काव्य को बनाएगा। वैसे ही पढ़ेगा, लिखेगा भी। सभी लोग पढ़ते हैं, लिखते हैं परन्तु काव्य बनाने की शक्ति किसी-किसी में ही होती है। हाँ उन दोनों से वह बढ़ती है।

(१३) तेरहवां मत है कि स्वास्थ्य, प्रतिभा, अभ्यास, भक्ति, (गुरुजनों की सेवा) विद्वानों की गोष्ठी, बहुश्रुतता, स्मृति की दृढ़ता एवं उत्साह ये आठ काव्य की माता हैं, काव्य के कारण हैं।

(१४) चौदहवां मत है कि लोकवृत्त, सभी प्रकार की विद्या उपविद्या (कला), लक्ष्यज्ञत्व (काव्यों का जानना), अभियोग, (अभ्यास) वृद्धसेवा, अवेक्षण (किस पद को रखना किस पद को हटाना) प्रतिभा एवं अवधान (समाधि) ये नौ काव्य के कारण हैं।

(१५) पन्द्रहवां मत है कि श्रुति, स्मृति, इतिहास, पुराण, पद, वाक्य, प्रमाण-विद्या, उपविद्या (कला) समयविद्या, राजसिद्धान्तत्रयी, लोकवृत्त, विरचना (महाकाव्य), युक्ति, तथा कोष ये १४ कारण हैं।

(१६) सोलहवां मत है कि इन ऊपर गिनाए हुए कारणों में उचितसंयोग, योक्तृसंयोग, उत्पाद्यसंयोग एवं संयोग-विकार ये चार मिला देने से १८ काव्य के कारण हैं।

इस तरह काव्य के कारणवादियों के सोलह मत हैं। यहां सातवां एवं ग्यारहवां मत एक ही है केवल शक्ति, प्रतिभा इन नामों का भेद है। नवें मत में औपदेशिकी एक अलग प्रतिभा का भेद माना है। यदि उसको भी उत्पाद्या कहें तो आठवां एवं नवां मत भी एक ही है।

चौथा और बारहवां मत भी आपस में मेल करता परन्तु समाधि और प्रतिभा, दो को और अधिक कारण मान लेने से भिन्न हो गया है। पण्डितराज का मत भी आठवें या नवें मत से मेल करता किन्तु सहजा प्रतिभा को न मानने और केवल उत्पाद्या प्रतिभा को मानने से यह स्वतन्त्र सत्रहवां मत है।

पण्डितराज के मत में काव्य का कारण एकमात्र उत्पाद्या प्रतिभा है और सब अभ्यासादि प्रतिभा के कारण हैं। अतः वे परम्परया काव्य के कारण हैं। यह "काव्यस्य कारणं केवला प्रतिभा" में केवला पद का अर्थ है।

उपरि निर्दिष्ट मतों के स्वरूप की समीक्षा करने से सिद्ध है कि प्रतिभा केवल

उत्पाद्या ही नहीं है, स्वाभाविकी भी प्रतिभा होती है। उत्पाद्या प्रतिभा ही काव्य का कारण है इसका विनिगमक कौन ? विनिगमक के न होने से सहजा प्रतिभा भी काव्य का कारण है। प्रतिभा के विषय में आचार्य रुद्रट का उल्लेख है—

प्रतिभेत्यपरैरुदिता सहजोत्पाद्या च सा द्विधा भवति ।
पुंसा सहजातत्वादनयोस्तु ज्यायसी सहजा ॥
स्वस्याऽसौ संस्कारे परमपरं मृगयते यतो हेतुम् ।
उत्पाद्या तु कथंचिद् व्युत्पत्त्या जन्यते परया ॥

इसके सिवाय प्रतिभा को सहजा आहार्या एवं औपदेशिकी इस तरह तीन प्रकार की माना है उस अवस्था में तो बिलकुल संगति नहीं बैठेगी। और यहाँ पण्डितराज के मत में प्रतिभा पद से उत्पाद्या का ही ग्रहण है, अन्य प्रतिभाएँ गृहीत नहीं हो सकती हैं। क्योंकि उन्होंने स्वयं लिखा है—"तस्याश्च हेतुः क्वचिद्देवतामहापुरुषप्रसादादिजन्यमदृष्टम् । क्वचिच्च विलक्षणव्युत्पत्तिकाव्यकरणाभ्यासौ।" उस प्रतिभा के कारण हैं कहीं पर देवता या महापुरुष वगैरह के प्रसाद से जन्य अदृष्ट, कहीं पर विलक्षण व्युत्पत्ति एवं काव्य करने का अभ्यास। अतः पण्डितराज का लेख कि—तस्य च कारणं कविगता केवला प्रतिभा—उसका कारण केवल कविगत प्रतिभा है, यह अधूरा है। क्योंकि इस लेख से सहजा प्रतिभा का संग्रह नहीं होता है। अतः जब प्रतिभा कारण है और व्युत्पत्ति तथा अभ्यास भी कारण है। तब काव्यप्रकाशकार का मत, जिसमें तीनों के समुदाय को कारण माना है, ठीक है।

सा च काव्यघटनानुकूलशब्दार्थोपस्थितिः—इस अंश का समालोचन

सा च काव्यघटनानुकूलशब्दार्थोपस्थितिः। वह प्रतिभा काव्य घटना रचना के अनुकूल शब्दार्थोभय की उपस्थितिरूपा है। यह कथन भी कुछ असमंजस जैसा मालूम पड़ता है। क्योंकि "काव्यलक्षणस्यापि शब्दनिष्ठतैवोचिता" काव्य लक्षण की शब्दनिष्ठता ही उचित है, कहने वाले के मत में शब्दरूप काव्य की रचना के अनुकूल शब्द की उपस्थिति हो सकती है किन्तु अर्थ की उपस्थिति कहाँ ? यदि कहें कि निरर्थक शब्द काव्य नहीं होगा तब भी काव्यघटना के अनुकूल सार्थक शब्द की उपस्थिति को प्रतिभा कहना चाहिए न कि काव्यघटना- के अनुकूल शब्द और अर्थ की उपस्थिति। अतः असमंजस कहा है। वस्तुतस्तु आपके हृदय में भी शब्दार्थौ काव्यम् प्रविष्ट ही है, भले ही आग्रहवश न मानें।

"शब्दार्थौ यत्र" उत्तमोत्तम काव्य के लक्षण की समालोचना

शब्दार्थौ यत्र गुणीभावितात्मानौ कमप्यर्थमभिव्यंक्तस्तदाद्यम् ॥

गुणी भावित अर्थात् वह गुण है नहीं किन्तु उसको गुण किया गया। सारांश यह है कि वहाँ व्यंग्य में ऐसा चमत्कार है जिसके प्रभाव से उपाय भूत अत एव अपने जनक शब्द और अर्थ को व्यंग्य ने अप्रधान कर दिया। इसी भाव से पण्डितराज ने लिखा कि गुणीभावितात्मानौ। यह विशेषण शब्द एवं अर्थ की अपेक्षा से व्यंग्य में प्राधान्य बतलाने के अभिप्राय से कहा है।

यहाँ का भाव यह है। गुणीभूत व्यंग्य काव्यों में भी व्यंग्य में चमत्कार तो है पर उसमें प्राधान्य नहीं है। वहाँ पर व्यंग्योपस्कृत वाच्य ही प्रधान है। जैसे-"अयं स रसनोत्कर्षी" पद्य अपरांग के उदाहरण में शृंगारोपस्कृत वाच्यार्थ ही प्रधान है, अतः यह उत्तम काव्य है, उत्तमोत्तम नहीं है। यहाँ व्यंग्य के प्राधान्य में अभिप्राय है जिसका, ऐसा व्यधिकरण बहुव्रीहि है। उत्तमोत्तम काव्य होने के लिए शब्द एवं अर्थ की अपेक्षा से व्यंग्य में प्राधान्य चाहिए।

यहाँ ध्वनिकार के मत में शंका :—जहाँ अर्थ अपने आपको और शब्द अपने अर्थ को गुणीभूत करता है ऐसा कहने से पुनरुक्ति होती है यह ध्यान में ही नहीं लिया। क्योंकि शब्द और अर्थ रूप एक काव्य में—अर्थ या शब्द ने जब अपने आपको या अपने अर्थ को गुण कर लिया तब दूसरा कौन अर्थ बचा जिसको शब्द या अर्थ गुण करेगा। तब भी जो अर्थ अपने आपको शब्द अपने अर्थ को गुण करता है—यह कहा वह पुनरुक्ति है।

उत्तर :—जैसे एक वस्तु है. उसके दो अधिकारी हैं। जब कि वे दोनों अपना अपना अधिकार न समर्पण कर दें तब तक कानूनन वह चीज बिकी नहीं, वैसे ही जब तक अर्थ और शब्द दोनों के द्वारा अर्थ गुणी भावित नहीं होगा तब तक अर्थ गुण नहीं होगा, अतः ध्वनिकार का कहना तर्क सम्मत है।

पण्डितराज ने दोनों को एक कोटि में रखते हुए कहा कि गुणीभावितात्मानौ।

जिस काव्य का लक्षण पूर्व में 'शब्दः काव्यं' कहा था उसी काव्य के भेद दिखाते समय शब्दार्थौ काव्यं कह कर यह सिद्ध कर दिया कि वस्तुतः शब्द और अर्थ दोनों काव्य हैं।

यहाँ गुणादान यह है कि जैसे शब्द सहकृत ही, न कि स्वतन्त्र अर्थ व्यंजक होता है, इस नियम के अनुसार अर्थशक्तिमूल ध्वनि में शब्द भी व्यंजक है पर सहकारी होने से स्वतः गुण है। वहाँ अर्थ अपने को गुण करता है। वैसे ही अर्थ सहकृत ही न कि स्वतन्त्र शब्द व्यंजक होता है अतः शब्दशक्तिमूल ध्वनि में अर्थ भी व्यंजक है पर सहकारी होने से गुण है। वहाँ शब्द अपने को गुण करता है। अतः कहा कि गुणीभावितात्मानौ इति। यद्यपि उपेय को प्राप्त करने के लिए उपाय होता है। इस न्याय के अनुसार जल ग्रहण के लिए आनीत घट की तरह, अर्थ बोधन के लिए उच्चरित शब्द उपाय होने के नाते गुण ही है तथापि

परिवर्तन को नहीं सहन करने से शब्द भी प्रधान हो जाता है। तब तो उसको अप्रधान बनाना जरूरी हो गया। नहीं तो शब्दशक्तिमूल ध्वनि ही उच्छिन्न हो जाएगी। क्योंकि शब्द तो सदा गुण ही रहता है। प्रधान होगा ही नहीं। बिना प्रधान हुए व्यपदेश कैसे होगा। अतः पण्डितराज का कहना भी ठीक है।

उत्तमोत्तम काव्य के उदाहरण "शयिता"—इस पद्य का समालोचन

शयिता सविधेऽप्यनीश्वरा सफलीकर्तुमहो मनोरथान्।
दयिता दयिताननाम्बुजं दरमीलन्नयना निरीक्षते॥

उत्तमोत्तम काव्य का उदाहरण—पास में सुलाने पर भी मनोरथों को सफल करने में असमर्थ दयिता, दयित के मुख कमल को ईषत् मीलित नयनों से निहारती है।

इस शयिता पद्य में नायिका का प्रेम नायक में अभिव्यक्त होता है अतः सम्भोग शृंगार है। यहाँ शयिता पद कहना कवि की रसिकता में सन्देह होता है जो नायिका अपने से शयन में पहुँच गयी,—(न कि नहीं चाहती हुई को नायक ने अनुरंजन करके जबर्दस्ती शयन में पहुँचाया)—वह अपने मनोरथों को सफल करने में असमर्थ क्यों होगी और क्यों लज्जा से नायक के मुख को निहारेगी। उसको तो "कब मौका मिले कि मैं इसके मुख का चुम्बन करूं" ऐसा ही भाव उत्पन्न होगा।

प्रथम समागम की रात है। नायिका सेकेण्ड हैण्ड भी नहीं है और न अप टू डेट है। विशुद्ध भारतीय ललना है। पहले पहल एक पुरुष से सम्पर्क स्थापित करने का अवसर उपस्थित हुआ। पुरुष भी केवल सुना ही गया है, उसके शील स्वभाव से कोई परिचय नहीं है। तब मुग्धास्वभाव सुलभ साध्वस एवं लज्जा से स्वतः पर्यंक पर नहीं जा रही है। नायक ने जबरन् उसको शयन पर पहुँचा दिया। अतः मारे लज्जा के आँखें संकुचित हुई जा रही हैं। परन्तु यौवन के उत्फाल से कामवासना जागरित होने से प्रेम का संचार हो रहा है, अतः देख रही है। फलतः शायिता पद कहना चाहिए तभी विशेषण सार्थ होंगे अन्यथा अपुष्टार्थत्व दोष हो जाएगा।

और भी एक दोष है—शयिता सविधेप्यनीश्वरा। ईश्वर के पास में सोई हुई है तब भी ईश्वर रहिता है। ऐसा विरोधाभास यहाँ मालूम पड़ता है। इसका भाव हो सकता है कि पिता वगैरह अभिभावकों ने उसके साथ विवाह कर दिया है अतः बरबस उसको ईश्वर अर्थात् पति मानना पड़ रहा है। ऐसी बात नहीं है किन्तु अब वह प्रेमप्रकर्ष के कारण केवल ईश्वर नहीं रहा, वल्लभ हो गया है। अतएव शयिता अर्थात् अपने आप शयन पर पहुंच गयी है यह पद कथंचित्

संगत होता किन्तु "मनोरथों को सफल नहीं कर सकती है केवल अर्धविकसित नयनों से नायक को निहार रही है" यह भाव नायक या नायिका के उस रूप को नहीं प्रकट कर रहा है। फलतः अनीश्वरा पद से ईश्वर रहिता पति रहिता यह भाव द्योतित होने से यहाँ अश्लीलत्व दोष है। अतः यहाँ अनीश्वरा की जगह असमर्था यह पाठ उचित है। अन्यथा विरुद्धमतिकृत्त्व दोष भी होगा। यह सब पद्य रचना में असामर्थ्य का द्योतक है।

गुरुमध्यगता मया नताङ्गी निहता नीरजकोरकेण मन्दम्।
दरकुण्डलताण्डवं नतभ्रूलतिकं मामवलोक्य घूर्णितासीत्॥

इस पद्य का समालोचन

इस पद्य में एक नत शब्द का "नताङ्गी" एवं "नतभ्रू" पद में दो वार उपादान कर देने से कवि का शब्द दारिद्र्य नहीं समझना चाहिए। क्यों कि यहाँ "नतं तगरपाठ्यां स्यात् क्लीवं कुटिलनम्रयोः" इस मेदिनी कोष के अनुसार नताङ्गी पद में नत शब्द का अर्थ नम्रता है अर्थात् झुके हुए अंग। नतभ्रू पद में नत शब्द का अर्थ है कुटिलता अर्थात् टेढ़ी भौंहें। अतः अर्थ भेद होने से पुनरुक्ति नहीं है।

तल्पगतापि च सुतनुः श्वासासंगं न या सेहे।

इस पद्यांश का आलोचन। यहां पर बड़े अनुनय या मनावन के बाद कथंचित् नव वधू सुलभ स्वाभाविक लज्जा के वश में पड़ी हुई भी नायिका विवश होकर तल्प शय्या में पहुंच गई; किन्तु सुतनुता के कारण अपरिचित—जिसका अभी २ पहला ही साक्षात्कार है—मर्द की (मर्दयतीति वुन् प्रत्यय करने पर मर्दक बनता है और अच् प्रत्यय से मर्द बनता है उपमर्दन वगैरह शब्द इसी से बनते हैं) श्वास वायु के आसंग को भी नहीं सहन करती है अतः यहां पर अपि शब्द (श्वासासंगमपि) अवश्य वक्तव्य है जो नहीं कहा गया है फलतः अनभिहितवाच्यत्व नामक वाक्य दोष है। "तल्पगतापि" पद में जो अपि शब्द आया है उस की आवृत्ति करके अन्वय करने में दूरान्वय दोष हो जायगा।

"विशेषण-वाक्यार्थानां वाच्यार्थे नदीस्नाने बाधितत्वात्"

इस अंश का आलोचन

चित्रमीमांसा में अप्पय्य दीक्षित ने ध्वनि के उदाहरण के प्रसंग में "निःशेषच्युतचन्दनम्" पद्य की व्याख्या की है। पण्डितराज उस व्याख्या की आलोचना करते हुए कहते हैं कि (त्वदुक्तरीत्या इत्यादि) "आप के कथना नुसार निःशेष-प्रतिपाद्य विशेषण वाक्यार्थ वापी स्नान रूप वाच्यार्थ में बाधित हैं अतः विरोधनी लक्षण से गता शब्द से निषेध की अर्थात् स्नान के लिए वापी नहीं

गई थी और न गता से विधि की अर्थात् स्नान के लिए वापी गई थी यही प्रतीति युक्ति संगत है"

प्रत्यालोचन

जैसे "गंगा में घोष है" यहां घोषाधिकरणता जल में बाधित है अतः लक्षणा से जल से भिन्न तट रूप अर्थ लिया जाता है या जैसे अहो ! तालाब पूर्ण है भरा है। जहां मानव लोटते हुए स्नान करते हैं। यहां पर यदि तालाब पूर्ण होता तो मानव लोट पोट कर स्नान क्यों करते हैं अर्थात् पूर्णता में लोटना रूप अर्थ बाधित है अतः लक्षणा से पूर्णत्वाभाव समझा गया। इसी तरह प्रकृत में भी यदि वापी स्नान रूप वाच्यार्थ में विशेषणवाक्यार्थ बाधित हैं तो विरोधी लक्षणा से स्नानाभाव अर्थात् संभोग ही समझना चाहिए, न कि "गता" शब्द से निषेध की और "न गता" से विधि की प्रतीति समझना चाहिए। यदि कहें कि स्नान में विशेषणार्थों के बाधित होने से लक्षणा से स्नानाभाव अर्थात संभोग समझा गया, उससे वापी कर्मक गमन का निषेध, और उसके पास जाना रूप विधि समझी गयीं। अब प्रश्न होता है कि विधि किस शक्ति से समझा गई। लक्षणा से समझ सकते नहीं, क्यों कि मुख्यार्थ भूत विशेषणार्थों का बाध स्नान में हुआ है न कि "उसके पास जाने में"। फलतः व्यंजना से ही विधि समझी गई तब आप का यह कहना कि (तत्र तावत्तदन्तिकं गतासीत्यंशस्य त्वन्मते व्यंग्यत्वं दुरुपपादम्) "उसके पास गई थी" इस अंश का तुम्हारे मत में व्यंग्यत्व होना कठिन है। क्योंकि (नहि मुख्यार्थबाधेनोन्मीलितेऽर्थे व्यक्तिवेद्यतोचिता) मुख्यार्थ बाध होने से लक्षणा से उन्मीलित अर्थ की व्यक्तिवेद्यता उचित नहीं है" कहां तक संगत है। अतः दीक्षित जी की व्याख्या के सम्बन्ध में यह कहना कि "यह एक अलंकार शास्त्र के तत्त्व को नहीं समझने का फल है"। ठीक नहीं है।

"नदीमदीयप्रिययोरन्तिकमगत्वा" "अधमस्य"

इसका आलोचन

यहां का भाव यह है कि प्रिय को बुलाने के लिए दूती को भेजा गया। "आये थे हरि भजन को, ओटन लगे कपास" की नीति के अनुसार वह आई थी प्रिय को बुलाने, किन्तु उसने अपना मतलब सिद्ध कर लिया। फलतः उसने वहां दिव्यक्रिया की और आकर कहा कि मैं तुम्हारे प्रिय के पास नहीं जा सकी क्योंकि स्नान का समय बीता जा रहा था अतः बावली में स्नान किया और अब तुम्हारे पास आ रही हूँ। विदग्धा नायिका उसकी चेष्टा एवं शारीरिक अवस्थाओं से सब कुछ समझ गई और बोली। हां हां समझ गई। तुम्हें प्रिय को बुलाने के लिए भेजा था, तुम स्नान समय के अतिक्रमण के भय से दूर होने के कारण नदी भी नहीं गई और समीपस्थ बावली में सीधी मेरे यहाँ से गई किन्तु तुमसे दिव्यक्रिया करके दुःख पहुंचाने वाले उस अधम के पास नहीं गई। ऐसी

स्थिति में पण्डितराज ने यहां यह क्या लिखा कि ("मदीयप्रियस्यान्तिकमगत्वा", "न पुनस्तस्य अधमस्यान्तिकं गतासि") मेरे प्रिय के पास नहीं जाकर इस अधम के पास नहीं गई। यह कौन संगति है। यदि कहें कि वाक्य को तोड़कर आप लिखते हैं। अस्तु। पूरा वाक्य भी यदि लेंगे तब भी बात वही आवेगी जैसे—नदी और मेरे प्रिय के पास नहीं जाकर मेरे पास से बावली में स्नान के लिए चली गई किन्तु दूसरे की वेदना को नहीं समझने से दुःख देनेवाले अधम के पास नही गई। यदि दो व्यक्ति होते तब भी बात किसी प्रकार बन सकती थी कि पहिले के पास भी नही गई और दूसरे के पास भी नहीं गई। किन्तु यहां तो एक ही व्यक्ति के पास उसको जाना था। अतः एक ही व्यक्ति के पास नहीं जाने को दो वाक्यों से कहने में क्या भाव यहां प्राप्त हो सकता है। जो प्रिय है वही दुराचरण से अधम हो गया है। यदि कहें कि प्रियत्व और अधमत्व दो धर्म हैं अतः धर्मों के भेद से धर्मी भिन्न हो जाता है। अस्तु। तब भी बात संगत नहीं होती है। क्योंकि जो मेरा प्रिय था उसके पास नहीं गई और जो अधम है उसके पास भी नहीं गई इसकी क्या संगति है। हाँ यदि "प्रिय के पास नहीं गई और अधम के पास गई" कहते तब संगति बैठ सकती थी। क्योंकि अधम के पास तो वह गई ही थी। किन्तु ऐसा आपने कहा नहीं है अतः यह विचारणीय है।

"मुख्यार्थे बाधाभावात्, तात्पर्यार्थस्य झटित्यनाकलनात्" इस अंश का आलोचन

यहां पर तात्पर्यार्थ का झटिति आकलन (ज्ञान) नहीं होने से कैसे यहां लक्षणा को अवकाश हो सकता है। यह ग्रन्थ असमञ्जस मालूम पड़ता है। जब मुख्यार्थ का बाध नहीं है तब तात्पर्यार्थ का झटिति आकलन ही होगा अनाकलन क्यों होगा। यदि तात्पर्यार्थ का अनाकलन मानेंगे तब तो तात्पर्यानुपपत्ति होने से लक्षणा को सुतरां अवसर होगा। क्योंकि तात्पर्यानुपपत्ति लक्षणा का बीज है। अतः अनाकलनाद् कुतोऽत्र लक्षणावकाशः यह पाठ अशुद्ध है। यह लेखक प्रमाद या मुद्रणदोष या पुस्तक के हाशिये पर की गई गलत टिप्पणी है ग्रन्थकार का प्रमाद नहीं है यह निश्चित है।

उत्तम एवं मध्यम काव्यों के लक्षण का समालोचन

यत्र व्यंग्यमप्रधानमेव सच्चमत्कारकारणं तद् द्वितीयम्॥

जहाँ व्यंग्य अप्रधान ही रहे प्रधान नहीं रहे और तब भी चमत्कार का जनक हो वह द्वितीय कोटि का काव्य है।

यत्र व्यंग्यचमत्कारासमानाधिकरणो वाच्यचमत्कारस्तत्तृतीयम्॥

जहां व्यंग्य चमत्कार का असमानाधिकरण वाच्यचमत्कार हो अर्थात् व्यंग्यचमत्कार और वाच्यचमत्कार दोनों की प्रतीति एक काल में एक साथ नहीं

हो अपितु आगे पीछे प्रतीति हो वह तृतीय काव्य है। पण्डितराज का यह लक्षण गड़बड़ है। क्योंकि दोनों की प्रतीति एक काल में एक साथ होनी असम्भव है। जब जब ये प्रतीतियाँ होंगी तब तब भिन्न भिन्न काल में आगे पीछे ही होंगी तब यहाँ असमानाधिकरण पद के निवेश की क्या संगति है। और द्वितीय एवं तृतीय काव्य के लक्षणों में क्या भेद हुआ? क्योंकि द्वितीय उत्तम काव्य के लक्षण में कहा है कि व्यंग्य अप्रधान ही है अर्थात् प्रधान न हो। अप्रधानता या प्रधानता पदार्थ सापेक्ष है। जब व्यंग्य अप्रधान है तब इसका मतलब है कि वाच्यार्थ प्रधान है। प्रधान हो और उसके स्वरूप का कुछ प्रकाश न हो अर्थात् वह चमत्कारक है या नहीं अथवा उसके चमत्कार में कुछ विलक्षणता नहीं है अर्थात् दबा हुआ है ऐसा नहीं हो सकता है। तब कहना होगा कि उस वाच्य में भी चमत्कार है। इस तरह सिद्ध हुआ कि चमत्कारी दोनों हुए किन्तु व्यंग्य चमत्कार के साथ वाच्य चमत्कार का सामानाधिकरण्य नहीं है। इसका खण्डन ऊपर की लाइनों में करही दिया है अतः यह स्पष्ट नहीं हो पाया कि द्वितीय एवं तृतीय काव्य के लक्षणों में क्या भेद हुआ। तस्मात् हमारा लक्षण यहाँ ठीक है। वह लक्षण यह है।

शब्दविशिष्टशब्दत्वं तृतीयकाव्यत्वम्। वैशिष्ट्यं च स्वतादात्म्यस्वव्यंग्यार्थविषयकशाब्दबोधजन्यचमत्कारविशिष्टान्यचमत्कारजनकज्ञानविषयार्थाभिधायकत्वोभयसम्बन्धेन। संसर्गघटकवैशिष्ट्यञ्च स्वसमवायिसमवेतत्व-स्वाव्यवहित-पूर्ववर्तित्वोभयसम्बन्धेन।

यहाँ वैशिष्ट्य माने सम्बन्ध दो हैं। एक स्वतादात्म्य है, दूसरा स्वव्यंग्यार्थ-विषयक-शाब्दबोधजन्यचमत्कार-विशिष्टान्यचमत्कारजनक-ज्ञानविषयीभूतार्थाभिधायकत्व है। यहाँ स्वशब्द का अर्थ है व्यंजक शब्द। व्यंजक शब्द का वाचक शब्द से तादात्म्य है अभेद है। वही शब्द वाच्यार्थ के प्रतिपादन वेला में वाचक है और व्यंग्यार्थ के प्रतिपादन के समय में व्यंजक है अतः दोनों में तादात्म्य है। स्व याने व्यंजक उससे व्यंग्य जो अर्थ तद्विषयक जो शाब्दबोध उससे जन्य जो चमत्कार, उससे सम्वलित जो दूसरा वाच्यार्थविषयक शाब्दबोध जन्य चमत्कार, उसका जनक जो ज्ञान (वाच्यार्थविषयक शाब्दबोध) तद्विषयीभूत अर्थ का अभिधायकत्व सम्बन्ध है।

संसर्ग घटक वैशिष्ट्य अर्थात् सम्बन्ध का घटक सम्बन्ध है—स्व-समवायि-समवेतत्व और स्वाव्यवहित-पूर्ववर्त्तित्व। यहाँ स्व शब्द का अर्थ है वाच्य चमत्कार, उसका समवायी आत्मा; उसमें समवेत अर्थात् समवाय समस्बन्ध से व्यंग्य चमत्कार रहता है। और स्व याने वाच्य चमत्कार उससे अव्यवहित पूर्ववर्त्ति भी व्यंग्यार्थ चमत्कार है। क्योंकि उपस्कारक पूर्ववर्ती होता है। अतः लक्षण समन्वय हो गया।

इस प्रकार काव्य के लक्षणों, उनके खण्डन तथा मण्डनों एवं काव्य के भेदों का आलोचन और स्वरूप प्रदर्शन किया। अब काव्य लक्षण (रमणीयमर्थं प्रतिपादयन् शब्दः काव्यम्, रमणीय अर्थ का प्रतिपादन करता हुआ शब्द काव्य है, में निर्दिष्ट रमणीय अर्थ व्यङ्ग (रस वस्तु और अलंकार) ही क्यों है; वाच्य या लक्ष्य क्यों नहीं। इसका आलोचन और लक्षण में अन्य शब्दों का निवेश न करके रमणीय शब्द विन्यास के अभिप्राय का निर्देश करके फिर आगे के अंश का आलोचन करेंगे।

व्यङ्गय ही रमणीय अर्थ क्यों है—

शब्द-तद्वाच्यार्थयोः शरीरवत्स्थूलत्वाच्छरीरत्वम्। अभिधापुच्छभूता लक्षणा यथा समयसव्यपेक्षा अभिधा तथा समयविशेषसव्यपेक्षा लक्षणा, इत्युक्तया। तथा च लक्ष्यार्थोऽपि वाच्यार्थतुल्य एव। फलतः यथा अस्थिमांसादि-संयोगात् शरीरस्थितिः तथैव शब्दस्य, अर्थस्य च वाच्यलक्ष्यात्मकस्य संयोगात् काव्यनिष्पत्तिः। एवं वाच्यार्थलक्ष्यार्थयोरपेक्षया व्यङ्गार्थस्य सूक्ष्मत्वाज्जीवत्वम्।

ननु व्यङ्गयस्य जीवत्वे अव्यङ्गयस्य काव्यस्य निर्जीवत्त्वात् मृतकवत् परिहरणीयता स्यादिति मा वद, कुत इति चेत्; लोके पाषाणादिमयी निर्जीवमूर्तिरपि रमणीयत्वेन ग्राह्या भवति। यद्यपि लोके कतिचित् श्लाघनीयपदार्था ये सजीवमूर्त्तौ उपलभ्यन्ते ते नहि निर्जीवमूर्त्तौ उपलभ्यन्ते, एवञ्च सव्यङ्ग्ये काव्ये य आनन्दोऽनुभूयते स नैव अव्यङ्गे। तथापि कतिचित् श्लाघनीयपदार्था ये निर्जीवमूर्त्तौ उपलभ्यन्ते ते नहि सजीवमूर्तौ उपलभ्यन्ते तथा च गोमूत्रिका-खङ्गादि-यावद्बन्धप्रधानेषु काव्येषु अथच वाच्यप्रधानेषु तेषु यश्चमत्कारः सहृदयगोष्ठ्यामास्वाद्यते स न व्यङ्गयप्रधानेषु; तदेतत्प्रत्यक्षसिद्धम्। फलतः सजीवमूर्त्तिरिव निर्जीवमूर्तिरपि ग्राह्येति सिद्धम्। यतो हि–किञ्चिदादाय सारूप्यं लोकयात्रा प्रवर्त्तते।

यहाँ का भाव यह है कि शब्द, उसका वाच्य अर्थ और लक्ष्य अर्थ शरीर की तरह स्थूल एवं बहिरंग है, अतः उनको काव्य शरीर माना है। जैसे समय याने संकेत की अपेक्षा रखने वाली अभिधा शक्ति है उसी तरह मुख्यार्थबाधादि समय विशेष की अपेक्षा रखनेवाली लक्षणा शक्ति है। फलतः लक्षणाशक्ति से प्राप्त होने वाला लक्ष्य भी वाच्य की तरह शरीर स्थानीय है। क्योंकि जैसे हड्डी और उससे सम्पृक्त मांसादि के संयोग से शरीर की स्थिति है वैसे ही शब्द और इससे प्राप्त होने वाले वाच्य तथा लक्ष्य अर्थ के संयोग से काव्य की निष्पत्ति होती है। इन स्थूल एवं बहिरङ्गभूत शब्द और अर्थ की अपेक्षा व्यङ्गय को सूक्ष्म होने से जीव माना है। जीव रहने से ही शरीर रमणीय है अन्यथा महान् बीभत्स और सर्वथा परिहरणीय है। इसलिए काव्य में व्यङ्गय अर्थ ही रमणीय है उसके सम्बन्धी शब्द और अर्थ भी रमणीय हो जाते हैं।

लक्षण में रमणीय शब्द ही क्यों रक्खा—

अब शंका होती है कि यदि व्यङ्ग्य ही जीव है तब अव्यङ्ग्य काव्य निर्जीव होने से मृतक की तरह सर्वथा परिहरणीय हो जायगा। उत्तर। लोक में पाषाण, मृत्तिका एवं काष्ठ प्रभृति से बनी हुई निर्जीव मूर्त्ति भी कुछ विशेषताएँ होने से ग्राह्य है। यद्यपि व्यवहार में देखा जाता है कि कुछ ऐसी विशेषताएँ हैं जो सजीव मूर्ति में मिलती हैं किन्तु निर्जीव मूर्त्ति में वे नहीं मिलती हैं। इसी तरह सव्यङ्ग्य काव्य में जो आनन्द मिलता है वह अव्यंग्य काव्य में नहीं मिलता है तथापि यह भी देखा गया है कुछ ऐसी विशेषताएँ हैं जो निर्जीव मूर्त्ति में मिलती है किन्तु सजीव मूर्त्ति में वे नहीं मिल सकती है। उसी तरह खड्ग, मुरज, गोमूत्रिकादि बन्ध घटित काव्यों में तथा वाच्य प्रधान काव्यों में भी जो चमत्कार सहृदय गोष्ठी में आस्वाद्य होता है वह सव्यङ्ग्य काव्यों में नहीं प्राप्त होता है अतः सजीव मूर्त्ति की तरह निर्जीव मूर्त्ति भी अपनी निजी विशेषताओं से जैसे ग्राह्य है। वैसे ही सव्यंग काव्य की तरह अव्यंग्य काव्य भी ग्राह्य है। क्योंकि सिद्धान्त है कि किसी भी सादृश्य को लेकर लोक यात्रा चलती है। वह सादृश्य रमणीयता का ही है। इसीलिए लक्षण में रमणीय शब्द को रक्खा और रमणीयता, स्पृहणीयता, श्लाघ्यता, चमत्कार, विशेषता सब पर्याय हैं।

"तत्र ध्वनेरुत्तमोत्तमस्य" और "तदात्मा" में तत् का समालोचन

उन चारों काव्यों के मध्य में ध्वनि अर्थात् उत्तमोत्तम काव्य यद्यपि असंख्य भेद वाला है तथापि सामान्यतः उसके कुछ भेदों का निरूपण करते हैं। इस तरह उत्तमोत्तम काव्य (व्यञ्जक) के भेदों के निरूपण करने की प्रतिज्ञा करके लिखते हैं कि दो प्रकार का ध्वनि है—एक अभिधा मूल एवं दूसरा लक्षणामूल इत्यादि रूप से व्यंग्य अर्थ के भेदों को। यह कौन संगति है। आप कह सकते हैं कि उत्त-मोत्तम काव्य (व्यञ्जक) के क्या भेद हो सकते हैं। क्योंकि (न्यग्भावितवाच्यव्यंग्य व्यंजनक्षमस्य शब्दार्थयुगलस्य ध्वनिरिति व्यवहारः कृतः) जिससे वाच्य तिरस्कृत हो गया है उस व्यंग्य के व्यंजन करने में समर्थ शब्द और अर्थ दोनों का ध्वनि यह नाम करण किया है। अतः उसका भेद व्यंग्य से ही हो सकता है इसीलिए व्यञ्जक के भेदों के निरूपण करने की प्रतिज्ञा करके भी व्यंग्य के भेद लिखे। किन्तु, "ध्वनि अर्थात् उत्तमोत्तम काव्य यद्यपि असंख्य भेद वाला है" इस लेख की क्या संगति होगी। क्योंकि एक वार कहते हैं उत्तमोत्तम काव्य के असंख्य भेद हैं और दूसरी वार अपने निरूपण की संगति बैठाने के लिए कहते हैं कि उत्तमोत्तम काव्य के क्या भेद हो सकते हैं उसके भेद तो व्यंग्य भेद से ही हो सकते हैं। यह तो परस्पर विरुद्ध उल्लेख हो रहा है अतः अन्यदुक्तमन्यद्वान्तं की स्थिति यहां हो गई है। जो कि दोषावह है। "एवं पञ्चात्मके ध्वनौ परमरमणीयतया रसध्वने-स्तदात्मा रसस्तावदमिधीयते" इस उपरि निर्दिष्ट प्रकार से ध्वनि (रस वस्तु,

अलंकार, अर्थान्तर संक्रमितवाच्य एवं अत्यन्ततिरस्कृतवाच्य रूप व्यंग्य) के पांच भेद हैं। उन पांचों में भी रस ध्वनि के परम रमणीय होने से रस ध्वनि के आत्मा रस का अभिधान करते हैं।

यहां पण्डितराज ने "रसध्वनेसादात्मा रसस्तावदभिधीयते" यह क्या उल्लेख किया। "एवं पञ्चात्मके ध्वनौ परमरमणीयतया रसस्तावन्निरूप्यते" ऐसा लिखना ही पर्याप्त था। "रसध्वनेः" "तदात्मा" लिखना सब व्यर्थ है कोई भी संगति नही है। रस रूप जो ध्वनि, उसका आत्मा माने स्वरूप रस का अभिधान करते हैं। यह सब विषय पुनरुक्ति ग्रस्त है। उसमें भी "अभिधीयते' लिखना और भी अखरता है। रस तो स्वप्न में भी "अभिधीयते" पद का विषय नहीं हो सकता है, अतः रस सिद्धान्त के विरुद्ध यह लेख है।

"व्यञ्जकविभावादिचर्वणाया आवरणभंगस्य वा" इस अंश का आलोचन

रस नित्य है क्योंकि चैतन्यरूप है, तब रस की निष्पत्ति अर्थात् उत्पत्ति हुई कहना कैसे संगत हुआ। इसके उत्तर में आपने दो कल्प किया कि या तो चर्वणा की उत्पत्ति से या आवरण भंग के होने से रस की निष्पत्ति उपचरित है। इस तरह वा शब्द का विन्यास करके चर्वणा और आवरण भंग को दो पदार्थ माना है। इसी के आगे चर्वणा का स्वरूप निरूपण करते समय (चर्वणा च चिद्गतावरणभंग एव) चर्वणा चिद्गत आवरणभंगस्वरूप है, कहकर चर्वणा और आवरणभंग एक ही पदार्थ है ऐसा माना है। यदि कहें कि आवरणभंग चर्वणा का कार्य है अतः पूर्व में कार्य एवं कारण को भिन्न २ कहा और बाद में कार्य एवं कारण में अभेद मानकर लिखा है तब भी ठीक नहीं है। क्योंकि आवरण भंग यह शब्द भावार्थक कृत्प्रत्यय से निष्पन्न हुआ है अतः (कृदभिहितो भावो द्रव्यवत्प्रकाशते) कृत्प्रत्यय से कहा हुआ भाव द्रव्य ही माना जाता है इस नियम के अनुसार निरावृत चित् ही चिद्गतावरणभंग शब्द का अर्थ हुआ। इसलिए पुनस्तत्रै-वावलम्बते वेतालः वाली कहावत हुई। क्योंकि रस के चिद्रूप होने से उसकी निष्पत्ति कहना असंगत है। इस दोष को वारण करने के लिए चिद्गत आवरण भंग की उत्पत्ति को रस में मानकर दोष परिहार किया था। चिद्गत आवरण भंग चिद्रूप होने से उत्पत्ति वाली असंगति तदवस्थ ही हो गई।

"यद्वा विभावादिचर्वणामहिम्ना" इस अंश का आलोचन

पूर्व मत में सहृदयतोल्लासित भावनाविशेष और रसप्रतीति इन दोनों के मध्य में एक अलौकिक व्यञ्जना व्यापार की कल्पना करने में गौरव होता है अतः प्रक्रिया लाघव के लिए भक्ति रसायनकार मधुसूदन सरस्वती के मत का उपन्यास पण्डितराज ने किया है। यहां के पाठ की व्यवस्था इस प्रकार है—भावना-विशेषमहिम्ना सहृदयस्य निजसहृदयतावशोन्मिषितेन विभावादिसंसृष्टतत्तत्स्थाय्यु-

पहितस्वस्वरूपानन्दाकारा चित्तवृत्तिरुपजायते। पूर्वमत से इस मत की विशेषता यह हुई कि वहां काव्य से उपस्थापित विभावादिकों के द्वारा प्रादुर्भावित एक अलौकिक व्यापार व्यञ्जना की कल्पना की गई है और यहां वह व्यापार नहीं मानना पड़ा। केवल अवश्य क्लृप्त वृत्ति से ही रसप्रतीति सिद्ध हो गई।

मुद्रित "विभावादिचर्वणासहिम्ना" पाठ को मानने में वह गौरव तद्वस्थ रह जाता है (१) और पूर्वापर असंगति होती है (२) स्व ग्रन्थ एवं आचार्य ग्रंथ भेद शिरः स्थित हो जाता है (३) तथा सहृदयस्य निजसहृदयतावशोन्मिषितेन यह पंक्ति असमञ्जस में पड़ जाती है (४)। इस तरह चार ४ प्रबल दोष हो जाते हैं। इनका क्रमशः निरूपण करते हैं।

"गौरव"

"विभावादिचर्वणामहिम्ना वृत्तिरुपजायते" इस मुद्रित पाठ को स्वीकार करने पर चर्वणा से वृत्ति पैदा होती है। यही स्वीकृत हुआ। और चर्वणा पद का अर्थ है व्यंजना। जैसा कि आचार्य अभिनवगुप्त ने लिखा है—("अलौकिक चमत्कारात्मा रसास्वादः काव्यगतविभावादिचर्वणाप्राणः" "चर्वणात्राऽभिव्यञ्जनमेव") अलौकिक चमत्कार स्वरूप रसका आस्वाद काव्यगत विभावादि चर्वणा प्राण है। यहाँ साहित्य शास्त्र में चर्वणा अभिव्यञ्जन ही है। प्रदीपकार भी यही कहते हैं कि (व्यक्तिः चर्वणा) व्यक्ति का अर्थ है चर्वणा। तब इस मत में चर्वणा और वृत्ति दो व्यापार मानने पड़ेंगे। इस तरह एक अलौकिक व्यञ्जना व्यापार मानने वाले की अपेक्षा इस मत में गौरव ही हुआ। लाघव नहीं हुआ। चले थे लाघव दिखाने।

और भी बात है। आनन्दस्वरूप चैतन्य के आवरण को हटाने के लिए वृत्ति मानी जाती है। और इसी कार्य के लिए व्यंजना भी मानी जाती है। एक ही कार्य के लिए दो व्यापारों को इस मत में मानना पड़ेगा बड़ा गौरव होगा। अथ च वृत्ति के रहते हुए व्यंजना व्यर्थ भी है।

"असंगति होती है"

पण्डितराज ने लिखा है कि (चर्वणा चास्य चिद्गतावरणभंग एव, प्रागुक्ता तदाकारा अन्तःकरणवृत्तिर्वा! येयं द्वितीयपक्षे तदाकारचित्तवृत्त्यात्मिका रसचर्वणोपन्यस्ता) चिद्गत आवरणभंग ही चर्वणा है। अथवा पहले कही हुई तदाकार अन्तःकरण वृत्ति ही चर्वणा है। जो यह द्वितीयपक्ष में तदाकार चित्तवृत्तिरूप रसचर्वणा बतलाई है। इस ग्रन्थ से सिद्ध है कि चर्वणा और वृत्ति दोनों पर्याय है। तब इसका मतलब हुआ कि (विभावादिचर्वणामहिम्ना वृत्तिरुपजायते चर्वणा से वृत्ति पैदा हुई) चर्वणा से चर्वणा पैदा हुई। यह कौन संगति है अतः स्पष्ट रूप से असंगति है।

"पूर्वापर स्वग्रन्थ भेद"

चर्वणा और समाधि में विलक्षणता बताते समय पण्डितराज ने लिखा है कि समाधि में शुद्ध परब्रह्म चिदानन्द विषय है और चर्वणा में विभावादिसम्वलित चिदानन्द विषय है। किन्तु मुद्रित पाठके अनुसार केवल स्थाय्युपहित चिदानन्द ही चर्वणा का विषय होता है, विभावादिसम्वलित स्थाय्युपहित चिदानन्द विषय नहीं होता है। यदि उसी मुद्रित पाठ को माना जाय तब पूर्वापर स्वग्रन्थ में भेद स्पष्ट है।

"आचार्य ग्रन्थ भेद"

आचार्य मधुसूदन सरस्वती ने लिखा है कि

भावत्रितयसंसृष्टस्थायिभावावगाहिनी
समूहालम्बनात्मैका जायते सात्विकी मतिः।

विभावादि तीनों के सहित स्थायीभाव का अवगाहन करने वाली सात्विकी मति अर्थात् (चिदानन्दाकारा) वृत्ति होती है। यहां भावत्रितय संसृष्ट स्थायी भाव को न कि केवल स्थायी भाव को अवगाहन करनेवाली वृत्ति लिखा है। अतः आचार्य ग्रन्थ भेद स्पष्ट है।

"सहृदयस्य निजसहृदयतावशोन्मिषितेन"

यहां का भाव यह है कि सहृदय को अपनी सहृदयता से भावना विशेष का उल्लास होता है। जैसा कि पण्डितराज ने आरम्भ में समुचित ललित इत्यादि रस के स्वरूप का निरूपण करते समय कि तदीयसहृदयतासहकृतेन भावनाविशेषमहिम्ना और आगे भी नव्यास्तु एवं परे तु मत में इसी बात को सहृदयतोल्लासितस्य भावनाविशेषरूपस्य दोषस्य महिम्ना इत्यादि रूप से लिखा है। यह कहीं नहीं लिखा कि सहृदय को अपनी सहृदयता से विभावादि की चर्वणा होती है। आगे पीछे की पाठ व्यवस्था के अनुसार मध्य में भी वही पाठव्यवस्था होनी समुचित है। एक बात और भी है बिना भावना विशेष के सम्बन्ध विशेष का परित्याग, साधारण रूप से स्फुरण एवं अलौकिकता नहीं हो सकती है। विशेषता एवं सम्बन्ध के विगलन होने पर ही वस्तु की साधारणात्मना प्रतीति होना स्वाभाविक है। इसी भावना विशेष की महिमा से दुष्यन्तत्व आदि शकुन्तलात्वादि विशेषताओं का विगलन होकर सामान्य नायक नायिकादि पदार्थ उपस्थित होते हैं। इन सामान्य नायकादि का नाम अलौलिक विभावादि है। काव्यप्रकाशकार ने विभावन, अनुभावन एवं व्यभिचरण नाम से इस व्यापार का उल्लेख किया है। साहित्यदर्पणकारने भी "विभावनादिव्यापारमलौकिकमुपेयुषाम्" इस कारिका रूप में इसी व्यापार का निर्देश किया है। कहने का सारांश यह है कि सहृदयतोल्लासित भावना विशेष के बाद कारणादिकों को विभावादि

पदव्यवहार्यता की प्राप्ति होती है। सीधे सहृदयता के वश से विभावादिचर्वणा का उन्मेष नहीं हो सकता है। और भी नव्यास्तु मत के प्रतिपादन में लिखा है कि (यद्यपि विभावादीनां साधारण्यं प्राचीनैरुक्तं तदपि······दोषविशेषकल्पनं विना दुरुपपादम्) जो तो प्राचीनों ने विभावादि में साधारण्यं कहा है उसका भी भावना विशेष की कल्पना के विना उपपादन करना अशक्य है। अतः उपर्युक्त हमारा निश्चित किया हुआ ही पाठ ठीक है।

"न च कान्तात्वं साधारणविभावतावच्छेदकम्" इस अंश का आलोचन

यहां विभावतावच्छेदक का विचार किया है। उसमें हमारा निवेदन है कि काव्य को जैसे पुरुष सामाजिक पढ़ता है सुनता है एवं अभिनय को देखता है उसी तरह स्त्री सामाजिक भी पढ़ती हैं सुनती हैं एवं अभिनय को देखती हैं और जैसे शकुन्तलात्व एवं सीतात्व आदि विशेषता एवं उनके सम्बन्ध का विगलन होकर साधारण कान्तात्व या नायिकात्व रूप विभावतावच्छेदक की उपस्थिति पुरुष के लिए अपेक्षित है वैसे ही दुःष्यन्तत्व एवं रामत्व आदि विशेषता एवं उनके सम्बन्ध का विगलन होकर साधारण कान्तत्व या नायकत्व रूप विभावतावच्छेदक की उपस्थिति स्त्री के लिए भी अपेक्षित है। किन्तु यदि कान्तात्व विभावतावच्छेदक है ऐसा पाठ यहां मान लिया जायगा तो कान्तत्व रूप विभावतावच्छेदक की उपस्थिति नहीं होगी और यदि कान्तात्व के स्थान पर कान्तत्वं विभावतावच्छेदकं ऐसा पाठ मान होंगे तो एक ही पाठ से कान्तत्व एवं कान्तात्व दोनों की उपस्थिति हो जायगी। क्योंकि व्याकरण शास्त्र का एक नियम है कि (पुमान् स्त्रिया) स्त्री के साथ पुरुष का उच्चारण किया जाय तो पुरुष ही शेष रहता है और जो शेष रहता है वह लुप्यमान अर्थ का अभिधान करता है। अतः कान्तत्व और कान्तात्व दोनों का समास करने पर कान्तत्व शेष रह जायगा और वह दोनों का बोध कर देगा। फलतः कान्तत्वं विभावतावच्छेदकं यह पाठ ठीक है।

साधारणविभावतावच्छेदकं यह साधारण और विभावतावच्छेदक इन दोनों पदों का समास यहां असंगत है। क्योंकि साधारण पद का कान्तात्व के साथ अन्वय है। जैसा कि काव्यप्रकाशकार ने लिखा है=(लोके प्रमदादिभिः,·······तैरेव·······साधारण्येन प्रतीतैः लोक में प्रमदादि के द्वारा जिनको स्थायी के अनुमान करने में चातुर्य हो गया है उनको काव्य एवं नाट्य में साधारणतया प्रतीत उन्हीं प्रमदादि से।) यहाँ साधरणता से प्रतीत प्रमदादि कहने का अर्थ है कि कान्ता या कान्त में साधारणता अपेक्षित है अतः साधारणं कान्तात्वं (अर्थात् दुष्यन्तपत्नी शकुन्तला, इस प्रकार के सम्बन्ध से विनिर्मुक्त और शकुन्तलात्व विशिष्टा शकुन्तला इस प्रकार की विशेषता से रहित) तथा साधारणं कान्तत्वं (अर्थात् शकुन्तलापति दुष्यन्त इस प्रकार के सम्बन्ध से शून्य और दुःष्यन्तत्वविशिष्ट दुःष्यन्त इस प्रकार की विशेषता से विनिर्मुक्त)

विभावतावच्छेदकम्। यह असमस्त पाठ ठीक है। एवमशोच्यत्वकापुरुषत्वादिज्ञानविरहस्य करुणरसादौ यह पाठ उचित है। वहां पर भी तो अशोच्यात्व कापुरुषीत्व आदि लिख सकते थे किन्तु नहीं, दोनों की उपस्थिति एक ही से करनी है अतः वैसा ही पाठ रक्खा है।

नव्यास्तु मत में "अज्ञानावच्छिन्ने शुक्तिकाशकले"

इस अंश का आलोचन

जैसे शुक्ति शकल में अनिर्वचनीय रजत पैदा होता है वैसे ही आत्मा में शकुन्तलाविषयक अनिर्वचनीय रति पैदा होती है। यहां आत्मा में विशेषण देते हैं कि वह आत्मा अज्ञान अविद्या से अवच्छिन्न है। अर्थात् अज्ञान, आत्मा में अवच्छेदक है विशेषण है। यह तो संगति वैठ जाती है। किन्तु शुक्तिका शकल तो अज्ञान से अविज्ञा से अवछिन्न नहीं है अर्थात् अविद्या शुक्तिका शकल में अवच्छेदक नहीं है प्रत्युत शुक्तिका से अवच्छिन्न अविद्या है अतः अज्ञानावछिन्ने शुक्तिकाशकले इसकी संगति नहीं वैठती है।

परे तु मत में "काव्यार्थभावनाजन्मा"

इस अंश का आलोचन

यहां "काव्यार्थभावनाजन्मा" यह पाठ अधिक है। यदि कहें कि इस मत में मानस बोध को रस माना है। और यह मानस बोध स्वप्न में भी होता है। अतः स्वाप्न मानस बोध में रसत्व को वारण करने के लिए काव्यार्थभावनाजन्मा पद का निवेश किया। क्योंकि काव्यार्थचिन्तन जन्य ही बोध रस होता है। अन्य बोध रस नहीं है। आलोचन! रस के विषय में सम्मान्य सिद्धान्त भरत का है। भरत का सूत्र है। (विभावानुभावव्यभिचारिसंयोगाद्रसनिष्पत्तिः) इस में विभावादि से रस की निष्पत्ति होती है। यही लिखा है और कुछ नहीं लिखा है। अतः विशेष विवरण नहीं होने से विभावादि के उपस्थापक जो भी हो। कहीं पर काव्य उनका उपस्थापक, है कहीं पर चित्र है। चित्रदर्शन से भी विभावादि की उपस्थिति होती है, यह नैषध चरित आदि में प्रसिद्ध है और चित्र में भी रस है ऐसा विष्णु धर्मोत्तर पुराण में उल्लेख मिलता है और आचार्यों ने इसको स्वीकार किया है। आचार्य अभिनवगुप्त ने भी उदाहरणों के द्वारा स्पष्ट कर दिया है। तब काव्यार्थभावनाजन्मा ही बोध रस होता है अन्य नहीं यह कौन दुराग्रह है।

और भी बात है। इस विशेषण से शुद्ध स्वाप्न मानस बोध में रसत्व का वारण हो सकता है किन्तु स्वप्न में भी काव्यार्थ के चिन्तन को कौन रोक सकता है। स्वप्न में नाटक को देखता है तब स्वप्न में भी अभिनय से उपस्थापित विभावादि से संसृष्ट रत्यादि रस क्यों नहीं होगा अतः यह काव्यार्थभावनाजन्मा पाठ अधिक है।

इसी प्रसंग में "अपितु भ्रमः" इस अंश का आलोचन

पण्डितराज ने यहां यह आशंका उठायी है कि काव्यार्थभावनाजन्मा शकुन्तलाविषयकरतिमदभेद बोध को रस मान लेने में यह आपत्ति है कि सामाजिक को पहिले कभी भी शकुन्तलाविषयक रति का अनुभव नहीं हुआ। क्योंकि शकुन्तला पहले किसी युग में हुई थी और सामाजिक इस वर्त्तमान युग का व्यक्ति है। अतः जब अनुभव नहीं है तब उसका संस्कार भी नहीं है। अतः काव्यार्थभावना के समय या नाटयाभिनय देखने के समय शकुन्तलाविषयकरतिमदभेदबोध कैसा। इसके उत्तर में फिर लिखते हैं कि ऐसी शंका यहां नहीं करना। क्योंकि यह बोध लौकिक साक्षात्कार नहीं है अर्थात् विषय के साथ इन्द्रिय के सम्बन्ध होने पर पैदा होनेवाला प्रत्यक्ष ज्ञान नहीं है जिससे विषयतासम्बन्ध से प्रत्यक्ष के प्रति अभेद सम्बन्ध से विषय कारण होता है। इस नियम के कारण अवश्य विषयेन्द्रिय सन्निकर्ष के लिए विषय सद्भाव अपेक्षणीय हो। किन्तु यह बोध भ्रम है। इस पर आलोचन यह है कि जब "परे तु" से संकेतित आचार्य ने "अनिवर्चनीयख्यातेरनभ्युपगमेपीति" कहकर अनिर्वचनीय ख्याति को नहीं माना है तब भ्रम कैसा। क्योंकि भ्रम के लिए अनिर्वचनीय ख्याति मानना आवश्यक है। और यदि असदर्थ विषयक होने से अर्थात् वस्तु है ही नहीं तब भी ज्ञान होता है इसलिए भ्रम कहते हैं, यह भी नहीं बनता क्योंकि तब तो असदर्थ विषयक होने से स्वाप्न बोध भी आपके मत में रस हो जायगा। यदि कहें कि विशेष्यावृत्तिधर्मप्रकारक ज्ञान को भ्रम मानने वाले के मत को लेकर भ्रम कहा है, तब भी ठीक नहीं है। क्योंकि तब तो संशय और भ्रम एक हो जायँगे। इदं रजतं में शुक्ति को रजतत्वेन समझते हैं अर्थात् रजतत्व प्रकारक शुक्ति विशेष्यक ज्ञान होता है। वह रजतत्व धर्म, विशेष्य शुक्ति में नहीं रहता। संशय में भी स्थाणुर्वा पुरुषो वा में स्थाणु में नहीं रहने वाला पुरुषत्व धर्म; विशेष्य स्थाणु में प्रकार होता है। अतः भ्रम का कोई भी लक्षण यहां संगत नहीं होता है अपि तु भ्रमः यह लेख विचारणीय है।

"प्ररूढाप्ररूढत्वे बहल्पभावजत्वे" इस अंश का आलोचन

कोई तो रति वगैरह में से अन्यतम को स्थायी भाव कहते हैं। इसी प्रसंग में यह कहा है। यहां विचार यह है कि यहां यदि बहुत्व संख्या ली जायगी और अल्पत्व परिमाण लिया जायगा तो बहुसंख्यक विभावों से पैदा होने वाली रति ली जायगी तब बहुनायिका-विषया या बहुनायक विषया रति का ही संग्रह होगा इस तरह यह रसाभास हो जायेगा। और अल्पत्व परिमाणरूप लेने पर नायिका एवं नायक को तौलना पड़ेगा, वह तोल कितना होना चाहिए इसका कोई विनिगमक नहीं है। अतः विभावों द्वारा बहु वर्द्धिष्णु रूप से और अल्प ईषत् रूप से रति आदि स्थायी भावों का पैदा होना अर्थ लिया जाय तो कथंचित् अर्थ संगति हो सकती है।

संगीत रत्नाकर के श्लोक का अर्थ भी इस प्रकार करने में ही व्यवस्था है। वहाँ 'स्तोकैर्विभावैः' यह पाठ अशुद्ध है (स्तोकं विभावैः यह पाठ उचित है। विभावैः स्तोकमीषद् यथास्यात्तथा उत्पन्ना) विभावों से अल्परूप में पैदा होने वाली। यह अर्थ है।

"किञ्चात्मनो निर्गुणतया आत्मरूपरसगुणत्वं माधुर्यादीनामनुपपन्नम्"

इस अंश का आलोचन

यहां पण्डितराज का कहना है कि वेदान्त शास्त्र में आत्मा को निर्गुण माना है और 'रसो वै सः' इस श्रुति के अनुसार रस आत्मरूप है, अतः आत्मरूप रस में माधुर्यादि गुणों का रहना अनुपपन्न है। इस पर आलोचन यह है। आरम्भ में काव्य प्रकाशकार के काव्य लक्षण के खण्डन प्रसंग में पण्डितराज ने लिखा है कि काव्य के लक्षण में गुण का निवेश करना युक्ति संगत नहीं है। क्योंकि गुण माधुर्यादि शूरता प्रभृति की तरह आत्मा के धर्म हैं। अर्थात् वीरत्व पाण्डित्य आदि गुण शरीर में नहीं हो सकते हैं वे गुण आत्मा में ही रहते हैं अतः उनसे जैसे शरीर नहीं बन सकता है उसी तरह माधुर्यादि गुण भी आत्मरूप रस के ही धर्म हैं अतः वे काव्य शरीर अर्थात् काव्य लक्षण के घटक निष्पादक नहीं बन सकते हैं। अब गुण निरूपण प्रसंग में वे ही पण्डितराज लिखते हैं कि आत्मा निर्गुण है अतः आत्मरूप रस में माधुर्यादि गुणों का रहना अनुपपन्न है। यह पूर्वापर ग्रन्थ विरोध है।

और भी एक बात है। वेदान्त ने शुद्ध चित् को निर्गुण माना है किन्तु विशिष्ट चित् को तो उन्होंने भी सगुण माना ही है। यहां साहित्य शास्त्र में तो विभावादि संसृष्ट स्थाय्युपहित चिदानन्द को रस माना है अतः यहां रस में गुणों का रहना युक्ति संगत है।

"एवं तदुपाधिरत्यादिगुणत्वमपि। गुणे गुणान्तरस्यानौचित्याच्च"

इस अंश का आलोचन

चित् रूप रस में गुणों का रहना अनुपपन्न है तो रहा करे। किन्तु जिस मत में चिद्विशिष्ट रति रस है उस मत में तो रति रूप रस के धर्म गुण हो सकते हैं। इस पर कहते हैं कि जैसे आत्मरूप रस में गुण नहीं रह सकते हैं उसी प्रकार इसकी उपाधि रति में भी गुण नहीं रह सकते हैं क्योंकि नैयायिकों की रीति से गुणों में गुण नहीं रहते हैं। यहां का भाव यह है कि रति भी चौबीस गुणों में से इच्छा या ज्ञान रूप गुण है। अतः इच्छारूप गुण में या ज्ञानरूप गुण में गुणान्तर दूसरा गुण कैसे रह सकता है। बिलकुल अनुचित है। इस पर आलोचन।

भगवन्! नैयायिकों के द्वारा माने हुए चौबीस गुणों के अन्तर्गत जैसे

इच्छा गुण है और ज्ञान गुण है वैसे ही शब्द भी तो उन्हीं चौबीस गुणों के अन्तर्गत माना हुआ एक गुण है। तब उस शब्द रूप गुण में गुण कैसे रहेगा जैसा कि आपने शास्त्रार्थ करके सिद्ध किया है कि। "शब्दार्थयोरपि माधुर्यादेः सद्भावः" इति तु मादृशाः। शब्द में भी माधुर्यादि गुणों की सत्ता है यह तो मेरा (पण्डितराज का) मत है। यहां भी पूर्वापर ग्रन्थ की संगति बैठानी चाहिए।

"किं ब्रूमस्तव वीरताम्"

इस पद्य का आलोनचन।

यह गुणप्रकरण का पद्य है। इस पद्य में "तत्कालं" यह पद आया है। उसके अनुसार यस्मिन् काले यह अपेक्षित है। क्योंकि यत्पद, तत्पद सापेक्ष होता है। अतः "यस्मिंस्त्वयि" यह व्याख्या ठीक नहीं है किन्तु यस्मिन् काले यह व्याख्या होनी चाहिए। अतएव "जिस समय क्रीडा करते हुए भी भ्रुकुटियों को टेढ़ा और नयनों को लाल करके भुजमण्डल की तरफ तुम ताकते हो" यह अर्थ संगत है तदनुसार क्रीडाकुण्डलितभ्रुशोणनयनं यह पश्यति क्रिया का विशेषण है अतः इसमें द्वितीया विभक्ति होना उचित है न कि यस्मिंस्त्वयि व्याख्या करके यस्मिन् (सप्तम्यन्त) का विशेषण बनाना उचित है। और पश्यति यह शत्रन्त न होकर मध्यमपुरुष की पश्यसि क्रिया है।

इसी पद्य के चतुर्थपाद में विन्ध्यारण्य यह पाठ भी अटपटा सा है। क्योंकि विन्ध्य पर्वत की गुहाओं को गृह का रूपक दिया है। विन्ध्य पर्वत में गुहाएँ हो सकती है। विन्ध्य जंगल में गुहा कहाँ अतः विन्ध्याहार्यगुहा यह पाठ ठीक है। फलतः अरण्य शब्द की जगह अहार्य शब्द रहने से संगति बैठ जाती है। "महीध्रशिखरिक्ष्माभृदहार्यधरपर्वताः" इस अमर कोष के अनुसार अहार्य शब्द का अर्थ है पर्वत। तब विन्ध्याहार्य अर्थात् विन्ध्यपर्वत की गुहारूपी गृह की अवनि भूमि में रुह पैदा होने वाले वृक्ष उस समय जगमगा उठे। यहाँ का भाव है कि क्रीडा में भी आपकी क्रोधमयी स्थिति को सुनकर शत्रु लोग भागकर विन्ध्य पर्वत की गुहा में चले जाते हैं साथ में उनकी स्त्रियाँ भी जाती हैं अतः वे गुहायें उनके माणिक्य मणि संयुक्त गहनों से जगमगा उठी हैं। अतः "क्रीडाकुण्डलितभ्रुशोणनयनं दोर्मण्डलं पश्यसि" "विन्ध्याहार्यगुहागृहावनिरुहास्तत्कालमुल्लासिता" यह द्वितीय एवं चतुर्थ पाद का पाठ होना चाहिए।

"नैकश्येन द्वितीय-चतुर्थ"

इस अंश का आलोचन

यह गुण प्रकरण का पाठ है। इसमें नैकश्येन वर्णैः, नैकश्येन प्रयुक्तैः" इस तरह नैकश्येन यह पद दो बार आया है। अतः पुनरुक्ति दोष है। और घटितः, आलिंगितः इन दो पदों का व्यर्थ ही प्रयोग किया। (वर्णैर्घटितः प्रयुक्तैः,

आलिंगितः गुम्फः) वर्णों से घटित, या आलिंगित गुम्फ इस तरह एक ही बात को कई बार दुहराया है। अतः ऐसा पाठ यहाँ होना चाहिए।

"टवर्गजिह्वामूलीयोपध्मानीयविसर्गसकारबहुलैः,
टवर्गातिरिक्तानां वर्गाणां द्वितीयचतुर्थैः
झय्‌रेफान्यतरसंयोगपरह्रस्वैश्च वर्णैः
नैकट्येन प्रयुक्तैरालिंगितः"।

झय् रेफान्यतर घटित में भी घटित पुनः आ गया है। अतः यह रचना पण्डितराज की जैसी नहीं मालूम पड़ती है। विद्वान् लोग प्रमाण हैं।

"तथापि देशकाल···पद्यवाक्यार्थे····अतिव्याप्तिः।
तस्य विभावानुभावभिन्नत्वे"

इस अंश का आलोचन—

भावपदार्थ क्या है (अथ किं नाम भावत्वम्) इसी प्रसंग में यह लेख है। यह पूर्वापर विरुद्ध है। पहले "रसवदेव काव्यम्" इस साहित्यदर्पणकार के लक्षण के खण्डन करते समय आपने लिखा है कि "अर्थमात्र विभाव, अनुभाव एवं व्यभिचारियों में से कोई एक है" ऐसा कोई पदार्थ नहीं है जो व्यञ्जक विभावादि रूप नहीं हो सकता है इस रीति से सभी पदार्थों को विभावादि स्वरूप माना है। किन्तु इस समय कहते हैं कि देश, काल, वय, अवस्थादि रूप नाना पदार्थ विभावादि से भिन्न हैं। इसके सिवाय देश, काल, वय अवस्था रूप नाना पदार्थ को सभी ने औचित्यानुसार उद्दीपन विभाव माना है। अतः अतिव्याप्ति दोष भी कहना असंगत है और पूर्वापर ग्रन्थासंगति तो सिद्ध ही है।

"निद्रावि(ना)भावोत्थं ज्ञानं सुप्तम्"

इस अंश का आलोचन

निद्रारूप विभाव से उत्थ अर्थात् उत्पन्न ज्ञान का नाम सुप्त है। यह पण्डितराज का लेख है। इस पर आलोचन यह है कि कवियों ने वियोगियों के विषय में ऐसा वर्णन किया है कि स्वप्न में भी किसी प्रकार प्रिया का दर्शन हो जाय। इसलिए निद्रा लेना चाहता हूं किन्तु निद्रा भी तो नहीं आती। सारांश निद्रा और स्वप्न का परस्पर में अविनाभाव सम्बन्ध है। किन्तु निद्रा, स्वप्न रूप ज्ञान का मुख्य कारण नहीं है। क्योंकि (सत्त्वात्संजायते ज्ञानम्) सत्व से ज्ञान पैदा होता है। तब अभावप्रत्ययालम्बना अर्थात् सभी प्रमाणों के अभाव का कारण तमः स्वरूप निद्रा से ज्ञान कैसा। और निद्रा सभी लेते हैं सभी लोग सोते हैं। क्या सभी को स्वप्न आता ही है। अर्थात् यह कोई नियम नहीं है कि सोने वाले सभी व्यक्तियों को स्वप्न आवे ही। अतः कहना होगा कि निद्रा स्वप्न का सहकारी कारण है।

उसका मुख्य कारण अदृष्ट है। जैसा कि नैषधकार ने लिखा है। अदृष्टमप्यर्थम-दृष्टवैभवात् करोति सुप्तिर्जनदर्शनातिथिम्। न कभी देखा है, न सुना है तब भी अदृष्ट के वैभव माने सामर्थ्य से सुप्ति, नहीं देखे और नहीं सुने हुए अर्थ को भी मनुष्य को दिखा देती है। अतः अदृष्ट सहकृत निद्रा विभाव है केवल निद्रा विभाव नहीं है। इसलिए "निद्राविनाभावोत्थं ज्ञानंसुप्तम्" यह पाठ समुचित है। आगे सहृदय गण प्रमाण हैं।

"भवद् द्वारि क्रुध्यज्जयविजय"

इस पद्य का आलोचन

इस देवादि विषय रति के उदाहरणभूत पद्य की रचना की शैली विचारणीय है। जैसे—हे मुरारे: सृष्टिकर्त्तृत्वेन एवं यज्ञयागेश्वरत्वेन क्रमशः प्रसिद्ध विधि एवं महेन्द्र प्रभृति नाकाधिपति आपके दरवाजे पर तुम्हारे नयन (कृपाकटाक्ष) के परिपात की उत्कलिका (उत्कण्ठा) से खड़े हैं।

यहां "आप के दरवाजे पर तुम्हारे नयन के" यह कौन रचना शैली है। एक बार जिसको आप (भवत्) शब्द से कहा है उसी को दुबारा तुम्हारे (युष्मत्) शब्द से कहना यह प्रक्रमभंग दोष है। अथवा आपके कृपा कटाक्ष की उत्कण्ठा से दरवाजे पर देवता खड़े हैं इस तरह से अन्वय हो जाने पर एक शब्द भवत् शब्द या युष्मत् शब्द व्यर्थ भी हो जायगा। तथा "विधिमहेन्द्रप्रभृतयः" इस पद में नाकाधिपति महेन्द्र का उल्लेख जब स्पष्ट रूप से हो चुका है तब महेन्द्र से अतिरिक्त कौन नाकाधिपति है जिसके लिए पुनः "नाकाधिपतयः" लिखा है। इसलिए नाकाधिपतयः यह पद पुनरुक्त है और इसमें बहुवचन तो नितरां व्यर्थ है यहां यह पाठ समुचित प्रतीत होता है।

तव द्वारि क्रुध्यज्जय-विजय-दण्डाहतिदलत्-
किरीटास्ते कीटा इव विधिमहेशप्रभृतयः।
वितिष्ठन्ते श्रीमन्नयनपरिपातोत्कलिकया
वराकाः के तत्र क्षपितमुर ! नाकाधिपतयः।

इस तरह तव १ महेश २ और श्रीमत् (शोभायुक्त) ३ इन तीन शब्दों का परिवर्त्तन करना आवश्यक है। अथवा तव द्वारि, महेशप्रभृतयः, श्रीमन्नयन इस तरह तीन पादों में थोड़ा परिवर्त्तन करके चौथे पाद में "वराकः कोऽन्योत्र क्षपितमुर ! नाकाधिवसतिः" ऐसा करना आवश्यक है।

"चिरसेवितायां च कृतघ्नत्वम्"

इस अंश का आलोचन

जन्म जन्मान्तर से विषयों का सेवन और बचपन से विद्या का सेवन हो रहा है अतः चिरसेवन दोनों का समान है प्रत्युत विषयों के सेवन में जन्म

जन्मान्तर बीत गये हैं अतः उधर ही चिरत्व अधिक है तब केवल विद्या में चिरसेवितात्व विशेषण देना असमीचीन है। इस लिए चिरसेवितेषु स्रक्चन्दनादिषु विषयेषु तादृश्यां विद्यायां च कृतघ्नत्वम् यह पाठ साधु है। एक बात और भी है। यदि विषयों में चिरसेवितत्व नहीं रहेगा तो उनमें कृतघ्नत्व कैसा ? क्योंकि कुछ काल सेवा करने वाले सेवक का त्याग भी कर दिया जा सकता है कृतघ्नता का वहां प्रश्न ही नहीं होता है।

"व्यानम्राश्चलिताश्चैव"

इसके विवरण का आलोचन

इस श्लोक के विषय में यह प्रश्न उठाया गया है कि यहां भाव ध्वनि है या रसाभास है। इसके बाद नवीन और प्राचीन मत में समाधान किया है। यहां आलोचन यह है कि शंका एवं समाधान दोनों ही असमीचीन है। क्योंकि जब लोक व्यवहार से ही रति में अनौचित्य को समझना है तब पाञ्चाली द्रौपदी की पञ्च पाण्डवों में रति अनुचित कैसी। जब कि नायकों एवं नायिकाओं में अपेक्षित सद्वृत्तत्व अक्षत ही है। जैसा कि महाभारतादि में एवं शिष्टलोक चर्चा में प्रसिद्ध है कि द्रौपदी का पंच पाण्डवों के साथ पवित्र संकेत था। तदनुसार एक पद्य प्रसिद्ध है।

पतिश्वशुरता ज्येष्ठे पतिदेवरताऽनुजे
पाञ्चाल्याः पाण्डुपुत्रेषु त्रितयं त्रितयं त्रिषु।

पांचों पाण्डवों में ज्येठे युधिष्ठिर संकेत के अनुसार समय २ पर पाञ्चाली के पति भी थे और श्वशुर भी थे और सबसे छोटे सहदेव पति और देवर थे। बाकी के भीम अर्जुन एवं नकुल समय पर पति, श्वशुर एवं देवर थे। हर एक व्यक्ति अपने समय में द्रौपदी का पति था और छोटे के समय में श्वशुर था और बड़ों के समय में देवर था। अतः यहां भावध्वनि ही है रसाभास नहीं है।

"घटादौ दण्डादेः कारणत्वस्येव
प्रत्येकमेव व्यञ्जकतायाः सिद्धिरिति प्राञ्चः"

इस अंश का आलोचन

जैसे घटादिरूप कार्य की कारणता प्रत्येक दण्डचक्रादि में हैं उसी तरह व्यञ्जकता भी वर्ण पद, वाक्य एवं रचना प्रत्येक में रहती है। यही प्राचीनों का कहना है।

आलोचन। यहाँ उपर्युक्त पण्डितराज के कथन में दृष्टान्त के विषय में कुछ असंगति मालूम पड़ती है। क्योंकि घट या पट रूप कार्य की कारणता दण्ड, चक्र, चीवर, कुलाल, एवं मृत्तिका रूप, या तुरी, वेमा तन्तुवाय एवं तन्तुरूप प्रत्येक कारण निष्ठा नहीं है। किन्तु दण्डादि या तुरीप्रभृति समुदित कारणों में

कारणता रहती है। इसलिए विशिष्ट कारणता भी प्रत्येक निष्ठा नहीं है। क्योंकि परस्पर सापेक्ष कारणतास्थल में समुदाय में ही कारणता है प्रत्येक में कारणता नहीं हैं। दण्डादि प्रत्येक को कारण बनाकर घट कभी नहीं बन सकता है। अतः परस्पर सापेक्ष कारण दण्डादि में भी प्रत्येक में कारणता नहीं मान सकते हैं। तब तक चक्र मात्र अर्थात् दण्ड सापेक्ष केवल चक्र से घट नहीं बन सकता जब तक दण्ड कुलाल, मृत्तिका एवं चीवर वगैरहसमु दाय नहीं एकत्र होगा। अतः वर्णादि प्रत्येक में व्यञ्जकता को सिद्ध करने के लिए "घटादिरूप कार्य का सम्पादन करने वाले दण्डादि में जैसे कारणता प्रत्येक निष्ठा है" यह कहना संगति रहित है। हाँ इसके लिए तृण, अरणि एवं मणि को दृष्टान्त बनाना उचित था। और जब रचना वर्ण, पद, वाक्य एवं प्रबन्ध में प्रत्येक में व्यञ्जकता अनुभव सिद्ध है और इस स्वानुभवगम्य विषय को आचार्यों ने भी स्पष्ट रूप से अपने २ ग्रन्थों में उल्लेख कर दिया है। जो आचार्य अपने अपने शास्त्रों की पद्धति के निर्माता हैं निर्णायक हैं। तब इधर उधर बहकना कहाँ तक ठीक है।

"रचनावर्णानां तु······व्यञ्जकतावच्छेदक" इसका आलोचन

"रचना एवं वर्ण व्यञ्जक नहीं हैं यद्यपि यह कहना ठीक है। क्योंकि ये पद एवं वाक्य के अन्तर्गत होने से व्यञ्जकता के अवच्छेदक हैं। तथापि यदि विशिष्ट में व्यञ्जकता मानी जाय तो किसविशिष्ट में मानी जाय इसका साधक कोई दृढ़तर प्रमाण नहीं है। इसलिए वर्ण एवं रचना वगैरह में प्रत्येक में व्यञ्जकता की सिद्धि है।' इस तरह के प्रश्न के उठाने की क्या आवश्यकता है। जब आपने प्रबन्ध को व्यञ्जक माना है। जैसा कि आपका लेख है—"प्रबन्धस्य तु योगवासिष्ठरामायणे शान्तकरुणयोः, रत्नावल्यादीनि च शृङ्गारस्य व्यञ्जकत्वान्निदर्शनानि प्रसिद्धानि। मन्निर्मिताश्च पंच लहर्यो भावस्य" प्रबन्ध की व्यञ्जकता के विषय में योगवाशिष्ठ शान्त के, रामायण करुण के, रत्नावल्यादि नाटिका शृङ्गार के और मेरी (पण्डितराज की) निर्मित गंगालहरी १ अमृतलहरी २ करुणालहरी ३ लक्ष्मीलहरी ४ एवं सुधालहरी ५ ये पाँच लहरियाँ भाव की व्यञ्जक हैं ये निदर्शन प्रसिद्ध हैं।

तब प्रबन्धान्तर्गत होने से वाक्य एवं पद को भी व्यञ्जकतावच्छेदक ही मानना ठीक है व्यञ्जक नहीं मानना चाहिए। यही सीधा प्रश्न उठाना चाहिए था और उसका उत्तर भी देना चाहिए था। उसीसे यह सब गतार्थ हो जाता। भगवन्! कारण में शक्ति मानने से सब नियम ठीक हो जाते हैं। वर्ण में व्यञ्जकता रहेगी तभी वर्ण समूह पद में, जब पद में रहेगी तभी पद समूह वाक्य में, और जब वाक्य में रहेगी तभी वाक्य समूह प्रबन्ध में रहेगी। इस तरह पूर्व पूर्व से उत्तर उत्तर में शक्ति संक्रान्त होगी। इसलिए आचार्यों ने पदैकदेश, रचना, वर्ण, पद, वाक्य, प्रबन्ध, सब को व्यञ्जक माना है। इसलिए उपर्युक्त प्रश्न एवं समाधान दोनों ही निरर्थक हैं।

"वर्णरचनाविशेषाणां माधुर्यादिगुणाभिव्यञ्जकत्वमेव न रसाभिव्यञ्जकत्वम्"

इस अंश का आलोचन

वर्णविशेष एवं रचनाविशेष माधुर्यादि गुणों के ही अभिव्यञ्जक हैं रसों के नही हैं। इस अभिप्राय को बतलाने के लिए यह लाइन लिखी गई है। किन्तु एव पद के अयथा स्थान में पड़ जाने से यह भाव स्पष्ट नहीं होता है अतः "वर्ण-रचनाविशेषाः गुणानामेव अभिव्यञ्जका न तु रसानाम्" इस तरह लिखने पर आशय स्पष्ट होता है। अतः आशय का स्पष्ट नहीं होना एक दोष है। अभि-व्यञ्जकत्वं को दो बार लिखने में पुनरुक्ति स्पष्ट ही है।

दूसरा दोष है पूर्वापर ग्रन्थ विरोध जैसे—आपने दोष प्रकरण में और रस प्रकरण में लिखा है अमुक वर्ण अमुक रस के व्यञ्जन के अनुकूल है और अमुक वर्ण अमुक रस के व्यञ्जन के प्रतिकूल है। अमुक रचना अमुक रस के व्यञ्जन के अनुकूल है। अमुक रचना अमुक रस के व्यञ्जन के प्रतिकूल है। अब यहाँ लिखते हैं कि वर्ण एवं रचना रस के व्यञ्जक नहीं है। जब वर्ण एवं रचना रस के व्यंजक नहीं हैं तब पूर्व ग्रन्थ में व्यंजक हैं लिखना और उत्तर ग्रन्थ में व्यंजक नहीं हैं लिखना स्पष्ट ग्रन्थ विरोध है।

और भी बात है कि इसी प्रसंग में आप लिखते हैं कि "निखिलमिदं जग-दण्डकं वहामि" इस पद्य में करूप तद्धित, वीर रस का व्यंजक है। भगवन्! यह करूप तद्धित वर्ण ही है। इस कवर्ण को आपने वीर रस का व्यंजक माना है जब कि वर्ण एवं रचना व्यंजक नहीं है इस सिद्धान्त का प्रतिपादन कर रहे हैं और आपने "वर्ण विशेष एवं रचना विशेष माधुर्यादि गुणों के ही अभिव्यञ्जक हैं रस के अभिव्यंजक नहीं हैं क्योंकि रस के अभिव्यंजक मानने में गौरव है और प्रमाण भी नहीं है।" जो यह लिखा है ऐसी कोई वेद की आज्ञा नहीं है। और न प्राचीन आचार्यों की आज्ञा है। प्रत्युत प्राचीनों ने वर्ण एवं रचना, रस के व्यंजक हैं ऐसा ही लिखा है। गौरव का उल्लेख भी दुर्बल है। प्रामाणिक गौरव दोषाधायक नहीं है। और न कोई युक्ति है जिससे ध्वनिकार, अभिनव-गुप्त एवं मम्मटादि की उक्ति की उपेक्षा करके आप की उक्ति में श्रद्धा करें। प्रत्युत आप की उक्ति की उपेक्षा करके प्राचीनों की उक्ति में ही श्रद्धा करनी चाहिए। क्योंकि ध्वनिकार प्रभृति आचार्य आलंकारिक सरणि के व्यवस्थापक हैं। इस साहित्यशास्त्र में साहित्य शास्त्रीय पदार्थों के विषय में निर्णयात्मक ज्ञान का संकेत ग्राहक कोई दूसारा प्रमाण नहीं है सिवाय प्राचीनों के वचनों के। यदि ऐसा नहीं मानेंगे तो सकल व्यवस्थाओं में उथल-पुथल हो जायगी।

क्षमा करेंगे यह सब आलोचन मैंने अपनी पाठन-पठन प्रवृत्ति के अनुसार किया है। जो श्रीचरणों की ही कृपा का प्रसाद है। ओम् शम्।

॥ श्रीरस्तु शुभमस्तु ॥

आचार्य श्रीमधुसूदनशास्त्री का बनाया हुआ यह रसगङ्गाधरालोचन
स्वोपज्ञ ग्रन्थ समाप्त हुआ।

श्रीदक्षिणकालिकायै नमः

पण्डितराजश्रीजगन्नाथविरचितो

रसगङ्गाधरः ।

प्राचार्य नागेशभट्टकृतया गुरुमर्मप्रकाशाख्यव्याख्यया, आचार्य श्रीमधुसूदनशास्त्रिकृतया मधुसूदनीविवृत्या बालक्रीडया च समेतः ।

प्रथममाननम् ।

स्मृतापि तरुणातपं करुणया हरन्ती नृणा-

मर्मप्रकाशः

नत्वा गङ्गाधरं मर्मप्रकाशं तनुते गुरुम् ।
रसगङ्गाधरमर्णोरतिगूढार्थसंविदे ॥
याचकानां कल्पतरोररिकक्षहुताशनात् ।
नागेशः शृङ्गवेरेशरामतो लब्धजीविकः ॥

प्रारिप्सितप्रतिबन्धकदुरितशमनाय शृङ्गारालम्बनादिविभावतया तद्देवता-

मधुसूदनी-विवृतिः ।

शास्त्रानुभूतिपरिपूर्ण–पदार्थसार्था । काले कलासुकलनात्सकला कलाढ्या ॥
विद्यासमुद्यतसमाधिधृतात्मतत्त्वा । गाङ्गाधरी जयति वाक् रसनिर्भराद्या ॥
श्रीमद्विद्वत्तल्लजरामजिलालान् पितॄनहं नौमि ।
येषां लालन-पालन-शिक्षाद्यैरेधितो वर्त्ते ॥
स्निग्ध-परिष्कृत-वचसा झटिति दुरूहार्थबोधने दक्षान् ।
रक्षामणीन्निजान्ते-वसतांस्तांस्तौमि बालकृष्णगुरून् ॥
यत्नैर्ज्ञतिऽपि-जटिले-रसगङ्गाधरे मम ।
साहसं सफलं कुर्युर्गुरोश्चरणरेणवः ॥
शेमुषी दोषमोषा न, युक्तिमुक्ता न धारिता ।
आगमस्यापि विगमः, कस्मादस्माकमाप्तता ॥
तथापि गुरुगीर्नीरैः सरसे हृत्सरोरुहे ।
सम्फुल्लानां सुमनसां समुदायार्थमुद्यते ॥

अथ प्रारिप्सितस्य प्रबन्धस्य निरन्तरायपरिसमाप्तिनाथो जगन्नाथः प्रबन्धसंज्ञाया

बालक्रीड़ा

सुमिरनसे ही तरुण तापको करुणासे हरनेवाली ।

मधुसूदनी-विवृतिः।

रसपदघटिततया रसेषु च श्रृङ्गारस्य ([1]एकीयमते) प्राधान्यात्, कृष्णस्य च तदधिष्ठातृत्वेन समुचितां देवतां सभाजयन्, वस्तुनिर्देशस्वरूपं मङ्गलं सम्प्रदायविशुद्धये वक्तृश्रोतृभावुकाना-मनुषङ्गतो माङ्गल्यलाभाय च प्रबन्धघटकीकरोति-स्मृतापीति।

ननु ग्रन्थमारिरचयिषोः ग्रन्थकारस्य प्रकृतमारब्धव्यपदार्थमुपेक्ष्य यदेतदप्रकृतस्य मङ्गलादेः प्रथमतो निबन्धनं तत् किं लेखने लेखनीमस्यादिवत् प्रागपेक्षितमस्य अङ्गम्, उत साहित्यादिनियतविषयोपयोगिकाव्यप्रकाशादिज्ञानवत् तत्कालनियतमर्थसाधकं किञ्चित् प्रधानं कर्मेति, चेदङ्गम्; तर्हि करणशरीरनिवर्त्तनद्वारा उपकारकलेखन्यादिद्रव्यवत् सन्निपत्योपकार-कत्वेनाभिमतम्, अथवा द्रव्याद्यनुद्दिश्य विधीयमानकेवललेखनकर्मवत् आराद्रुपकारकत्वे-नाभिमतम्।

तत्र नाद्यम्, शब्दार्थकनिष्पाद्ये शास्त्रे द्वाराभावात्। न च प्रतिबन्धकदुरितोच्छेदमन्तरा शास्त्रस्य अनिष्पत्त्या तदुच्छेद एव द्वारमिति वाच्यम्, उच्छेद्यसन्देहे उच्छेदकप्रयोजनाभाव-प्रसङ्गात्; अर्थात् प्रतिबन्धकपापानां कार्यैकज्ञेयतया सम्प्रति तदनिश्चये मङ्गलार्थं प्रवृत्तिरेव न सङ्गच्छते इति मूले कुठाराघातः।

न च द्वितीयम्, आचाराच्च स्मृतिं बुध्वा स्मृतेश्च श्रुतिकल्पनमिति सिद्धान्तात् सदाचारानुमितस्मृतिकल्पितया अप्रतिबन्धं समाप्तिकामो मङ्गलमाचरेदिति श्रुत्या सिद्धतया मङ्गलस्य अलौकिकत्वम्। यशोऽर्थादिकामनया विधीयमानस्य शास्त्रारम्भस्य रागतः प्राप्तत्वेन लौकिकत्वम्। ततश्च न लौकिकालौकिकयोः साक्षादङ्गाङ्गिभावः इति।

ननु प्रधानमेवास्तु इति चेत्तर्हि, इदं मङ्गलाकलनं कर्म नित्यं, नैमित्तिकं, काम्यं वा। तत्र न पूर्वम्, "यावज्जीवमग्निहोत्रं जुहोति, यावज्जीवमधीते विप्रः" इत्यादिवदस्य नित्यत्व-साधकप्रमाणाभावात्। यद्यपि यन्निमित्तफलसम्बन्धमन्तरेण विहितं कर्म तत् नित्यं, मङ्गले च तदभावात्तथात्वमिति चेदस्तु, तथापि यथा नित्यस्य अग्निहोत्रादेः ग्रन्थारम्भे नावश्यकर्त्तव्यता तथैव तादृशस्य अस्यापि अत्र नावश्यानुष्ठेयताप्रसक्तेः।

न मध्यम्। उपरागे स्नायादितिवत् शास्त्रारम्भे मंगलं कुर्यादित्यादिनिमित्तस्य असंकीर्तनात्। ननु आचाराच्च स्मृतिं बुध्वा स्मृतेश्च श्रुतिकल्पनमिति सिद्धान्तात् सदाचारा

---

१ (क) नाट्यप्रवर्तक-भरताचार्यमते अभिनवगुप्तपादाचार्यसमुद्भासिते शान्त एव प्रधानी-भूतो रसः, तदुक्तं-शान्ताद्भावाः प्रवर्त्तन्ते भिन्नहेतुसमाश्रयात्। भावो विकारो रत्यादिः शान्तस्तु प्रकृतिर्मतः। पुनर्निमित्तापाये तु तत्रैव परिलीयते। इति।

(ख) भवभूतिमते—**एको रसः** करुण एव निमित्तभेदाद्भिन्नः पृथक् पृथगिवाश्रयते विवर्त्तान्। इति।

(ग) नारायणमते, **रसे सारः चमत्कारः** सर्वत्राप्यनुभूयते। तच्चमत्कारसारत्वे सर्वत्राप्यद्भुतो रसः। तस्माददद्भुतमेवाह **कृती नारायणो रसमिति**।

(घ) महाराजभोजमते श्रृङ्गार एव एको रसः। श्रृङ्गारमेव रसनाद्रसमामनामः इति एवं रसैकत्ववादिनां **चत्वार एव पक्षाः**।

मधुसूदनी-विवृतिः।

नुमितस्मृत्या तादृशी श्रुतिः परिकल्प्यते इति चेत् न, दृष्टान्ताभावात्। सदाचारबलादेवमन्नीतस्य दृष्टान्तस्य क्वापि अनुपलम्भात्। अस्तु वा तथा। परन्तु तत्र अन्यस्य निमित्तस्य अनुपलम्भात् शास्त्रारम्भस्यैव निमित्तत्वं ततश्च निमित्तानन्तरं नैमित्तिकमितिनयात् शास्त्रारम्भोत्तरकालिकत्वं तस्य स्यान्नतु पूर्वकालिकत्वमिति तस्य नैमित्तिकत्वं नोपयुज्यते।

न चाप्युत्तरम्। तथाहि-काम्यत्वं फलाभिसम्बन्धाद् भवति। फलञ्च राजसूयादिवत् श्रुतम्,[१] रात्रिसत्रवदार्थवादिकम्,[२] विश्वजिन्न्यायेन साधारणम्,[३] नमस्कार्यदेवतामहिमसमालोचनया स्वेच्छाप्राप्तं, सामर्थ्यकल्पितञ्चेति पञ्चप्रकारम्।

तत्र न प्रथमम्–असम्भवात्। यत्र विधिरेव मृग्यः तत्र का फलश्रुतिप्रत्याशेति भावः। न द्वितीयम्–असति कार्पासे उद्धूलककलहवदसति विधौ अर्थवादस्यानवकाशे दुराशामात्रत्वात्तदुपगम्यफलविषये। नापि तृतीयम्—स्वर्गादिफलस्य शास्त्रारम्भे अप्रयोजकत्वात्। न चतुर्थम्-अयोग्यत्वात्। नमस्कार्यदेवतायाः निरंकुशशक्तिकतया यो यत्कामयते पुत्रादिक मन्यद्वा तत्सर्वं फलं स्वेच्छाप्राप्तम्, कीदृशः पुमानिदं कुर्यादिति अधिकारिणो नियमस्यानुक्तेः। ततोऽप्रकृतस्य पुत्रादिफलार्थस्य नमस्कारस्य शास्त्रारम्भे अनुष्ठानायोग्यत्वमेवेति भावः।

अथोच्येत सर्वोऽपि जनः नियमतः शास्त्रारम्भे मङ्गलमाकलयति इति तदाकलनान्यथानुपपत्त्या शास्त्रसमाप्तिप्रतिबन्धकदुरितोच्छेदे फलेऽवश्यं कल्पनीये सामर्थ्यात्तत्कामनैव फलमिति सामर्थ्यकल्पितं पञ्चममेवास्तु इति चेन्न। प्रतिबन्धकसन्देहे अधिकारिसन्देह इति मंगलाचरणप्रवृत्त्यभावप्रसङ्गात्। अर्थात् प्रतिबन्धकादृष्टस्य कार्यैकसमधिगम्यतया सम्प्रति सन्दिग्धत्वात् तदुच्छेदकानुष्ठाने पाक्षिकवैफल्यशङ्काकवलिते प्रवृत्तिरेव न स्यात्। एवञ्च उच्छेद्यस्य प्रतिबन्धकस्य सन्देहे तदुच्छेदकामनाया अधिकारिविशेषणभूताया सन्दिग्धत्वम् तस्माच्च तद्विशिष्टोऽधिकार्यपि सन्दिग्ध इति प्राप्ते सिद्धान्तं ब्रूमः—

काम्यमेवेदं मङ्गलाकलनं कर्म, न नित्यं, न नैमित्तिकम्, तर्हि किमधिकारिविशेषणमिति चेत्, अप्रतिबन्धं समाप्तिकामनैवेति गृहाण। एषोऽस्मिन्निर्यासः—दृश्यते हि लोके चौरव्याघ्रादिसन्देहेऽपि केवलं सम्भावनयैव तन्निवारकोपायप्रवृत्तिः, तद्वदिहापि प्रतिबन्धकसन्देहेऽपि केवलं सम्भावनयैव तदुच्छेदकामनाया अविरोधादधिकारिविशेषणसिद्धौ तदुच्छेदार्था प्रवृत्तिरुपपद्यत एवेति न पाक्षिकवैफल्यशङ्कालेशोऽपि सर्वप्रायश्चित्तार्थप्रवृत्तिवत्। तदुदीरितमुदयनाचार्यैः किरणावल्याम्; तत्सन्देहेऽपि तदुपादानस्य न्याय्यत्वात्, अन्यथा अनुपस्थित-परिपन्थिभिः पार्थिवैः द्विरदयूथपतयो नाद्रियेरन्। इति।

---

१ राजा राजसूयेन स्वाराज्यकामो यजेतेत्यादिषु स्वाराज्यादिफलश्रुतेः।

२ प्रतितिष्ठन्ति ह वै एता रात्रीरुपयन्तीत्यादिषु अर्थवादसन्निधौ ज्योतिर्गौरायुरिति त्र्यहा भवन्तीति विधिवाक्ये फलाश्रवणात्, फलमन्तरा विधायकश्रुतेरसङ्गतावश्यं फले कल्पनीये आर्थवादिकं प्रतिष्ठाख्यं फलं कल्प्यते।

३ विश्वजिदधिकरणे विश्वजिता यजेतेत्यत्र फलाश्रवणात् विधायकवाक्यस्यासङ्गतेरनायत्त्या फले कल्पनीये "स स्वर्गः सर्वान् प्रत्यविशिष्टत्वात्" इत्याचार्योक्तेरनुसन्धानेन सर्वाभिलषितः स्वर्गः फलं साधारणं निश्चीयते।

मभङ्गुरतनुत्विषां वलयिता शतैर्विद्युताम् ।

मर्मप्रकाशः

त्वेन च समुचितस्वेष्टदेवतावस्तुनिर्देशरूपं मङ्गलमाचरञ्शिष्यशिक्षायै व्याख्यातृश्रोतॄणामनुषङ्गतो मङ्गलाय च निबध्नाति—स्मृतापीति। कादम्बिनी मेघपङ्क्तित्वेनाध्यवसिता कृष्णमूर्तिः विलक्षणश्यामत्वात्सकलमेघकार्यकरत्वाच्च, अत एव मेघत्वेनाध्यासः। कापीत्यनेनात्र तद्धर्मसत्त्वेऽपि ततोधिककार्यकारित्वेन प्रसिद्धकादम्बिनीतो व्यतिरेकस्तत्र बोध्यते। मतिचुम्बिनी मतिविषयः भवत्विति प्रार्थने लोट्। व्यतिरेकपोषकं विशेषणत्रयम्। प्रसिद्धा सा

मधुसूदनी-विवृतिः।

ततश्च यत्र प्रबन्धे मङ्गलं न दृश्यते तत्र समाप्तिरूपकार्यावसेयतया न कृतमिति न, किन्तु न लिखितं, लेखनस्य अतन्त्रत्वात्। क्वचित् कृते तस्मिन् समाप्त्यभावस्तु क्रियावैगुण्यात्। अवैगुण्येऽपि क्रियायाः, प्रतिबन्धकप्रचयोऽवसेयः। यतः प्रचितस्यैव तस्य तदुच्छेदकत्वसम्भवात्, अतीक्ष्णानां कुठारधारापातानां सारवद्दारुच्छेदासामर्थ्येऽपि तीक्ष्णानामेव तेषां तादृशसामर्थ्यदर्शनात्। तथाच नेदं निर्मूलमेवाचरणं, दीपावलीमह इव आचारमूलत्वात्। आचाराच्च स्मृतिं बुध्वा स्मृतेश्च श्रुतिकल्पनमिति वृद्धपरम्परायाः।

कापीति। कापि विलक्षणा। अत्र किंशब्दोत्तरापिशब्दः स्वजातिमध्योत्कर्षम्, अनिर्वचनीयत्वम्, अद्भुतत्वञ्च प्रकाशयति। तच्च स्वसमभिव्याहृतपदार्थतावच्छेदकधर्मावच्छिन्नावधिकं वैलक्षण्यम्। एवं किंशब्दोत्तरः अपिः, तत्समभिव्याहृतः तत्समीपोच्चरितः पदार्थः कादम्बिनी, पदार्थतावच्छेदको धर्मः कादम्बिनीत्वं, तदवच्छिन्ना कादम्बिनी, तदवधिकं वैलक्षण्यं प्रसिद्धकादम्बिन्यपेक्षया स्वस्मिन् व्यतिरेकः इति सङ्गतिः। कादम्बिनी मेघमालात्वेन अध्यवसिता कृष्णमूर्तिः। अत्र रूपकातिशयोक्तिरलङ्कारः। उपमानवाचकपदज्ञानकरणकमुपमानतावच्छेदकरूपेण उपमेयस्य तादात्म्यज्ञानं रूपकातिशयोक्तिरिति लक्षणात्। विषयितासम्बन्धेन तस्य ज्ञानस्य अर्थनिष्ठतया अर्थालंकारत्वम्। अध्यवसायहेतुश्च विलक्षणश्यामत्वं यावन्मेघकार्यकर्तृत्वञ्च।

मदीयमतिचुम्बिनी मम मतिविषयः भवतु जायताम्, प्रार्थने लोट्। मदीयेत्यत्र तद्धितप्रत्ययः निरर्थकः, अतः मदन्तरवचुम्बिनीति समीचीनः पाठः प्रतिभाति। यद्यपि मदीयेति पाठे मम ग्रन्थकर्त्तुः मदीयानाञ्चेत्येवमुभयार्थलाभे संगतिः स्यात्तिथापि ग्रन्थकर्त्तुरेव प्रकृततया तथोक्तमिति ध्येयम्। नन्दिनी, लम्बिनी, इत्यादि चतुर्ष स्थानेषु इनीत्युपादानात् पदान्त्यानुप्रासः।

पादत्रयोपात्तविशेषणत्रयेण प्रकृतकादम्बिन्याः प्रसिद्धकादम्बिनीतो वैलक्षण्यमाह-स्मृतापीति। अत्र स्मृतेति भूतकालिकक्तप्रत्ययेन कादम्बिनीकर्त्तृकातपहरणस्य स्मरणोत्तरकालि-

बालक्रीड़ा

अविनश्वर-छबि-चपलाओंकी नित्य दीप्ति-माला-शाली॥

कलिन्दगिरिनन्दिनीतटसुरद्रुमालम्बिनी

मर्मप्रकाशः

तु दृष्टा, वर्षणद्वारा स्पृष्टा वा स्वाभाव्याद्वृषस्थभान्वातपान्यतापं केषांचिन्न तु सर्वेषां भूतभविष्यद्वर्तमानभेदेन हृतवती। इयं तु स्मृतापि। दृष्टादिसमुच्चायकोऽपिः। तरुणातपम्।

मधुसूदनी-विवृतिः।

कत्वं प्रकाश्यते तच्च नोत्कर्षाधायकम्। यदैव स्मर्यते तदैव तापोऽपोह्यत इति वैलक्षण्यस्य विवक्षणात्। न च धातुसम्बन्धे प्रत्यया इत्यनेन प्रधानक्रियाकाल एव गौणक्रियावोधकधातूत्तरं प्रत्ययस्य विधानात्। "वसन् ददर्श" "सोमयाजी अस्य पुत्रो भविता" इतिवत्समाधातुं शक्यमिति वाच्यम्, समानकर्त्तृकत्वाभावात्। तत्र यथा वसिदृश्योः भुजिभुव्योश्च एकः कृष्णः, पुत्रश्च कर्त्ता तथा प्रकृते नास्ति, स्मरतेर्नरः हरतेः कादम्बिनी कर्त्तेति भिन्नकर्त्तृकत्वात्तथा समाधानमसम्भवमिति भावः। अतः स्मर्यमाणापीति युक्तः पाठः। अथवा "आदि कर्मणि निष्ठा वाच्या" इति वार्तिकेण क्रियाया आदिक्षणे क्तप्रत्ययः। तथा च स्मरणप्रथमक्षण एव तापनिवारकत्वं सिद्धं भवति। प्रसिद्धा सातु वृष्टा कृताच्छादना वा इयं तु स्मर्यमाणापि किमुत साक्षात्क्रियमाणा स्पृश्यमाना वेति।

करुणयेति। प्रसिद्धायां तस्यां तु जडत्वात् करुणागन्धोऽपि नास्ति। इयं करुणया एकयैव न तु बहुभिः करुणाभिः; वारमेकमपि कारुण्येनालोकितमिदं जगत् सकलसम्पदो भूमिर्भवति इति भावः। तरुणं घोरमातपम् आध्यात्मिकाधिदैविकाधिभौतिकं दुखम्। प्रसिद्धा तु वृषराशिसंक्रान्तसूर्यातपापेक्षया भिन्नमातपम्। नृणां सर्वेषां मनुष्याणां न तु प्रसिद्धावत् एकस्य कस्यचिन्नरस्य। नृणामित्यत्र जन्मिनां प्राणिनामिति वा सम्यक् पाठः। गजगृध्रादीनामप्युद्धरणात् भगवत्पक्षे। मेघपक्षेऽपि वर्षणेन सर्वेषां तापोपशमः। हरन्ती न तु जहार हरिष्यति वा। अभङ्गुरेति। प्रसिद्धा तु क्षणिक-कान्तिविद्युता एकया सम्पर्कमात्रवती इयन्तु अभङ्गुरत्विषां विद्युतां शतैरनेकैः वलयिता परिमण्डलवती। अत्र तनुशब्दोऽधिकः। अभङ्गुरपदेन स्वभावगतभङ्गुरत्वराहित्यं द्योत्यते तेन नित्यत्वं भगवत्सहचरीणां विद्युत्वेन अध्यवसितानां गोपाङ्गनानां प्रकाश्यते। शतशब्दोऽनेकार्थः। यद्यपि विद्युत्कान्तेः क्षणिकत्वमेव, भङ्गशीलत्वं तु तृणादिपर्वतान्तेष्वपि इति विद्युतोऽसाधारणधर्माभावात्तदुपादानानर्हं तथापि क्षणस्य आब्रह्मकीटं सापेक्षतया इयान् कालः क्षणपदाभिधेय इति वक्तुमशक्यतया उक्तमपि साधु। कलिन्देति "अत्र गिरिस्थाने नगेति सानुप्रासः पाठः। कालिन्दी भगवतः कृष्णस्य प्रिया, तदुक्तं भागवते प्रथमस्कन्धे—

कालिन्द्युवाच

"अहं देवस्य सवितुर्दुहिता पतिमिच्छती।

बालक्रीड़ा

यमुना तटके सुरतरुवरका आलम्वन करनेवाली।

मदीयमतिचुम्बिनी भवतु कापि कादम्बिनी ॥
श्रीमज्ज्ञानेंद्रभिक्षोरधिगतसकलब्रह्मविद्याप्रपञ्चः

मर्मप्रकाशः

तमपि करुणया न तु यथाकथंचित्। नृणां सर्वेषां न तु केषांचित्। हरन्ती न तु जहार हरिष्यति वा। किं च सा भङ्गशीलतनुकान्तिविद्युता वेष्टिता। इयं तु चिरकालस्थायिशरीरकान्तीनां विद्युतां तत्त्वेनाध्यवसितानां गोपाङ्गनानां शतैर्न त्वेकद्वित्र्यादिभिर्वलयिता वेष्टिता। यद्वा 'धान्येन धनवान्' इतिवत्तृतीया। तद्भिन्नसंजातवलया। कलिन्दाख्यमहीधरोत्पन्नयमुनातीरे सुरद्रुमा नीपाः। तेषा तत्त्वं तु हरिप्रियत्वात् 'मणिद्वीपे नीपोपवनवति चिन्तामणिगृहे' इति लिङ्गाच्च बोध्यम्। यद्वा तीरमेव सुरद्रुमास्तत्त्वेन प्रसिद्धाः पञ्च तदाश्रयिका। सा तु वियत्सरण्याश्रयिकेति भावः। यद्वा कादम्बिनीत्वेनाध्यवसिता काली। सा च कृष्णमूर्तिः वृन्दावनाधिष्ठात्री देवता राधा वा विद्युत्त्वेनाध्यवसितास्तत्परिचारकदेव्यः। तृतीयविशेषणार्थस्तु स्पष्ट एवेति बोध्यम्। अत्र व्यतिरेकरूपकातिशयोक्त्योरङ्गाङ्गिभावाख्यः संकरः।

मधुसूदनी-विवृतिः।

विष्णुं वरेण्यं वरदं तपः परममास्थिता।"
"कालिन्दीति समाख्याता वसामि यमुनाजले"

सा च जलरूपेण आधिभौतिकशरीरेण प्रवहमाना मर्त्यलोकमध्यास्ते ततश्च तत्तटोत्पन्नद्रुमाणां स्वसंगिनीसृजां सुरद्रुमत्वेनालम्बनसुचितम्। कालिन्दीत्यनुक्त्वा तथा कथनं तस्याः प्रशस्त्यै अनुप्रासाय च।

कादम्बिनीति रूपकातिशयोक्तिः; साच कापीति निर्दिष्टेन व्यतिरेकेण, सच पादत्रयोपात्तविशेषणैः, अथ च तद्गतैः; स्मर्यमाणाऽपि किमुत साक्षात्क्रियमाणा, आतपम् आसमन्तात्तप्यतेऽनेनेति त्रिविधं दुःखं न तु केवलमुष्णत्वं, करुण्या न तु करुणाभिः, नृणामिति स्थावरजंगममात्रस्योपलक्षणं, हरन्ती न तु जहार हरिष्यन्तीतिरूपैः परिसंख्यानुप्राणितैः व्यतिरेकैः पोष्यते। एवं व्यतिरेकातिशयोक्त्योरङ्गाङ्गिभावसंकरः। व्यतिरेकाणां व्यतिरेकेण सहाप्यङ्गाङ्गिभावः। अतिशयोक्तेः वृत्त्यनुप्रासस्य च एकस्मिन् श्लोकरूपवाक्ये अवस्थानात् तिलतण्डुलन्यायात् शब्दार्थालङ्कारयोः संसृष्टिः।

श्रीमदिति। अन्ययस्य सरला सरणिः। अत्र स्वरूपस्य, अन्वयस्य, क्रमस्य, परस्मैपदस्य च प्रक्रमभेदः। तद्यथा-ज्ञानेन्द्रभिक्षुः गुरुः श्रीसहितो निर्दिष्टः, अन्ये च त्रयः महेन्द्रदेवशेषाङ्का गुरवः श्रीरहिता अतः स्वरूपस्य। आदावन्तेच गुणीकृता क्रिया, मध्ये

बालक्रीड़ा

मेरी मतिमें वास करो तुम सतत विलक्षण जलदाली ॥
श्रीशेषाङ्कतीर्थसे निर्मल शेषभणितिको आनी है।

काणादीराक्षपादीरपि गहनगिरो यो महेन्द्रादवेदीत् ।
देवादेवाध्यगीष्ट स्मरहरनगरे शासनं जैमिनीयं
शेषाङ्कप्राप्तशेषामलभणितिरभूत्सर्वविद्याधरो यः ॥
पाषाणादपि पीयूषं स्यन्दते यस्य लीलया ।

मर्मप्रकाशः

स्वोक्तेः कल्पितत्वनिरासाय स्वविद्यायाः सांप्रदायिकत्वसूचनाय च गुरुनतिं द्वाभ्यामाह—श्रीमदिति । श्रीः सरस्वती ब्रह्मवर्चसं वा ज्ञानेन्द्राख्ययतेः सकाशादित्यर्थः । पूर्वार्धे य इत्युभयत्रान्वेति । उत्तरार्धे य इति त्रिषु । प्रपञ्चे निखिलत्वोक्त्या लेशतोऽपि तदत्यागः सूचितः कणादाक्षपादाभ्यां प्रोक्ता गम्भीरवाण्यः । न्यायवैशेषिकशास्त्राणीति यावत् । देवादेव । एवः प्रसिद्धौ । खण्डदेवादेवेत्यर्थः । स्मरेति । काश्यां जैमिनिप्रोक्तं शास्त्रम् । शेष इत्यङ्क उपनाम यस्य तस्माद्वीरेश्वरपण्डितात्प्राप्ता शेषस्य पतञ्जलेरमला भणितिर्महाभाष्य-रूपा येन तादृशः । उपसंहरति—सर्वेति । एतेन तदितरशास्त्रवेदादिज्ञातृत्वं सूचितम् । अत्र य इत्यस्य तमित्युत्तरश्लोकेनान्वयः ॥

पाषाणादपीति । यच्चेष्टाविशेषेण जडादप्यमृतस्रावश्चेतनादिति तु किमु

मधुसूदनी-विवृतिः ।

प्रधानीभूता इत्यन्वयस्व । पूर्वं वेदस्य व्याकरणस्य पश्चान्न्यायवैशेषिकयोरन्ते च ब्रह्म-विद्याया इत्येनमध्ययनस्य क्रमः आवश्यकः सचात्र भेदं नीतः । तथा अधिगतेति अध्यगीष्टेति अधिपदयोः पुनरुक्तिः । परस्मैपदस्य च प्रक्रमभेदः तस्मादित्थमस्य रचना विधेया—

श्रीशेषाङ्कादविन्दत्सुविमलभणितीः पाणिनेः शेषसिद्धाः ।
काणादीराक्षपादीरपि गहनगिरः श्रीमहेन्द्रादवेदीत् ।
श्रीदेवादध्यवापत्स्मरहरनगरे शासनं जैमिनीयं
यः श्रीज्ञानेन्द्रभिक्षोः सकलसुचितिविद् ब्रह्मविद्यामचर्चीत् ।

शेषाङ्कः तादृशोपनामा वीरेश्वरपण्डितः । शेषः पतञ्जलिः तेन सिद्धाः व्याख्याताः । एतेन स्वविद्यायाः साम्प्रदायिकत्वं सूचितं तेन च मदुक्तौ श्रद्धा विधेयेति प्रकाश्यते ।

पाषाणादपीति । यस्य सर्वविद्याधरस्येत्यर्थः । एतन्महागुरुणा अन्वेतव्यम् । पाषाणादपि जडात् कठोरादपि किमुत चेतनात् सरसात् । एतेन स्वगुरोः माहात्म्यातिशयः

बालक्रीड़ा

गौतम कणादकी गहन सूक्तिको श्रीमहेन्द्रसे जानी है ॥
काशीमें श्रीखण्डदेवसे जैमिनि शास्त्र पढ़ा सुन्दर ।
श्रीज्ञानेन्द्र भिक्षुसे समझा ब्रह्मतत्व सब विधाधर ॥
जिसकी लीलाकेलिसे पत्थरसे अमरित चवे ।

तं वन्दे पेरुभट्टाख्यं लक्ष्मीकान्तं महागुरुम् ॥
निमग्नेन क्लेशैर्मननजलधेरन्तरुदरं
मयोन्नीतो लोके ललितरसगङ्गाधरमणिः ।
हरन्नन्तर्ध्वान्तं हृदयमधिरूढो गुणवता-

मर्मप्रकाशः

वाच्यम् । इत्यनेन महामहिमशालिता वर्णिता । तेन तन्मुखश्रवणमात्रेण पाषाणतुल्यस्य स्वस्य सकलविद्याविर्भावोऽनायासेन सूचितः । लक्ष्मीति तत्पत्नीनाम । यद्वा लक्ष्मीकान्तं विष्णुस्वरूपम् । सर्वविद्यानामेकस्मादेव लाभात्तत्र महत्त्वम् ॥

ततः किमत आह—निमग्नेनेति । युक्तिहेतुकानुचिन्तनरूपोदध्युदरमध्ये न तु यत्र क्वचित् क्लेशैर्न तु क्लेशेन । नितरां न तु यथाकथंचित् । मग्नेन मया जगन्नाथेन लोके भूलोक उन्नीत आनीतो ललितो रमणीयो रसगङ्गाधर एव मणिर्गुणवताम् । अनेन तद्रहितानामनादरेऽपि न क्षतिरिति सूचितम् ।

मधुसूदनी

उद्घोषितो भवति । तेन तत्प्रभावात् पाषाणसदृशस्य मम उक्तीनां पीयूषत्वं तदास्वादयितॄणां विदुषामविद्यातमोराहित्येन देवत्वं सुलभम् । अमृतान्धसो हि देवा इति श्रुतेः । कारणमुखेन कार्ये उत्कर्षद्योतनादप्रस्तुतप्रशंसालंकारः । पे भट्टेति पण्डितराजस्य पितुर्नाम । लक्ष्मीति तन्मातुः । गुरौ महत्वं च सर्वविद्यानामेकत्रावस्थानात् । अनयोरुभयोः पद्ययो रुदात्तालङ्कारः । यद्वापि प्रस्तुतस्याङ्गं महतां चरितं भवेदिति लक्षणात् ।

"पाषाणादपि पीयूषं स्यन्दते" इत्यस्य वचसः प्रस्तुतप्रबन्धसम्बद्धं फलं विज्ञपयितु-मिच्छुराह—निमग्नेनेति । स्वस्य पाषाणसदृशत्वात् क्लेशैरिति बहुतराः क्लेशाः सोढाः न तु एको द्विको वा क्लेशः सोढः । किन्तु गुरुप्रभावान्मणिरुद्धृत्य प्राकाश्यं नीतः । गलित-गर्वानिति । एतदध्येतॄणामन्यप्रणीतालंकारशास्त्रीया काठिन्यप्रयुक्ताऽस्पष्टता न भविष्यति इति भावः । अलंकारान् भूषणानि अथ च अलंकाराभिज्ञानित्यर्थः । क्वचित् विषय-मुखेनाऽपि विषयिणो निर्देशो भवतीति सिद्धान्तात् । ततश्च परप्रणीतालंकारवेत्तॄणां यो हि गर्वः वयमेव आलङ्कारिकाः इति एतद्विदुषां गुणिनां समक्षं गलितो भविष्यति इति भावः । ननु अत्र जलधौ क्लेशैर्निमग्नेन मया उन्नीत इति क्लेशबाहुल्यमुच्यते, उत्तरत्र रसगङ्गाधरनाम्नीं करोति कुतुकेनेति पद्योत्यः, क्लेशलेशोऽपि नादरिष्यते ।

बालक्रीड़ा

उस लक्ष्मीपति पेरु गुरु को यह माथ नवे ।
महाक्लेशसे डूबकर मनन जलधिके माह ॥
रस गङ्गाधररत्नको मैंने पाया; थाह ॥
मैंने पाया थाह, सुगुणिजन हृदय पधारा ।
दूर किया अँधियार विषमहि सभी सँवारा ॥

मलंकारान्सर्वानपि गलितगर्वान्रचयतु ॥
परिष्कुर्वन्त्वर्थान् सहृदयधुरीणाः कतिपये
तथापि क्लेशो मे कथमपि गतार्थो न भविता ।

मर्मप्रकाशः

हृदयमधिरूढः स्वान्तं प्रविष्टः । असाधारणधर्ममाह—अन्तरिति । ग्रन्थपक्षे साहित्यविषयमज्ञानम् । मणिपक्षे तु स्पष्टमेव । अलंकारान्भूषणानि तच्छास्त्राणि वा सर्वानपि न तु कांश्चित् । गलितः स्वयमेव च्युतो नष्टो गर्वो येषां तान् रचयतु करोत्वित्यर्थः ॥

ननु तादृशार्षग्रन्थैनैव निर्वाहे किमित्यपूर्वोऽयं ग्रन्थोऽत आह—परीति । केचन काव्यवासनावासितान्तःकरणश्रेष्ठा अर्थानार्षानलंकारादीन् परिष्कुर्वन्तु, तथापि तैस्तथा कृतेऽपि मे क्लेशो रसगङ्गाधररचनरूपः कथमपि स्वल्पतोऽपि गतार्थ

मधुसूदनी

एवमामुख एव परस्परविरुद्धोक्त्या अप्रामाणिकत्वं ग्रन्थस्य, तत्कर्तुश्च सूच्यत इति चेन्न । प्रथमोक्तिः स्वस्य प्रस्तावोचितविषयाणां मननेनोन्नायने क्लेशबाहुल्यसूचनाय । चरमोक्तिश्च मननादुन्नीतस्य परस्मै बोधने आयासाभावप्रकाशनाय । अत एव करोति इति परस्मैपदस्य, मननतरितीर्णविद्यार्णवस्येत्यत्र भूतकालिकतीर्णपदस्य च प्रयोगः । मया स्वेन तु दुस्तर-विषयाणां मननेन उन्नायने क्लेशोऽवश्यमनुभूतः परं मननोत्तरं दृढमुन्नीतानां परस्मै बोधने मम क्लेशलेशोऽपि नास्तीति । अस्य ग्रन्थस्य लोकोत्तरकार्यकारित्ववर्णनादुदात्ता-लंकारः । प्रसिद्धमणेरपेक्षया अस्मिन् मणौ वैलक्षण्यम् । स तु मणिः मूर्खाणामपि, अयं तु गुणवतामेव हृदयमधिरोहति । तत्रापि स बहिःस्थं ध्वान्तमयन्तु अन्तःस्थम् । इति व्यतिरेकः । सर्वान् गर्वान् इति छेकानुप्रासः ।

ननु भवानपि प्राचीनाचार्यप्रणीतप्रबन्धाध्ययनोत्तरमेव अलंकारान् सर्वानपि गलितगर्वान् रचयतु इति कथनसमर्थः तथा परेऽपि भविष्यन्तीति किन्ते नवीनग्रन्थ-प्रणयनप्रयासेनेत्यत आह-परिष्कुर्वन्त्विति । यथा तिमीन्द्रसंक्षुब्धरत्नाकरात् न हि केऽपि रत्नान्यवापुः प्रत्युत भयात्ततः सर्वोऽपि लोको विद्रवत्येव एवमेव कतिपयसहृदयधुरीणकर्तृकपरिष्कारसद्भावेऽपि विषमात्साहित्यपाथोनिधेः नहि केनाऽपि रत्नानि प्राप्तुं शक्यन्ते । अतः मन्दराचलीयप्रयासवत् लोकहितकारी मदीयप्रयासः

बालक्रीड़ा

आलँकारिक वस्तु अरु आलँकारिक शास्त्र ।
गलितगर्व सब ही भये जब यह उदित सभास्त्र ॥
करें परिष्कृत अर्थको कतिपय हृदय धुरीण ।
तदपि क्लेश मेरा कभी होगा नहीं विलीन ॥
होगा नहीं विलीन, विषय यह सीधा साधा ।

तिमीन्द्राः संक्षोभं विदधतु पयोधेः पुनरिमे
किमेतेनायासो भवति विफलो मन्दरगिरेः ॥
निर्माय नूतनमुदाहरणानुरूपं
काव्यं मयात्र निहितं न परस्य किंचित् ।

मर्मप्रकाशः

श्चरितार्थो न भविता। भविष्यतीति 'वाच्ये' भवितेत्यनेनेदं सूचितम्, स्वग्रन्थकरणकाले स्वतुल्यपण्डितसत्त्वेन तेषां गतार्थत्वेऽप्यग्रिमाणामल्पबुद्धीनां न गतार्थत्वम्। अत एव केचन सहृदयधुरीणा इत्युक्तमिति। उक्तमर्थमर्थान्तरोपन्यासेन द्रढयति—तिमीन्द्रा मत्स्यविशेषश्रेष्ठाः पुनर्भूयः सम्यङ्न तु यथाकथंचित्क्षोभमालोडनं कुर्वन्तु। एतेन तत्कर्तृकेन तेन मन्दराचलप्रयासो विफलो निष्फलः किं भवति। अपि तु नेति। तिमीन्द्राणां तत्रत्यरत्नालाभेपि देवानां तल्लाभात्तत्करणेन साफल्यमिति भावः॥

इतरग्रन्थतो विशेषान्तरमाह—निर्मायेति। उदेति। तत्तदलंकारादिलक्ष्यत्वयोग्यं काव्यं भामिनीविलासाख्यम्। अत्र रसगङ्गाधरग्रन्थे लेशतोऽपि परकीयत्वाभावायाह—न परस्येति। निहितमित्स्यानुषङ्गः। पूर्ववदाह—किमिति सुमनसां पुष्पाणाम्। गन्ध आमोदः, कस्तूरिकावतेति वाच्ये जननशक्तीत्यनेन

मधुसूदनी

आवश्यकः सफलश्चेति भावः। अत्र गतार्थो व्यर्थो न भविता अर्थात् सफलः, विफलः किम् विफलो न भविष्यतीत्यर्थतया सफलः। एकस्य साधारणधर्मस्य सफलत्वस्य पूर्वार्द्धोत्तरार्द्धरूपवाक्यद्वये भिन्नाभ्यां शब्दाभ्यामुपादानात्, सामान्यस्य द्विरेकस्य यत्र वाक्यद्वये स्थितिः। प्रतिवस्तूपमा तु सेतिलक्षणा प्रतिवस्तूपमालङ्कृतिः। गतः समाप्तः अर्थः प्रयोजनं यस्य स गतार्थः प्रयोजनरहितः। स प्रयोजनरहितो न अर्थात् सप्रयोजनः सफलः इत्येवं प्रतियोगिनोरभेदे तदभावयोरपि अभेद इति- मर्म।

ननु सर्वोऽपि परेभ्यो व्युत्पद्यते तवापि सैव गतिस्ततः परोक्तीः क्वचिदपचित्य क्वचिदुपचित्य लिखतस्ते नापरं वैलक्षण्यमित्यत आह-निर्माय नूतनमिति। प्राच्यैः सर्वैरपि प्रस्तावानुकूलानि परकीयान्येव पद्यानि उद्दध्रिरे मया तु लेशतोऽपि तानि नोदटङ्कि्षत।

बालक्रीड़ा

सद्भावाद् हेतोः तच्छरीरावच्छेदेन भोग-साधकानि सर्वाण्यपि अदृष्टानि यदा लब्धानि, तदा प्रतिभाजनकमदृष्टं लब्ध्वैव तेन तत्राजनि। फलोपधायककारणसद्भावे कार्येणावश्यं स्थेय-मिति कृत्वा ताभ्यां प्रागपि तस्याः सत्ता मान्या, सुतरां तेन काव्यं निर्माणीयं किन्तु न निर्मीति । सिद्धमतो यत् व्युत्पत्यभ्यासाभ्यां सा जनिता न तु अदृष्टेन । इति ।

पुनः शंकते–न चेति । तत्र व्युत्पत्त्यभ्यासप्राक्कालिकादृष्टस्थितिस्वीकारस्थले प्रति-बन्धकमवरोधकम् अदृष्टान्तरं द्वितीयमदृष्टं; काव्यं न निर्मिमीते इति निर्माणाभाव-रूपफलानुरोधेन कल्प्यमनुमानीयम् । अर्थात् प्रतिभोत्पादकमदृष्टं वर्त्तते परं तत्रैव तद्विरोधि प्रतिबन्धकमपि अदृष्टान्तरं वर्त्तते ततो प्रतिभा नोदिता कारणाभावाच्च कार्यं न जातम् इति वाच्यम् । तादृशेति । तादृशमुत्पादकं प्रतिबन्धकं च । अनेकस्थलगतम् अनेक व्यक्तिनिष्ठम् । इदं हृदयम् । "केवलमदृष्टमेव कवितायाः कारणमस्तु" इति स्वीकारे

बालक्रीड़ा

भोग का जनक अदृष्ट तो उसको मिला ही है । तब व्युत्पत्ति अभ्यास के पहले भी उसकी सत्ता माननी पड़ेगी । सुतरां उसे काव्यनिर्माण करना चाहिए था । किन्तु पहले नहीं करता था इससे सिद्ध है कि उस समय उस व्यक्ति में व्युत्पत्ति एवं अभ्यास से प्रतिभा उत्पन्न हुई है न कि अदृष्ट से ।

नहीं, ऐसी बात नहीं है । व्युत्पत्ति एवं अभ्यास के पहले भी प्रतिभा जनक अदृष्ट रहा परन्तु उसी समय प्रतिवन्धक अदृष्ट भी रहा अतः प्रतिभा कार्यक्षम नहीं थी । किन्तु जब व्युत्पत्ति एवं अभ्यास को अर्जन करने के लिए श्रम किया तब उस श्रमजन्य दुःख के भोग से वह पाप रूप प्रतिवन्धक नष्ट हो गया तब प्रतिभा उत्पन्न हो गई ।

यहाँ का तत्व यह है कि केवल अदृष्ट को कारण मानने में झगड़ा पड़ता है । ५ वर्ष की अवस्था में या १० वर्ष की अवस्था में या १५ वर्ष की अवस्था में ही क्यों उस व्यक्ति को देवता का प्रसाद मिला या किसी महापुरुष का प्रसाद मिला ऐसी शंका होने लगेगी । तब कहना होगा कि इतने समय तक प्रतिवन्धक अदृष्ट रहा । और मन्त्रानुष्ठान जनित श्रम या महापुरुष सेवा जनित श्रम के भोग से वह पापादृष्ट शान्त हुआ । तब प्रसाद मिला ।

ऐसा मानेंगे तो आपको अनेक स्थल में पाप-पुण्य रूप अदृष्ट द्वय की कल्पना करनी पड़ेगी । (कार्य-मात्र के प्रति प्रतिबन्धकाभाव कारण है ही) एक तो देवतादिप्रसाद स्थल में अदृष्ट द्वय की कल्पना दूसरी तद्विरहितस्थल में अदृष्टद्वय की कल्पना । ऐसे बहुत से स्थलों

लाघवात् । अतः प्रागुक्तसरणिरेव ज्यायसी । तादृशादृष्टस्य तादृशव्युत्पत्त्यभ्यासयोश्च प्रतिभागतं वैलक्षण्यं कार्यतावच्छेदकम्, अतो न व्यभिचारः ।

मर्मप्रकाशः

नन्वेवं प्रतिभाकार्यककार्यकारणभावे व्यभिचारोऽत आह-तादृशेति । केवले-

मधुसूदनी

महद्गौरेवं स्यात् । यतो हि केनचिद्बालेन पञ्चमे, केनचिद्दशमे, केनचित्पञ्चदशे हायने प्रतिभोदयहेतुः देवतायाः महापुरुषादेर्वा प्रसादोऽलम्भि । तत्कस्य हेतोः ? वक्तव्यं स्यात् एतावत्कालं प्रतिबन्धकमासीत् । प्रतिबन्धकाभावश्च कार्यमात्रं प्रति कारणम्, कार्यसमानाधिकरणाभावाप्रतियोगित्वे सति कार्यव्यापकत्वस्य कारणत्वात् । यदा तेन मंत्रानुष्ठानं, महापुरुषादेश्च सेवा वा कृता तेन च तच्छ्रमजन्यदुःखानां भोगात् पापरूपस्य प्रतिबन्धकादृष्टस्य नाशो जातः तदा प्रसादो मिलितः प्रतिभोदिता । एवञ्च लब्धदेवताप्रसादकव्यक्तौ, तद्भिन्नव्यक्तौ च अनेकेषु स्थलेषु पुण्यपापरूपयोः जनकप्रतिबन्धकयोरदृष्टयोः कल्पना गले पतिता स्यात्, तदपेक्षया सर्वैः क्लृप्ताभ्यां प्रतिबन्धकादृष्टनाशकतया निपुणताभ्यासाहितश्रमजन्यदुःखं पापध्वंसे कारणम्मित्येवंरूपतयाऽऽचार्यैः स्वीकृताभ्यां व्युत्पत्त्यभ्यासाभ्यामेव प्रतिभोदेतु; लाघवं स्यात् । तद्भिन्नव्यक्तिश्च कियन्तं कालं काव्यं कर्त्तुमशक्नुवन् निरन्तरमुद्योगावर्जितव्युत्पत्त्यभ्यासाभ्यां लब्धप्रतिभः । इति ।

देवतादिप्रसादजन्यमदृष्टमिति, केवलान्महापुरुषप्रसादादपि प्रतिभोत्पत्तेरिति द्विधोल्लेखात् द्विविधो व्यवहारः प्रसादजन्यमदृष्टमिति प्रसाद एव अदृष्टमिति च ।

तादृशादृष्टस्येत्यत्र तादृशत्वं केवलत्वम् । तादृशव्युत्पत्त्यभ्यासयोरित्यत्र तादृशत्वं-विलक्षणत्वम् । वैलक्षण्यं जातिरूपम्, अखण्डोपाधिरूपम्, अदृष्टासहकृतत्वरूपं वा । एष

बालक्रीड़ा

में दो दो अदृष्टों के कल्पना की अपेक्षा श्रमजनित दुःखों का भोग कराकर पाप रूप प्रतिबन्धक को नष्ट करने के लिए क्लृप्त माने गये व्युत्पत्ति और अभ्यास को ही प्रतिभा का कारण मानने में सुविधा रहेगी । अतः हमने जो कहा सो ठीक है ।

जब तादृश अनेकस्थल में पुण्यपाप रूप आदृष्टद्वय पद में तादृश पद का अन्वय अनेकस्थल पद के साथ करना होता है । तब तादृश पद का अर्थ है देवतादिप्रसादस्थल या तद्विरहित स्थल । और जब तादृश पद का अन्वय अदृष्ट से होता है तब तादृश पद का अर्थ है व्युत्पत्ति एवं अभ्यास के पहले प्रतिभा का उत्पादक, तथा उसका प्रतिबन्धक अदृष्ट है । प्रसादादि से अदृष्ट पैदा होता है या प्रसाद ही अदृष्ट है । दोनों ही व्यवहार होता है प्रसादादिजन्यमदृष्टं, केवलान्महापुरुषप्रसादादपि प्रतिभोत्पत्तेः ऐसा दो प्रकार का लेख है ।

जो कुछ काल तक काव्य करने में असमर्थ रहा बाद में व्युत्पत्ति एवं अभ्यास के बदौलत उत्पन्न प्रतिभा से काव्य करने लगा वह व्यक्ति तद्विरहित स्थल है ।

प्रतिभात्वं च कवितायाः कारणतावच्छेदकं प्रतिभागतवैलक्षण्यमेव वा विलक्षणकाव्यं प्रति इति नात्रापि सः। न च सतोरपि व्युत्पत्त्यभ्यासयोर्यत्र

मर्मप्रकाशः

त्यर्थः। तथा च विजातीयप्रतिभां प्रति तत्कारणं, विजातीयप्रतिभां प्रति ताविति न दोष इति भावः। नन्वेवमपि प्रतिभाकारणककार्यकारणभावे व्यभिचार एवात आह-प्रतिभात्वं चेति। प्रागुक्तंसामान्यरूपमित्यर्थः। नन्वेवमप्येकप्रतिभातोऽपरमपि काव्यं स्यादत आह—प्रतिभागतेति। अत्रापीति। द्वितीयकार्यकारणभावेऽपि न

मधुसूदनी

निर्यासः। अदृष्टात् प्रतिभोदेति। व्युत्पत्त्यभ्यासाभ्यां च सोदेति। अतः यत्र २ प्रतिभा तत्र २ अदृष्टमिति। अथवा यत्र २ प्रतिभा तत्र २ व्युत्पत्त्यभ्यासौ इति वक्तुं न शक्यते। तदतिरिक्तकारणात्तदुत्पत्तेः। फलतः प्रतिभाकार्यमाश्रित्य अदृष्टादौ यः कार्यकारणभावस्तत्र अदृष्टाभावे प्रतिभाभावः, अथ च व्युत्पत्त्यभ्यासाभावे प्रतिभाभावः इति वक्तुमशक्यतया व्यतिरेकव्यभिचार आपतति। तन्निवारणोपायस्यावश्यकर्त्तव्यतया सामान्यरूपं प्रतिभात्वं कार्यतावच्छेदकं विहाय प्रतिभागतं वैलक्षण्यं कार्यतावच्छेदकम्। अर्थात् अदृष्टादिनिष्ठ-कारणतानिरूपिता या प्रतिभानिष्ठा कार्यता तादृशकार्यतायां अवच्छेदकं विलक्षणत्वम्। एवञ्च विलक्षणां प्रतिभां प्रति तत्, विलक्षणां तां प्रति तौ कारणमिति निष्कर्षः। व्यतिरेकव्यभिचारो निरस्तः।

कविताया इति कवितां काव्यं प्रति अदृष्टजन्यप्रतिभात्वेन, व्युत्पत्त्यभ्यासजन्यप्रतिभात्वेन वा कार्यकारणभाव इति। नन्वेवमपि प्रतिभातः काव्योत्पत्तौ तयोः कार्यकारणभावे व्यतिरेक-

बालक्रीड़ा

तादृशादृष्टस्य में तादृशत्व केवलत्व। और तादृशव्युत्पत्त्यभ्यास में तादृशत्व विलक्षणत्व है।

अदृष्ट से भी प्रतिभा उत्पन्न होती है व्युत्पत्ति एवं अभ्यास से भी प्रतिभा उत्पन्न होती है। ऐसी अवस्था में जहाँ २ प्रतिभा है वहाँ २ अदृष्ट है ऐसा नियम नहीं कर सकते हैं। क्योंकि व्युत्पत्ति एवं अभ्यास से भी तो प्रतिभा उत्पन्न होती है। जहाँ २ प्रतिभा है वहाँ २ व्युत्पत्ति एवं अभ्यास है यह भी नहीं कह सकते हैं, क्योंकि अदृष्ट से भी तो प्रतिभा उत्पन्न होती है। फलतः प्रतिभाकार्यककार्यकारणभाव में अदृष्टाभावे प्रतिभाभावः, अथ च व्युत्पत्त्यभ्यासाभावे प्रतिभाभावः यह नहीं कह सकने से व्यतिरेक व्यभिचार हो जायगा। अतः सामान्यतः प्रतिभात्व को कार्यतावच्छेदक न मानकर प्रति-भाओं में रहनेवाले विलक्षणत्व को कार्यतावच्छेदक माना। इसका फल हुआ कि विलक्षण प्रतिभा के प्रति अदृष्ट कारण है और विलक्षण प्रतिभा के लिए व्युत्पति एवं अभ्यास कारण है। इस तरह व्यभिचार दोष हट गया।

कविता के प्रति अदृष्टजन्य प्रतिभा या व्युत्पत्ति एवं अभ्यासजन्य प्रतिभा कारण है। इस तरह से भी प्रतिभा के और काव्य के कार्यकारण भाव में व्यतिरेक व्यभिचार

न प्रतिभोत्पत्तिस्तत्रान्वयव्यभिचार इति वाच्यम्। तत्र तयोस्तादृशवैल-

मधुसूदनी

व्यभिचारः स्यादेव, यतो हि इतरप्रतिभाभावेऽपि तदितरप्रतिभातः काव्योत्पत्तेः सद्भावात्, प्रतिभाभावे काव्याभाव इत्येवं वक्तुमशक्यम् ततश्च कवितायाः कारणतावच्छेकं प्रतिभात्वं मनुताम् ।

ननु अदृष्टोत्पन्ना प्रतिभा भिन्ना, व्युत्पत्त्यभासोत्पन्ना सा भिन्ना अतः प्रतिभाविशेषरूपः पदार्थः किन्तु तयोर्गतं प्रतिभात्वं सामान्यरूपम् । ततश्च कारणतावच्छेदकप्रतिभात्वस्योभयत्र सद्भावात् । ताभ्यामुत्पन्नप्रतिभाऽपि अदृष्टोत्पन्नप्रतिभाजननयोग्यं काव्यं समुत्पादयतु किं निवारकमत आह—प्रतिभागतवैलक्षण्यमेवेति । अत्रापीति । पूर्वं यथा प्रतिभा कार्यककार्यकारणभावे वैलक्षण्यं कार्यतावच्छेदकं स्वीकृतं व्यभिचारो निरस्तः तथा अत्रापि प्रतिभाकारणककार्यकारणभावेऽपि तदेव कारणतावच्छेदकं स्वीक्रियतामिति हेतोः स व्यभिचारो न भविष्यति । फलतः विलक्षणकार्यं विलक्षणकारणाद् भवत्येव ।

ननु निरस्यतां व्यतिरेकव्यभिचारः । परं तत्सत्वे तत्सत्त्वमित्येवंरूपस्य अन्वयस्य व्यभिचारः तत्सत्वेऽपि तदभावरूपोऽस्त्येव । यतो दृश्यते लोके व्युत्पत्तिरपि श्रमेण अर्जिता अभ्यासोऽपि निरन्तरं कलितः तथापि प्रतिभा नोदेति इत्यतः शंकासमाहिती आह—न चेति । तत्रेति । तत्र व्यक्तिविशेषे । तौ व्युत्पत्तिः अभ्यासश्च तादृशविलक्षणौ प्रमाणसिद्धौ

बालक्रीड़ा

हो जायगा । क्योंकि विलक्षण प्रतिभा के अभाव में भी अन्य विलक्षण प्रतिभा से काव्य का उद्भव हो जायगा । तव प्रतिभाभावे काव्याभावः ऐसा आप नहीं कह सकते हैं । इसलिए व्यभिचार दोष को हटाने के लिए कविता का कारणतावच्छेदक प्रतिभात्व मान लेना चाहिए ।

इस पर कहते हैं कि फिर भी झगड़ा है । क्योंकि अदृष्ट से उत्पन्न हुई प्रतिभा दूसरी है और व्युत्पत्ति एवं अभ्यास से उत्पन्न हुई प्रतिभा दूसरी है इस तरह प्रतिभा एक विशेष पदार्थ है किन्तु उन दोनों में रहने वाला प्रतिभात्व सामान्य रूप है । तब प्रतिभात्व रूप कारणतावच्छेदक के रहने से उन दोनों से उत्पन्न प्रतिभा से भी; अदृष्टोत्पन्न प्रतिभा से पैदा होने योग्य काव्य की उत्पत्ति हो जाय कौन रोकेगा । इस वास्ते कहा कि प्रतिभागत विलक्षणत्व को विलक्षण काव्य के प्रति कारणतावच्छेदक मान लेने से यहां पर भी अर्थात् यह तो जब प्रतिभा को कार्य मान कर जो कार्यकारणभाव माना था तब जैसे विलक्षणत्व तद्भिन्नत्व को कार्यतावच्छेदक मानने से व्यभिचार हट गया था उसी तरह प्रतिभा को कारण मान कर जो कार्यकारणभाव मान रहे हैं उसमें भी विलक्षणत्व तद्भिन्नत्व को कारणतावच्छेदक मान लीजिए दोष नहीं रहेगा । सारांश विलक्षणकारण से विलक्षणकार्य होता ही है ।

अच्छा । व्यतिरेक व्यभिचार हट गया । परन्तु अन्वय व्यभिचार तो फिर भी रह गया । क्योंकि देखते हैं कि बड़े श्रम से व्युत्पति पैदा की और अभ्यास भी निरन्तर किया परन्तु प्रतिभा उत्पन्न नहीं हुई । इस शंका का समाधान कहते हैं । जिस व्यक्ति

क्षये मानाभावेन कारणतावच्छेदकानवच्छिन्नत्वात्। पापविशेषस्य तत्र प्रतिबन्धकत्वकल्पनाद्वा न दोषः। प्रतिबन्धकाभावस्य च कारणता समुदितशक्त्यादित्रयहेतुतावादिनः, शक्तिमात्रहेतुतावादिनश्चाविशिष्टा। प्रतिवादिना मन्त्रादिभिः कृते कतिपयदिवसव्यापिनि वाक्स्तम्भे बिहितानेकप्रबन्धस्यापि कवेः काव्यानुदयस्य दर्शनात्।

मर्मप्रकाशः

व्यभिचार इत्यर्थः। ननु वैलक्षण्यमदृष्टासहकृतत्वरूपमेवोक्तं तच्च तत्रास्त्येवेत्यत आह—पापेति। नन्वेवमिदमेव गौरवमत आह—प्रतीति। एवं च कार्यमात्रं प्रति प्रतिबन्धकाभावस्य कारणतायाः क्लृप्तत्वेन काव्यं प्रति यथोभाभ्यां स्वीक्रियते तथात्रापीति न मेऽधिककल्पनजगौरवमिति भावः। समुदितहेतुवादिमते तत्स्वीकार आवश्यक इत्याह—प्रतिवादीति। विहितेति। कृतानेककाव्यस्यापीत्यर्थः।

मधुसूदनी

न स्तः यादृशौ प्रतिभाकारणतया अपेक्षितौ ततः व्युत्पत्यभ्यासनिष्ठकारणताया अवच्छेदकेन विलक्षणत्वेन अवच्छिन्नत्वं विशिष्टत्वं व्युत्पत्यभ्यासयोर्नास्ति। अतो न व्यभिचारः।

ननु पूर्वं "तस्याश्च हेतुः क्वचिद् विलक्षणौ तौ" इत्यत्र विलक्षणत्वं नाम अदृष्टासहकृतत्वमुक्तं; तच्च तत्र स्थलेऽस्त्येवातः तयोः कारणतावच्छेदकेन विलक्षणत्वेन अवच्छिन्नत्वमेव न तु तेनानवच्छिन्नत्वमित्यत आह—पापेति। तत्र प्रतिभोत्पत्तौ पापविशेषः इह जन्मार्जितः पूर्वजन्मार्जितो वा अदृष्टविशेषः प्रतिबन्धकः कल्पनीयः अनुमातव्यः, तस्मान्न दोषः।

नन्वहमदृष्टं केवलं प्रतिभायाः कारणं मन्वे, भवानदृष्टमेकं कारणम्, व्युत्पत्यभ्यासौ पापविशेषाभावश्च कारणं मनुतेऽतः गौरवं स्यादत आह—प्रतीति। न हि प्रतिबन्धकाभावस्य कारणता काल्पनिकी एव, प्रत्यक्षसिद्धा अपि, इति साधयितुमाह—प्रतिवादीति। बहुशोऽनुभूतं यस्य कवितानिर्माणं बहुभिः बहुत्र स्थलेषु परं तस्यैव यदि कदाचिद् शास्त्रार्थसमये सभायां प्रतिवादिना मंत्रादिभिः वाक्स्तम्भे विहिते सति यदा काव्यं नोदेति तत्र किं कारणं; ननु वक्तव्यं तत्र कश्चित्प्रतिबन्धकोऽस्ति। तदभावे हि काव्यमुदियादेवेति भावः।

बालक्रीड़ा

ने वे दोनों कमाये, उसमें वे जिस रूप में प्रतिभा के कारण बनने के लिए अपेक्षित हैं वैसे वे दोनों प्रमाण सिद्ध नहीं है। अतः व्युत्पत्ति एवं अभ्यास में रहने वाली कारणता के अवच्छेदक विलक्षणत्व से अवच्छिन्नता उन में नहीं है। अतः व्यभिचार नहीं है। पहले आपने कहा था कि प्रतिभा का कारण कहीं अदृष्ट है। कहीं विलक्षण व्युत्पत्ति एवं अभ्यास दोनों कारण है। वहां विलक्षणता का अर्थ है अदृष्टासहकृतत्व। ऐसी विलक्षणता यहां है ही तब क्या कहते है कि ये कारणतावच्छेदक विलक्षणता से अनवछिन्न हैं याने व्युत्पत्ति एवं अभ्यास उससे अवच्छिन्न नहीं है; वे तो हैं ही। इस पर कहते हैं कि वहां प्रतिभा के उत्पन्न नहीं होने का कारण पाप विशेष प्रतिबन्धक है ऐसा अनुमान करिये।

तच्चोत्तमोत्तमोत्तममध्यमाधमभेदाच्चतुर्धा ।
शब्दार्थौ यत्र गुणीभावितात्मानौ कमप्यर्थमभिव्यङ्क्तस्तदाद्यम् ॥

मर्मप्रकाशः

तच्चेति । काव्यं चेत्यर्थः । शब्दार्थाविति । गुणीभावितात्मानौ शब्दार्थौ यत्र कमप्यर्थमभिव्यंक्त इत्यन्वयः । भूमिं निदानम् । व्यंग्यपदस्योभयत्र संवन्धः । एवमग्रेऽपि ।

मधुसूदनी

तच्च काव्यं च । काव्यप्रकाशोक्तस्य अवरकाव्यस्यैव अर्थालंकारघटितस्य मध्यम-काव्यत्वम्, शब्दालंकारघटितस्य अधमकाव्यत्वमाश्रित्य भेदद्वयेन चतुर्धा विभक्तम् ।

गुणीभावितः उपसर्जनीकृतः न तु गुणीभूतः अर्थात् तत्र व्यङ्ग्ये एतादृशः चमत्कारः

बालक्रीड़ा

इस पर वादी कहता है कि मैं तो केवल अदृष्ट को प्रतिभा का कारण मानता हूँ आप तो अदृष्ट एक स्वतन्त्र कारण मानते हैं ही, व्युत्पत्ति अभ्यास तथा पापविशेषा-भाव को भी कारण मानते हैं इस तरह अभाव घटक अदृष्ट को और अधिक कारण मानना पड़ा । वड़ा गौरव आपको हो गया । इसका उत्तर ग्रन्थकार देते हैं कि प्रतिवन्धका-भाव कार्यमात्र के प्रति कारण है । अतः इसकी कारणता समुदित शक्त्यादि तीनों को कारण मानने वाले के मत में और एक प्रतिभामात्र को कारण मानने वाले के मत में समान है तव गौरव चर्चा कैसी ?

प्रतिवन्धकाभाव की कारणता केवल कल्पना की वात नहीं है किन्तु प्रत्यक्ष सिद्ध है । क्योंकि देखा जाता है कि प्रतिवादी के द्वारा मंत्रादि बल से कुछ दिन के लिए वाक्स्तम्भ करने पर अनेक प्रबन्धों के निर्माण करने वाले कवि भी काव्य का निर्माण नहीं कर सकते हैं ।

तत् माने वह काव्य । काव्य प्रकाश में जो अर्थचित्र और शब्दचित्र दो भेदों वाला अवर नामक काव्य का भेद माना था उसी को यहाँ पण्डित राज ने मध्यम एवं अधम नाम क्रमशः दिये हैं ।

गुणीभावित अर्थात् वह गुण है नहीं किन्तु उसको गुण किया गया । सारांश यह है कि वहाँ व्यंग्य में ऐसा चमत्कार है जिसके प्रभाव से उपाय भूत जनक शब्द और अर्थ ने अपने को अप्रधान कर लिया । इसी भाव से पण्डितराज ने लिखा कि गुणी भावितात्मानौ । यह विशेषण शब्द एवं अर्थ की अपेक्षा से व्यङ्ग्य में प्राधान्य वतलाने के अभिप्राय से कहा है ।

यहाँ का भाव यह है । गुणीभूत व्यङ्ग्य काव्यों में भी व्यङ्ग्य में चमत्कार तो है पर प्राधान्य नहीं है । वहाँ पर व्यङ्ग्योपस्कृत वाच्य ही प्रधान है । जैसे "अयं स रसनोत्कर्षी" पद्य में अपरांग के उदाहरण में शृंगारोपस्कृत वाच्यार्थ ही प्रधान है अतः यह उत्तम काव्य

कमपीति चमत्कृतिभूमिम् । तेनातिगूढस्फुटव्यङ्ग्ययोर्निरासः । अप-

मर्मप्रकाशः

निरास इति। असुन्दरस्येत्यपि वोध्यम्। गुणीभावितात्मानावित्यने-

मधुसूदनी

उदेति, यस्य प्रभावात् उपायभूतौ स्वजनकावपि शब्दार्थौ व्यङ्ग्यापेक्षया स्वतः गुणीभूतौ । अत एव उक्तं गुणीभावितात्मानाविति विशेषणं, स्वापेक्षया शब्दार्थापेक्षया व्यङ्ग्यप्राधान्याभिप्रायकमिति । अयं भावः । गुणीभूतव्यङ्ग्येषु काव्येषु व्यङ्ग्ये चमत्कारः; परं प्राधान्यं नास्ति व्यङ्ग्योपस्कृतवाच्यार्थस्यैव प्राधान्यम्, यथा "अयं स रसनोत्कर्षी" इत्यत्र अपराङ्गोदाहरणे शृङ्गारोपस्कृतः वाच्यार्थ एव प्रधानं न तु व्यङ्ग्यम् प्रधानम् । अतोऽस्य नोत्तमोत्तमकाव्यत्वं शब्दार्थापेक्षया व्यङ्ग्यस्य प्राधान्याभावात् । व्यङ्ग्यस्य प्राधान्ये अभिप्रायो यस्येति व्यधिकरणबहुव्रीहिः । उत्तमोत्तमकाव्यत्वसिद्धये शब्दार्थापेक्षया व्यङ्ग्यस्य प्राधान्यमपेक्षितमिति ।

यस्य काव्यस्य लक्षणं पूर्वं शब्दः काव्यमित्युक्तं तस्यैव प्रभेददर्शनावसरे शब्दार्थौ तदाद्यमिति कथयति ततो ज्ञायते वस्तुस्थितिः तौ काव्यमित्येव । शध्दार्थौ काव्यमित्यत्र लक्षणस्वरूपे चमत्कारजनकज्ञानविषयीभूतार्थव्यञ्जकं गूणीभावितं यत्र शब्दार्थोभयं तदुत्तमोत्तममिति । शब्दः काव्यमित्यत्र चमत्कारजनकज्ञानविषयीभूतार्थव्यञ्जक-गुणीभावितार्थ-प्रतिपादक-गुणीभावितशब्दत्वं काव्यत्वमिति । चमत्कृतिभूमिमिति । चमत्कृतिभूमित्वं चमत्कारजनकज्ञानविषयत्वम् । व्यङ्ग्येऽतिगूढत्वं च क्लेशातिशयसाध्यसहृदयसम्वेतज्ञानविषय-

बालक्रीड़ा

है उत्तमोत्तम नहीं है। "व्यङ्ग्य के प्राधान्य में अभिप्राय है जिसका" ऐसा व्यधिकरण बहुव्रीहि है। उत्तमोत्तम काव्य होने के लिए शब्द एवं अर्थ की अपेक्षा से व्यंग्य में प्राधान्य चाहिए ।

जिस काव्य का लक्षण पूर्व में शब्दः काव्यं कहा था उसी काव्य के भेद दिखाते समय शब्दार्थौ काव्यं कहकर यह सिद्ध कर दिया कि वस्तुतः शब्द और अर्थ दोनों काव्य है ध्वनिकार ने "जहाँ अर्थ अपने आपको और शब्द अपने अर्थ को गुणी भूत करता है ऐसा कहने से पुनरुक्ति होती है" यह ध्यान में ही नहीं ली । क्योंकि शब्द और अर्थ रूप एक काव्य में जब अर्थ ने अपने आपको गुण कर लिया तब दूसरा अर्थ बचा कौन ? जिसको शब्द गुण करेगा अर्थात् उसी अर्थ को गुण करेगा । तब अर्थ अपने आपको, शब्द अपने अर्थ को गुण करता है—यह कहना पुनरुक्ति है। इस दोष का परिहार एवं गुण का आदान करते हुए पण्डित राज ने दोनों को एक कोटि में रखते हुए कहा कि गुणीभावितात्मानौ ।

यहाँ गुणादान यह है कि जैसे शब्द सहकृत ही न कि स्वतन्त्र अर्थ व्यञ्जक होता है इस नियम के अनुसार अर्थ शक्तिमूल ध्वनि में शब्द भी व्यञ्जक है पर सहकारी होने से स्वतः गुण है वहाँ अर्थ अपने को गुण करता है। वैसे ही अर्थ सहकृत ही न कि स्वतन्त्र शब्द व्यञ्जक होता है अतः शब्द शक्ति मूल ध्वनि में अर्थ भी व्यञ्जक है पर सहकारी होने से गुण है वहाँ शब्द अपने को गुण करता है अतः कहा कि गुणीभावितात्मानौ इति ।

राङ्गवाच्यसिद्ध्यङ्गव्यङ्ग्ययोरपि चमत्कारितया तद्वारणाय गुणीभावितात्मा-नाविति स्वापेक्षया व्यङ्ग्यप्राधान्याभिप्रायकम्।

मर्मप्रकाशः

नाप्यस्य निरास इति ध्वनयितुं द्वयोरेवोक्तिः। एवं संदिग्धप्राधान्य-तुल्यप्राधान्य काक्वाक्षिप्तानामपि बोध्यम्। स्वापेक्षया शब्दार्थापेक्षया। सविधेऽर्थाद्दयितस्य। कारणसत्त्वेऽपि कार्याभावादहो इत्याश्चर्यम्। रह एकान्तम्। त्रपौत्सुक्या-

मधुसूदनी

त्वम्। व्यङ्ग्ये स्फुटत्वं च वाच्यकल्पत्वेन सहृदयेतरसमवेतज्ञानविषयत्वमपि। अपराङ्गत्वं नाम अपरार्थविषयकबोधेऽतिशयाधायकत्वम्। वाच्यसिद्ध्यंगत्वं नाम वाक्यार्थविषयक शाब्द-बोधानुपपत्तिनिरासकत्वे सति तद्बोधजनकज्ञानविषयकत्वम्। वाच्यविषयकशाब्दबोधधर्मिक प्रामाण्यग्राहकत्वमिति यावत्।

ध्वनिकारैः "यत्रार्थः शब्दो वा तमर्थमुपसर्जनीकृतस्वार्थौ इति वदद्भिः पुनरुक्तिर्न दृक्पथे समाकलिता। सा चेयम्। शब्दार्थद्वयरूपे काव्ये अर्थेन यदा स्वात्मा गुणीकृतः तदा कोऽन्योऽर्थोऽवशिष्टः यं शब्दः गुणीकुर्यात् तस्मात् अर्थः स्वात्मानं गुणीकरोति शब्दोऽपि स्वीयमर्थं गुणीकरोति इत्युक्तिः पुनरुक्तिदोषग्रस्ता। तमेव दोषं परिहरता गुणमाददता पण्डितराजेन "गुणीभावितात्मानौ" इत्येवमुक्तम्। किं गुणादानम्। शृणु। शब्दसहकृत एव न तु स्वतन्त्रः अर्थः व्यनक्ति, इति हेतोः अर्थशक्तिमूलध्वनौ शब्दोऽपि व्यञ्जकः, परं स सहकारित्वादेव गुणीभूतः अर्थस्तत्र स्वं गुणीकरोति। तथैव अर्थसहकृत एव न तु स्वतन्त्रः शब्दः व्यनक्ति, इतिशब्दशक्तिमूलध्वनौ अर्थोऽपि व्यञ्जकः, परं स सहकारित्वादेव गुणीभूतः शब्दस्तत्र स्वं गुणीकरोति इति द्वयोः संग्रह एव गुणादानम्।

अथवा उपेयप्रतिपत्यर्थमुपाया इतिन्यायात् उदकार्थं गृहीतघटस्येव अर्थबोधार्थं गृहीतशब्द-स्याप्राधान्यमेव तथापि परिवृत्यसहत्वप्रयुक्तं प्राधान्यमनुरुध्य तथाभिधानमुचितम्। अन्यथा

बालक्रीड़ा

यद्यपि उपेय को प्राप्त करने के लिए उपाय होता है। इस न्याय के अनुसार जल ग्रहण के लिए आनीत घटकी तरह, अर्थ बोधन के लिए उच्चरित शब्द उपाय होने के नाते गुण ही है तथापि परिवर्तन को नहीं सहन करने से शब्द भी प्रधान हो जाता है। नहीं तो शब्द शक्तिमूल ध्वनि ही उच्छिन्न हो जायगी। क्योंकि शब्द तो सदा गुण ही रहता है। प्रधान होगा ही नहीं विना प्रधान हुए व्यपदेश कैसे होगा? तब तो उसको अप्रधान बनाना जरूरी हो गया अतः पण्डितराज का कहना ठीक है।

जैसे एक वस्तु है उसके दो अधिकारी हैं। जब कि वे दोनों अपना २ अधिकार न समर्पण कर दें तब तक कानूनन वह चीज बिकी नहीं ही है वैसे ही जब तक अर्थ और शब्द दोनोंके द्वारा अर्थ गुणी भावित नहीं होगा तब तक अर्थ गुण नहीं होगा। अतः ध्वनिकार का कहना शास्त्र सम्मत है।

उदाहरणम्—

"शयिता सविधेऽप्यनीश्वरा सफलीकर्तुमहो मनोरथान् ।
दयिता दयिताननाम्बुजं दरमीलन्नयना निरीक्षयते ॥"

अत्रालम्बनस्य नायकस्य, सविधशयनाक्षिप्तस्य रहःस्थानादेरुद्दीपनस्य च विभावस्य, तादृशनिरीक्षणादेरनुभावस्य, त्रपौत्सुक्यादेश्च व्यभिचारिणः, संयोगाद्रतिरभिव्यज्यते । आलम्बनादीनां स्वरूपं वक्ष्यते ।

मर्मप्रकाशः

देरिति । दरेत्यनेन त्रपाव्यङ्ग्या, निरीक्षणेन चौत्सुक्यमिति बोध्यम् । संयोगात्सम्बन्धात् । रतिरिति । नायिकाया इति शेषः ।

मधुसूदनी

ध्वनेः शब्दशक्तिमूलत्वं गतं स्यात् । यतः शब्दस्तु सदा गुण एव न प्रधानः । एवञ्च प्रधानभूतः शब्दः स्वमत्मानं गुणीकुर्यादेवेति सम्यगेवोक्तिः पण्डितराजस्य ।

यदि एकं वस्तु । तस्य द्वौ अधिकारिणौ । यावत्ताभ्यां स्वस्वाधिकारो न त्यज्येत तावत्तस्य विक्रयो न्याय्यो न हि भवति । तद्वदेव शब्दार्थाभ्यां द्वाभ्यां पृथग् २ यावत् अर्थस्वौ न गुणीक्रियेते तावदर्थस्य गुणत्वं नायाति । अत उक्तं ध्वनिकारेण उपसर्जनीकृतस्वार्थौ । इति ।

बालक्रीड़ा

उत्तमोत्तम काव्य का उदाहरण—पास में सुलाने पर भी मनोरथों को सकल करने में असमर्थ दयिता दयित के मुख कमल को दरमीलन्नयना निहारती है ।

यहाँ नायक आलम्बन, और नायक के पास नायिका का सोना एकान्त ही में हो सकता है अतः एकान्त स्थान उद्दीपन विभाव, कुछ २ नयनों को निमीलन करती हुई नायक के मुख को देखना अनुभाव और लज्जा एवं उत्सुकता व्यभिचारी भावों के संयोग से रति अभिव्यक्त होती है । आलम्बन वगैरह के स्वरूप को आगे कहेंगे ।

इस शयिता पद्य में नायिका का प्रेम नायक में अभिव्यक्त होता है अतः संभोग शृंगार है । यहाँ शयिता पद कहना कविकी रसिकता में संदेह होता है जो नायिका शयन में अपने आप पहुँच गई,—न कि नहीं चाहती हुई को नायक ने जबर्दस्ती शयन में पहुँचाया—तब वह अपने मनोरथों को सफल करने में असमर्थ क्यों होगी और क्यों लज्जा से नायक के मुख को देखेगी अर्थात् "कब मौका मिले कि मैं इसके मुखका चुम्बन करूँ" ऐसा भाव ही उसको उत्पन्न नहीं होगा । अतः शायिता पद कहना चाहिए तभी विशेषण सार्थक होंगे अन्यथा अपुष्टार्थत्व दोष हो जायगा ।

अब यहाँ शंका होती है कि यह पद्य रसध्वनि का उदाहरण न होकर वस्तु ध्वनिका उदाहरण क्यों नहीं ? क्योंकि उसकी इच्छा हो रही है कि कब यह सोवे और कब

नच यद्ययं शयितः स्यात्तदास्याननाम्बुजं चुम्बेयमिति नायिकेच्छाया एव व्यङ्ग्यत्वमत्रेति वाच्यम्। मनोरथान्सफलीकर्तुमसमर्थेत्यनेन मनोरथाः सर्वेऽस्या हृदि तिष्ठन्ति इति प्रतीतेः, स्वशब्देन मनोरथपदेन सामान्याकोरण तादृशेच्छाया अपि निवेदनात्।

मर्मप्रकाशः

शयित इति। कर्तरि भूते क्तः। 'तदास्याननाम्बुजम्' इति पाठः। एव उक्तव्यवच्छेदे। स्वशब्देनेत्यस्य व्याख्या मनोरथेति। सामान्येति। मनोरथत्वे-

मधुसूदनी

शयितेति। अत्र शयितेति पाठः कवेः रसिकत्वदारिद्रचमदूरीकरोति। यतः सविधे शयिता शयनं गता न तु अनिच्छन्ती वलात् शायिता शयनं गमिता, रागात्स्वयं पत्युः सविधे पर्यङ्कं प्राप्ता इति ध्वन्यते। ततः कुतो न सा मनोरथान् सफलीकरोतु ये पूर्वं असफलाः मिलिते तस्मिन्नेवंकरिष्ये, कथयिष्यामि, आलिङ्गिष्यामि, चुम्बिष्यामि इत्येवं रूपेण मनोरथाः हृदि एव आसन् तान् पूरयितुमवसरोऽयम्, अतः शायितेति पाठः समीचीनः। पद्योक्तविशेषणानां सार्थकता, अपुष्टार्थत्वनिरासश्च। अन्तर्भावितण्यर्थतायां तु स्यात्परं सैव प्रतीयात्कथम्।

अनीश्वरेत्यत्र असमर्थेति पाठः साधीयान्। अन्यथा विरुद्धमतिकृत्वमुद्भावयेत्। च्विप्रत्ययस्वारस्यात् असफलानपि सफलान् कर्त्तुमसमर्थेति हृदि एव ते तिष्ठन्ति। सामान्याकारेण मनोरथत्वेन रूपेण। तादृशेच्छाया यद्ययं शयितः स्यात्तदास्य पत्युः मुखकमलं चुम्बेयमितीच्छायाः। सामान्येच्छायाः अविशेषेच्छायाः। निवेदनात् अभिधानात्। अभिधानेऽपि निवदनेपि। विषयविशेषः चुम्बनम्। तद्विशिष्टा तद्विषयिणी इच्छा, तत्वेन।

अदो हृदयम्। अत्र पद्ये सम्भोगशृङ्गारः सिद्धान्तः। आदौ वाच्यः स्त्रिया राग इति नयात् पूर्वं स एव निरूपितः। सविधे शयितापि मनोरथान् पूरयितुमुत्सुकाऽपि मुग्धात्वा न्निर्लज्जं प्रवृत्ति कर्त्तुंमप्रभुत्वान्नयने दरं निमीलन्ती शयनव्याजं कुर्वती नायकमुखं निरीक्षते अवसरं प्रतीक्षते यद्ययं सुप्तः स्यात्तदास्य मुखं चुम्बेयं ततश्च नायिकायाः तादृशेच्छायाः व्यञ्जनात् वस्तुध्वनिः कुतो नेति-न चेत्यादिनाशंक्य निवेदनादित्यन्तेन समाहितम्।

बालक्रीड़ा

मैं चुम्बन करूँ अतः "चुम्बन करने की इच्छा रूप" वस्तु यहाँ व्यक्त होती है। उत्तर। नहीं। यह बात नहीं है। क्योंकि मनोरथों को सफल करने में असमर्थ है इससे मालूम होता है कि सभी मनोरथ उसके हृदय में मौजूद है तब चुम्बन करने का मनोरथ भी मौजूद है। इस तरह सामान्य रूप से स्वशब्द अर्थात् इच्छा के वाचक मनोरथ शब्द ने उस इच्छा को भी अभिधा से कह दिया। अतः इच्छा व्यङ्ग्य नहीं हुई।

पुनः शंका होती है। हाँ ठीक है। सभी प्रकार के मनोरथों में मनोरथत्व धर्म रहता है। अतः मनोरथत्वेन मनोरथत्वावच्छिन्न सकलमनोरथों के अन्तर्गत उक्त प्रकार की इच्छा के अभिधावृत्ति से कहने पर भी "चुम्बन करूँ" इस विषय विशेष

न च मनोरथपदेन मनोरथत्वाकारेण सामान्येच्छाया अभिधानेऽपि चुम्बेयमिति विषयविशेषविशिष्टेच्छात्वेन व्यङ्ग्यत्वे किं बाधकमिति वाच्यम्। चमत्कारो न स्यादित्यस्यैव बाधकत्वात्।

न हि विशेषाकारेण व्यङ्ग्योऽपि सामान्याकारेणाभिहितोऽर्थः सहृदयानां चमत्कृतिमुत्पादयितुमीष्टे।

मर्मप्रकाशः

त्यर्थः। तथा च वाच्यस्याव्यङ्ग्यत्वमिति भावः। सामान्येत्यस्य व्याख्या मनोरथेति। यद्वा सामान्येनेच्छात्वेन। अवच्छिन्नत्वं तृतीयार्थः।

चमत्काराभावे हेतुमाह—न हीति। तत्र हेतुमाह—कथमपीति। सामान्यरूपेण विशेषरूपेण चेत्यर्थः। एवं ध्वनिविशेष एवैतद्बोध्यम्। स्पष्टश्चायमर्थोऽगूढ़ाख्यगुणीभूतव्यङ्ग्यनिरूपणे पञ्चमोल्लासे। रसदोषनिरूपणे सप्तमोल्लासे च व्यङ्ग्यस्य वाच्यीकरणे वमनाख्य दोष इति प्राञ्चः।

मधुसूदनी

अर्थात् निर्विशेषन्न सामान्यमिति सिद्धान्तात् विशेषेच्छाविनिर्मुक्तायाः सामान्येच्छाया अनवस्थानम्। सा च मनोरथपदेन अभिहिता। ततः कुतो ध्वनित्वं, तदुपर्यपि चेदाग्रहस्तर्हि चमत्कारो न स्यादित्युत्तरति। यतः अभिधया अस्पृष्टस्यैव व्यङ्ग्यत्वे चमत्कारः। अथोच्येत यद्यपि इच्छैव वाच्या, व्यङ्ग्यापि इच्छैव, तथापि मनोरथान् इति सामान्याकारेण वाच्या, यद्ययं सुप्तः स्यातदास्य मुखं चुम्बेयमित्येवंरूपा तु विशेषाकारा व्यंग्या। एवं च वस्तुभेदो नास्ति परं शैलीभेदेऽस्या ध्वनित्वे चमत्कारोऽस्त्येव। तत्रोत्तरम्।

तथा चुम्बनेच्छा हि रतेः कार्यम् अनुभावः। तत्र यदि रतेरनुभावतया चुम्बनेच्छा ज्ञाता भवेत्तदा तस्यां सौन्दर्यं चमत्कारः। तच्च सौन्दर्यं तस्या इच्छायाः तदैव सुरक्षितं,

बालक्रीड़ा

विषयक इच्छा के व्यङ्ग्य होने में कौन बाधक है। उत्तर—चमत्कार का नहीं होना ही बाधक है। विशेषाकार से व्यङ्ग्य होने वाला भी अगर सामान्याकार से वाच्य हो जाय तो सहृदयों के मत में चमत्कार नहीं करता है। क्योंकि किसी भी प्रकार से जो वाच्य-वृत्ति अभिधा से न छूआ गया हो वही व्यंग्य चमत्कार जनक होता है ऐसा आलंकारिकों ने स्वीकार किया है।

तब कहता है कि अच्छा। इच्छा ही वाच्य है और इच्छा ही व्यंग्य है। इस तरह वस्तु भेद नहीं है किन्तु सामान्याकार में वाच्य है और विशेषाकार में व्यंग्य है अतः शैली भेद से इच्छा के व्यंग्य होने पर अवश्य चमत्कार मिलेगा। उत्तर।

"अगर यह सो जाय तो मैं चुम्बन करूँ" यह इच्छा कब पैदा होगी जब नायिका के हृदय में रति हो। अतः मानना पड़ेगा कि यह इच्छा, रति का कार्य है। आलंकारिक भाषा में कहिए अनुभाव है।

कथमपि वाच्यवृत्त्यनालिङ्गितस्यैव व्यङ्ग्यस्य चमत्कारित्वेनालंकारिकैः स्वीकारात्। चुम्बनेच्छाया रत्यनुभावतयैव सुन्दरत्वेन तदव्यञ्जने चुम्बामीति शब्दबलाच्चुम्बनेच्छावदचमत्कारित्वाच्च।

एवं त्रपाया अपि न प्राधान्येन व्यङ्ग्यत्वम्। अनुवाद्यतावच्छेदकतया

मर्मप्रकाशः

नन्वत्र पद्ये यदेवोच्यते तदेव व्यङ्ग्यं यथा तु व्यङ्ग्यं न तथोच्यत इत्यादि पर्यायोक्तप्रकरणस्थमूलग्रन्थविरोधोऽत आह—चुम्बेनच्छाया इति। संशयलंकारनिरूपणे च स्फुटतरं निरुपयिष्यते एव ग्रन्थकृता। एवस्तदन्यथात्वेन तत्वव्यवच्छेदे। तदव्यञ्जने रत्यव्यञ्जने।

एवमिच्छाया इव यथाकथंचित्तत्वसत्त्वादाह—प्राधान्येनेति। तस्यां

मधुसूदनी

स्यात्, यदि तया रतिरभिव्यञ्जिता भवेत्। तया रतेरनभिव्यञ्जने तु यथा चुम्बामि इति शब्दप्रतिपादिता चुम्बनेच्छा अचमत्करिणी तथा सापि भविष्यतीति।

ननु मास्तु वस्तुध्वनिः त्रपा भावध्वनिरस्तु यतः नयनयोः दरमीषत् मीलनेन त्रपाया व्यञ्जनम्। इत्याशंकायामाह—एवमिति। एवं चुम्बनेच्छावत् त्रपाया अपि ध्वनित्वं नेति शेषः, कुत एतत्, त्रयायाः प्राधान्येन न व्यञ्जनात् प्राधान्येन व्यञ्जने हि ध्वनिरित्यभिमानः।

कुतो न प्राधान्यमित्यत आह—अन्विति। नायिका निरीक्षते इत्यत्र अनुवाद्या नायिका निरीक्षणं विधेयम्। दरमीलन्नयनात्वञ्च नायिकायाः विशेषणमिति अनुवाद्यतावच्छेदकम्।

बालक्रीड़ा

इस प्रकार रति के अनुभाव रूप में इच्छा के उपस्थित होने में चमत्कार हैं क्योंकि रति की प्रतीति अपने कार्य से होती है। यदि रति की प्रतीति नहीं होगी तो तुम्हारा चुम्वन करती हूँ जैसे सीधे शब्द से कहना फूहड़पना मालूम पड़ेगा चमत्कार नहीं होगा उसी तरह यहाँ भी होगा।

वस्तु ध्वनि नहीं होती है तो मत हो। परन्तु भाव ध्वनि तो यहाँ माननी ही पड़ेगी। सुनिये—

प्रथम समागम की रात है। नायिका परोपभुक्ता भी नहीं है। और न लज्जारूप आवरण से उन्मुक्त है। विशुद्ध आर्य ललना है। पहले पहल एक पुरुष से सम्पर्क स्थापित करने का अवसर उपस्थित हुआ। पुरुष भी केवल सुना ही गया है उसके शील स्वभाव से कोई परिचय नहीं है। तब मुग्धास्वभाव सुलभ साध्वस एवं लज्जा से स्वतः पर्यंक पर नहीं जा रही है। नायक ने जबरन् उसको शयन पर पहुँचा दिया। अतः लज्जा के कारण आंखें संकुचित हुई जा रही हैं। परन्तु यौवन के उत्फाल से कामवासना जागरित होने से प्रेम का संचार हो रहा है। अतः देख रही है।

प्रतीतायां तस्यां मुख्यवाक्यार्थत्वायोगात्। न च दरमीलन्नयनात्व-विशिष्ट निरीक्षणं विधेयमिति नानुवाद्यतावच्छेदकत्वं तस्या इति वाच्यम्। एवमपि नयनगतदरमीलनस्य तत्कार्यत्वेऽपि दरमीलन्नयनात्वविशिष्ट निरीक्षणस्य रतिमात्रकार्यत्वात्। त्रपाया एव मुख्यत्वेन व्यङ्ग्यत्वे निरीक्षणोक्तेरनति

मर्मप्रकाशः

त्रपायाम्। एवमग्रेऽपि। मुख्येति। मुख्यतया वाक्यतात्पर्यविषयत्वायोगादित्यर्थः। तत्कार्येति। त्रपाकार्येत्यर्थः। मात्रपदेन तदन्यव्यवच्छेदः। ननु मीलन्नयनात्वमेव विधेयमास्तामत आह—त्रपाया इति।

मधुसूदनी

तया उद्देश्यतावच्छेदकतया प्रतीतायां व्यक्तायां तस्यां त्रपायां मुख्यस्य वाक्यार्थत्वस्य अयोगात् असम्बन्धात्। दरमीलन्नयना नायिका उद्देश्या तद्गतं तादृशनयनात्वं उद्देश्यतावच्छेदकम्, तद्व्यङ्ग्या त्रपापि उद्देश्यतावच्छेदिका। विधेयभूतांशे एव न त्वनुवाद्यांशे मुख्यं वाक्यतात्पर्यमित्यभिमानः।

ननु दरमीलन्नयना सती निरीक्षते इत्येवंरूपं विशिष्टं विधेयं ततश्च तस्याः त्रपाया अनुवाद्यतावच्छेदकत्वं नास्तीति निराकर्त्तुमाह—न चेति। अभ्युपगम्य ब्रूते—एवमपीति। त्रपाया अनुवाद्यतावच्छेदकत्वनिरासेऽपि विशिष्टं निरीक्षणं तु रतिमात्रस्य केवलायाः रतेः न तु त्रपाविशिष्टाया रतेः कार्यं, सत्यपि दरमीलनस्य त्रपाकार्यत्वे।

ननु मनोरथान् सफलीकर्त्तुमनीश्वरेत्युक्तेः त्रपैव विधेया, यदंशे विधेयत्वं तत्रैव वाक्यस्य मुख्यं तात्पर्यमित्याह—त्रपाया इति।

बालक्रीड़ा

इस अवस्था में नायिका की लज्जा ही सहृदयों को चमत्कृत कर रही है। और वह लज्जा किसी प्रकार भी वाच्य नहीं है अपितु व्यंग्य ही है अतः लज्जारूप भावध्वनि है। उत्तर। लज्जा यहां व्यक्त होती हुई भी रति का व्यभिचारी भाव है। वाक्य में दो अंश होते है एक अनुवाद्य अर्थात् उद्देश्य अंश, दूसरा विधेय अंश। जो विधेय होता है वही मुख्य तात्पर्य का विषय होता है प्रकृत श्लोक में नायिका की रति का प्रतिपादन किया है। अतः नायिका और उसके विशेषण जो अनुवाद्यतावच्छेदक शब्द से कहे जाते है वे सब अनुवाद्य कोटि में है।

रति वगैरह स्थायी भाव वाच्य तो होते नहीं व्यंग्य ही होते हैं अतः रति के व्यंजक पदार्थ विधेय कोटि में है। तव नियमानुसार दरमीलन्नयना पदार्थ जिसके एक देश दरमीलन से लज्जा व्यक्त होती है नायिका का विशेषण है अतः अनुवाद्यतावच्छेदक रूप से प्रतीत त्रपा मुख्य नहीं हुई। अतः ध्वनि नहीं है क्योंकि मुख्य ही ध्वनि होती है।

अगर कहो कि कुछ-कुछ आँख संकुचित करती हुई देखती है इतना विधेय है। तब अनुवाद्यतावच्छेदक नहीं हुआ। ऐसी अवस्था में भी आंखों का किंचित् २ मीलन ही

प्रयोजनकत्वापत्तेः वाच्यवृत्त्या रतेरनुभावे निरीक्षणे त्रपाया अनुभावस्य दरमीलनस्येव व्यञ्जनया तस्यां तस्या अपि गुणीभावप्रत्ययौचित्यात् ।—

यथा वा—"गुरुमध्यगता मया नताङ्गी निहता नीरजकोरकेण मन्दम् ।

मर्मप्रकाशः

त्रपाजनकतया निरीक्षणस्योपयोगादाह—अनतीति । ननु वैपरीत्येन निरीक्षणविशिष्टदरमीलनयनात्वमेव विधेयमास्तामत आह—वाच्येति । 'भावप्रधानमाख्यात' मिति सिद्धान्तादिति भावः । तस्यां रतौ । तस्यास्त्रपायाः ।

गुरुमध्येति । श्वश्र्वादिसमीपप्रदेशोपदिष्टा । कमलमुकुलेन मन्दं नितरां हता । अत एव घूर्णनं भ्रमणम् ।

मधुसूदनी

निरीक्षते इति क्रियया वाक्यपूरणात् । एकतिङ वाक्यमिति सिद्धान्तात् । सामान्यप्रयोजन-सद्भावेऽपि नास्ति अतिप्रयोजनं मुख्यं फलं यस्य तत्त्वमनतिप्रयोजनकत्वं तस्यापत्तेः ।

ननु मुग्धात्र नायिका । तस्याः सर्वमपि कार्यजातं लज्जासम्वलितमतो निरीक्षणस्याऽपि लज्जायामेव पर्यवसानमिति निराकर्त्तुमाह— वाच्यवृत्येति। अयमाशयः यद्व्यञ्जकापेक्षया यव्द्यञ्जकस्य प्राधान्यं तव्द्यङ्ग्यापेक्षया तन्व्यङ्ग्यस्यापि प्राधान्यमिति । वाच्यावस्थायां निरीक्षणे दरमीलनं गुणीभूतं चेत्तर्हि निरीक्षणव्यङ्ग्यायां रतौ दरमीलनव्यंग्यायाः त्रपाया गुणीभावेन प्रत्ययस्य ज्ञानस्य औचित्यम् ।

ननु शयितेति पद्यं यदि इच्छात्रपारूपभावध्वन्योः सद्भावेऽपि रसध्वनेरेवोदाहरणं मनुषे तर्हि भावध्वनिर्निरवकाशः स्यात्, यतो हि सर्वत्रैवंविधस्थितिसम्भवादित्याशंकामपसारयितुमाह—यथा वेति । गुरुमध्येति । मित्रं मित्रं संमंत्रयति । गुरवः कुटुम्ब-

बालक्रीड़ा

त्रपा का कार्य है अर्थात् उससे त्रपा व्यक्त हो सकती है परन्तु उस तरह देखना तो रति का कार्य है उससे तो रति ही व्यक्त होगी त्रपा व्यक्त नहीं होगी । और भी बात है त्रपा को प्रधान मानेंगे तब निरीक्षते कहना व्यर्थ है ।

अजी साहव ! नायिका मुग्धा है और मुग्धा के सब कार्य त्रपा सम्वलित ही होते है अतः उसके सभी कार्यों से लज्जा ही मालूम पड़ेगी । उत्तर । औचित्य का ख्याल करिये ।

नायिका प्रेम से देखती है, उसके देखने की शैली है कुछ २ आँखों को संकुचित करना । तव वाच्य वृत्ति अभिधा के द्वारा प्रतिपाद्य निरीक्षण में जैसे वाच्य दरमीलन गुणीभूत है उसी प्रकार व्यञ्जना वृत्ति से प्रतिपाद्य रति मे, व्यङ्ग्य त्रपा का भी गुणीभाव से प्रत्यय करना समझना ही उचित है ।

यदि शयिता पद्यमें इच्छा एवं त्रपा रूप व्यभिचारी भावों की ध्वनि रहते हुए भी रस ध्वनि ही मानेंगे तव फिर भावध्वनि कहां होगी इस शंका के उत्तर में भाव ध्वनि का उदाहरण देते है— यथा वा- गुरुमध्येति ।

दरकुण्डलताण्डवं नतभ्रूलतिकं मामवलोक्य घूर्णितासीत् ॥

अत्र घूर्णितासीदित्यनेन "असमीक्ष्यकारिन् किमिदमनुचितं कृतवानसि" इत्यर्थसम्वलितोऽमर्षश्चर्वणाविश्रान्तिधामत्वात्प्राधान्येन व्यज्यते। तत्र शब्दोऽर्थश्च गुणः।

मर्मप्रकाशः

तादृशी सा मामवलोक्य दरेति नतेति च यथा स्यात्तथा घूर्णितासीदित्यन्वयः। मन्दत्वफलं दरेति, गुरुमध्यगतत्वान्नतेति। नायकोक्तिरियं सखायं प्रति। कृतवानसीत्यर्थेति। अस्याप्यमर्षं प्रति गुणतैव। तत्कार्यत्वात्। सम्वलितो विशिष्टः। चर्वणेति। पार्यन्तिकास्वादाश्रयत्वादित्यर्थः। तत्रामर्षे। अयमेव पूर्वोदाहरणाद्विशेषः।

मधुसूदनी

वृद्धाः श्वश्रूननान्दृज्येष्ठानीप्रभृतयः। नताङ्गी यौवनप्रभावविकशितावयवैः प्रह्वा। एतेन आकर्षकत्वं तस्याः व्यजते। गुरुमध्यगतत्वान्नताङ्गीति न। गुरुणां मध्यगा अतः सलज्जा सा मुखमेव नमेत् न तु अंगानि। "लज्जानम्रमुखी" इत्येव कविसम्प्रदायः लोक व्यवहारश्च। किन्तु नायिकाया अवस्थितिबोधनार्थं तत्। न च सामान्यवाचकं पदं विशेषपरमिति वाच्यं, तादृशविशेषपरिस्थितेः द्योतकाभावात्। जलजकलिकया निहता न तु स्पर्शिता नितरां हता येन ताडनस्यावश्यकतामनुभवेदवलोकयेच्च। मन्दं, प्रबलताड़नात् कदाचिदाक्रोशेत् रसभंगो भवेत्।

अवलोकने कुण्डलयोर्दरमीषत् ताण्डवस्य, भ्रूलतिकयोः नतत्वस्य कुटिलत्वस्य च कथनेन तस्या आवेगविक्षोभौ व्यज्येते। ताभ्यामाविष्टा घूर्णिता विचलिता आसीत्। एतेनामर्षः प्रकाश्यते। अर्थेन संवलितः विशिष्टः। संवलनं विशेषणम्। चर्वणात्र आस्वादः। चर्वणायाः विश्रान्तिः। कृदभिहितो भावो द्रव्यवत्प्रकाशते इति नयात् अमर्षे विश्रान्ता चर्वणा पार्यन्तिकः आस्वादः। तस्या धाम आश्रयः—तत्रामर्षे।

एकस्मिन् श्लोकवाक्ये एकस्य नतपदस्य नताङ्गीति नतभ्रिति च वारद्वयोपादानेन कवेः शब्ददारिद्रयं नाशंकनीयं यतो हि "नतं तगरपाठ्यां स्यात्, क्लीवं कुटिलनम्रयोरिति

बालक्रीड़ा

एक मित्र एक मित्र से कहता है—नताङ्गी अर्थात् यौवन के कारण उभरे हुए अंगों से झुकी हुई नायिका अपनी सास ननद एवं ज्येठानी वगैरह के बगल में बैठी हुई थी। उस समय मैंने धीरे से उसको कमल की कलिका से ऐसा मारा जो विवश होकर उसने मुझे देखा और विचलित हो गई।

देखते समय उसके कुण्डल थोड़े से हिल गए तथा भ्रुकुटियां टेढ़ी हो गई। यहां घूर्णिता अर्थात् विचलित हो गई ऐसा कहने से सहृदयों को नायिका का अमर्ष पार्यन्तिक आस्वाद का विषय होता है। हे विना विचारे काम करने वाले भक्त ? तुमने यह अनुचित

यथा वा—'तल्पगतापि च सुतनुः श्वासासङ्गं न या सेहे ।
सम्प्रति सा हृदयगतं प्रियपाणिं मन्दमाक्षिपति ॥'

इदं च पद्यं मन्निर्मितप्रबन्धगतत्वेन पूर्वसाकाङ्क्षमिति दिङ्मात्रेण व्याख्यायते ।

या नववधूः पल्यङ्कशयिता श्वासस्यासङ्गमात्रेणापि संकुचदङ्गलतिका-भूत्सा सम्प्रति प्रस्थानपूर्वरजन्यां प्रवत्स्यत्पतिका प्रियेण सशङ्केन समर्पितं हृदि पाणिं नववधूजातिस्वाभाव्यादाक्षिपति, परं तु मन्दम् ।

मर्मप्रकाशः

तल्पं शय्या । असहने हेतुगर्भं विशेषणं सुतनुरिति । स्वहृदयस्थितं शनैः स्वस्थानं प्रपयतीत्यर्थः । प्रबन्धो भामिनी-विलासाख्यः । नवोढाप्रकरणादाह—नवेति । आङ् इषदर्थे । सम्प्रतीत्यस्यार्थमाह—प्रस्थानेति । प्रकरणादाह—प्रवदिति ।

सशङ्केनेति । सुतनुत्वात्सशङ्केनेति भावः । मन्दमिति । भाविविरह-

मधुसूदनी

मेदिनीकोषात् पूर्वत्र नम्रत्वार्थकः, उत्तरत्र कुटिलत्वार्थकः इत्यर्थभेदः । गता, नता, निहता इति त्रिषु तापदस्य विन्यासात् सानुप्रासं वचः । एकस्याप्यसकृत्पर इत्युक्तेः ।

रसभावध्वनिः संलक्ष्यक्रमोऽपि भवतीति द्योतयितुमुदाहरणान्तरमाह—यथा वेति । तल्पेति । उत्तरार्द्धे तल्पं गमिता । अन्तर्भावितण्यर्थः । अपरिभिन्नक्रमः श्वासासङ्गमपि इत्यन्वयः । सम्प्रति पदेन कालेनावरणात्ययरूपं लज्जामान्थर्यं द्योत्यते इतिभावाविष्कर-णनिरोधार्थं तस्यार्थान्तरं कथयति—इदं च पद्यमित्यादिना ग्रन्थेन ।

सहनाऽभावे हेतुः सुतनुत्वम् । तनौ सुपदस्यार्थः सुन्दरत्वं कोमलत्वरूपम्, ततश्च

बालक्रीड़ा

किया । यह अर्थ उस अमर्ष के उदय में सहायक हो जाता है । इस अमर्ष में शब्द और अर्थ दोनों गुण हैं ।

रस ध्वनि भाव ध्वनि वगैरह संलक्ष्य क्रम भी होते हैं यह बतलाने के लिए उदाहरण देते हैं—"तल्पगतापि च" । जो सुतनु । यहाँ सुतनु कहने का भाव है कोमलाङ्गी । नायिका इतनी कोमल है कि किसी प्रकार शयन में पहुँचाई गई परन्तु श्वास का लगना भी नहीं सह सकती थी वही नायिका अब प्रिय के प्रस्थान करने के पूर्व की रात में अपने हृदय पर पहुँचे हुए प्रिय के हाथ को नववधू के स्वभाव के अनुसार धीरे से हटाती है ।

यहां पण्डितराज कहते हैं कि यह पद्य मेरे बनाये हुए ग्रन्थ भामिनीविलास में है अतः पूर्व प्रकरण की आकांक्षा रखता है । इसलिए इशारे के रूप में इसकी व्याख्या करता हूँ । अभी नई बहू आई है । बड़े भावों से बड़े वादों से शयन में पहुँचाई गई किन्तु वहाँ

अत्र शनैः स्वस्थानप्रापणात्मना मन्दाक्षेपेण रत्याख्यः स्थायी संलक्ष्य-क्रमतया व्यज्यते। उपपादयिष्यते च स्थाय्यादीनामपि संलक्ष्यक्रम-व्यङ्ग्यत्वम्। अमुमेव च प्रभेदं ध्वनिमामनन्ति।

यत्तु चित्रमीमांसायामप्पय्यदीक्षितैः 'निःशेषच्युतचन्दनम्' इति पद्यं ध्वन्युदाहरणप्रसङ्गे व्याख्यातम्—उत्तरीयकर्षणेन चन्दन-च्युतिरित्यन्यथा-सिद्धिपरिहाराय निःशेष ग्रहणम्। ततश्चन्दन-च्युतेः स्नानसाधारण्य-व्यावर्त-

मर्मप्रकाशः

शङ्क्येति भावः। संलक्ष्येति। व्यङ्ग्यव्यञ्जकयोः क्रमः संलक्ष्यो यत्र तयेत्यर्थः। अयमेव पूर्वतो विशेषः। ननु स्थाय्यादीनामसंलक्ष्यक्रमव्यङ्ग्यत्वमेव प्राचीनैरुक्त-मत आह—उपेति। अमुमुत्तमोत्तमम्।

व्याख्यानमेवाह—उत्तरीयेत्याद्याचरन्तीत्यन्तेन। इत्यादीत्यादिना प्रात-र्दत्तमञ्जनं कालविलम्बेन किंचिद्विलुप्तमित्यन्यथासिद्धिपरिहाराय दूरमिति।

मधुसूदनी

पदार्थहेतुकः काव्यलिङ्गालंकारः। हेतोर्वाक्यपदार्थत्वे काव्यलिङ्गमुदाहृतमित्युक्तेः। साभि-प्रायविशेषणस्वीकारे परिकरालंकारः।

इदमुत्तममतिशयिनि व्यङ्ग्ये वाच्याद् ध्वनिर्बुधैः कथित इति प्राग्भिर्ध्वनिकाव्य मपि निर्दिष्टं भवता तु नेति न्यूनतां परिहरति-ध्वनिमामनन्ति इति।

बालक्रीड़ा

पहुँचने पर दिव्यक्रिया तो दूर रही श्वास के लगने पर भी जिसकी अङ्गलता मुरझा जाती थी। वही बहू आज प्रवत्स्यत्पतिका की श्रेणी में आगई याने पिया कल परदेश जायँगे। जिस दिन यात्रा करेंगे उसके पहली रात्रि में प्रिय ने शंका के साथ अपने हाथ को उसके वक्षःस्थल पर रक्खा परन्तु स्वभाव के कारण नूतन वधू उस हाथको हटाती है वह भी धीरे से।

यहां धीरे से हटाने का मतलब है शनैः २ उस हाथ को अपने स्थान पर पहुँचा देना। उससे रत्यादिक स्थायी भाव संलक्ष्य क्रम रूप से व्यक्त होते हैं। स्थायी एवं व्यभिचारी भाव संलक्ष्य क्रम भी होते हैं इसको हम आगे उपपादन करेंगे। इसी प्रभेद को ध्वनि कहते हैं।

जो तो चित्र मीमांसा में अप्पय्य दीक्षित ने ध्वनि के उदाहरण बतलाने के प्रसङ्ग में "निःशेषच्युत-चन्दन" पद्य का उत्तरीय कर्षणेन इत्यादि से यह ध्वनि का उदाहरण है' यहां तक के संदर्भ के द्वारा जो व्याख्यान किया है।

अप्पय्यदीक्षितने लिखा है कि 'निःनेषच्युतचन्दनं' इस पद्य में 'यहां से तुम वापी में स्नान करने के लिए गई थी' इस वाच्यार्थ को उपपादन करने के लिए च्युत पदार्थ में

नेन संभोगचिन्होद्घाटनाय तटग्रहणम् । स्नाने हि सर्वत्र चन्दन च्युतिः स्यात्, तव तु स्तनयोस्तट उपरि भाग एव दृश्यते । इयमाश्लेषकृतैव । तथा निर्मृष्ट-रागोऽधर इत्यत्र ताम्बूलग्रहणविलम्बात्प्राचीनरागस्य किंचिन्मृष्टतेत्यन्यथा सिद्धिपरिहाराय निर्मृष्टराग इति रागस्य निःशेषमृष्टतोक्ता । पुनः स्नान-साधारण्यव्यावर्तनेन संभोगचिह्नोद्घाटनायाधर इति विशिष्य ग्रहणम् । उत्तरोष्ठे सरागेऽधरोष्ठमात्रस्य निर्मृष्टरागता चुम्बनकृतैव' इत्यादिना, 'इदमपि ध्वनेरुदाहरणम्' इत्यन्तेन सन्दर्भेण । 'तटादिघटिता वाक्यार्थाः

मर्मप्रकाशः

अत्यर्थमित्यापाततोऽर्थः । एतेन कालान्यथासिद्धिनिरासः । पुनः स्नानसाधारण्य-व्यावर्तनेन संभोगचिह्नोद्घाटनाय दूरे प्रान्त इति हृदयस्थितोऽर्थः । कालतः स्नानेन

मधुसूदनी

चन्दनेति । कुचाभ्यां चन्दनस्य च्युतिः संभोगाङ्गालिङ्गनद्वारा, अन्यथा उत्तरीया-कर्षणरूपप्रकारान्तरेण च भवति । विना विलम्बं ताम्बूलचर्वणेन पूर्वस्थितरागस्य तदवस्थता । विलम्बेन तथाकरणात्तु अधरोष्ठे तादृशरागस्य किञ्चिद् ह्रासो न त्वभावः, विवक्षितस्तु तत्र रागस्य अभावः । तथापि ह्रासोऽपि अभावरूप एवेति कृत्वा अन्यथासिद्धिपरिहारायेत्युक्तम् ।

बालक्रीड़ा

निःशेष विशेषण दिया । कहने का मतलब है कि दूती के कुचों का चन्दन छूट गया है । इसके अनेक कारण लिखते हैं पहला है वापी में स्नान करने गई रास्ते में डुपट्टे की रगड़ान लगी, उससे चन्दन छूट गया इस तरह अन्यथा प्रकारान्तर से सिद्धि (काम के होने) का परिहार करने के लिए निःशेष विशेषण दिया क्योंकि इस रगड़ान से इधर उधर का कुछ ही छूटता है । यहां पर तो पूर्ण छूटना लेना है ।

फिर कहा कि यदि वह नहीं लेना है तब स्नान किया था उसी से छूट गया, मान लिया जाय । उत्तर । स्नान गत साधारण्य को दूर करके संभोग के चिह्न का उद्घाटन करने के लिए तट ग्रहण किया है । जो कार्य साधारण कारण से होता हो तब साधारण पदों का प्रयोग होता है । जैसे यहां चन्दन का छूटना स्नान से भी होता है और संभोग से भी होता है । वहां स्नान से हटा कर संभोग से लेना है अतः स्नान साधारण्य कहा है ।

स्नान में यद्यपि पूरा छूट जाता है किन्तु तुम्हारे स्तनों के तट याने ऊपर के हिस्से में ही छूटा हुआ दिखाई पड़ता है यह तो संभोग कालिक आलिंगन से ही छूटा है ।

इसी तरह अधर की लाली भी ताम्बूल के चर्वण में देरी होने से कुछ कम हो सकती है सब नहीं छूट सकती; यहां विवक्षित है उसका बिलकुल हटना, अतः निर्मृष्ट कहा । उसका भी हटना स्नान से हो सकता है तो उसको हटाने के लिए संभोग चिह्न का प्रकाशन करने के लिए विशेष रूप से अधर पद दिया । अर्थात् किसका राग हटा तो

स्नानव्यावृत्तिद्वारा संभोगाङ्गानामाश्लेषचुम्बनादीनां प्रतिपादनेन प्रधान-व्यङ्ग्यव्यञ्जने साहायकमाचरन्ति' इति, तदेतदलंकारशास्त्रतत्त्वानवबोध निबन्धनम्।

प्राचीनसकलग्रन्थविरुद्धत्वादुपपत्तिविरोधाच्च। तथा हि—पञ्चमोल्लास-शेषे 'निःशेषेत्यादौ गमकतया यानि चन्दनच्यवनादीन्युपात्तानि तानि कारणान्तरतोऽपि भवन्ति। यतश्चात्रैव स्नानकार्यत्वेनोपात्तानीति नोपभोग एव प्रतिबद्धानीत्यनैकान्तिकानि' इति काव्यप्रकाशकृतोक्तम्। तथा तत्रैव तेन।

मर्मप्रकाशः

सर्वतोऽञ्जनलोपः स्यात्तव तु लोचनयोः क्वचित्प्रान्त एवानञ्जनत्वमिदं चुम्बन-कृतमेवेत्यादि परिग्रहः। वाक्यार्थो विशेषणवाक्यार्थाः। प्रधानव्यङ्ग्य संभोगः।

तत्र ग्रन्थविरोधमाह—पञ्चमोल्लासेति। अस्योक्तमित्यत्रान्वयः। गमकेति। संभोगेत्यादिः। अत्रैव निःशेषेत्यादावेव। प्रतिबद्धानि, जन्यतया न तत्रैव संब-द्धानि। अनैकान्तिकानि साधारणानि। तत्रैव पञ्चमोल्लास एव। तेन प्रकाशकृता। अभ्युपगतमित्यत्रान्वयः।

मधुसूदनी

तथाहीति प्राचीनकाव्यप्रकाशध्वन्यालोकग्रन्थविरुद्धत्वम्प्रदर्शयति। गमकतया उपभोगव्यञ्जकतयेत्यर्थः। कारणान्तरतोऽपि स्नानादपीति भावः। अत्रैव श्लोके। उपभोगेति-उपभोगकार्यत्वेनेति भावः। न प्रतिबद्धानि न नियतसम्बद्धानि। एकान्तं निश्चयः। अनैकान्तिकं व्यभिचारि। तथा अन्यच्च तत्रैव काव्यप्रकाशे पञ्चमोल्लासे एव। तेन प्रकाशकृता। अभ्युपगतं स्वीकृतम्।

बालक्रीड़ा

अधर का, क्योंकि ऊपर का ओष्ठ तो लाल ही है केवल नीचे के ओठ का राग बिलकुल छूट गया है यह संभोग कालिक चुम्बन ही से छूटा है।

तटादि से युक्त वाक्यार्थ, स्नान की व्यावृत्ति से संभोग के अङ्ग आलिंगन चुम्बन का प्रतिपादन करके प्रधान व्यंग्य रमण के व्यक्त करने में सहायता करते हैं। इस पर पण्डितराज कहते हैं कि यह सब आपका लेख अलंकार शास्त्र के तत्त्व के न समझने के कारण है।

इतना ही नहीं, आपका ऐसा कहना प्राचीन आचार्यों के सकल ग्रन्थों के विरुद्ध है और युक्ति से भी संगत नहीं है। जैसे पंचमोल्लास के अन्त में काव्य प्रकाशकार ने कहा कि निःशेष वगैरह में जो चन्दन च्यवनादि संभोग के व्यञ्जक रूप से उपात्त है वे दूसरे कारणों से भी हो सकते हैं। जैसे यहां ही स्नान के कार्यरूप में कहे हैं इस वास्ते उपभोग में नियत नहीं होने से व्यभिचारी हैं।

'भम घम्मिअ वीसत्थो सो सुणओ अज्ज मालिदो तेण ।

बालक्रीड़ा

भ्रम धार्मिक ? विश्वस्तः स शुनकोऽद्य मारितस्तेन । गोदानदीकच्छनिकुञ्जवासिना दृप्तसिंहेन । यह संस्कृत है । वीसत्थो का अनुवाद विश्वस्तः है । यह श्लोकवाक्य कुलटा का कहा हुआ है । कुलटा एक धार्मिक को कह रही है कि हे धार्मिक ! तुम विश्वस्त होकर घूमो (क्योंकि जिस कुत्ते के डर से तुमने घूमना रोक दिया था) उस कुत्ते को आज़ गोदावरी नदी के कच्छ अर्थात् तट के 'कच्छो द्रुभेदे नौकाङ्गेऽनूपप्राये तटेऽपि च' (इस हैम कोष के अनुसार कच्छ का अर्थ तट है) निकुञ्ज याने लतागृह में वास करने वाले उस उद्दण्ड सिंह ने मार डाला ।

इस श्लोकार्थ के अनुसार प्रसंग संगति यों है कि गोदावरी तीर का निकुञ्ज, किसी कुलटा का संकेत स्थान था उसको वह चाहती थी कि यह स्थान सुरक्षित रहे मेरे सिवा अन्य कोई व्यक्ति यहाँ न आवे । किन्तु कोई धार्मिक निकुञ्ज में लताओं से पुष्पावचय के लिए वहाँ जाता था; इससे उसके कार्य में विघ्न होता था अतः उसने उसके आने को रोकने के लिए अपने पालतू कुत्ते को वहाँ लतागृह में लाने लगी । जब धार्मिक आये तब वह भौंकने लगा । पहले तो धार्मिक भयभीत हुआ और कुछ समय के लिए जाना आना भी बन्द कर दिया परन्तु पुष्पों की समस्या को हल करने के लिए मौका पाकर फिर भी कदाचित् २ जाने लगा । इसी बीच में कुलटा ने यह कहना शुरू कर दिया कि इस जगह में सिंह ने डेरा लगा दिया, साथ ही इस कहने के कुत्ते को वहाँ से हटा दिया । अब जब धार्मिक आया तब यह पद्य कहती है ।

यहाँ व्यञ्जनावादी का कहना है कि भला जिस लतागृह में सिंह रहता है और वह इतना दृप्त है कि वहाँ जाने वालों पर चोट भी करता है क्योंकि उसने कुत्ते को मार दिया अतः जिसके मुंह में खून भी लग गया वहाँ कौन समझदार व्यक्ति जायगा घूमना तो दर किनार रहा । फलतः "खबरदार ! सावधान रहना वहाँ मत जाना" यह व्यङ्ग्यार्थ बोधन करना कुलटा का अभिप्राय है ।

यहाँ घूमो यह विधि नहीं है । अर्थात् इस श्लोक वाक्य में धार्मिक के भ्रमण के अनुकूल कुलटा का अभिप्राय नहीं है यदि ऐसा होता तब वह घूम तो रहा ही था, फिर वहाँ कुत्ता लाकर घूमना रोकने के लिए भयोत्पादन करने की क्या आवश्यकता थी । इससे मालूम हुआ कि निषेध करने का अभिप्राय है । उस पर भी कहती है कि "घूमो" तो यह निषेध का अभाव प्रतिप्रसव हुआ । इस तरह यहाँ लोट् प्रत्यय का अर्थ विधि प्रेरणा प्रैष नहीं है । किन्तु "प्रैषातिसर्गप्राप्तकालेषु कृत्याश्च" इस सूत्र से अतिसर्ग कामचार या प्राप्तकाल अर्थ में लोट् प्रत्यय हुआ है । अतः उसका अर्थ हुआ "अब भय नहीं रहा घूमना चाहो तो घूमो" या "अब भय नहीं रहा घूमने का समय प्राप्त है ।"

नैयायिक महिम भट्ट का कहना है कि भ्रमण विधि से भ्रमण निषेध का अनुमान होता है । क्योंकि इस पद्य में दो अर्थ हैं एक तो वाच्य विधि दूसरा प्रतीयमान निषेध । जिसमें भ्रमणरूप अर्थ भ्रम इस शब्द से कह दिया गया है । अतः वाच्य है । और निषेध अर्थात्

बालक्रीड़ा

भ्रमणाभाव किसी शब्द से कहा नहीं गया अतः आप व्यञ्जनवादी उसको व्यङ्ग्य कहते हैं। हम उसको अनुमेय कहते हैं। आप भ्रमण (वाच्यार्थ) को भ्रमणाभाव का व्यञ्जक कहते हैं हम उसे उसका अनुमापक कहते हैं। कैसे ? सुनिये।

धार्मिक तो वहाँ गोदावरी तीर पर पहले से ही घूमता था। फिर अब उसको घूमने के लिए कहने की क्या आवश्यकता आई। अजी साहब ! वहाँ कुत्ता जो आ गया था, उसी के डर से भक्त जी ने घूमना बन्द कर दिया था अतः आवश्यकता आई। अब क्या हुआ ? अब उस कुत्ते को वहाँ रहने वाले दृप्त सिंह ने मार डाला। भला सोचिये ? केवल कुक्कुरसद्भावज्ञान से जब भक्त जी ने गोदावरी तीर पर घूमना बन्द कर दिया था। तब सिंह सद्भावज्ञान से वहाँ वे घूमेंगे ? कभी नहीं वे घूमेंगे। वे तो कुत्ते के भी नहीं रहने ही से घूमते थे।

यही कुत्ते के नहीं रहने पर भक्तजी का भ्रमण करना, सिंह के निवासस्थान गोदावरी तीर पर उन कुक्कुर भीरु भक्त जी के भ्रमणाभाव का अनुमापक हो जाता है। गोदावरी तीर (पक्ष) कुक्कुर भीरु भक्तजी के भ्रमण के अयोग्य है (साध्य) क्यों कि वहाँ कुक्कुर मारने वाला सिंह रहता है। (हेतु)

इसी बात को काव्यप्रकाशकार ने भी लिखा है। गृहे श्वनिवृत्या विहितं भ्रमणं गोदावरी तीरे सिंहोपलब्धेरभ्रमणमनुमापयति। यहाँ विहितं का अर्थ मुख्य विधिविषयः नहीं है। यहाँ अनुमापयति का कर्त्ता भ्रमण है। अतः वह भ्रमण, भ्रमणाभाव का अनुमापक है। शंका होती है कि भ्रमण, भ्रमणाभाव का अनुमापक कैसे हो सकता है ? उसका अनुमापक तो सिंह सद्भावज्ञान अर्थात् भयकारण (सिंह) सद्भावज्ञान है। उत्तर।

यहाँ इस वाक्य में अनुमापयति पद में णिच् प्रत्यय है। उसका अर्थ है प्रयोजक कर्त्ता। इससे प्रतीत हुआ कि अनुमान कर्त्ता प्रयोज्यकर्त्ता कोई दूसरा है उसका प्रेरक भ्रमण है। केवल भ्रमण नहीं प्रेरक है किन्तु सिंहकर्तृकश्वनिवृत्या भ्रमण प्रेरक है। उसमें प्रेरकत्व यही है कि वह अनुमितिसाधकव्याप्तिग्रह का उपाय हो जाता है। कैसे वह हो जाता है सो बतलाते हैं।

सामाजिक प्रयोज्यकर्ता भ्रमणाभाव का अनुमान करता है अर्थात् गोदावरी-तीर-निकुञ्ज-पक्षिका भीरुकर्तृक-भ्रमणाभाव साध्यिका भीरुकर्तृक-कुक्कुरमारक-सिंहसद्भावज्ञान हेतुकी अनुमिति करता है। उसको तादृश भ्रमण प्रेरणा देता है अतः तादृश भ्रमण अनुमापक है। सामाजिकः, गोदावरी तीरे भ्रमणाभावं सिंहोपलब्धेरनुमिनोति, अनुमिन्वन्तं तं लतागृहे सिंहकर्तृकश्वनिवृत्या विहितं भ्रमणं प्रेरयति। इति तादृशभ्रमणं सामाजिकेन भ्रमणाभावमनुमापयति। दृशेश्चेति वार्तिककरणसामर्थ्यात् ज्ञानविशेषार्थानां योगे कर्मत्वं न हि भवति। अतः सामाजिकेनेति तृतीतान्तम्।

व्याप्ति दो प्रकार की है एक अन्वयव्याप्ति, दूसरी व्यतिरेकव्याप्ति। अन्वय व्याप्ति में व्याप्य, हेतु (धूम) से व्यापक साध्य (वह्नि) का पक्ष (पर्वत) में अनुमान होता है। व्यतिरेक व्याप्ति में व्यापक के अभाव अर्थात् साध्याभाव (वह्न्यभाव) से

गोलाणईकच्छकुडङ्गवासिणा दरिअसीहेण ॥'

इत्यादौ लिङ्गजलिङ्गिज्ञानरूपेणानुमानेन व्यक्तिं गतार्थयतो व्यक्तिविवेककृतो मतं प्रत्याचक्षाणेन व्यभिचारित्वेनासिद्धत्वेन च संदिह्यमानादपि लिङ्गाद्व्यञ्जनमभ्युपगतम् । इत्थमेव च ध्वनिकृतापि प्रथमोद्द्योते । एवं च

मर्मप्रकाशः

भ्रमेति । 'भ्रम धार्मिक विश्वस्तः स शुनकोद्य मारितस्तेन । गोदानदीकच्छनिकुञ्जवासिना दृप्तसिंहेन ।।' कुसुमावचयार्थं कुञ्जे धार्मिकपरिभ्रमेण खण्डितसंकेतायास्तन्निवारणोक्तिरियम् । अत्र वाच्येन भीरुस्वभावस्य गृहे श्वनिवृत्त्या भ्रम-

बालक्रीड़ा

व्याप्याभाव अर्थात् हेत्वभाव (धूमाभाव) का पक्ष (ह्रद) में अनुमान होता है । तदनुसार प्रकृत में भ्रमणाभाव साध्य है व्यापक है और सिंहसद्भावज्ञान अर्थात् भयकारणज्ञान व्याप्य है । यहाँ अन्वय व्याप्ति इस प्रकार होगी—जहाँ जहाँ भयकारण ज्ञान है वहाँ वहाँ भ्रमणाभाव है । साध्य व्यापक अर्थात् भ्रमणाभाव, उसके अभाव भ्रमणाभावाभाव अर्थात् भ्रमण हेतु से साध्य भयकारणज्ञान के अभाव का अनुमान होता है । यहाँ व्यतिरेकव्याप्ति इस प्रकार है—जहाँ २ भ्रमण है वहाँ २ भयकारणज्ञानाभाव है ।

यह व्यतिरेक व्याप्ति है । उसका क्रम यह है । अन्वयव्याप्ति में जो व्याप्य है उसका अभाव यहाँ व्यतिरेकव्याप्ति में व्यापक है और जो वहाँ व्यापक है उसका अभाव यहाँ व्याप्य है । जैसा कि कहा है—

व्याप्यव्यापकभावो हि भावयोर्यादृगिष्यते ।
तयोरभावयोस्तस्माद्विपरीतः प्रतीयते ।।
अन्वये साधनं व्याप्यं, साध्यं व्यापकमिष्यते ।
साध्याभावोऽन्यथा व्याप्यो व्यापकः साधनात्ययः ।।

तदनुसार जहाँ २ भयकारणज्ञान है वहाँ २ भ्रमणाभाव है । इस अन्वयव्याप्ति में जो व्यापक है भ्रमणाभाव, उसका अभाव भ्रमणाभावाभाव अर्थात् भ्रमण वह व्याप्य हुआ और जो व्याप्य है भयकारणज्ञान, उसका अभाव भयकारणज्ञानाभाव वह व्यापक हुआ । उस व्यापक के विरुद्ध यहाँ "भ्रम धार्मिक" में भयकारणसिंहोपलब्धि है (उपलब्धि का अर्थ है ज्ञान) अतः भ्रमण नहीं होगा ।

इस तरह लिङ्गज अर्थात् लिङ्ग "जन्यज्ञान से अनुमेय" से होनेवाले लिङ्गी के ज्ञानरूप अनुमान में व्यक्ति को गतार्थ करने वाले व्यक्तिविवेककार के मत का प्रत्याख्यान कर के काव्यप्रकाश कार ने उसी पंचमोल्लास में व्यभिचारी और असिद्ध होने से संदिग्ध लिङ्ग से भी व्यञ्जन होना स्वीकार किया है । इसी प्रकार ध्वनिकार ने भी प्रथम उद्योत में । इस प्रकार व्यञ्जकों की साधारणता प्रतिपादन करने वाले प्रामाणिकों के ग्रन्थों के साथ असाधारणता प्रतिपादन करने वाले तुम्हारे ग्रन्थ का विरोध स्फुट है ।

व्यञ्जकानां साधारण्यं प्रतिपादयतां प्रामाणिकानां ग्रन्थैः सहासाधारण्यं प्रतिपादयतस्तव ग्रन्थस्य विरोधः स्फुटः।

किंच यदिदं निःशेषेत्याद्यवान्तरवाक्यार्थानां वापीस्नानव्यावृत्तिद्वारेण व्यङ्ग्यासाधारण्यं संपाद्यते तत्किमर्थमिति पृच्छामः। व्यङ्ग्यस्य व्यञ्जनार्थमिति चेन्न। व्यञ्जकगतासाधारण्यस्य व्यञ्जनानुपायत्वात्।

'ओणिद्दं दोब्बल्लं चिन्ता अलसन्तणं सणसासिअम्
महमन्दभाअणीए केरं सहि तुह वि परभवइ ॥

इत्यादौ साधारणानामेवौन्निद्र्यादीनां वक्त्रादिवैशिष्टयवशादर्थविशेष-

मर्मप्रकाशः

णेन निकुञ्जे सिंहोपलब्ध्या भ्रमणनिषेधव्यङ्ग्यः। इत्थमेवेति। उक्तंस्वीकृतं चेत्यर्थः। ननु तैः साधारण्ये व्यञ्जने स्वीकृतेऽसाधारण्ये[1] सुतरामङ्गीकृतम्, प्रकृते च तथा संभवात् मयोपपादितमिति कस्तैर्विरोध इति चेत्सत्यम्, अत एवोपपत्तिविरोधोऽपरो दोषोऽभिहितस्तमुपपादयति–किंचेत्यादि। व्यङ्ग्येति। व्यङ्ग्यसंभोगं प्रत्यसाधारण्यमित्यर्थः। अनुपायत्वे हेतुमाह—ओणिद्दमिति। 'औन्निद्र्यं दौर्बल्यं चिन्तालसत्वं सनिःश्वसितम्। मम मन्दभागिन्याः कृते सखि! त्वामपि परिभवति॥' कृतकामुकसंभोगां दूतीं प्रत्युपभोगचिह्नैस्तं ज्ञातवत्या नायिकाया इयमुक्तिः। साधारणानां रोगादितोऽपि तत्संभवात्। यथात्रैव नायिकायास्तद्वियोगतः। वक्त्रादीति। आदिना बोद्धव्यपरिग्रहः। ननु तस्य तदनुपायत्वेऽपि

बालक्रीड़ा

जब उन्होंने साधारणता में व्यञ्जन होना स्वीकार किया है तो असाधारणता में अवश्य ही व्यञ्जन होगा। तब विरोध कैसा? अतः उपपत्ति विरोध बतलाने का आरम्भ करते हैं। किंच अर्थात् और भी है। जो यह निःशेषेत्यादि अवान्तर वाक्यार्थो का वापीस्नान की व्यावृत्ति करके व्यङ्ग्य के साथ असाधारण्य प्रतिपादन करते हैं वह किस लिये? यह हम पूछते हैं। अगर कहो कि व्यङ्ग्य के लिए तो ठीक नहीं है। क्योंकि व्यञ्जकों की असाधारणता व्यञ्जना अर्थात् वैयञ्जनिक बोध का उपाय नहीं है। इसमें कारण बतलाते हैं।

औन्निद्र्य दौर्बल्यं चिन्तालसत्वं सनिःश्वसितम्। मम मन्दभागिन्याः कृते सखि? त्वामपि परिभवति। संस्कृत। यहाँ किसी २ जगह त्वामपि के बाद अहह पाठ भी मिलता है

जहां रेफों से बने हुए संयोग का बार २ प्रयोग है उसका उदाहरण—हे गौराङ्गि ! विश्व में अपनी तुलना को नहीं देखकर, कभी भी अखर्व गर्व नहीं करना । क्योंकि इन गहन अर्थात् घने जंगलों में नाना फलों से झुकी हुई कितनी ही लताएँ (क्या नहीं) हैं । यहां खर्व, गर्व, कुर्या, इन स्थानों में रेफ घटित संयोग का बार २ प्रयोग है अतः माधुर्य के अननुगुण है । अगर "तुला न मे ऽस्तीति महीतलेऽस्मिन् गौराङ्गि ! भावं न कदापि कुर्याः"

हलां ल-म-न-भिन्नानां स्वात्मना संयोगस्यासकृत्प्रयोगो यथा—'विगण्य्य मे निकाय्यं तामनुयातोऽसि नैव तन्न्याय्यम्।' ल-म-नानां स्वात्मना संयोगस्तु न तथा पारुष्यमावहति यथा—

'इयमुल्लसिता मुखस्य शोभा परिफुल्लं नयनाम्बुजद्वयं ते।
जलदालिमयं जगद्धितन्वन्कलितः क्वापि किमालि! नीलमेघः' ॥

झय्द्वयघटितसंयोगस्य यथा—

'आ सायं सलिलभरे सवितारमुपास्य सादरं तपसा।
अधुनाब्जेन मनाक्तव मानिनि! तुलना मुखस्याप्ता' ॥

अत्र द्वितीयार्धमरम्यम्। 'सरसिजकुलेन संप्रति भामिनि! ते मुखतुलाऽधिगता' इति तु साधु।

मर्मप्रकाशः

प्राचुर्याभावः। हकारघटितसंयोगस्यासकृत्प्रयोगोदाहरणं त्रुटितमत्र। निकाय्यं निवासम्। तां सपत्नीम्। नायिकोक्तिर्नायकं प्रति। आवहतीति। अतस्तदन्यत्वं निवेशितमिति भावः। इयमिति। अधुना द्वितीयेऽह्नि।

बालक्रीड़ा

ऐसी निर्मिति कर दी जाय तो साधु है। पण्डितराज के द्वितीय पाठ में भी रेफ घटित संयोग एवं झय् ककार का संयोग क्रमशः "गर्व" कुर्याः" "लोक्य" में रहता ही है।

लकार मकार एवं नकार से भिन्न हलों का अपने से अर्थात् हलों से संयोग का वार २ प्रयोग, जैसे—"विगणय्य," "निकाय्यं" "तन्नाय्यम्" में यकार का यकार से वार २ संयोग है। नायिका नायक से कहती है कि मेरे निवास भवन की परवाह नहीं करके उस सपत्नी का अनुगमन तुमने किया वह न्याय्य उचित नहीं है। ल, म, न का ल, म, न से संयोग उतना परुष नहीं है। जैसे—"उल्ल" "फुल्ल" में लका संयोग है।

हे आलि! यह तुम्हारे मुख की शोभा उल्लास को प्राप्त हो रही है और यह तुम्हारे दोनों नयन कमल से खिले हुए हैं (क्या बात है) क्या कहीं पर विश्व को सरस बना देने वाला नील मेघ अर्थात् कृष्ण मिल गया।

दो झयों के संयोग का उदाहरण जैसे—हे मानिनि! सायंकाल पर्यन्त जलाशय में आदर पुरःसर सविता भगवान् की उपासना करके तपस्या के द्वारा कमल ने तुम्हारे मुख की थोड़ी सी तुलना प्राप्त करली है।

इस पद्य का उत्तरार्ध सुन्दर नहीं है। यदि "सरसिजकुलेन" इत्यादि रूप से उसका निर्माण कर दिया जाय तो अच्छा है।

वर्णों में अर्थात् अक्षरों में समानता रखने वाले दो झयों के द्वारा बने हुए संयोग का

झय्द्वयघटितसंयोगस्य सकृत्प्रयोगो यथा—

'अयि मन्दस्मितमधुरं वदनं तन्वङ्गि ! यदि मनाक्कुरुषे ।
अधुनैव कलय शमितं राकारमणस्य हन्त साम्राज्यम्' ॥

नन्वत्र ककारद्वयसंयोगस्य हल्घटितस्वात्मसंयोगत्वेनैव निषेधात्क-खसंयोगस्य महाप्राणसंयोगनिषेधविषयत्वात्तृतीयसंयोगस्य चासंभवात्स-वर्णझय्द्वयसंयोगनिषेधो निरवकाश इति चेत्, न । सकृत्प्रयोगविषयत्वे-नास्य पार्थक्यात् । अन्यथा "मनाक्कुरुषे" इति निर्दोषं स्यात् ।

महाप्राणघटितसंयोगो यथा—

'अयि मृगमदविन्दुं चेद्भाले बाले ! समातनुषे ।'

उत्तरार्धं तु प्राचीनमेव ।

मर्मप्रकाशः

अयीति । अयि तन्वङ्गि, यदि वदनं मनाक् मन्दस्मितमधुरं कुरुषे तर्हि अधुनैव । न तु कालान्तरे । हन्तेति हर्षे । चन्द्रस्य साम्राज्यं शमितं कलय । जानीहीत्यर्थः ।

बालक्रीड़ा

एक बार प्रयोग जैसे—"मनाक्कुरुषे" इसमें ककार झय् का ककार झय् के साथ संयोग है । वह भी एक बार है यह दुष्ट है । अयि तन्वङ्गि ! यदि तुम अपने वदन मुख को मन्द हास्य से थोड़ा भी मधुर कर दो तो अभी ही राकारमण अर्थात् पूर्णिमा चन्द्र के साम्राज्य का अन्त हुआ ही समझो ।

ननु से यहाँ शंका करते हैं कि यहाँ "मनाक्कुरुषे" पदों में दो ककारों के संयोग का, अपने से अर्थात् हल का हल से संयोग होने से निषेध कर चुके हैं, ककारादि का अपने समान वर्ग वाले खकारादिके 'साथ संयोग का निषेध भी "महाप्राणों के साथ संयोग निषिद्ध है" इस आदेश से किया जा चुका है । तीसरे प्रकार का संयोग सम्भव नहीं है अतः सवर्णझय्द्वय संयोग के निषेध करने का अवसर ही कहाँ प्राप्त है जो आपने इस तरह का उल्लेख किया । उत्तर । पहले जो निषेध दिखलाया है अपने का अपने के साथ या अपन वर्ग वाले का अपने वर्ग वाले के साथ=वह बार बार प्रयोग के विषय में था । और यह जो तृतीय संयोग का निषेध दिखला रहे हैं वह एक बार के प्रयोग के विषय में है । अतः यह उससे पृथक् है । यदि ऐसे संयोग का निषेध नहीं दिखलाते तो मनाक्कुरुषे यह प्रयोग निर्दोष कहलाता ।

महाप्राण से बने हुए संयोग का उदाहरण जैसे । अयि वाले ! अगर तुम कस्तूरी का तिलक ललाट में कर लेती हैं तो । यहाँ का उत्तरार्ध प्राचीन ही है । चन्द्र की शोभा समाप्त ही हुई समझो ।

एवं त्वप्रत्ययं, यङन्तानि, यङ्लुगन्तान्यन्यानि च शाब्दिकप्रिया-ण्यपि मधुररसे न प्रयुञ्जीत। एवं व्यङ्ग्यचर्वणातिरिक्तयोजनाविशेषापेक्षा-नापाततोऽधिकचमत्कारिणोऽनुप्रासनिचयान् यमकादींश्च संभवतोऽपि कविर्न निबध्नीयात्। यतो हि ते रसचर्वणायामनन्तर्भवन्तः सहृदयहृदयं स्वाभि-मुखं विदधाना रसपराङ्मुखं विदधीरन्। विप्रलम्भे तु सुतराम्। यतो

मर्मप्रकाशः

कखेति। खादिधातुपाठे इति भावः। व्यङ्ग्येति। व्यङ्ग्यास्वादान्यो यो योजनाविशेषः। पदार्थानां तदपेक्षा नेत्यर्थः। यतो हीति निपातसमुदायो हेतौ। सुतरामिति। पूर्वोक्त-

मधुसूदनी

एवं व्यंग्येति। अयं भावः। येन योजनाविशेषेण व्यंग्यस्य रसवस्त्वलं कारध्वनेः चर्वणा आस्वादो भवति तेन न यमकानुप्रासादीनामास्वादः किन्तु तेषां निर्माणे अनुभवे वा तदतिरिक्तस्यैव योजनाविशेषस्य अपेक्षा भवति। अतः आपाततः दृष्टिपातमात्रं यावत् न तु विचारेऽपि सति अधिकचमत्कारिणः विलक्षणास्वादजनकान् यमकानुप्रासादीन् नैव कविर्निबध्नीयात् रचयेत्। तेषां निर्माणे रसनिर्माणापेक्षया पृथक् प्रयत्न आस्थेयो भवति। परं सिद्धान्त एष यद् येऽलंकारा अपृथग् यत्नसम्पाद्याः त एवालंकारतां गाहन्ते नान्ये। इति।

अत्रत्यो विषयो ध्वन्यालोके द्वितीयोद्योते १६।१७।१८।१९ षोडशसप्तदशाष्टा-दशैकोनविंशकारिकासु तद्वृत्तौ च साटोपं निरूपितो जिज्ञासुभिस्तत्रैवावलोकनीयः पिष्टपषेणं स्यादिति नोदलेखि।

बालक्रीड़ा

इस प्रकार त्व प्रत्यय, यङन्त, एवं यङ लुगन्त वगैरह और भी जो शाब्दिक याने वैयाकरणों को प्रिय हों उनका मधुर रसों में प्रयोग नहीं करे। इसी प्रकार जिन योजना विशेषों याने रचना विशेषों से व्यङ्ग्य की चर्वणा अर्थात् रस, वस्तु एवं अलंकार ध्वनियों का आस्वाद होता है उन योजना विशेषों से अतिरिक्त माने भिन्न योजना विशेषों की जहाँ अपेक्षा आवश्यकता होती है उन आपाततः अधिक चमत्कारी अनुप्रासों एवं यमकादिकों का संभव होने पर भी कवि को चाहिए कि काव्य में विन्यास नहीं करे। क्योंकि वे यमक एवं अनुप्रास तथा खड्गबन्ध मुरजबन्धादि रचनायें रसादि की चर्वणा में अन्तर्भूत नहीं हो सकती हैं। यद्यपि ये रचनायें सहृदयों के हृदयों को अपने अभिमुख कर लेती हैं तथापि वे उनको रस से पराङमुख कर देती है। विप्रलम्भरस के विषय में तो सुतरां पराङमुख कर देती हैं। क्योंकि यह विप्रलम्भरस, निर्मल मिश्री से बने हुए प्रपाणकरस की तरह अत्यन्त मधुर होता है अतः जिस काव्य में विप्रलम्भ श्रृंगार का उपन्यास रहे उस काव्य में थोड़ी सी भी स्वतन्त्रता धारण करने वाले पदार्थ का समावेश सहृदयों के हृदयों को पीड़ाकारी होने से नहीं करना चाहिए। जैसा कि कहा है।

मधुरतमत्वेनास्य निर्मलसितानिर्मितपानकरसस्येव तनीयानपि स्वातन्त्र्यमावहन् पदार्थः सहृदयहृदयारुंतुदतया न सर्वथैव सामानाधिकरण्यमर्हति ।

यदाहुः—

'ध्वन्यात्मभूते शृङ्गारे यमकादिनिबन्धनम् ।
शक्तावपि प्रमादित्वं विप्रलम्भे विशेषतः' ॥

ये तु पुनरक्लिष्टतयानुन्नतस्कन्धतया च न पृथग्भावनामपेक्षन्ते, किं तु रसचर्वणायामेव सुसुखं गोचरीकर्तुं शक्याः, न तेषामनुप्रासादीनां त्यागो युक्तः ।

यथा—

'कस्तूरिकातिलकमालि ! विधाय सायं
स्मेरानना सपदि शीलय सौधमौलिम् ।

मर्मप्रकाशः

सर्वानुषङ्गः । तनीयानपि पदार्थो रजःकणः पदार्थैकदेशश्च स्वातन्त्र्यं स्वाभिमुखत्वं कुर्वन्नित्यर्थः । निबन्धनं शक्तावपि प्रमादित्वरूपं भवतीत्यर्थः ।

अनुन्नतेति । अनुन्नतविस्तारतया चेत्यर्थः । सुसुखमत्यन्तसुखं यथा तथा । क्वचित् 'सुखम्' इत्येव पाठः । सौधमौलिं सुधानिर्मितप्राकारोर्ध्वप्रदेशम् । मुदां प्रौढिमित्यन्वयः । उपसं

मधुसूदनी

कस्तूरिकेति । स्मेरानना मधुरहासयुतवदना सती सौधस्य मौलिं शिखरं शीलय आरोह । अत्र पद्ये मुखे पूर्णचन्द्रत्वं ध्वन्यते ।

बालक्रीड़ा

ध्वनिस्वरूपभूत शृंगार में यमकादिका समावेश करना शक्ति रहने पर भी कविका प्रमाद है । विप्रलम्भ में विशेष प्रमाद है । यहाँ ध्वन्यात्मभूते शृंगारे कहने का तात्पर्य है कि गुणभूत शृंगार में कदाचित् यमक एवं अनुप्रासादि का सन्निवेश उतना प्रमाद नहीं है । जो तो फिर अनुप्रास एवं यमकादिक क्लेश साध्य नहीं और क्लेशकर नहीं है तथा जो अपने कन्धे को ऊंचा नहीं करते हैं अर्थात जिनकी रचना इतनी अच्छी हो गई है कि रस या भावादि उसकी भावना में ही अन्तर्गत हो जाते हों ऐसी स्थिति जिनमें नहीं है अतएव वे अपने लिए पृथक् भावना की अपेक्षा नहीं रखते हैं। किन्तु रसकी चर्वणा के समय में ही सुखपूर्वक समझे जाते हैं उन अनुप्रास एवं यमक वगैरह का त्याग युक्त नहीं है । उदाहरण जैसे—

हे आलि ! हे सखि ! तुम शीघ्र ही सायंकाल के समय कस्तूरी का तिलक करके हँसती हुई महल के शिखर पर आरोहण करो। जिससे कुमुद, हर्ष की उदार प्रौढि को

प्रौढिं भजन्तु कुमुदानि मुदामुदारा-
मुल्लासयन्तु परितो हरितो मुखानि' ॥

इत्थमेते प्रसङ्गतो मधुररसाभिव्यञ्जिकायां रचनायां संक्षेपेण निरूपिता दोषाः ।

'एभिर्विशेषविषयैः सामान्यैरपि च दूषणै रहिता ।
माधुर्यभारभङ्गुरसुन्दरपदवर्णविन्यासा ॥
व्युत्पत्तिमुद्गिरन्ती निर्मातुर्या प्रसादयुता ।
तां विबुधा वैदर्भीं वदन्ति वृत्तिं गृहीतपरिपाकाम् ॥'

अस्यामुदाहृतान्येव कियन्त्यपि पद्यानि ।

मर्मप्रकाशः

हरति—इत्थमिति । प्रसङ्गाद्वृत्तिं निरूपयति—एभिरिति । माधुर्यभारेण भङ्गुरोऽत एव सुन्दरः पदानां च विन्यासो रचना यस्यां सा । निर्मातुर्व्युत्पत्तिमुद्गिरन्तीत्यन्वयः । प्रसादगुणेन युता । गृहीतः परिपाको रसचर्वणा यस्यां सा ।

मधुसूदनी

माधुर्येति । माधुर्यस्य गुणस्य भारेण अधिक्येन भंगुराणि नतानि अर्थात् माधुर्यं व्यञ्जयितुं सोद्योगानि यथा स्यात् तथा भासमानानि सक्षमाणि इति यावत् यानि पदानि, वर्णाश्च तेषां विन्यासः समावेशो यस्यां सा । निर्मातुः कवेः व्युत्पत्तिं प्रगल्भतामुद्गिरन्ती प्रकाशनस्वभावा । गृहीतपरिपाकाम् रसालपाकयुताम् ।

बालक्रीड़ा

प्राप्त करें और दिशाओं के भाग चारों तरफ से उल्लसित हो जाय ।

यहाँ "कातिलकमालि" में ककार और लकार का छेकानुप्रास, तथा कुमुदानि मुदा मुदारा, में मुदा, मुदा, मुदा का यमक, एवं "हरितो परितो" में रितो रितो का वृत्यनुप्रास, मुख में पूर्णचन्द्रत्व की ध्वनि के आस्वादन से आस्वाद्य हैं। उनके लिए पृथक प्रयत्न की आवश्यकता नहीं है। इस विषय को विस्तृत रूप से ध्वन्यालोक के द्वितीय उद्योत की १६–१७–१८–१९ वीं कारिका एवं उसकी वृत्ति में आनन्द वर्धनाचार्य ने लिखा है। पण्डितराज ने यहाँ दो लाइन में संक्षेप करके लिखा है ।

इस प्रकार प्रसंग से मधुर रस की अभिव्यञ्जिका रचना में होने वाले ये दोष संक्षेप से हमने बतला दिये हैं।

ये ऊपरि निर्दिष्ट सामान्य एवं विशेष दूषणों से रहिता जिसमें माधुर्य के भार से झुके हुए अर्थात् माधुर्य व्यञ्जन करने के लिए तत्पर जैसे मालूम पड़ रहे अत एव सुन्दर वर्ण एवं पदों का विन्यास हो, जो प्रसाद गुण से अन्वित हो तथा निर्माता कवि की व्युत्पत्ति का

यथा वा—

'आयातैव निशा निशापतिकरैः कीर्णं दिशामन्तरं
भामिन्यो भवनेषु भूषणगणैरुल्लासयन्ति श्रियम् ।
वामे ! मानमपाकरोषि न मनागद्यापि रोषेण ते
हा हा बालमृणालतोऽप्यतितमां तन्वी तनुस्ताम्यति' ॥

अस्याश्च रीतेर्निर्माणे कविना नितरामवहितेन भाव्यम् । अन्यथा तु परिपाकभङ्गः स्यात् ।

यथामरुककविपद्ये—

'शून्यं वासगृहं विलोक्य शयनादुत्थाय किंचिच्छनै-
र्निद्राव्याजमुपागतस्य सुचिरं निर्वर्ण्य पत्युर्मुखम् ।
विस्रब्धं परिचुम्ब्य जातपुलकामालोक्य गण्डस्थलीं
लज्जानम्रमुखी प्रियेण हसता बाला चिरं चुम्बिता' ॥

अत्रोत्थाय किंचिच्छनैरित्यत्र सवर्णझयद्वयसंयोगस्तत्रापि नैकट्येनेति सुतरामश्रव्यः । एवं झयघटितसंयोगपरह्रस्वस्यापि । तथा शनैर्निद्रेत्यत्र, निर्वर्ण्य पत्युर्मुखमित्यत्र च रेफघटितसंयोगस्य, झयघटितसंयोगपरह्रस्वस्य

मर्मप्रकाशः

कीर्णं व्याप्तम् । श्रियं शोभाम् । तन्वी कृशा । अस्या वैदर्भ्याः । भङ्गमुदाहरति—यथेति । अत्र लज्जेति पृथक्पदम् । तेन समानकर्तृकत्वोपपत्तिः । एवमिति । उक्तस्थल एवेत्यर्थः । नैकट्येनासकृत्प्रयोगोऽश्रव्यः इति भावः । प्राचुर्यमिति । तथा चाश्रव्यमिति

बालक्रीड़ा

सहृदय के हृदय में प्रतिभास कर देती हो ऐसी रसाल पाक सम्पन्ना वृत्ति को विवुध लोग वैदर्भी रीति कहते हैं । इस रीति में उदाहरण रूप से कितने ही पद्य ऊपर दिखा चुके हैं ।

और भी जैसे—निशा आगई, निशापति की किरणों से दिशाओं का आभ्यन्तर प्रदेश व्याप्त हो गया, भामिनियाँ अपने २ भवनों में भूषणों की शोभा को उल्लासित कर रही हैं । इस समय में भी हे वामे ! मान को रोष को थोड़ा सा भी यदि नहीं हटाओगी (तो समझी रहो कि) इस तुम्हारे रोष से हा हा बड़ा दुःख है कि बाल मृणाल से भी अत्यन्त सूक्ष्म तुम्हारी तनु मुरझा सी रही है ।

इस रीति का आश्रयण करके काव्य के निर्माण करने में कवि को बड़ा ही सावधान होना आवश्यक है । नहीं तो रस के परिपाक में च्युति हो सकती है । जैसा कि अमरुक नामक कवि के पद्य में ।

च प्राचुर्यम्। विस्रब्धमित्यत्र महाप्राणघटितस्य, लज्जेत्यत्र स्वात्मसवर्णझयुद्वयघटितस्य, मुखी प्रियेणेत्यत्र भिन्नपदगतदीर्घानन्तरस्य संयोगस्य, तथा क्त्वाप्रत्ययस्य पञ्चकृत्वः, लोकतेश्च धातोर्द्विः प्रयोगः कवेर्निर्माणसामग्रीदारिद्र्यं प्रकाशयति। इत्यलं परकीयकाव्यविमर्शनेन। इति संक्षेपेण निरूपिता रसाः।

अथ भावध्वनिर्निरूप्यते—

मर्मप्रकाशः

भावः। स्वात्मेति। स्वात्मघटितः सवर्णझयुद्वय घटितश्चेति दोषद्वयम्। घटितस्येति। द्वयस्य संयोगस्येत्यत्रान्वयः। सकृदिति तस्य शेषः। तस्य च प्रयोग इत्यत्रान्वयः। एवमग्रेऽपि। तस्य प्रकाशने कर्तृत्वम्। निर्माणेत्यस्य काव्येत्यादिः।

मधुसूदनी

अथ संक्षेपेण रसानां निरूपणान्तरं भावध्वनिर्निरूप्यते लक्ष्यते। अथेति आरम्भार्थको माङ्गलिकश्च। भावध्वनिपदगतं भावत्वं किम्। को नाम भावपदस्यार्थः। किं तस्य लक्षणम्। निर्विकारात्मके चित्ते भावः प्रथमविक्रियेति लक्षितो वा भावः। अथवा सुखदुःखादिकैर्भावैः भावकचेतसो भावनं भावः। उत भावोऽभिप्राय आशय इत्येवं कोषनिर्दिष्टोऽभिप्रायविशेषो वा भावः इति

बालक्रीड़ा

वासगृह को अपनी सखियाँ एवं परिवार के लोगों से रहित देख करके बाला ने शय्या से धीरे २ कुछ उठ कर और पतिदेव जो सो नहीं गये किन्तु सोने का बहाना करके लेट गये थे उस पति देव के मुख का चिरकाल तक निहार कर विश्वास पूर्वक चुम्बन किया। तब चुम्बन समय के स्पर्श से पति की कपोलस्थली में रोमाञ्च हो आये। उस रोमाञ्चयुक्त कपोल स्थली को देखकर नायिका लज्जा से नतमुखी हो गई। उस नतमुखी बाला को हंसते हुए प्रिय ने चिरकालतक चुम्बन किया अर्थात् उसके साथ दिव्यक्रिया की।

यहाँ उत्थाय और किंचिच्छनैः पदों में त और थ, च और छ इन एक वर्गीय होने से सवर्ण दो झयों का संयोग उसमें भी समीप में प्रयोग सुतरां अश्रव्य है। इसी झयों का संयोग है परे जिन से ऐसे ह्रस्व वर्णों का प्रयोग भी अश्रव्य है। और शनैर्निद्रा, निर्वर्ण्य पत्युर्मुखं इसमें भी रेफ का संयोग, झय् घटित संयोग पर ह्रस्व वर्णों की प्रचुरता भी अश्रव्य है। 'विस्रब्ध' में महाप्राण धकार का संयोग, 'लज्जा' में अपने ही समान जकार रूप झय् का संयोग, "मुखी प्रियेण" इसमें भिन्न पद में रहने वाले दीर्घ ई अक्षर के बाद यकार और रेफ का संयोग, और पाँच दफे क्त्वा प्रत्यय का तथा दो दफे लोकति धातुका प्रयोग कवि के निर्माण सामग्री की दरिद्रता का प्रकाशन करता है। दूसरों के काव्यों के विषय में यह विमर्शन करना ठीक नहीं है। यह संक्षेप से रसों का निरूपण समाप्त हुआ।

अथ किं भावत्वम् । विभावानुभावभिन्नत्वे सति रसव्यञ्जकत्वमिति चेत्, रसकाव्यवाक्येऽतिव्याप्त्यापत्तेः । अर्थद्वारा शब्दस्यापि व्यञ्जकत्वात् । द्वारान्तरनिरपेक्षत्वेन व्यञ्जकत्वे विशेषिते त्वसंभवः प्रसज्येत ।

मर्मप्रकाशः

अथ रसनिरूपणानन्तरम् ।

मधुसूदनी

सन्दिहानः पृच्छति । उत्तरति-विभावेति । विभावानुभावाभ्यां भिन्नो रसस्य व्यञ्जको यः स भावः । शंकते-रसेति । एवं लक्षणे कृतेऽपि रसाभिव्यञ्जके काव्यरूपे वाक्येऽतिव्याप्तिरर्थात् लक्ष्यं भावं विहाय अलक्ष्ये वाक्ये लक्षणस्य प्रसक्तिः, यतो हि शब्दोऽपि अर्थद्वारा व्यञ्जको भवति । अयं भावः । विभावादिसंयोगाद्रसः, तत्र विभावादयः शब्दप्रतिपाद्या एव भवन्ति; अतस्ते शब्दस्य

बालक्रीड़ा

अब आरम्भ में प्रश्न करते हैं कि भाव क्या है । अर्थात् भाव किसे कहते हैं उसका क्या लक्षण है । क्या निर्विकारात्मके चित्ते भाव: प्रथम विक्रिया । सभी तरह के विकारों से शून्य (प्रशान्त महासागर की तरह लहरियों से रहित) चित्त में जो पहला विकार हैं उसका नाम भाव है । या (भावोऽभिप्राय आशयः) इस कोष के द्वारा कथित अभिप्राय विशेषका नाम भाव है । या (सुखदुःखादिकैर्भावैर्भावस्तद्भावभावनम्) अनुकार्य राम सीतादि को आश्रय बनाकर काव्य में उपनिबध्यमान सुख या दुःखादि मनोवृत्तियों के द्वारा जो सहृदय भावुक के आशय को अपनी वासना से अपने गन्ध से वासित कर दे वह भाव है । उत्तर । जो विभाव एवं अनुभाव से भिन्न हो और रस का व्यञ्जक हो वह भाव है । पुनः शंका करते हैं कि इस तरह का लक्षण करने पर भी रस को अभिव्यक्त करने वाले काव्यरूप वाक्य में अतिव्याप्ति हो जायगी । अर्थात् लक्ष्य भाव को छोड़कर अलक्ष्य वाक्य में लक्षण की प्रसक्ति हो गई । क्योंकि शब्द भी अर्थ के द्वारा व्यञ्जक होता है । यहाँ का भाव यह है कि विभावादि के संयोग से रस की निष्पत्ति होती है । और विभावादि शब्द के प्रतिपाद्य होते हैं अतः वे शब्द के अर्थ हैं । इसलिए अर्थ के द्वारा शब्द भी विभाव एवं अनुभाव से भिन्न होकर रस का व्यञ्जक है यह प्राप्त हो गया ।

समाधान करते हैं कि शब्द साक्षात् रस का व्यञ्जक नहीं है किन्तु अर्थ के द्वारा व्यञ्जक हैं । इस तरह भाव लक्षण के शब्द में संगत हो जाने से प्राप्त होने वाले अतिव्याप्ति दोष को निरस्त करने के लिए व्यंजक में ऐसा विशेषण लगा दिया जाय कि जो दूसरे किसी द्वार की अपेक्षा न करता हुआ रसव्यञ्जक हो वह भाव है ।

फिर शंका करते हैं कि ऐसा विशेषण देने से तो भावरूप किसी लक्ष्य में लक्षण नहीं जायगा अतः असंभव दोष हो जायगा । क्योंकि भाव भी तो साक्षात् व्यञ्जक नहीं होता है वह भी भावना के द्वारा ही व्यञ्जक होता है । और भी एक बात है कि लक्ष्य भाव को

भावस्यापि भावनाद्वारैव व्यञ्जकत्वात्। भावनायामतिव्याप्त्यापत्तेश्च। अत एव च विभावानुभावभिन्नत्वस्येव शब्दभिन्नत्वस्यापि तद्विशेषणत्वे न निस्तारः। प्रधानध्वन्यमानभावे रसव्यञ्जकताभावादव्याप्त्यापत्तेश्च।

मर्मप्रकाशः

भावना पुनः पुनरनुसंधानम्। अत एव च भावनायामतिव्याप्तेरेव च तद्विशेषणत्वे व्यञ्जकत्वविशेषणत्वे।

मधुसूदनी

अर्थाः। तेन तद्द्वारा शब्दोऽपि विभावानुभावाभ्यां भिन्नः सन् रसस्य व्यञ्जक इति प्राप्तं भवतीति।

समाधत्ते—द्वारेति। अयं भावः। शब्दो न साक्षाद् रसव्यञ्जकोऽपि तु अर्थद्वारा तथा, अतो लक्षणस्य शब्दगतत्वेन प्राप्तमतिव्याप्तिदोषं निरसितुं व्यंजकत्वमेवं विशेषणघटितं निर्माणीयम्। द्वारान्तरेण निरपेक्षः व्यापारान्तराकांक्षारहितः सन् रसव्यञ्जको यः सः भावः। नन्वेवं व्यञ्जकत्वे विशेषितेऽपि लक्षणस्य यावति लक्ष्ये भावे अवर्त्तमानत्वादसंभवनामको दोषः प्रसज्येत प्राप्तो भवति। यतो भावस्यापि साक्षाद् व्यञ्जकत्वं नास्ति तस्यापि भावनाद्वारा एव तथात्वम्। अथ प्रकारान्तरेण लक्ष्यं भावं विहाय भावनायामलक्ष्ये लक्षणप्राप्तेरतिव्याप्तिश्च। यतो द्वारान्तरनिरपेक्षत्वे सति रसव्यञ्जकत्वं तु भावनायामेव। सा च भावो नास्ति इति।

अत एव च—असंभवातिव्याप्तिभ्यामेव च। सार्वविभक्तिकवत्सार्ववचनिकः तसिः। अयं भावः। यो रसव्यञ्जकः स द्वारान्तरनिरपेक्षो भवतु इति वक्तुं न पार्यते, उक्तदोषद्वयप्राप्तेः। ननु तर्हि यो रसं व्यंजयति स यथा विभावानुभावाभ्यां भिन्नः तथा शब्दभिन्नोऽपि भवतु" इत्येवोच्यतामिति चेन्न। तस्य व्यञ्जकत्वस्य शब्दभिन्नतारूपविशेषणत्वे स्वीकृतेऽपि न निस्तारो न दोषान्मुक्तिरिति।

कुत एतदिति प्राह—प्रधानेति। प्रधाने ध्वन्यमाने च भावे अर्थात्

बालक्रीड़ा

छोड़कर अलक्ष्य भावना में लक्षण के प्राप्त होने से अतिव्याप्ति दोष भी हो जायगा। क्योंकि द्वारान्तर निरपेक्ष होकर रस व्यञ्जक भावना ही है। और वह भावना भाव नहीं है। यहाँ "अत:" एक वचन नहीं है द्विवचन है। (आभ्यामेव अत:) सार्वविभक्तिक तसि सार्ववचनिक भी होता है। फलतः :—अत एव अर्थात् असंभव और अतिव्याप्ति दोषों के हो जाने से ही जो रस व्यञ्जक हो वह द्वारान्तर निरपेक्ष हो ऐसा जैसे नहीं कह सकते वैसे ही शब्दरूप नहीं हो अर्थात् शब्द भिन्न हो यह भी नही कह सकते हैं क्योंकि दोषों से निस्तार नहीं है।

क्यों निस्तार नहीं है इस पर कहते हैं कि प्रधानरूप से ध्वनित होने वाला भाव

न च तत्रापि प्रान्ते रसोऽभिव्यज्यत एवेति वाच्यम्। भावध्वनिविलोपप्रसङ्गात्। भावचमत्कारप्रकर्षाद्भावध्वनित्वम्। रसस्तु तत्र व्यज्यमानोऽप्यचमत्कारित्वान्न ध्वनिव्यपदेशहेतुरित्यपि न शक्यं वदितुम्। चम-

मधुसूदनी

भावध्वनौ रसव्यञ्जकताया अभावात् लक्ष्ये भावे एव लक्षणस्याप्रवर्त्तनात् अव्याप्तिदोषापत्तेश्च। यतः सोऽपि विभावानुभावनाभ्यां शब्दादपि च भिन्नः। न केवलं व्यभिचारिण एव भावपदस्य वाच्या अपि तु भावध्वनिपदेन व्यवह्रियमाणा अपि भावपदस्य वाच्याः। इत्यभिमानः।

तत्रापि प्रधानरूपेण व्यज्यमानभावस्थलेऽपि पार्यान्तिकबोधविषयो रस एवेति वक्तुं न शक्यते। एवं हि नाम अत्र काव्ये भावध्वनिरिति अयं भावध्वनिरिति वा व्यवहार एव विलुप्येत। यतो हि चमत्कारप्रकर्षहेतुकप्रधानतायामेव भावस्य ध्वनिरिति व्यवहारः। अन्यस्मिन् कस्मिन् रसादौ प्रधाने सति भावे प्रधानत्वव्याघाताद् भावध्वनित्वव्याघातः स्यात्। प्रत्युत रसध्वनिरिति तत्र स्थले व्यवहारः स्यात्।

ननु प्रान्ते रसोऽभिव्यज्यते, किन्तु अभिव्यज्यमाने तस्मिन् रसे चमत्कारो नास्तीति रसे ध्वनिव्यपदेशयोग्यता नास्ति इत्यादि वदितुं न शक्यम्।

चमत्कारेण रहितस्य रसस्य व्यक्तौ प्रमाणं नास्ति। अभिव्यज्यमानो रसोऽपि चमत्काररहितोऽपीति अंशे मानाभाव एवेत्यर्थः।

बालक्रीड़ा

अर्थात् जो भाव स्वयं प्रधानता का अवगाहना करता है वह दूसरे का अंग बनकर व्यञ्जक कैसे हो सकता है अतः लक्ष्य भाव ही में लक्षण के संगत नहीं होने से अव्याप्ति दोष हो जायगा। क्योंकि वह प्रधानरूप से ध्वनित होने वाला भाव, विभाव और अनुभाव से तथा शब्द से भी भिन्न है किन्तु रस व्यञ्जक नहीं है।

यहाँ का आशय यह है कि केवल व्यभिचारी ही भाव पद के वाच्य नहीं हैं अपि तु भावध्वनि पद से व्यवह्रियमाण भी भाव पद के वाच्य हैं ऐसा इनका मन्तव्य है।

अगर कहें कि जहाँ प्रधानरूप से भावध्वनित होता है वहाँ पर भी प्रान्त में रस अभिव्यक्त होता है तब तो भाव ध्वनि नाम की कोई वस्तु नहीं रहेगी उसका लोप हो जायगा क्योंकि जो प्रधान भी हो और वह अंग भी हो यह उचित नहीं। भाव के चमत्कार में प्रकर्ष होने से ही वह भावध्वनि कहलाता है।

यदि कहें कि भावध्वनि स्थल में रस व्यक्त होता हुआ भी चमत्कारी नहीं है अतः वह रसध्वनि कहलाने की योग्यता नहीं रखता है। तब भी ठीक नहीं। क्योंकि चमत्कार रहित रस की व्यक्ति में प्रमाण नहीं है। रस आस्वाद्यमान भी हो और चमत्कार हीन भी हो यह नहीं हो सकता है। क्योंकि जो प्रमाण यह काव्य शृंगार रसात्मक है, इस काव्य

त्काररहितरसव्यक्तौ मानाभावात्। रसे हि धर्मिग्राहकमानेनानन्दांशाविनाभावस्य प्रागेवावेदनात्।

अस्तु वा प्राधान्येन ध्वन्यमानस्यापि भावस्य प्रान्ते रसाभिव्यञ्जकत्वम्। तथापि देशकालवयोवस्थादिनानापदार्थघटिते पद्यवाक्यार्थे तथा-

मर्मप्रकाशः

अस्तु वा प्राधान्येनेति। रसं प्रति गुणीभूतत्वेऽपि वाच्यातिशायित्वात्तद्ध्वनित्वं राजानुगम्यमानविवहनप्रवृत्तभृत्यस्येव रसापेक्षयापि हि अस्य प्राधान्यमस्ति। अत एव न भावध्वनिविलोप इति भावः। तथापि उक्तस्थलेऽव्याप्त्यापत्त्यभावेऽपि। तथापि विभानु-

मधुसूदनी

रसे हीति। यद्धि प्रमाणं; काव्यमिदं श्रृंगाररसात्मकम्, काव्येऽत्र श्रृंगारादिको रस इत्येवं रूपेण धर्मिणं रसं ग्राहयति बोधयति तदेव प्रमाणं तत्र रसे आनन्दांशाविनाभावस्य नियमेन आनन्दांशस्य सद्भावं ग्राहयतीति प्रागेव वस्तुतस्तु वक्ष्यमाणश्रुतिस्वारस्येनेत्यत्र स्थले पूर्वमेव रत्याद्यवच्छिन्ना भग्नावरणा चिदेव रस इत्येवं रूपेणावेदनात् कथनात्।

ननु पूर्वं यत्र व्यंग्यमप्रधानमेवेति द्वितीयकाव्यलक्षणनिरूपणे एवकार सार्थकताप्रतिपादनप्रसंगे पार्यन्तिकव्यंग्यान्तरमादाय गुणीभूतस्यापि वाच्यापेक्षया प्रधानस्य व्यंग्यस्य ध्वनित्वमेवेत्युक्तं, सम्प्रति तादृशव्यंग्यस्थले भावध्वनिविलोपप्रसंगादिति रीत्या ध्वनित्वं नानुमोदतेऽतो भवतो वदतो व्याघात इत्यत आह-अस्तु वेति। तथापि प्राधान्येन ध्वन्यमाने भावे रसव्यञ्जकतायाः सत्त्वादव्याप्तेर्निरासेऽपि। तथापि विभावानुभावभिन्नत्वस्येव शब्दभिन्नत्व-

बालक्रीड़ा

में श्रृंगार रस है इस रूप से धर्मी रस का बोधन कराता है वही प्रमाण रस में आनन्दांश की सत्ता का ग्राहक है यह बात पहले ही 'वस्तुतस्तु वक्ष्यमाणश्रुति के स्वरस्य से' इत्यादि स्थल में रति से अवच्छिन्ना भग्नावरण चित् ही रस है इस रूप से बतलाई जा चुकी है।

शंका=पहले "यहाँ व्यङ्ग्य अप्रधान ही हो" इत्यादि द्वितीय काव्य के लक्षण के निरूपण में "एव" पद की सार्थकता के प्रतिपादन के प्रसंग में लिख चुके हैं कि पार्यन्तिक व्यंग्य की अपेक्षा गुणीभूत होने पर भी वाच्यार्थ की अपेक्षा प्रधानीभूतव्यंग्य ध्वनि ही होता है। और अब कहते हैं कि ऐसा व्यंग्य ध्वनि नहीं हो सकता है। यह तो आपका वदतो व्याघात हुआ इस पर कहते हैं कि अच्छा। प्रधानरूप से ध्वनित होने वाला भाव भी पार्यन्तिक रस का अभिव्यञ्जक हो सकता है। फलतः ऐसा मान लेने से अव्याप्ति दोष हट जाता है।

इस पर कहते हैं कि अव्याप्ति दोष के निराश होने पर भी और लक्षण गत व्यञ्जक में विभावानुभाव भिन्नत्व की तरह शब्द भिन्नत्व के विशेषण देने पर भी देश, काल, वय, अवस्था, व्यक्तिप्रभृति नाना पदार्थों से घटित पद्य वाक्यार्थ में लक्षण की अतिव्याप्ति हो

प्यतिव्याप्तिः। तस्य विभावानुभावभिन्नत्वे सति रसाभिव्यञ्जकत्वात्। नापि रसाभिव्यञ्जकचर्वणाविषयचित्तवृत्तित्वं तत्त्वम्। भावादिचर्वणा-

मर्मप्रकाशः

भावभिन्नत्वे सति [शब्दभिन्नत्वे सति] रसव्यञ्जकत्वमित्युक्तावपि। भिन्नत्वे सतीत्युपलक्षणं शब्दभिन्नत्वे सतीत्यस्यापि। नापीत्यस्य वाच्यमित्यत्रान्वयः। चर्वणा आस्वादः। चर्वणा-यामतीति। रसाभिव्यञ्जकचित्तवृत्तित्वस्य तस्यां सत्त्वादिति भावः।

मधुसूदनी

स्यापि तद्विशेषणत्वे" इत्युक्तावपि। तस्य देशकालवयोवस्थादिनानापदार्थघटित-पद्यवाक्यार्थस्य।

सहृदयैरिदं वेदनीयम्=पूर्वं "रसवदेव काव्य"मिति साहित्यदर्पणकारोक्त काव्य-लक्षण-खण्डनप्रसङ्गे "अर्थमात्रस्य विभावानुभावव्यभिचार्यन्यतमत्वात्" इति दिशा सर्वोऽपि पदार्थः विभावादिस्वरूपोऽनुमतः, सम्प्रति देशकालवयोऽवस्था-दिनानारूपः स एव पदार्थः विभावादिभिर्भिन्नः कथ्यते। किमेतत्पूर्वापरविरुद्धं पण्डितराजस्य लेखनम्। देशः, कालो, वयः, अवस्था इत्ययं पदार्थः उद्दीपन विभावः सर्वानुमतः। आदिपदसंग्राह्यो व्यापाररूपः सर्वः पदार्थोऽनुभावः। एवं च कुतोऽतिव्याप्तिः। ततश्च विभावानुभावभिन्नत्वे सति शब्दभिन्नत्वे सति रसव्यञ्जकत्वं भावत्वमिति लक्षणं सम्पन्नमिति।

अथ किं भावत्वमिति प्रश्नस्योत्तरणे पक्षान्तरमुद्भावयति-नापीति। ननु रसाभिव्यञ्जिका या चित्तवृत्तिस्तत्त्वं भावत्वमित्येवास्तु तल्लक्षणमिति चेन्न। तथा

बालक्रीणा

जायगी। क्योंकि वह नाना पदार्थघटित पद्य वाक्यार्थ विभाव एवं अनुभाव से भिन्न है और रस का अभिव्यञ्जक है।

यहाँ एक प्रासंगिक बात बतलाना जरूरी है कि पहले "रसवदेव वाक्यं काव्यम्" इस साहित्य दर्पण कारोक्त काव्य लक्षण के खण्डन प्रसंग में "अर्थमात्र विभाव, अनुभाव एवं व्यभिचारियों में से कोई एक है।" ऐसा कोई पदार्थ नहीं है जो व्यञ्जक विभावादि रूप नहीं हो इस रीति से सभी पदार्थों को विभावादि स्वरूप माना है। और इस समय कहते हैं कि देश, काल, वय, अवस्थादि रूप नाना पदार्थ विभावादि से भिन्न हैं। देश, काल, वय, अवस्था रूप नाना पदार्थ को सभी ने उद्दीपन विभाव माना है। और आदि पर संग्राह्य व्यापाररूप पदार्थ को सभी ने अनुभान माना है अतः अतिव्याप्ति दोष कैसा। फलतः जो विभाव अनुभाव एवं शब्द से भिन्न हो और रस का व्यञ्जक हो वह भाव कहाता है यह लक्षण सम्पन्न हुआ। अतः यह पण्डितराज का लेख पूर्वापरविरुद्ध है।

अब यहाँ भाव लक्षण के विषय में पक्षान्तर का उद्भावन करते हैं कि रस को अभिव्यक्त करने वाली चित्तवृत्ति का नाम भाव है यही लक्षण मान लिया जाय। तब

यामतिप्रसङ्गवारणाय चर्वणाविषयतेति चित्तवृत्तिविशेषणमिति वाच्यम् ।

'कालागुरुद्रवं सा हालाहलवद्विजानती नितराम् ।
अपि नीलोत्पलमालां बाला व्यालावलिं किलामनुते' ॥

इत्यत्र हालाहलसदृशत्वप्रकारकज्ञाने अतिव्याप्तेः । तस्य विप्रलम्भानु-

मर्मप्रकाशः

काल । गुरुद्रवं नितरां हालाहलवद्विजानती सा बला नीलोत्पलमालामपि व्यालावलिं किलामनुत इत्यन्वयः । तस्य ज्ञानस्य । चित्तवृत्तित्वाच्चेति । अत्रैवानुभावभिन्नत्वे सतीति

मधुसूदनी

सति भावादिचर्वणायां भावलक्षणस्यातिप्रसक्तिः । यतो हि चर्वणा आस्वादः चित्तस्य वृत्तिः परिणामविशेष एव । सा च व्यञ्जिकाऽपि । अतस्तदति-प्रसंगवारणाय चर्वणाविषयेति चित्तवृत्तेर्विशेषणमुपन्यासि । चर्वणा स्वयं चर्वणाविषया नहि भवति ततस्तद्दोषमुक्तिः ।

ननु तथा निवेशेऽपि भक्षितेऽपि लशुने न शान्तो व्याधिर्यतः ।

कालेति । सा बाला विरहिणी कालागुरोर्द्रवं नितरां हालाहलतुल्यं विष-सदृशं विजानती जानाना नीलोत्पलमालामपि नीलकमलस्रजमपि व्यालावलिं सर्पाणामालिमामनुते स्वीकरोति ।

इत्यत्र पद्ये कालागुरुद्रवविशेष्यके हालाहलसदृशत्वप्रकारके ज्ञाने भाव-लक्षणस्यातिव्याप्तिः । यतस्तादृशं ज्ञानमत्र विप्रलम्भेऽनुभावो न तु व्यभिचारी भावः । अथ च स ज्ञानस्वरूपोऽनुभावः रसाभिव्यञ्जकचर्वणाविषयः चित्तस्य वृत्तिश्च । तस्य ज्ञानस्य ।

बालक्रीड़ा

कहते हैं कि ऐसा करने पर भावादि चर्वणा में भावलक्षण की अतिप्रसक्ति हो जायगी । क्योंकि चर्वणा का अर्थ है आस्वाद । वह चित्त की वृत्ति है अर्थात् परिणाम विशेष ही है । और वह चर्वणा रस व्यञ्जिका भी है । अतः उसमें अतिव्याप्ति का वारण करने के लिए 'चर्वणाविषया' यह चित्तवृत्ति का विशेषण दिया गया । चर्वणा स्वयं चर्वणा का विषय नहीं होने से दोष से मुक्ति हो जाती है ।

पुनः कहते हैं कि ऐसा निवेश करने पर भी लहशुन भी खाया और व्याधि भी नहीं गई वाली कहावत हो गई । क्योंकि

काले अगर के द्रव को वह बाला हलाहल ही मानती है इसी लिए नीलोत्पल की माला को भी व्यालावलि मानती है । इस पद्य में बाला का कालागुरु द्रव को हलाहल सदृश समझना विप्रलम्भ का अनुभाव है जो कि रस को अभिव्यक्त करने वाली चर्वणा का विषय है और चित्तवृत्ति भी है अतः उक्त लक्षण की अलक्ष्य में अतिव्याप्ति हो गई ।

भावत्वेन रसाभिव्यञ्जकचर्वणाविषयत्वात्, चित्तवृत्तित्वाच्च। नाप्यखण्डम्। तत्त्वे मानाभावात्। अत्रोच्यते—

विभावादिव्यज्यमानहर्षाद्यन्यतमत्वं तत्त्वम् ॥

यदाहुः—'व्यभिचार्यञ्जितो भावः' इति। हर्षादीनां च सामाजिकगतानामेव स्थायिभावन्यायेनाभिव्यक्तिः, सापि रसन्यायेनेति केचित्।

मर्मप्रकाशः

विशेषणदाने को दोष इति चिन्त्यम्। अखण्डं भावत्वमिति शेषः। तत्त्वे अखण्डत्वे। विशेष्यमात्रोक्तौ तेषां शब्दवाच्यत्वे तत्त्वापत्तिः अतो विभावादीति। तावन्मात्रोक्तौ रसेऽति प्रसङ्ग इति समुदितमुपात्तम्। अञ्जितोऽभिव्यक्तो व्यभिचारी भाव इत्यर्थः। स्थायिभावेति। प्रतिपादितमेतदधस्ताद् ग्रन्थकृता। सापि तद्गतानां तेषां तथाभिव्यक्तिरपि।

मधुसूदनी

प्रकारान्तरेण लक्षयति-नापीति। अखण्डं किञ्चिद्धर्मपुरस्कारेण भानरहितं भावत्वम्। तदपि न। तत्त्वे अखण्डभावत्वे प्रमाणं नास्तीति भावः। अत्र एवं स्थितौ उच्यते भावलक्षणमिति शेषः।

निर्विकारात्मके चित्ते भावः प्रथमविक्रियेत्यादिपक्षत्रयं तु रसाभिव्यंजक चर्वणाविषयचित्तवृत्तित्वमिति भावलक्षणसमालोचनयैव गतमतो न पृथगालोचनमपेक्षते इत्यस्माभिरुपेक्षितमिति बोध्यम्।

विभावेति। विभावः। आदिपदार्थोऽनुभावः। ताभ्यां व्यज्यमानः काव्यश्रवणप्रेक्षणानुभवनकालीनव्यञ्जनाज्ञानविषयो यो हर्षाद्यन्यतमस्तत्वं भावत्वम्। यदाहुरिति स्वकपोलकल्पनानिरासार्थं प्रमाणमुपन्यस्यति अञ्जितः व्यज्यमानो व्यभिचारी भावः निर्विकारात्मकचित्तस्य वृत्तिः परिणाम इति यावत्।

स्थायिभावन्यायेनेति। अयं भावः। यथा शब्दप्रधान-गीतकाव्यश्रवणात्, अर्थप्रधान-दृश्यकाव्यदर्शनात्, शब्दार्थोभयप्रधान-नलचम्पूरघुवंशादिपाठ्य-काव्यपठनात् प्रथमं दुःष्यन्तत्वशकुन्तलात्वादिना चन्द्रत्वोद्यानत्वादिना प्रतीतिः, पश्चात्स-

बालक्रीड़ा

तब कहते हैं कि किसी धर्म के द्वारा जिसका भान नहीं होता है वह अखण्ड उपाधि होती है। अतः भावत्व को अखण्ड उपाधि मान लिया जाय। इस पर कहते हैं कि अखण्डत्व में प्रमाण नहीं है।

ऐसी स्थिति में भाव का लक्षण कहते हैं—विभाव एवं अनुभाव से व्यज्यमान हर्षादि अन्यतम को भाव कहते हैं। जैसा कि काव्य प्रकाशकार ने कहा है कि 'अञ्जित हुआ व्यभिचारी भाव है।'

सामाजिक में ही रहनेवाले इन हर्षादि भावों की अभिव्यक्ति स्थायीभाव की तरह

व्यङ्ग्यान्तरन्यायेनेत्यपरे मन्यन्ते।

विभावानुभावौ चात्र व्यञ्जकौ न त्वेकस्मिन्व्यभिचारिणि ध्वन्यमाने

मर्मप्रकाशः

व्यङ्ग्यान्तरेति। रसापेक्षया भिन्नं यद्व्यंङ्ग्यं वस्त्वलंकारादि तद्रीत्येत्यर्थः। तथा च रसापेक्षयापकर्षः सूचितः। अत्र भावे। तस्यैव व्यभिचार्यन्तरस्य। प्रकरणादीनां तात्पर्यं

मधुसूदनी

हृदयतासहकृतभावनामहिम्ना दुःष्यन्तत्वादिपरीहारेण रत्याद्यालम्बनोद्दीपनविभावत्वादिनोपस्थितौ व्यञ्जनया सामाजिकगतः स्थायी रत्यादिरभिव्यज्यते तथैव स्थायिभावन्यायेन पूर्वप्रदर्शितस्थायिभावसिद्धान्तेन तादृशकाव्यात् पूर्वं दुःष्यन्ततच्चेष्टयोरवगतिः, पश्चात् सहृदयतावशोन्मिषितभावनामाहात्म्येन दुःष्यन्तत्वस्य तथा तच्चेष्टागततदीयत्वस्य च परीहारात्, रत्यादिविभावत्वानुभावत्वाभ्यां व्यञ्जकविभावानुभावयोरुपस्थितौ ताभ्यां व्यञ्जनया सामाजिकगतानां हर्षादीनां व्यभिचारिणामभिव्यक्तिरिति।

सापीति। सामाजिकगतानां हर्षादीनां स्थायिभावन्यायेन अभिव्यक्तिरपि रसन्यायेन साक्षिभास्यान्तःकरणधर्मव्यंजकविभावानुभावचर्वणावशात् निरावृतानन्दस्वरूपचित्तादात्म्यापन्नः सामाजिकगतो हर्षादिर्व्यज्यते। इत्येवं रससिद्धान्तोऽत्रानुगृहीतः। इति केचिद्वदन्ति। ननु रसस्थले विभावः आलम्बनोद्दीपनरूपेण विवक्षितः। अत्र भावध्वनौ तु सः सामान्यतो निमित्तकारणं, तत्कथं रसन्यायोऽत्रानुगृहीत इत्यत आह—अपरे मन्यन्ते—व्यङ्ग्येति। रसेभ्योऽन्यत् यद् व्यंग्यं वस्तु अलंकारो वा तन्न्यायेन तद्रीत्या सामाजिकगतानामेव हर्षादीनामभिव्यक्तिः। अत्र निरावृतानन्दस्वरूपचित्तादात्म्यं हर्षादिषु नास्तीति हेतोः रसाङ्गता एषां दर्शिता न तु रसन्यायोऽत्रानुगृहीतः।

विभावेति, नत्विति च। अयमत्राक्षरसंगतिः। अत्र काव्ये एकस्मिन् कस्मिन्नपि व्यभिचारिणि हर्षादौ व्यज्यमाने विभावानुभावौ व्यञ्जकौ स्वीकृतौ तु व्यभिचार्यन्तरं व्यज्यमानव्यभिचारितोऽन्यो व्यभिचारी अवश्यं व्यञ्जकतया अपेक्ष्यते। ननु कुतो नापेक्षित इत्याह—तस्येति तस्य। व्यज्यमानव्यभि-

बालक्रीड़ा

होती है। कोई कहते हैं कि वह अभिव्यक्ति रस की तरह होती है। कुछ कहते हैं कि रस की अपेक्षा भिन्न जो व्यंग्य वस्तु एवं अलंकार उनकी तरह इनकी अभिव्यक्ति होती है।

यहाँ किसी व्यभिचारी भाव के ध्वन्यमानता की अवस्था में विभाव एवं अनुभाव ही व्यञ्जक होते हैं न कि व्यभिचारी को व्यक्त करने के लिए अन्य व्यभिचारी की अपेक्षा आवश्यक ही है। यदि वह आवश्यक होगा तब वह व्यञ्जक व्यभिचार भाव वाच्यापेक्षया उत्कृष्ट होने से प्रधान हो जायगा। और वह व्यजमान भाव पार्यन्तिक हो जायगा। आलंकारिक

व्यभिचार्यन्तरं व्यञ्जकतयावश्यमपेक्ष्यते। तस्यैव प्राधान्यापत्तेः। वस्तुतस्तु प्रकरणादिवशात्प्राधान्यमनुभवति कस्मिंश्चिद्भावे तदीयसामग्रीव्यङ्ग्यत्वेन नान्तरीयकतया तनिमान मावहतो व्यभिचार्यन्तरस्याङ्गत्वेऽपि न क्षतिः। यथा गर्वादावमर्षस्य, अमर्षादौ वा गर्वस्य। न चैवं सति

मर्मप्रकाशः

नियामकत्वेन न तदापत्तिरित्याशयेन सिद्धान्तमाह—वस्तुतस्त्विति। तदीयेति प्रधानभावीयेत्यर्थः। नान्तरीयकत्वे हेतुरयम्। अत एवाग्रे 'अत एवा नान्तरीयकस्य' इति वक्ष्यति। तनिमानमिति। कृशिमानमित्यर्थः। विनिगमनाविरहादाह—अमर्षादौ वेति। एवं सति व्यभिचार्यन्तरस्य प्रधानभावेऽङ्गत्वे सति। भावशरीरनिविष्टहर्षादीनाह—

मधुसूदनी

चारिभिन्नव्यभिचारिण एव प्राधान्यापत्तेः पार्यन्तिकव्यंग्यान्तरापेक्षया गुणीभूतत्वेऽपि वाच्यापेक्षयाऽतिशयितचकारप्राप्तेः प्राधान्यादिति हृदयम्।

ननु यो हि वक्तुस्तात्पर्यविषयीभूतोऽर्थस्तस्यैव प्राधान्यं, तात्पर्यं च प्रकरणाद्यधीनं, प्रकरणाद्यभावे तात्पर्याभावः। ततो न प्राधान्यप्राप्तिरिति वस्तुतत्त्वमाह—वस्तुत इति। तदीयेति। प्राधान्यमनुभवतो भावस्य सामग्र्या विभावानुभावाभ्यां व्यंग्यस्यात एव नान्तरीयकतया अव्यभिचारित्वेन स्थितस्य सूक्ष्मस्यान्यस्य व्यभिचारिणोऽगता अस्तु न कापि क्षतिः। नन्वेवमंगतायां गुणीभूतव्यंग्यता स्यादित्येव क्षतिरित्यत्राह—न चेति। प्रधानभावीयसामग्र्या व्यज्यमानतायां न गुणीभूतव्यंग्यता तत्र तु तस्य व्यंजकत्वमेव, प्रधानभावीयसामग्रीतः पृथक् सामग्र्या विभावानुभावाभ्याम्। अत एव पृथक् सामग्रीव्यक्तत्वादेव। अनान्तरीयकस्य अव्यभिचरितसम्बन्धरहितस्य भावान्तरगुणीभूतस्यैव अन्यस्मिन् भावे गुणतां गतस्यैव न तु स्वतन्त्रस्येत्यर्थः भावस्य व्यक्तस्य गुणीभूतव्यंग्यता स्यादिति भावः।

बालक्रीड़ा

सिद्धान्त है कि वाच्य एवं पार्यन्तिक व्यंग्य का आन्तरालिक व्यंग्य ही वाच्यापेक्षया उत्कृष्ट प्रधान होने से ध्वनि होता है या अनुत्कृष्ट होने से अप्रधान गुणीभूत व्यंग्य होता है।

शंका—जो अर्थ वक्ता के तात्पर्य का विषय होता है उसी की प्रधानता होती है। तात्पर्य का निर्णय प्रकरणादि के आधीन है। जब प्रकरणादि के न होने से उस अर्थ में तात्पर्य नहीं है तब प्रधानता कैसी। उत्तर देते हैं कि वस्तुतस्तु प्रकरणादि के कारण कोई भाव प्रधानता का अनुभव कर रहा हो और उसीं समय उसी की सामग्री से नान्तरीयक होने से किन्तु वह भाव अतिशय तनु है, क्षीण है। अतः वह अंग व्यंजक वन सकता है कोई क्षति नहीं है। जैसे गर्व में अमर्ष या अमर्ष में गर्व अंग हो जाता है।

गुणीभूतव्यङ्ग्यत्वापत्तिः। पृथग्विभावानुभावाभिव्यक्तस्य, अत एवा नान्तरीयकस्य भावस्य भावान्तरगुणीभूतस्यैव गुणीभूतव्यङ्ग्यव्यपदेश-हेतुत्वात्। विभावस्त्वत्र व्यभिचारिणो निमित्तकारणसामान्यम्। न तु रसस्येव सर्वथैवालम्बनोद्दीपने अपेक्षिते। यदि तु क्वचित्संभवतस्तदा न वार्येते।

हर्षादयस्तु—हर्षस्मृतिव्रीडामोहधृतिशङ्काग्लानिदैन्यचिंतामदश्रमगर्व-निद्रामतिव्याधित्रासंसुप्तविबोधामर्षावहित्थोग्रतोन्मादमरणवितर्कविषादौत्सु-क्यावेगजडतालस्यासूयापस्मारचपलताः। प्रतिपक्षकृतधिक्कारादिजन्मा निर्वेदश्चेति त्रयस्त्रिंशद्व्यभिचारिणः। गुरुदेवनृपपुत्रादिविषया रतिश्चेति

मर्मप्रकाशः

हर्षादय इति। एतेन पुत्रादिविषयरतेर्मुनिना भावत्वगणनेनेत्यर्थः।

मधुसूदनी

प्रतिपक्षेति। प्रतिपक्षः शत्रुः। तत्कृतो यो धिक्कारः धिक् शब्दोच्चारेण तिरस्कारः तज्जन्मा। "व्यभिचारी तथाञ्जितः" इत्यंशानुसारं निरुध्य "रतिर्देवादिविषया" इत्यंशमनुसरन्नाह—गुरुदेवेति। अदो हृदयम्।

"रत्यादिश्चेन्निरङ्गः स्याद्देवादिविषयोऽथवा
अन्याङ्गभावभाग्वा स्यान्न तदा स्थायिशब्दभाक्"
"उद्बुद्धमात्रः स्थायी च भाव इत्यभिधीयते"
"रसावस्थः परं भावः स्थायितां प्रतिपाद्यते"
"रत्यादयोऽप्यनियते रसे स्युर्व्यभिचारिणः"

इत्युक्तदिशा उद्बुद्धमात्रा अप्राप्तरसावस्था कान्ताविषया रतिर्न केवला, अपि तु तादृशः अन्याङ्गभावं प्राप्तो हासादिरपि भावपदाभिधेयो भवतीति।

बालक्रीड़ा

शंका—यदि इस तरह वह भाव अंग बन जायगा तो गुणीभूत व्यंग्य हो जायगा। उत्तर। दूसरे भाव की अपेक्षा अप्रधान होने वाला वही भाव गुणीभूतव्यंग्य के व्यपदेश का हेतु होता है जो पृथक् अर्थात् स्वतन्त्र विभाव एवं अनुभाव से अभिव्यक्त हो और इसीलिए अनान्तरीयक अनियत हो।

रस और भावों में उपर्युक्त विभाव के विषय में सिद्धान्त स्थिर करते हैं कि भाव स्थल में विभाव सामान्यतः निमित्त कारण है। न कि रस की तरह सर्वथा आलम्बन और उद्दीपन रूप से अपेक्षित है। हां यदि कहां उस रूप में संभव हो तो रुकावट क्या है।

प्रतिपक्ष शत्रु के तिरस्कार से पैदा होने वाला निर्वेद भी। इस तरह तैंतीस व्यभिचार भाव हैं। इस विवेचन से प्राप्त है कि पुत्रादि को आलम्बन करके होने वाला

चतुस्त्रिंशत्। एतेन वात्सल्याख्यं पुत्राद्यालम्बनं रसान्तरमिति परास्तम्। उच्छृङ्खलताया मुनिवचनपराहतत्वात्।

तत्र

इष्टप्राप्त्यादिजन्मा सुखविशेषो हर्षः॥

तदुक्तम्—

'देवभर्तृगुरुस्वामिप्रसादः प्रियसंगमः।
मनोरथाप्तिरप्राप्यमनोहरधनागमः।
तथोत्पत्तिश्च पुत्रादेर्विभावो यत्र जायते।
नेत्रवक्त्रप्रसादश्च प्रियोक्तिः पुलकोद्गमः॥
अश्रुस्वेदादयश्चानुभावा हर्षं तमादिशेत्'॥ इति।

मर्मप्रकाशः

तदाह—उच्छृङ्खलेति। तत्र हर्षादीनां मध्ये। देवेत्यादि उत्पत्त्यन्तो विभावो यत्र जायते, नेत्रेत्याद्युक्ता अनुभावा यत्र

मधुसूदनी

चतुस्त्रिंशदिति। इदन्तु बोध्यम्। भरतादिभिः नाट्यशास्त्रादौ सर्वत्र त्रयस्त्रिंशदेव व्यभिचारिणो नामतः क्वचिच्च लक्षणोदाहरणाभ्याञ्च निर्दिष्टाः, साहित्यदर्पणकारेण त्रयस्त्रिंशदित्युपलक्षणमित्युक्तम्। अतो बहवो भेदा अन्येऽपि सन्तीति पण्डितराजेन चतुस्त्रिंशदिति निर्दिष्टमिति।

मुनिवचनेति। अत्र मुनिपदेन प्रथमो मुनिर्भरतः; द्वितीयश्चाऽग्निपुराणनिर्माता बोध्यः।

इष्टेति। अथेदानीं व्यभिचारिभावाः सलक्षणोदाहरणा निरूप्यन्ते। अत्र एकैकशो भावस्य विभावानुभावौ प्रदर्श्यौ तत्र कुत्रचिद् ग्रन्थकृता स्वयमेव लिखितौ तौ, क्वचिन्मया।

इष्टस्य प्राप्त्यादिभिः। अत्र आदिपदार्थः तदुक्तमित्यादिनोद्धृतः।

बालक्रीड़ा

वात्सल्य भी एक पृथक् रस है यह कथन निरस्त हुआ। क्योंकि उच्छृंखलता भरत एवं अग्निपुराण लेखक द्वितीय मुनि के वचन से पराहत हो जाती है।

इष्ट की प्राप्ति वगैरह से पैदा होने वाले सुख विशेष का नाम हर्ष है। जैसा कि कहा है। देवता, भर्त्ता, गुरु, एवं स्वामी का प्रसाद, प्रियसंगम, मनोरथ की प्राप्ति, मन को तृप्त करने वाले धन का आगम, और पुत्रादि की उत्पत्ति जहाँ विभाव हो। नेत्र और मुख की प्रसन्नता, मीठे बोल, प्रिय की उक्ति, रोमाञ्च होना और आंसू, गद्‌गद गले का भर जाना एवं स्वेद जहाँ अनुभाव हों उसको हर्ष कहना चाहिए।

उदाहरणम्—

'अवधौ दिवसावसानकाले भवनद्वारि विलोचने दधाना ।
अवलोक्य समागतं तदा मामथ रामा विकसन्मुखी बभूव' ॥

अत्रावधिकाले प्रियागमनं विभावः । मुखविकासोऽनुभावः ।

संस्कारजन्यं ज्ञानं स्मृतिः ॥

यथा—

'तन्मञ्जु मन्दहसितं श्वसितानि तानि
सा वै कलङ्कविधुरा मधुराननश्रीः ।

मर्मप्रकाशः

जायन्ते तं हर्षमादिशेदित्यर्थः । तदा अवधिकाले । अथ हर्षानन्तरम् । श्रीरित्यग्रे चेति

मधुसूदनी

संस्कारेति । सदृशादृष्टचिन्ताद्याः स्मृतिबीजस्य बोधकाः । अत्राद्यपदार्थः एकसम्बन्धिज्ञानमपरसम्बधिनः स्मारकमिति नयेन सम्बन्धिज्ञानादिः । स्मृतिबीजं संस्कारः । तज्जन्यं ज्ञानं स्मृतिरिति स्वीकारे अनुमितिकरणं व्याप्तिज्ञानं तत्संस्कारोऽवान्तरव्यापारः इति वदतां मते संस्कारजन्यत्वस्य अनुमितावनुगमादनुमितेरपि स्मृतित्वापत्तिः । ततश्च मात्रपदमुपन्यसनीयम् तत्र न केवलं संस्कार अपेक्षितः व्याप्तिज्ञानमपीति हृदयम् । अनुद्बुद्धादपि संस्कारात्स्मृतिर्मा जन्यतामिति संस्कारः उद्बुद्धत्वेन विशेषणीयः । एवञ्च उद्बुद्धसंस्कारमात्रजन्यं पूर्वानुभूतार्थविषयकं ज्ञानं स्मृतिरिति लक्षणं सम्पन्नम् । संस्कारध्वसेऽपि संस्कारजन्ये एतल्लक्षणस्या नतिप्रसक्तिः ।

बालक्रीड़ा

अवधि की प्रतीक्षा में नायिका विह्वल थी क्योंकि उसको सायंकाल अर्थात् दिवस के अवसान का समय अवधि के रूप में निर्दिष्ट था । उस समय भवन के द्वार में लोचन लगाकर बैठी हुई नायिका समागत प्रिय को देखकर विकसन्मुखी हो गई अर्थात् प्रसन्न मुख हो गयी ।

यहां अवधि काल में प्रिय का आगमन विभाव है । और मुख विकाश अनुभाव है ।

पहिले अनुभव किये हुए पदार्थ के सदृश पदार्थ का सुनना या देखना, अदृष्ट (पुण्य और पाप) तथा चिन्ता ये स्मृति के बीज संस्कार के उद्बोधक होते हैं (सदृशादृष्टचिन्ताद्याः स्मृतिबीजस्य बोधकाः) यहाँ आद्य पद का अर्थ है सम्बन्धि ज्ञान । यहाँ चिन्ता पद का अर्थ है भावनाख्य संस्कार । अमरकोषकार ने "स्याच्चिन्ता स्मृतिराध्यानम्" इस रूप से चिन्ता ध्यान एवं स्मृति ये पर्याय हैं ऐसा लिखा है । उसके अनुसार चिन्ता अर्थात् स्मृति से भी संस्कार का उद्बोध होता है यह भी सिद्धान्त सिद्ध है । "चिति स्मृत्यां" धातु से चिन्ता बनता है और "ध्यै चिन्तायां" धातु से ध्यान बनाता है ।

स्मृति के बीज भूत संस्कार से जन्य ज्ञान को स्मृति कहते हैं तो यह लक्षण अनुमिति का कारण व्याप्तिज्ञान है, और व्याप्तिसंस्कार अवान्तर व्यापार है ऐसा मानने वाले वेदा-

अद्यापि मे हृदयमुन्मुदयन्ति हन्त
सायंतनाम्बुजसहोदरलोचनायाः' ॥

चिन्ताविशेषोऽत्र विभावः। भ्रून्नतिगात्रनिश्चलत्वादय आक्षेपगम्या अनुभावाः। यद्यप्यत्रास्या एव स्मृतेः संचारिण्या, नायिकारूपस्य विभावस्य, हन्तपदगम्यस्य हृदयवैकल्यरूपानुभावस्य संयोगाद्विप्रलम्भरसाभिव्यक्ते रसध्वनित्वं शक्यते वक्तुम्। तथापि स्मृतेरेवात्र पुरःस्फूर्तिकत्वाच्चमत्कारित्वाच्च

मधुसूदनी

सायमिति। सायन्तनं सायंसामयिकं निमीलनोन्मुखं यदम्बुजं कमलं तत्सहोदरं तत्सदृशं लोचनं नयनं यस्यास्तस्याः। लोचनमपि निधुवनानन्देन निमीलितं भवति।

अत्र स्मृतिभावे चिन्ताविशेषो मञ्जुमन्दहसितादिविषयिणी चिन्ता विभावः। भ्रुवोरुन्नमनं, गात्रस्य निश्चलत्वादयः स्तब्धत्वप्रभृतयोऽनुभावाः। पुरः स्फूर्तिक-

बालक्रीड़ा

न्तियों के मत में अनुमिति में अनुगत हो गया अतः अनुमिति भी स्मृति का भेद हो जायगा। इसलिए लक्षण में मात्र पद का विन्यास किया जाना चाहिए। और अनुद्‌बुद्धसंस्कार से भी स्मृति नहीं हो जाय इसलिए संस्कार में उद्‌बुद्धत्व विशेषण देना चाहिए। फलतः स्मृति का लक्षण यह हुआ; केवल उद्‌बुद्ध संस्कार से जन्य पूर्वानुभूतार्थ विषयक ज्ञान का नाम स्मृति है। अथवा (स्मृति के) समान विषयक संस्कार से जो जन्य हो वह स्मृति है और भिन्न विषयक संस्कार से जो जन्य हो अनुमिति है। क्योंकि अनुमितिस्थल में संस्कार का विषय व्याप्ति है और अनुमिति का विषय वह्नि है। स्मृति स्थल में अनुभव, संस्कार एवं स्मृति में समान विषयकत्व का नियम है। किन्तु अनुमिति में ऐसा नियम नहीं है वहां विषय का भेद है।

सायंकालीन निमीलनोन्मुख कमल के समान लोचनों वाली नायिका के लोचन भी दिव्य-क्रिया के समय में अनुभूयमान आनन्द से निमीलित हो रहे हैं।

अतः सायन्तन अर्थात् सायंकालीन निमीलनोन्मुख कमल के समान लोचन वाली नायिका का वह सुन्दर मन्दहास, वे श्वास, और वह कलंक रहिता एवं मधुर आनन की शोभा आज भी मेरे हृदय को उन्मत्त कर देती है।

यहां इस स्मृति में चिन्ताविशेष अर्थात् नायिका के विशेष कार्यों की भावना विभाव है। भ्रुकुटियों का उन्नमन और आक्षेपगम्य गात्रनिश्चलत्वादि अनुभाव हैं।

यद्यपि यहां पर यही स्मृतिरूप संचारी भाव, नायिकारूप आलम्बन विभाव और हन्तपदगम्य हृदय की विकलतारूप अनुभाव के संयोग से विप्रलम्भरस की अभिव्यक्ति होती है, अतः रसध्वनि कह सकते हैं; तथापि यहां स्मृति भाव की चमत्कारी रूप में पहिले अभिव्यक्ति होती है अतः स्मृति भाव ध्वनि ही कहा है।

अब शंका करते हैं कि "तन्मञ्जु" इस पद्य में तत् शब्द मञ्जु मन्दहासादि में

तद्ध्वनित्वमुक्तम् ।

तदादेर्बुद्धिस्थप्रकारावच्छिन्ने शक्तिरिति नये बुद्धेः शक्यतावच्छेदकानु-

मर्मप्रकाशः

शेषः । तद्ध्वनित्वं भावध्वनित्वम् । पूर्वमते स्मृतित्वेन स्मृतेर्वाच्यत्वात्कथं भावध्वनित्वमत आह—बुद्धेरिति । शक्यतावच्छेदकतावच्छेदकस्येत्यर्थः । द्वितीयमते बुद्धिस्थत्वस्य वाच्यत्वेऽपि

मधुसूदनी

त्वात् बोधे प्रथमविषयत्वात्, आनन्दजनकत्वाच्च चमत्कारित्वाच्च तद्ध्वनित्वं स्मृतिरूपभावध्वनित्वम् ।

ननु तन्मञ्जिवत्यत्र तच्छन्दाः मञ्जुमन्दहासादिषु स्वसंवेद्याव्यपदेश्यानन्तगुणविषयकस्मृतेः प्रतिपादकाः, ततश्च स्मृतित्वेन स्मृतेर्वाच्यत्वात् कथं स्मृतिभावध्वनित्वमित्याशंकायामाह—तदादेरिति । शङ्कस्यायमाशयः । तदादेः बुद्धिस्था बुद्धिविषया ये प्रकाराः दिलीपत्वरघुत्वाजत्वधेनुत्वादयः तैरवच्छिन्ने तैर्विशिष्टे दिलीपादौ शक्तिः । एवं तदादिभ्यः दिलीपत्वादिनानाधर्मैः दिलीपादीनां ज्ञानं सर्वैरभ्यूहितम् । तच्च ज्ञानं दिलीपत्वादेर्विभिन्नधर्मस्यानुगमकमेकं धर्मं विनाऽनुपपन्नं शक्यतावच्छेदकानामनेकत्वादिति शक्यतावच्छेदकानामनेकेषामनुगमिका एका बुद्धिर्ज्ञानं स्वीकृता । एवञ्च शक्यो दिलीपादिः । शक्यतावच्छेदकं दिलीपत्वादि । तन्निष्ठायाः शक्यतावच्छेदकताया अवच्छेदिका बुद्धिः स्वीकृता । तत्र सामान्यतो बुद्धित्वेन संगृहीता बुद्धिविशेषभूता स्मृतिरपि शक्यतावच्छेकांशे निविष्टैव । एवञ्च स्मृतित्वेन स्मृतेः शक्यत्वात् कथं तस्या ध्वनित्वमिति । उत्तरयितुरयमाशयः । तदादिस्थले बुद्धेरनुगमकत्वं नाम उपलक्षकत्वमेव न तु विशेषकत्वम् । तथा च बुद्धिरत्रोपलक्षणीभूतैव न तु विशेषणीभूता । विशेषणीभूतस्यैव पदार्थस्य शाब्दबोधे भाननियमात् बुद्धेः शक्यतावच्छेदकांशेऽप्रविष्टत्वं ततश्च बुद्धिविशेषभूतायाः स्मृतेः शाब्दबोधेऽभानेनावाच्यत्वाद् ध्वनित्वमेवेत्येकं मतम् ।

बालक्रीड़ा

स्वसंवेद्य अव्यपदेश्य एवं अनन्तगुण रूप विषयों की स्मृति के प्रतिपादक हैं अतः स्मृति वाच्य है तब स्मृतिरूपभाव की ध्वनि कैसे । उत्तर देते हैं । तदादि । वहां शंका करने वाले का यह आशय है कि तदादि शब्दों की बुद्धिस्थ याने बुद्धि के विषय जो प्रकार दिलीपत्व रघुत्व अजत्व और धेनुत्वादि, उनसे अवच्छिन्न माने विशिष्ट दिलीप रघु अज एवं धेनु रूप अर्थों मे शक्ति है । इस प्रकार तदादि शब्दों से दिलीपत्वादि नानाधर्मरूप से दिलीपादि का ज्ञान होता है ऐसा सभी ने माना है ।

वह ज्ञान भी तब तक नहीं बन सकता है जब तक किसी एक पदार्थ को दिलीपत्वादि विभिन्नधर्मों का अनुगमक नहीं माना जायगा । क्योंकि दिलीपत्वादिरूप शक्यतावच्छेदक अनेक हैं अतः बुद्धि को अनेक शक्यतावच्छेदकों की अनुगमिका माना है । अर्थात् शक्य दिलीपादि । शक्य में रहने वाली शक्यता का अवच्छेदक दिलीपत्वादि । उनमें रहने

गमकतया न वाच्यतासंस्पर्शः। बुद्धिस्थत्वं शक्यतावच्छेदकमिति नयेऽपि स्मृतित्वेन स्मृतेर्व्यक्तिवेद्यतैव। तस्याश्चात्र वाक्यवेद्यत्वेऽपि पदस्यैव कुर्वद्रूप-

मर्मप्रकाशः

न स्मृतित्वस्य तत्त्वमित्याह—स्मृतित्वेन स्मृतेरिति। व्यक्तिर्व्यञ्जना। 'व्यङ्ग्यस्य कथमपि

मधुसूदनी

बुद्धिस्थत्वमिति। बुद्धिस्थो नाम बुद्धिविषयः प्रकारताख्यविषयतासम्बन्धेन बुद्धिविशिष्ट इत्यर्थः। तत्त्वं बुद्धिविशिष्टे घटत्वादौ निष्ठं बुद्धिस्थत्वं, तत्र विशेषणीभूता बुद्धिः। सा शक्यतावच्छेदकानामनुगमिका उपलक्षिका नास्ति किन्तु शक्यतावच्छेदिकैवेति नयेऽपि बुद्धिस्थत्वेन बुद्धिः शाब्दबोधे प्रविष्टा न तु स्मृतिः, स्मृतेः बुद्धिविशेषरूपत्वान्न तयोरेकत्वम्। तेन च स्मृतित्वेन स्मृतेरवाच्यत्वात्तस्या व्यक्तिवेद्यतैवोचितेति शेषः। इति।

तस्याश्चेति। तस्याः स्मृतेः। वाक्यवेद्यत्वेऽपि तत्, तानि, सेति पदानां

बालक्रीड़ा

वाली शक्यतावच्छेदकता का अवच्छेदिका बुद्धि है ऐसा माना है। इस तरह सामान्यरूप से बुद्धित्वेन संगृहीत हुई बुद्धिविशेषभूता स्मृति भी शक्यतावच्छेदकांश में प्रविष्ट हैं अतः स्मृति शक्य अर्थात् वाच्य होने से ध्वनि नहीं हो सकती है।

उत्तरदाता का यह आशय है कि तदादि स्थल में बुद्धि अनुगमक है अर्थात् बुद्धि शक्यतावच्छेदकों की उपलक्षक ही है। विशेषक नहीं है। अतः उपलक्षण है विशेषण नहीं है और विशेषणीभूत पदार्थ का ही शाब्द बोध में भान होता है उपलक्षणीभूत पदार्थ का नहीं। इस नियम के अनुसार बुद्धि शक्यतावच्छेदकाँश में प्रविष्ट नहीं है। इस लिए बुद्धि विशेषभूत स्मृति का शाब्दबोध में भान नहीं होने से वह वाच्य नहीं है फलतः उसके ध्वनि होने में कोई बाधा नहीं है। यह एक मत है।

बुद्धिस्थ बुद्धिविषय अर्थात् बुद्धि से विशिष्ट अतः उस बुद्धिस्थ अर्थात् बुद्धि विशिष्ट में रहने वाला बुद्धिस्थत्व विशेषणीभूत बुद्धि ही है। जैसे पाचक में रहने वाला पाचकत्व पाचन क्रिया ही है उसके अतिरिक्त कुछ नहीं है। फलतः बुद्धि शक्यतावच्छेदकों की अनुगामिका अर्थात् उपलक्षिका नही है किन्तु शक्यतावच्छेदिका ही है, इस सिद्धान्त में भी बुद्धिस्थत्वरूप से बुद्धि ही शाब्दबोध में प्रविष्ट है। बुद्धिविशेषरूपा स्मृति शाब्दबोध में प्रविष्ट नहीं है। और घट कलश की तरह बुद्धि और स्मृति एक रूप भी नहीं है। फलतः स्मृतित्वेन स्मृति के वाच्य नहीं होने से व्यक्ति वेद्य होना ही उचित है।

वे स्मृतियाँ यद्यपि वाक्यवेद्य हैं। क्योंकि पद समूह का नाम वाक्य है इस नियम के अनुसार यहां 'तत्, तानि, सा' इन पदों का समूह वाक्यरूप है। तथापि तत्, तानि, सा इन प्रत्येक पदों में कुर्वद्रूपता होने से ये स्मृतियाँ पदध्वनि के ही स्थल हैं। क्योंकि बहुतों का अनुरोध मानना उचित है। कुर्वत् व्यक्तीकरणरूप फल अर्थात् स्मृति के अंकुरीकरण के लिए जिसका रूप उन्मुख है। वह कुर्वद्रूप यहां माना गया है।

त्वात्पदध्वनिविषयत्वम्। एतेन भावानां पदव्यङ्ग्यत्वे न वैचित्र्यमिति परास्तम्।

सायंतनाम्बुजोपमानेन नयनयोरुत्तरोत्तराधिकनिमीलनोन्मुखत्वध्वननद्वारा तस्या आनन्दमग्नताप्रकाशः।

'दरानमत्कंधरबन्धमीषन्निमीलितस्निग्धविलोचनाब्जम्।
अनल्पनिःश्वासभरालसाङ्गं स्मरामि सङ्गं चिरमङ्गनायाः'॥

मर्मप्रकाशः

वाच्यवृत्त्यनालिङ्गितस्यैव चमत्कारित्वमित्यालंकारिकसमयः' इति पूर्वतनग्रन्थेन विरोधाच्चिन्त्यमेतत्। व्यङ्ग्यतावच्छेदकतया भासमानजात्यादिरूपेण यत्र वाच्यता तत्रैवाचमत्कारिता। पूर्वोदाहरणे हि मनोरथत्वेच्छात्वयोर्घटत्वकलशत्ववदेकतया तेन रूपेणैव वाच्यतास्तीति न दोष

मधुसूदनी

समूहो वाक्यमिति नये वाक्येन गम्यत्वेऽपि। पदस्यैव तदित्यादि प्रत्येकपदस्यैव कुर्वद्रूपत्वात् बहूनामनुरोधो न्याय्य इति नियमात् तत्, तानि, सेति प्रत्येकानां बहूनां पदानां व्यंजकत्वात् पदध्वनिविषयत्वमेवेति; कुर्वत् व्यक्तीकरणरूपफलोन्मुखं रूपं यस्य, तस्य भावः कुर्वद्रूपत्वं क्षेत्रोप्तबीजस्यैवोत्पत्तिर्न तु कुसूलस्थस्येति अंकुररूपकार्यं प्रति कुर्वद्रूपं कारणमिति भावः।

एतेनेति। एकावयवसंस्थेन भूषणेनेव कामिनी
पदद्योत्येन सुकवेर्ध्वनिना भाति भारतीत्युक्त्या। परास्तं पराहतम्।

सायन्तनाम्बुजस्य उपमानेन उपमानतया निर्देशेन। तस्याः कान्तायाः। आनन्दमग्नतायाः आनन्दसुधोदधौ ब्रुडनस्य प्रकाशो ज्ञानम्।

दरेति। दरमीषत् आनमन् प्रह्वीभवन्। कन्धरबन्धो ग्रीवाबन्धनं यस्मिन् संगे। ईषन्निमीलिते स्निग्धे स्नेहयुते विलोचने अब्जे इव यस्मिन्। अनल्पानामधिकानां निःश्वासानां भरः पूर्णता। भावे अप्प्रत्ययः ऋदोरप्। यस्मिन्। अलसानि अंगानि यस्मिन्। इमानि चत्वारि संगस्य दिव्यक्रियाया विशेषणानि। चिरं चिरकालं यावत्।

स्निग्धत्वं स्नेहयुक्तत्वं विलोचनयोरेव विशेषणं न तु अब्जयोः, तेन अब्जे इवे

बालक्रीड़ा

और उसका भाव कुर्वद्रूपत्व है। क्षेत्र में बोया हुआ ही बीज अंकुर के उत्पादन करने में समर्थ है कुसूल अर्थात् कोठी में रक्खा हुआ नहीं; इस नियम के अनुसार अंकुर रूप कार्य के प्रति कुर्वद्रूप को कारण माना जाता है। ऐसा बौद्धों का सिद्धांत है।

इससे भावों के पद व्यंग्यत्व में कोई चमत्कार नहीं है ऐसा कहने वाले परास्त हुए। सायंतन अम्बुज की उपमा देने से नयन उत्तरोत्तर निमीलन के लिए उन्मुख है ऐसी प्रतीति होती है। इससे नायिका आनन्दमग्न मालूम होती है।

इत्यत्र स्मृतिर्न भावः। स्वशब्देन निवेदनादव्यङ्ग्यत्वात्। नापि स्मरणालंकारः सादृश्यामूलकत्वात्। सादृश्यमूलकस्यैव स्मरणस्यालंकारत्वम्, अन्यस्य तु व्यञ्जितस्य भावत्वमिति सिद्धान्तात्। किं तु विभाव एव सुन्दरत्वात्कथंचिद्रसपर्यवसायी।

स्त्रीणां पुरुषमुखावलोकनादेः पुंसां च प्रतिज्ञाभङ्गपराभवादेरुत्पन्नो वैवर्ण्याधोमुखत्वादिकारणीभूतश्चित्तवृत्तिविशेषो व्रीडा॥

मर्मप्रकाशः

इत्यपि कश्चित्। तस्या नायिकायाः। विभाव एव नायिकारूप एव। कथंचित्साम-

मधुसूदनी

विलोचने इत्युपमैव। निवेदनादव्यंग्यत्वात्स्मरामीत्यनेन वाच्यत्वादित्यर्थः। अन्यस्य तु सादृश्यामूलकस्य तु।

ननु भावोऽपि नास्ति, स्मरणालंकारोऽपि नास्ति, तर्हि पद्यमेतत्कस्योदाहरणमित्याकांक्षायामाह—किंत्विति। किंतु शृंगारस्योदाहरणमित्यर्थः। ननु तदपि कथमित्यत आह-विभाव एवेति। एवकारस्याऽयंभावः। यादृशं सौन्दर्यं नायिकारूपस्य विभावस्य वर्त्तते तादृशमनुभावसंचारिणोः नास्तीति। अतोऽसुन्दरत्वादेव कथंचिदित्युक्तिः। अत्र कन्धराया दरानमनं, प्रफुल्लयोः स्नेहयुक्तयोर्निमीलनमनुभावौ, ताभ्यां व्यक्ता व्रीडा निःश्वासानामनल्पत्वेन, भरेण, अंगानामलसत्वेन च व्यंग्या दिव्यक्रियायां तीव्रता, तया व्यक्तो श्रमश्च संचारिणो भावाः।

बालक्रीड़ा

अंगना के संग याने दिव्यक्रिया को चिरकाल तक स्मरण करता हूँ। जिसमें कन्धरा थोड़ी झुक जाती है, स्नेह पूर्ण खिले हुए कमल के सदृश विलोचन भी जिस समय आनन्द से निमीलित हो जाते हैं और दिव्य-क्रिया जनित श्रम से श्वासो में अधिकता आ जाती है तथा अंग आलस्य से भारी हो जाते हैं।

